इस प्रकार उन छह खण्डों में विभक्त प्रस्तुत ग्रन्थ सामान्य से दो भागों में विभक्त रहा दिखता है। कारण इसका यह है कि जिस प्रकार वर्गणा (५) और महाबन्ध (६) इन दो खण्डों के प्रारम्भ में किसी प्रकार का मंगल नहीं किया गया है, उसी प्रकार क्षुल्लकबन्ध (२) और बन्धस्वामित्वविचय (३) के प्रारम्भ में भी मूलग्रन्थकार के द्वारा कोई मंगल नहीं किया गया है।[3] और जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है, आचार्य भूतबलि बिना मंगल के ग्रन्थ को प्रारम्भ नहीं करते हैं, इससे यही प्रतीत होता है कि जीवस्थान के प्रारम्भ में भगवान् पुष्पदन्त द्वारा किया गया पंचनमस्कारात्मक मंगल ही क्षुल्लकबन्ध और बन्धस्वामित्वविचय का भी मंगल रहा है। इस प्रकार षट्खण्डागम के अन्तर्गत उन छह भागों में जीवस्थान, क्षुल्लकबन्ध और बन्धस्वामित्वविचय इन तीन खण्डस्वरूप उसका पूर्वभाग तथा वेदना, वर्गणा और महाबन्ध इन तीन खण्डस्वरूप उसका उत्तर भाग रहा है।

ग्रन्थकार

प्रस्तुत ग्रन्थ के कर्ता आचार्य पुष्पदन्त और भूतबलि हैं। कर्ता अर्थकर्ता, ग्रन्थकर्ता और उत्तरोत्तर-तन्त्रकर्ता के भेद से तीन प्रकार के होते हैं। इनमें प्रथमतः अर्थकर्ता के प्रसंग में विचार करते हुए धवला में कहा गया है कि महावीर निर्वाण के पश्चात् इन्द्रभूति (गौतम),

---

१. त्रिंशत्सहस्रसूत्रग्रन्थं विरचयदसौ महात्मा।
तेषां पञ्चानामपि खण्डानां शृणुत नामानि॥
आद्यं जीवस्थानं क्षुल्लकबन्धाह्वयं द्वितीयमतः।
बन्धस्वामित्वं भाववेदना-वर्गणाखण्डे॥
—इन्द्रनन्दि-श्रुतावतार १४०-४१

२. सूत्राणि षट्सहस्रग्रन्थान्यथ पूर्वसूत्रसहितानि।
प्रविरच्य महाबन्धाह्वयं ततः षष्ठकं खण्डम्॥
—इन्द्रनन्दि-श्रुतावतार १३९

३. देखिए पु० ७ और पु० ८

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

लोहार्य (सुधर्म) और जम्बूस्वामी ये तीन केवली हुए। पश्चात् विष्णु, नन्दिमित्र, अपराजित, गोवर्धन और भद्रबाहु ये पाँच अविच्छिन्न परम्परा से चौदह पूर्वों के धारक (श्रुतकेवली) हुए। तदनन्तर उसी अविच्छिन्न परम्परा से विशाखाचार्य आदि ग्यारह आचार्य ग्यारह अंगों और उत्पादपूर्व आदि दस पूर्वों के धारक हुए। शेष चार पूर्वों के वे एकदेश के धारक थे। अनन्तर नक्षत्राचार्य आदि पाँच आचार्य ग्यारह अंगों के परिपूर्ण और चौदह पूर्वों के एकदेश के धारक हुए। तत्पश्चात् सुभद्र, यशोभद्र, यशोबाहु और लोहार्य ये चार आचार्य उसी अविच्छिन्न परम्परा से आचारांग के पूर्ण ज्ञाता तथा शेष अंग-पूर्वों के वे एक देश के धारक हुए। इस प्रकार श्रुत के उत्तरोत्तर क्षीण होने पर सब अंग-पूर्वों का एकदेश उसी अविच्छिन्न आचार्य परम्परा से आता हुआ धरसेनाचार्य को प्राप्त हुआ।[1]

सौराष्ट्र देश के अन्तर्गत गिरिनगर पट्टन की चन्द्रगुफा में स्थित वे आचार्य धरसेन अष्टांग महानिमित्त के ज्ञाता थे। उन्होंने उक्त क्रम से उत्तरोत्तर क्षीण होते श्रुत के प्रवाह को देखकर जाना कि इस समय उन्हें जो अंग-पूर्वों का एकदेश प्राप्त है वह भी कालान्तर में अस्तंगत हो जानेवाला है। इस भय से उन्होंने प्रवचनवत्सलता के वश महिमा नामक नगरी में (अथवा किसी महत्त्वपूर्ण महोत्सव में) सम्मिलित हुए दक्षिणापथ के आचार्यों के पास एक लेख भेजा। लेख में स्थित धरसेनाचार्य के वचन का अभिप्राय जानकर उन आचार्यों ने भी आन्ध्र देश में अवस्थित वेण्णा नदी के तट से ऐसे दो साधुओं को भेज दिया जो ग्रहण-धारण में समर्थ, विनीत, शीलमाला के धारक, गुरुजनों के द्वारा भेजे जाने से संतुष्ट, देश-कुल-जाति से शुद्ध और समस्त कलाओं में पारंगत थे। तब धरसेनाचार्य के पास जाते समय उन दोनों ने तीन बार उन आचार्यों से पूछकर वहाँ से प्रस्थान किया। जिस दिन वे वहाँ पहुँचनेवाले थे उस दिन आचार्य धरसेन ने रात्रि के पिछले भाग में स्वप्न में तीन प्रदक्षिणा देकर अपने पाँवों में गिरते हुए उत्तम लक्षणों से संयुक्त दो धवलवर्ण बैलों को देखा। इस प्रकार के स्वप्न को देखकर सन्तोष को प्राप्त हुए धरसेनाचार्य के मुख से सहसा 'जयउ सुयदेवदा' यह वाक्य निकला। उसी दिन वे दोनों धरसेनाचार्य के पास जा पहुँचे। वहाँ पहुँचकर उन्होंने धरसेन भगवान् की वन्दना आदि करके दो दिन बिताये। तत्पश्चात् तीसरे दिन विनयपूर्वक धरसेनाचार्य के पास जाकर उन्होंने निवेदन किया—भगवन्! अमुक कार्य से हम दोनों आपके पादमूल को प्राप्त हुए हैं।[2] तब धरसेन भट्टारक ने 'बहुत अच्छा, कल्याण हो' यह कहकर उन्हें आश्वस्त किया। तत्पश्चात् धरसेन ने यथेच्छ प्रवृत्ति करनेवालों को विद्या का दान संसार के भय को बढ़ाने वाला होता है[3] यह सोचकर स्वप्न के देखने से उनके विषय में विश्वस्त होते हुए भी उनकी परीक्षा करना उचित समझा। इसके लिए उन्होंने उनके लिए दो

---

१. धवला पु० १, पृ० ६०-६७; यही प्ररूपणा आगे वेदना खण्ड (पु० ९ पृ० १०७-३३) में पुनः कुछ विस्तृत रूप में की गयी है, वहाँ केवली व श्रुतकेवलियों आदि के समय का भी निर्देश किया गया है।

२. विस्समिदो तद्दिवसं मीमंसित्ता णिवेदयदि गणिणो।
विणएणागमकज्ज विदिए तदिए व दिवसम्मि॥
मूलाचार ४-४४ (आगे-पीछे की भी कुछ गाथाएँ द्रष्टव्य हैं)

३. ...इदिवयणादो जहा छंदाईणं विज्जादाणं संसारभयवद्धणं।—धवला पु० १, पृ० ७०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विद्याएँ, जिनमें एक अधिक अक्षर वाली और दूसरी हीन अक्षर वाली थी, दीं और कहा कि इन्हें षष्ठोपवास के साथ सिद्ध करो। तदनुसार विद्याओं के सिद्ध करने पर उन्होंने पृथक्-पृथक् दो विद्यादेवताओं को देखा जिनमें एक बड़े दाँतों वाली और दूसरी कानी थी।

इस पर दोनों ने विचार किया कि देवताओं का स्वरूप ऐसा तो नहीं होता। यह विचार करते हुए मंत्र व व्याकरण-शास्त्र में कुशल उन दोनों ने हीन अक्षर वाली विद्या में छूटे हुए अक्षर को जोड़कर तथा अधिक अक्षर वाली विद्या में से अधिक अक्षर को निकालकर उन्हें पुनः जपा। तब उन्होंने अपने स्वाभाविक रूप में उपस्थित विद्याओं को देखा। अन्त में उन्होंने विनयपूर्वक धरसेन भट्टारक के पास जाकर इस घटना के विषय में निवेदन किया। इस पर अतिशय संतोष को प्राप्त हुए धरसेनाचार्य ने सौम्य तिथि, नक्षत्र, और वार में ग्रन्थ को पढ़ाना आरम्भ कर दिया। इस प्रकार क्रमशः व्याख्यान करने से आषाढ़ शुक्ला एकादशी के दिन पूर्वाह्न में ग्रन्थ समाप्त हो गया। विनयपूर्वक ग्रन्थ के समाप्त करने से संतुष्ट हुए भूतों ने उनमें से एक की पुष्प-बलि आदि से महती पूजा की। यह देखकर भट्टारक धरसेन ने उसका नाम **भूतबलि** रखा। दूसरे की पूजा करते हुए उसके अस्त-व्यस्त दाँतों की पंक्ति को हटाकर समान कर दिया। तब भट्टारक ने उसका नाम **पुष्पदन्त** किया।[1]

ग्रन्थ के समाप्त हो जाने पर धरसेनाचार्य ने उन्हें उसी दिन वापिस भेज दिया। तब उन दोनों ने गुरु का वचन अनुल्लंघनीय होता है, यह जानकर वहाँ से आते हुए अंकुलेश्वर में वर्षा-काल किया। पश्चात् योग को समाप्त कर पुष्पदन्ताचार्य जिनपालित को देखकर वनवास देश को गये और भूतबलि भट्टारक द्रमिल देश को चले गये।

धरसेनाचार्य ने ग्रन्थ समाप्त होते ही उन्हें वहाँ से क्यों भेज दिया, इस विषय में धवला में कुछ स्पष्ट नहीं किया गया है। पर इन्द्रनन्दि-श्रुतावतार में कहा गया है कि धरसेनाचार्य ने अपनी मृत्यु को निकट जान उससे उन दोनों को क्लेश न हो, इस विचार से उन्हें हितकर वचनों के द्वारा आश्वस्त करते हुए ग्रन्थ-समाप्ति के दूसरे दिन ही वहाँ से भेज दिया। यहीं पर आगे उक्त श्रुतावतार में जिनपालित को आचार्य पुष्पदन्त का भानजा निर्दिष्ट किया गया है।[2]

वनवास देश में जाकर आ० पुष्पदन्त ने जिनपालित को दीक्षा देकर बीस सूत्रों (बीस प्ररूपणाओं से सम्बद्ध सत्प्ररूपणा के १७७ सूत्रों) की रचना की, तथा उन्हें जिनपालित को पढ़ाकर उन सूत्रों के साथ भगवान् भूतबलि के पास भेजा। भूतबलि भगवान् ने उन सूत्रों को देखकर व जिनपालित से उन्हें अल्पायु जानकर 'महाकर्मप्रकृतिप्राभृत का व्युच्छेद हो जाने वाला है' इस विचार से 'द्रव्यप्रमाणानुगम' को आदि करके आगे के ग्रन्थ की रचना की। इस प्रकार इस खण्ड-सिद्धान्त की अपेक्षा उसके कर्ता भूतबलि और पुष्पदन्त कहे जाते हैं।[3]

धवलाकार के इस विवरण से यह स्पष्ट है कि आचार्य पुष्पदन्त ने सत्प्ररूपणादि आठ अनुयोगद्वारों में केवल सत्प्ररूपणा नामक प्रथम अनुयोगद्वार की ही रचना की है। यद्यपि धवला में **'वीसदि सुत्ताणि करिय'** इतना ही संक्षेप में कहा गया है, पर उससे उनका अभिप्राय

---

१. धवला पु० १, पृ० ६७-७१
२. इन्द्रनन्दि-श्रुतावतार १२९-३४
३. धवला पु० १, पृ० ७१

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गुणस्थान व जीवसमास आदि बीस प्ररुपणाओं का रहा है।[1] आगे द्रव्य प्रमाणानुगम से प्रारम्भ करके समस्त जीवस्थान, क्षुल्लकबन्ध, बन्धस्वामित्वविचय, वेदना, वर्गणा और महाबन्ध इस सम्पूर्ण ग्रन्थ के रचयिता भगवान् भूतबलि हैं।[2]

श्रुतपंचमी की प्रसिद्धि

इन्द्रनन्दि-श्रुतावतार के अनुसार प्रस्तुत ग्रन्थ की रचना के समाप्त होने पर उसे असद्भाव-स्थापना से पुस्तकों में आरोपित करके ज्येष्ठ शुक्ला पंचमी के दिन चातुर्वर्ण्य संघ के साथ उन पुस्तक रूप उपकरणों के आश्रय से विधिपूर्वक पूजा की गयी। तबसे यह तिथि श्रुतपंचमी के रूप में प्रसिद्ध हुई,[3] जो आज भी प्रचार में आ रही है। उस दिन प्रबुद्ध जैन जनता उक्त षट्खण्डागमादि ग्रन्थों को स्थापित कर भक्तिभाव से सरस्वती-पूजा आदि करती है।

आगे उक्त श्रुतावतार में यह भी कहा गया है कि तत्पश्चात् आ० भूतबलि ने पुस्तक के रूप में उन छह खण्डों को जिनपालित के साथ पुष्पदन्त गुरु के पास भेजा। उस समय पुष्पदन्त गुरु ने भी जिनपालित के हाथ में स्थित षट्खण्डागम पुस्तक को देखकर सहर्ष विचार किया कि जिस कार्य को मैंने सोचा था वह पूरा हो गया है। इस प्रकार श्रुतानुराग के वश पुष्पदन्ताचार्य ने भी विधिपूर्वक चातुर्वर्ण्य संघ के साथ श्रुतपंचमी के दिन गन्धाक्षतादि के द्वारा पूर्ववत् सिद्धान्त-पुस्तक की महती पूजा की।[4]

श्रुतावतार के इस उल्लेख से यह निश्चित होता है कि प्रस्तुत षट्खण्डागम की रचना के समाप्त होने तक आचार्य पुष्पदन्त जीवित थे। आ० पुष्पदन्त विरचित सत्प्ररूपणासूत्रों के साथ जिनपालित के भूतबलि भट्टारक के पास पहुँचने पर उन्हें पुष्पदन्त के अल्पायु होने का बोध

---

(१) इन्द्रनन्दि-श्रुतावतार में इसे स्पष्ट भी किया गया है—
वाच्छन् गुणजीवादिक-विंशतिविधसूत्र-सत्प्ररूपणया।
युक्तं जीवस्थानाद्यधिकारं व्यरचयत् सम्यक् ॥१३५॥

२. (क) संपदि चोद्दसण्हं जीवसमासाणमत्थित्तमवगदाणं सिस्साणं तेसिं चेव परिमाणपडिबोहणट्ठं भूतबलिया इरियो सुत्तमाह।—द्रव्यप्रमाणानुगम पु० ३, पृ० १
(ख) उवरि उच्चमाणेसु तिसु वि खंडेसु कस्सेदं मंगलं? तिण्णं खण्डाणं। कुदो? वग्गणा-महाबंधाणमादीए मंगलाकरणादो। ण च मंगलेण विणा भूतबलि-भडारओ गंथस्स पारभदि।—पु० ९, पृ० १०५
(ग) तदो भूतबलिभडारएण सुद-णईपवाहवोच्छेदभीएण भविलोगाणुग्गहट्ठं महाकम्मपयडिपाहुडमुवसंहरिऊण छखंडाणि कयाणि।—पु० ९, पृ० १३३
(घ) धवला पु० १४, पृ० ५६४।

३. ज्येष्ठा-सितपक्ष-पञ्चम्या चातुर्वर्ण्य-संघसमवेतः।
तत्पुस्तकोपकरणैर्व्याधात् क्रियापूर्वकं पूजाम् ॥१४३॥
श्रुतपंचमीति तेन प्रख्याति तिथिरियं परामाप।
अद्यापि येन तस्यां श्रुतपूजां कुर्वते जैनाः ॥१४४॥

४. इन्द्रनन्दि-श्रुतावतार १४५-१४८

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हुआ था।[1]

अर्थकर्ता

धवलाकार ने श्रुतधरों की परम्परा का उल्लेख जिस प्रकार सत्प्ररूपणा में किया है, लगभग उसी प्रकार से उन्होंने आगे चलकर वेदनाखण्ड के अन्तर्गत कृति अनुयोगद्वार में भी उक्त श्रुतपम्परा की प्ररूपणा पुनः कुछ विस्तार से की है। इसमें अनेक विशेषताएँ भी देखी जाती हैं। यथा—

सत्प्ररूपणा के समान यहाँ भी कर्ता के दो भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—अर्थकर्ता और ग्रन्थकर्ता। इनमें अर्थकर्ता महावीर की यहाँ द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव की अपेक्षा से प्ररूपणा की गयी है। उनमें द्रव्य की अपेक्षा से भगवान् महावीर के शरीर की विशेषता अनेक महत्त्वपूर्ण विशेषताओं के आश्रय से प्रकट की गयी है व उनमें प्रत्येक की सार्थकता को प्रकट करते हुए उसे ग्रन्थ की प्रमाणता में उपयोगी कहा गया है।[2] जैसे 'निरायुध' यह विशेषण भगवान् वीर जिनेन्द्र के क्रोध, मान, माया, लोभ, जन्म, जरा, मरण, भय और हिंसा का अभाव का सूचक है, जो ग्रन्थ की प्रमाणता का कारण है।

क्षेत्र की अपेक्षा प्ररूपणा करते हुए कहा गया है, कि पंचशैलपुर (राजगृह) की नैऋत्य दिशा में स्थित विपुलाचल पर्वत पर विराजमान समवसरण-मण्डल में अवस्थित गन्धकुटी रूप प्रासाद में स्थित सिंहासन पर आरूढ वर्धमान भट्टारक ने तीर्थ को उत्पन्न किया।[3]

इस क्षेत्रप्ररूपणा को यहाँ वर्धमान भगवान् की सर्वज्ञता का हेतु कहा गया है। यहाँ शंका उठाई गयी है कि जिन जीवों ने जिनेन्द्र के शरीर की महिमा को देखा है उन्हीं के लिए वह जिन की सर्वज्ञता का हेतु हो सकती है, न कि शेष सबके लिए? इस शंका के समाधान स्वरूप जिन-रूपता के ज्ञापनार्थ यहाँ आगे भाव-प्ररूपणा की गयी है।

इस भावप्ररूपणा में सर्वप्रथम दार्शनिक पद्धति से जीव की जड़स्वभावता का निराकरण करते हुए उसे सचेतन व ज्ञान-दर्शनादि स्वभाव वाला सिद्ध किया गया है।[4]

तत्पश्चात् कर्मों की नित्यता व निष्कारणता का निराकरण करते हुए उनके मिथ्यात्व, असंयम व कषाय इन कारणों को सिद्ध किया गया है तथा उन मिथ्यात्वादि के प्रतिपक्षभूत सम्यक्त्व, संयम और कषायों के अभाव को उन कर्मों के क्षय का कारण कहा गया है। इस प्रकार से जीव को केवलज्ञानावरण के क्षय से केवलज्ञानी, केवलदर्शनावरण के क्षय से केवलदर्शनी, मोहनीय के क्षय से वीतराग और अन्तराय के क्षय से विघ्नविवर्जित अनन्त बलवाला सिद्ध किया है।[5]

आगे पूर्व प्ररूपित द्रव्य, क्षेत्र और भाव प्ररूपणा के संस्कारार्थ कालप्ररूपणा की आवश्यकता

---

१. भूदबलिभयपदा जिणवालिद पासे दिट्ठ वीसदिसुत्तेण अप्पाउओ त्ति अवगयजिणवालिदेण'''।—धवला पु० १, पृ० ७१
२. धवला पु० ६, पृ० १०७-१०६
३. वही, पृ० १०६-११३
४. वही, पु०६, पृ० ११३-११७
५. वही पृ० ११७-११८

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

को प्रकट करते हुए कहा गया है कि इस भरत क्षेत्र में अवसर्पिणी काल के चौथे दुःषम-सुषम काल में जब तेतीस वर्ष, छह मास और नौ दिन शेष रहे थे तब तीर्थ की उत्पत्ति हुई। इसका अभिप्राय यह है कि बहत्तर वर्ष की आयु वाले भगवान् महावीर जब आषाढ़ कृष्णा षष्ठी के दिन गर्भ में अवतीर्ण हुए उस समय चौथे काल में पचहत्तर वर्ष और साढ़े आठ मास शेष थे। कारण यह कि ७२ वर्ष की उनकी आयु थी तथा उस चौथे काल में साढ़े तीन वर्ष शेष रह जाने पर उन्होंने मुक्ति प्राप्त कर ली थी।

पूर्व में जो यहाँ तीर्थोत्पत्ति के समय ३३ वर्ष ६ मास और ९ दिन चौथे काल में अवशिष्ट बताये गये हैं, उसका अभिप्राय यह है कि ७२ वर्ष की आयु वाले भगवान् महावीर का केवलि-काल ३० वर्ष रहा है। केवलज्ञान के उत्पन्न हो जाने पर भी गणधर के अभाव में ६६ दिन उनकी दिव्यध्वनि नहीं निकली। इससे उक्त ३० वर्ष में ६६ दिन कम कर देने पर २९ वर्ष, ९ मास, २४ दिन शेष रहते हैं। जब वे मुक्त हुए तब उस चौथे काल में ३ वर्ष, ८ मास और १५ दिन शेष थे। इन्हें उक्त २९ वर्ष, ९ मास और २४ दिन में जोड़ देने पर ३३ वर्ष, ६ मास और ९ दिन हो जाते हैं।[1]

अन्य किन्हीं आचार्यों के मतानुसार भगवान् महावीर की आयु ७२ वर्ष में ५ दिन और ८ मास कम (७१ वर्ष, ३ मास, २५ दिन) थी। इस मत के अनुसार उनके गर्भस्थकालादि की भी प्ररूपणा धवला में की गयी है, जो संक्षेप में इस प्रकार है—

	वर्ष	मास	दिन
गर्भस्थकाल	०	९	८
कुमारकाल	२८	७	१२
छद्मस्थकाल	१२	५	१५
केवलिकाल	२९	५	२०
समस्त आयु	७१	३	२५

उनके मुक्त होने पर चौथे काल में जो ३ वर्ष, ८ मास और १५ दिन शेष रहे थे उन्हें उस आयु-प्रमाण में जोड़ देने पर उनके गर्भ में अवतीर्ण होने के समय उस चौथे काल में ७५ वर्ष १० मास शेष रहते हैं।[2]

ग्रन्थकर्ता

इस प्रकार अर्थकर्ता की प्ररूपणा के पश्चात् ग्रन्थकर्ता की प्ररूपणा को प्रारम्भ करते हुए अर्थकर्ता से ग्रन्थकर्ता को भिन्न स्वीकार न करने वाले की शंका के समाधान में धवलाकार कहते हैं कि अठारह भाषा और सात सौ कुभाषा रूप द्वादशांगात्मक बीजपदों की जो प्ररूपणा करता है उसका नाम अर्थकर्ता है तथा जो उन बीजपदों में विलीन अर्थ के प्ररूपक बारह अंगों की रचना करते हैं उन गणधर भट्टारकों को ग्रन्थकर्ता माना जाता है। अभिप्राय यह है कि बीजपदों के व्याख्याता को ग्रन्थकर्ता समझना चाहिए। यह अर्थकर्ता और ग्रन्थकर्ता में भेद है। यहाँ बीजपदों के स्वरूप को प्रकट करते हुए कहा गया है कि जो शब्दरचना में संक्षिप्त होकर

१. धवला पु० ९, पृ० ११९-१२१
२. वही, पृ० १२१-१२६

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अनन्त अर्थ के अवगम के कारणभूत अनेक लिंगों से सहित होता है उनका नाम बीजपद है। इस प्रकार यहाँ गणधर देव को ग्रन्थकर्ता बतलाते हुए उसकी अनेक विशेषताओं को प्रकट किया गया है। यह सामान्य से अर्थकर्ता और ग्रन्थकर्ता की प्ररूपणा की गई है।[1]

आगे वर्धमान जिन के तीर्थ में विशेष रूप से ग्रन्थकर्ता की प्ररूपणा करते हुए यह अभिप्राय प्रकट किया गया है कि सौधर्म इन्द्र जब पाँच-पाँच सौ अन्तेवासियों से वेष्टित ऐसे तीन भाइयों से संयुक्त गौतमगोत्रीय इन्द्रभूति ब्राह्मण के पास पहुँचा तब उसने उसके सामने जैन पारिभाषिक शब्दों से निर्मित—

पंचेव अत्थिकाया छज्जीवनिकाया महव्वया पंच।
अट्ठ य पवयणमादा सहेउओ बंध-मोक्खो य॥

इस गाथा को उपस्थित करते हुए उसके आशय के विषय में प्रश्न किया। इसपर सन्देह में पड़कर जब वह उसका उत्तर न दे सका तब उससे उसने अपने गुरु के पास चलने को कहा। यही तो सौधर्म इन्द्र को अभीष्ट था। इस प्रकार जब वह वर्धमान जिनेन्द्र के समवसरण में पहुँचा तब वहाँ स्थित मानस्तम्भ के देखते ही उसका समस्त अभिमान गलित हो गया व उसकी विशुद्धि उत्तरोत्तर बढ़ने लगी। तब उसने भगवान् जिनेन्द्र की तीन प्रदक्षिणा देकर उनकी वन्दना की व जिनेन्द्र का ध्यान करते हुए संयम को ग्रहण कर लिया। उसी समय विशुद्धि के बल से उसके अन्तर्मुहूर्त में ही समस्त गणधर के लक्षण प्रकट हो गये। इस प्रकार प्रमुख गणधर के पद पर प्रतिष्ठित होकर उस इन्द्रभूति ब्राह्मण ने आचारादि बारह अंगों और सामायिक-चतुर्विंशतिस्तव आदि चौदह अंगबाह्य स्वरूप प्रकीर्णकों की रचना कर दी। उस दिन श्रावण मास के कृष्णपक्ष की प्रतिपदा थी, जिसे युग का आदि दिवस माना जाता है। इस प्रकार वर्धमान जिनेन्द्र के तीर्थ में इन्द्रभूति भट्टारक ग्रन्थकर्ता हुए।[2]

उत्तरोत्तर-तन्त्रकर्ता

इस प्रकार यहाँ अर्थकर्ता और ग्रन्थकर्ता की प्ररूपणा के पश्चात् उत्तरोत्तरतन्त्रकर्ता की प्ररूपणा करते हुए कहा गया है कि कार्तिक कृष्णा चतुर्दशी की रात्रि के पिछले भाग में महावीर जिन के मुक्त हो जाने पर, केवलज्ञान की सन्तान के धारक गौतम स्वामी हुए। बारह वर्ष केवलिविहार से विहार करके उनके मुक्त हो जाने पर लोहार्य[3] उस केवलज्ञान की सन्तान के धारक हुए। बारह वर्ष केवलिविहार से विहार करके लोहार्य भट्टारक के मुक्त हो

---

१. धवला पु० ९, पृ० १२६-१२८
२. धवला पु० ९, पृ० १२९-१३०
३. 'लोहार्य' यह सुधर्म का दूसरा नाम रहा है। इस नाम का उल्लेख स्वयं धवलाकार ने भी जयधवला (.....) में किया है। हरिवंशपुराण (३-४२) में पाँचवें गणधर का उल्लेख सुधर्म नाम से किया गया है। जंबूदीवपण्णत्ती में स्पष्ट रूप से लोहार्य का दूसरा नाम सुधर्म कहा गया है—

तेण वि लोहज्जस्स य लोहज्जेण य सुधम्मणामेण।
गणधरसुधम्मणा खलु जंबूणामस्स णिद्दिट्ठं॥
—जं० दी० प० १-१०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जाने पर जम्बू भट्टारक उस केवलज्ञान सन्तान के धारक हुए। अड़तीस वर्ष केवलिविहार से विहार करके जम्बू भट्टारक के मुक्त हो जाने पर भरतक्षेत्र में केवलज्ञान सन्तान का विच्छेद हो गया। इस प्रकार महावीर निर्वाण के पश्चात् बासठ वर्षों में केवलज्ञानरूप सूर्य भरतक्षेत्र में अस्तंगत हो गया।

इसके पूर्व जैसा कि सत्प्ररूपणा में कहा जा चुका है,[1] तदनुसार वेदनाखण्ड के प्रारम्भ (कृति अनुयोगद्वार) में भी आगे पाँच श्रुतकेवलियों, ग्यारह एकादश-अंगों व दस पूर्वों के धारकों, पाँच एकादशांगधरों और चार आचारांगधरों का उल्लेख किया गया है। विशेषता वहाँ यह रही है कि उक्त पाँच श्रुतकेवलियों आदि के समय का भी साथ में उल्लेख किया गया है। वह इस प्रकार है—

वर्ष	केवली आदि
६२	३ केवली
१००	५ श्रुतकेवली
१८३	११ ग्यारह अंगों व विद्यानुवादपर्यन्त दृष्टिवाद के धारक
२२०	५ ग्यारह अंगों व दृष्टिवाद के एकदेश के धारक
११८	४ आचारांग के साथ शेष अंग-पूर्वों के एकदेश के धारक
६८३	समस्त काल का प्रमाण

अन्तिम आचारांगधर लोहार्य के स्वर्गस्थ हो जाने पर आचारांग लुप्त हो गया। इस प्रकार भरतक्षेत्र में आचारांग आदि बारह अंगों के अस्तंगत हो जाने पर शेष आचार्य सब अंग-पूर्वों के एकदेशभूत **पेज्ज-दोस** और **महाकम्मपयडिपाहुड** आदि के धारक रह गये। इस प्रकार प्रमाणीभूत महर्षियों की परम्परा से आकर महाकम्मपयडिपाहुड धरसेन भट्टारक को प्राप्त हुआ। उन्होंने भी उस समस्त महाकम्मपयडिपाहुड को गिरिनगर की चन्द्रगुफा में भूतबलि और पुष्पदन्त को समर्पित कर दिया। तत्पश्चात् भूतबलि भट्टारक ने श्रुत-नदी के प्रवाह के विच्छेद से भयभीत होकर भव्यजन के अनुग्रहार्थ उस महाकम्मपयडिपाहुड का उपसंहार कर छह खण्ड किये। इसलिए अनन्त केवलज्ञान के प्रभाव से प्रमाणीभूत आचार्यपरम्परा से चले आने के कारण प्रत्यक्ष और अनुमान के विरोध से रहित यह ग्रन्थ प्रमाण है। इसलिए मुमुक्षु भव्य जीवों को उसका अभ्यास करना चाहिए।[2]

सिद्धान्त का अध्ययन

यहाँ यह विशेष ध्यान देने योग्य है कि आचार्य वीरसेन ने सामान्यतः सभी मुमुक्षु भव्य जीवों से प्रस्तुत षट्खण्डागम के अध्ययन की प्रेरणा की है, उन्होंने उसके अभ्यास के लिए विशेषरूप से केवल संयतजनों को ही प्रेरित नहीं किया।[3]

---

१. धवला पु० १, पृ० ६४-६७

२. धवला पु० ९, पृ० १३०-१३४

३. तदो भूदबलिभडारएण सुद-णईपवाहवोच्छेदभीएण भवियलोगाणुग्गहट्ठं महाकम्म-पयडिपाहुडमुवसंहरिऊण छखंडाणि कयाणि। तदो तिकालगोयरासेसपयत्थविसयपच्च-क्खाणंतकेवलणाणप्पभावादो पमाणीभूदआइरिय-पणालेणागदत्तादो पमाणमेसो गंथो। **तम्हा मोक्खकंखिणा भवियलोएण अब्भसेयव्वो**।—पु० ९, पृ० १३३-१३५४

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इससे कुछ अर्वाचीन ग्रन्थगत उल्लेखों[1] के आधार से कुछ महानुभावों की जो यह धारणा बन गयी है कि गृहस्थों को सिद्धान्त-ग्रन्थों के रहस्य के अध्ययन का अधिकार नहीं है, वह निर्मूल सिद्ध होती है। श्रावकों के छह आवश्यकों में स्वाध्याय को महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। स्वयं षट्खण्डागमकार ने तीर्थंकर-नाम-गोत्र के बन्धक सोलह कारणों में 'अभीक्ष्ण-अभीक्ष्णज्ञानोपयोग युक्तता' को स्थान दिया है।[2]

उसे स्पष्ट करते हुए धवलाकार कहते हैं कि 'अभीक्ष्ण-अभीक्ष्ण' नाम बहुत बार का है, 'ज्ञानोपयोग' से भावश्रुत और द्रव्यश्रुत अपेक्षित है, उसके विषय में निरन्तर उद्युक्त रहने से तीर्थंकर नामकर्म बँधता है।[3]

मूलाचार[4] के रचयिता वट्टकेराचार्य विपाकविचय धर्मध्यान के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि ध्याता विपाकविचय धर्मध्यान में जीवों के द्वारा एक व अनेक भवों में उपार्जित पुण्य-पाप कर्मों के फल का तथा उदय, उदीरणा, संक्रम, बन्ध और मोक्ष इन सबका विचार किया करता है। सिद्धान्त-ग्रन्थों में इन्हीं उदय, उदीरणा और संक्रम का विचार किया गया है।

ऊपर धवलाकार ने मोक्षाभिलाषी भव्य जीवों के लिए जो प्रस्तुत षट्खण्डागम के अभ्यास के लिए प्रेरित किया है वह कितना महत्त्वपूर्ण है, यह विचार करने की बात है। षट्खण्डागम और कषायप्राभृत जैसे महत्त्वपूर्ण कर्मग्रन्थों के अभ्यास के बिना क्या मुमुक्षु भव्य जीव द्वारा कर्मबन्ध क्या व कितने प्रकार का है, आत्मा के साथ उन पुण्य-पाप कर्मों का सम्बन्ध किन कारणों से हुआ, वे कौन-से कारण हैं कि जिनके आश्रय से उन कर्मों का क्षय किया जा सकता है, तथा जीव का स्वभाव क्या है, इत्यादि प्रकार से संसार व मोक्ष के कारणों को जाना जा सकता है ? नहीं जाना जा सकता है। इसके अतिरिक्त संसार व मोक्ष के कारणों को जब तक नहीं समझा जायेगा तब तक मोक्ष की प्राप्ति भी सम्भव नहीं है। इसीलिए धवलाकार ने सभी मुमुक्षु जनों से **सिद्धान्त-ग्रन्थों** के अभ्यास की प्रेरणा की है।

आगे जाकर धवलाकार ने वाचनाशुद्धि के प्रसंग में वक्ता और श्रोता दोनों के लिए द्रव्यशुद्धि, क्षेत्रशुद्धि, कालशुद्धि और भावशुद्धि का विस्तार से विचार किया है। वहाँ भी

---

१. (क) दिणपडिम-वीरचरिया-तियालजोगेसु णत्थि अहियाए।
सिद्धंतरहस्साण वि अज्झयणे देसविरदाणं ॥—वसु० श्राव० ३१२

(ख) श्रावकोवीरचर्याहःप्रतिमातापनादिषु।
स्यान्नाधिकारी सिद्धान्तरहस्याध्ययनेऽपि च ॥—सागारध० ७/५०

(ग) आर्यिकाणां गृहस्थानां शिष्याणामल्पमेधसाम्।
न वाचनीयं पुरतः सिद्धान्ताचारपुस्तकम् ॥—नीतिसार ३२

२. बन्धस्वामित्वविचय, सूत्र ३९-४२, पु० ८

३. अभिक्खणमभिक्खणं णाम बहुवारमिदि भणिदं होदि। णाणोवजोगो त्ति भावसुदं दव्वसुदं वावेक्खदे। तेसु मुहुम्मुहुजुत्तदाए तित्थयरणामकम्मं बज्झइ।—धवला पु० ८, पृ० ९१

४. एयाणेयभवगयं जीवाणं पुण्ण-पावकम्मफलं।
उदओदीरण-संकम-बंधं मोक्खं च विचिणादि ॥—मूला० ५-२०४

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उन्होंने उक्त प्रकार से सिद्धान्त के अध्ययन का प्रतिषेध नहीं किया।[1]

संसार व मोक्ष के उन कारणों का ध्यानशतक में संस्थानविचय धर्मध्यान के प्रसंग में विस्तार से किया गया है।[2] इस प्रसंग से सम्बद्ध उसकी कितनी ही गाथाओं को वीरसेनाचार्य ने अपनी उस धवला टीका में उद्धृत भी किया है।[3]

आचार्य गुणभद्र ने शास्त्रस्वाध्याय को महत्त्व देते हुए चंचल मन को मर्कट मानकर उसे प्रतिदिन श्रुतस्कन्ध के ऊपर रमाने की प्रेरणा की है तथा इस प्रकार से श्रुत के अभ्यास में मन के लगाने वाले को विवेकी कहा है।[4]

इस प्रकार हम देखते हैं कि प्राचीन आर्ष-ग्रन्थों में परमागम के अभ्यास के विषय में संयत-असंयतों का कहीं कुछ भेद नहीं किया गया है।

इन्द्रनन्दि-श्रुतावतार की विशेषता

जिस आचार्य परम्परा का उल्लेख धवलाकार ने जीवस्थान-सत्प्ररूपणा में व वेदनाखण्ड-गत कृति अनुयोगद्वार के प्रारम्भ में किया है उसका उल्लेख अन्यत्र तिलोयपण्णत्ती,[5] हरिवंश-पुराण,[6] जंबूदीवपण्णत्ती[7] एवं इन्द्रनन्दि-श्रुतावतार[8] आदि में भी किया गया है। इनमें से इन्द्र-नन्दि-श्रुतावतार में जो विशेषता दृष्टिगोचर होती है उसे यहाँ प्रकट किया जाता है—

यहाँ 'लोहार्य' के स्थान में उनका 'सुधर्म' (श्लोक ७३) नामान्तर पाया जाता है। सम्मिलित सबका काल-प्रमाण ६८३ वर्ष ही है। यहाँ आचार्यों के नामों में जो कुछ थोड़ा-सा भेद देखा जाता है उसका कुछ विशेष महत्त्व नहीं है। प्राकृत शब्दों का संस्कृत में रूपान्तर करने में तथा

---

१. धवला पु० ९, पृ० २५१-५९

२. ध्यानशतक ५४-६०

३. ध्यानशतक की प्रस्तावना पृ० ५९-६२ में 'ध्यानशतक और धवला का ध्यानप्रकरण' शीर्षक

४. अनेकान्तात्मार्थप्रसव-फलभारातिविनते वचःपर्णाकीर्णे विपुलनय-शाखाशतयुते।
समुत्तुङ्गे सम्यक् प्रततमति-मूले प्रतिदिनं श्रुतस्कन्धे धीमान् रमयतु मनोमर्कटममुम्॥
—आत्मानुशासन १७०

५. ति० प० ४,१४०४-९२

६. ह० पु० ६६, २२-२५; यहाँ श्लोक २५ में जिन नामों का उल्लेख किया गया है वे इ० श्रुतावतार से कुछ मिलते-जुलते इस प्रकार हैं—
महातपोभृद् विनयंधरश्रुतामृषिश्रुति (?) गुप्तपदादिकां दधत्।
मुनीश्वरोऽन्यः शिवगुप्तसंज्ञको गुणैः स्वमर्हद्बलिरप्यधात् पदम्॥२५॥

७. जं० दी० प० १, ८-१७

८. इ० श्रुतावतार ६९-८५; धवला से विशेष—
विनयधरः श्रीदत्तः शिवदत्तोऽन्योऽर्हद्दत्तनामैते।
आरातीया यतयस्ततोऽभवन्नङ्ग-पूर्वदेशधराः॥८४॥
सर्वांग-पूर्वदेशैकदेशवित् पूर्वदेशमध्यगते।
श्रीपुण्ड्रवर्धनपुरे मुनिरजनि ततोऽर्हद्बल्याख्यः॥८५॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

लेखक की कुछ असावधानी से ऐसा शब्दभेद होना सम्भव है ।

यहाँ एक विशेषता यह देखी जाती है कि लोहार्य के पश्चात् विनयधर, श्रीदत्त, शिवदत्त, अर्हद्दत्त इन चार आरातीय अन्य आचार्यों के नामों का भी निर्देश एक साथ किया गया है। धवला में इनका कुछ भी उल्लेख नहीं किया गया है। वहाँ इतना मात्र कहा गया है कि लोहार्य के स्वर्गस्थ हो जाने पर शेष आचार्य सब अंग-पूर्वों के एकदेशभूत **पेज्जदोस** और **महाकम्मपयडिपाहुड** आदि के धारक रह गये, इस प्रकार महर्षियों की परम्परा से आकर वह महाकम्मपयडिपाहुड धरसेन भट्टारक को प्राप्त हुआ। वहाँ यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि कितने महर्षियों की परम्परा से आकर वह महाकम्मपयडिपाहुड धरसेनाचार्य को प्राप्त हुआ ।

ऐसी स्थिति में आ० इन्द्रनन्दी के द्वारा श्रुतावतार में जो उपर्युक्त विनयधर आदि अन्य चार आरातीय आचार्यों का उल्लेख किया गया है वह अपना अलग महत्त्व रखता है।

किन्तु वह महाकम्मपयडिपाहुड धरसेनाचार्य को साक्षात् किस महर्षि से प्राप्त हुआ, इसका उल्लेख न धवलाकार ने कहीं किया है और न इन्द्रनन्दी ने ही। इससे धरसेनाचार्य के गुरु कौन थे, यह जानना कठिन है। इन्द्रनन्दी ने तो गुणधर भट्टारक और धरसेनाचार्य में पूर्वोत्तरकालवर्ती कौन है, इस विषय में भी अपनी अजानकारी प्रकट की है।[1]

इन्द्रनन्दी ने विनयधर आदि उन चार आचार्यों के उल्लेख के पश्चात् अर्हद्बलि का उल्लेख करते हुए कहा है कि पूर्वदेश के मध्यवर्ती पुण्ड्रवर्धन नगर में अर्हद्बलि नामक मुनि हुए जो सब अंग-पूर्वों के देशैकदेश के ज्ञाता थे। संघ के अनुग्रह व निग्रह में समर्थ वे अष्टांग-निमित्त के ज्ञाता होकर पाँच वर्षों के अन्त में सौ योजन के मध्यवर्ती मुनिजन समाज के साथ युगप्रतिक्रमण करते हुए स्थित थे। किसी समय युग के अन्त में प्रतिक्रमण करते हुए उन्होंने समागत मुनिजन समूह से पूछा कि क्या सब यतिजन आ गये हैं। उत्तर में उन सब ने कहा कि भगवन् ! हम सब अपने-अपने संघ के साथ आ गये हैं। इस उत्तर को सुनकर उन्होंने विचार किया कि इस कलिकाल में यहाँ से लेकर आगे अब यह जैन-धर्म गण-पक्षपात के भेदों के साथ रहेगा, उदासीनभाव से नहीं रहेगा। ऐसा सोचकर गणी (संघप्रवर्तक) उन अर्हद्बलि ने जो मुनिजन गुफा से आये थे उनमें किन्हीं का 'नन्दी' और किन्हीं का 'वीर' नाम किया। जो अशोकवाट से आये थे उनमें किन्हीं को 'अपराजित' और किन्हीं को 'देव' नाम दिया। जो पंचस्तूप्यनिवास से आये थे उनमें किन्हीं का 'सेन' और किन्हीं का 'भद्र' नाम किया। जो शाल्मली वृक्ष के मूल से आये थे उनमें किन्हीं का 'गुणधर' और किन्हीं का 'गुप्त' नाम किया। जो खण्डकेसर वृक्ष के मूल से आये थे उनमें किन्हीं का 'सिंह' और किन्हीं का 'चन्द्र' नाम किया।[2]

इसकी पुष्टि आगे इन्द्रनन्दि-श्रुतावतार में 'उक्तं च' के निर्देशपूर्वक एक अन्य पद्य के

---

१. गुणधर-धरसेनान्वयगुर्वोः पूर्वापरक्रमोऽस्याभिः ।
न ज्ञायते तदन्वयकथकागम-मुनिजनाभावात् ।।—इ० श्रुतावतार १५१

२. इ० श्रुतावतार ८५-९५

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

द्वारा की गयी है।[1]

आगे वहाँ 'अन्य कहते हैं' ऐसी सूचना करते हुए उपर्युक्त संघनामों के विषय में कुछ मत-भेद भी प्रकट किया गया है।[2] ठीक इसके अनन्तर उस श्रुतावतार में कहा गया है कि तत्पश्चात् मुनियों में श्रेष्ठ माघनन्दी नामक मुनि हुए, जो अंगपूर्वों के एकदेश को प्रकाशित कर समाधिपूर्वक स्वर्गस्थ हुए।[3]

माघनन्दी मुनि के विषय में जो एक कथानक प्रसिद्ध है तदनुसार वे किसी समय जब चर्या के लिए निकले तब उनका प्रेम एक कुम्हार की लड़की से हो गया। इससे वे संघ में वापस न जाकर वहीं रह गये। तत्पश्चात् किसी समय संघ में किसी सूक्ष्म तत्त्व के विषय में मतभेद उपस्थित हुआ। तब संघाधिपति ने उसका निर्णय करने के लिए साधुओं को माघनन्दी के पास भेजा। उनके पास पहुँचकर जब साधुओं ने विवादग्रस्त उस तत्त्व के विषय में माघनन्दी से निर्णय माँगा तब उन्होंने उनसे पूछा कि संघ क्या मुझे अब भी यह सन्मान देता है। इस पर मुनियों के यह कहने पर कि 'श्रुतज्ञान का सन्मान सदा होने वाला है' वे पुनः विरक्त होकर वहाँ रखे हुए पीछी-कमण्डलु को लेकर संघ में जा पहुँचे व पुनर्दीक्षित हो गये।[4]

उनके विषय में इसी प्रकार का एक भजन भी प्रसिद्ध है।

अन्यत्र माघनन्दी का उल्लेख

एक माघनन्दी का उल्लेख मुनि पद्मनन्दी विरचित 'जंबूदीवपण्णत्तिसंगहो' में भी किया गया है। वहाँ उन माघनन्दी गुरु को राग-द्वेष-मोह से रहित श्रुतसागर के पारगामी और तप-संयम से सम्पन्न कहा गया है। उनके शिष्य सिद्धान्त रूप महासमुद्र में कलुष को धोने-वाले सकलचन्द्र गुरु और उनके भी शिष्य सम्यग्दर्शन से शुद्ध विख्यात श्रीनन्दी रहे हैं, जिनके निमित्त जम्बूद्वीप की प्रज्ञप्ति लिखी गयी।[5]

उक्त श्रुतावतार में उन माघनन्दी के पश्चात् सुराष्ट्र देश में गिरिनगरपुर के समीपवर्ती ऊर्जयन्त पर्वत के ऊपर चन्द्र गुफा में निवास करनेवाले महा तपस्वी मुनियों में प्रमुख उन धरसेनाचार्य का उल्लेख किया गया है जो अग्रायणीय पूर्व के अन्तर्गत पाँचवें 'वस्तु' अधिकार के तीस प्राभृतों में चौथे प्राभृत के ज्ञाता थे।[6]

धवला के अनुसार धरसेन भट्टारक ने आचार्य-सम्मेलन के लिए जो लेख भेजा था,

---

१. आयतौ नन्दि-वीरौ प्रकटगिरिगुहावासतोऽशोकवाटाद्
देवश्चान्योऽपराजित इति यतियौ सेन-भद्राह्व यौ च।
पञ्चस्तूप्यात् सगुप्तौ गुणधरवृषभः शाल्मली वृक्षमूला-
न्निर्यातौ सिंह-चन्द्रौ प्रथिगुण-गणौ केसरात् खण्डपूर्वात् ॥—इ० श्रुता० ९६

२. इ० श्रुतावतार ९७-१०१

३. वही, १०२

४. जैन सिद्धान्त-भास्कर, सन् १९१३, अंक ४, पृ० ११५
(धवला पु० १ की प्रस्तावना पृ० १६-१७)

५. जं० दी० प० १३, १५४-५६

६. इ० श्रुतावतार १०३-४

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उसमें उन्होंने क्या लिखा था यह वहाँ स्पष्ट नहीं है। किन्तु इन्द्रनन्दि-श्रुतावतार में यह कहा गया है कि उस समय ब्रह्मचारी के हाथ से उस लेख-पत्र को लेकर व बन्धन को छोड़कर उन महात्मा आचार्यों ने उसे इस प्रकार पढ़ा—स्वस्ति श्रीमान् ! ऊर्जयन्त तट के निकटवर्ती चन्द्रगुफावास से धरसेन गणी वेणाक तट पर समुदित यतियों की वन्दना करके इस कार्य को कहता है कि हमारी आयु बहुत थोड़ी शेष रह गयी है, इससे हमारे द्वारा सुने गये (अधीत) शास्त्र की व्युच्छित्ति जिस प्रकार से न हो उस प्रकार से ग्रहण-धारण में समर्थ तीक्ष्णबुद्धि दो यतीश्वरों को आप भेज दें।[1]

प्राकृत पट्टावली

यह पट्टावली 'जैन सिद्धान्त भास्कर' भाग १, कि० ४, सन् १९१३ में छपी है जो अब उपलब्ध नहीं है। इसके प्रारम्भ में ३ संस्कृत श्लोक हैं, जो स्वयं पट्टावली के कर्ता द्वारा न लिखे जाकर किसी अन्य के द्वारा उसमें योजित किये गये दिखते हैं। इनमें ३ केवलियों, ५ श्रुतकेवलियों, ११ दशपूर्वधरों, ५ एकादशांगधरों तथा ४ दश-नव-आठ अंगधरों के नामों का निर्देश करते हुए उनमें से प्रत्येक के समय का भी उल्लेख पृथक्-पृथक् किया गया है। साथ ही सम्मिलित रूप उनके समुदित काल का भी वहाँ निर्देश किया गया है। यहाँ दशपूर्वधरों व दश-नव-आठ पूर्वधरों के काल का निर्देश करते हुए दोनों में कहीं २-२ वर्ष की भूल हुई है, अन्यथा समुदित रूप में जो उनका काल निर्दिष्ट है वह संगत नहीं रहता।[2] उक्त पट्टावली के अनुसार वह वीरनिर्वाणकाल से पश्चात् की कालगणना इस प्रकार है—

१. गौतम	केवली	१२ वर्ष
२. सुधर्म	,,	१२ ,,
३. जम्बूस्वामी	,,	३८ ,,
		६२ वर्ष
४. विष्णु	श्रुतकेवली	१४ वर्ष
५. नन्दिमित्र	,,	१६ ,,
६. अपराजित	,,	२२ ,,
७. गोवर्धन	,,	१९ ,,
८. भद्रबाहु	,,	२९ ,,
		१०० वर्ष
९. विशाखाचार्य	दशपूर्वधर	१० वर्ष
१०. प्रोष्ठिल	,,	१९ ,,
११. क्षत्रिय	,,	१७ ,,
१२. जयसेन	,,	२१ ,,

१. इ० श्रुतावतार १०८-१०

२. विशेष के लिए देखिये ष० ख० पु० १ की प्रस्तावना, पृ० २४-२९

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१३. नागसेन	दशपूर्वधर	१८ वर्ष
१४. सिद्धार्थ	,,	१७ ,,
१५. धृतिषेण	,,	१८ ,,
१६. विजय	,,	१३ ,,
१७. बुद्धिलिंग	,,	२० ,,
१८. देव	,,	१४ ,,
१९. धर्मसेन	,,	१४[१६]
		१८१[१८३] वर्ष
२०. नक्षत्र	एकादशांगधर	१८ वर्ष
२१. जयपालक	,,	२० ,,
२२. पाण्डव	,,	३९ ,,
२३. ध्रुवसेन	,,	१४ ,,
२४. कंस	,,	३२ ,,
		१२३ वर्ष
२५. सुभद्र	दश-नव-आठ-अंगधर	६ वर्ष
२६. यशोभद्र	,,	१८ ,,
२७. भद्रबाहु	,,	२३ ,,
२८. लोहाचार्य	,,	५२[५०]
		९९[९७] वर्ष
२९. अर्हद्बली	एकअंगधर	२८ वर्ष
३०. माघनन्दी	,,	२१ ,,
३१. धरसेन	,,	१९ ,,
३२. पुष्पदन्त	,,	३० ,,
३३. भूतबलि	,,	२० ,,
		११८ वर्ष

विचारणीय

१. पट्टावली के अन्तर्गत गाथा ९ में जो एकादशांगधरों का पृथक्-पृथक् काल निर्दिष्ट किया गया है उसका जोड़ १८१ आता है। किन्तु इसके पूर्व गाथा ७ में वहाँ वीरनिर्वाण से १६२ वर्ष बीतने पर १८३ वर्षों के भीतर ११ दशपूर्वधरों के उत्पन्न होने का स्पष्ट उल्लेख है। इससे निश्चत है कि उस गाथा ९ में दशपूर्वधरों के काल का जो पृथक्-पृथक् निर्देश किया गया है उसमें किसी एक के काल के निर्देश में २ वर्ष कम हो गये दिखते हैं। आगे गाथा १० में

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भी यह स्पष्ट कहा गया है कि अन्तिम जिन के मुक्त होने पर ३४५ वर्षों के बीतने पर ग्यारह अंगों के धारक मुनिवर हुए। इस प्रकार उपर्युक्त २ वर्ष की भूल रहे बिना यह ३४५ वर्ष भी घटित नहीं होते ६२+१००+१८१=३४३। इस प्रकार कुल ३४५ के स्थान पर ३४३ ही रहते हैं।

२. इसी प्रकार दश-नव-अष्टांगधरों में प्रत्येक के अलग-अलग निर्दिष्ट किये गये काल-प्रमाण में कहीं पर दो वर्ष अधिक हो गये हैं। कारण यह कि इसी पट्टावली की गाथा १२ के उत्तरार्ध में उन चारों का सम्मिलित काल ९७ वर्ष कहा गया है, जो जोड़ में उक्त क्रम से ९९ होता है अर्थात् ६+१८+२३+५२=९९। अतः यहाँ भी २ वर्ष की भूल हो जाना निश्चित है। इसके अतिरिक्त आगे १५वीं गाथा में जो यह कहा गया है कि अन्तिम जिन के मुक्त होने के बाद ५६५ वर्षों के बीतने पर ५ आचार्य एक अंग के धारक हुए, यह भी तदनुसार असंगत हो जाता है, क्योंकि उक्त क्रम से उसका जोड़ ५६७ आता है अर्थात् ६२+१००+१८३+१२३+९९=५६७; जबकि वह होना चाहिए ५६५ वर्ष।

इस पट्टावली के अनुसार धरसेन, पुष्पदन्त और भूतबलि—ये तीनों आचार्य वीर-निर्वाण के पश्चात् ६८३ वर्ष के ही भीतर आ जाते हैं यानी ६२+१००+१८३+१२३+९७+२८+२१+१९+३०+२०=६८३। इस ६८३ वर्ष प्रमाण सम्मिलित काल का भी उल्लेख उस पट्टावली की १७वीं गाथा में अर्हद्बली आदि उन ५ एक अंग के धारकों के समुदित काल को लेकर किया गया है। इसके अतिरिक्त उक्त पट्टावली के अनुसार आचार्य धरसेन, पुष्पदन्त और भूतबलि एक अंग के धारक सिद्ध होते हैं।

इस पट्टावली की विशेषताएँ

१. तिलोयपण्णत्ती, धवला, हरिवंशपुराण आदि ग्रन्थों में इस श्रुतधरपरम्परा का उल्लेख करते हुए प्रत्येक आचार्य के काल का पृथक्-पृथक् निर्देश नहीं किया गया है, जबकि इस पट्टावली में उनके काल का पृथक्-पृथक् उल्लेख है तथा समुदित रूप में भी उसका उल्लेख किया गया है।

२. अन्यत्र जहाँ नक्षत्राचार्य आदि ५ एकादशांगधरों का काल-प्रमाण २२० वर्ष कहा गया है वहाँ इस पट्टावली में उनका वह काल-प्रमाण १२३ वर्ष कहा गया है। उक्त ५ आचार्यों का काल २२० वर्ष अपेक्षाकृत अधिक व असम्भव-सा दिखता है।

३. अन्यत्र जहाँ इस आचार्य परम्परा को लोहार्य तक सीमित रखा गया है व समुदित समय वीरनिर्वाण के पश्चात् ६८३ वर्ष कहा गया है वहाँ इस पट्टावली में उसे लोहाचय्य (लोहाचार्य) के आगे अर्हद्बली आदि अन्य भी पाँच आचार्यों का उल्लेख करने के पश्चात् समाप्त किया गया है तथा लोहार्य तक का काल ५६५ वर्ष बतलाकर व उसमें अन्यत्र अनिर्दिष्ट इन पाँच अर्हद्बली आदि एक अंग के धारकों के ११८ वर्ष काल को सम्मिलित कर समस्त काल का प्रमाण वही ६८३ (५६५+११८) वर्ष दिखलाया गया है।

४. सुभद्र, यशोभद्र, भद्रबाहु और लोहार्य को अन्यत्र जहाँ एक आचारांग व शेष अंग-पूर्वों के एक देश के धारक कहा गया है। वहाँ इस पट्टावली में उन्हें दस, नौ और आठ अंगों के धारक कहा गया है। इस प्रकार इस पट्टावली के अनुसार सूत्रकृतांग आदि १० अंगों का एक साथ लोप नहीं हुआ है, किन्तु तदनुसार उक्त सुभद्राचार्य आदि चार आचार्य दस, नौ

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

और आठ अंगों के धारक हुए हैं। पर उन चार आचार्यों में ६स, नौ और आठ अंगों के धारक कौन रहे हैं, यह पट्टावली में स्पष्ट नहीं है। इस पट्टावली में इन चारों आचार्यों का समुदित काल ६७ वर्ष कहा गया है, जबकि अन्यत्र उनका वह काल ११८ वर्ष कहा गया है।

५. जैसा कि पूर्व में कहा जा चुका है, अन्यत्र यह आचार्य परम्परा लोहार्य पर समाप्त हो गयी है। परन्तु इस पट्टावली में उन लोहाचार्य के आगे अर्हद्बली, माघनन्दी, धरसेन, पुष्पदन्त और भूतबलि इन पाँच अन्य आचार्यों का भी उल्लेख किया गया है तथा उनका काल प्रमाण पृथक्-पृथक् क्रम से २८,२१,१९,३० और २० वर्ष व समुदित रूप में ११८ (२८+२१+१९+३०+२०) वर्ष कहा गया है।

महावीर निर्वाण के पश्चात् इस आचार्यपरम्परा का समस्त काल ६८३ वर्ष जैसे धवला आदि में उपलब्ध होता है वैसे ही वह इस पट्टावली में भी पाया जाता है। विशेषता यह है कि अन्यत्र धवला आदि में जहाँ ५ ग्यारह-अंगों के धारकों का काल २२० वर्ष निर्दिष्ट किया गया है वहाँ इस पट्टावली में उनका वह काल १२३ वर्ष कहा गया है। इस प्रकार यहाँ उसमें ६७ (२२०—१२३) वर्ष कम हो गये हैं तथा अन्यत्र जहाँ सुभद्राचार्य आदि चार आचार्यों का समस्त काल ११८ वर्ष बतलाया गया है वहाँ इस पट्टावली में उनका वह काल ६७ वर्ष ही कहा गया है। इस प्रकार २१ (११८—६७) वर्ष यहाँ भी कम हो गये हैं। दोनों का जोड़ ११८ (६७+२१) वर्ष होता है। यही काल इस पट्टावली में उन अर्हद्बली आदि पाँच आचार्यों का है, जिनका उल्लेख अन्यत्र धवला आदि में नहीं किया गया है। इस प्रकार ६८३ वर्षों की गणना उभयत्र समान हो जाती है।

अर्हद्बली का शिष्यत्व

श्रवणबेलगोल के एक शिलालेख में आचार्य पुष्पदन्त और भूतबलि को आचार्य अर्हद्बली का शिष्य कहा गया है। वह इस प्रकार है—

यः पुष्पदन्तेन च भूतबल्याख्येनापि शिष्यद्वितयेन रेजे।
फलप्रदानाय जगज्जनानां प्राप्तोऽङ्कुराभ्यामिव कल्पभूजः॥
अर्हद्बलिस्संघचतुर्विधं स श्रीकोण्डकुन्दान्वयमूलसंघम्।
कालस्वभावादिह जायमानद्वेषेतराल्पीकरणाय चक्रे॥

—शिलालेख क्र० १०५, पद्य २५-२६

यह शिलालेख शक संवत् १३२० का है। लेखक ने पुष्पदन्त और भूतबलि को किस आधार पर अर्हद्बली का शिष्य कहा है, यह ज्ञात नहीं है। यदि यह सम्भव हो सकता है तो समझना चाहिए कि अर्हद्बली उन दोनों के दीक्षागुरु और धरसेन विद्यागुरु रहे है। वैसी परिस्थिति में यह भी सम्भव है कि धरसेनाचार्य ने महिमा में सम्मिलित जिन दक्षिणापथ के आचार्यों को लेखपत्र भेजा था उनका वह सम्मेलन सम्भवतः इन्द्रनन्दि-श्रुतावतार[1] के अनुसार संघ-प्रवर्तक इन्हीं अर्हद्बली के द्वारा पंचवर्षीय युग-प्रतिक्रमण के समय बुलाया गया हो तथा इसी सम्मेलन में से उन अर्हद्बली ने पुष्पदन्त और भूतबलि इन दो अपने सुयोग्य शिष्यों

१. इन्द्रनन्दि-श्रुतावतार, ८५-९५

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

को आन्ध्र देश की वेण्णा नदी के तट से धरसेनाचार्य के पास भेजा हो। उपर्युक्त शिलालेख — के आधार पर यह सम्भावना ही की जा सकती है, वस्तु-स्थिति वैसी रही या नहीं रही, यह अन्वेषणीय है।

उपर्युक्त पट्टावली में अर्हद्बली, माघनन्दी, धरसेन, पुष्पदन्त और भूलबलि को एक अंग के धारक कहा गया है।[1]

इस प्रकार पट्टावली के अनुसार अर्हद्बली को एक अंग के ज्ञाता होने पर भी तिलोय-पण्णत्ती आदि ग्रन्थान्तरों में प्ररूपित उस आचार्य-परम्परा में जो स्थान नहीं मिला है उसका कारण सम्भवतः उनके द्वारा प्रवर्तित वह संघभेद ही हो सकता है। मुनिजनों के विविध संघों में विभक्त हो जाने पर जो जिस संघ का था वह अपने ही संघ के मुनिजनों को महत्त्व देकर अन्यों की उपेक्षा कर सकता है। जैसे—हरिवंशपुराण के कर्ता आचार्य जिनसेन ने ग्रन्थ को प्रारम्भ करते हुए समन्तभद्र, सिद्धसेन, देवनन्दी (पूज्यपाद), रविषेण, वीरसेन गुरु और पार्श्वाभ्युदय के कर्ता जिनसेनाचार्य आदि कितने ही आचार्यों का स्मरण किया है, किन्तु उन्होंने कुन्दकुन्द जैसे लब्धप्रतिष्ठ आचार्य का वहाँ स्मरण नहीं किया।[2] इसी प्रकार महापुराण के कर्ता जिन-सेनाचार्य ने भी उसके प्रारम्भ में सिद्धसेन, समन्तभद्र, श्रीदत्त, प्रभाचन्द्र, शिवकोटि, जटाचार्य, देवनन्दी और भट्टाकलंक आदि का स्मरण करके भी उन कुन्दकुन्दाचार्य का स्मरण नहीं किया।[3] आचार्य वीरसेन स्वामी ने अपनी धवला टीका में ग्रन्थान्तरों से सूत्र व गाथा आदि को उद्धृत करते हुए कहीं-कहीं गुणधर भट्टारक[4] गृद्धपिच्छाचार्य[5] समन्तभद्र[6] स्वामी, यतिवृषभ[7], पूज्य-पाद[8] और प्रभाचन्द्र[9] भट्टारक आदि का उल्लेख किया है, किन्तु कुन्दकुन्दाचार्य विरचित पंचास्तिकाय और प्रवचनसार की कुछ गाथाओं को धवला में उद्धृत करते हुए भी आ० कुन्द-कुन्द का कहीं उल्लेख नहीं किया। इसका कारण संघभेद या विचारभेद ही हो सकता है।

धरसेनाचार्य व योनिप्राभृत

षट्खण्डागम के अन्तर्गत प्रकृति अनुयोगद्वार में केवलज्ञानावरणीय के प्रसंग में कहा गया है कि स्वयं उत्पन्न ज्ञान-दर्शी भगवान् केवली देव, असुर व मानुष लोक की आगति एवं गति आदि, सब जीवों और सब भावों को जानते हैं।[10]

---

१. अहिबल्ली माघणंदि य धरसेणं पुप्फयंत भूहबली।
अडवीसी इगवीसं उगणीसं तीस वीस वास पुणो ॥ १६॥
इगसय अठारवासे **इयंगधारी** य मुणिवरा जादा। १७ पू०

२. ह० पु० १, २६-४०

३. म० पु० १,

४. धवला पु० १२, पृ० २३२

५. वही, पु० ४, पृ० ३१६

६. वही, पु० ६, पृ० १६७

७. वही, पु० १. पृ० ३०२ व पु० १२, पृ० १३२

८. वही, पु० ६, पृ० १६५-१६७

९. वही, पु० ६, पृ० १६६

१०. सूत्र ५.५,८२ (पु० १३ पृ० ३४६)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इस सूत्र की व्याख्या करते हुए वीरसेन स्वामी ने धवला में प्रसंग-प्राप्त अनुभाग को जीवानुभाग व पुद्गलानुभाग आदि के भेद से छह प्रकार का निर्दिष्ट किया है। उनमें पुद्गलानुभाग के स्वरूप को दिखलाते हुए उन्होंने कहा है कि ज्वर, कोढ़ और क्षय आदि का विनाश करना व उन्हें उत्पन्न करना; इसका नाम पुद्गलानुभाग है। इसके निष्कर्षस्वरूप उन्होंने आगे यह कहा है कि **योनिप्राभृत** में निर्दिष्ट मंत्र-तंत्र शक्तियों को पुद्गलानुभाग ग्रहण करना चाहिए।[1]

स्व० पं० जुगलकिशोरजी मुख्तार ने इस ग्रन्थ का परिचय कराते हुए लिखा है कि ८०० श्लोक-प्रमाण यह ग्रन्थ प्राकृत गाथाबद्ध है। विषय उसका मंत्र-तंत्रवाद है। वि० संवत् १५५६ में लिखी गयी बृहट्टिप्पणिका नाम की ग्रन्थसूची के अनुसार, वह वीरनिर्वाण से ६०० वर्ष के पश्चात् धरसेन के द्वारा रचा गया है। इस ग्रन्थ की एक प्रति भाण्डारकर रिसर्च इंस्टीट्यूट, पूना में है, जिसे देखकर पं० बेचरदासजी ने जो नोट्स लिये थे उन्हीं के आधार से मुख्तार सा० द्वारा वह परिचय कराया गया है। इस प्रति में ग्रन्थ का नाम तो योनिप्राभृत ही है, पर कर्ता का नाम पण्हसवण मुनि देखा जाता है। उक्त पण्हसवण मुनि ने उसे कुष्माण्डिनी महादेवी से प्राप्त किया था और अपने शिष्य **पुष्पदन्त व भूतबलि** के लिए लिखा था।[2]

इन दो नामों के निर्देश से उसके धरसेनाचार्य के द्वारा रचे जाने की सम्भावना अधिक है। प्रति में जो कर्ता का नाम **पण्हसवण** दिखलाया गया है वह वस्तुतः नाम नहीं है। 'पण्हसवण'[3] (प्रज्ञाश्रवण) उन मुनियों को कहा जाता है जो औत्पत्तिकी आदि चार प्रकार की प्रज्ञा के धारक होते हैं। अतः 'पण्हसवण' यह धरसेनाचार्य का बोधक हो सकता है।

पीछे ग्रन्थकर्ता के प्रसंग में यह कहा ही जा चुका है कि जब पुष्पदन्त और भूतबलि धरसेन भट्टारक के पास पहुँचे थे तब उन्होंने परीक्षणार्थ उन दोनों के लिए हीन-अधिक अक्षरों वाली दो विद्याएँ दी थीं व उन्हें विधिपूर्वक सिद्ध करने के लिए कहा था। तदनुसार उन विद्याओं के सिद्ध करने पर जब उनके सामने विकृत रूप में दो देवियाँ उपस्थित हुईं तब उन दोनों ने अपने-अपने अशुद्ध मंत्र को शुद्ध करके पुनः जपा था।

इस घटना से यह स्पष्ट है कि धरसेन भट्टारक तथा पुष्पदन्त और भूतबलि तीनों ही मंत्र-तंत्र के पारंगत थे। और जैसा कि धवला में कहा गया है, वह योनिप्राभृत ग्रंथ मंत्र-तंत्र का ही प्ररूपक रहा है। इसके अतिरिक्त जैसा कि ऊपर सूचित किया गया है, यह ग्रंथ पण्हसवण मुनिको कुष्माण्डिनी देवी से प्राप्त हुआ था और उन्होंने उसे अपने शिष्य पुष्पदन्त और भूतबलि के लिए लिखा था, ये दोनों धरसेनाचार्य के शिष्य रहे हैं, यह स्पष्ट ही है। अतः पण्हसवण मुनि धरसेनाचार्य ही हो सकते हैं और सम्भवतः उन्हीं के द्वारा वह लिखा गया है।

पूर्वोल्लिखित नन्दिसंघ की प्राकृत पट्टावली के अनुसार, आ० धरसेन का काल वीरनिर्वाण से ६२ + १०० + १८३ + १२३ + ९७ + २८ + २१ = ६१४ वर्ष के पश्चात् पड़ता

---

१. धवला पु० १३, पृ० ३४९

२. देखिए अनेकान्त वर्ष २, कि० ९ (१-७-१९३९), पृ० ४८५-९० पर 'प्रकाशित योनिप्राभृत और जगत्सुन्दरी योगमाला' शीर्षक लेख

३. 'पण्हसवण' (प्रज्ञाश्रवण) के स्वरूप के लिए देखिए धवला पु० ९, पृ० ८१-८४।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

है। उधर बृहट्टिप्पणिका में वीर निर्वाण से ६०० वर्ष के पश्चात् उस योनिप्राभृत के रचे जाने की सूचना की गई है। इस प्रकार वह धरसेनाचार्य के द्वारा पट्टकाल से १४ वर्ष पूर्व लिखा जा सकता है। इस प्रकार प्रा० पट्टावली और उस बृहट्टिप्पणिका में कुछ विरोध भी नहीं रहता। इससे इन दोनों की प्रामाणिकता ही सिद्ध होती है।

ग्रन्थ की भाषा

प्रस्तुत षट्खण्डागम की भाषा शौरसेनी है। प्राचीन समय में मथुरा के आस-पास के प्रदेश को शूरसेन कहा जाता था। इस प्रदेश की भाषा होने के कारण उसे शौरसेनी कहा गया है। व्याकरण में उसके जिन लक्षणों का निर्देश किया गया है वे सब प्रस्तुत षट्खण्डागम और प्रवचनसार आदि अन्य दि० ग्रन्थों की भाषा में नहीं पाये जाते, इसी से उसे जैन शौरसेनी कहा गया है। प्रवचनसार व तिलोयपण्णत्ती आदि प्राचीन दि० ग्रन्थों की प्रायः यही भाषा रही है। उसका शुद्ध रूप संस्कृत नाटकों में पात्र विशेष के द्वारा बोली जाने वाली प्राकृत में कहीं-कहीं देखा जाता है।

षट्खण्डागम के मूल सूत्रों की भाषा में जो शौरसेनी के विशेष लक्षण दृष्टिगोचर होते हैं उन्हें कुछ सीमा तक यहाँ उदाहरणपूर्वक स्पष्ट किया जाता है—

१. शौरसेनी में सर्वत्र श, ष और स इन तीनों के स्थान में एक स का ही उपयोग हुआ है।

षट्खण्डागम में भी सर्वत्र उन तीनों वर्णों के स्थान में एक मात्र स ही पाया जाता है, श और ष वहाँ कहीं भी दृष्टिगोचर नहीं होते।

२. शौरसेनी में प्रथमा विभक्ति के एक वचन के अन्त में 'ओ' होता है, जो षट्खण्डागम में प्रायः सर्वत्र देखा जाता है। जैसे—

जो सो बंधसामित्तविचओ णाम तस्स **इमो णिद्देसो** (सूत्र ३-१)[1]। यहाँ **जो सो** आदि सभी पद प्रथमान्त व एकवचन में उपयुक्त हैं और उनके अन्त में 'ओ' का उपयोग हुआ है।

३. शौरसेनी में शब्द के मध्यगत त के स्थान में द, थ के स्थान में ध (प्रा० शब्दानुशासन ३।२।१) और क्वचित् भ के स्थान में ह होता है। ष० ख० में इनके उदाहरण—

त = द—वीतराग = वीदराग (१,४,१७३)।
संयतासंयत = संजदासंजद (१,१,१३)।
थ = ध—पृथक्त्वेन = पुधत्तेण (२,२,१५)।
ग्रन्थकृति = गंधकदी (४,१,४६)।
भ = ह—वेदनाभिभूत = वेयणाहिभूद (१,९-९,१२)।
आभिनिबोधिक = आहिणिबोहिय (१,९-९,२१६)।

---

१. यहाँ जो अंक दिये जा रहे हैं उनमें प्रथम अंक खण्ड का, दूसरा अंक अनुयोगद्वार का और तीसरा अंक सूत्र का सूचक है। जहाँ चार अंक हैं वहाँ प्रथम अंक खण्ड का, दूसरा अंक अनुयोगद्वार का, तीसरा अंक अवान्तर अनुयोगद्वार का और चौथा अंक सूत्र का सूचक है। ९-१ व ९-२ आदि अंक प्रथम खण्ड की नौ चूलिकाओं में प्रथम-द्वितीयादि चूलिका के सूचक हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्राभृतः = पाहुडो (४,१,४५ व ६३ तथा ५,५,४६)।
विभंग = विहंग (५,६,१६)।
विभाषा = विहासा (१,६-१,२)।

४. शौरसेनी में पूर्वकालिक क्रिया में क्त्वा के स्थान में त्ता और दूण होता है। (प्रा० श० ३।२।१०)। ष० ख० में इनके उदाहरण हैं—

त्ता—समुत्पादयित्वा = समुप्पादइत्ता (४,२,४,१०६)।
उपशामयित्वा = उपसामइत्ता (४,२,४,१०२)।
अनुपालयित्वा = अणुपालइत्ता (४,२,४,७१ व १०२ तथा ५,६,४६७)।
विहृत्य = विहरित्ता (४,२,४,१०७)।
दूण—कृत्वा = कादूण (४,२,४,७० व १०१ तथा ४,२,५,११)।
भूत्वा = होदूण (१,६-६,२१६, २२०, २२६, २३३, २४० व २४३ आदि)।
संसृत्य = संसरिदूण (४,२,४,७१ व १०२)।

५. शौरसेनी में क्वचित् र के स्थान में ल भी देखा जाता है। उसके उदाहरण—

र = ल—उदार = ओराल (५,६,२३७)।
औदारिक = ओरालिय (५,६,२३७)।
दारिद्र = दालिद्द (१,६-१,३७)।
रूक्ष = लुक्ख (१,६-१,४० व ५,५,३२-३६)।

६. जैन शौरसेनी कही जाने वाली शौरसेनी के कुछ ऐसे लक्षण हैं जो प्रस्तुत षट्खण्डागम में पाये जाते हैं। जैसे—

ऋ = अ—मृदु = मउव (१,६-१,४०) (प्रा० श० १,२,७३)।
अन्तकृत = अंतयड (१,६-६,२१६ व २२०, २२६, २३३, २४३)।
कृत = कद (५,५,६८)
दृष्ट्वा = दट्ठूण (१,६-६,२२,४०)।
ऋ = इ—ऋद्धि = इड्ढि (५,५,६८)। प्रा० १।२।७५
ऋद्धिप्राप्त = इड्ढिपत्त (१,१,५६)।
मिथ्यादृष्टि = मिच्छाइट्ठी (१,१,६ व ११)।
सम्यग्दृष्टि = सम्माइट्ठी (१,१,१० व १२)।
मृग = मिय (५,५,१५७)।
ऋ = उ—पृथिवी = पुढवी (१,१,३६ व ४०)। प्रा० १।२।८०
ऋजुमति = उजुमदि (५,५,७७-७८)।
ऋजुक = उज्जुग (५,५,८६)।
वृद्धिः = वुड्ढी (५,५,६६)।
अतिवृष्टि-अनावृष्टि = अइवुट्ठि-अणावुट्ठि (५,५,७६ व ८८)।
ऋ = ओ—मृषा = मोस (१,१,४६—५३ व ५५)। १।२।८५
ऋ = रि—ऋषेः = रिसिस्स (४,१,४४)। १-२-८६
ऋण = रिण (४,१,६६ धवला)।

७. त्रिविक्रम प्रा० शा० सूत्र १,३,८ के अनुसार क, ग, च, ज, त, द, प, य और व

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अक्षर यदि असंयुक्त हों और आदि में नहीं हों तो विकल्प से उनका लोप होता है। ष० ख० में उनके कुछ उदाहरण—

क-लोप—सर्वलोके = सव्वलोए (१,३,७)।
प्रासुक = पासुअ (३-४१)।
एकः = एओ (४,१,६६)।
लोके = लोए (१,१,१ तथा ४,१,४३)।
एकेन्द्रियाः = एइंदिया (१,१,३३)।

ग-लोप—प्रयोगकर्म = पओअकम्म (५,४,४ व १५,१६)।
त्रिभागे = तिभाए, तिभागे (५,६,६,४४)।
प्रयोगबन्धः = पओअबंधो (५,६,२७ व ३८)।

च-लोप—अप्रचुराः = अपउरा (५,६,१२७)।

ज-लोप—मनुजलोके = मणुअलोए (५,५,६४)।

त-लोप—गति = गइ (१,१,२ व २,१,२)।
चतुःस्थानेषु = चउट्ठाणेसु (१,१,२५)।
चतुर्विधम् = चउव्विहं (१,९-१,४१ व ५,५,१३१)।
तिर्यग्गतौ = तिरिक्खगईए १,२,२४)।
मनुष्यगतौ = मणुसगईए (१,२,४०)।
वनस्पति = वणप्फइ (१,१,३९ व ४१)।

द-लोप—मृदुकनाम = मउअणाम (१,९-१,४० व ५,५,१३०)।

प-लोप—विपुल = विउल (४,१,११ तथा ५,५,७७; ८६ व ९४)।

य-लोप—कषायी = कसाई (१,१,१११-१३)।
क्षायिक = खइय (१,१,१४४-४५)।
वायु = वाउ (१,१,३९-४०)।
सामायिक = सामाइय (१,१,१२३ व १२५)।
आयुः = आउअं (१,९-१,९)।
आयुषः = आउगस्स (१,९-१, २५)।
आयुषः = आउअस्स (५,५,११४ व ११५)।
प्रयोगबन्धः = पओअबंधो (५,६,२७ व ३८)।
अनुयोगद्वाराणि = अणिओगद्दाराणि (४,२,५,१ व ५,६,७०)।
समये = समए (४,१,६७)।

८. ऊपर जिन क, ग आदि वर्णों का विकल्प से लोप दिखाया गया है उनका लोप होने पर जो अ-वर्ण शेष रह जाता है वह त्रि० प्रा० शा० सूत्र १,३,१० के अनुसार क्वचित् य श्रुति से युक्त देखा जाता है। ष० ख० में उदाहरण—

क-लोप में—तीर्थंकर = तित्थयर (१,९-१,२८; १,९-९,२१६ व ३-३७,३९,४०,४१)।
साम्परायिक = सांपराइय (१,१,१७ व १८ तथा १,२,१५१)।
पृथिवीकायिक = पुढविकाइय (१,१,३९ व ४०)।
सामायिक = सामाइय (१,१,१२५ तथा १,२,७९)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अनेकविधा = अणेयविहा (४,१,७१)।

ग-लोप में—नगर = णयर (५,५,७६ व ८७)।
भगवान् = भयवं (५,५,६८)।
वीतरागाणां = वीयरायाणं (५,४,२४)।

च-लोप में—प्रचलाप्रचला = पयलापयला (१,६-१, १६ तथा ५,५,१०१)।
प्रवचन = पवयण (३-४१ व ५,५,५१)।
वाचना = वायणा (४,१,५५ व ५,५,१३ तथा ५,६,१२ व २५)।
आचारधर = आयारधर (५,६,१६)।

ज-लोप में—भाजन = भायण (५,५,१८)।

त-लोप में—वीतराग = वीयराग (१,१,१६ व २०)।

द-लोप में—वेदना = वेयणा (१,६-६,१२ तथा ४,२,१ व ३, व ७-८ आदि)।

व-लोप में—परिवर्तना = परियट्टणा (४,१,५५; ५,५१३; ५,५,१५६; ५,६,१२ व २५)।

लोप के अभाव में

क—भावकलंक = भावकलंक (५,६,१२७)।
एकः = एक्को (१,२,६ व ११)।

ग—सयोग = सजोग (१,१,२१)।
अयोग = अजोग (१,१,२२)।
योगस्थान = जोगट्ठाण (४,२,४,१२ व १६)।
योगेन = जोगेण (४,२,४,१७ व २२)।
योगे = जोगे (४,२,४,३६)।

च—विचयः = विचओ (३-१)।
विचयस्य = विचयस्स (३-२)।
वचनयोगी = वचिजोगी (१,१,४७ व ५२-५५)।
वचनबलिभ्यः = वचिबलीणं (४,१,३६)।
वचनप्रयोगकर्म = वचिपओअकम्मं (५,४,१६)।
जलचरेषु = जलचरेसु (४,२,४,३६ व ३६)।

ज—परिजित = परिजित (४,१,५४; ५,५,१५६ व ५,६,२५)।
विजय-वैजयन्त = विजय-वइजयंत (१,१,१००)।

त—अवितथ = अवितथ (५,५,५१)।
लोकोत्तरीय = लोगुत्तरीय (५,५,५१)।

द—वेदक = वेदग (१,१,१४४ व १४६)।
अदत्तादान = अदत्तादाण (४,२,८,४)।
उदयेन = उदएण (२,१,८१)।
औदयिकेन = ओदइएण (२,१,८५ व ८६)।
सूत्रोदकादीनाम् = सुत्तोदयादीणं (४,१,७१)।

प—द्रव्यप्रमाणेन = दव्वपमाणेण (१,२,२, व ७-६ आदि)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प—विनयसम्पन्नता = विणयसंपण्णदा (३-४१)।
संवेगसम्पन्नता = संवेगसंपण्णदा (३-४१)।
उपसंपत्सांनिध्ये = उवसंपदसण्णिज्झे (४,१,७१)।
भवप्रत्ययिक = भवपच्चइय (५,५,५४ व ५७)।
य—आयामः = आयामो (१,२,२२)।
नयविधिः = णयविधी (५,५,५१)।
हीयमानकं = हीयमाणयं (५,५,५७)।
व—नयवादः = णयवादो (५,५,५१)।
प्रवरवादः = पवरवादो (५,५,५१)।
दिवसान्तः = दिवसंतो (५,५,६३)।
व—बंधाध्यवसान = बंधज्झवसाण (४,२,७,२७६ आदि)।
भवग्रहणे = भवग्गहणे (४,२,४,२१)।

जैन शौरसेनी के अनुसार षट्खण्डागम की भाषागत कुछ अन्य विशेषताएँ—

क - ग—लोकाः = लोगा (१,२,४)।
क - ख—कुब्ज = खुज्ज (१,९-१,३४ व ५,५,१२४)।
कीलित = खीलिय (१,९-१,३६ व ५,५,१२६)।
ख ह—सुख = सुह (५,५,७९)।
घ - ह—जघन्या = जहण्णा (४,२,४,२ व ३)।
मेघानाम् = मेहाणं (५,६,३७)।
थ - ह—ईर्यापथ = ईरियावह (५,४,४ व २३-२४)।
यथा = जहा (१,१,३)।
रथानाम् = रहाणं (५,६,४१)।
ध - ह—साधुभ्यः = साहूणं (१,१,१ व ३-४१)।
समाधि = समाहि (३-४१)।
अनेकविधा = अणेयविहा (५,५,१७)।
भ - ह—शुभनाम = सुहणाम (१,९-१,२८)।
शुभाशुभ = सुहासुह (५,५,११७)।
प्राभृतः = पाहुडो (४,१,४५)।
ठ - ढ—पिठर = पिढर (५,५,१८)।
ट - ड—घट = घड (५,५,१८)।
त ड—प्रतीच्छना = पडिच्छणा (४,१,५५; ५,५,१३ व १५६ तथा ५,६,१२ व २५)।
प्रतिपत्ति = पडिवत्ति (५,५,४९)।
प्रतिपाती = पडिवादी (५,५,७५)।
प्रतिसेवित = पडिसेविद (५,५,९८)।
त = ह—भरते = भरहे (५,५,६४)।
द - र—पञ्चदश = पण्णारस (१,९-६, ७ व ८)।
औदारिक = ओरालिय (१,१,५६)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

थ = ढ—पृथिवीकायिका = पुढविकाइया (१,१,३९-४०)।
थ = ह—नाथधर्म = णाहधम्म (५,६,१९)।
न = ण—मानकषायी = माणकसाई (१,१,१११ व ११२)।
कनकानाम् = कणयाणं (५,६,३७)।
न = ण—नमः = णमो (१,१,१ व ४,१,१-४४)। (शब्द के आदि में)
ज्ञानी = णाणी (१,१,११५)।
नाम = णाम (१,९-१,१०)।
नाम्नः = णामस्स (१,९-१, २७ व ५,५,११६)।
निर्देशः = णिद्देसो (१,१,८ व १,२,१)।
नयः = णओ (४,१,४७ व ४,२,१)।
प = व—उपशमाः = उवसमा (१,१,१६ व १८)।
क्षपकाः = खवा (१,१,१६ व १८)।
उपपादेन = उववादेण (२,६,१ व ६,८,१३ आदि)।
अपगतवेदाः = अवगदवेदा (१,१,१०१ व १०४)।
य = ज—संयताः = संजदा (१,१,१२३ व १२४ आदि)।
संयोगावरणार्थम् = संजोगावरणट्ठं (५,५,४६)।
यशःकीर्ति = जसकित्ति (१,९-१, २८ व ५,५,११७)।
र = ल—हरिद्रा = हालिद्द (१,९-१,३७ व ५,५,१२७)।
श = स—शलाका = सलाग (४,१,७१)।
शिविकानाम् = सिवियाणं (५,६,४१)।
ष = स—कषायी = कसाई (१,१,१११-११४)।
संश्लेष = संसिलेस (५,६,४०)।
विष = विस (५,३,३०)।
ष = छ—षट्षष्ठी = छावट्ठि (१,६,४)।
षण्मासाः = छम्मासा (१,६,१७)।
षट्स्थान = छट्ठाण (४,२,७,१९८)।
अधस् = हेट्ठ—अधःस्थान = हेट्ठट्ठाण (४,२,७,१९८)। प्रा० शब्दानुशासन १।३।९८
अर्थ = अट्ठ—अर्थाधिकाराः = अट्ठहियारा (४,१,५४)। (१।४।१५)
बहिस् = बाहिर—बाह्य = बाहिरं (५,४,२६)। प्रा० श० १।३।१०१।
स्तोक = थोव—स्तोकाः = थोवा (१,८,२ व १५,२१,२५ आदि)।
प्र० श० १।३।१०५
कर्कश = कक्खड—कर्कशनाम् = कक्खडणामं (१,९-१, ४० व ५,५,१३०)।
कर्कशस्पर्शः = कक्खडफासो (५,३,२४)।
स्त्यान = थीण—स्त्यानगृद्धिः = थीणगिद्धी (१,९-१,१६ व ५,५,१०१)। १।४।१३
क्ष = ख—क्षायिकः = खइओ (१,७,५)।
क्षायोपशमिकः = खओवसमिओ (१,७,४-५)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्ष = ख—क्षण = खण (५,५,६०)।
क्षीण = खीण (१,१,२० व ५,६,१८)।
ष्ट = ठ—दृष्टिः = इट्ठी (१,१,९-१२ व १,२,२)। १।४।१४
अष्ट = अट्ठ (१,४,४ व ६ तथा १,९-९,२७)।
त्य = च—अमात्य = अमच्च (१,१,१ उद्० गा० ३८)। १।४।१७
सत्य = सच्च (१,१,४९-५५)।
प्रत्यय = पच्चय (४,२,८,१-९)।
परित्याग = परिचाग (३-४१)।
त्स = छ—मत्स्यः = मच्छो (४,२,५,८)। १।४।१३
ध्य = झ—उपाध्यायेभ्यः = उवज्झायाणं (१,१,१)।
ध्यान = झाण (१,१,१७ ध० उद्० गा० १२०)। १।४।२६
संध्या = संझा (५,६,३७)।
द्य = ज—उद्योत = उज्जोव (१,९-१,२८ व ५,५,१-१७)। १।४।२४
विद्युतां = विज्जुणं (५,६,३७)।
र्य = ज—पर्याप्ताः = पज्जत्ता (१,१,३४ व ३५)। १।४।२४
पर्याप्तयः = पज्जत्तीओ (१,१,७० व ७२,७४)।
मनःपर्यय = मणपज्जव (१,१,११५)।
र्त = ट—उद्वर्तित = उव्वट्टिद (१,९-९,७६ तथा ८७,९३ आदि)। १।४।३०
त्त = ट—पत्तण = पट्टण (५,५,७९ व ८८)। १।४।३१
र्ध = ढ—अर्धतृतीयेषु = अड्ढाइज्जेसु (१,९-८,११)। १।४।३४
द्ध = ढ—ऋद्धि = इड्ढि (५,५,९८)। १।४।३४
ऋद्धिप्राप्तानां = इड्ढिपत्ताणं (१,१,५९)।
परिवृद्ध्या = परिवड्ढीए (४,२,७,२०४-१४)। १।४।३५
ञ्च = ण—पञ्चदश = पण्णारस (१,९-६,७-८)। १।४।३६
ज्ञ = ण—ज्ञानं = णाणं (१,९-९,२०५ व २०८,२१२ व २१६ आदि)। १।४।३७
संज्ञी = सण्णी (१,१,१७२ व १७३)।
संज्ञा = सण्णा (५,५,४१ व ७९,८८)।
स्त = थ—स्तव = थय (४,१,५५ तथा ५,५,१३ व ५,५, १५६)। १।४।३८
स्तुति = थुदि (४,१,५५ तथा ५,५,१३ व ५,५,१५६)। १।४।४०
ग्म = म—युग्म = जुग्म (४,२,७,१९८ व २०३)। १।४।४७
घ्र = भ—जिघ्रेन्द्रिय = जिब्भिदिय (५,५,२६ व २८,३०,३२,३४ आदि)। १।४।५१
(एक में) क = वक—एको = एक्को (१,२,९ व ११)। २।१।२०

'भव' के अर्थ में नाम के आगे 'इल्ल' होता है। प० ख० में उदाहरण—
अधस्तनीनां = हेट्ठिल्लीणं (४,२,४,११ व १८ तथा ५,६,१०१)। २।१।१७
उपरितनीनां = उवरिल्लीणं (४,२,४,११ व १८ तथा ५,६,९९ व १०१)।
बाह्ये = बाहिरिल्लए (४,३,५ व ८)।
मध्यमे = मज्झिल्ले (५,६,६४४)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

त्वा = ऊण—श्रुत्वा = सोऊण (१,९-९,८ व २२,३०,३७ व ३९ आदि) । २।१।२९
कृत्वा = कादूण (४,२,५,११) ।
कृत्वा = काऊण (४,२,१४,४५) ।
संसृत्य = संसरिदूण (४,२,४,१४ व २१) ।

'दक्षिण' शब्द में अ वर्ण दीर्घ और 'क्ष' के स्थान में ह होता है । ष० खं० में—
प्रदक्षिणं = पदाहीणं (५,४,२८) । १।२।९

'आचार्य' शब्द में चकारवर्ती आकार ह्रस्व व इकार भी होता है । ष० खं० में—
आचार्येभ्यः = आइरियाणं (१,१,१) । १।२।३५

'वृष्टि' आदि शब्दों में ऋ के स्थान में इ, उ होते हैं । जैसे ष० खं० में—
वृष्टिः = वुट्ठि (५,५,७९ व ८८) । १।२।८३

'मृषा' शब्द में ऋ के स्थान में उ, ओ और ई होता है । ष० खं० में ओ का उदाहरण—
मृषा = मोस (१,१,४९-५२) । १।२।८५

कुछ अन्य संयुक्त व्यंजनों में—
क्त = त्त—तिक्त = तित्त (१,९-१,३९) ।
युक्तं = युत्तं (५,५,९८) ।
क्क = क्क—शक्कैशानाः = सक्कीसाणा (५,५,७०) ।
चक्र = चक्क (४,१,७१) ।
क्ल = क्क—शुक्ल = सुक्क (१,१,१३६) ।
ग्र = ग—ग्रन्थ गंथ (४,१,४६; गंथ ४,१,५४ व ६७) ।
ग्र = ग्ग—विग्रह विग्गह (१,१,६० व ४,२,५११) ।
त्त्व = त्त—तत्त्वं तत्तं (५,५,५१) ।
त्य = च्च—त्यक्त चत्त (४,३,६३) ।
त्व = त—त्वक् तय (५,३,४ व २०) ।
त्र = त्त—क्षेत्रे = खेत्ते (१,३,२,व ५,७,९) ।
त्र = त्थ—तत्र = तत्थ (१,१,२ तथा ४,२,१,१ व ४,२,४,१) ।
थ्य = च्छ—मिथ्यात्वं मिच्छत्तं (१,९-१,२१ व ५,५,१०९) ।
द्य = ज्ज—उद्योत = उज्जोव (१,९-१,२१ व ५,५,११७) ।
द्ध = ज्झ—विशुद्धता = विसुज्झदा (३-४१) ।
द्वि = दु—द्विपद = दुवय (५,५,१५७) ।
ध्ययन = ज्झेण—उपासकाध्ययन = उवासयज्झेण (५,९,१९) ।
ध्य = झ—सिद्ध्यन्ति बुध्यन्ते = सिज्झंति बुज्झंति (१,९-९,२१६ व २२०,२२९,२३३)
र्क = क्क—तर्क = तक्क (५,५,९८) ।
र्क = क्ख—कर्कश = कक्खड (१,९-१, ४० व ५,५,१३०) ।
र्ग = ग्ग—वग्ग (१,२,५५ व ५९,६३,९८) ।
र्घ = ह—दीर्घः = दीहे (४,१,४५) ।
र्च = च्च—अर्चनीयाः = अच्चणिज्जा (३-४२) ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

र्ज = ज्ज—वर्जयित्वा = वज्ज (१,९-२,१४ व २३,२६,२९,३२,३५ आदि)।
र्ण = ण्ण—वर्ण = वण्ण (१,९-१,२८ व ३७ तथा ५,५,११७ व १२७)।
चूर्ण = चुण्ण (२,१,६५)। प्रा० श० १।२।४० स्वर ह्रस्व
उदीर्णा = उदिण्णा (४,२,१०,४ व ६,११ आदि)।
र्त = ट्ट—परिवर्त = परियट्ट (१,५,४)।
परिवर्तना = परियट्टणा (४,१,५५ तथा ५,५,१३)।
र्त = त्त—परिवर्तमान = परियत्तमाण (४,२,७,३२)।
र्ध = ड्ढ—वर्धमान = वड्ढमाण (४,१,४४)।
र्प = प्प—तर्पणादीनां = तप्पणादीणं (५,५,१८)।
र्भ = ब्भ—गर्भोपक्रान्तिकेषु = गब्भोवक्कंतिएसु (१,९-९,१७ तथा १८ व २५ आदि)
दर्भेण = दब्भेण (५,६,४१)।
दुर्भिक्षं = दुब्भिक्खं (५,५,७९ व ८८)।
र्म = म्म—कर्म = कम्म (१,९-१,१ व २०-२४)।
धर्म = धम्म (४,१,५५ तथा ५,५,१३ व १५६)।
र्य = ज्ज—पर्याप्ताः = पज्जत्ता (१,१,३४ व ३५)।
र्ल = ल्ल—निर्लेपन = णिल्लेवण (५,६,६५२-५३)।
र्व = व्व—पूर्व-पर्व = पुव्व-पव्व (५,५,६०)।
र्ष = स्स—वर्ष = वस्स (२,२,२)।
र्व्य = व्व—कर्तव्यः = कादव्वो (१,९-४,१ व १,९-५,१ तथा ५,६,६४३ कायव्वो)
ज्ञातव्यानि = णायादव्वाणि (५,६,६९)।
श्न = ण्ण—प्रश्नव्याकरण = पण्णवागरण (५,६,१९)।
ष्ट = ट्ठ—दृष्टयः = दिट्ठी (१,१,९-१२)।
ष्ण = ण्ह—कृष्ण = किण्ह (१,१,१३६ व १३७ तथा १,२,१६२ व १,३,७२)।
स्क = ख—स्कन्ध = खंध (५,६,९७ व १०४)।
स्त = थ—स्तव-स्तुति = थय-थुदि (४,१,५५ व ५,५,१३)।
स्थ = ठ—स्थान = ठाण (१,९-२,१,५,७,९ आदि)।
स्थापनाकृतिः = ठवणकदी (४,१,४६ व ५२)।
स्न = ण्ण—स्निग्ध = णिद्ध (१,९-१,४० व ५,६,३२-३६)।
स्प = प—स्पर्श = पास (१,९-१,४०)।
स्प = फ—स्पर्श = फास (५,३,१-५ व ९-३३)।
स्फ = फो—स्पर्शनानुगमेन = फोसणाणुगमेण (१,४,१)।
स्पृष्टं = फोसिदं (१,४,२ व ३,५,७,९ आदि)।
स्मृ = स—स्मृतिः = सदी (५,५,४१)।
ह्म = म्ह—ब्रह्म = बम्ह (५,५,७०)।
ह्व = ब्भ—जिह्वेन्द्रिय = जिब्भिदिय (५,५,२६ व २७,३०,३२ एवं ३४)।

१. कर्ता कारक (प्रथमा) के एकवचन के अन्त में क्वचित् 'ए' देखा गया है। जैसे—
'इंदिए, काए जोगे' इत्यादि (१,१,१ व २,१,२)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

'वेयणाए पस्से कम्मे' इत्यादि (४,१,४५)।

२. कर्मकारक में कहीं बहुवचन के अन्त में 'ए' तथा स्त्रीलिंग में 'ओ' देखा गया है जैसे—
अत्थे (अर्थान्) जाणदि (५,५,७६ व ८८)।
को णओ के बंधे (कान् बन्धान्) इच्छदि (५,६,३)।
णेगम-ववहार-संगहा सव्वे बंधे (सर्वान् बन्धान्) (५,६,४)।
स्त्रीलिंग में—को णओ काओ कदीओ (काः कृतीः) इच्छदि (४,१,४७)।
णेगम-ववहार-संगहा सव्वाओ (सर्वाः) (४,१,४८)।

३. तृतीया विभक्ति के बहुवचन में 'भिस्' के स्थान में 'हि' देखा जाता है। जैसे—
मिथ्यादृष्टिभिः = मिच्छादिट्ठीहि (१,४,२ तथा ११ व २१)।
संयतासंयतैः = संजदासंजदेहि (१,४,७)।
कतिभिः कारणैः = कदिहि कारणेहि (१,६-६,६ व १० आदि)।
त्रिभिः कारणैः = तीहि कारणेहि (१,६-६,७)।
द्विवचन में बहुवचन का ही उपयोग हुआ है जैसे—
समुद्घातोपपादाभ्यां = समुग्घाद-उववादेहि (२,७,१०)।

४. पंचमी विभक्ति में एक वचन के अन्त में 'आ' और 'दो' देखा जाता है। जैसे—
णियमात् = णियमा (१,१, ८३ तथा ८५ व ८८ एवं १,६-६,४३)।
नरकात् = णिरयादो (१,६-६,२०३ व २०६,२०६)।
द्रव्यतः = दव्वदो (४,२,४,२ व ६)।
क्षेत्रतः = खेत्तदो (४,२,५,३ व १२,१५,१६ आदि)।

५. षष्ठी बहुवचन के अन्त में कहीं पर (सर्वनाम पदो में) 'सिं' देखा जाता है। जैसे—
एषाम् = इमेसिं (१,१,२)।
एतेषाम् = एदेसिं (१,१,५; १,६-८,५ तथा २,१,१)।
तेषाम् = तेसिं (५,६,६५)।
परेषां = परेसिं (५,५,८८)।
एतासाम् = एदासिं (१,६-१,५ व ६,१२,१५,१८ आदि)।
अन्यत्र 'णं' या 'ण्हं' भी देखा जाता है। जैसे—
जीवसमासानां = जीवसमासाणं (१,१,५ व ३-४)।
प्रकृतीनां = पयडीणं (१,६-२,६४ व ६६, ६८ आदि)।
कर्मणां = कम्माणं (१,६-८,५)।
द्वयोः = दोण्हं (१,६-२,१८)।
चतुर्णां = चदुण्हं (१,५,१२ व १६)।
पञ्चानां = पंचण्हं (१,६,२-५)।
षण्णां = छण्हं (१,६-२,७ व ११)।
नवानां = नवण्हं (१,६-२,७)।
एक वचन में 'स्य' के स्थान में 'स्स' देखा जाता है। जैसे—
लोकस्य = लोगस्स (१,३,३-५)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संयतासंयतस्य-संयतस्य = संजदासंजदस्स-संजदस्स (१,९-२,३ तथा ६,१३ व १९ आदि)।
बन्धमानस्य = बंधमाणस्स (१,९-२,५ व ९,१२ आदि)।
कर्मणः = कम्मस्स (१,९-२,४ व ७,१७,२० आदि)।
नाम्नः = नामस्स (१,९-२,४ व ७,२०,५० आदि)।
सर्वनाम स्त्रीलिंग में 'स्याः' के स्थान में 'स्से' देखा जाता है—
एकस्याः = एक्किस्से (१,९-२,१०८)।
एतस्याः = एदिस्से (१,९-२,१०८)।
अन्यत्र भिन्नरूपता—
प्रथमायाः पृथिव्याः = पढमाए पुढवीए (१,९-९,४८)।
द्वितीयायाः = विदियाए (१,९-९,४९)।

६. सप्तमी में एक वचन के अन्त में कहीं 'मि' और कहीं 'म्हि' देखा जाता है। जैसे—
एकस्मिन् = एक्कम्मि (१,१,३६ तथा ४३,१२९ व १४८-४९)।
एकस्मिन् = एक्कम्हि (१,१,६३ व १,९-२,५ एवं ९ व १२)।
कस्मिन् = कम्हि (१,९-८,११)।
कस्मिन्, यस्मिन्, तस्मिन् = कम्हि, जम्हि, तम्हि (१,९-८,११)।

७. स्वरों में 'ऐ' के स्थान में 'ए' और कहीं 'अइ' भी देखा जाता है। जैसे—
चैव = चेव (१,१,५)।
नैव = णेव (२,१,३९—बन्धक-अबन्धक; २,१,८६—स्वामित्व)।
नैगम = णेगम (४,१,५६ तथा ४,२,२,१ व ४,२,३,१)।
नैगम = णइगम (४,१,४८)।

८. 'औ' के स्थान में 'ओ' और क्वचित् 'उ' भी—
औदयिकः = ओदइओ (१,७,२)।
औपशमिकः = ओवसमिओ (१,७,८ व १३,१७,२५ आदि)।
आमर्षौषधि = आमोसहि (४,१,३०)।
औपशमिकः = उवसमिओ (१,७,५ व ८४)।
औपशमिकं = उवसमियं (१,७,८३ व ८५)।

९. 'अव' के स्थान में 'ओ' देखा जाता है—
अवग्रहः = ओग्गहे (५,५,३७)।
अवधि = ओहि (१,१,११५ व ११९ तथा ५,५,५२-५४)।
देशावधिः = देसोही (५,५,५७)।

१०. क्रियापदों का उपयोग षट्खण्डागम में कम ही हुआ है। जहाँ उनका उपयोग कुछ हुआ भी है वहाँ प्रायः परस्मैपद देखा जाता है। उनके उदाहरण—

'अस्ति' के स्थान में 'अत्थि' आदेश होता है। उसका प्रयोग एक व बहुवचन दोनों में समान रूप से हुआ है। जैसे—
पज्जत्ताणं अत्थि [विभंगणाणं]। १,१,११८ (एक वचन में)
सन्ति मिथ्यादृष्टयः = अत्थि मिच्छाइट्ठी (१,१,९)। प्रा० श० १।४।१०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नास्ति = णत्थि। इसका भी प्रयोग एक और बहुवचन दोनों में हुआ है। जैसे—
एक वचन में—णत्थि अंतरं (१,६,२ व ६,१६,२८,३५,३६ आदि)।
तित्थयरं णत्थि (३-८७)।
बहुवचन में—अबंधा णत्थि (३-४४ व ५६,७४,१०१,१४१,१४६ आदि)।

कुछ अन्य क्रियापदों के उदाहरण—
भवति = भवदि (१,६-४,१,१,६-५,१ तथा २,१,४ व ६,८,१०,१२,१४,१६, व १८ आदि)।
भवति = हवदि (धवला पु० ३, पृ० २४)।
भवति = होदि (२,२,१०८ तथा २,६,११ व १५,१८,२१,२४,२७,३०,३३,३६,३६ व ४२ तथा ५,६,१२३)।
भवति = हवेदि (५,६,३६)
भवेत् = भवे (४,२,७,१७४ गा० ७ तथा ५,६,१२५)।

बंधदि, लब्भदि, लंभदि, करेदि (१,६-१,१); कस्सामो १,६-२,१); वण्णइस्सामो १,६-२,१ व १,६-६,२); किसइस्सामो (१,६-३,१); लहदि (१,६-८,१); लब्भदि (१,६-८,२ व ३); उवेदि, उप्पादेदि (१,६-८,५); ओहट्टेदि (१,६-८,६); करेदि १,६-८,७); करेंति (१,६-८,१३० व १३७); उवसामेदि (१,६-८,८); आरभते, आढवेदि (१,६-८,११); णिट्ठवेदि १,६-८,१२); नियांन्ति णीति (१,६-६,४४-४७ व ४६-५६,६१-७५); गच्छदि (४,२,४,१२ व १६,२६,५४); गच्छंति (१,६-६,१०१-१६ आदि); आगच्छंति (१,६-६,७६-८० आदि); उद्वर्तन्ते—उव्वट्टिंति (१,६-६,८६ व १००,१८४); चयंति (१,६-६,१८४ व १८७); सिज्झंति, बुज्झंति, मुच्चंति, परिणिव्वाणयंति, परिविजाणंति (१,६-६, २१६ व २२०, २२६,२३३ २४०,२४३); इच्छदि (४,१,४७ व ४,२,२,१); इच्छंति (४,१,५०); बंधंति (४,२,६,१७५-८०); जाणदि (५,५,७६ व ८०,८६,८८,६८); पदुप्पादेदि (५,५,६१); पस्सदि (५,५,६८); विहरदि (५,५,६८); संभवदि (५,६,४३); बज्झंति (५,६,३४); मुंचंति (५,६,१२७); वक्कमंति (५,६,५,८१-८४); वुच्चदि (५,६,६४४)।

ष० खं० में वर्णविकार के कुछ अन्य उदाहरण—
अनुयोग = अणियोग (१,१,५)।
अप् = आउ (१,१,३६)।
तेजस् = तेउ (१,१,३६)।
औदारिक = ओरालिय (१,१,५६)।
वैक्रियिक = वेउव्विय (१,१,५६)।
कापोत = काउ (१,१,१३६)।
वज्र = वइर (१,६-१,३६)।
कियन्तः = केवडिया (१,३,२)।
पल्योपम = पलिदोपम (१,२,६)।
स्तोक = थोव (१,८,२)।
आरभन् = आढवेंतो (१,६-८,११)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उत्पन्ना: = उववण्णल्लया (१,९-९,२०५)।
जातिस्मरणात् = जाइस्सरा (१,९-९,८)।
आमर्शौषधि = आमोसहि (४,१,३०)।
संनिकर्ष = सण्णियास (४,२,१,१)।
जागृत = जागार (४,२,६,८)।
स्यात् = सिया (४,२,९,२-३ आदि)।
स्त्री = इत्थी (१,१,१०१)।
पुरुष = पुरिस (१,१,१०१)।
द्रोणमुख = दोणामुह (५,५,७९)।
पुद्गल = पोग्गल (२,२,१२)।
मैथुन = मेहुण (४,२,८,५)।
पञ्चाशत् = पण्णासाए (४,२,६,१०८)।

षट्खण्डागम में उपर्युक्त भाषा के अन्तर्गत जो बहुत-से शब्दों में वर्णविकार देखा जाता है उसके कुछ उदाहरण इस प्रकार हैं—

अनुयोग = अणियोग (१,१,५)।
नारक = णेरइय (१,१,२५)।
अप् = आउ (१,१,३९)।
तेजस् = तेउ (१,१,३९)।
मृषा = मोस (१,१,४९)।
औदारिक = ओरालिय
वैक्रियिक = वेउव्विय (१,१,५६)।
अर्धतृतीय = अड्ढाइज्ज (१,१,१६३)।
कापोत = काउ (१,१,१३६)।
पल्योपम = पलिदोवम (१,२,६)।
कियन्त: = केवडिया (१,२,२)।
कियत् = केवडियं (१,४,२)।
स्तोक = थोव (१,८,२)।
वज्र = वइर (१,९-१,३६)।
आरभन् = आढवेंतो (१,९-८,११)।
जातिस्मरणात् = जाइस्सरा (१,९-९,८)।
उत्पन्ना: = उववण्णल्लया (१,९-९,२०५)।
कर्कश = कक्खड (१,९-१,४०)।
आमर्शौषधि = आमोसहि (४,१,३०)।
संनिकर्ष = सण्णियास (४,२,१,१)।
जागृत = जागार (४,२,६,८)।
स्यात् = सिया (४,२,९,२)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विवेचन-पद्धति

प्रश्नोत्तर शैली

प्रस्तुत षट्खण्डागम में प्रतिपाद्य विषय का विवेचन प्रायः प्रश्नोत्तर के रूप में किया गया है। कहीं पर यदि एक सूत्र में विवक्षित विषय से सम्बद्ध प्रश्न को उठाकर उसका उत्तर दे दिया गया है तो कहीं पर एक सूत्र में प्रश्न को उठाकर आवश्यकतानुसार उसका उत्तर एक व अनेक सूत्रों में भी दिया गया है। जैसे—

१. जीवस्थान-द्रव्यप्रमाणानुगम में एक ही सूत्र (६) के द्वारा प्रश्नोत्तर के रूप में सासादन-सम्यग्दृष्टि आदि संयतासंयत पर्यन्त चार गुणस्थानवर्ती जीवों के द्रव्यप्रमाण का उल्लेख कर दिया गया है।

इसी प्रकार यहीं पर प्रश्नोत्तर के रूप में ही सूत्र ७ में प्रमत्तसंयतों और सूत्र ८ में अप्रमत्तसंयतों के द्रव्यप्रमाण को प्रकट किया गया है।

२. इसके पूर्व इसी द्रव्यप्रमाणानुगम में सूत्र २ में मिथ्यादृष्टि जीवों के द्रव्यप्रमाण विषयक प्रश्न को उठाते हुए उसी सूत्र में उत्तर भी दे दिया गया है कि वे अनन्त हैं। आगे सूत्र ३ के द्वारा उनके प्रमाण को काल की अपेक्षा और सूत्र ४ के द्वारा क्षेत्र की अपेक्षा कहा गया है। अब रहा भाव की अपेक्षा उनका द्रव्यप्रमाण, सो उसके विषय में आगे के सूत्र ५ में यह कह दिया गया है कि द्रव्य, क्षेत्र और काल इन तीनों का जान लेना ही भाव प्रमाण है।

इसी प्रकार यह प्रश्नोत्तर शैली जीवस्थान के क्षेत्रानुगम आदि आगे के अनुयोगद्वारों में भी चालू रही है। विशेष इतना है कि प्रसंग के अनुरूप उसके प्रथम सत्प्ररूपणा अनुयोग-द्वार में और अन्तिम अल्पबहुत्वानुगम में उपर्युक्त प्रश्नोत्तर शैली को चालू नहीं रखा जा सका है।

आगे इस जीवस्थान खण्ड से सम्बद्ध नौ चूलिकाओं में से प्रथम आठ चूलिकाओं में भी यह प्रश्नोत्तर शैली अनावश्यक रही है। किन्तु अन्तिम गति-आगति चूलिका में गति-आगति आदि विषयक चर्चा उसी प्रश्नोत्तर शैली में की गई है।

द्वितीय खण्ड क्षुद्रकबन्ध में सर्व प्रथम सामान्य से बन्धक-अबन्धक जीवों का विचार करके उसके अन्तर्गत स्वामित्व आदि ११ अनुयोगद्वारों में चौथे 'नाना जीवों की अपेक्षा भंगविचय' और अन्तिम अल्पबहुत्वानुगम को छोड़कर शेष ९ अनुयोगद्वारों में विवक्षित विषय का विवेचन उसी प्रश्नोत्तर शैली में किया गया है।

इसी प्रकार 'बन्धस्वामित्वविचय' आदि आगे के खण्डों में कुछ अपवादों को छोड़कर तत्त्व का निरूपण उसी प्रश्नोत्तर शैली से किया गया है।

वेदना खण्ड के अन्तर्गत 'वेदनाद्रव्यविधान' अनुयोगद्वार में 'द्रव्य की अपेक्षा उत्कृष्ट

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ज्ञानावरणीय वेदना किसके होती है' इस प्रश्न को उठाकर (सूत्र ४,२,४,६) उसका उत्तर गुणितकर्मांशिक के लक्षणों को प्रकट करते हुए २६ (७-३२) सूत्रों में पूरा किया गया है।

अनुयोगद्वारों का विभाग

विवक्षित विषय को सरल व सुबोध बनाने के लिए उसे जितने व जिन अनुयोगद्वारों में विभक्त करना आवश्यक प्रतीत हुआ उनका निर्देश प्रकरण के प्रारम्भ में कर दिया गया है। तत्पश्चात् उसी क्रम से प्रसंग प्राप्त विषय की प्ररूपणा की गई है। जैसे—प्रथम खण्ड जीव-स्थान के प्रारम्भ में सत्प्ररूपणा आदि आठ अनुयोगद्वारों का निर्देश करके तदनुसार ही क्रम से जीवों के सत्त्व और द्रव्यप्रमाण आदि की प्ररूपणा की गई है।

ओघ-आदेश

उन अनुयोगद्वारों में भी जो क्रमशः प्रतिपाद्य विषय की प्ररूपणा की गई है वह ओघ और आदेश के क्रम से की गई है। ओघ का अर्थ सामान्य या अभेद तथा आदेश का अर्थ विशेष अथवा भेद रहा है।[1]

अभिप्राय यह है कि विवक्षित विषय का विचार वहाँ प्रथमतः सामान्य से—गति-इन्द्रिय आदि की विशेषता से रहित मिथ्यात्व आदि चौदह गुणस्थानों के आधार से—और तत्पश्चात् आदेश से—गति-इन्द्रिय आदि अवस्थाभेद के आश्रय से—प्रतिपाद्य विषय की प्ररूपणा की गई है।[2] इस प्रकार से यह प्रतिपाद्य विषय की प्ररूपणा का क्रम इतना सुव्यवस्थित, क्रमबद्ध और संगत रहा है कि यदि लिपिकार की असावधानी से कहीं कोई शब्द या वाक्य आदि लिखने से रह गया है तो वह पूर्वापर प्रसंगों के आश्रय से सहज ही पकड़ में आ जाता है। उदाहरण के रूप में, सत्प्ररूपणा (पु० १) के अन्तर्गत सूत्र ९३ में नागरी लिपि में लिखित कुछ प्रतियों में मनुष्यणियों से सम्बद्ध प्रमत्तादि संयत गुणस्थानों का बोधक 'संजद' शब्द लिखने से रह गया था। उसके सम्पादन के समय जब उस पर ध्यान गया तो आगे के द्रव्यप्रमाणानुगम आदि अन्य अनुयोगद्वारों में उन मनुष्यणियों के प्रसंग में यथास्थान उस 'संजद' शब्द के अस्तित्व को देखकर यह निश्चित प्रतीत हुआ कि यहाँ वह 'संजद' शब्द लिखने से रह गया है। बाद में मूडबिद्री में सुरक्षित कानड़ी लिपि में ताड़पत्रों पर लिखित प्रतियों से उसका मिलान कराने से उसकी पुष्टि भी हो गई।[3]

चूलिका

सूत्रों में निर्दिष्ट और उनके द्वारा सूचित तत्त्व की प्ररूपणा यदि उन अनुयोगद्वारों में

---

१. ओघेन सामान्येनाभेदेन प्ररूपणमेकः, अपरः आदेशेन भेदेन विशेषेण प्ररूपणमिति। —धवला पु० १, पृ० १६०

२. देखिए सूत्र १,१,८-९ (पु० १); सूत्र १,२,१-२ (पु० ३); सूत्र १,३,१-२, सूत्र १,४, १-२ व सूत्र १,५, १-२ (पु० ४); सूत्र १,६,१-२, सूत्र १,७,१-२ व सूत्र १,८, १-२ (पु० ५)।

३. विशेष जानकारी के लिए देखिए पु० ७ की प्रस्तावना पृ० १-४

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सांगोपांग कही नहीं की जा सकी है तो उसकी पूर्ति के लिए अन्त में आवश्यकतानुसार चूलिका नामक प्रकरण योजित किये गये हैं। सूत्रसूचित अर्थ को प्रकाशित करना, यह उन चूलिका प्रकरणों का प्रयोजन रहा है।[1] यथा--

१. जीवस्थान खण्ड के अन्तर्गत सत्प्ररूपणादि आठ अनुयोगद्वारों के समाप्त हो जाने पर अन्त में चूलिका प्रकरण को योजित किया गया है। उसमें नौ चूलिकायें हैं।[2]

२. द्वितीय खण्ड 'खुद्दाबंध' के अन्त में 'महादण्डक' नाम का प्रकरण है। उसे धवलाकार ने 'चूलिका' कहा है।[3]

३. वेदनाद्रव्यविधान में पदमीमांसा, स्वामित्व और अल्पबहुत्व इन तीन अनुयोगद्वारों के अन्त में 'चूलिका' को योजित किया गया है।[4]

४. वेदनाकालविधान में आवश्यकतानुसार दो चूलिकाओं को योजित किया गया है।[5]

५. वेदनाभावविधान में प्रसंगानुसार तीन चूलिकायें जोड़ी गई हैं।[6]

६. बन्धन अनुयोगद्वार में भी एक चूलिका योजित की गई है।[7]

निक्षेप व नय

प्रतिपाद्य विषय की प्ररूपणा प्रसंगानुरूप संगत व आगमाविरुद्ध हो; इसके लिए प्राचीन आगमव्याख्यान की पद्धति में निक्षेप व नयों को महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त हुआ है। कारण यह है कि एक ही शब्द के अनेक अर्थ सम्भव हैं। प्रकृत में उनमें उसका कौन-सा अर्थ अभिप्रेत है, यह निक्षेप विधि से ही हो सकता है। उदाहरण के रूप में, किसी का नाम यदि पार्श्वनाथ है तो यह जान लेना आवश्यक है कि वह नाम से ही 'पार्श्वनाथ' है, स्थापना या भाव से पार्श्वनाथ नहीं है। अन्यथा जिसे वैसा ज्ञान नहीं है वह अविवेकी उसकी पूजा-वन्दनादि में भी प्रवृत्त हो सकता है। किन्तु जो यह समझ चुका है कि वह केवल नाम से पार्श्वनाथ है, न तो उसमें पार्श्वनाथ की स्थापना की गई है और न वह भाव से (साक्षात्) पार्श्वनाथ है, वह उसकी वन्दनादि में प्रवृत्त नहीं होता।

प्रस्तुत षट्खण्डागम में आवश्यकतानुसार सर्वत्र प्रतिपाद्य विषय की प्ररूपणा करते हुए प्रथमतः विवक्षित विषय के सम्बन्ध में निक्षेपों की प्ररूपणा की गई है व प्रसंगप्राप्त विषय को प्रकरण के अनुरूप स्पष्ट किया गया है।

---

१. सुत्तसूइदत्थपयासणं चूलियाणाम। धवला पु० १०, पृ० ३६५ (पु० ६, पृ० २; पु० ७, पृ० ५७५; पु० ११, पृ० १४०; पु० १२, पृ० ८८ और पु० १४, पृ० ४६६ भी द्रष्टव्य हैं)

२. ये सब चूलिकायें ष० ख० पु० ६ में देखी जा सकती हैं।

३. समत्तेसु एक्कारसअणियोगद्दारेसु किमट्ठमेसो महादंडओ वोत्तुमाढत्तओ? वुच्चदे--खुद्दाबंधस्स एक्कारसअणिओगद्दारणिबद्धस्स चूलियं काऊण महादंडओ वुच्चदे।

--धवला पु० ७, पृ० ५७५

४. देखिए ष० खं० पु० १०, पृ० ३६५

५. वही, पु० ११, पृ० १४० व २०८

६. वही, पु० १२, पृ० ७८, ८७ व २४१

७. वही, पु० १४, पृ० ४६६

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उदाहरणस्वरूप कृति-अनुयोगद्वार को ले लीजिये। वहाँ सर्वप्रथम नाम-स्थापनादि के भेद से 'कृति' को सात प्रकार कहा गया है (सूत्र ४,१,४६)। आगे इन सबके स्वरूप को प्रकट करते हुए अन्त में (४,१,७६) यह स्पष्ट कर दिया गया है कि इनमें यहाँ गणनाकृति प्रकृत है।

यही अवस्था नय की भी है। एक ही वस्तु में एक-अनेक, सत्-असत् और नित्य-अनित्य आदि परस्पर विरुद्ध दिखनेवाले अनेक धर्म रहते हैं। उनकी संगति नय-प्रक्रिया के जाने बिना नहीं बैठायी जा सकती है। इसे स्पष्ट करते हुए आचार्य समन्तभद्र सुमति जिन की प्रस्तुति में कहते हैं कि हे भगवन्! वही तत्त्व अनेक भी है और एक भी है, यह उसमें भेद का और अन्वय का जो ज्ञान होता है उससे सिद्ध है। उदाहरणार्थ, मनुष्यों में यह देवदत्त है, इस प्रकार जो भिन्नता का बोध होता है उससे उनमें कथंचित् अनेकता सिद्ध है। साथ ही उनमें यह देवदत्त भी मनुष्य है और यह जिनदत्त भी मनुष्य है, इस प्रकार जो उनमें अन्वय रूप बोध होता है उससे उनमें मनुष्य जाति सामान्य की अपेक्षा कथंचित् एकरूपता भी सिद्ध है। यदि इन दोनों में से किसी एक का लोप किया जाता है तो दूसरा भी विनष्ट हो जाता है। तब वैसी स्थिति में वस्तुव्यवस्था ही भंग हो जाती है। इसी प्रकार से सत्त्व-असत्त्व और नित्य-अनित्य आदि परस्पर विरुद्ध दिखनेवाले अन्य धर्मों में भी नयविवक्षा से समन्वय होता है।[1]

यह आवश्यक है कि इस व्यवस्था में मुख्यता और गौणता अपेक्षित है। अर्थात् यदि विशेष मुख्य और सामान्य गौण है तो इस दृष्टि से तत्त्व की अनेकता सिद्ध है। इसके विपरीत यदि सामान्य मुख्य और विशेष गौण है तो इस अपेक्षा से वही तत्त्व कथंचित् एक भी है।[2]

इस प्रकार वस्तु-व्यवस्था के लिए नयविवक्षा की अनिवार्यता सिद्ध होती है। तदनुसार प्रस्तुत षट्खण्डागम में विवक्षित विषय का विचार उस नयविवक्षा के आश्रय से किया गया है। उदाहरणार्थ, उसी कृति अनुयोगद्वार में उक्त सात कृतियों में कौन नय किन कृतियों को स्वीकार करता है, ऐसा प्रश्न उठाते हुए यह स्पष्ट किया गया है कि नैगम, संग्रह और व्यवहार उन सभी कृतियों को विषय करते हैं। किन्तु ऋजुसूत्र स्थापनाकृति को विषय नहीं करता तथा शब्दादिक नय नामकृति और भावकृति को स्वीकार नहीं करते।[3]

इसके लिए वहाँ कहीं-कहीं 'नयविभाषणता' नामक एक स्वतन्त्र अनुयोगद्वार भी रहा है।[4]

सूत्र-रचना

षट्खण्डागम का अधिकांश भाग गद्यात्मक सूत्रों में रचा गया है। फिर भी उसमें कुछ

---

१. अनेकमेकं च तदेव तत्त्वं भेदान्वयज्ञानमिदं हि सत्यम्।
मृषोपचारोऽन्यतरस्यलोपे तच्छेषलोपोऽपि ततोऽनुपाख्यम् ॥—स्वयंभू० २२

२. विधिनिषेधश्च कथंचिदिष्टौ विवक्षया मुख्य-गुणव्यवस्था।
इति प्रणीतिः सुमतेस्तवेयं मतिप्रवेकः स्तुवतोऽस्तु नाथ ॥—स्वयंभू० २५

३. देखिए सूत्र ४,१,४७-५० (पु० ९)

४. देखिए सूत्र ४,१,४७ (पु० ९), सूत्र ४,२,२,१ (पु० १०), सूत्र ५,३,५ (पु० १३) और सूत्र ५,४,५ (पु० १३) इत्यादि।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गाथात्मक सूत्र भी उपलब्ध होते हैं। ये गाथात्मक सूत्र चतुर्थ वेदनाखण्ड में ८ और पाँचवें वर्गणाखण्ड में २८, इस प्रकार सब ३६ हैं।

चूर्णिसूत्र

जिस प्रकार आचार्य गुणधर विरचित कषायप्राभृत में कहीं-कहीं पूर्व में मूलगाथा सूत्र और तत्पश्चात् उनके विवरणस्वरूप भाष्य गाथाएँ रची गई हैं[1] उसी प्रकार प्रस्तुत षट्खण्डागम में कहीं पर संक्षेप में प्रतिपाद्य विषय के सूचक मूल गाथासूत्र को रचकर तत्पश्चात् ग्रन्थकार द्वारा उसके विवरण में आवश्यकतानुसार कुछ गद्यात्मक सूत्र भी रचे गये हैं। जैसे—

वेदनाभावविधान अनुयोगद्वार में प्रथमतः उत्तरप्रकृतियों के उत्कृष्ट अनुभागविषयक अल्पबहुत्व की संकेतात्मक शब्दों में संक्षेप में प्ररूपणा करनेवाले तीन गाथा-सूत्रों को रचकर तत्पश्चात् उनके जघन्य अनुभागविषयक अल्पबहुत्व के प्ररूपक अन्य तीन गाथा-सूत्र रचे गये हैं। उनमें प्रथम तीन गाथागत गूढ़ अर्थ के स्पष्टीकरण में **"एत्तो उक्कस्सओ चउसट्ठिपदियो महादंडओ कायव्वो भवदि** (सूत्र ६५)" ऐसी सूचना करते हुए ५२ (६६-११७) गद्यात्मक सूत्र रचे गये हैं। पश्चात् आगे के उन तीन गाथा-सूत्रों के स्पष्टीकरण में **"एत्तो जहण्णओ चउसट्ठिपदियो महादंडओ कायव्वो भवदि** (११८)" ऐसा निर्देश करते हुए ५६ (११९-७४) सूत्रों को रचकर उनके आश्रय से उन तीन (४-६) गाथाओं के दुरूह अर्थ को स्पष्ट किया गया है।[2]

उन विवरणात्मक गद्य-सूत्रों की आवश्यकता इसलिए समझी गई कि उक्त गाथासूत्रों में नामके आद्य अक्षरों के द्वारा जिन प्रकृति विशेषों का उल्लेख किया गया है उनका विशेष स्पष्टीकरण करने के बिना सर्वसाधारण को बाध नहीं हो सकता था। जैसे—'दे' से देवगति व 'कं' से कार्मण शरीर आदि।

इन विवरणात्मक सूत्रों को धवलाकारने 'चूर्णिसूत्र' कहा है।[3]

आगे इसी वेदनाभावविधान की प्रथम चूलिका के प्रारम्भ में **"सम्मत्तुप्पत्ती वि य"** आदि दो गाथासूत्र हैं, जिनके द्वारा ग्यारह गुणश्रेणियों रूप प्रदेशनिर्जरा और उसमें लगनेवाले काल के क्रम की सूचना की गई है।

इसके पूर्व इन दोनों गाथाओं को धवलाकार द्वारा वेदनाद्रव्यविधान में गाथासूत्र के रूप में उद्धृत किया जा चुका है।[4]

---

१. जैसे १५वें 'चारित्रमोहक्षपणा' अधिकार में मूल गाथासूत्र ७ और उनकी भाष्य गाथा में क्रम से ५,११,४,३,३,१ और ४ हैं। देखिए क० पा० सुत्त परिशिष्ट १, पृ० ६१५-१८ (गा० १२४-१६१)

२. देखिए धवला पु० १२, पृ ४०-७५

३. क—तदणणुवुत्ती वि कुदो णव्वदे? **एदस्स गाहासुत्तस्स विवरणभावेण रचिद उवरिम-चुण्णिसुत्तादो**।—पु० १२, पृ० ४१

ख—कधं सव्वमिदं णव्वदे? **उवरि भण्णमाणचुण्णिसुत्तादो**।—पु० १२, पृ० ४२-४३

ग—कधं समाणत्तं णव्वदे? **उवरि भण्णमाणचुण्णिसुत्तादो**।—धवला पु० १२, पृ० ४३

४. धवला पु० १०, पृ० २८२

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उन दोनों गाथासूत्रों के अभिप्राय को अन्तर्हित करनेवाला एक सूत्र तत्त्वार्थसूत्र में भी ध्यान के प्रसंग में प्राप्त होता है। विशेषता उसमें यह है कि दूसरे गाथासूत्र के उत्तरार्ध में जो निर्जरा के कालक्रम का भी निर्देश किया गया है वह उस तत्त्वार्थसूत्र में नहीं किया गया है।[1]

इन गाथासूत्रों की व्याख्या में धवलाकार ने जहाँ ग्यारह गुणश्रेणियों की सूचना की है वहाँ तत्त्वार्थसूत्र के वृत्तिकार आचार्य पूज्यपाद ने सर्वार्थसिद्धि में असंख्येयगुणनिर्जरा में व्यापृत उन सम्यग्दृष्टि आदि दस की ही सूचना की है। वहाँ सूत्र में सामान्य से निर्दिष्ट 'जिन' में कोई भेद नहीं किया गया। फिर भी षट्खण्डागम के कर्ता आचार्य भूतबलि ने स्वयं उन गाथासूत्रों के विवरण में 'जिन' के इन दो भेदों का निर्देश किया है—अधःप्रवृत्त केवलीसंयत और योगनिरोध केवलीसंयत।[2]

ये दोनों गाथाएँ शिवशर्मसूरि विरचित कर्मप्रकृति में भी उपलब्ध होती हैं। वहाँ दूसरी गाथा के पूर्वार्ध में **जिणे य दुविहे** ऐसा निर्देश किया गया है। कर्मप्रकृति में उन गाथाओं की व्याख्या करते हुए आचार्य मलयगिरि ने ग्यारह गुणश्रेणियों का उल्लेख किया है। उन्होंने वहाँ दसवीं गुणश्रेणि सयोगकेवली के और ग्यारहवीं अयोगकेवली के बतलायी है।[3]

उपर्युक्त दो गाथासूत्रों में जिस गुणश्रेणिनिर्जरा और उसके काल का संक्षेप में निर्देश किया गया है उसका स्पष्टीकरण स्वयं सूत्रकार आ० भूतबलि ने आगे २२ गद्यसूत्रों (१७५-९६) द्वारा किया है। इन गद्यसूत्रों को भी पूर्वोक्त धवलाकारके अभिप्रायानुसार चूर्णिसूत्र ही समझना चाहिए।

विभाषा

कहीं पर संक्षेप में प्ररूपित दुरवबोध **विषय का स्पष्टीकरण** स्वयं मूलग्रन्थकार द्वारा 'विभाषा' ऐसी सूचना के साथ भी किया गया है।[4]

सूत्र से सूचित अर्थ के विशेषतापूर्वक विवरण को विभाषा कहते हैं। वह प्ररूपणा-विभाषा और सूत्र-विभाषा के भेद से दो प्रकार की है। सूत्र-पदों का उच्चारण न करके सूत्रसूचित समस्त अर्थ की जो विस्तारपूर्वक प्ररूपणा की जाती है उसका नाम प्ररूपणाविभाषा है। गाथा-सूत्रों के अवयवस्वरूप पदों के अर्थ का परामर्श करते हुए जो सूत्र का स्पर्श किया जाता है उसे सूत्र-विभाषा कहा जाता है।[5]

---

१. सम्यग्दृष्टि-श्रावक-विरतानन्तवियोजक-दर्शनमोहक्षपकोपशमोपशान्तमोह-क्षपक-क्षीणमोह-जिनाः क्रमशोऽसंख्येयगुणनिर्जराः। त० सू०-४५

२. सूत्र ४,२,७,१८४-८७ (पु० १२, पृ० ८४-८५)

३. क० प्र० उदय गाथा ८-९।

४. विविहा भासा विहासा, परूवणा णिरूवणा ववखाणमिदि एयट्ठो।—धवला पु० ६, पृ० ५

५. सुत्तेण सूचिदत्थस्स विसेसियूण भासा विहासा विवरणं ति वुत्त होदि। विहासा दुविहा होदि—परूवणाविहासा सुत्तविहासा चेदि। तत्थ परूवणाविहासा णाम सुत्तपदाणि अणुच्चारिय सुत्तसूचिदासेसत्थस्स वित्थरपरूवणा। सुत्तविहासा णाम गाहासुत्ताणमवयवत्थपरामरससमुहेण सुत्तफासो।—जयध० (क० पा० सुत्त प्रस्तावना पृ० २२)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उस विभाषा को स्पष्ट करने के लिए प्रकृत में जीवस्थान-चूलिका का उदाहरण उपयुक्त है। वहाँ नौ चूलिकाओं में से प्रथम चूलिका के प्रारम्भ में एक पृच्छासूत्र प्राप्त होता है, जिसमें ये पृच्छायें निहित हैं—प्रथम सम्यक्त्व के अभिमुख हुआ जीव कितनी और किन प्रकृतियों को बाँधता है, कितने काल की स्थितिवाले कर्मों के निमित्त से जीव सम्यक्त्व को प्राप्त करता करता है, अथवा नहीं प्राप्त करता है, कितने काल के द्वारा मिथ्यात्व के कितने भागों को करता है, उपशामना व क्षपणा किन क्षेत्रों में, किसके मूल में व कितने दर्शनमोहनीय कर्म का क्षय करनेवाले और सम्पूर्ण चारित्र को प्राप्त करनेवाले के होती है (सूत्र १,९-१, १)।

इन पृच्छाओं की विभाषा—प्ररूपणा या व्याख्या—में स्वयं सूत्रकार द्वारा नौ चूलिकाओं की प्ररूपणा की गई है।[1]

जैसा कि ऊपर कषायप्राभृत के उदाहरण द्वारा स्पष्ट किया जा चुका है, आगमग्रन्थों के रचयिताओं की यह पद्धति रही है कि वे प्रथमतः पृच्छासूत्र के रूप में, चाहे वह गाथात्मक हो या गद्यात्मक हो, वर्णनीय विषय की संक्षेप में सूचना करते थे। तत्पश्चात् आगे वे भाष्य-गाथाओं या गद्यात्मक सूत्रों द्वारा उसका विस्तारपूर्वक विशेष व्याख्यान किया करते थे। यह पूर्वोल्लिखित पृच्छासूत्र के आधार से निर्मित उन नौ चूलिकाओं की रचना से स्पष्ट हो चुका है। इसके पूर्व भी उसे '**प्रश्नोत्तरशैली**' शीर्षक में स्पष्ट किया जा चुका है।

कुछ निश्चित शब्दों का प्रयोग

आगमग्रन्थों की रचना-पद्धति अथवा उनके व्याख्यान की यह एक पद्धति रही है कि उसमें यथाप्रसंग कुछ नियमित विशिष्ट शब्दों का उपयोग होता रहा है। जैसे—

जीवसमास—साधारणतः इस शब्द का उपयोग बादर-सूक्ष्म व पर्याप्त-अपर्याप्त एकेन्द्रियादि चौदह जीवभेदों के प्रसंग में किया गया है।[2] किन्तु प्रस्तुत षट्खण्डागम में उसका उपयोग चौदह गुणस्थानों के अर्थ में किया गया है, यह धवला से स्पष्ट है।[3]

स्वयं सूत्रकार आचार्य भूतबलि ने भी आगे 'बन्धस्वामित्वविचय' के प्रसंग में पूर्व में (सूत्र ३-३) मिथ्यादृष्टि आदि चौदह गुणस्थानों का नाम निर्देश करते हुए अनन्तर '**एदेसिं चोद्दसण्हं जीवसमासाणं पयडिवोच्छेदो कादव्वो भवदि**' (सूत्र ३-४) ऐसा कहकर उन चौदह गुणस्थानों का उल्लेख 'जीवसमास' के नाम से किया है और तदनुसार ही आगे क्रम से उन मिथ्यादृष्टि आदि चौदह गुणस्थानों में कृत प्रतिज्ञा के अनुसार कर्मप्रकृतियों के बन्धव्युच्छेद की प्ररूपणा की है।[4]

---

१. इसके लिए देखिए धवला पु० ६, पृ० २-४ (विशेषकर पृ० ४)

२. मूलाचार (१२,१५२-५३) में बादर-सूक्ष्म एकेन्द्रियादि १४ जीवभेदों का उल्लेख तो किया गया पर 'जीवसमास' शब्द व्यवहृत नहीं हुआ, वृत्तिकार ने उन्हें 'जीवसमास' ही कहा है। (गो० जीवकाण्ड गाथा ७०-१११ भी द्रष्टव्य हैं)। ति० प० के प्रायः सभी महाधिकारों में उन १४ जीवभेदों को लक्ष्य करके यथाप्रसंग उस 'जीवसमास' शब्द का व्यवहार हुआ है।

३. जीवाः समस्यन्ते एष्विति जीवसमासाः।···तेषां चतुर्दशानां जीवसमासानाम्, चतुर्दशगुणस्थानानामित्यर्थः।—धवला पु० १, पृ० १३१

४. ष० खं०, पु० ८, पृ० ४-५

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ऋषभदेव केशरीमल श्वे० संस्था रतलाम से प्रकाशित 'जीवसमास' ग्रन्थ में मिथ्यादृष्टि आदि चौदह गुणस्थानों का उल्लेख 'जीवसमास' नाम से किया गया है (गाथा ८-९)।

संयतविशेष—आठवें, नौवें और दसवें गुणस्थानवर्ती संयतों का उल्लेख सर्वत्र क्रम से अपूर्वकरण-प्रविष्ट-शुद्धिसंयत, अनिवृत्तिबादर-साम्पराय-प्रविष्ट-शुद्धिसंयत और सूक्ष्मसाम्परायिकप्रविष्टशुद्धिसंयत इन नामों से किया गया है।[1] ग्यारहवें और बारहवें गुणस्थानवर्ती जीवों के लिए क्रम से उपशान्तकषाय-वीतराग-छद्मस्थ और क्षीणकषायवीतराग-छद्मस्थ इन नामों का निर्देश किया गया है।[2]

तीर्थंकर-नाम-गोत्रकर्म—तीर्थंकर नामकर्म का उल्लेख 'तीर्थंकर-नाम-गोत्रकर्म' के रूप में भी किया गया है।[3]

इसके विषय में धवला में यह शंका उठायी गई है कि नामकर्म के अवयवभूत तीर्थंकर प्रकृति का निर्देश 'गोत्र' के नाम से क्यों किया गया। उसके समाधान में धवलाकार ने कहा है कि उच्चगोत्र का अविनाभावी होने से उस तीर्थंकर प्रकृति के गोत्रता सिद्ध है।[4]

उद्वर्तितसमान—इस शब्द का अर्थ विवक्षित पर्याय को समाप्त कर अन्यत्र उत्पन्न होना है। यद्यपि धवला में इसका अर्थ स्पष्ट नहीं किया गया है, फिर भी मूलाचार की आ० वसुनन्दी विरचित वृत्ति में उसका वैसा अर्थ किया गया है।[5]

षट्खण्डागम में इस शब्द का उपयोग केवल नरकगति में वर्तमान नारकियों के अन्य गति में आते समय किया गया है।[6]

आगति—यद्यपि प्रसंग प्राप्त 'गति-आगति' चूलिका में धवलाकार ने इस शब्द के अर्थ को स्पष्ट नहीं किया है, किन्तु आगे 'प्रकृति अनुयोगद्वार' में मनःपर्ययज्ञान के विषय के प्रसंग में सूत्रकार द्वारा व्यवहृत उस शब्द को स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा है कि अन्य गति से इच्छित गति में आने का नाम आगति है।[7] इस शब्द का उपयोग केवल नारकियों और देवों के उस गति से तिर्यंचगति व मनुष्यगति में आते समय किया गया है।[8]

कालगतसमान—इस शब्द का अर्थ धवलाकार ने 'विनष्ट होते हुए' किया है।[9] इसका उपयोग केवल तिर्यंचगति में वर्तमान तिर्यंचों और मनुष्यगति में वर्तमान मनुष्यों के लिए अन्य

---

१. उदाहरण के रूप में देखिए सूत्र १,१,१६-१८ (पु० १, पृ० १७६-८७)
२. उदाहरणस्वरूप देखिए १,१,१६-२० (पु० १)
३. सूत्र ३,३६-४२ (पु० ८)
४. कधं तित्थयरस्स णामकम्मावयवस्स गोदसण्णा ? ण, उच्चागोदबंधाविणाभावित्तणेण तित्थयरस्स वि गोदत्तसिद्धीदो।—धवला पु० ८ पृ०७६
५. उद्वर्तनम् अस्मादन्यत्रोत्पत्तिः।—मूला० वृत्ति १२-३
६. देखिए सूत्र १,९-९,७६ व ८७,९३,२०३,२०६,२०९,२१३,२१७
७. अण्णगदीदो इच्छिदगदीए आगमणमागदी णाम।—धवला पु० १३, पृ० ३४६
८. नारकियों के लिए सूत्र १,९-९,७६-८५ व ८७-९१ आदि तथा देवों के लिए सूत्र १,९-९, १७३-८३ व १८५-८९ आदि।
९. कालगदसमाणा विणट्ठा संता त्ति घेत्तव्वं।—पु० ६, पृ० ४५४

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गति में जाते समय किया गया है।[1]

गति—इच्छित गति से अन्य गति में जाने का नाम गति है।[2] इसका उपयोग केवल तिर्यंचों और मनुष्यों के लिए अपनी-अपनी गति से अन्य गति में जाते समय किया गया है।[3]

उद्वर्तितच्युतसमान—'उद्वर्तित' का अर्थ मूलाचारवृत्ति के अनुसार पूर्व में निर्दिष्ट किया जा चुका है। सौधर्म इन्द्र आदि देवों का जो अपनी सम्पत्ति से वियोग होता है उसका नाम चयन है।[4] इसका उपयोग भवनवासी, वानव्यन्तर, ज्योतिष्क और सौधर्म-ऐशान कल्पवासी देवों के लिए उस गति से निकलकर अन्यत्र उत्पन्न होने के समय किया गया है।[5]

च्युतसमान—'चयन' का अर्थ ऊपर निर्दिष्ट किया जा चुका है। इसका उपयोग केवल सनत्कुमारादि ऊपर के विमानवासी देवों के लिए उस पर्याय को छोड़कर अन्यत्र उत्पन्न होते समय किया गया है।[6]

अनेक शब्दों का उपयोग

कहीं-कहीं पर प्रशंसा के रूप में प्रायः एक ही अभिप्राय के पोषक अनेक शब्दों का उपयोग किया गया है। जैसे—

१. तीर्थंकर नामकर्म के उदय से जीव अर्चनीय, पूजनीय, वन्दनीय, नमस्करणीय, नेता और धर्मतीर्थ का कर्ता होता है। सामान्य से समानार्थक होने पर धवलाकार ने उनका पृथक्-पृथक् विशिष्ट अर्थ भी किया है।[7]

२. कोई अन्तकृत् होकर सिद्ध होते हैं, बुद्ध होते हैं, मुक्त होते हैं, परिनिर्वाण को प्राप्त होते हैं, और सब दुःखों के अन्त को प्राप्त होते हैं।[8]

धवलाकार ने 'बुद्धयन्ते', 'मुच्चंति', 'परिनिर्वान्ति' और 'सर्वदुःखानामन्तं परिविजानन्ति' इन पदों की सफलता क्रम से कपिल, नैयायिक-वैशेषिक-सांख्य-मीमांसक, तार्किक और पुनः तार्किक इनके अभिमत के निराकरण में प्रकट की है।[9]

शब्दों की पुनरावृत्ति

सूत्रों में कहीं-कहीं एक ही शब्द का दो-तीन बार प्रयोग किया गया है। जैसे—

---

१. देखिए तिर्यंचों के लिए सूत्र १,९-९,१०१ व आगे १०७, ११२,११५,११८,१३१,१३४ १३८; मनुष्यों के लिए सूत्र १,९-९,१४१ व आगे १४७,१५०,१६३,१६६,१७०
२. इच्छिदगदीदो अण्णगदिगमणं गदी णाम।—धवला पु० १३, पृ० ३४६
३. देखिए तिर्यंचों के लिए सूत्र १,९-९,१०१-२६ व १३१-४०
४. सोहम्मिंदादिदेवाणं सगसंपयादो विरहो चयणं णाम।—धवला पु० १३, पृ० १४६-४७
५. देखिए सूत्र १,९-९, १७३ व आगे १८५,१९०
६. देखिए सूत्र १,९-९,१९१, १९२,१९८
७. सूत्र ३-४२ व उसकी धवला टीका द्रष्टव्य है।—पु० ८, पृ० ९१-९२
८. देखिए सूत्र १,९-९,२१६ व आगे २२०,२२६,२३३,२४०,२४३ (पु० ६)
९. धवला पु० ६, पृ० ४९०-९१

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१. तिरिक्खा.....तिरिक्खा.....तिरिक्खेहि[1] कालगदसमाणा कदिगदीओ गच्छंति (सूत्र १, ९-९, १०१)।

यहाँ धवलाकार द्वारा स्पष्ट किया गया है कि औपचारिक तिर्यंचों के प्रतिषेध के द्वितीय 'तिर्यंच' पद को ग्रहण किया गया है। 'तिरिक्खेहि' का अर्थ 'तिर्यंच पर्यायों से' किया गया है।

२. अधो सत्तमाए पुढवीए **णेरइया णिरयादो णेरइया** उव्वट्टिदसमाणा कदि गदीओ गच्छंति ? (सूत्र १, ९-९, २०३)।

धवला में यहाँ यद्यपि इस शब्द-पुनरावृत्ति का कुछ स्पष्टीकरण नहीं किया गया। पर आगे जाकर सूत्र २०६ में पुनः इसी प्रकार का प्रसंग प्राप्त होने पर उसका स्पष्टीकरण उन्होंने इस प्रकार किया है—

एत्थ 'छट्ठीए पुढवीए णेरइया उव्वट्टिदसमाणा कदि गदीओ आगच्छंति' त्ति वत्तव्वं, ण 'णिरयादो णेरया' त्ति, तस्स फलाभावा ? ण एस दोसो, छट्ठीए पुढवीए णेरइया णिरयादो-णिरयपज्जायादो, उव्वट्टिदसमाणा —विगदा संता, णेरइया—दव्वट्ठियणयावलंबणेण णेरइया होदूण, कदि गदीओ आगच्छंति त्ति तदुच्चारणाए फलोवलंभा (पु० ६, पृ० ४८५-८६)।

३. इसके पूर्व यहीं पर 'सम्यक्त्वोत्पत्ति' चूलिका में क्षायिक सम्यक्त्व की प्राप्ति के प्रसंग में प्राप्त सूत्र ११४ में जिन, केवली और तीर्थंकर इन तीन शब्दों का उपयोग किया गया है। इनमें जिन व केवली शब्द प्रायः समानार्थक हैं, फिर भी उनका जो पृथक्-पृथक् उपयोग किया गया है उनकी सफलता का स्पष्टीकरण धवला में कर दिया गया है।[2]

---

१. ओघयारियतिरिक्खपडिसेहट्ठं बिदियतिरिक्खगहणं। तिरिक्खेहि तिरिक्खपज्जाएहि···।
—धवला पु० ६, पृ० ४५४

२. देखिये पु० ६, पृ० २४३-४७

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मूलग्रन्थगत विषय का परिचय

प्रथम खण्ड : जीवस्थान

जैसा कि पूर्व में कहा जा चुका है, प्रस्तुत षट्खण्डागम जीवस्थान, क्षुद्रकबन्ध, बन्धस्वामित्वविचय, वेदना, वर्गणा और महाबन्ध इन छह खण्डों में विभक्त है। उनमें जो प्रथम खण्ड जीवस्थान है उसमें ये आठ अनुयोगद्वार हैं—१. सत्प्ररूपणा, २. द्रव्यप्रमाणानुगम, ३. क्षेत्रानुगम, ४. स्पर्शनानुगम, ५. कालानुगम, ६. अन्तरानुगम, ७. भावानुगम और ८. अल्पबहुत्वानुगम। इनका यहाँ क्रम से विषयपरिचय कराया जा रहा है—

१. सत्प्ररूपणा

यह पीछे 'ग्रन्थनाम' शीर्षक में स्पष्ट किया जा चुका है कि मूल ग्रन्थ में कहीं कोई खण्ड-विभाग नहीं किया गया है। प्रकृत में जो छह खण्डों का विभाग किया गया है वह धवला टीका और इन्द्रनन्दि श्रुतावतार के आधार से किया गया है।

सर्वप्रथम यहाँ **'णमो अरिहंताणं णमो सिद्धाणं'** आदि पंचनमस्कारात्मक मंगलगाथा के द्वारा—जिसे अनादि मूलमन्त्र माना जाता है—अर्हदादि पाँच परमेष्ठियों को नमस्कार किया गया है। तत्पश्चात् दूसरे सूत्र के द्वारा चौदह जीवसमासों के मार्गणार्थ—चौदह गुणस्थानों के अन्वेषणार्थ—चौदह मार्गणाओं को जान लेने योग्य कहा गया है।

जैसा कि धवला में स्पष्ट किया गया है इस सूत्र में उपर्युक्त 'जीवसमास' से यहाँ मिथ्यात्वादि चौदह गुणस्थान अभिप्रेत हैं।

सूत्र में जिन मार्गणास्थानों को ज्ञातव्य कहा गया है वे चौदह मार्गणास्थान कौन हैं, इसे आगे के सूत्र द्वारा स्पष्ट करते हुए उनके नामों का उल्लेख इस प्रकार किया गया है—गति, इन्द्रिय, काय, योग, वेद, कषाय, ज्ञान, संयम, दर्शन, लेश्या, भव्यत्व, सम्यक्त्व, संज्ञी और आहार (सूत्र ४)।

तत्पश्चात् पूर्वनिर्दिष्ट चौदह जीवसमासों की प्ररूपणा के निमित्तभूत उपर्युक्त सत्प्ररूपणादि आठ अनुयोग द्वारों को ज्ञातव्य कहा गया है (५-७)। इन भूमिका स्वरूप सात सूत्रों को सम्मिलित कर प्रकृत सत्प्ररूपणा अनुयोग द्वार में सब सूत्र १७७ हैं।

'सत्प्ररूपणा' में सत् का अर्थ अस्तित्व और प्ररूपणा का अर्थ प्रज्ञापन है। इस प्रकार इस सत्प्ररूपणा अनुयोग के आश्रय से गति-इन्द्रियादि चौदह मार्गणाओं में जीवों के अस्तित्व का परिज्ञान कराया गया है। वह प्रथमतः ओघ, अर्थात् सामान्य या मार्गणा निरपेक्ष केवल गुणस्थानों के आधार से, और तत्पश्चात् आदेश से, अर्थात् गति-इन्द्रिय आदि मार्गणाओं की विशेषता के साथ कराया गया है। ओघ से जैसे—मिथ्यादृष्टि है, सासादन सम्यग्दृष्टि है,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सम्यग्मिथ्यादृष्टि है, इत्यादिक विशेष रूप से यहाँ अपूर्वकरणप्रविष्टशुद्धिसंयतों, अनिवृत्ति-बादर-साम्परायिकप्रविष्टशुद्धिसंयतों और सूक्ष्मसाम्परायिकप्रविष्टशुद्धिसंयतों इन तीन (८, ९, १०) गुणस्थानों में उपशम श्रेणि की अपेक्षा उपशमकों के और क्षपकश्रेणि की अपेक्षा क्षपकों के भी अस्तित्व को प्रकट किया गया है। (८-२२)।

इस प्रकार सामान्य से चौदह गुणस्थानवर्ती जीवों के अस्तित्व को दिखाकर तत्पश्चात् गुणस्थानातीत सिद्धों के भी अस्तित्व को प्रकट किया गया है (२३)।

१. **गतिमार्गणा**—ओघप्ररूपणा के पश्चात् आदेश प्ररूपणा को प्रारम्भ करते हुए चौदह मार्गणाओं में प्रथम गति मार्गणा का आश्रय लेकर उसके ये पाँच भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—नरकगति, तिर्यंचगति, मनुष्यगति, देवगति और सिद्धगति। इनमें से नारकियों के मिथ्यादृष्टि आदि चार, तिर्यंचों के मिथ्यादृष्टि आदि पाँच, मनुष्यों के मिथ्यादृष्टि आदि चौदहों और देवों के मिथ्यादृष्टि आदि चार गुणस्थानों के अस्तित्व को प्रकट किया गया है (२४-२८)।

इस प्रसंग में आगे कुछ विशेषता प्रकट करते हुए एकेन्द्रियों से लेकर असंज्ञी पंचेन्द्रिय पर्यन्त तिर्यंचों को शुद्ध तिर्यंच और संज्ञी मिथ्यादृष्टि से लेकर संयतासंयत पर्यन्त मिश्र कहा गया है। इसका अभिप्राय यह है कि एकेन्द्रियादि असंज्ञी पर्यन्त सब जीव एकमात्र तिर्यंचगति में होते हैं, इसीलिए उन्हें शुद्ध तिर्यंच कहा गया है। पर आगे के वे संज्ञी पंचेन्द्रियादि संयतासंयत पर्यन्त प्रथम चार गुणस्थानों की अपेक्षा शेष तीन गतियों के जीवों से तथा संयतासंयत गुणस्थानवर्ती वे इस गुणस्थान की अपेक्षा मनुष्यों से समानता रखते हैं, इसीलिए उन्हें मिश्र कहा गया है। यही अभिप्राय आगे मिश्र और शुद्ध मनुष्यों के कहने में भी समझना चाहिए (२९-३२)।

२. **इन्द्रिय**—दूसरी इन्द्रिय मार्गणा के प्रसंग में प्रथमतः एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, पंचेन्द्रिय और अनिन्द्रिय (इन्द्रियातीत सिद्ध) इन इन्द्रियों की अपेक्षा पाँच जीव-भेदों का उल्लेख करके तत्पश्चात् पंचेन्द्रिय पर्यन्त उन एकेन्द्रियादि जीवों के यथाक्रम से भेद-प्रभेदों का निर्देश किया गया है (३३-३५)। आगे उनमें सम्भव गुणस्थानों का उल्लेख करते हुए एकेन्द्रिय से लेकर असंज्ञी पर्यन्त सब के एक मिथ्यादृष्टि गुणस्थान के अस्तित्व को प्रकट किया गया है। आगे के सूत्र में असंज्ञी पंचेन्द्रिय से लेकर अयोगिकेवली पर्यन्त सब ही जीव पंचेन्द्रिय होते हैं, यह कहा गया है, जिसका अभिप्राय यह है कि संज्ञी पंचेन्द्रियों में चौदहों गुण-स्थान सम्भव हैं (३६-३७)। तत्पश्चात् वहाँ यह भी स्पष्ट कर दिया है कि उक्त एकेन्द्रियादि पंचेन्द्रिय जीवों से परे सब जीव अनिन्द्रिय—एकेन्द्रियादि जातिभेद से रहित कर्म-कलंकातीत (सिद्ध) होते हैं (३८)।

३. **काय**—तीसरी कायमार्गणा के प्रसंग में पृथिवीकायिक, अप्कायिक, तेजकायिक, वायु-कायिक, वनस्पतिकायिक, त्रसकायिक और अकायिक जीवों के अस्तित्व को दिखाकर आगे उनके भेद-प्रभेदों को प्रकट किया गया है। अनन्तर पृथिवीकायिकादि पाँच स्थावर जीवों में एकमात्र मिथ्यादृष्टि गुणस्थान के सद्भाव को बतलाकर द्वीन्द्रिय से लेकर अयोगिकेवली पर्यन्त सब जीव त्रसकायिक होते हैं, यह अभिप्राय व्यक्त किया गया है। बादर एकेन्द्रिय से लेकर अयोगिकेवली पर्यन्त सब जीव बादर होते हैं। इन स्थावर और त्रस जीवों से परे अकायिक शरीर से रहित हुए सिद्ध होते हैं (३९-४६)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४. **योगमार्गणा**—यह चौथी मार्गणा है। इसके प्रसंग में प्रथमतः मनोयोगी, वचनयोगी व काययोगी इन तीन सयोगियों और तत्पश्चात् अयोगियों के अस्तित्व को प्रकट करके आगे मनोयोग के ये चार भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—सत्य मनोयोग, मृषा मनोयोग, सत्य-मृषा मनोयोग और असत्य-मृषा मनोयोग। आगे इसमें कौन मनोयोग किस गुणस्थान तक होता है, इसे स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि सामान्य से मनोयोग, सत्य मनोयोग और असत्य-मृषा मनोयोग संज्ञी मिथ्यादृष्टि से लेकर सयोगिकेवली पर्यन्त तथा मृषा मनोयोग और सत्य-मृषा मनोयोग संज्ञी मिथ्यादृष्टि से लेकर क्षीणकषाय-वीतराग-छद्मस्थ तक होते हैं (४७-५१)।

यहाँ क्षीणकषाय गुणस्थान तक जो मृषा मनोयोग और सत्य-मृषा मनयोग का सद्भाव बतलाया गया है वह विपर्यय और अनध्यवसाय रूप अज्ञान के कारण मन के सद्भाव के कारण बतलाया गया है।[1]

मनोयोग के समान वचनयोग भी चार प्रकार का है—सत्य वचनयोग, मृषा वचनयोग, सत्य-मृषा वचनयोग और असत्य-मृषा वचनयोग। इनमें सामान्य वचनयोग और असत्य-मृषा वचनयोग द्वीन्द्रिय से लेकर सयोगिकेवली तक, सत्य वचनयोग संज्ञी मिथ्यादृष्टि से लेकर सयोगिकेवली तक तथा मृषा वचनयोग और सत्यमृषा वचनयोग संज्ञी मिथ्यादृष्टि से लेकर क्षीणकषाय-वीतराग-छद्मस्थ तक होते हैं (५२-५५)।

मृषा और सत्यमृषा वचनयोगों का सद्भाव जो क्षीणकषाय गुणस्थान तक निर्दिष्ट किया गया है वह असत्य वचनयोग के कारणभूत अज्ञान के विद्यमान रहने के कारण निर्दिष्ट किया गया है।[2]

काययोग औदारिक, औदारिकमिश्र, वैक्रियिक, वैक्रियिकमिश्र, आहारक, आहारकमिश्र और कार्मण के भेद से सात प्रकार का है। इनमें औदारिक और औदारिकमिश्र काययोग तिर्यंच व मनुष्यों के, वैक्रियिक और वैक्रियिकमिश्र काययोग देवों व नारकियों के, आहारक और आहारकमिश्र काययोग ऋद्धिप्राप्त संयतों के तथा कार्मण काययोग विग्रहगति में वर्तमान जीवों के और समुद्घातगत केवलियों के होता है (५६-६०)।

उपर्युक्त सात काययोगों में सामान्य काययोग के साथ औदारिक और औदारिकमिश्र ये दो काययोग एकेन्द्रिय से लेकर सयोगिकेवली तक, वैक्रियिक व वैक्रियिकमिश्र ये दो संज्ञी मिथ्यादृष्टि से लेकर असंयत सम्यग्दृष्टि गुणस्थान तक, आहारक व आहारकमिश्र ये दो काययोग एकमात्र प्रमत्तसंयत गुणस्थान में, और कार्मण काययोग एकेन्द्रिय से लेकर सयोगिकेवली गुणस्थान तक होता है। यह सामान्य कथन है। विशेष रूप में इसका अभिप्राय यह समझना चाहिए कि जिन संयतासंयत और संयत गुणस्थानों में अपर्याप्तता सम्भव नहीं है वहाँ कार्मण काययोग नहीं होता। इसी प्रकार समुद्घात को छोड़कर पर्याप्तों के वह नहीं होता (६१-६४)।

संज्ञी मिथ्यादृष्टि से लेकर सयोगिकेवली तक मन, वचन व काय तीनों योग होते हैं। वचनयोग व काययोग द्वीन्द्रिय से लेकर असंज्ञी पंचेन्द्रिय तक होते हैं। काययोग एकेन्द्रिय जीवों के होता है। मनोयोग और वचनयोग पर्याप्तक जीवों के होते हैं, अपर्याप्तकों के वे नहीं

---

१. देखिए सूत्र १,१,५१ की टीका, धवला पु० १, पृ० २८५-८६

२. सूत्र १,१,५५ की टीका, धवला पु० १, पृ० २८६

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

होते । किन्तु काययोग पर्याप्तकों के भी होता है और अपर्याप्तकों के भी होता है (६४-६९)।

प्रसंग पाकर यहाँ यह स्पष्ट किया गया है कि छह पर्याप्तियाँ और छह अपर्याप्तियाँ संज्ञी मिथ्यादृष्टि से लेकर असंयतसम्यग्दृष्टि तक, पाँच पर्याप्तियाँ व पाँच अपर्याप्तियाँ द्वीन्द्रिय से लेकर असंज्ञी पंचेन्द्रिय तक और चार पर्याप्तियाँ व चार अपर्याप्तियाँ एकेन्द्रिय जीवों के होती हैं (७०-७५)।

उपर्युक्त औदारिकादि सात काययोगों में कौन पर्याप्त जीवों के और कौन अपर्याप्त जीवों के होते हैं, इसका भी यहाँ विचार किया गया है (७६-७८)। तत्पश्चात् क्रम से चारों गतियों में पर्याप्त-अपर्याप्त जीवों के जो गुणस्थान सम्भव हैं और जो सम्भव नहीं हैं उनके सद्भाव-असद्भाव को प्रकट किया गया है (७९-१००)।

५. वेद—इस मार्गणा के प्रसंग में स्त्रीवेदी, पुरुषवेदी, नपुसकवेदी और अपगतवेदी जीवों के अस्तित्व को प्रकट करते हुए यह कहा गया है कि इनमें स्त्रीवेदी और पुरुषवेदी असंज्ञी मिथ्यादृष्टि से लेकर अनिवृत्तिकरण गुणस्थान तक तथा नपुंसकवेदी एकेन्द्रिय से लेकर अनिवृत्तिकरण गुणस्थान तक होते हैं। इसके आगे सब जीव अपगतवेद (वेद से रहित) होते हैं। आगे इस प्रसंग में यहाँ क्रम से नरकादि चारों गतियों में किस वेदवाले कहाँ तक होते हैं, इसका भी विचार किया गया है (१०१-१०)।

६. कषाय— कषायमार्गणा में क्रोधकषायी, मानकषायी, मायाकषायी, लोभकषायी और अकषायी जीवों के अस्तित्व को दिखाकर उनमें कौन किस गुणस्थान तक होते हैं इसे स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि क्रोधकषायी, मानकषायी और मायाकषायी ये एकेन्द्रिय से लेकर अनिवृत्तिकरण गुणस्थान तक, लोभकषायी एकेन्द्रिय से लेकर सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थान तक तथा अकषायी जीव उपशान्तकषाय, क्षीणकषाय, सयोगिकेवली और अयोगिकेवली इन चार गुणस्थानों में होते हैं (१११-१४)।

७. ज्ञान— ज्ञानमार्गणा की प्ररूपणा में मतिअज्ञानी, श्रुतअज्ञानी और विभगज्ञानी इन तीन अज्ञानियों के साथ आभिनिबोधिक ज्ञानी आदि पाँच सम्यग्ज्ञानियों के अस्तित्व को दिखलाकर उनमें यथा सम्भव गुणस्थानों के सद्भाव को प्रकट किया गया है। सम्यग्मिथ्यादृष्टि गुणस्थान में आभिनिबोधिक आदि तीन सम्यग्ज्ञानों को मतिअज्ञान आदि तीन अज्ञानों से मिश्रित कहा गया है (११५-२२)।

८. संयम—इस मार्गणा के प्रसंग में सामायिक-शुद्धिसंयत, छेदोपस्थापना-शुद्धिसंयत, परिहारविशुद्धिसंयत, सूक्ष्मसाम्परायिक-शुद्धिसंयत व यथाख्यातविहार-शुद्धिसंयत इन पाँच संयतों के साथ संयतासंयत और असंयत जीवों के अस्तित्व को प्रकट करके उनमें कहाँ कितने गुणस्थान सम्भव हैं; इसे स्पष्ट किया गया है (१२३-३०)।

यहाँ धवला में यह शंका की गई है कि संयम के प्रसंग में असंयतों और संयतासंयतों का ग्रहण नहीं होना चाहिए। इसके समाधान में वहाँ यह स्पष्ट किया गया है कि जिस प्रकार आम्रवृक्षों की प्रधानता से 'आम्रवन' के नाम से प्रसिद्ध वन के भीतर अवस्थित नीम आदि अन्य वृक्षों का भी 'आम्रवन' यह नाम देखा जाता है उसी प्रकार संयम की प्रधानता से इस संयममार्गणा में असंयतों और संयतों का ग्रहण विरुद्ध नहीं है। अन्यथा, आम्रवन में अवस्थित नीम आदि अन्य वृक्षों से व्यभिचार का प्रसंग प्राप्त होता है।

९. दर्शन—इस मार्गणा के प्रसंग में चक्षुदर्शनी, अचक्षुदर्शनी, अवधिदर्शनी और केवल-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दर्शनी जीवों के अस्तित्व को प्रकट करके उनमें सम्भव गुणस्थानों का उल्लेख है (१३१-३५)।

१०. लेश्या—इस मार्गणा की प्ररूपणा करते हुए कृष्णलेश्या, नीललेश्या, कापोतलेश्या, पीतलेश्या, पद्मलेश्या और शुक्ललेश्या इन लेश्यावाले जीवों के साथ उस लेश्या से रहित हुए अलेश्य (सिद्ध) जीवों के भी अस्तित्व को व्यक्त करके उनमें किसके कितने गुणस्थान सम्भव हैं; इसका विचार किया गया है (१३६-४०)।

११. भव्य—यहाँ भव्यसिद्धिक और अभव्यसिद्धिक जीवों के अस्तित्व को दिखाकर आगे उनका गुणस्थानविषयक विचार करते हुए कहा गया है कि भव्यसिद्धिक जीव एकेन्द्रिय से लेकर अयोगिकेवली तक और अभव्यसिद्धिक एकेन्द्रिय से लेकर संज्ञी मिथ्यादृष्टि तक होते हैं (१४१-४३)।

१२. सम्यक्त्व—इस मार्गणा के प्रसंग में सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि, वेदकसम्यग्दृष्टि, उपशमसम्यग्दृष्टि, सासादनसम्यग्दृष्टि, सम्यग्मिथ्यादृष्टि और मिथ्यादृष्टि इनके अस्तित्व को दिखाकर उनमें कौन किस गुणस्थान तक सम्भव हैं; इसे स्पष्ट किया गया है (१४४-५०)।

आगे क्रम से चारों गतियों के जीवों में कौन किस-किस सम्यग्दर्शन से रहित होते हुए किस गुणस्थान तक सम्भव हैं, इसका विशेष विचार किया गया है। जैसे—नारकियों में मिथ्यादृष्टि, सासादनसम्यग्दृष्टि, सम्यग्मिथ्यादृष्टि और असंयतसम्यग्दृष्टि इन चार गुणस्थान वाले होते हैं। उनमें असंयतसम्यग्दृष्टि गुणस्थानवर्ती क्षायिक सम्यग्दृष्टि प्रथम पृथिवी में ही सम्भव हैं, द्वितीयादि शेष पृथिवियों में वे संभव नहीं हैं। शेष पृथिवियों में वे वेदकसम्यग्दृष्टि और उपशमसम्यग्दृष्टि ही होते हैं (१५१-५५)। इसी प्रकार से आगे तिर्यंचों, मनुष्यों और देवों में सम्यग्दर्शन भेदों के साथ यथासम्भव गुणस्थानों के सद्भाव को प्रकट किया गया है (१५६-७१)।

१३. संज्ञी—इस मार्गणा में संज्ञी और असंज्ञी जीवों के अस्तित्व को दिखाकर आगे यह स्पष्ट कर दिया है कि उनमें संज्ञी जीव मिथ्यादृष्टि गुणस्थान से लेकर क्षीणकषाय गुणस्थान तक होते हैं। असंज्ञी जीव एकेन्द्रिय से लेकर असंज्ञी पंचेन्द्रिय तक होते हैं (१७२-७४)।

१४. आहार—इस मर्गणा के प्रसंग में आहारक-अनाहारक जीवों के अस्तित्व को प्रकट करते हुए आहारक जीवों का सद्भाव एकेन्द्रिय से लेकर सयोगिकेवली तक बतलाया गया है। अनाहारक जीव विग्रहगति में वर्तमान जीव, समुद्घातकेवली, अयोगिकेवली और सिद्ध इन चार स्थानों में सम्भव हैं (१७५-७७)।

इस प्रकार आचार्य पुष्पदन्त विरचित यह सत्प्ररूपणा अनुयोगद्वार १७७ सूत्रों में समाप्त हुआ है। वह धवला टीका के साथ षट्खण्डागम की १६ जिल्दों में से प्रथम व द्वितीय इन दो जिल्दों में प्रकाशित हुआ है। दूसरी जिल्द में सूत्र कोई नहीं है, वहाँ धवलाकार द्वारा उपर्युक्त १७७ सूत्रों से सूचित गुणस्थान व जीवसमास आदि रूप बीस प्ररूपणाओं को विशद किया गया है।

२. द्रव्यप्रमाणानुगम

'द्रव्य' से यहाँ छह द्रव्यों में जीवद्रव्य विवक्षित है। उसके प्रमाण (संख्या) का अनुगम (बोध) कराना, यह इस अनुयोद्वार का प्रयोजन रहा है। इस द्रव्य प्रमाण की प्ररूपणा के यहाँ

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दो प्रकार रहे हैं—ओघ और आदेश। इन दोनों का अभिप्राय ऊपर 'सत्प्ररूपणा' के प्रसंग में प्रकट किया जा चुका है।[1]

उनमें प्रथमतः ओघ की अपेक्षा द्रव्यप्रमाण की प्ररूपणा करते हुए क्रम से मिथ्यादृष्टि आदि चौदह गुणस्थानवर्ती जीवों के प्रमाण का विचार किया गया है। यथा—मिथ्यादृष्टि जीव द्रव्यप्रमाण की अपेक्षा कितने हैं ऐसा प्रश्न उठाते हुए उत्तर में कहा गया है कि वे अनन्त हैं। काल की अपेक्षा वे अनन्तानन्त अवसर्पिणी व उत्सर्पिणियों से अपहृत नहीं होते। क्षेत्र की अपेक्षा वे अनन्तानन्त लोक प्रमाण हैं। द्रव्य, काल और क्षेत्र इन तीनों प्रमाणों का जान लेना; यही भावप्रमाण है (सूत्र २-५)।

ऊपर काल की अपेक्षा मिथ्यादृष्टि जीवों के प्रमाण की प्ररूपणा में जो यह कहा गया है कि वे अनन्तानन्त अवसर्पिणी-उत्सर्पिणियों से अपहृत नहीं होते, उसका अभिप्राय यह है कि एक ओर अनन्तानन्त अवसर्पिणी-उत्सर्पिणियों के समयों को रक्खे और दूसरी ओर मिथ्यादृष्टि जीवराशि को रक्खे, पश्चात् उस काल के समयों में से एक समय को और उस जीवराशि में से एक जीव को अपहृत करे, इस प्रकार से उत्तरोत्तर अपहृत करने पर सब समय तो समाप्त हो जाते हैं, पर मिथ्यादृष्टि जीवराशि समाप्त नहीं होती।

इसी प्रकार क्षेत्र की अपेक्षा जो उन्हें अनन्तानन्त लोक प्रमाण कहा गया है उसका भी अभिप्राय यह है कि लोकाकाश के एक-एक प्रदेश पर एक-एक मिथ्यादृष्टि जीव को रखने पर एक लोक होता है, ऐसी मन से कल्पना करे। इस प्रक्रिया के बार-बार करने पर मिथ्यादृष्टि जीवराशि अनन्तानन्त लोकप्रमाण होती है।

आगे सासादनसम्यग्दृष्टि आदि संयतासंयत पर्यन्त चार गुणस्थानवर्ती जीवों के द्रव्य-प्रमाण की प्ररूपणा में कहा गया है कि उनमें से प्रत्येक का द्रव्यप्रमाण पल्योपम के असंख्यातवें भाग है। इनमें से प्रत्येक के प्रमाण की अपेक्षा अन्तर्मुहूर्त से पल्योपम अपहृत होता है। इनके प्रमाण की प्ररूपणा यहाँ काल और क्षेत्र की अपेक्षा नहीं की गई है, क्योंकि प्रकृत में उनकी सम्भावना नहीं रही (सूत्र ६)।

इनके पृथक्-पृथक् प्रमाण का स्पष्टीकरण धवला में विस्तार से किया गया है।[2]

आगे प्रमत्तसंयतों का द्रव्यप्रमाण कोटिपृथक्त्व और अप्रमत्तसंयतों का वह संख्यात निर्दिष्ट किया गया है (७-८)।

गतिमार्गणा के अनुसार नाना जीवों की अपेक्षा अन्तरानुगम से नरकगति में नारकियों का अन्तर कितने काल होता है, इस प्रश्न को उठाते हुए उसके उत्तर में कहा गया है कि उनका अन्तर नहीं होता, वे निरन्तर हैं—सदाकाल विद्यमान रहते हैं। इसी प्रकार सातों पृथिवियों में नारकी जीवों का अन्तर नहीं होता—वे सदा विद्यमान रहते हैं (१-४)।

तिर्यंचगति में पाँचों प्रकार के तिर्यंच और मनुष्यगति में सामान्य मनुष्य, मनुष्य पर्याप्त

---

१. धवला पु०७, पृ० ३६६-७०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

और मनुष्यणी ये जीवराशियाँ भी निरन्तर हैं, उनका कभी अभाव नहीं होता। मनुष्य अपर्याप्तों का अन्तर जघन्य से एक समय और उत्कर्ष से पल्योपम के असंख्यातवें भाग मात्रकाल तक होता है (५-१०)।

देवगति में सामान्य देवों का और उन्हीं के समान भवनवासियों से लेकर सर्वार्थसिद्धि विमानवासी तक किन्हीं देवविशेषों का भी अन्तर नहीं होता, वे सब ही निरन्तर हैं (११-१४)।

इसी पद्धति से आगे इन्द्रिय व काय आदि अन्य मार्गणाओं में भी यथाक्रम से उस अन्तर की प्ररूपणा की गई है। यहाँ सब सूत्र ६८ हैं।

यहाँ यह विशेष ज्ञातव्य है कि पीछे 'नाना जीवों की अपेक्षा भंगविचय' अनुयोगद्वार में जिन आठ सान्तर मार्गणाओं का निर्देश किया गया है उनमें जहाँ जितना अन्तर सम्भव है उसके प्रमाण को यहाँ प्रकट किया गया है। जैसे—

१. मनुष्य अपर्याप्तों का अन्तर जघन्य से एक समय और उत्कर्ष से पल्योपम के असंख्यातवें भाग मात्रकाल तक होता है (सूत्र ८-१०)।

२. वैक्रियिक मिश्रकाययोगियों का अन्तर जघन्य से एक समय और उत्कर्ष से बारह मुहूर्त तक होता है (२४-२६)।

३-४. आहारककाययोगियों और आहारकमिश्रकाययोगियों का अन्तर जघन्य से एक समय और उत्कर्ष से वर्षपृथक्त्व काल तक होता है (२७-२९)।

५. सूक्ष्मसाम्परायिक शुद्धिसंयतों का अन्तर जघन्य से एक समय और उत्कर्ष से छह मास तक होता है (४२-४४।

६. उपशमसम्यग्दृष्टियों का अन्तर जघन्य से एक समय और उत्कर्ष से सात रात-दिन होता है (५७-५९)।

७-८. सासादनसम्यग्दृष्टियों और सम्यग्मिथ्यादृष्टियों का अन्तर जघन्य से एक समय और उत्कर्ष से पल्योपम के असंख्यातवें भाग मात्रकाल तक होता है (६०-६२)।

१०. भागाभागानुगम

'भागाभाग' में भाग से अभिप्राय अनन्तवें भाग, असंख्यातवें भाग और संख्यातवें भाग का है तथा अभाग से अभिप्राय अनन्तबहुभाग, असंख्यातबहुभाग और संख्यातबहुभाग का रहा है। तदनुसार इस अनुयोगद्वार में गति-इन्द्रिय आदि चौदह मार्गणाओं में वर्तमान नारकी आदि जीवों में विवक्षित जीव अन्य सब जीवों के कितनेवें भाग प्रमाण हैं, इसका यथाक्रम से विचार किया गया है। जैसे—

गतिमार्गणा के अनुसार नरकगति में नारकी जीव सब जीवों के कितनेवें भाग प्रमाण हैं, इस प्रश्न को उठाते हुए स्पष्ट किया गया है कि वे सब जीवों के अनन्तवें भाग प्रमाण हैं। इसी प्रकार पृथक्-पृथक् सातों पृथिवियों में स्थित नारकी सब जीवों के अनन्तवें भाग प्रमाण ही हैं (१-३)।

तिर्यंचगति में सामान्य से तिर्यंच जीव सब जीवों के अनन्तबहुभाग प्रमाण हैं। वहाँ पंचेन्द्रिय तिर्यंच आदि अन्य चार प्रकार के तिर्यंच तथा मनुष्यगति में मनुष्य, मनुष्य पर्याप्त,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मनुष्यणी और मनुष्य अपर्याप्त ये सब पृथक्-पृथक् सब जीवों के अनन्तवें भाग प्रमाण हैं (४-७)।

देवगति में सामान्य से देव और विशेष रूप से भवनवासियों को आदि लेकर सर्वार्थसिद्धि विमानवासी देवों तक सब ही पृथक्-पृथक् सब जीवों के अनन्तवें भाग प्रमाण हैं (८-१०)।

इसी पद्धति से आगे इन्द्रियादि अन्य मार्गणाओं के आश्रय से प्रस्तुत भागाभाग का विचार किया गया है। यहाँ सब सूत्र ८८ हैं।

११. अल्पबहुत्वानुगम

इस अन्तिम अनुयोगद्वार में गति-इन्द्रिय आदि उन चौदह मार्गणाओं में वर्तमान जीवों के प्रमाणविषयक हीनाधिकता का विचार किया गया है। यहाँ गतिमार्गणा के प्रसंग में सर्व-प्रथम पाँच गतियों की सूचना करते हुए उनमें इस प्रकार अल्पबहुत्व प्रकट किया गया है—

मनुष्य सबसे स्तोक हैं, नारकी उनसे असंख्यातगुणे हैं, देव असंख्यातगुणे हैं, सिद्ध अनन्त-गुणे हैं, और तिर्यंच उनसे अनन्तगुणे हैं (१-६)।

आगे प्रकारान्तर से आठ गतियों की सूचना करते हुए उनमें इस प्रकार से अल्पबहुत्व का निर्देश किया गया है—

मनुष्यणी सबसे स्तोक हैं, मनुष्य उनसे असंख्यातगुणे हैं, नारकी असंख्यातगुणे हैं, पंचेन्द्रिय तिर्यंच योनिमती असंख्यातगुणी हैं, देव संख्यातगुणे हैं, देवियाँ संख्यातगुणी हैं, सिद्ध अनन्तगुणे हैं, और उनसे तिर्यंच अनन्तगुणे हैं (७-१५)।

दूसरी इन्द्रियमार्गणा में जीवों के अल्पबहुत्व को इस प्रकार प्रकट किया गया है— इन्द्रियमार्गणा के अनुसार पंचेन्द्रिय सबसे स्तोक हैं, चतुरिन्द्रिय उनसे विशेष अधिक हैं, त्रीन्द्रिय विशेष अधिक हैं, द्वीन्द्रिय विशेष अधिक हैं, अनिन्द्रिय अनन्तगुणे हैं, और उनसे एकेन्द्रिय अनन्त-गुणे हैं (१६-२१)।

इस इन्द्रियमार्गणा में पर्याप्त-अपर्याप्तों का भेद करके प्रकारान्तर से पुनः उस अल्पबहुत्व की प्ररूपणा की गई है (२२-३७)।

इसी पद्धति से आगे क्रम से कायमार्गणा आदि अन्य मार्गणाओं में प्रस्तुत अल्पबहुत्व की प्ररूपणा की गई है। यहाँ सब सूत्र २०५ हैं।

जैसा कि ऊपर गति और इन्द्रिय मार्गणा में देख चुके हैं, कुछ अन्य मार्गणाओं में भी अनेक प्रकार से उस अल्पबहुत्व की प्ररूपणा की गई है। जैसे—

कायमार्गणा में चार प्रकार से (३८-४४, ४५-५९, ६०-७५ व ७६-१०६); योगमार्गणा में दो प्रकार से (१०७-१० व १११-२९); वेदमार्गणा में दो प्रकार से (१३०-३३ व १३४-४४); संयममार्गणा में संयतों के अल्पबहुत्व को दिखाकर (१५६-६७) आगे संयतभेदों में चारित्रलब्धिविषयक अल्पबहुत्व को भी प्रकट किया गया है (१६८-१७४); सम्यक्त्वमार्गणा में उस अल्पबहुत्व को दो प्रकार से प्रकट किया गया है (१८९-९२ व १९३-९९)।

यहाँ कायमार्गणा के अन्तर्गत जिस अल्पबहुत्व की चार प्रकार से प्ररूपणा की गई है उसमें सूत्र ५८-५९, ७४-७५, व १०५-६ में निगोद जीवों को वनस्पतिकायिकों से विशेष अधिक कहा गया है। साधारणतः निगोदजीव वनस्पतिकायिकों के ही अन्तर्गत माने गये हैं, उनसे भिन्न निगोदजीव नहीं माने गये। पर इस अल्पबहुत्व से उनकी वनस्पतिकायिकों से

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भिन्नता सिद्ध होती है। इस विषय में धवलाकार द्वारा जो अनेक शंका-समाधानपूर्वक स्पष्टीकरण किया गया है[1] उसका उल्लेख आगे के प्रसंग में किया जाएगा।

महादण्डक चूलिका

उक्त अल्पबहुत्व की प्ररूपणा के अनन्तर सूत्रकार ने "आगे सब जीवों में महादण्डक करने योग्य है" ऐसा निर्देश करते हुए समस्त जीवों में मार्गणाक्रम से रहित उस अल्पबहुत्व की प्ररूपणा की है[2] इसे धवलाकार ने चूलिका कहा है। यथा—

मनुष्य पर्याप्त गर्भोपक्रान्तिक सबसे स्तोक हैं, मनुष्यणी उनसे संख्यातगुणी हैं, सर्वार्थसिद्धिविमानवासी देव उनसे संख्यातगुणे हैं, बादर तेजस्कायिक पर्याप्त उनसे असंख्यातगुणे हैं, इत्यादि। यहाँ सब सूत्र ७६ हैं।

इस प्रकार सूत्रकार द्वारा निर्दिष्ट 'एक जीव की अपेक्षा स्वामित्व' आदि उन ग्यारह अनुयोगद्वारों में पूर्वप्ररूपित बन्धकसत्त्वप्ररूपणा और इस महादण्डक को सम्मिलित करने पर १३ अधिकार होते हैं। इस प्रकार यह क्षुद्रकबन्ध खण्ड उपर्युक्त १३ अधिकारों में समाप्त हुआ है। इसमें समस्त सूत्रसंख्या ४३ + ६१ + २१६ + १५१ + २३ + १७१ + १२४ + २७४ + ५५ + ६८ + ८८ + २०६ + ७६ = १५८६ है। यह दूसरा खण्ड एक ही ७वीं जिल्द में प्रकाशित हुआ है।

तृतीय खण्ड : बन्ध-स्वामित्वविचय

यह प्रस्तुत षट्खण्डागम का तीसरा खण्ड है। इसमें समस्त सूत्र ३२४ हैं। जैसा कि इस खण्ड का नाम है, तदनुसार उसमें बन्धक के स्वामियों का विचार किया गया है। सर्वप्रथम यहाँ वह बन्धस्वामित्वविचय की प्ररूपणा ओघ और आदेश के भेद से दो प्रकार की है, ऐसी सूचना की गई है। तत्पश्चात् ओघ से की जानेवाली उस बन्धस्वामित्वविषयक प्ररूपणा में ये चौदह जीवसमास (गुणस्थान) ज्ञातव्य हैं, ऐसा कहते हुए आगे उन चौदह गुणस्थानों का नाम निर्देश किया गया है। तदनन्तर इन चौदह जीवसमासों के आश्रय से प्रकृतियों के बन्धव्युच्छेद (बन्धव्युच्छित्ति) की प्ररूपणा की जाती है, ऐसी प्रतिज्ञा की गई है (सूत्र १-४)।

ओघप्ररूपणा

कृत प्रतिज्ञा के अनुसार आगे ओघ की अपेक्षा उस बन्धव्युच्छित्ति की प्ररूपणा करते हुए ज्ञानावरणीय आदि के क्रम से उनके साथ विवक्षित गुणस्थान में बन्ध से व्युच्छिन्न होनेवाली अन्य कर्म प्रकृतियों को भी यथाक्रम से सम्मिलित करके प्रश्नोत्तरपूर्वक उन बन्धक-अबन्धकों की प्ररूपणा की गई है। जैसे—

पाँच ज्ञानावरणीय, चार दर्शनावरणीय, यशःकीर्ति, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय इन

---

१. देखिए धवला पु० ७, पृ० ५३६-४१

२. खुद्दाबंधस्स एक्कारसअणियोगद्दारणिबद्धस्स चूलियं काऊण महादंडओ वुच्चदे।— धवला पु० ७, पृ० ५७५

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१६ कर्मप्रकृतियों का कौन बन्धक है और कौन अबन्धक है, इस प्रश्न के साथ उसे स्पष्ट करते हुए यह कहा गया है कि मिथ्यादृष्टि से लेकर सूक्ष्मसाम्परायिकशुद्धि-संयतों में उपशमक और क्षपक तक बन्धक हैं, सूक्ष्म साम्परायिक शुद्धिकाल के अन्तिम समय में जाकर उनके बन्ध का व्युच्छेद होता है। ये बन्धक हैं, शेष अबन्धक हैं (५-६)।

इन सूत्रों की व्याख्या करते हुए धवलाकार ने उन्हें देशामर्शक कहकर उनसे सूचित अर्थ की प्ररूपणा में पृच्छास्वरूप ५वें सूत्र की व्याख्या में क्या बन्धपूर्व में व्युच्छिन्न होता है, क्या उदय पूर्व में व्युच्छिन्न होता है; क्या दोनों साथ ही व्युच्छिन्न होते हैं; इनका क्या अपने उदय के साथ बन्ध होता है, इत्यादि रूप से सूत्रगत एक ही पृच्छा में निलीन २३ पृच्छाओं को उद्भावित किया है तथा उनमें से कुछ विषम पृच्छाओं का समाधान भी किया है।[1]

इनका स्पष्टीकरण आगे 'धवलागत विषय परिचय' के प्रसंग में किया गया है।

अगले सूत्र (६) की व्याख्या में उन्होंने उपर्युक्त २३ पृच्छाओं को उठाकर सूत्र में निर्दिष्ट उन पाँच ज्ञानावरणीय आदि प्रकृतियों के साथ अन्य कर्मप्रकृतियों के विषय में भी प्रस्तुत प्ररूपणा विस्तार से की है।[2] यहाँ धवला में इस प्रसंग से सम्बद्ध अनेक प्राचीन आर्ष गाथाओं को उद्धृत करते हुए उनके आधार से यह प्रासंगिक विवेचन विस्तार से किया गया है। इस विषय में विशेष प्रकाश आगे धवला के प्रसंग में डाला जाएगा।

इसी पद्धति से आगे दर्शनावरण के अन्तर्गत निद्रानिद्रा, प्रचलाप्रचला व स्त्यानगृद्धि तथा अन्य अनन्तानुबन्धी आदि प्रकृतियों के बन्धक-अबन्धकों का विचार करते हुए इस ओघाश्रित प्ररूपणा को समाप्त किया गया है (७-३८)।

यहाँ प्रसंग पाकर आगे तीर्थंकर प्रकृति के बन्ध के कारणभूत दर्शनविशुद्धि आदि १६ कारणों का भी उल्लेख किया गया है। साथ ही उसके प्रभाव से प्राप्त होनेवाली लोकपूज्यता आदि रूप विशेष महिमा को भी प्रकट किया गया है (३९-४३)।

उन १६ कारणों का विवेचन धवला में विस्तार से किया गया है।[3]

आदेशप्ररूपणा

ओघप्ररूपणा के समान वह बन्धक-अबन्धकों की प्ररूपणा आगे आदेश की अपेक्षा यथाक्रम से गति-इन्द्रिय आदि चौदह मार्गणाओं में की गई है (४३-३२४)। इस प्रकार यह तीसरा खण्ड ३२४ सूत्रों में समाप्त हुआ है। वह उन १६ जिल्दों में से ८वीं जिल्द में प्रकाशित हुआ है।

चतुर्थ खण्ड : वेदना

पूर्वनिर्दिष्ट महाकर्म प्रकृतिप्राभृत के कृति-वेदनादि २४ अनुयोगद्वारों में से प्रारम्भ के कृति और वेदना ये दो अनुयोगद्वार इस 'वेदना' खण्ड के अन्तर्गत हैं। कृति अनुयोगद्वार से

---

१. धवला पु० ८, पृ० ७-१३
२. वही, पृ० १३-३०
३. वही, पु० ८, पृ० ७९-९१

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वेदना अनुयोगद्वार के अत्यधिक विस्तृत होने के कारण यह खण्ड 'वेदना' नाम से प्रसिद्ध हुआ है।

१. कृति अनुयोगद्वार

वेदना खण्ड को प्रारम्भ करते हुए इस कृति अनुयोगद्वार में सर्वप्रथम "**णमो जिणाणं, णमो ओहिजिणाणं**" को आदि लेकर "**णमो वड्ढमाणबुद्धरिसिस्स**" पर्यन्त ४४ सूत्रों के द्वारा मंगल के रूप में 'जिनों' और 'अवधिजिनों' आदि को नमस्कार किया गया है।

तत्पश्चात् ४५वें सूत्र में यह निर्देश किया गया है कि अग्रायणीय पूर्व के अन्तर्गत चौदह 'वस्तु' नाम के अधिकारों में पाँचवें अधिकार का नाम च्यवनलब्धि है। उसके अन्तर्गत बीस प्राभृतों में चौथा कर्मप्रकृतिप्राभृत है। उसमें ये २४ अनुयोगद्वार ज्ञातव्य हैं—१. कृति २. वेदना, ३. स्पर्श, ४. कर्म, ५. प्रकृति, ६. बन्धन, ७. निबन्धन, ८. प्रक्रम, ९. उपक्रम, १०. उदय, ११. मोक्ष, १२. संक्रम, १३. लेश्या, १४. लेश्याकर्म, १५. लेश्यापरिणाम, १६. सात-असात, १७. दीर्घ-ह्रस्व, १८. भवधारणीय, १९. पुद्गलात्त, २०. निधत्त-अनिधत्त, २१. निकाचित-अनिकाचित, २२. कर्मस्थिति, २३. पश्चिमस्कन्ध और २४ अल्पबहुत्व।

इन २४ अनुयोगद्वारों में प्रथम कृति अनुयोगद्वार है। इसमें 'कृति' की प्ररूपणा की गई है। वह सात प्रकार की है—१. नामकृति, २. स्थापनाकृति, ३. द्रव्यकृति, ४. गणनाकृति, ५. ग्रन्थकृति, ६. करणकृति और ७ भावकृति (सूत्र ४६)।

इस प्रकार से इन सात कृतिभेदों का निर्देश करके आगे 'कृतिनयविभाषणता' के आश्रय से कौन नय किन कृतियों को स्वीकार (विषय) करता है, इसे स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि नैगम, व्यवहार और संग्रह ये तीन नय उन सब ही कृतियों को स्वीकार करते हैं। ऋजुसूत्रनय स्थापना कृति को स्वीकार नहीं करता है—शेष छह को वह विषय करता है। शब्द नय आदि नाम कृति और भाव कृति को स्वीकार करते हैं (४७-५०)।

१. इस प्रकार कृतिनयविभाषणता को समाप्त कर आगे क्रम से उन सात कृतियों के स्वरूप को प्रकट करते हुए प्रथम नामकृति के विषय में कहा गया है कि जो एक जीव, एक अजीव, बहुत जीव, बहुत अजीव, एक जीव व एक अजीव, एक जीव व बहुत अजीव, बहुत जीव व एक अजीव तथा बहुत जीव व बहुत अजीव इन आठ में जिसका 'कृति' यह नाम किया जाता है उसे नामकृति कहते हैं (५१)।

२. काष्ठकर्म, चित्रकर्म, पोत्तकर्म, लेप्यकर्म, लेण (लयन) कर्म, शैलकर्म, गृहकर्म, भित्तिकर्म, दन्तकर्म और भेंडकर्म इनमें तथा अक्ष व वराटक इनको आदि लेकर और भी जो इसी प्रकार के हैं उनमें 'यह कृति है' इस प्रकार से स्थापना के द्वारा जो स्थापित किये जाते हैं उस सबका नाम स्थापनाकृति है (५२)।

अभिप्राय यह है कि उपर्युक्त काष्ठकर्म आदि विविध क्रियाविशेषों के आश्रय से जो मूर्तियों की रचना की जाती है उसका नाम सद्भाव (तदाकार) स्थापनाकृति है तथा अक्ष (पांसा) व कौड़ी आदि में जो 'कृति' इस प्रकार स्थापना की जाती है उसे असद्भाव (अतदाकार) स्थापनाकृति जानना चाहिए।

३. द्रव्यकृति दो प्रकार की है—आगमद्रव्यकृति और नोआगम द्रव्यकृति। इनमें जो आगम द्रव्यकृति है उसके ये नौ अर्थाधिकार हैं—स्थित, जित, परिजित, वाचनोपगत, सूत्रसम,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अर्थसम, ग्रन्थसम, नामसम और घोषसम (५३-५४)।

आगे 'बन्धन' अनुयोगद्वार में आगमभावबन्धका विचार करते हुए पुनः इसी प्रकार का प्रसंग प्राप्त हुआ है (सूत्र ५, ६, १२ पु० १४, पृ० ७)। वहाँ और यहाँ भी धवलाकार ने इन स्थित-जित आदि आगमभेदों के स्वरूप को स्पष्ट किया है।[1] इन दोनों प्रसंगों पर जो उनके लक्षणों में विशेषता देखी जाती है उसे भी यहाँ साथ में स्पष्ट किया जाता है। यथा—

जो पुरुष वृद्ध अथवा रोगी के समान भावागम में धीरे-धीरे संचार करता है उस पुरुष और उस भावागम का नाम भी स्थित है। आगे पुनः प्रसंग प्राप्त होने पर धवला में उसके स्वरूप का निर्देश करते हुए यह भी कहा गया है कि जिसने बारह अंगों का अवधारण कर लिया है वह साधु स्थित-श्रुतज्ञान होता है।

स्वाभाविक प्रवृत्ति का नाम जित है, जिस संस्कार से पुरुष निर्बाध रूप से भावागम में संचार करता है उस संस्कार से युक्त पुरुष को और उस भावागम को भी जित कहा जाता है।

जिस-जिस विषय में प्रश्न किया जाता है उस-उसके विषय में जो शीघ्रता से प्रवृत्ति होती है उसका नाम परिचित है, तात्पर्य यह कि जिस जीव की प्रवृत्ति भावागम रूप समुद्र में क्रम, अक्रम अथवा अनुभय रूप से मछली के समान अतिशय चंचलापूर्वक होती है उस जीव को और भावागम को भी परिचित कहा जाता है। प्रकारान्तर आगे इसके लक्षण में यह भी कहा गया है कि जो बारह अंगों में पारंगत होता हुआ निर्बाध रूप से जाने हुए अर्थ के कहने में समर्थ होता है उसे परिचित श्रुतज्ञान कहते हैं।

जो नन्दा, भद्रा, जया और सौम्या इन चार प्रकार की वाचनाओं को प्राप्त होकर दूसरों के लिए ज्ञान कराने में समर्थ होता है उसका नाम वाचनोपगत है।

तीर्थंकर के मुख से निकले हुए बीजपद को सूत्र कहते हैं, उस सूत्र के साथ जो रहता है, उत्पन्न होता है, ऐसे गणधर देव में स्थित श्रुतज्ञान को सूत्रसम कहा जाता है। प्रकारान्तर से आगे उसके प्रसंग में श्रुतकेवली को सूत्र और उसके समान श्रुतज्ञान को सूत्रसम कहा गया है। अथवा बारह अंगस्वरूप शब्दागम का नाम सूत्र है, आचार्य के उपदेश बिना जो श्रुतज्ञान सूत्र से ही उत्पन्न होता है उसे सूत्रसम जानना चाहिए।

बारह अंगों के विषय का नाम अर्थ है, उस अर्थ के साथ जो रहता है उसे अर्थसम कहते हैं। इसका अभिप्राय यह है कि द्रव्यश्रुत-आचार्यों की अपेक्षा न करके, संयम के आश्रय से होनेवाले श्रुतज्ञानावरण के क्षयोपशम से जो बारह अंगस्वरूप श्रुत होता है तथा जिसके आधार स्वयंबुद्ध हुआ करते हैं उसे अर्थसम कहा जाता है। आगे पुनः उस प्रसंग के प्राप्त होने पर आगमसूत्र के बिना समस्त श्रुतज्ञानरूप पर्याय से परिणत गणधर देव को अर्थ और उसके समान श्रुतज्ञान को अर्थसम कहा गया है। यहीं पर प्रकारान्तर से यह भी कहा गया है कि अथवा बीजपद का नाम अर्थ है, उससे जो समस्त श्रुतज्ञान उत्पन्न होता है वह अर्थसम कहलाता है।

गणधर देव विरचित द्रव्यश्रुत का नाम ग्रन्थ है, उसके साथ जो द्वादशांग श्रुतज्ञान रहता है, उत्पन्न होता है उसे ग्रन्थसम कहते हैं। यह श्रुतज्ञान बोधितबुद्ध आचार्यों में अवस्थित रहता है। आगे पुनः प्रसंग प्राप्त होने पर उसके स्वरूप को स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि

---

१. धवला पु० ९, पृ० २५१-६१ तथा पु० १४, पृ० ७-८

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आचार्यों के उपदेश का नाम ग्रन्थ है, उसके समान श्रुत को ग्रन्थसम कहा जाता है। अभिप्राय यह है कि आचार्यों के पादमूल में बारह अंगोंरूप शब्दागम को सुनकर जो श्रुतज्ञान उत्पन्न होता है उसे ग्रन्थसम जानना चाहिए।

नामभेद के द्वारा अनेक प्रकार से अर्थ ज्ञान के कराने के कारण एक आदि अक्षरोंस्वरूप बारह अंगों के अनुयोगों के मध्य में स्थित द्रव्यश्रुतज्ञान के भेदों को नाम कहा जाता है, उस नामरूप द्रव्यश्रुत के साथ जो श्रुतज्ञान रहता है, उत्पन्न होता है वह नामसम कहलाता है। यह नामसम श्रुतज्ञान शेष आचार्यों में स्थित होता है। इसी के सम्बन्ध में आगे प्रकारान्तर से यह कहा गया है कि आचार्यों के पादमूल में द्वादशांग शब्दागम को सुनकर जिसके प्रतिपाद्य अर्थविषयक ही श्रुतज्ञान उत्पन्न होता है उसे नामसम कहा जाता है।

'घोष' शब्द से यहाँ नाम का एक देश होने से घोषानुयोग विवक्षित है, उस 'घोष' द्रव्यानुयोगद्वार के साथ जो रहता है उस अनुयोग श्रुतज्ञान का नाम घोषसम है। आगे प्रकारान्तर से उसके सम्बन्ध में कहा गया है कि बारह अंगोंस्वरूप शब्दागम को सुनते हुए जिसके सुने हुए अर्थ से सम्बद्ध अर्थ को विषय करनेवाला ही श्रुतज्ञान उत्पन्न हुआ है उसे घोषसम कहा जाता है।

इस प्रकार आगम द्रव्यकृतिविषयक नौ अर्थाधिकारों का निर्देश करते हुए आगे उन अर्थाधिकारों सम्बन्धी उपयोगभेदों का उल्लेख इस प्रकार किया गया है—उन नौ अर्थाधिकारों के विषय में जो वाचना, पृच्छना, प्रतीच्छना, परिवर्तना, अनुप्रेक्षणा, स्तव, स्तुति, धर्मकथा तथा और भी जो इस प्रकार के हैं वे उपयोग हैं (५५)।

सूत्र में 'उपयोग' शब्द के न होने पर धवलाकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सूत्र में यद्यपि 'उपयोग' शब्द नहीं है तो भी अर्थापत्ति से उसका अध्याहार करना चाहिए।

उक्त स्थित आदि नौ आगमोंविषयक जो यथाशक्ति भव्य जीवों के लिए ग्रन्थार्थ की प्ररूपणा की जाती है उसका नाम वाचना-उपयोग है। अज्ञात पदार्थ के विषय में प्रश्न करना-पूछना, इसका नाम पृच्छना उपयोग है। विस्मरण न हो, इसके लिए पुनः पुनः भावागम का परिशीलन करना, यह परिवर्तना नाम का उपयोग है। कर्मनिर्जराके लिए अस्थि-मज्जासे अनुगत—हृदयंगम किये गये—श्रुतज्ञान का परिशीलन करना, इसे अनुप्रेक्षणा उपयोग कहा जाता है। अभिप्राय यह है कि सुने हुए अर्थ का जो श्रुतके अनुसार चिन्तन किया जाता है उसे अनुप्रेक्षणा उपयोग समझना चाहिए।

समस्त अंगों के विषय की प्रमुखता से किये जानेवाले बारह अंगों के उपसंहार का नाम स्तव है। बारह अंगों में एक अंग के उपसंहार को स्तुति और अंग के किसी एक अधिकार के उपसंहार को धर्मकथा कहा जाता है।[1]

उक्त वाचनादि उपयोगों से रहित जीव को, चाहे वह श्रुतज्ञानावरण के क्षयोपशम से रहित हो अथवा विनष्ट क्षयोपशमवाला हो, अनुपयुक्त कहा जाता है। ऐसे अनुपयुक्तों की प्ररूपणा करते हुए आगे कहा गया है कि नैगम और व्यवहार नय की अपेक्षा एक अनुपयुक्त को अथवा अनेक अनुपयुक्तों को आगम से द्रव्यकृति कहा जाता है। संग्रहनय की अपेक्षा एक अथवा अनेक अनुपयुक्त जीव आगम से द्रव्यकृति हैं। ऋजुसूत्र नय की अपेक्षा एक अनुपयुक्त

---

१. इसके लिए आगे धवला पु० १४, पृ० ६ और गो० कर्मकाण्ड गाथा ४६ भी द्रष्टव्य हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आगम से द्रव्यकृति है। शब्दनय की अपेक्षा अवक्तव्य है। इस सब को आगम से द्रव्यकृति कहा गया है (५६-६०)।

नोआगम द्रव्यकृति ज्ञायकशरीर आदि के भेद से तीन प्रकार की है। इनमें ज्ञायकशरीर नोआगमद्रव्यकृति के प्रसंग में पुनः उन स्थित-जित आदि नौ अर्थाधिकारों का निर्देश किया गया है। च्युत, च्यावित और त्यक्त शरीरवाले कृतिप्राभृत के ज्ञायक का यह शरीर है, ऐसा मान करके आधेय में आधार के उपचार से उन शरीरों को ही ज्ञायकशरीर नोआगमद्रव्यकृति कहा गया है। जो जीव भविष्य में इन कृतिअनुयोगद्वारों के उपादान कारण रूप से स्थित है उन्हें करता नहीं है; उन सबका नाम भावी नोआगमद्रव्यकृति है। ग्रन्थिम, वाइम, वेदिम, पूरिम,संघातिम, आहोदिम, निक्खोदिम, ओवेल्लिम, उद्वेल्लिम, वर्ण, चूर्ण, गन्ध और विलेपन आदि तथा अन्य भी जो इस प्रकार के सम्भव हैं उन सबको ज्ञायकशरीर-भावीव्यतिरिक्त नोआगमद्रव्यकृति कहा गया है (६१-६५)।

४. गणनाकृति अनेक प्रकार की है। जैसे—'एक' (१) संख्या नोकृति, 'दो' (२) संख्या कृति और नोकृति के रूप से अवक्तव्य, 'तीन' (३) संख्या को आदि लेकर आगे की संख्यात, असंख्यात व अनन्त संख्या कृतिस्वरूप है (६६)।

जिस संख्या का वर्ग करने पर वह वृद्धि को प्राप्त होती है तथा अपने वर्ग में से वर्गमूल को कम करके पुनः वर्ग करने पर वृद्धि को प्राप्त होती है उसे कृति कहा जाता है। '१' संख्या का वर्ग करने पर वह वृद्धि को नहीं प्राप्त होती तथा उसमें से वर्गमूल के कम कर देने पर वह निर्मूल नष्ट हो जाती है, इसलिए '१' संख्या को नोकृति कहा गया है। '२' संख्या का वर्ग करने पर वह वृद्धिगत तो होती है (२×२ =४), पर उसके वर्ग में से वर्गमूल को कम करने पर वह वृद्धि को प्राप्त नहीं होती (२×२ =४, ४—२ २), उतनी ही रहती है, इसलिए उसे न नोकृति कहा जा सकता है और न कृति भी। इसलिए उसे अवक्तव्य कहा गया है। '३' संख्या का वर्ग करने पर तथा वर्ग में से वर्गमूल कम करने पर भी वह वृद्धि को प्राप्त होती है (३×३= ९, ९ -३ ६), इसलिए '३' इसको आदि लेकर आगे की ४,५,६ आदि संख्यात, असंख्यात और अनन्त इन सब संख्याओं को कृति कहा गया है। ये गणनाकृति के तीन प्रकार हुए।

यहाँ धवलाकार ने इस सूत्र को देशामर्शक कहकर उसके आश्रय से धन, ऋण और धन-ऋण सब गणित को प्ररूपणीय कहा है। आगे उन्होंने कृति, नोकृति और अवक्तव्य इनकी सोदाहरण प्ररूपणा करने की प्रतिज्ञा करते हुए उसके विषय में इन चार अनुयोगद्वारों का निर्देश किया है—ओघानुयोग, प्रथमानुयोग, चरमानुयोग और संचयानुयोग। इनकी प्ररूपणा करते हुए संचयानुगम के प्रसंग में उन्होंने उसकी प्ररूपणा सत्यप्ररूपणा व द्रव्यप्रमाणानुगम आदि आठ अनुयोगद्वारों के आश्रय से विस्तारपूर्वक की है।[1]

५. पाँचवीं ग्रन्थकृति है। उसके स्वरूप का निर्देश करते हुए यह कहा गया है कि लोक, वेद और समयविषयक जो शब्द प्रबन्धरूप अक्षर-काव्यादिकों की ग्रन्थ-रचना की जाती है उस सबका नाम ग्रन्थकृति है (६७)।

यहाँ धवलाकार ने ग्रन्थकृति के विषय में चार प्रकार के निक्षेप की प्ररूपणा करते हुए

---

१. धवला पु० ९, पृ० २७६-३२१

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नोआगमभावकृति के इन दो भेदों का निर्देश किया है—श्रुतभाव ग्रन्थकृति और नोश्रुतभाव ग्रन्थकृति। इस प्रसंग में उन्होंने श्रुत को लौकिक, वैदिक और सामायिक के भेद से तीन प्रकार का कहा है। इनमें हाथी, अश्व, तंत्र, कौटिल्य और वात्स्यायन आदि के बोध को लौकिकभाव श्रुतग्रन्थ कहा गया है। द्वादशांगविषयक बोध का नाम वैदिकभाव श्रुतग्रन्थ है। नैयायिक, वैशेषिक, लोकायत, सांख्य, मीमांसक और बौद्ध आदि विविध प्रकार के दर्शनों के बोध को सामायिकभावश्रुतग्रन्थ कहा जाता है। इनकी जो प्रतिपाद्य अर्थ को विषय करने वाली शब्द-प्रबन्धरूप ग्रन्थ रचना की जाती है उसका नाम श्रुतग्रन्थकृति है।

नोश्रुतग्रन्थकृति अभ्यन्तर व बाह्य के भेद से दो प्रकार की है। उनमें मिथ्यात्व, तीन वेद, हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, क्रोध, मान, माया और लोभ इन चौदह को अभ्यन्तर नोश्रुतग्रन्थकृति तथा क्षेत्र व वास्तु आदि दस को बाह्य नोश्रुतग्रन्थकृति कहा जाता है।

६. करणकृति मूलकरणकृति और उत्तरकरणकृति के भेद से दो प्रकार की है। इनमें मूलकरणकृति पाँच प्रकार की है—औदारिक शरीरमूलकरणकृति, वैक्रियिक शरीरमूलकरण-कृति, आहारक शरीरमूलकरणकृति, तैजसशरीरमूलकरणकृति और कार्मणशरीरमूलकरण-कृति। इनमें औदारिक, वैक्रियिक, आहारक इन तीन शरीरमूलकरणकृतियों में प्रत्येक संघातन, परिशातन और संघातन-परिशातन कृति के भेद से तीन-तीन प्रकार की है। तैजस और कार्मण शरीरमूलकरणकृति दो प्रकार की है—परिशातनकृति और संघातन-परिशातन-कृति (६८-७०)।

विवक्षित शरीर के परमाणुओं का निर्जरा के बिना जो केवल संचय होता है उसका नाम संघातनकृति है। उन्हीं विवक्षित शरीर के पुद्गल स्कन्धों के संचय के बिना जो निर्जरा होती है उसे परिशातनकृति कहा जाता है। विवक्षित शरीरगत पुद्गल स्कन्धों का जो आगमन और निर्जरा दोनों साथ होते हैं उसे संघातन-परिशातनकृति कहते हैं।

अगले सूत्र में यह सूचना की गई है कि इन सूत्रों (६९-७०) द्वारा तेरह (उक्त प्रकार से ३ औदारिकशरीरमूलकरणकृति, ३ वैक्रियिकशरीरमूलकरणकृति, ३ आहारकशरीरमूल-करणकृति, २ तैजसशरीरमूलकरणकृति और २ कार्मणशरीरमूलकरणकृति) कृतियों की सत्प्ररूपणा की गई है[1] (७१)।

---

१. इसके शब्दविन्यास व रचनापद्धति को देखते हुए यह सूत्र नहीं प्रतीत होता है, किन्तु धवला का अंश दिखता है। सूत्रकार ने अन्यत्र कहीं अपने द्वारा विरचित सन्दर्भ का 'सूत्र' के रूप में उल्लेख करके यह नहीं कहा कि इस या इन सूत्रों के द्वारा अमुक विषय की प्ररूपणा की गई है। हाँ, उन्होंने आगे वर्णन किए जानेवाले विषय का उल्लेख कहीं-कहीं प्रतिज्ञा के रूप में अवश्य किया है। जैसे—

१. एत्तो ट्ठाणसमुक्कित्तणं वण्णइस्सामो।—सूत्र १,९-२,१

२. इदाणिं पढमसम्मत्ताभिमुहो जाओ पयडीओ बंधदि ताओ पयडीओ कित्तइस्सामो।
—सूत्र १,९-३,१

३. तत्थ इमो विदिओ महादंडओ कादव्वो भवदि। १,९-४,१

४. तत्थ इमो तदिओ महादंडओ कादव्वो भवदि। १,९-५,१

५. एत्तो सव्वजीवेसु महादंडओ कादव्वो भवदि। २,११-२,१ (शेष पृष्ठ ७८ पर देखिए)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इस प्रसंग में धवलाकार ते कहा है कि यह सूत्र देशामर्शक है, अतः इससे सूचित अधिकारों की प्ररूपणा की जाती है, क्योंकि उनके बिना सत्त्व घटित नहीं होता। ऐसी प्रतिज्ञा करते हुए उन्होंने आगे पदमीमांसा, स्वामित्व और अल्पबहुत्व इन तीन अधिकारों का निर्देश किया है और तदनुसार क्रम से उन मूलकरण कृतियों की प्ररूपणा की है।[1]

तत्पश्चात् उन्होंने 'अब यहाँ देशामर्शक सूत्र से सूचित अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा करते हैं' ऐसा निर्देश करते हुए आगे क्रमशः सत्प्ररूपणा व द्रव्यप्रमाणानुगम आदि आठ अनुयोद्वारों के आश्रय से उन मूलकरणकृतियों की प्ररूपणा की है।[2]

उत्तरकरणकृति अनेक प्रकार की है। जैसे—असि, वासि,परशु, कुदारी, चक्र, दण्ड, वेम, नालिका, शलाका, मिट्टी, सूत्र और पानी आदि कार्यों की समीपता से वह उत्तरकरणकृति अनेक प्रकार की है। इसी प्रकार के जो और भी हैं उन सबको उत्तरकरणकृति समझना चाहिए (७२-७३)।

७. कृति का सातवाँ भेद भावकृति है। उसके लक्षण में कहा गया है कि जो जीव कृति-प्राभृत का ज्ञाता होकर उसमें उपयुक्त होता है उसका नाम भावकृति है (७४-७५)।

इस प्रकार उपर्युक्त सातों कृतियों के स्वरूप को दिखलाकर अन्त में 'इन कृतियों में कौन कृति यहाँ प्रकृत है' इसे स्पष्ट करते हुए यह कहा गया है कि इनमें यहाँ गणनाकृति प्रकृत (प्रसंग प्राप्त) है (७६)।

यहाँ सूत्रकार ने गणनाकृति को प्रकृत बतलाकर स्वयं उसकी कुछ प्ररूपणा नहीं की है। जैसाकि पूर्व में कहा जा चुका है, धवलाकार ने उस गणनाकृति के स्वरूप के निर्देशक सूत्र (६६) की व्याख्या करते हुए उसके विषय में विशेष प्रकाश डाला है (पु० ९, पृ० २७४-३२१)।

यह कृति अनुयोगद्वार ९वीं जिल्द में प्रकाशित हुआ है।

२. वेदना अनुयोगद्वार

चतुर्थ 'वेदना' खण्ड का यह दूसरा अनुयोगद्वार है। विविध अधिकारों में विभक्त उसके अतिशय विस्तृत होने से धवलाकार ने उसे वेदनामहाधिकार कहा है।[3]

प्रकृत में तो ऐसा प्रतीत होता है कि धवलाकार यह कह रहे हैं कि सूत्रकार ने इन सूत्रों के द्वारा तेरह मूलकरणकृतियों के सत्त्व की प्ररूपणा की है। यह सत्त्व की प्ररूपणा पदमीमांसा आदि तीन अधिकारों के बिना बनती नहीं है, अतएव हम यहाँ देशामर्शक सूत्र के द्वारा सूचित अधिकारों की प्ररूपणा करते हैं। यदि वह सूत्र होता तो धवलाकार उसके आगे 'पुणो एदेण देसामासियसुत्तेण' में 'पुणो' यह नहीं कहते।

इसी प्रकार आगे (पु० १४, पृ० ४६९) "एत्तो उवरिमगंथो चूलियाणाम" यह भी सूत्र (५, ६, ५८१) के रूप में सन्देहास्पद है। सूत्रकार ने ग्रन्थगत किसी सन्दर्भ को 'चूलिका' नहीं कहा।

१. धवला पु० ९, पृ० ३२९-५४

२. वही, पृ० ३५४-४५०

३. कम्मट्ठजणियवेयणउवट्टिसंमुत्तिण्णए जिणे णमिउं।
वेयणमहाहियारं विविहहियारं परूवेमो ॥ पु० १०, पृ० १

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सूत्रकार ने 'वेदना' इस रूप में प्रकृत अनुयोगद्वार का स्मरण कराते हुए उसमें इन सोलह अनुयोगद्वारों को ज्ञातव्य कहा है—१. वेदनानिक्षेप, २. वेदनानयविभाषणता, ३. वेदनानामविधान, ४. वेदनाद्रव्यविधान, ५. वेदनाक्षेत्रविधान, ६. वेदनाकालविधान, ७. वेदनाभावविधान, ८. वेदनाप्रत्ययविधान, ९. वेदनास्वामित्वविधान, १०. वेदनावेदनविधान, ११. वेदनागतिविधान, १२. वेदनाअनन्तरविधान, १३. वेदनासंनिकर्षविधान, १४. वेदनापरिमाणविधान, १५. वेदनाभागाभागविधान और १६. वेदनाअल्पबहुत्व (सूत्र १)।

इन १६ अनुयोगद्वारों के आश्रय से यहाँ यथाक्रम से 'वेदना' की प्ररूपणा इस प्रकार की गई है—

१. **वेदनानिक्षेप**—इस अनुयोगद्वार में केवल दो सूत्र हैं। उनमें से प्रथम सूत्र के द्वारा 'वेदनानिक्षेप' अधिकार का स्मरण कराते हुए वह वेदनानिक्षेप चार प्रकार का है, यह सूचना की गई है तथा दूसरे सूत्र के द्वारा उसके उन चार भेदों का नामोल्लेख इस प्रकार किया गया है—**नामवेदना, स्थापनावेदना, द्रव्यवेदना और भाववेदना**।

२. **वेदनानयविभाषणता**—वेदनानिक्षेप में निर्दिष्ट वेदना के उन चार भेदों में कौन नय किन वेदनाओं को स्वीकार करता है, इसे स्पष्ट करते हुए यहाँ कहा गया है कि नैगम, व्यवहार और संग्रह ये तीन नय सब ही वेदनाओं को स्वीकार करते हैं। ऋजुसूत्रनय स्थापनावेदना को स्वीकार नहीं करता है, तथा शब्दनय नामवेदना और भाववेदना को स्वीकार करता है (सूत्र १-४)।

३. **वेदनानाम-विधान**—यहाँ बन्ध, उदय व सत्त्वस्वरूप नो आगमद्रव्य कर्मवेदना प्रकृत है। प्रकृतवेदना के और नाम के विधान की प्ररूपणा करना—इस अनुयोगद्वार का प्रयोजन है।

तदनुसार यहाँ प्रारम्भ में वेदनानाम विधान का स्मरण कराते हुए नैगम और व्यवहार नय की अपेक्षा उक्त वेदना के ये आठ भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—ज्ञानावरणीयवेदना, दर्शनावरणीयवेदना, वेदनीयवेदना, मोहनीयवेदना, आयुवेदना, नामवेदना, गोत्रवेदना और अन्तरायवेदना (सूत्र १)।

नामविधान को स्पष्ट करते हुए धवला में कहा गया है कि 'ज्ञानमावृणोतीति ज्ञानावरणीयम्' इस निरुक्ति के अनुसार ज्ञान को आवृत करनेवाले कर्मद्रव्य का नाम ज्ञानावरणीय है। 'ज्ञानावरणीयवेदना' में धवलाकार के अभिप्रायानुसार 'ज्ञानावरणीयमेव वेदना ज्ञानावरणीयवेदना' ऐसा कर्मधारय समास करना चाहिए, न कि 'ज्ञानावरणीयस्य वेदना' इस प्रकार का तत्पुरुष समास; क्योंकि द्रव्यार्थिक नयों में भाव की प्रधानता नहीं होती। तदनुसार ज्ञानावरणीय रूप पुद्गल कर्मद्रव्य को ही ज्ञानावरणीयवेदना समझना चाहिए। इन दोनों नयों की अपेक्षा ज्ञानावरणीय की वेदना को ज्ञानावरणीयवेदना नहीं कहा जा सकता।

संग्रहनय की अपेक्षा आठों ही कर्मों की एक वेदना है (२)।

एक 'वेदना' शब्द से समस्त वेदनाभेदों की अविनाभाविनी एक वेदनाजाति उपलब्ध होती है, इसलिए इस नय की अपेक्षा आठों कर्मों की एक वेदना है।

ऋजुसूत्रनय की अपेक्षा न ज्ञानावरणीय वेदना है और न दर्शनावरणीय वेदना आदि भी हैं किन्तु इस नय की अपेक्षा एक वेदनीय ही वेदना है (३)।

लोकव्यवहार में सुख-दुःख को वेदना माना जाता है। ये सुख-दुःख वेदनीयरूप कर्मपुद्गलस्कन्ध को छोड़कर अन्य किसी कर्म से नहीं होते, इसीलिए इस नय की अपेक्षा अन्य कर्मों का

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

निषेध करके उदय को प्राप्त एक वेदनीयकर्म द्रव्य को वेदना कहा गया है।

शब्द नय की अपेक्षा 'वेदना' ही वेदना है (४)।

इस नय की अपेक्षा वेदनीय द्रव्यकर्म के उदय से उत्पन्न होनेवाले सुख-दुःख अथवा आठ कर्मों के उदय से उत्पन्न जीव का परिणाम वेदना है, क्योंकि उस शब्द-नय का विषय द्रव्य नहीं है। इस अनुयोगद्वार में ४ ही सूत्र हैं।

४. **वेदनाद्रव्यविधान**—यह 'वेदना' अनुयोगद्वार का चौथा अवान्तर अनुयोगद्वार है। इसमें उपर्युक्त वेदनारूप द्रव्य के विधानस्वरूप से उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्य पदों की प्ररूपणा की गई है।

यहाँ प्रारम्भ में 'वेदनाद्रव्यविधान' का स्मरण कराते हुए उसकी प्ररूपणा में इन तीन अनुयोगद्वारों को ज्ञातव्य कहा गया है—पदमीमांसा, स्वामित्व और अल्पबहुत्व।

इनमें से पदमीमांसा में ज्ञानावरणीय वेदना क्या उत्कृष्ट है, क्या अनुत्कृष्ट है, क्या जघन्य है और क्या अजघन्य है; इस प्रश्न को उठाते हुए उसके उत्तर में कहा गया है कि उत्कृष्ट भी है, अनुत्कृष्ट भी है, जघन्य भी है और अजघन्य भी है। आगे संक्षेप में यह सूचना कर दी गई है कि इस ज्ञानावरणीय के समान अन्य सात कर्मों के भी इन पदों की प्ररूपणा करना चाहिए (१-४)।

यहाँ धवलाकार ने पूर्वोक्त पृच्छासूत्र (२) और उत्तरसूत्र (३) को देशामर्शक कहकर उनके द्वारा सूचित उक्त उत्कृष्ट आदि चार पदों के साथ अन्य सादि-अनादि आदि नौ पदों विषयक पृच्छाओं और उनके उत्तर को प्ररूपणीय कहा है। इस प्रकार उन दो सूत्रों के अन्तर्गत तेरह-तेरह अन्य सूत्रों को समझना चाहिए। उस सबके विषय में विशेष विचार 'धवला' के प्रसंग में किया जायगा।

दूसरे स्वामित्व अनुयोगद्वार मे स्वामित्व के ये दो भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—जघन्य पदविषयक और उत्कृष्ट पदविषयक। इनमें उत्कृष्ट पद के आश्रय से पूछा गया है कि स्वामित्व की अपेक्षा उत्कृष्ट पद में ज्ञानावरणीय वेदना द्रव्य से उत्कृष्ट किसके होती है (५-६)।

इसके उत्तर में यह कहना अभिप्रेत है कि वह ज्ञानावरणीय वेदना द्रव्य से उत्कृष्ट गुणितकर्मांशिक के होती है। इसी अभिप्राय को हृदयंगम करते हुए यहाँ उस गुणितकर्मांशिक के ये लक्षण प्रकट किये गये हैं—जो साधिक दो हजार सागरोपम से हीन कर्मस्थितिकाल तक बादर पृथिवीकायिक जीवों में रहा है, वहाँ परिभ्रमण करते हुए जिसके पर्याप्तभव बहुत और अपर्याप्तभव थोड़े होते है, पर्याप्तकाल बहुत व अपर्याप्तकाल थोड़े होते हैं (७-९), इत्यादि अन्य कुछ विशेषताओं को प्रकट करते हुए (१०-२०) आगे कहा गया है कि इस प्रकार से परिभ्रमण करके जो अन्तिम भवग्रहण में नीचे सातवीं पृथिवी के नारकियों में उत्पन्न हुआ है (२१), आगे इस नारकी की कुछ विशेषताओं को दिखलाते हुए (२२-२९) कहा गया है कि वहाँ रहते हुए जो द्विचरम और चरम समय में उत्कृष्ट संक्लेश को प्राप्त हुआ है, चरम और द्विचरम समय में उत्कृष्ट योग को प्राप्त हुआ है, इस प्रकार जो चरमसमयवर्ती तद्भवस्थ हुआ है उस चरमसमयवर्ती तद्भवस्थ नारकी के ज्ञानावरणीयवेदना द्रव्य से उत्कृष्ट होती है (३०-३२)।

इस प्रकार ये सब विशेषताएँ ऐसी हैं कि उनके आश्रय से ज्ञानावरणीयरूप कर्मपुद्गलस्कन्धों का उस गुणितकर्मांशिक जीव के उत्तरोत्तर अधिकाधिक संचय होता जाता है। इस

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रकार से परिभ्रमण करता हुआ जब वह अन्त में सातवीं पृथिवी के नारकियों में तेंतीस सागरोपम प्रमाण आयु को लेकर उत्पन्न होता है तब उसके आयु के अन्तिम समय में उन ज्ञानावरणीयरूप कर्मस्कन्धों का सर्वाधिक संचय होता है, यह यहाँ अभिप्राय प्रकट किया गया है।

उक्त गुणितकर्मांशिक जीव के ज्ञानावरणीय कर्मद्रव्य का कितना संचय होता है तथा वह किस क्रम से उत्तरोत्तर वृद्धि को प्राप्त होता है, इस सबकी प्ररूपणा यहाँ धवलाकार ने गणित प्रक्रिया के आधार से बहुत विस्तार से की है।[1]

आगे ज्ञानावरणीय वेदना द्रव्य से अनुत्कृष्ट किसके होती है, इस विषय में यह कह दिया गया है कि उपर्युक्त उत्कृष्ट ज्ञानावरणीय द्रव्यवेदना से भिन्न अनुत्कृष्ट द्रव्यवेदना है (३३)।

इसका स्पष्टीकरण धवला में पर्याप्त रूप में किया गया है।[2]

इस प्रकार ज्ञानावरणीय की उत्कृष्ट-अनुत्कृष्ट द्रव्यवेदना के स्वामी की प्ररूपणा करके तत्पश्चात् अन्य छह कर्मवेदनाओं के विषय में संक्षेप से यह कह दिया है कि जिस प्रकार ज्ञानावरणीय के उत्कृष्ट-अनुत्कृष्ट द्रव्य की प्ररूपणा की गई है उसी प्रकार से आयु कर्म को छोड़ शेष छह कर्मों के उत्कृष्ट-अनुत्कृष्ट द्रव्य की प्ररूपणा करना चाहिए। (३४)।

आयुकर्म के विषय में जो विशेषता रही है उसे स्पष्ट करते हुए आगे कहा गया है कि पूर्वकोटि प्रमाण आयुवाला जो जीव परभव सम्बन्धी पूर्वकोटि प्रमाण आयु को बाँधता हुआ उसे जलचर जीवों में दीर्घ आयुबन्ध काल से तत्प्रायोग्य संक्लेश के साथ उत्कृष्ट योग में बाँधता है, जो योगयवमध्य के ऊपर अन्तर्मुहूर्त काल रहा है, अन्तिम जीवगुणहानिस्थानान्तर में आवली के असंख्यातवें भाग मात्र काल तक रहा है, इस क्रम से काल को प्राप्त हुआ पूर्व-कोटि प्रमाण आयुवाले जलचर जीवों में उत्पन्न हुआ है, अन्तर्मुहूर्त में सबसे अल्प समय में सब पर्याप्तियों से पर्याप्त हुआ है, अन्तर्मुहूर्तकाल से फिर से भी जलचर जीवों में पूर्वकोटि प्रमाण आयु को बाँधता है, उस आयु को जो दीर्घ आयुबन्ध काल में तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट योग के द्वारा बाँधता है, योगयवमध्य के ऊपर अन्तर्मुहूर्तकाल रहता है, अन्तिम गुणहानिस्थानान्तर में आवली के असंख्यातवें भाग काल तक रहा है, बहुत-बहुत बार सातबन्ध के योग्यकाल से युक्त होता है, तथा जो अनन्तर समय में परभविक आयु के बन्ध को समाप्त करने वाला है, उसके आयुकर्मवेदना द्रव्य से उत्कृष्ट होती है (३५-४६)।

इन सब विशेषताओं का स्पष्टीकरण धवलाकार ने विस्तार से किया है। उसके सम्बन्ध में आगे 'धवलागत विषय परिचय' में विशेष विचार किया जानेवाला है।

आगे आयुवेदना द्रव्य से अनुत्कृष्ट किसके होती है, इस विषय में यह कह दिया है कि उपर्युक्त उत्कृष्ट द्रव्यवेदना से भिन्न अनुत्कृष्ट द्रव्यवेदना जानना चाहिए (४७)।

इस प्रकार उत्कृष्ट-अनुत्कृष्ट द्रव्यवेदना के प्रसंग को समाप्त कर आगे द्रव्य से जघन्य वेदना की प्ररूपणा करते हुए स्वामित्व की अपेक्षा जघन्य पद में ज्ञानावरणीय वेदनाद्रव्य से जघन्य किसके होती है, इस प्रश्न पर विचार करते हुए कहा गया है कि जो जीव पल्योपम

---

१. धवला पु० १०, पृ० १०६-२१०

२. वही, पृ० २१०-२४

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

के असंख्यातवें भाग से हीन कर्म स्थितिकाल पर्यन्त सूक्ष्मनिगोद जीवों में रहा है, वहाँ परिभ्रमण करते हुए जिसके अपर्याप्त भव बहुत व पर्याप्त भव थोड़े रहते हैं, इत्यादि क्रम से जो यहाँ जघन्य ज्ञानावरणीय द्रव्यवेदना के स्वामी के लक्षण प्रकट किए गये हैं (४८-५६) वे प्रायः सभी पूर्वोक्त उत्कृष्ट ज्ञानावरणीय द्रव्यवेदना के स्वामी के लक्षणों से भिन्न हैं। इसी प्रसंग में आगे कहा गया है कि इस प्रकार से परिभ्रमण करके जो बादर पृथिवीकायिक पर्याप्त जीवों में उत्पन्न हुआ है, अन्तर्मुहूर्त में सर्वलघु काल से सब पर्याप्तियों से पर्याप्त हुआ है, अन्तर्मुहूर्त में काल को प्राप्त होकर जो पूर्वकोटि प्रमाण आयुवाले मनुष्यों में उत्पन्न हुआ है, सर्वलघुकाल (सात मास) में योनिनिष्क्रमण रूप जन्म से जो आठ वर्ष का होकर संयम को प्राप्त हुआ है, वहाँ कुछ कम पूर्वकोटि प्रमाण भवस्थिति तक संयम का पालन कर जीवित के थोड़ा शेष रहने पर जो मिथ्यात्व को प्राप्त हुआ है, इस मिथ्यात्व से सम्बद्ध सबसे अल्प असंयमकाल में रहा है, इत्यादि क्रम से यहाँ अन्य भी कुछ विशेषताओं को प्रकट करते हुए (५६-७०) आगे कहा गया है कि इस प्रकार नाना भव-ग्रहणों से आठ संयम-काण्डकों का पालन करके, चार बार कषायों को उपशमा कर, पल्योपम के असंख्यातवें भाग मात्र संयमासंयम और सम्यक्त्वकाण्डकों का पालन करके जो इस प्रकार से परिभ्रमण करता हुआ अन्तिम भवग्रहण में फिर से भी पूर्वकोटि प्रमाण आयुवाले मनुष्यों में उत्पन्न हुआ है, वहाँ सर्वलघु कालवाले योनिनिष्क्रमण रूप जन्म से आठ वर्ष का होकर जो संयम को प्राप्त हुआ है, कुछ कम पूर्वकोटि प्रमाण काल तक संयम का पालन कर जीवित के थोड़ा शेष रह जाने पर जो क्षपणा में उद्यत हुआ है; इस प्रकार जो अन्तिम समयवर्ती छद्मस्थ (क्षीणकषाय गुणस्थानवर्ती) हुआ है उसके ज्ञानावरणीय-वेदना द्रव्य की अपेक्षा जघन्य होती है (७१-७५)।

अभिप्राय यह है कि द्रव्य से जघन्य ज्ञानावरणीय वेदना क्षपितकर्मांशिक जीव के होती है। इन सूत्रों में उसी क्षपितकर्मांशिक के लक्षणों को प्रकट किया गया है। ये सब लक्षण ऐसे हैं जिनके आश्रय से ज्ञानावरणीय रूप कर्मपुद्गलस्कन्धों का संचय उत्तरोत्तर हीन होता गया है। धवला में इसका स्पष्टीकरण विस्तार से किया गया है।

आगे इस जघन्य ज्ञानावरणीय द्रव्यवेदना से भिन्न अजघन्य ज्ञानावरणीय द्रव्यवेदना है, यह सूचना कर दी गई है (७६)।

इसका स्पष्टीकरण धवला में विस्तार से किया गया है।[1]

आगे दर्शनावरणीय, मोहनीय, और अन्तराय इन तीन कर्मों की जघन्य द्रव्यवेदना के सम्बन्ध में यह सूचना कर दी गई है कि जिस प्रकार जघन्य ज्ञानावरणीय द्रव्यवेदना के स्वामी की प्ररूपणा की गई है उसी प्रकार से इन तीन जघन्य कर्मद्रव्यवेदनाओं की प्ररूपणा करना चाहिए। विशेष इतना है कि मोहनीयकर्म की क्षपणा में उद्यत जीव अन्तिम समयवर्ती सकषायी (सूक्ष्मसाम्परायिकसंयत) होता है तब उसके मोहनीय वेदना द्रव्य से जघन्य होती है (७७)।

इस जघन्य द्रव्यवेदना से भिन्न उन तीनों कर्मों की अजघन्य द्रव्यवेदना है (७८)।

अनन्तर द्रव्य से जघन्य वेदनीयवेदना के स्वामी की प्ररूपणा करते हुए कहा गया है कि जो जीव पल्योपम के असंख्यातवें भाग से हीन कर्म स्थितिकाल तक सूक्ष्म निगोद जीवों में

---

१. धवला पु० १०, पृ० २९९-३१२

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

रहा है, वहाँ परिभ्रमण करते हुए उसके अपर्याप्त भव बहुत व पर्याप्त भव थोड़े रहे हैं, इत्यादि क्रम से उसके लक्षणों को स्पष्ट करते हुए (७९-१०१) अन्त में कहा गया है कि इस प्रकार से परिभ्रमण करके जो अन्तिम भवग्रहण में फिर से पूर्वकोटि प्रमाण आयुवाले मनुष्यों में उत्पन्न होकर सर्वलघु योनिनिष्क्रमण रूप जन्म से आठ वर्ष का होता हुआ संयम को प्राप्त हुआ है, अन्तर्मुहूर्त से क्षपणा में उद्यत हुआ व अन्तर्मुहूर्त में केवलज्ञान और केवलदर्शन को उत्पन्न करके केवली हुआ है, इस प्रकार कुछ कम पूर्वकोटि प्रमाण भवस्थिति काल तक केवलिविहार से विहार करके जीवित के थोड़ा शेष रह जाने पर जो अन्तिम समयवर्ती भव्यसिद्धिक हुआ है उसके द्रव्य से जघन्य वेदनीयवेदना होती है (१०२-८)।

अजघन्य वेदनीयद्रव्यवेदना उससे भिन्न निर्दिष्ट की गई है (१०९)।

इसके अनन्तर यह कहा गया है कि जिस प्रकार ऊपर जघन्य-अजघन्य वेदनीयद्रव्यवेदना की प्ररूपणा की गई है उसी प्रकार नाम व गोत्र इन दो कर्मों की भी जघन्य-अजघन्य द्रव्यवेदनाओं की प्ररूपणा करना चाहिए (११०)।

स्वामित्व के आश्रय से जघन्य पद में द्रव्य से जघन्य आयुवेदना किसके होती है, इसे स्पष्ट करते हुए आगे कहा गया है कि जो पूर्वकोटि प्रमाण आयुवाला जीव अल्प आयुबन्धकाल में नीचे सातवीं पृथिवी के नारकियों में आयु को बाँधता है, उसे जो तत्प्रायोग्य जघन्य योग के द्वारा बाँधता है, योगयवमध्य के नीचे जो अन्तर्मुहूर्तकाल रहता है, प्रथम जीवगुणहानिस्थानान्तर में जो आवली के असंख्यातवें भाग मात्र रहता है, पश्चात् क्रम से काल को प्राप्त होकर जो नीचे सातवीं पृथिवी के नारकियों में उत्पन्न हुआ है, वहाँ प्रथम समयवर्ती आहारक और प्रथम समयवर्ती तद्भवस्थ होकर जिसने जघन्य योग के द्वारा पुद्गलपिण्ड को ग्रहण किया है, जो जघन्य वृद्धि से वृद्धिगत हुआ है, अन्तर्मुहूर्त में सर्वाधिक काल से जो सब पर्याप्तियों से पर्याप्त हुआ है, वहाँ पर तेंतीस सागरोपम प्रमाण भवस्थिति तक आयु का पालन करता हुआ जो बहुत बार असातकाल से युक्त हुआ है; तथा जीवित के थोड़ा शेष रह जाने पर जो अनन्तर समय में परभव सम्बन्धी आयु को बाँधेगा उसके द्रव्य से जघन्य आयुवेदना होती है (१११-२१)।

द्रव्य से जघन्य इस आयुवेदना से भिन्न अजघन्य आयुवेदना कही गई है (१२२)।

आयुकर्म के इस अजघन्य द्रव्य की प्ररूपणा गणितप्रक्रिया के अनुसार धवला में विस्तारपूर्वक की गई है।[1]

इस प्रकार यहाँ स्वामित्व अनुयोद्वार समाप्त हो जाता है।

अल्पबहुत्व—'वेदना द्रव्यविधान' का तीसरा अनुयोगद्वार है। इसमें ये तीन अनुयोगद्वार हैं—जघन्य पदविषयक, उत्कृष्ट पदविषयक और जघन्य-उत्कृष्ट पदविषयक अल्पबहुत्व (१२३)।

इनमें जघन्य पदविषयक अल्पबहुत्व की प्ररूपणा में कहा गया है कि जघन्य पद की अपेक्षा द्रव्य से जघन्य आयुवेदना सबसे स्तोक है, द्रव्य से जघन्य नामवेदना व गोत्रवेदना दोनों परस्पर समान होकर उससे असंख्यातगुणी है, द्रव्य से जघन्य ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय और अन्तराय तीनों वेदना में परस्पर-समान व उन दोनों से विशेष अधिक हैं। उनसे जघन्य मोह-

१. धवला पु० १०, पृ० ३३६-८४

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नीयद्रव्यवेदना विशेष अधिक है, जघन्य वेदनीयवेदना उससे विशेष अधिक है (१२४-२८)।

इसी पद्धति से आगे उत्कृष्ट पदविषयक अल्पबहुत्व की प्ररूपणा की गई है (१२९-३३)।

जघन्य-उत्कृष्ट पदविषयक अल्पबहुत्व के प्रसंग में द्रव्य से जघन्य आयुवेदना को सबसे स्तोक, उससे उसी की उत्कृष्ट वेदना असंख्यातगुणी, उससे नामवेदना और गोत्रवेदना द्रव्य से जघन्य दोनों परस्पर समान होकर असंख्यातगुणी हैं, इस पद्धति से आगे इस जघन्य-उत्कृष्ट पदविषयक अल्पबहुत्व की प्ररूपणा की गई है (१३४-४३)।

चूलिका—

इस प्रकार पदमीमांसा, स्वामित्व और अल्पबहुत्व इन तीन अधिकारों में विभक्त प्रस्तुत वेदना द्रव्यविधान के समाप्त हो जाने पर उसकी चूलिका प्राप्त हुई है। यद्यपि मूल ग्रन्थ में इस प्रकरण का उल्लेख 'चूलिका' नाम से नहीं किया गया है, पर धवलाकार ने उसे चूलिका कहा है। धवला में इस प्रकरण के प्रारम्भ में यह शंका की गई है कि पूर्वोक्त तीन अनुयोग-द्वारों के आश्रय से विस्तारपूर्वक वेदना द्रव्यविधान की प्ररूपणा कर देने पर यह आगे का ग्रन्थ किसलिए कहा जाता है। इसका समाधान करते हुए धवलाकार ने निष्कर्ष के रूप में कहा है कि वेदना द्रव्यविधान की **चूलिका** की प्ररूपणा करने के लिए यह आगे का ग्रन्थ आया है। सूत्रों से सूचित अर्थ को प्रकाशित करना, यह चूलिका का लक्षण है।[1]

इस प्रकरण के प्रारम्भ में सूत्रकार ने कहा है कि यहाँ जो यह कहा गया है कि "**बहुत-बहुत बार उत्कृष्ट योगस्थानों को प्राप्त होता है**" (४,२,४,१२ व १६) तथा '**बहुत-बहुत बार जघन्य योगस्थानों को प्राप्त होता है**" (४,२,४,५४)यहाँ उसके स्पष्टीकरण में अल्पबहुत्व दो प्रकार का है—योगाल्पबहुत्व और प्रदेशाल्पबहुत्व (१४४)। यह कहते हुए उन्होंने आगे जीवसमासों के आश्रय से प्रथमतः योगाल्पबहुत्व की प्ररूपणा इस प्रकार की है—

सूक्ष्म एकेन्द्रिय अपर्याप्त का जघन्य योग सबसे स्तोक है, बादर एकेन्द्रिय अपर्याप्त का जघन्य योग उससे असंख्यातगुणा है, द्वीन्द्रिय अपर्याप्त का जघन्य योग उससे असंख्यातगुणा है, इत्यादि (१४५-७३)।

धवलाकार ने इस मूलवीणा के अल्पबहुत्वालाप को देशामर्शक कहकर यहाँ धवला में उससे सूचित प्ररूपणा, प्रमाण और अल्पबहुत्व इन तीन अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा की है।[2]

इस प्रकार योगाल्पबहुत्व की प्ररूपणा करके आगे क्रम प्राप्त प्रदेशाल्पबहुत्व की प्ररूपणा के विषय में यह कह दिया है कि जिस प्रकार योगाल्पबहुत्व की प्ररूपणा की गई है उसी प्रकार प्रदेशाल्पबहुत्व की प्ररूपणा करना चाहिए। विशेष इतना है कि सूत्रों में जहाँ योगाल्पबहुत्व के प्रसंग में योग को अल्प कहा गया है वहाँ इस प्रदेशाल्पबहुत्व के प्रसंग में प्रदेशों को अल्प कहना चाहिए (१७४)।

आगे योगस्थानप्ररूपणा में ये दस अनुयोगद्वार ज्ञातव्य कहे गए हैं—अविभाग प्रतिच्छेद-प्ररूपणा, वर्गणाप्ररूपणा, स्पर्धकप्ररूपणा, अन्तरप्ररूपणा, स्थानप्ररूपणा, अनन्तरोपनिधा, परम्परोपनिधा, समयप्ररूपणा, वृद्धिप्ररूपणा और अल्पबहुत्व (१७५-७६)।

---

१. धवला पु० १०, पृ० ३९५

२. धवला पु० १०, पृ० ४०३-३१

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१. अविभागप्रतिच्छेदप्ररूपणा में यह स्पष्ट किया गया है कि एक-एक जीवप्रदेश में योग के कितने अविभागप्रतिच्छेद होते हैं (१७७-७९)।

२. वर्गणाप्ररूपणा में यह स्पष्ट किया गया है कि असंख्यात लोक मात्र अविभाग-प्रतिच्छेदों की एक वर्गणा होती है। ऐसी वर्गणाएँ श्रेणि के असंख्यातवें भाग मात्र असंख्यात-होती हैं (१८०-८१)।

३. एक स्पर्धक श्रेणि के असंख्यातवें भाग मात्र असंख्यात वर्गणाओं का होता है। ऐसे स्पर्धक श्रेणि के असंख्यातवें भाग मात्र असंख्यात होते हैं। यह विवेचन स्पर्धक-प्ररूपणा में किया गया है (१८२-८३)।

४. अन्तरप्ररूपणा में एक-एक स्पर्धक का अन्तर असंख्यात लोकमात्र होता है, इसे स्पष्ट किया गया है (१८४-८५)।

५. स्थानप्ररूपणा में यह स्पष्ट किया गया है कि श्रेणि के असंख्यातवें भाग मात्र असंख्यात स्पर्धकों का एक जघन्य योगस्थान होता है। ऐसे योगस्थान श्रेणि के असंख्यातवें भाग असंख्यात होते हैं (१८६-८७)।

६. अनन्तरोपनिधा में योगस्थानगत स्पर्धकों की हीनाधिकता को प्रकट किया गया है (१८८-९२)।

७. परम्परोपनिधा में यह स्पष्ट किया गया है कि जघन्य योगस्थानों से आगे श्रेणि के असंख्यातवें भागमात्र जाकर वे दुगुणी वृद्धि को प्राप्त हुए हैं। इस प्रकार वे उत्कृष्ट योगस्थान तक उत्तरोत्तर दुगुणी वृद्धि को प्राप्त हुए हैं, इत्यादि (१९३-९६)।

८. समयप्ररूपणा में चार समय वाले व पाँच समय वाले आदि योगस्थान कितने हैं, इसे स्पष्ट किया गया है (१९७-२००)।

९. वृद्धिप्ररूपणा में यह स्पष्ट किया गया है कि योगस्थानों में इतनी वृद्धि-हानियाँ हैं और इतनी नहीं हैं। साथ ही उनके काल का भी यहाँ निर्देश किया गया है (२०१-५)।

१०. अल्पबहुत्व अनुयोगद्वार में आठ व सात आदि समयोंवाले योगस्थानों में हीनाधिकता को प्रकट किया है (२०६-१२)।

अन्त में यह निर्देश किया गया है कि जो (जितने) योगस्थान हैं वे (उतने) ही प्रदेश-बन्ध-स्थान हैं। विशेष इतना है कि प्रदेशबन्धस्थान प्रकृति विशेष से विशेष अधिक हैं। (२१३)।

इसे धवला में बहुत कुछ स्पष्ट किया गया है।[1] इस प्रकार यह वेदनाद्रव्यविधान अनुयोगद्वार समाप्त हुआ। वेदना अनुयोगद्वार के अन्तर्गत पूर्वोक्त १६ अनुयोगद्वारों में से पूर्व के ये चार अनुयोगद्वार दसवीं जिल्द में प्रकाशित हुए हैं।

५. वेदनाक्षेत्र विधान- वेदना के अन्तर्गत १६ अनुयोगद्वारों में यह पाँचवाँ अनुयोगद्वार है। पूर्व वेदनाद्रव्यविधान के समान इस वेदनाक्षेत्र विधान में भी वे ही पदमीमांसा, स्वामित्व और अल्पबहुत्व नाम के तीन अनुयोगद्वार हैं (सूत्र १-२)।

पदमीमांसा के अनुसार यहाँ यह पूछा गया है कि ज्ञानावरणीयवेदना क्षेत्र की अपेक्षा क्या उत्कृष्ट है, क्या अनुत्कृष्ट है, क्या जघन्य है, और क्या अजघन्य है। उत्तर में कहा गया है कि वह उत्कृष्ट भी है, अनुत्कृष्ट भी है, जघन्य भी और अजघन्य भी है। आगे यह सूचना कर

---

१. धवला पु० १०, पृ० ५०५-१२

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दी गई है कि इसी प्रकार से शेष दर्शनावरणीय आदि सात कर्मों के विषय में भी पदमीमांसा करना चाहिए (३-५)।

स्वामित्व अनुयोगद्वार में स्वामित्व के ये दो भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—जघन्य पद-विषयक और उत्कृष्ट पदविषयक। आगे पूछा गया है कि स्वामित्व की अपेक्षा उत्कृष्ट पद में ज्ञानावरणीय वेदना क्षेत्र की अपेक्षा उत्कृष्ट किसके होती है। उत्तर में कहा गया है कि एक हजार योजन विस्तारवाला जो मत्स्य स्वयम्भूरमण समुद्र के बाह्य तट पर स्थित है, वेदना-समुद्घात से समुद्घात को प्राप्त हुआ है, काकलेश्या—कौवे के समान वर्णवाले तीसरे तनुवातवलय—से संलग्न है, फिर भी मारणान्तिक समुद्घात को करते हुए काण्डक (बाण) के समान तीन बार ऋजुगति से चलकर दो बार मुड़ा है, ऐसा करके जो अनन्तर समय में नीचे सातवीं पृथिवी के नारकियों में उत्पन्न होनेवाला है, उसके क्षेत्र की अपेक्षा ज्ञानावरणीय-वेदना उत्कृष्ट होती है (६-१२)।

क्षेत्र की अपेक्षा उस उत्कृष्ट ज्ञानावरणीय वेदना से भिन्न अनुत्कृष्ट ज्ञानावरणीयक्षेत्रवेदना कही गई है (१३)।

आगे दर्शनावरणीय, मोहनीय और अन्तराय इन तीन कर्मों की उत्कृष्ट-अनुत्कृष्ट वेदना के क्षेत्र की प्ररूपणा के विषय में यह सूचना कर दी गई है कि जिस प्रकार ज्ञानावरणीय की उत्कृष्ट-अनुत्कृष्टवेदना के क्षेत्र की प्ररूपणा की गई है उसी प्रकार इन तीन कर्मों की भी उत्कृष्ट-अनुत्कृष्ट वेदना के क्षेत्र की प्ररूपणा करना चाहिए (१४)।

पश्चात् क्षेत्र की अपेक्षा उत्कृष्ट वेदनीयवेदना के स्वामी की प्ररूपणा करते हुए कहा गया है कि केवलिसमुद्घात से समुद्घात को प्राप्त होकर समस्त लोक को व्याप्त करनेवाले किसी भी केवली के वह क्षेत्र की अपेक्षा उत्कृष्ट वेदनीयवेदना होती है (१५)।

इस उत्कृष्ट वेदनीयवेदना से भिन्न क्षेत्र की अपेक्षा अनुत्कृष्ट वेदनीयवेदना निर्दिष्ट की गई है (१६-१७)।

आगे आयु, नाम और गोत्र इन तीन वेदनाओं के विषय में यह निर्देश कर दिया गया है कि जिस प्रकार यह वेदनीयवेदना के उत्कृष्ट-अनुत्कृष्ट क्षेत्र की प्ररूपणा की गई है उसी प्रकार आयु, नाम और गोत्र वेदनाओं के भी उत्कृष्ट-अनुत्कृष्ट क्षेत्र की प्ररूपणा करना चाहिए, क्योंकि उससे इनके क्षेत्र में कुछ विशेषता नहीं है (१८)।

क्षेत्र की अपेक्षा जघन्य ज्ञानावरणीय वेदना उस अन्यतर सूक्ष्मनिगोद जीव अपर्याप्तक के निर्दिष्ट की गई है जो तृतीय समयवर्ती आहारक और तृतीय समयवर्ती तद्भवस्थ होकर जघन्य योग से युक्त होता हुआ शरीर की सबसे जघन्य अवगाहना में वर्तमान है। इससे भिन्न क्षेत्र की अपेक्षा ज्ञानावरणीय वेदना अजघन्य है। इस प्रकार शेष सात कर्मवेदनाओं के भी जघन्य-अजघन्य क्षेत्र की प्ररूपणा करना चाहिए, क्योंकि इनके क्षेत्र में ज्ञानावरणीय वेदना के उस जघन्य-अजघन्य क्षेत्र से कुछ विशेषता नहीं है (१९-२२)।

अल्प-बहुत्व अनुयोगद्वार में जघन्य पद-विषयक, उत्कृष्ट पदविषयक और जघन्य-उत्कृष्ट पद विषयक इन अवान्तर अनुयोग द्वारों के आश्रय से उस वेदना विषयक क्षेत्र के अल्प-बहुत्व की प्ररूपणा की गई है (२३-२९)।

आगे जिस अवगाहनादण्डक की प्ररूपणा की गई है उसकी उत्थानिका के रूप में धवला-कार ने कहा है कि यह अल्पबहुत्व सूत्र सब जीवसमासों का आश्रय लेकर नहीं कहा गया है,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इसलिए अब आगे सूत्रकार सब जीवसमासों के आश्रय से ज्ञानावरणादि कर्मों के जघन्य और उत्कृष्ट क्षेत्र की प्ररूपणा के लिए अल्पबहुत्वदण्डक कहते हैं।[1]

तदनुसार ही आगे ग्रन्थकार द्वारा "**यहाँ सब जीवों में अवगाहनादण्डक किया जाता है**" ऐसी प्रतिज्ञा करते हुए (सूत्र ३०) उस अल्पबहुत्वदण्डक की प्ररूपणा की गई है। यथा—

सूक्ष्म निगोदजीव अपर्याप्तक की जघन्य अवगाहना सबसे स्तोक है, सूक्ष्म वायुकायिक अपर्याप्तक की जघन्य अवगाहना उससे असंख्यात गुणी है, सूक्ष्म तेजकायिक की जघन्य अवगाहना उससे असंख्यात गुणी है, सूक्ष्म अप्कायिक अपर्याप्तक की जघन्य अवगाहना उससे असंख्यात-गुणी है, इत्यादि[2] (सूत्र ३१-९४)।

आगे इस अल्पबहुत्व में अवगाहना के गुणकार का निर्देश करते हुए यह स्पष्ट कर दिया है कि एक सूक्ष्म जीव से दूसरे सूक्ष्म जीव का अवगाहना-गुणकार आवली का असंख्यातवाँ भाग, सूक्ष्म से बादर जीव की अवगाहना का गुणकार पल्योपम का असंख्यातवाँ भाग, बादर से सूक्ष्म की अवगाहना का गुणकार आवली का असंख्यातवाँ भाग, और बादर से बादर जीव की अवगाहना का गुणकार पल्योपम का असंख्यातवाँ भाग है। आगे पुनः बादर से बादर का गुणकार जो संख्यात समय कहा गया है वह द्वीन्द्रिय आदि निर्वृत्त्यपर्याप्त और उन्हीं पर्याप्त जीवों को लक्ष्य करके कहा गया है (९५-९९)।

इस प्रकार से यह वेदनाक्षेत्र विधान अनुयोगद्वार समाप्त हुआ है। यहाँ सब सूत्र ९९ हैं।

६. **वेदनाकालविधान**—यहाँ भी पदमीमांसा, स्वामित्व और अल्पबहुत्व नाम के वे ही तीन अनुयोगद्वार हैं।

पदमीमांसा में काल की अपेक्षा ज्ञानावरणीय आदि वेदनाओं सम्बन्धी उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्य पदों का विचार किया गया है (१-५)।

स्वामित्व अनुयोगद्वार में स्वामित्व के ये दो भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—जघन्यपदविषयक और उत्कृष्टपदविषयक। इनमें स्वामित्व के अनुसार काल की अपेक्षा ज्ञानावरणीयवेदना उत्कृष्ट किसके होती है, इसे स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि वह उस अन्यतर पंचेन्द्रिय संज्ञी मिथ्यादृष्टि के होती है जो सब पर्याप्तियों से पर्याप्त हो चुका है; वह कर्मभूमिज, अकर्म-भूमिज अथवा कर्मभूमि प्रतिभाग में उत्पन्न इनमें कोई भी हो; संख्यातवर्षायुष्क अथवा असंख्यातवर्षायुष्क में कोई भी हो; देव, मनुष्य, तिर्यंच अथवा नारकी कोई भी हो; स्त्रीवेदी, पुरुषवेदी अथवा नपुंसकवेदी कोई भी हो; जलचर, स्थलचर अथवा नभचर कोई भी हो; किन्तु साकार उपयोगवाला हो, जागृत हो, श्रुतोपयोग से युक्त हो, तथा उत्कृष्ट स्थिति के बन्धयोग्य उत्कृष्ट स्थितिसंक्लेश में वर्तमान अथवा कुछ मध्यम परिणामवाला हो (६-८)।

इसकी व्याख्या करते हुए धवलाकार ने यहाँ सूत्र में उपयुक्त 'अकर्मभूमिज' शब्द से भोग-भूमिजों को न ग्रहण कर देव-नारकियों को ग्रहण किया है, क्योंकि भोगभूमिज उसकी उत्कृष्ट स्थिति को नहीं बाँधते हैं।

---

१. धवला पु० ११, पृ० ५५

२. यह अवगाहना अल्पबहुत्व इसके पूर्व जीवस्थान-क्षेत्रानुगम में धवला में 'वेदनाक्षेत्रविधान' के नामनिर्देशपूर्वक उद्धृत किया गया है। पु०४, पृ० ९४-९८; वह गो० जीवकाण्ड में भी 'जीवसमास' अधिकार में उपलब्ध होता है। गा० ९७-१०१

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उसकी प्ररूपणा यहाँ सूत्रकार द्वारा नहीं की गई है।

कर्म—प्रसंग प्राप्त इस कर्म अनुयोगद्वार को प्रारम्भ करते हुए कर्मनिक्षेप व कर्मनय विभाषणता आदि उन्हीं १६ अनुयोगद्वारों का निर्देश किया गया है, जिनका कि निर्देश पूर्व स्पर्श-अनुयोगद्वार में स्पर्शनिक्षेप व स्पर्शनयविभाषणता आदि के रूप में किया गया है (सूत्र १-२)।

१. **कर्मनिक्षेप**—उक्त १६ अनुयोगद्वारों में प्रथम कर्मनिक्षेप है। इसमें कर्म की प्ररूपणा करते हुए यहाँ उसके इन दस भेदों का निर्देश किया गया है—नामकर्म, स्थापनाकर्म, द्रव्यकर्म, प्रयोगकर्म, समवदानकर्म, अधःकर्म, ईर्यापथकर्म, तपःकर्म, क्रियाकर्म और भावकर्म (३-४)।

२. **कर्मनयविभाषणता**—पूर्व स्पर्श अनुयोगद्वार के समान यहाँ भी प्रथमतः प्रसंगप्राप्त उन कर्मों की प्ररूपणा न करके उसके पूर्व कर्मनयविभाषणता के आश्रय से इन कर्मों में कौन नय किन कर्मों को विषय करता है, इसका विचार किया गया है। यथा—

नैगम, व्यवहार और संग्रह ये तीन नय उन कर्मों में सभी कर्मों को विषय करते हैं। ऋजुसूत्रनय स्थापनाकर्म को विषय नहीं करता, क्योंकि इस नय की दृष्टि में संकल्प के वश अन्य का अन्यस्वरूप से परिणमन सम्भव नहीं है, इसके अतिरिक्त सब द्रव्यों में सदृशता भी नहीं रहती। शब्दनय नामकर्म और भावकर्म को विषय करता है (५-८)।

नामकर्म—आगे यथाक्रम से उन दस कर्मों का निरूपण करते हुए पूर्व पद्धति के अनुसार नामकर्म के विषय में कहा गया है कि एक जीव, एक अजीव, बहुत जीव, बहुत अजीव, एक जीव व एक अजीव, एक जीव व बहुत अजीव, बहुत जीव व एक अजीव तथा बहुत जीव व बहुत अजीव इन आठ में जिसका 'कर्म' ऐसा नाम किया जाता है वह नामकर्म कहलाता है (९-१०)।

स्थापनाकर्म—काष्ठकर्म, चित्रकर्म व पोत्तकर्म आदि तथा अक्ष व वराटक आदि में जो स्थापना बुद्धि से 'यह कर्म है' इस प्रकार की कल्पना की जाती है उसका नाम स्थापनाकर्म है (११-१२)।

द्रव्यकर्म—जो द्रव्य सद्भावक्रिया से सिद्ध हैं उन सबको द्रव्यकर्म कहा जाता है। सद्भाव क्रिया से यहाँ जीवादि द्रव्यों का अपना-अपना स्वाभाविक परिणमन अभिप्रेत है। जैसे—जीवद्रव्य का ज्ञान-दर्शनादिस्वरूप से और पुद्गल द्रव्य का वर्ण-गन्धादिस्वरूप से परिणमन, इत्यादि (१३-१४)।

प्रयोगकर्म—मनःप्रयोगकर्म, वचनप्रयोगकर्म और कायप्रयोगकर्म के भेद से प्रयोगकर्म तीन प्रकार का है। यह मन, वचन और काय के साथ होने वाला प्रयोग संसारी (छद्मस्थ) जीवों के और सयोगिकेवलियों के होता है (१५-१८)।

यहाँ सूत्र (१७) में संसारावस्थित और सयोगिकेवली इन दो का पृथक् रूप से उल्लेख किया गया है। इसके स्पष्टीकरण में धवलाकार ने कहा है कि 'संसरन्ति अनेन इति संसारः' इस निरुक्ति के अनुसार जिसके द्वारा जीव चतुर्गतिरूप संसार में परिभ्रमण किया करते हैं उस घातिकर्मकलाप का नाम संसार है, उसमें जो अवस्थित हैं वे संसारावस्थित हैं। इस प्रकार 'संसारावस्थित' से यहाँ मिथ्यादृष्टि से लेकर क्षीणकषाय पर्यन्त छद्मस्थ जीव विवक्षित रहे हैं। सयोगिकेवलियों के इस प्रकार का संसार नहीं रहा है, पर तीनों योग उनके वर्तमान हैं, इस विशेषता को प्रकट करने के लिए सूत्र में सयोगिकेवलियों को पृथक् से ग्रहण किया

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गया है।

समवदानकर्म—आठ प्रकार के, सात प्रकार के और छह प्रकार के कर्मों का जो भेद रूप से ग्रहण प्रवृत्त होता है उसका नाम समवदानकर्म है। अभिप्राय यह है कि अकर्मरूप से स्थित कार्मण वर्गणा के स्कन्ध मिथ्यात्व व असंयम आदि कारणों के वश परिणामान्तर से अन्तरित न होकर जो अनन्तर समय में ही आठ, सात अथवा छह कर्मस्वरूप से परिणत होकर ग्रहण करने में आते हैं, उसे समवदानताकर्म कहा जाता है[1] (१९-२०)।

अधःकर्म—उपद्रावण, विद्रावण, परितापन और आरम्भ कार्य से जो औदारिक शरीर उत्पन्न होता है उसे अधःकर्म कहते हैं। जीव का उपद्रव करने का नाम उपद्रावण, अंगों के छेद आदि करने का नाम विद्रावण, सन्ताप उत्पन्न करने का परितापन और प्राणी के प्राणों का वियोग करने का नाम आरम्भ है। इन कार्यों से जो औदारिक शरीर उत्पन्न होता है उसे अधःकर्म जानना चाहिए। अभिप्राय यह है कि जिस शरीर में स्थित प्राणियों के प्रति दूसरों के निमित्त से उपद्रव आदि होते हैं उसे अधःकर्म कहा जाता है (२१-२२)।

ईर्यापथकर्म—ईर्या का अर्थ योग है, केवल योग के निमित्त से जो कर्म बँधता है उसका नाम ईर्यापथ कर्म है। वह ईर्यापथ कर्म छद्मस्थ वीतराग—उपशान्त कषाय और क्षीणकषाय संयतों के तथा सयोगि केवलियों के होता है (२३-२४)।

तपःकर्म—अनशन आदि छह प्रकार के बाह्य और प्रायश्चित्त आदि छह प्रकार के अभ्यन्तर, इस बारह प्रकार के तप का नाम तपःकर्म है[1] (२५-२६)।

क्रियाकर्म—आत्माधीन (स्वाधीन) होना, प्रदक्षिणा करना, तीन बार नमस्कार आदि करना, तीन अवनमन करना, सिर झुकाकर चार बार नमस्कार करना और बारह आवर्त करना; इस सबका नाम क्रियाकर्म है। इसे ही कृतिकर्म व वन्दना कहा जाता है (२७-२८)।

इसे स्पष्ट करते हुए धवलाकार ने इस क्रियाकर्म के छह भेदों का निर्देश किया है—आत्माधीन, प्रदक्षिणा, त्रिःकृत्वा (तीन बार करना), अवनमनत्रय, चतुःशिर और द्वादश आवर्त। (१) क्रियाकर्म करते हुए उसे जो अपने अधीन रहकर—पराधीन न होकर—किया जाता है, उसका नाम आत्माधीन है। (२) वन्दना के समय जो गुरु, जिन और जिनालय इनकी प्रदक्षिणा करते हुए नमस्कार किया जाता है उसे प्रदक्षिणा कहते हैं। (३) प्रदक्षिणा और नमस्कारादि क्रियाओं के तीन बार करने को 'त्रिःकृत्वा' कहा जाता है। अथवा एक ही दिन में जिन, गुरु और ऋषि की जो तीन बार वन्दना की जाती है उसे त्रिःकृत्वा समझना चाहिए। (४) अवनमन का अर्थ भूमि पर बैठना है जो तीन बार होता है—निर्मलचित्त होकर पादप्रक्षालनपूर्वक जिनेन्द्र का दर्शन करते हुए जिन-के आगे बैठना, यह एक अवनमन है। फिर उठकर जिनेन्द्र आदि की विनती, विज्ञप्ति या प्रार्थना करके बैठना यह दूसरा अवनमन है। तत्पश्चात् पुनः उठकर सामायिक दण्डक के साथ आत्मशुद्धि करके कषाय के परित्याग-पूर्वक शरीर से ममत्व छोड़ना, चौबीस तीर्थंकरों की वन्दना करना तथा जिन, जिनालय और गुरु की स्तुति करना—इस सब अनुष्ठान को करते हुए बैठना, यह तीसरा अवनमन है। (५) सब क्रियाकर्म चतुःशिर होता है—सामायिक के आदि में जो सिर को नमाया जाता है, यह एक सिर हुआ। उसी सामायिक के अन्त में जो सिर को नमाया जाता है यह दूसरा सिर

---

१. इस बारह प्रकार के तप की प्ररूपणा धवला में विस्तार से की गई है। पु० १३, ५४-८८

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हुआ। 'थोस्सामि' दण्डक के आदि में जो सिर को नमाया जाता है यह तीसरा सिर हुआ। तथा उस 'थोस्सामि' दण्डक के अन्त में जो सिर को नमाया जाता है यह चौथा सिर हुआ। इस प्रकार एक क्रियाकर्म 'चतुःशिर' होता है। प्रकारान्तर से धवलाकार ने इस चतुःशिर का अन्य अभिप्राय प्रकट करते हुए यह कहा है कि अथवा सब ही क्रियाकर्म अरहन्त, सिद्ध, साधु और धर्म इन चार की प्रधानता से जो किया जाता है उसे चतुःशिर का लक्षण समझना चाहिए, क्योंकि उन चार को प्रधानभूत करके ही सारी क्रियाकर्म की प्रवृत्ति देखी जाती है। (६) सामायिक और थोस्सामि-दण्डकों के आदि व अन्त में जो मन, वचन व काय की विशुद्धि का बारह बार परावर्तन किया जाता है, इसका नाम द्वादशावर्त है। इस प्रकार एक क्रियाकर्म को द्वादशावर्तस्वरूप कहा गया है।[1]

भावकर्म—यह पूर्वोक्त कर्म के दस भेदों में अन्तिम है। जो कर्मप्राभृत का ज्ञाता होता हुआ वर्तमान में उसमें उपयुक्त भी होता है उसे भावकर्म कहा जाता है (२९-३०)।

उपर्युक्त १० कर्मों में यहाँ समवदान कर्म को प्रकृत कहा गया है, क्योंकि कर्मानुयोगद्वार में उसी की विस्तार से प्ररूपणा की गई है (३१)।

इसके स्पष्टीकरण में धवलाकार ने कहा है कि सूत्र में जो यहाँ समवदान कर्म को प्रकृत कहा गया है वह संग्रह नय की अपेक्षा कहा गया है। किन्तु मूलतंत्र में प्रयोगकर्म, समवदानकर्म, अधःकर्म, ईर्यापथकर्म, तपःकर्म और क्रियाकर्म इन छह कर्मों की प्रधानता रही है, क्योंकि वहाँ इनकी विस्तार से प्ररूपणा की गई है। इस सूचना के साथ धवलाकार ने यहाँ उन छह कर्मों की सत्-संख्या आदि आठ अनुयोगद्वारों के आश्रय से विस्तारपूर्वक प्ररूपणा की है।

३. **प्रकृति**—यहाँ 'प्रकृति' की प्रमुखता से (प्रकृतिनिक्षेप व प्रकृतिनयविभाषणता आदि) उन्हीं सोलह अनुयोगद्वारों को ज्ञातव्य कहा गया है, जिनका उल्लेख स्पर्श की प्रमुखता से 'स्पर्श' अनुयोगद्वार में और कर्म की प्रमुखता से 'कर्म' अनुयोगद्वार में किया जा चुका है (१-२)।

प्रकृतिनिक्षेप— उन १६ अनुयोगद्वारों में यह प्रथम है। उसमें इसके ये चार भेद निर्दिष्ट किये गए हैं—नामप्रकृति, स्थापनाप्रकृति, द्रव्यप्रकृति और भावप्रकृति (३-४)।

प्रकृतिनयविभाषणता—स्पर्श व कर्म अनुयोगद्वार के समान यहाँ भी अवसरप्राप्त उन नामप्रकृति आदि चार निक्षेपों की प्ररूपणा न करके उसके पूर्व प्रकृतिनयविभाषणता के अनुसार कौन नय किन प्रकृतियों को विषय करता है, इसका विचार किया गया है। यथा—

नैगम, व्यवहार और संग्रह ये तीन नय उन नामादिरूप चारों प्रकृतियों को विषय करते हैं। ऋजुसूत्र नय स्थापनाप्रकृति को विषय नहीं करता है। शब्द नय नामप्रकृति और भावप्रकृति को विषय करता है (५-८)।

आगे पूर्वनिर्दिष्ट चार प्रकार के प्रकृतिनिक्षेप की प्ररूपणा करते हुए प्रथमतः नामप्रकृति के स्वरूप के विषय में कहा गया है कि एक जीव व एक अजीव आदि आठ में से जिसका 'प्रकृति' ऐसा नाम किया जाता है उसे नामप्रकृति कहते हैं (९)।

काष्ठ व चित्रकर्म आदि कर्मविशेषों में तथा अक्ष व वराटक आदि और भी जो इस प्रकार

---

१. पु० १३, पृ० ९०-१९६

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

के हैं उनमें 'यह प्रकृति है' इस प्रकार जो अभेद रूप में स्थापना की जाती है उसका नाम स्थापना प्रकृति है (१०)।

द्रव्यप्रकृति आगम और नोआगम के भेद से दो प्रकार की है। इनमें आगम द्रव्यप्रकृति के ये नौ अर्थाधिकार हैं—स्थित, जित, परिजित, वाचनोपगत, सूत्रसम, अर्थसम, ग्रन्थसम, नामसम और घोषसम। इन आगमविशेषों को विषय करने वाले ये आठ उपयोगविशेष हैं—वाचना, पृच्छना, प्रतीच्छना, परिवर्तना, अनुप्रेक्षणा, स्तव, स्तुति और धर्मकथा। इन उपयोगों से रहित (अनुपयुक्त) पुरुष द्रव्यरूप होते हैं। इसका यह अभिप्राय हुआ कि जो जीव प्रकृति-प्राभृत के ज्ञाता होकर भी तद्विषयक उपयोग से रहित होते हैं उन सबको आगमद्रव्य प्रकृति जानना चाहिए (११-१४)।

नोआगम द्रव्यप्रकृति कर्मप्रकृति और नोकर्मप्रकृति के भेद से दो प्रकार की है। इनमें कर्मप्रकृति को स्थगित कर प्रथमतः नोआगम प्रकृति का विचार करते हुए उसे अनेक प्रकार का निर्दिष्ट किया गया है। यथा—अनेक प्रकार के पात्रोंरूप जो घट, पिढर, सराव, अरंजन व उलुंचन आदि हैं उनकी प्रकृति मिट्टी है तथा धान व तर्पण आदि की प्रकृति जौ व गेहूँ है। इस सबको नोआगमद्रव्य प्रकृति कहा जाता है (१५-१८)।

जिस कर्मप्रकृति को पूर्व में स्थगित किया गया है उसकी अब प्ररूपणा करते हुए उसके ये आठ भेद निर्दिष्ट किये गए हैं—ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय, वेदनीय, मोहनीय, आयु, नाम, गोत्र और अन्तराय। इनमें ज्ञानावरणीय की आभिनिबोधिक ज्ञानावरणीय आदि पाँच प्रकृतियाँ निर्दिष्ट की गई हैं। इनमें आभिनिबोधिक ज्ञानावरणीय के चार, चौबीस, अट्ठाईस और बत्तीस भेदों का निर्देश करते हुए उनमें उसके ये चार भेद कहे गये हैं—अवग्रहावरणीय, ईहावरणीय, अवायावरणीय और धारणावरणीय। इनमें अवग्रहावरणीय अर्थावग्रहावरणीय और व्यंजनावग्रहावरणीय के भेद से दो प्रकार का है। इनमें व्यंजनावग्रहावरणीय श्रोत्रेन्द्रिय, घ्राणेन्द्रिय, जिह्वेन्द्रिय और स्पर्शनेन्द्रिय के भेद से चार प्रकार का है। अर्थावग्रहावरणीय पाँच इन्द्रियों और नोइन्द्रिय के निमित्त से छह प्रकार का है। इसी प्रकार से आगे ईहावरणीय, अवायावरणीय और धारणावरणीय इनमें भी प्रत्येक के इन्द्रिय और नोइन्द्रिय के आश्रय से वे ही छह-छह भेद निर्दिष्ट किये गये हैं। इस प्रकार से अन्त में उस आभिनिबोधिक ज्ञानावरणीय के चार, चौबीस, अट्ठाईस, बत्तीस, अड़तालीस, एक सौ चवालीस, एक सौ अड़सठ, एक सौ बानबे, दो सौ अठासी, तीन सौ छत्तीस और तीन सौ चौरासी भेद ज्ञातव्य कहे गये हैं (१९-३५)।

इन भेदों का कुछ स्पष्टीकरण यहाँ किया जाता है—आभिनिबोधिक ज्ञानावरणीय के मूल में व्यंजनावग्रहावरणीय और अर्थावग्रहावरणीय ये दो भेद निर्दिष्ट किये गये हैं। इनमें क्रमशः उनसे आव्रियमाण व्यंजनावग्रह चक्षुइन्द्रिय व मन को छोड़ शेष चार इन्द्रियों के आश्रय से चार प्रकार का तथा अर्थावग्रह पाँचों इन्द्रियों और मन के आश्रय से छह प्रकार का है। इसी प्रकार ईहा आदि तीन भी पृथक्-पृथक् छह-छह प्रकार के हैं। इस प्रकार व्यंजनावग्रह के ४ और अर्थावग्रह के २४ (४×६) भेद हुए। दोनों के मिलकर २८ (४+२४) भेद होते हैं। इन २८ उत्तर भेदों में अवग्रह आदि ४ मूल भेदों के मिलाने पर ३२ भेद होते हैं। इस प्रकार ४, २४, २८ और ३२ को पाँच इन्द्रिय व मन इन छह से गुणित करने पर ४×६ = २४; २४×६ = १४४; २८×६ = १६८; ३२×६ = १९२ भेद होते हैं। उक्त अवग्रह

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आदि बहु व एकआदि बारह (६ + ६) प्रकार के पदार्थों को विषय करते है, अतः उन्ही चार (४,२४,२८ व ३२) को १२ से गुणित करने पर इतने भेद हो जाते हैं—४ × १२ = ४८, २४ × १२ = २८८; २८ × १२ = ३३६; ३२ × १२ = ३८४।

इन्द्रिय व मन इन ६ से पूर्व में गुणित किया जा चुका है और यहाँ फिर से भी उनसे गुणित किया गया है, अतः इन २४ (६ × ४) पुनरुक्त भेदों के निकाल देने पर सूत्र (३५) में निर्दिष्ट वे भेद उक्त क्रम से प्राप्त हो जाते हैं।

आगे 'उसी आभिनिबोधिक ज्ञानावरणीय की अन्य प्ररूपणा की जाती है' यह सूचना करते हुए उक्त अवग्रह आदि चारों के पर्यायशब्दों को इस प्रकार प्रकट किया गया है—

१. अवग्रह—अवग्रह, अवदान, सान, अवलम्बना और मेधा।

२. ईहा—ईहा, ऊहा, अपोहा, मार्गणा, गवेषणा और मीमांसा।

३. अवाय—अवाय, व्यवसाय, बुद्धि, विज्ञप्ति, आमुण्डा और प्रत्यामुण्डा।

४. धारणा—धरणी, धारणा, स्थापना, कोष्ठा और प्रतिष्ठा।

आभिनिबोधिक ज्ञान के समानार्थक शब्द हैं—संज्ञा, स्मृति, मति और चिन्ता।

इस प्रकार आभिनिबोधिक ज्ञानावरणीय कर्म की अन्यप्ररूपणा समाप्त की गई है (३६-४२)।

तत्पश्चात् श्रुतज्ञानावरणीय कर्म की कितनी प्रकृतियाँ हैं, इसे स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि श्रुतज्ञानावरणीय कर्म की संख्यात प्रकृतियाँ हैं। इसके स्पष्टीकरण में आगे कहा गया है कि जितने अक्षर अथवा अक्षरसंयोग हैं उतनी श्रुतज्ञानावरणीय कर्म की प्रकृतियाँ हैं। आगे इन संयोगावरणों के प्रमाण को लाने के लिए एक गणितगाथा सूत्र को प्रस्तुत करते हुए यह अभिप्राय प्रकट किया गया है कि संयोगाक्षरों को लाने के लिए ६४ संख्या प्रमाण दो (२) राशियों को स्थापित करना चाहिए, उनको परस्पर गुणित करने पर जो प्राप्त हो उसमें एक कम करने पर संयोगाक्षरों का प्रमाण प्राप्त होता है (४३-४६)।

चौंसठ अक्षर इस प्रकार हैं—क् ख् ग् घ् ङ् (कवर्ग), च् छ् ज् झ् ञ् (चवर्ग,) ट् ठ् ड् ढ् ण् (टवर्ग), त् थ् द् ध् न् (तवर्ग), प् फ् ब् भ् म् (पवर्ग); इस प्रकार २५ वर्गाक्षर। अन्तस्थ चार—य् र् ल् व्; ऊष्माक्षर चार—श् ष् स् ह्; अयोगवाह चार—अं अः $\overset{u}{\underset{n}{क}}$ $\overset{u}{\underset{n}{प}}$। स्वर सत्ताईस—अ इ उ ऋ ऌ ए ऐ ओ औ ये नौ ह्रस्व, दीर्घ और प्लुत के भेद से तीन-तीन प्रकार के हैं, इस प्रकार २७ (९ × ३ = २७) स्वर। ये सब मिलकर चौंसठ होते हैं—२५ + ४ + ४ + ४ + २७ = ६४। इन अक्षरों के भेद से श्रुतज्ञान के तथा उनके आवारक श्रुतज्ञानावरण के भी उतने (६४-६४) ही भेद होते है। इस प्रकार उपर्युक्त गणित गाथा के अनुसार ६४ संख्या प्रमाण '२' के अंक को रखकर परस्पर गुणित करने पर इतनी संख्या प्राप्त होती है—१८४४६७४४०७३७०९५५१६१५। इतने मात्र संयोगाक्षर होते हैं। इनके आश्रय से उतने ही श्रुतज्ञान उत्पन्न होते हैं। इस प्रकार उनके आवारक श्रुतज्ञानावरण के भी उतने ही भेद होते हैं।[1]

इस प्रकार अक्षर प्रमाणादि की प्ररूपणा करके आगे 'उसी श्रुतज्ञानावरणीय कर्म की

---

१. इन अक्षर संयोगों का विवरण धवला में विस्तार से किया गया है।

—पु० १३, पृ० २४७-६०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बीस प्रकार की प्ररूपणा की जाती है' ऐसी प्रतिज्ञा करते हुए उसके बीस भेदों का उल्लेख प्रथमतः संक्षेप में गाथासूत्र के द्वारा और तत्पश्चात् उन्हीं का पृथक्-पृथक् विवरण गद्यात्मक सूत्र के द्वारा किया गया है। वे २० भेद ये हैं—पर्यायावरणीय, पर्यायसमासावरणीय, अक्षरावरणीय, अक्षरसमासावरणीय, पदावरणीय, पदसमासावरणीय, संघातावरणीय, संघातसमासावरणीय, प्रतिपत्तिआवरणीय, प्रतिपत्तिसमासावरणीय, अनुयोगद्वारावरणीय, अनुयोगद्वारसमासावरणीय, प्राभृतप्राभृतावरणीय, प्राभृतप्राभृतसमासावरणीय, प्राभृतावरणीय, प्राभृतसमासावरणीय, वस्तुआवरणीय, वस्तुसमासावरणीय, पूर्वावरणीय और पूर्वसमासावरणीय (४७-४८)।

उपर्युक्त बीस प्रकार के श्रुतज्ञानावरणीय के द्वारा आव्रियमाण अक्षर व अक्षर-समास आदि बीस प्रकार के श्रुतज्ञान की प्ररूपणा धवला में विस्तार से की गई है।[1]

आगे 'उसी श्रुतज्ञानावरणीय की अन्य प्ररूपणा हम करेंगे' ऐसी प्रतिज्ञा करते हुए श्रुतज्ञान के इन इकतालीस पर्याय-शब्दों का निर्देश किया गया है—(१) प्रावचन (२) प्रवचनीय, (३) प्रवचनार्थ, (४) गतियों में मार्गणता, (५) आत्मा, (६) परम्परालब्धि, (७) अनुत्तर, (८) प्रवचन, (९) प्रवचनी, (१०) प्रवचनाद्धा, (११) प्रवचन संनिकर्ष, (१२) नय विधि, (१३) नयान्तरविधि, (१४) भंगविधि, (१५) भंगविधिविशेष, (१६) पृच्छाविधि, (१७) पृच्छाविधिविशेष, (१८) तत्त्व, (१९) भूत, (२०) भव्य, (२१) भविष्यत्, (२२) अवितथ (२३) अविहत, (२४) वेद, (२५) न्याय्य, (२६) शुद्ध, (२७) सम्यग्दृष्टि, (२८) हेतुवाद, (२९) नयवाद, (३०) प्रवरवाद, (३१) मार्गवाद, (३२) श्रुतवाद, (३३) परवाद, (३४) लौकिकवाद, (३५) लोकोत्तरीयवाद, (३६) अग्र्य, (३७) मार्ग, (३८) यथानुमार्ग, (३९) पूर्व, (४०) यथानुपूर्व और (४१) पूर्वातिपूर्व (४९-५०)।

धवला में यहाँ यह शंका की गई है कि सूत्रकार श्रुतज्ञानावरणीय के समानार्थक शब्दों की प्ररूपणा करने की प्रतिज्ञा कर रहे हैं, पर प्ररूपणा आगे श्रुतज्ञान के समानार्थक शब्दों की की जा रही है, यह क्या संगत है? इस आशंका का निराकरण करते हुए वहाँ यह कहा गया है कि यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि आवरणीय (श्रुतज्ञान) की प्ररूपणा का अविनाभाव उसके आवरण के स्वरूप के ज्ञान के साथ है। प्रकारान्तर से वहाँ यह भी कहा गया है कि अथवा 'आवरणीय' शब्द कर्मकारक में सिद्ध हुआ है, अतः 'श्रुतज्ञानावरणीय' से श्रुतज्ञान का ग्रहण हो जाता है। आगे धवला में इन पर्याय शब्दों का भी निरुक्तिपूर्वक पृथक्-पृथक् अर्थ प्रकट किया गया है।[2]

आगे क्रम प्राप्त अवधिज्ञानावरणीय की प्ररूपणा के प्रसंग में उसकी कितनी प्रकृतियाँ हैं, इसे स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि अवधिज्ञानावरणीय की असंख्यात प्रकृतियाँ हैं। वह अवधिज्ञान भवप्रत्यय और गुणप्रत्यय के भेद से दो प्रकार का है। इनमें भवप्रत्यय अवधिज्ञान देवों व नारकियों के होता है तथा गुणप्रत्यय तिर्यंच व मनुष्यों के। आगे इस अवधिज्ञान को अनेक प्रकार का कहकर उसके इन भेदों का उल्लेख किया गया है—देशावधि, परमावधि, सर्वावधि, हीयमान, वर्धमान, अवस्थित, अनवस्थित, अनुगामी, अननुगामी, सप्रतिपाती, अप्रतिपाती, एक क्षेत्र और अनेक क्षेत्र (५१-५६)।

---

१. पु० १३, पृ० २६०-७९
२. पु० १३, पृ० २८०-८९

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यहाँ गुणप्रत्यय अवधिज्ञान के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए धवला में कहा गया है कि 'गुण' से यहाँ सम्यक्त्व से अधिष्ठित अणुव्रत-महाव्रत अभिप्रेत हैं, तदनुसार इस गुण के आश्रय से जो अवधिज्ञान उत्पन्न होता है उसे गुणप्रत्यय अवधिज्ञान कहा जाता है।

एक क्षेत्र व अनेक क्षेत्र अवधिज्ञान के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए धवला में कहा गया है कि जिस अवधिज्ञान का करण जीव के शरीर का एकदेश हुआ करता है वह एकक्षेत्र अवधिज्ञान कहलाता है तथा जो अवधिज्ञान प्रतिनियत क्षेत्र को छोड़कर शरीर के सब अवयवों में रहता है उसे अनेकक्षेत्र अवधिज्ञान कहा जाता है। तीर्थंकर, देव और नारकियों का अवधिज्ञान अनेक क्षेत्र ही होता है, क्योंकि वह शरीर के सब अवयवों से अपने विषयभूत पदार्थ को ग्रहण किया करता है। इनके अतिरिक्त शेष जीव एकदेश से ही पदार्थ को जानते हैं, ऐसा नियम नहीं करना चाहिए, क्योंकि परमावधि और सर्वावधि के धारक गणधर आदि के अपने सब अवयवों से अपने विषयभूत अर्थ का ग्रहण उपलब्ध होता है। इससे यह समझना चाहिए कि शेष जीव शरीर के एकदेश व सब अवयवों से भी जानते हैं।[1]

आगे इस एकक्षेत्र अवधि के विशेष स्वरूप को प्रकट करते हुए कहा गया है कि जिन जीव प्रदेशों में अवधिज्ञानावरणीय का क्षयोपशम हुआ है उनके करणस्वरूप शरीर के प्रदेश अनेक आकारों में अवस्थित होते हैं। जैसे—श्रीवत्स, कलश, शंख, स्वस्तिक और नन्द्यावर्त आदि (५७-५८)।

अभिप्राय यह है कि जिस प्रकार इन्द्रियाँ प्रतिनियत आकार में होती हैं उस प्रकार अवधिज्ञानावरण के क्षयोपशम युक्त जीवप्रदेशों के करणस्वरूप शरीर प्रदेश प्रतिनियत आकार में नहीं होते, किन्तु वे श्रीवत्स व कलश आदि अनेक आकारों में परिणत होते हैं। ये तिर्यंच व मनुष्यों के नाभि के ऊपर होते हैं, उसके नीचे नहीं होते, क्योंकि शुभ आकारों का शरीर के अधोभाग के साथ विरोध है। एक जीव के एक ही स्थान में वे आकार होते हों यह भी नियम नहीं है, किन्तु वे एक दो तीन आदि अनेक स्थानों में हो सकते हैं।

विभंगज्ञानी तिर्यंच-मनुष्यों के गिरगिट आदि अशुभ आकार हुआ करते हैं, जो नाभि के नीचे होते हैं। यदि इन विभंगज्ञानियों के सम्यक्त्व के प्रभाव से अवधिज्ञान उत्पन्न होता है तो वे गिरगिट आदि के अशुभ आकार हटकर नाभि के ऊपर शंख आदि शुभ आकार उत्पन्न हो जाते हैं। इसी प्रकार अवधिज्ञानियों के मिथ्यात्व के वश अवधिज्ञान विनष्ट होकर विभंग-ज्ञान होता है तो उनके वे नाभि के ऊपर के शंख आदि शुभ आकार विनष्ट होकर नाभि के नीचे अशुभ आकार हो जाते हैं। यह अभिप्राय धवलाकार ने सूत्र के अभाव में गुरु के उपदेश-अनुसार प्रकट किया है।

कुछ आचार्यों के अभिप्रायानुसार अवधिज्ञान और विभंगज्ञान के न क्षेत्रगत आकार में कुछ भेद होता और न नाभि के नीचे-ऊपर का भी कुछ नियम रहता है। सम्यक्त्व व मिथ्यात्व की संगति से किये गये नामभेद के कारण उनमें भेद नहीं है, अन्यथा अव्यवस्था होना सम्भव है।[2]

पूर्व में अवधिज्ञान के देशावधि आदि जिन अनेक भेदों का निर्देश किया गया है उनमें

---

१. पु० १३, पृ० २९५-९६

२. पु० १०, पृ० २९६-९८

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एक अनवस्थित अवधिज्ञान भी है। अनवस्थित अवधिज्ञान वह है जो उत्पन्न होकर घटता-बढ़ता रहता है। इस अनवस्थित अवधिज्ञान के जघन्य व उत्कृष्ट काल के अन्तर्गत अनेक काल भेदों की प्ररूपणा करते हुए समय, आवलि, क्षण, लव, मुहूर्त आदि सागरोपम पर्यन्त अनेक काल भेदों का उल्लेख किया गया है (५९)।

दो परमाणुओं का तत्प्रायोग्य वेग से ऊपर व नीचे जाते हुए शरीरों के साथ परस्पर स्पर्श होने में जितना काल लगता है उसका नाम समय है। यह उसके अवस्थान का जघन्य काल है। कारण यह कि कोई अवधिज्ञान उत्पन्न होने के दूसरे ही समय में विनष्ट होता हुआ उपलब्ध होता है। इसी प्रकार उसका अवस्थान काल क्षण-लव आदि समझना चाहिए।

आगे अवधिज्ञान का जघन्य क्षेत्र दिखलाते हुए कहा गया है कि तृतीय समयवर्ती आहारक और तृतीय समयवर्ती तद्भवस्थ हुए सूक्ष्म निगोद लब्ध्यपर्याप्तक की जितनी अवगाहना होती है उतना अवधिज्ञान का जघन्य क्षेत्र है। इस प्रकार अवधिज्ञान के जघन्य क्षेत्र को दिखला कर आगे क्षेत्र से सम्बद्ध काल की और काल से सम्बद्ध क्षेत्र के प्रमाण की प्ररूपणा की गई है। इसी प्रसंग में नाना काल और नाना जीवों के आश्रय से द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव से सम्बद्ध वृद्धि के क्रम को भी प्रकट किया गया है। इस प्रकार द्रव्य से सम्बद्ध उसके क्षेत्र-काल आदि की प्ररूपणा करते हुए कौन-कौन जीव उस अवधिज्ञान के द्वारा क्षेत्र-काल आदि की अपेक्षा कितना जानते हैं; इसे स्पष्ट किया गया है (गाथा सूत्र ३-१७, पृ० ३०१-२८)।

इस प्रकार अवधिज्ञानावरणीय की प्ररूपणा को समाप्त कर आगे मनःपर्ययज्ञानावरणीय कर्म की प्ररूपणा करते हुए उसकी कितनी प्रकृतियाँ हैं, इसके स्पष्टीकरण में कहा गया है कि उसकी दो प्रकृतियाँ हैं—ऋजुमतिमनःपर्ययज्ञानावरणीय और विपुलमतिमनःपर्ययज्ञानावरणीय। इनमें जो ऋजुमतिमनःपर्ययज्ञानावरणीय कर्म है वह तीन प्रकार का है - ऋजुमनोगत अर्थ को जानता है, ऋजुवचनगत अर्थ को जानता है और ऋजुकायगत अर्थ को जानता है (६०-६२)।

इसका अभिप्राय यह रहा है कि ऋजुमनोगत अर्थ को विषय करनेवाले, ऋजुवचनगत अर्थको विषय करनेवाले और ऋजुकायगत अर्थ को विषय करनेवाले इस तीन प्रकार के मनःपर्ययज्ञान को आवृत करनेवाला ऋजुमतिमनःपर्ययज्ञानावरणीय कर्म भी तीन प्रकार का है।

इसके पश्चात् ऋजुमतिमनःपर्यय ज्ञान के विषय की प्ररूपणा करते हुए यह कहा गया है कि मनःपर्ययज्ञानी मन (मतिज्ञान) से मानस को ग्रहण करके दूसरों की संज्ञा, स्मृति, मति, चिन्ता, जीवित-मरण, लाभ-अलाभ, सुख-दुःख, नगरविनाश, देशविनाश, जनपदविनाश, खेट-विनाश, कर्वटविनाश, मडंबविनाश, पट्टनविनाश, द्रोणमुखविनाश, अतिवृष्टि, अनावृष्टि, सुवृष्टि, दुर्वृष्टि, सुभिक्ष, दुर्भिक्ष, क्षेम, अक्षेम, भय और रोग इन सब काल से विशेषित पदार्थों को जानता है। इनके अतिरिक्त वह व्यक्त मनवाले अपने व दूसरे जीवों से सम्बन्धित वस्तुओं को जानता है, किन्तु अव्यक्त मनवाले जीवों से सम्बन्धित वस्तुओं को वह नहीं जानता है। आगे इसी प्रसंग में काल और क्षेत्र की अपेक्षा वह कितने विषय को जानता है, इसे भी स्पष्ट किया गया है (६३-६६)।

इस प्रकार ऋजुमतिमनःपर्ययज्ञानावरणीय की प्ररूपणा को समाप्त कर आगे विपुल-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मतिमनःपर्ययज्ञानावरणीय कर्म की प्ररूपणा के प्रसंग में उसके ये छह भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—वह ऋजु व अनृजु मनोगत अर्थ को जानना है, ऋजु व अनृजु वचनगत अर्थ को जानता है तथा ऋजु व अनृजु कायगत अर्थ को जानता है। इसका अभिप्राय ऋजुमतिमनःपर्ययज्ञानावरणीय के ही समान समझना चाहिए। इसी प्रकार आगे ऋजुमतिमनःपर्यय के समान इस विपुलमतिमनःपर्ययज्ञान के विषय की भी प्ररूपणा उसी पद्धति से की गई है (७०-७८)।

आगे क्रमप्राप्त केवलज्ञानावरणीय की प्ररूपणा के प्रसंग में उसकी कितनी प्रकृतियाँ हैं, इसे स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि केवलज्ञानावरणीय कर्म की एक ही प्रकृति है। अनन्तर उस केवलज्ञानावरणीय से आवृत केवलज्ञान के स्वरूप को प्रकट करते हुए उसे सकल—तीनों कालों के विषयभूत समस्त बाह्य पदार्थों को विषय करनेवाला, सम्पूर्ण—अनन्तदर्शन व वीर्य आदि अनन्तगुणों से परिपूर्ण—और कर्म-वैरी से रहित होने के कारण असपत्न कहा गया है। आगे स्वयं उत्पन्न होनेवाले उस केवलज्ञान के विषय को प्रकट करते हुए कहा गया है कि स्वयं उत्पन्न हुए ज्ञान-दर्शन से सम्पन्न भगवान् देवलोक, असुरलोक व मनुष्यलोक (ऊर्ध्व, अधः व तिर्यक् तीनों लोक) की गति, आगति, चयन, उपपाद, बन्ध, मोक्ष, ऋद्धि, स्थिति, द्युति, अनुभाग, तर्क, फल, मन, मानसिक, भुक्त, कृति, प्रतिसेवित, आदिकर्म, अरहःकर्म, सब लोकों, सब जीवों और सब भावों को समीचीनतया जानते हैं, देखते हैं व विहार करते हैं[1] (७९-८३)।

आगे क्रम से दर्शनावरणीय (८४-८६), वेदनीय (८७-८८), मोहनीय (८९-९८) और आयु (९९) कर्म की उत्तरप्रकृतियों का नाम-निर्देश किया गया है। तत्पश्चात् नामकर्म की ब्यालीस प्रकृतियों का निर्देश करते हुए उनमें यथाक्रम से आनुपूर्वी तक गति-जाति आदि तेरह पिण्डप्रकृतियों की उत्तरप्रकृतियों के नामों का भी निर्देश किया गया है (१००-१३२)।

विशेषता यहाँ यह रही है कि आनुपूर्वी के प्रसंग में उसकी नरकगति-प्रायोग्यानुपूर्वी आदि चार में प्रत्येक की उत्तरप्रकृतियों के प्रमाण को भी दिखलाते हुए उसमें एक वार अल्पबहुत्व को प्रकट करके (१२३-२७) 'भूयो अप्पाबहुअं' इस सूचना के साथ प्रकारान्तर से पुनः उस अल्पबहुत्व को प्रकट किया गया है (१२८-३२)।

इस प्रसंग में यहाँ धवला में यह शंका की गई है कि एक वार उनके अल्पबहुत्व को कहकर फिर से उसकी प्ररूपणा किसलिए की जा रही है। इसके समाधान में वहाँ यह कहा गया है कि अन्य भी व्याख्यानान्तर है, इसके ज्ञापनार्थ उसका प्रकारान्तर से पुनः कथन किया जाता है।

आगे जिन अगुरुलघु आदि २९ प्रकृतियों का उल्लेख पूर्व (१०१) में किया जा चुका है उनका उल्लेख उसी रूप में यहाँ पुनः किया गया है (१३३)।

इसकी व्याख्या में धवलाकार ने कहा है कि इन प्रकृतियों की प्ररूपणा उत्तरोत्तर प्रकृतियों की प्ररूपणा जानकर करना चाहिए। इनकी उत्तरोत्तर प्रकृतियाँ नहीं हैं, ऐसा नहीं समझना चाहिए, क्योंकि ध्रुव और धम्ममन आदि प्रत्येक शरीर तथा मूली और थूहर आदि साधारण-शरीर इनके बहुत प्रकार के स्वर और गमन आदि उपलब्ध होता है।

---

१. यह सन्दर्भ आचारांग द्वि० श्रुतस्कन्ध (चू० ३) गत केवलज्ञान विषयक सन्दर्भ से शब्दशः बहुत कुछ मिलता-जुलता है। पृ० ८८८

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अनन्तर गोत्र कर्म की दो और अन्तराय कर्म की पाँच प्रकृतियों का निर्देश किया गया है[1] (१३४-३७)।

इस प्रकार प्रकृति के नाम, स्थापना और द्रव्य रूप तीन भेदों की प्ररूपणा करके आगे उसके चौथे भेदभूत भावप्रकृति की प्ररूपणा करते हुए उसके इन दो भेदों का निर्देश किया गया है—आगमभाव प्रकृति और नो-आगमभाव प्रकृति। आगमभाव प्रकृति के प्रसंग में उसके स्वरूप को प्रकट करते हुए पूर्व के समान उसके स्थित-जित आदि नौ अर्थाधिकारों के साथ तद्विषयक वाचना-पृच्छना आदि आठ उपयोग-विशेषों का भी उल्लेख किया गया है। दूसरी नोआगमभाव प्रकृति को अनेक प्रकार का कहा गया है। जैसे—सुर व असुर आदि देवविशेष, मनुष्य एवं मृग—पशु अर्थात् पक्षी आदि विविध प्रकार के तिर्यंच और नारकी इनकी निज का अनुसरण करनेवाली प्रकृति (१३८-४०)।

अन्त में प्रकरण का उपसंहार करते हुए 'इन प्रकृतियों में यहाँ कौन-सी प्रकृति प्रकृत है', इसे स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि उनमें यहाँ भावप्रकृति प्रकृत है। इस प्रकार प्रथम प्रकृतिनिक्षेप अनुयोगद्वार की प्ररूपणा करके आगे यह कह दिया है कि शेष प्ररूपणा वेदना अनुयोगद्वार के समान है (१४२-४२)।

इसका अभिप्राय यह रहा है कि प्रकृतिनयविभाषणता आदि जिन शेष १५ अनुयोगद्वारों की यहाँ प्ररूपणा नहीं की गई है उनकी वह प्ररूपणा वेदना अनुयोगद्वार के समान समझना चाहिए।

इस प्रकार 'वर्गणा' खण्ड के अन्तर्गत स्पर्श, कर्म और प्रकृति ये तीनों अनुयोगद्वार १३वीं जिल्द में प्रकाशित हुए हैं।

४. बन्धन

यहाँ सर्व प्रथम सूत्र में यह निर्देश किया गया है कि 'बन्धन' इस अनुयोगद्वार में बन्धन की विभाषा (व्याख्यान) चार प्रकार की है—बन्ध, बन्धक, बन्धनीय और बन्धविधान (सूत्र १)।

इसकी व्याख्या करते हुए धवलाकार ने 'बन्धन' शब्द की निरुक्ति चार प्रकार से की है—**बन्धो बन्धनम्, बध्नातीति बन्धनः, बध्यते इति बन्धनम्, बध्यते अनेनेति बन्धनम्**। इनमें प्रथम निरुक्ति के अनुसार बन्ध ही बन्धन सिद्ध होता है। दूसरी निरुक्ति कर्ता के अर्थ में की

---

१. प्रकृतियों की यह प्ररूपणा कुछ अपवादों को छोड़कर—जैसे ज्ञानावरणीय व आनुपूर्वी आदि—प्रायः सब ही जीवस्थान की नौ चूलिकाओं में प्रथम 'प्रकृतिसमुत्कीर्तन' चूलिका के समान है। दोनों में सूत्र भी प्रायः वे ही हैं। उदाहरण के रूप में इन सूत्रों को देखा जा सकता है—प्रकृति अनुयोगद्वार सूत्र ८९-११४, प्रकृतिसमु० चूलिका सूत्र १५-४१।

सूत्रसंख्या में जो भेद है वह एक ही सूत्र के २-३ सूत्रों में विभक्त हो जाने के कारण हुआ है। जैसे—जं तं दंसणमोहणीयं कम्मं तं बंधदो एयविहं ॥९१॥ तस्स संत कम्मं पुण तिविहं सम्मत्तं मिच्छत्तं सम्मामिच्छत्तं ॥९२॥ (प्रकृतिअनु) जं तं दंसणमोहणीयं कम्मं तं बंधादो एयविहं तस्स संतकम्मं पुण तिविहं—सम्मत्तं मिच्छत्तं सम्मामिच्छत्तं चेदि ॥२१॥ (जी० चूलिका १)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गई है, तदनुसार बाँधनेवाले का नाम बन्धन है। इससे बन्धन का अर्थ बन्धक भी होता है। तीसरी निरुक्ति (बध्यते यत्) कर्मसाधन में की गई है, तदनुसार जिसे बाँधा जाता है वह बन्धन सिद्ध होता है। इस प्रकार बन्धन का अर्थ बाँधने के योग्य (बन्धनीय) कर्म होता है। चौथी निरुक्ति करण साधन में की गई है। तदनुसार जिसके द्वारा बाँधा जाता है वह बन्धन है, इस प्रकार से बन्धन का अर्थ बन्धविधान भी हो जाता है। इससे यह सिद्ध हुआ कि प्रस्तुत बन्धन अनुयोगद्वार में ये चार अवान्तर अनुयोगद्वार हैं—बन्ध, बन्धक, बन्धनीय और बन्धविधान।

१. बन्ध—सर्वप्रथम बन्ध की प्ररूपणा करते हुए उसके ये चार भेद निर्दिष्ट किये हैं—नामबन्ध, स्थापनाबन्ध, द्रव्यबन्ध और भावबन्ध। आगे बन्धन नयविभाषणता के अनुसार कौन नय किन बन्धों को स्वीकार करता है, इसे स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि नैगम, व्यवहार और संग्रह ये तीन नय सब बन्धों को स्वीकार करते हैं। ऋजुसूत्र नय स्थापनाबन्ध को स्वीकार नहीं करता। शब्दनय नामबन्ध और भावबन्ध को स्वीकार करता है (२-६)।

आगे नामबन्ध और स्थापनाबन्ध के स्वरूप को उसी पद्धति से प्रकट किया गया है, जिस पद्धति से पूर्व में नामस्पर्श और स्थापनास्पर्श तथा नामकर्म और स्थापनाकर्म के स्वरूप को प्रकट किया गया है। तत्पश्चात् द्रव्यबन्ध को स्थगित कर भावबन्ध की प्ररूपणा भी उसी पद्धति से की गई है (७-१२)।

विशेष इतना है कि नो आगमभावबन्ध की प्ररूपणा में उसके ये दो भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—जीवभावबन्ध और अजीवभावबन्ध। इनमें जीवभावबन्ध तीन प्रकार का है—विपाकप्रत्ययिक जीवभावबन्ध, अविपाकप्रत्ययिक जीवभावबन्ध और उभयप्रत्ययिक जीवभावबन्ध। इनमें विपाक प्रत्ययिक जीवभावबन्ध का स्वरूप प्रकट करते हुए यह अभिप्राय प्रकट किया गया है कि कर्म के उदय के आश्रय से उत्पन्न होनेवाले औदयिक जीवभावों का नाम विपाकप्रत्ययिक जीवभावबन्ध है। ऐसे वे जीवभाव ये हैं—देव, मनुष्य, तिर्यंच, नारक, स्त्रीवेद, पुरुषवेद, नपुंसकवेद, क्रोध, मान, माया, लोभ, राग, द्वेष, मोह, कृष्णलेश्या, नीललेश्या, कापोतलेश्या, तेजोलेश्या, पद्मलेश्या, शुक्ललेश्या, असंयत, अविरत, अज्ञान और मिथ्यादृष्टि। इनके अतिरिक्त इसी प्रकार के और भी कर्मोदयजनित भाव हैं उन सबको विपाकप्रत्ययिक जीवभावबन्ध जानना चाहिए[1] (१३-१५)।

ये सब ही जीवभाव विभिन्न कर्मों के उदय से उत्पन्न होते हैं। जैसे—देव-मनुष्य गति आदि नामकर्म के उदय से देव-मनुष्यादि। नोकषायस्वरूप स्त्रीवेदोदयादि से स्त्री-पुरुष-नपुंसकवेद।

अविपाकप्रत्ययिक जीवभावबन्ध दो प्रकार का है—औपशमिक अविपाकप्रत्ययिक जीवभावबन्ध और क्षायिक अविपाकप्रत्ययिक जीवभावबन्ध। इनमें क्रोध-मानादि के उपशान्त होने पर जो अपूर्वकरण व अनिवृत्तिकरण आदि गुणस्थानों में भाव होते हैं उन्हें औपशमिक अविपाकप्रत्ययिक जीवभावबन्ध कहा गया है। औपशमिक सम्यक्त्व व औपशमिक चारित्र तथा और भी जो इसी प्रकार के भाव हैं उन सबको औपशमिक अविपाकप्रत्ययिक जीवभावबन्ध निर्दिष्ट

---

१. ये भाव थोड़ी-सी विशेषता के साथ तत्त्वार्थसूत्र में इस प्रकार निर्दिष्ट किये गये हैं—गति-कषाय-लिंग-मिथ्यादर्शनासंयतासिद्धलेश्याश्चतुश्चतुस्त्र्येकैकैकैकषड्भेदाः। (२-६)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

किया गया है। इसी प्रकार उक्तक्रोधादि के सर्वथा क्षय को प्राप्त हो जाने पर जो जीवभाव उत्पन्न होते हैं उनके साथ क्षायिक सम्यक्त्व, क्षायिक चारित्र तथा क्षायिक दान-लाभ आदि (नौ क्षायिक लब्धियाँ) एवं अन्य भी इसी प्रकार के जीवभावों को क्षायिक अविपाक प्रत्ययिक जीवभावबन्ध कहा गया है। विवक्षित कर्म के क्षयोपशम से उत्पन्न होनेवाले एकेन्द्रियलब्धि आदि विविध प्रकार के जीवभावों को तदुभयप्रत्ययिक जीवभावबन्ध निर्दिष्ट किया गया है (१६-१९)।

अजीवभावबन्ध भी तीन प्रकार का है—विपाकप्रत्ययिक अजीवभावबन्ध, अविपाक-प्रत्ययिक अजीवभावबन्ध और तदुभयप्रत्ययिक अजीवभावबन्ध। इनमें प्रयोगपरिणत वर्ण व शब्द आदिकों को विपाकप्रत्ययिक अजीवभावबन्ध और विस्रसापरिणत वर्ण व शब्द आदिकों को अविपाकप्रत्ययिक अजीव-भावबन्ध कहा गया है। प्रयोगपरिणत स्कन्धगत वर्णों के साथ जो विस्रसापरिणत स्कन्धों के वर्णों का संयोग या समवाय रूप सम्बन्ध होता है उसे तदुभय-प्रत्ययिक अजीव-भावबन्ध कहा गया है। इसी प्रकार शब्द व गन्ध आदि को भी तदुभय प्रत्ययिक अजीव भावबन्ध जानना चाहिए (२०-२३)।

आगे पूर्व में जिस द्रव्यबन्ध को स्थगित किया गया था उसकी प्ररूपणा करते हुए उसके ये दो भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—आगमद्रव्यबन्ध और नो-आगमद्रव्यबन्ध। इनमें आगमद्रव्य-बन्ध के स्वरूप को पूर्व पद्धति के अनुसार दिखलाकर नो-आगमद्रव्य-बन्ध के ये दो भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—प्रयोगबन्ध और विस्रसाबन्ध। इनमें प्रयोगबन्ध को स्थगित कर विस्रसाबन्ध को सादि और अनादि के भेद से दो प्रकार का कहा गया है। इनमें भी सादि विस्रसाबन्ध को स्थगित कर अनादि विस्रसाबन्ध के तीन भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—धर्मास्तिक, अधर्मास्तिक और आकाशास्तिक। इनमें भी प्रत्येक तीन प्रकार का है। जैसे—धर्मास्तिक, धर्मास्तिक देश और धर्मास्तिकप्रदेश। अधर्मास्तिक और आकाशास्तिक के भी इसी प्रकार से तीन भेद निर्दिष्ट किये गये हैं। इन तीनों ही अस्तिकायों का परस्पर में प्रदेशबन्ध होता है (२४-३१)।

अनादि विस्रसाबन्ध का स्पष्टीकरण धवला में इस प्रकार किया गया है—धर्मास्तिकाय के अपने समस्त अवयवों के समूह का नाम धर्मास्तिक है। इस प्रकार अवयवी धर्मास्तिकाय का जो अपने अवयवों के साथ बन्ध है उसे धर्मास्तिक बन्ध कहा जाता है। उसके अर्धभाग से लेकर चतुर्थ भाग तक का नाम धर्मास्तिक देश है, उन्हीं धर्मास्तिक देशों का जो अपने अवयवों के साथ बन्ध है वह धर्मास्तिक देशबन्ध कहलाता है। उसी के चौथे भाग से लेकर जो अवयव हैं उनका नाम प्रदेश और उनके पारस्परिक बन्ध का नाम धर्मास्तिक प्रदेशबन्ध है। इसी प्रकार का अभिप्राय अधर्मास्तिक और आकाशास्तिक के विषय में रहा है। इन तीनों ही अस्तिकायों के प्रदेशों का जो परस्पर में बन्ध है उस सबका नाम अनादिविस्रसाबन्ध है। कारण यह कि ये तीनों द्रव्य अनादि व प्रदेशों के परिस्पन्द से रहित हैं। इसीलिए उनका बन्ध अनादि होकर स्वाभाविक है।

अब यहाँ जिस सादि विस्रसाबन्ध को पूर्व में स्थगित किया गया था उसकी प्ररूपणा करते हुए विसदृश स्निग्धता और विसदृश रूक्षता को बन्ध—बन्ध का कारण—कहा गया है तथा समान स्निग्धता और समान रूक्षता को भेद—असंयोग का कारण कहा गया है (३२-३३)।

इन दो सूत्रों का स्पष्टीकरण आगे एक गाथा-सूत्र (३४) के द्वारा करते हुए "वेमादा-णिद्धदा वेमादा लुक्खदा बंधो" इस सूत्र (३२) को पुनः उपस्थित किया गया है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

धवलाकार ने इसका दूसरा अर्थ करके संगति बैठायी है। यथा—पूर्व में 'मादा' का अर्थ सदृशता और 'वेमादा' का अर्थ सदृशता से रहित (विसदृशता) किया गया है। अब यहाँ 'मादा' (मात्रा) का अर्थ अविभागप्रतिच्छेद और 'वे' का अर्थ दो संख्या किया गया है। तदनुसार अभिप्राय यह हुआ कि स्निग्ध पुद्गल दो अविभागप्रतिच्छेदों से अधिक अथवा दो अविभागप्रतिच्छेदों से हीन अन्य स्निग्ध पुद्गलों के साथ बन्ध को प्राप्त होते हैं, तीन आदि अविभागप्रतिच्छेदों से अधिक अथवा हीन अन्य स्निग्ध पुद्गलों के साथ वे बन्ध को प्राप्त नहीं होते।

इस अर्थ का निर्णय आगे एक अन्य गाथा-सूत्र (३६) द्वारा किया गया है।

इस प्रकार यहाँ परमाणु-पुद्गलों के बन्धविषयक दो मत स्पष्ट हैं। प्रथम मत के अनुसार स्निग्धता अथवा रूक्षता से सदृश (स्निग्ध-स्निग्ध या रूक्ष-रूक्ष) परमाणुओं में बन्ध नहीं होता है। किन्तु दूसरे मत के अनुसार स्निग्धता और रूक्षता से सदृश और विसदृश दोनों ही प्रकार के पुद्गलपरमाणुओं में परस्पर बन्ध होता है। विशेष इतना है उन्हें स्निग्धता और रूक्षता के अविभागप्रतिच्छेदों में दो-दो से अधिक अथवा हीन होना चाहिए। उदाहरण के रूप में—

दो गुण (भाग) स्निग्ध परमाणु का चार गुण स्निग्ध अन्य परमाणु के साथ बन्ध होता है। इसी प्रकार दो गुण स्निग्ध परमाणु का चार गुण रूक्ष परमाणु के साथ भी बन्ध होता है। दो गुण स्निग्ध का तीन गुण व पाँच गुण आदि किसी भी स्निग्ध-रूक्ष परमाणुओं के साथ बन्ध सम्भव नहीं है, उन्हें दो-दो गुणों से ही अधिक होना चाहिए। इसी प्रकार तीन गुण स्निग्ध का पाँच गुण स्निग्ध अथवा रूक्ष परमाणुओं के साथ बन्ध सम्भव है। इसी प्रकार से आगे चार गुण स्निग्ध या रूक्ष का छह गुणस्निग्ध अथवा रूक्ष परमाणुओं में परस्पर बन्ध होता है। यह अवश्य है कि जघन्य गुण (सबसे हीन अविभागप्रतिच्छेद युक्त) पुद्गल परमाणु का किसी भी अवस्था में अन्य परमाणु के साथ बन्ध नहीं होता। यह दूसरा मत तत्त्वार्थसूत्र (५,३२-३६) व उसकी व्याख्या स्वरूप सर्वार्थसिद्धि एवं तत्त्वार्थवार्तिक में उपलब्ध होता है।[1]

आगे इस सादि विस्रसाबन्ध के विषय में अनेक उदाहरण देते हुए यह स्पष्ट किया गया है कि क्षेत्र, काल, ऋतु, अयन (दक्षिणायन-उत्तरायन) और पुद्गल के निमित्त से उपर्युक्त बन्ध परिणाम को प्राप्त होकर जो अभ्र, मेघ, सन्ध्या, विद्युत्, उल्का, कनक (अशनि), दिशादाह, धूमकेतु और इन्द्रायुध के रूप में बन्धनपरिणाम से परिणत होते हैं; इस सबको सादि-विस्रसाबन्ध कहा जाता है। इसी प्रकार के अन्य भी जो स्वभावतः उस प्रकार के बन्धनपरिणाम से परिणत होते हैं उनके उस बन्ध को सादि-विस्रसाबन्ध समझना चाहिए (३७)।[2]

आगे पूर्व में स्थगित किये गए प्रयोगबन्ध की प्ररूपणा करते हुए उसे कर्मबन्ध और नो-

---

१. इस प्रसंग में तत्त्वार्थवार्तिक में षट्खण्डागम के अन्तर्गत वर्गणाखण्ड का उल्लेख भी इस प्रकार किया गया है—स पाठो नोपपद्यते। कुतः? आर्षविरोधात्। एवं हि उक्तमार्षे वर्गणायां बन्धविधाने नोआगमद्रव्यबन्धविकल्पे सादि-वैस्रसिकबन्धनिर्देशः प्रोक्तः। विषमरूक्षतायां च बन्धः समरूक्षतायां च भेदः इति। तदनुसारेण च सूत्रमुक्तं 'गुणसाम्ये सदृशानाम्' इति"।— त० वा० ५,१६,४ पृ० २४२

२. तत्त्वार्थवार्तिक ५,२४,१३; पृ० २३२

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कर्मबन्ध के भेद से दो प्रकार का निर्दिष्ट किया गया है। इनमें कर्मबन्ध को स्थगित करके दूसरे नोकर्मबन्ध के इन पाँच भेदों का निर्देश किया है—आलापनबन्ध, अल्लीवनबन्ध, संश्लेषबन्ध, शरीरबन्ध और शरीरीबन्ध। इनमें आलापनबन्ध के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए आगे कहा गया है कि लोहा, रस्सी, वस्त्र अथवा दर्भ आदि अन्य द्रव्य के निमित्त से जो शकट, यान, युग, गड्डी, गिल्ली, रथ, स्यन्दन, शिविका, गृह, प्रासाद, गोपुर और तोरण इनके तथा और भी जो इस प्रकार के हैं उन सबके बन्ध को आलापनबन्ध कहा जाता है। कटक, कुड्ड, गोवरपीढ, प्राकार, शाटिका तथा और भी जो इस प्रकार के द्रव्य हैं, जिनका अन्य द्रव्यों से अल्लीवित होकर बन्ध होता है वह सब ही अल्लीवनबन्ध कहलाता है। परस्पर में संश्लेष को प्राप्त काष्ठ और लाख का जो बन्ध होता है उसका नाम संश्लेशबन्ध है (३८-४३)।

प्रयोग का अर्थ जीव का व्यापार है, इस जीवव्यापार से जो बन्ध उत्पन्न होता है उसे प्रयोगबन्ध कहते हैं। वह पाँच प्रकार का है—आलापनबन्ध, अल्लीवनबन्ध, संश्लेषबन्ध, शरीरबन्ध और शरीरीबन्ध। लोहा, रस्सी, चमड़ा और लकड़ी आदि के आश्रय से जो उनसे भिन्न गाड़ी, रथ व जहाज आदि अन्य द्रव्यों का बन्ध होता है उसे आलापनबन्ध कहा जाता है। तत्त्वार्थवार्तिक में इसका उल्लेख आलपनबन्ध के नाम से किया गया है। वहाँ 'लपि' धातु का अर्थ आकर्षण क्रिया किया गया है।[1]

लेपनविशेष से जड़े या जोड़े गये द्रव्यों का जो परस्पर बन्ध होता है उसका नाम अल्लीवन बन्ध है, जैसे—चटाई, भीत व वस्त्र आदि का बन्ध। आलापन बन्ध में जहाँ गाड़ी आदि में लोहे या लकड़ी आदि की कीलें उनसे भिन्न रहती हैं वहाँ इस बन्ध में कीलों आदि के समान द्रव्य नहीं रहते। जैसे—ईंटों व मिट्टी (गारा) आदि के लेप से बननेवाली भीत आदि, तथा तन्तुओं के परस्पर बुनने से बननेवाला वस्त्र। तत्त्वार्थवार्तिक में इसका उल्लेख आलेपनबन्ध के नाम से किया गया है।

संश्लेषबन्ध काष्ठ और लाख आदि चिक्कन-अचिक्कन द्रव्यों का होता है। आलापनबन्ध में जैसे कीलें आदि भिन्न द्रव्य रहती हैं तथा अल्लीवनबन्ध में जैसे—ईंट व मिट्टी व आदि के साथ पानी भी रहता है, क्योंकि उसके बिना लेप नहीं होता; इस प्रकार से इस बन्ध में न कीलों आदि के समान कुछ पृथक् द्रव्य रहते हैं और न अल्लीवन बन्ध के समान पानी आदि का उपयोग इसमें होता है, इससे यह संश्लेषबन्ध उन दोनों से भिन्न है।

शरीरबन्ध को औदारिकशरीरबन्ध आदि के भेद से पाँच प्रकार का निर्दिष्ट किया गया है। आगे उनके यथा सम्भव एक दो तीन के संयोग से १५ भेद का भी उल्लेख किया गया है। जैसे—औदारिक-औदारिक-शरीरबन्ध, औदारिक-तेजसशरीरबन्ध, औदारिक-कार्मणशरीर-बन्ध, औदारिक-तैजस-कार्मणशरीरबन्ध, वैक्रियिक-वैक्रियिक-शरीरबन्ध, आदि (४४-६०)।

जीव प्रदेशों का अन्य जीवप्रदेशों के साथ तथा पाँच शरीरों के साथ जो बन्ध है उसे शरीरी बन्ध कहते हैं। वह शरीरीबन्ध सादिशरीरीबन्ध और अनादिशरीरीबन्ध के भेद से दो प्रकार का है। इनमें सादिशरीरीबन्ध को शरीरबन्ध के समान जानना चाहिए। जीव के आठ मध्य-प्रदेशों का जो परस्पर में बन्ध है उसका नाम अनादिशरीरीबन्ध है।

आगे पूर्व में स्थगित किए गए कर्मबन्ध के विषय में यह सूचना कर दी गई है कि उसकी

---

१. इन सब शब्दों को धवला में स्पष्ट किया गया है। पु० १४, पृ० ३८-३९

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्ररूपणा 'कर्म' अनुयोगद्वार के समान जानना चाहिए (६१-६४)। इस प्रकार यहाँ बन्ध अनुयोगद्वार समाप्त हुआ है।

२. **बन्धक**—यहाँ प्रारम्भ में 'जो बन्धक हैं उनका यह निर्देश है' ऐसी सूचना करते हुए गति-इन्द्रिय आदि चौदह मार्गणाओं का नामोल्लेख किया गया है। तत्पश्चात् यह कहा गया है कि गतिमार्गणा के अनुवाद से नरकगति में नारकी बन्धक हैं, तिर्यंच बन्धक हैं, देव बन्धक हैं, मनुष्य बन्धक भी हैं और अबन्धक भी हैं, सिद्ध अबन्धक हैं। इस प्रकार क्षुद्रकबन्ध के अन्तर्गत ग्यारह अनुयोगद्वारों की यहाँ प्ररूपणा करना चाहिए। इसी प्रकार आगे महादण्डकों की प्ररूपणा करना चाहिए (६५-६७)।

बन्धक जीव हैं। उन बन्धक जीवों की प्ररूपणा क्षुद्रकबन्ध नाम के दूसरे खण्ड में 'एक जीव की अपेक्षा स्वामित्व' आदि ग्यारह अनुयोगद्वारों में विस्तार से की गई है। ग्रन्थकर्ता ने यहाँ उसकी ओर संकेत करते हुए यह कहा है कि बन्धकों की प्ररूपणा जिस प्रकार क्षुद्रकबन्ध में की गई है उसी प्रकार यहाँ उनकी प्ररूपणा करना चाहिए। यहाँ ऊपर जो ६५-६६ ये दो सूत्र कहे गये हैं वे क्षुद्रकबन्ध में उसी रूप में अवस्थित हैं।[1] विशेषता यह रही है कि यहाँ ६६वें सूत्र में 'सिद्धा अबंधा' के आगे प्रसंगवश 'एवं खुद्दाबंधएक्कारसअणियोगद्दारं णेयव्वं' इतना और निर्देश कर दिया गया है तथा उसके पश्चात् ६७वें सूत्र में 'एवं महादंडया णेयव्वा'[2] इतनी और भी सूचना कर दी गई है। इस सूचना के साथ इस बन्धक अनुयोगद्वार को समाप्त कर दिया गया है।

३. **बन्धनीय**—यहाँ सर्वप्रथम 'बन्धनीय' को स्पष्ट करते हुए यह कहा गया है कि जिनका वेदन या अनुभवन किया जाता है वे वेदनास्वरूप पुद्गल स्कन्धरूप हैं, और वे स्कन्ध वर्गणास्वरूप हैं। 'बन्धनीय' से यहाँ वर्गणाएँ अभिप्रेत हैं। इस प्रकार यहाँ इस 'बन्धनीय' अनुयोगद्वारों में २३ प्रकार की वर्गणाओं को वर्णनीय सूचित किया गया है (६८)।

तदनुसार उन वर्गणाओं की यहाँ विस्तार से प्ररूपणा की गई है। इसी कारण से इस खण्ड के अन्तर्गत पूर्वोक्त स्पर्श, कर्म और प्रकृति इन तीन अनुयोगद्वारों के साथ बन्ध और बन्धक अधिकारों को भी गौण करके इन बन्धनीय वर्गणाओं की प्रमुखता से इस पाँचवें खण्ड का **वर्गणा** नाम प्रसिद्ध हुआ है। चौथे अधिकारस्वरूप बन्धविधान की प्ररूपणा महाबन्ध नामक आगे के छठे खण्ड में विस्तार से की गई है।

इस प्रकार यहाँ प्रारम्भ में उन वर्णनीय वर्गणाओं के परिज्ञान में प्रयोजनीभूत होने से इन आठ अनुयोगद्वारों को ज्ञातव्य कहा गया है—वर्गणा, वर्गणाद्रव्यसमुदाहार, अनन्तरोपनिधा, परम्परोपनिधा, अवहार, यवमध्य, पदमीमांसा और अल्पबहुत्व। इनमें जो प्रथम वर्गणा अनुयोगद्वार है उसमें ये १६ अनुयोगद्वार हैं—वर्गणानिक्षेप, वर्गणानयविभाषणता, वर्गणाप्ररूपणा, वर्गणानिरूपणा, वर्गणाध्रुवाध्रुवानुगम, वर्गणासान्तरनिरन्तरानुगम, वर्गणाओज युग्मानुगम, वर्गणाक्षेत्रानुगम, वर्गणास्पर्शनानुगम, वर्गणाकालानुगम, वर्गणा-अन्तरानुगम, वर्गणाभावानुगम, वर्गणा-उपनयनानुगम, वर्गणापरिमाणानुगम, वर्गणाभागाभागानुगम और वर्गणा-अल्पबहुत्व (६९-७०)।

---

१. सूत्र २, १, १-७ (पु ७, पृ० १-८)

२. 'क्षुद्रकबन्ध' के अन्त में पृ० ५७५-९४ में महादण्डक भी है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वर्गणा अभ्यन्तर और बाह्य के भेद से दो प्रकार की है। इनमें बाह्य वर्गणा की प्ररूपणा आगे की जाने वाली है। अभ्यन्तर वर्गणा दो प्रकार की है—एकश्रेणि वर्गणा और नानाश्रेणि वर्गणा। इनमें से उपर्युक्त १६ अनुयोगद्वार एक श्रेणिवर्गणा में ज्ञातव्य हैं। अब उन सोलह अनुयोगद्वारों के आश्रय से क्रमशः वर्गणाओं का परिचय कराया जाता है—

वर्गणानिक्षेप—यह छह प्रकार का है—नामवर्गणा, स्थापनावर्गणा, द्रव्यवर्गणा, क्षेत्रवर्गणा, कालवर्गणा और भाववर्गणा (७१)।

वर्गणानयविभाषणता के अनुसार कौन नय किन वर्गणाओं को स्वीकार करते हैं, इसे स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि नैगम, संग्रह और व्यवहार ये तीन नय सब वर्गणाओं को स्वीकार करते हैं। ऋजुसूत्र नय स्थापना वर्गणा को स्वीकार नहीं करता। शब्दनय नामवर्गणा और भाववर्गणा को स्वीकार करता है (७२-७४)।

पूर्व में वर्गणाविषयक ज्ञान कराने के लिए जिन वर्गणा और वर्गणाद्रव्य समुदाहार आदि आठ अनुयोगद्वारों का निर्देश किया गया है उनमें से प्रथम वर्गणा अनुयोगद्वार में निर्दिष्ट १६ अनुयोगद्वारों में से वर्गणानिक्षेप और वर्गणानयविभाषणता इन दो ही अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा करके पूर्वोक्त आठ अनुयोगद्वारों में से दूसरे वर्गणाद्रव्यसमुदाहार की प्ररूपणा करते हुए उसमें इन १४ अनुयोगद्वारों का निर्देश किया गया है—

वर्गणाप्ररूपणा, वर्गणानिरूपणा, वर्गणाध्रुवाध्रुवानुगम, वर्गणासान्तरनिरन्तरानुगम, वर्गणा-ओजयुग्मानुगम, वर्गणाक्षेत्रानुगम, वर्गणास्पर्शनानुगम, वर्गणाकालानुगम, वर्गणा-अन्तरानुगम, वर्गणाभावानुगम, वर्गणा-उपनयनानुगम, वर्गणापरिमाणानुगम, वर्गणाभागाभागानुगम और वर्गणा-अल्पबहुत्व (७५)।

इसकी व्याख्या के प्रसंग में धवला में यह शंका उठायी गई है कि १६ अनुयोगद्वारों से वर्गणाविषयक प्ररूपणा करने की प्रतिज्ञा करके उनमें केवल पूर्व के दो ही अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा की गई है, शेष १४ अनुयोगद्वारों के आश्रय से उस वर्गणाविषयक प्ररूपणा नहीं की गई है। इस प्रकार उनकी प्ररूपणा न करके वर्गणाद्रव्यसमुदाहार की प्ररूपणा क्यों की जा रही है। इस शंका के समाधान में धवलाकार ने कहा है कि वर्गणाप्ररूपणा अनुयोगद्वार वर्गणाओं की एक श्रेणि का निरूपण करता है, परन्तु वर्गणाद्रव्यसमुदाहार वर्गणाओं की नाना और एक दोनों श्रेणियों का निरूपण करता है, इसलिए चूंकि वर्गणाद्रव्य समुदाहार प्ररूपणा वर्गणाप्ररूपणा की अविनाभाविनी है, इसीलिए वर्गणाविषयक उन चौदह अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा न करके वर्गणाद्रव्यसमुदाहार की प्ररूपणा को प्रारम्भ किया जा रहा है; अन्यथा पुनरुक्त दोष का होना अनिवार्य था।

आगे यथाक्रम से उस वर्गणाद्रव्य समुदाहार में निर्दिष्ट उन चौदह अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा की जा रही है—

१. वर्गणाप्ररूपणा—इस अनुयोगद्वार में (१) एकप्रदेशिक परमाणु-पुद्गलवर्गणा, द्विप्रदेशिक परमाणुपुद्गलवर्गणा, इसी प्रकार त्रिप्रदेशिक, चतुःप्रदेशिक आदि (२) संख्यातप्रदेशिक, (३) असंख्यात प्रदेशिक, परीतप्रदेशिक, अपरीतप्रदेशिक, (४) अनन्तप्रदेशिक, अनन्तानन्त प्रदेशिक परमाणुपुद्गलवर्गणा, अनन्तानन्तप्रदेशिक वर्गणाओं के आगे, (५) आहारद्रव्यवर्गणा, (६) अग्रहण वर्गणा, (७) तैजसद्रव्यवर्गणा, (८) अग्रहणद्रव्यवर्गणा, (९) भाषावर्गणा, (१०) अग्रहणद्रव्य-वर्गणा, (११) मनोद्रव्यवर्गणा, (१२) अग्रहणद्रव्यवर्गणा, (१३) कार्मणद्रव्यवर्गणा,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(१४) ध्रुवस्कन्धवर्गणा, (१५) सान्तरनिरन्तर द्रव्यवर्गणा, (१६) ध्रुवशून्यवर्गणा, (१७) प्रत्येकशरीरद्रव्यवर्गणा, (१८) ध्रुवशून्यद्रव्यवर्गणा, (१९) बादरनिगोदद्रव्यवर्गणा, (२०) ध्रुवशून्य वर्गणा, (२१) सूक्ष्मनिगोदवर्गणा, (२२) ध्रुवशून्य द्रव्यवर्गणा और (२३) महास्कन्धवर्गणा; इन वर्गणाओं का उल्लेख किया गया है (७६-१७)।

इनमें द्वि-त्रिप्रदेशिक आदि वर्गणाएँ संख्यातप्रदेशिक वर्गणा के अन्तर्गत हैं। इसी प्रकार परीतप्रदेशिक, अपरीतप्रदेशिक और अनन्तानन्तप्रदेशिक ये तीन अनन्तप्रदेशिक वर्गणा के अन्तर्गत हैं। इस प्रकार इन पाँच को उपर्युक्त वर्गणाओं में से कम कर देने पर शेष एकप्रदेशिक वर्गणा, संख्यातप्रदेशिक वर्गणा, असंख्यातप्रदेशिक वर्गणा, अनन्तप्रदेशिक वर्गणा व आहारद्रव्यवर्गणा आदि २३ वर्गणाएँ रहती हैं।

२. **वर्गणानिरूपणा**—इस अनुयोगद्वार में पूर्वोक्त एकप्रदेशिक आदि पुद्गलवर्गणाओं में से प्रत्येक क्या भेद से होती है, संघात से होती है या भेद-संघात से होती है; इसका विचार किया गया है। यथा—

एक प्रदेशिकवर्गणा द्विप्रदेशिक आदि ऊपर की वर्गणाओं के भेद से होती है। द्विप्रदेशिक वर्गणा ऊपर की द्रव्यों के भेद से और नीचे की द्रव्यों के संघात से तथा स्वस्थान में भेद-संघात से होती है। त्रिप्रदेशी चतुःप्रदेशी आदि संख्यातप्रदेशी, असंख्यातप्रदेशी, परीतप्रदेशी, अपरीतप्रदेशी, अनन्तप्रदेशी और अनन्तानन्तप्रदेशी पुद्गलद्रव्य वर्गणाएँ ऊपर की द्रव्यों के भेद से, नीचे की द्रव्यों के संघात से और स्वस्थान की अपेक्षा भेद-संघात से होती हैं, इत्यादि (९८-११६)। इस प्रकार यह दूसरा 'वर्गणानिरूपणा' अनुयोगद्वार समाप्त हुआ है।

पूर्वनिर्दिष्ट (७५) वर्गणाप्ररूपणा-वर्गणानिरूपणादि १४ अनुयोगद्वारों में से मूलग्रन्थकर्ता द्वारा वर्गणाप्ररूपणा और वर्गणानिरूपणा इन दो अनुयोगद्वारों की ही प्ररूपणा की गई है, शेष वर्गणाध्रुवाध्रुवानुगम आदि १२ अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा उन्होंने नहीं की है।

इस पर धवला में यह शंका उठाई गई है कि सूत्रकार ने इन दो ही अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा करके शेष बारह अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा क्यों नहीं की है। अजानकार होने से उन्होंने उनकी प्ररूपणा न की हो, यह तो सम्भव नहीं है; क्योंकि ग्रन्थकर्ता भगवान् भूतबलि चौबीस अनुयोगद्वाररूप महाकर्मप्रकृतिप्राभृत में पारंगत रहे हैं, इस कारण वे उनके विषय में अजानकर नहीं हो सकते। विस्मरणशील होकर उन्होंने उनकी प्ररूपणा न की हो, यह भी नहीं हो सकता। कारण यह कि प्रमाद से रहित होने के कारण उनके विस्मरणशीलता असम्भव है।

इस शंका के समाधान में धवलाकार ने कहा है कि पूर्वाचार्यों के व्याख्यानक्रम के ज्ञापनार्थ उन्होंने उन बारह अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा नहीं की है।

इस पर पुनः यह शंका की गई है कि अनुयोगद्वार वहीं पर वहाँ के समस्त अर्थ की प्ररूपणा संक्षिप्त वचनकलाप से क्यों करते हैं। इसके समाधान में वहाँ यह कहा गया है कि वचनयोगरूप आस्रवद्वार से आने-वाले कर्मों के निरोध के लिए संक्षिप्त वचनकलाप से वहाँ के समस्त अर्थ की प्ररूपणा की जाती है।

इस शंका-समाधान के साथ आगे धवलाकार ने कहा है कि पूर्वोक्त दो अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा देशामर्शक है, इससे हम उन शेष बारह अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा करते हैं, यह कहते हुए उन्होंने आगे धवला में यथाक्रम से उन वर्गणाध्रुवाध्रुवानुगम व वर्गणासान्तरनिरन्तरा-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नुगम आदि बारह अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा की है।[1]

प्रसंग के अन्त में धवलाकार ने कहा है कि आठ अनुयोगद्वारों के आश्रय से तेईस वर्गणाओं की प्ररूपणा करने पर अभ्यन्तर वर्गणा समाप्त हो जाती है।

पूर्व में धवलाकार ने वर्गणा के अभ्यन्तर वर्गणा और बाह्य वर्गणा इन दो भेदों का निर्देश करते हुए कहा था कि जो पाँच शरीरों की बाह्य वर्गणा है उसका कथन आगे चार अनुयोगद्वारों के आश्रय से करेंगे।

बाह्य वर्गणा

'आगे इस बाह्य वर्गणा की अन्य प्ररूपणा की जाती है', ऐसी प्रतिज्ञा करते हुए उसकी प्ररूपणा में इन चार अनुयोगद्वारों का निर्देश किया गया है—शरीरीशरीरप्ररूपणा, शरीर-प्ररूपणा, शरीरविस्रसोपचयप्ररूपणा और विस्रसोपचयप्ररूपणा (११७-१८)।

शरीरी का अर्थ जीव है। जहाँ पर जीवों के प्रत्येक और साधारण इन दो प्रकार के शरीरों की अथवा प्रत्येक व साधारण लक्षणवाले जीवों के इन शरीरों की प्ररूपणा की जाती है उसका नाम शरीरीशरीर प्ररूपणा है।

जिसमें पाँचों शरीरों के प्रदेशप्रमाण, उन प्रदेशों के निषेकक्रम और प्रदेशों के अल्पबहुत्व की प्ररूपणा की जाती है उसका नाम शरीर-प्ररूपणा है।

जहाँ पर पाँचों शरीरों के विस्रसोपचय सम्बन्ध के कारणभूत स्निग्ध और रूक्ष गुणों की तथा औदारिक आदि पाँच शरीरगत परमाणुविषयक अविभागप्रतिच्छेदों की प्ररूपणा की जाती है उसका नाम शरीरविस्रसोपचय प्ररूपणा है।

जीव से रहित हुए उन्हीं परमाणुओं के विस्रसोपचय की प्ररूपणा जहाँ की जाती है उसका नाम विस्रसोपचय प्ररूपणा है।

१. शरीरीशरीरप्ररूपणा

यहाँ सर्वप्रथम प्रत्येक शरीर और साधारणशरीर इन दो प्रकार के जीवों के अस्तित्व को प्रकट किया गया है। आगे कहा गया है कि जो साधारण शरीर जीव हैं वे नियम से वनस्पति-कायिक ही होते हैं, शेष जीव प्रत्येकशरीर होते हैं। इसका अभिप्राय यह हुआ कि वनस्पति-कायिक साधारणशरीर भी होते हैं और प्रत्येकशरीर भी, किन्तु शेष जीव प्रत्येकशरीर ही होते हैं। आगे साधारण जीवों के लक्षण को प्रकट करते हुए कहा गया है कि जिनका आहार —शरीर के योग्य पुद्गलों का ग्रहण—तथा आन-पान (उच्छ्वास व निःश्वास) का ग्रहण साधारण (सामान्य) होता है वे साधारण जीव कहलाते हैं। उनका यह साधारण लक्षण कहा गया है। एक जीव का अनुग्रहण—परमाणु पुद्गलों का ग्रहण—बहुत से साधारण जीवों का होता है तथा बहुतों का अनुग्रहण इस एक जीव का भी होता है। एक साथ उत्पन्न होनेवाले उन जीवों के शरीर की निष्पत्ति एक साथ होती है तथा अनुग्रहण और उच्छ्वास-निःश्वास भी उनका साथ-साथ होता है। जिस शरीर में स्थित एक जीव मरता है उसमें स्थित अनन्त जीवों का मरण होता है। जिस निगोदशरीर में एक जीव उत्पन्न होता है

१. धवला पु० १४, पृ० १३५-२२३

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उसमें अनन्त जीवों की उत्पत्ति होती है। बादर-निगोद जीव और सूक्ष्म-निगोद जीव परस्पर-बद्ध (समवेत) और स्पष्ट होकर रहते हैं। वे अनन्त जीव हैं जो मूली, थूहर और अदरख आदि के रूप में रहते हैं। अनन्त जीव ऐसे हैं जिन्होंने कभी त्रसपर्याय को नहीं प्राप्त किया है। वे संक्लेश की अधिकता से कलुषित रहते हुए निगोद स्थान को नहीं छोड़ते हैं। एक निगोद शरीर में अवस्थित द्रव्यप्रमाण से देखे गये (सर्वज्ञ के द्वारा द्रव्यप्रमाण से निर्दिष्ट) जीव सब ही अतीत काल में सिद्ध हुए जीवों से अनन्तगुणे हैं (११९-२८)।

एक ही जीव का जो शरीर होता है वह प्रत्येक-शरीर कहलाता है, इस प्रकार के प्रत्येक-शरीर से संयुक्त जीवों को प्रत्येकशरीर कहा जाता है। बहुत जीवों का जो एक शरीर होता है उसका नाम साधारण शरीर है, उस साधारण शरीर में जो जीव रहते हैं वे साधारण-शरीर कहलाते हैं। अथवा जिन जीवों का प्रत्येक (पृथग्भूत) शरीर होता है उन्हें प्रत्येकशरीर समझना चाहिए। इनमें जो साधारण शरीरवाले जीव हैं वे नियम से वनस्पतिकायिक होते हैं।

७. तत्त्वार्थसूत्र में आगे जहाँ मनःपर्ययज्ञान के ऋजुमतिमनःपर्यय और विपुलमतिमनःपर्यय इन दो भेदों का निर्देश किया गया है वहाँ ष० ख० में इन दोनों ज्ञानों की आवरक ऋजुमतिमनःपर्ययज्ञानावरणीय और विपुलमतिमनःपर्ययज्ञानावरणीय इन दो प्रकृतियों का निर्देश किया गया है।[6]

विशेष इतना है कि ष० ख० में ऋजुमतिमनःपर्ययज्ञानावरणीय को ऋजुमनोगत आदि के भेद से तीन प्रकार का और विपुलमतिमनःपर्ययज्ञानावरणीय को ऋजु-अनृजुमनोगत आदि के भेद से छह प्रकार का कहा गया है। इसके अतिरिक्त वहाँ इन दोनों ज्ञानों के विषयभेद

---

१. स० सि० १-२२

२. सूत्र ५,५, ५६ (पु० १३, पृ० २९२)

३. धवला पु० १३, पृ० २९३

४. त० वा० १, २२,५

५ स एषोऽवधिज्ञानोपयोगो द्विधा भवति एकक्षेत्रोऽनेकक्षेत्रश्च। श्री-वृषभ-स्वस्तिक-नंद्यावर्ताद्यन्यतमोपयोगोपकरण एकक्षेत्रः। तदनेकोपकरणोपयोगोऽनेकक्षेत्रः। त० वा० १, २२, ५ (पृ० ५७)।

६. त० सूत्र १-२३ और षट्खण्डागम सूत्र ५,५,६०-६१ (पु० १३, पृ० ३१८)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

को भी प्रकट किया है।[1]

तत्त्वार्थसूत्र के भाष्यभूत तत्त्वार्थवार्तिक में उपर्युक्त तीन प्रकार के ऋजुमतिमनःपर्ययज्ञानावरणीय के द्वारा आव्रियमाण तीन प्रकार के ऋजुमतिमनःपर्ययज्ञान को और छह प्रकार के विपुलमतिमनःपर्ययज्ञानावरणीय के द्वारा आव्रियमाण छह प्रकार के विपुलमतिमनःपर्ययज्ञान को स्पष्ट किया है। साथ ही वहाँ इन दोनों मनःपर्ययज्ञानों के विषयभेद को भी प्रकट किया है।[2]

८. तत्त्वार्थसूत्र में पूर्वोक्त क्रम से उन मति आदि पाँच सम्यग्ज्ञानों का निर्देश करके आगे मति, श्रुत और अवधि ये तीन ज्ञान विपर्यय भी होते हैं, यह स्पष्ट कर दिया गया है।[3]

षट्खण्डागम में इन तीन मिथ्याज्ञानों का उल्लेख पूर्वोक्त पाँच सम्यग्ज्ञानों के साथ ही किया गया है।[4]

यहाँ तत्त्वार्थसूत्र में जहाँ 'ज्ञान' शब्द व्यवहृत हुआ है वहाँ षट्खण्डागम में 'ज्ञानी' शब्द का व्यवहार हुआ है। इस विषय में धवलाकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि पर्याय और पर्यायी में कथंचित् अभेद होने से पर्यायी (ज्ञानी) का ग्रहण करने पर भी पर्यायस्वरूप ज्ञान का ही ग्रहण होता है।[5]

९. तत्त्वार्थसूत्र में जीवादि तत्त्वों के अधिगम के कारणभूत प्रमाण और नय में प्रथमतः प्रत्यक्ष-परोक्षस्वरूप प्रमाण का विचार करके तत्पश्चात् नय का निरूपण करते हुए उसके ये सात भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—नैगम, संग्रह, व्यवहार, ऋजुसूत्र, शब्द, समभिरूढ और एवंभूत (१-३३)।

जैसा कि पूर्व में कहा जा चुका है, ष० ख० में प्रतिपाद्य विषय के विवेचन के पूर्व उसके विषय में प्रायः सर्वत्र नामादि निक्षेपों के साथ नयों की योजना की गई है। यद्यपि वहाँ तत्त्वार्थसूत्र के समान नामनिर्देशपूर्वक नयों की संख्या का उल्लेख नहीं किया गया है, फिर भी वहाँ नैगम, व्यवहार, संग्रह, ऋजुसूत्र और शब्द इन पाँच नयों का ही प्रचुरता से उपयोग किया गया है।[6]

शब्दनय के भेद भूत समभिरूढ और एवंभूत इन दो नयों का उल्लेख षट्खण्डागम में

---

१. ष० ख० सूत्र ५,५,६२-७८ (पु० १३, पृ० ३१९-४४)

२. त० वा० १, २३,९-१०

३. त० सूत्र १, ९ व ३१-३२

४. ष० ख० पु० १, सूत्र १,११५ (पृ० ३५३), तत्त्वार्थसूत्र २-९ (स द्विविधोऽष्ट-चतुर्भेदः) द्रष्टव्य है।

५. अत्रापि पूर्ववत् पर्याय-पर्यायिणोः कथंचिदभेदात् पर्यायिग्रहणेऽपि पर्यायस्य ज्ञानस्यैव ग्रहणं भवति। ज्ञानिनां भेदाद् ज्ञानभेदोऽवगम्यते इति वा पर्यायिद्वारेणोपदेशः। धवला पु० १, पृ० ३५३

६. सूत्र ४,१,४६-५० (पु० ९)। ४,२,२,१-४ व ४, २, ३, १-४ (पु० १०)। ४,२,८,२ व १२ एवं १५; ४,२,९,२ व ११ और १४; ४,२,१०, २ व ३०,४८,५६ और ५८; ४,२, ११,२ व ९ और १२; ४,२,१२,२ व ६,९ और ११ (पु० १२)। ५,३,५-८; ५,४,५-८, ५,५,५-८ (पु० १३)। ५,६,३-६ व ७२-७४ (पु० १४)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कहीं उपलब्ध नहीं होता ।[1] साथ ही वहाँ व्यवहार नय का उल्लेख पूर्व में और संग्रह नय का उल्लेख उसके पीछे किया गया है। इस प्रकार तत्त्वार्थसूत्र की अपेक्षा यहाँ इन दो नयों के विषय में क्रम-भेद भी हुआ है।

श्वे० सम्प्रदाय में भाष्यसम्मत सूत्रपाठ के अनुसार प्रथमतः नैगम, संग्रह, व्यवहार, ऋजुसूत्र और शब्द इन पाँच नयों का नामनिर्देश करके तत्पश्चात् आद्य नय के दो और शब्द नय के तीन भेद प्रकट किये गये हैं ।[2]

इसे भाष्य में स्पष्ट करते हुए 'आद्य' से नैगमनय को ग्रहण कर उसके देशपरिक्षेपी और सर्वपरिक्षेपी इन दो भेदों का तथा शब्द के साम्प्रत, समभिरूढ और एवंभूत इन तीन भेदों का निर्देश किया गया है।

१०. तत्त्वार्थसूत्र के दूसरे अध्याय में जीवतत्त्व का निरूपण करते हुए सर्वप्रथम जीव के निज तत्त्वस्वरूप औपशमिक, क्षायिक, मिश्र (क्षायोपशमिक), औदयिक और पारिणामिक इन पाँच भावों का उल्लेख किया गया है तथा आगे क्रम से उनके दो, नौ, अठारह, इक्कीस और तीन भेदों को भी स्पष्ट किया गया है।[3]

षट्खण्डागम में जीवस्थान के अन्तर्गत सत्प्ररूपणादि आठ अनुयोगद्वारों में सातवाँ एक स्वतन्त्र भावानुयोगद्वार है । उसमें ओघ और आदेश की अपेक्षा उन भावों की प्ररूपणा पृथक्-पृथक् विस्तार से की गई है। ओघ से जैसे—मिथ्यादृष्टि को औदयिक, सासादन सम्यग्दृष्टि को पारिणामिक, सम्यग्मिथ्यादृष्टि को क्षायोपशमिक, असंयम को औदयिक, संयमासंयम आदि तीन को क्षायोपशमिक, चार उपशामकों को औपशमिक तथा चार क्षपकों और सयोग-अयोग केवलियों को क्षायिक भाव कहा गया है ।[4]

इसी प्रकार से आगे आदेश की अपेक्षा यथाक्रम से गति-इन्द्रियादि चौदह मार्गणाओं में भी उन भावों की प्ररूपणा की गई है।

इस प्रकार ष० ख० के उस भावानुयोगद्वार में पृथक्-पृथक् एक-एक भाव को लेकर विशदता की दृष्टि से प्रश्नोत्तर शैली में जिन भावों की विस्तार से प्ररूपणा की गई है वे सभी भाव संक्षेप में तत्त्वार्थसूत्र के उन सूत्रों (२,१-७) में अन्तर्भूत हैं।

---

१. अपवाद के रूप में यह एक सूत्र उपलब्ध है—सद्दादओ णामकदिं भावकदिं इच्छंति ।।
—५०(पु० ६) ।
यहाँ सूत्र में प्रयुक्त 'सद्दादओ' विचारणीय है । इसके पूर्व यदि शब्द, समभिरूढ और एवंभूत इन तीन नयों का कहीं उल्लेख कर दिया गया होता तो 'सद्दादओ' (शब्दादयः) यह कहना संगत होता । 'सद्दादओ' में आदि शब्द से किन का ग्रहण अभिप्रेत है, यह भी स्पष्ट नहीं है । धवला में भी 'तिसु सद्दणएसु णामकदी वि जुज्जदे' इतना मात्र कहा गया है, उन तीन का स्पष्टीकरण वहाँ भी नहीं किया गया है ।

२. नैगम-संग्रह-व्यवहारर्जुसूत्र-शब्दा नयाः । आद्य-शब्दौ द्वित्रिभेदौ । त० सूत्र १, ३४-३५

३. त० सूत्र २,१-७

४. षट्खण्डागम (पु० ५) सूत्र १,७,१-६ (क्षुद्रकबन्ध खण्ड के अन्तर्गत 'स्वामित्व' अनुयोगद्वार भी द्रष्टव्य है—पु० ७, पृ० २५-११३)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इस स्थिति को देखते हुए यदि यह कहा जाय कि ष० ख० के उस भावानुयोग द्वार का तत्त्वार्थसूत्र में संक्षेपीकरण किया गया है तो असंगत नहीं होगा। तत्त्वार्थसूत्र की इस अर्थबहुल संक्षिप्त विवेचन पद्धति को देखते हुए उसमें सूत्र का यह लक्षण पूर्णतया घटित होता है—

अल्पाक्षरमसंदिग्धं सारवद् गूढनिर्णयम् ।
निर्दोषं हेतुमत् तथ्यं सूत्रमित्युच्यते बुधैः[1] ।।

इसके अतिरिक्त षट्खण्डागम के पाँचवें वर्गणा खण्ड के अन्तर्गत जो 'बन्धन' अनुयोगद्वार है उसमें बन्ध, बन्धक, बन्धनीय और बन्धविधान इन चार की प्ररूपणा की गई है। उनमें नाम-स्थापनादि के भेद से चार प्रकार के बन्ध की प्ररूपणा से प्रसंग में नोआगमभावबन्ध का विवेचन करते हुए उसके दो भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—जीवभावबन्ध और अजीवभाव-बन्ध। इनमें जीवभावबन्ध विपाकप्रत्ययिक, अविपाकप्रत्ययिक और तदुभयप्रत्ययिक के भेद से तीन प्रकार का है।

इनमें विपाकप्रत्ययिक जीवभावबन्ध के लक्षण में कहा गया है कि कर्मोदयप्रत्ययिक जो भाव उदयविपाक से उत्पन्न होते हैं उन्हें जीवभावबन्ध कहा जाता है। वे भाव कौन-से हैं, इसे स्पष्ट करते हुए उनका उल्लेख वहाँ इस प्रकार किया गया है—(१) देव, (२) मनुष्य, (३) तिर्यंच, (४) नारक, (५) स्त्रीवेद, (६) पुरुषवेद, (७) नपुंसक वेद, (८) क्रोध, (९) मान, (१०) माया, (११) लोभ, (१२) राग, (१३) द्वेष, (१४) मोह, (१५) कृष्णलेश्या, (१६) नीललेश्या, (१७) कापोतलेश्या, (१८) तेजोलेश्या, (१९) पद्मलेश्या, (२०) शुक्ललेश्या, (२१) असंयत, (२२) अविरत, (२३) अज्ञान और (२४) मिथ्यादृष्टि। कर्मोदय के आश्रय से होनेवाले इन सब भावों को औदयिक समझना चाहिए।[2]

तत्त्वार्थसूत्र में इन औदयिक भावों का निर्देश इस प्रकार है—गति ४, कषाय ४, लिंग (वेद) ३, मिथ्यादर्शन १, अज्ञान १, असंयत १, असिद्धत्व १, और लेश्या ६। ये सब २१ हैं।[3]

तत्त्वार्थसूत्र की अपेक्षा यदि षट्खण्डागम में (१२) राग, (१३) द्वेष, (१४) मोह और (२२) अविरत ये चार भाव अधिक हैं तो तत्त्वार्थसूत्र में षट्खण्डागम की अपेक्षा एक 'असिद्धत्व' अधिक है।

इस प्रकार दोनों ग्रन्थों में निर्दिष्ट इन औदयिक भावों में जो थोड़ी-सी-हीनाधिकता देखी जाती है उसका कोई विशेष महत्त्व नहीं दिखता। कारण यह कि षट्खण्डागम में जिन राग-द्वेष आदि अधिक भावों का निर्देश किया गया है उनका तत्त्वार्थसूत्र में अन्यत्र अन्तर्भाव हो जाता है। जैसे—धवलाकार के अभिमतानुसार राग माया और लोभ स्वरूप है, द्वेष क्रोध और मानस्वरूप है, तथा मोह पाँच प्रकार के मिथ्यात्वादिस्वरूप है।[4]

---

१. धवला पु० ९, पृ० २५९ पर उद्धृत।
२. षट्खण्डागम सूत्र ५,६,१५ (पु० १४, पृ० १०-११)
३. त० सूत्र २-६
४. रागो विवागपच्चइयो, माया-लोभ-हस्स-रदि-तिवेदाणं दव्वकम्मोदयजणिदत्तादो। दोसो विवागपच्चइयो, कोह-माण-अरदि-सोग-भय-दुगुंछाणं दव्वकम्मोदयजणिदत्तादो। पंच-विहमिच्छत्तं सम्मामिच्छत्तं सासणसम्मत्तं च मोहो, सो विवागपच्चइयो; मिच्छत्त-सम्मामिच्छत्त-अणंताणुबंधीणं दव्वकम्मोदजणिदत्तादो।—धवला पु० १४, पृ० ११

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तदनुसार ये तत्त्वार्थसूत्र में निर्दिष्ट चार कषायों और मिथ्यादर्शन में अन्तर्भूत हो जाते हैं।

सामान्य से असंयम और अविरत में विशेष भेद नहीं समझा जाता है। इसी अभिप्राय से सम्भवतः तत्त्वार्थसूत्र में असंयम से भिन्न 'अविरत' का अतिरिक्त उल्लेख नहीं किया गया।

सूत्र में असंयम और अविरत दोनों का पृथक्-पृथक् उल्लेख होने से धवला में उनकी विशेषता को प्रकट करते हुए समितियों से सहित अणुव्रत और महाव्रतों को संयम तथा समितियों से रहित उन महाव्रत और अणुव्रतों को विरति कहा है (पु० १४, पृ० ११-१२)।

तत्त्वार्थसूत्र में जो षट्खण्डागम से एक 'असिद्धत्व' अधिक है उसका अन्तर्भाव षट्खण्डागम में चार गतियों में समझना चाहिए। तत्त्वार्थसूत्र में चूंकि मोक्ष को लक्ष्य में रखा गया है, इसीलिए सम्भवतः वहाँ 'असिद्धत्व' का पृथक् से उल्लेख किया गया है।

इस प्रकार उक्त रीति से जिस प्रकार औदयिक भावों की प्ररूपणा प्रायः दोनों ग्रन्थों में समान रूप से की गई है उसी प्रकार औपशमिक, क्षायिक और क्षायोपशमिक भावों की प्ररूपणा भी दोनों ग्रन्थों में लगभग समान रूप में ही की गई है।[1]

विशेष इतना है कि तत्त्वार्थसूत्र में जहाँ उस जाति के अनेक भावों को विवक्षित भाव के अन्तर्गत करके उनकी प्ररूपणा संक्षेप में की गई है वहाँ ष० ख० में ऐसे अनेक भावों का पृथक्-पृथक् उल्लेख करके उनकी प्ररूपणा विस्तार से की गई है। जैसे—क्रोध-मानादि के उपशम व क्षय के होने पर उत्पन्न होनेवाले भावों का पृथक्-पृथक् उल्लेख। किन्तु ऐसे भावों का वहाँ पृथक्-पृथक् उल्लेख करने पर भी तत्त्वार्थसूत्र निर्दिष्ट दो औपशमिक, नौ क्षायिक और अठारह क्षायोपशमिक भाव षट्खण्डागम में निर्दिष्ट भावों में समाविष्ट हैं।

एक विशेषता यह अवश्य देखी जाती है कि तत्त्वार्थसूत्र (२-७) में जिन तीन जीवत्व आदि पारिणामिक भावों का भी उल्लेख किया गया है उनका उल्लेख षट्खण्डागम में नहीं है।

इस प्रसंग में वहाँ धवला में यह शंका की गई है कि जीवत्व, भव्यत्व और अभव्यत्व आदि जीवभाव पारिणामिक भी हैं; उनकी प्ररूपणा यहाँ क्यों नहीं की गई है। इसके समाधान में वहाँ कहा गया है कि आयु आदि प्राणों के धारण करने का नाम जीवन है। वह अयोगिकेवली के अन्तिम समय के आगे नहीं रहता, क्योंकि सिद्धों के प्राणों के कारणभूत आठ कर्मों का अभाव हो चुका है। इसलिए जीवत्व पारिणामिक नहीं है, किन्तु कर्मविपाकजन्य (औदयिक) है। तत्त्वार्थसूत्र में जो जीवभाव को पारिणामिक कहा गया है वह प्राणधारण की अपेक्षा नहीं कहा गया, किन्तु चेतना गुण का आश्रय लेकर कहा गया है।

चार अघाति कर्मों के उदय से उत्पन्न असिद्धत्व दो प्रकार का है—अनादि-अपर्यवसित और अनादि-सपर्यवसित। इनमें जिन जीवों का असिद्धत्व अनादि-अपर्यवसित है उनका नाम अभव्य है तथा जिनका वह असिद्धत्व अनादि-सपर्यवसित है वे भव्य जीव हैं। इसलिए भव्यत्व और अभव्यत्व ये विपाकप्रत्ययिक (औदयिक) ही हैं। तत्त्वार्थसूत्र में जो उन्हें पारिणामिक कहा गया है वह असिद्धत्व की अनादि-अपर्यवसितता और अनादि-सपर्यवसितता को निष्कारण मानकर कहा गया है।[2]

---

१. औपशमिक—त० सूत्र २-३ व षट्खण्डागम ५, ६, १७। क्षायिक—त० सूत्र २-४ व षट्खण्डागम ५,६,१८। क्षायोपशमिक—त० सूत्र २-५ व ष० ख० ५,६, १९

२. धवला पु० १४, पृ० १३-१४

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इस प्रकार धवलाकार ने तत्त्वार्थसूत्र के साथ समन्वय करके उपर्युक्त शंका का समाधान कर दिया है। किन्तु इसके पूर्व इसी षट्खण्डागम के पूर्वोक्त भावानुगम अनुयोगद्वार में भव्य मार्गणा के प्रसंग में अभव्यत्व को पारिणामिक भाव कहा जा चुका है।[1]

यद्यपि वहाँ मूल में भव्यत्व का उल्लेख नहीं है, फिर भी प्रसंग प्राप्त उस सूत्र की व्याख्या करते हुए धवलाकार ने भव्यत्व को भी पारिणामिक भाव ही प्रकट किया है।[2]

आगे क्षुद्रकबन्ध खण्ड के अन्तर्गत स्वामित्वानुगम अनुयोगद्वार में भी भव्यत्व और अभव्यत्व दोनों को पारिणामिक कहा गया है।[3]

११. तत्त्वार्थसूत्र में आगे इसी अध्याय में सामान्य से जीवों के संसारी और मुक्त इन दो भेदों का निर्देश करते हुए उनमें संसारी जीवों के समनस्क (संज्ञी) और अमनस्क (असंज्ञी) इन दो भेदों के साथ उनके दो भेद त्रस और स्थावर का भी निर्देश किया गया है। तत्पश्चात् उनमें स्थावर कौन हैं और त्रस कौन हैं, इसे स्पष्ट करते हुए पृथिवी, जल, तेज, वायु और वनस्पति इन पाँच को स्थावर तथा द्वीन्द्रिय आदि (त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय व पंचेन्द्रिय) को त्रस कहा गया है।[4]

ष० ख० में पूर्वोक्त जीवस्थान खण्ड के अन्तर्गत आठ अनुयोगद्वारों में से प्रथम सत्प्ररूपणा अनुयोगद्वार में काय मार्गणा के प्रसंग में सर्वप्रथम पृथिवीकायिक, जलकायिक, तेजकायिक, वायुकायिक, वनस्पतिकायिक, त्रसकायिक और अकायिक (कायातीत मुक्त) जीवों का उल्लेख किया गया है। तत्पश्चात् यथाक्रम से पृथिवीकायिक आदि पाँच स्थावर जीवों के बादर-सूक्ष्म व पर्याप्त-अपर्याप्त आदि भेद-प्रभेदों को प्रकट किया गया है।[5]

यद्यपि सूत्र में उन पृथिवीकायिक आदि पाँच का उल्लेख स्थावर के रूप में नहीं किया गया है, तो भी धवलाकार ने उनके स्थावरस्वरूप को प्रकट कर दिया है।[6]

आगे प्रसंगप्राप्त उन पृथिवीकायिकादिकों में पर्याप्त-अपर्याप्तता आदि का विचार करते हुए द्वीन्द्रिय आदिकों को त्रस कहा गया है।[7]

उक्त क्रम से स्थावर और त्रस जीवों के भेद-प्रभेदों के निर्देशपूर्वक वहाँ यथा सम्भव गुणस्थानों के अस्तित्व को भी प्रकट करते हुए प्रसंग के अन्त में यह स्पष्ट कर दिया है कि उक्त सशरीर (संसारी) स्थावर व त्रसों से परे अकायिक—शरीर से रहित मुक्त—जीव हैं।[8]

---

१. अभवसिद्धिय त्ति को भावो ? पारिणामिओ भावो।—सूत्र १,७,६३ (पु० ५)।

२. कुदो ? कम्माणमुदएण उवसमेण खएण खओवसमेण वा अभवियत्ताणुप्पत्तीदो। भवियत्तस्स वि पारिणामिओ चेव भावो, कम्माणमुदय-उवसम-खय-खओवसमेहि भवियत्ताणुप्पत्तीदो।—धवला पु० ५, पृ० २३०

३. भवियाणुवादेण भवसिद्धिओ अभवसिद्धिओ णाम कधं भवदि ? पारिणामिएण भावेण। सूत्र २,१,६४-६५ (पु० ७, पृ० १०६)

४. तत्त्वार्थसूत्र २, १०-१४

५. सूत्र १,१,३६-४१ (पु० १, पृ० २६४-६८)

६. एते पञ्चापि स्थावराः, स्थावर-नामकर्मोदयजनितविशेषत्वात्।—धवला पु० १, २६५

७. सूत्र १,१,४४ (पु० १, पृ० ३७५)

८. तेण परमकाइया चेदि। सूत्र १,१,४६

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इस प्रकार तत्त्वार्थसूत्र और षट्खण्डागम में आगे-पीछे प्रायः समान रूप में संसारी और मुक्त जीवों का विचार किया गया है।

१२ तत्त्वार्थसूत्र में यहाँ प्रसंगप्राप्त इन्द्रियों के विषय में विचार करते हुए सर्वप्रथम इन्द्रियों की पाँच संख्या का निर्देश करके उनके द्रव्येन्द्रिय और भावेन्द्रिय इन दो भेदों का उल्लेख स्वरूपनिर्देशपूर्वक किया गया है। तत्पश्चात् उन पाँच इन्द्रियों के नामनिर्देशपूर्वक उनके विषयक्रम को भी दिखलाया गया है। आगे सूत्रनिर्दिष्ट क्रम (२-१३) के अनुसार यह स्पष्ट कर दिया गया है कि 'वनस्पति' पर्यन्त उन पृथिवी आदि पाँच स्थावरों के एक मात्र स्पर्शन इन्द्रिय होती है तथा आगे कृमि-पिपीलिका आदि के क्रम से उत्तरोत्तर एक-एक इन्द्रिय बढ़ती गई है।[1]

षट्खण्डागम में पूर्वोक्त सत्प्ररूपणा अनुयोगद्वार के अन्तर्गत इन्द्रिय मार्गणा के प्रसंग में प्रथमतः एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, पंचेन्द्रिय और अनिन्द्रिय—इन्द्रियातीतसिद्ध—इनके अस्तित्व को प्रकट किया गया है। आगे उन एकेन्द्रिय-द्वीन्द्रियादिकों के भेदों का निर्देश करते हुए अन्त में इन्द्रियातीत सिद्धों का भी उल्लेख है।[2]

तत्त्वार्थसूत्र में सामान्य से इन्द्रिय के द्रव्येन्द्रिय और भावेन्द्रिय इन दो भेदों का निर्देश करते हुए उनके अवान्तर भेदों को भी प्रकट किया गया है तथा आगे एक व दो आदि इन्द्रियाँ किन जीवों के होती हैं, इसे भी स्पष्ट किया गया है। किन्तु मूल षट्खण्डागम में इसका विचार नहीं किया गया है। धवला में अवश्य प्रसंगप्राप्त उस सबकी प्ररूपणा की गई है। इस प्रसंग में वहाँ यह एक शंका उठायी गई है कि अमुक जीव के इतनी ही इन्द्रियाँ होती हैं, यह कैसे जाना जाता है। इसके समाधान में 'उसका ज्ञान आर्ष से हो जाता है' यह कहते हुए धवलाकार ने इस गाथासूत्र को उपस्थित कर उसके अर्थ को भी स्पष्ट किया है—

एइंदियस्स फुसणं एक्कं चिय होइ सेसजीवाणं।
होंति कमवड्ढियाइं जिब्भा-घाणक्खि-सोत्ताइं ॥

अनन्तर 'अथवा' कहकर उन्होंने विकल्प के रूप में '**कृमि-पिपीलिका-भ्रमर-मनुष्यादीनामेकैकवृद्धानि**' इस सूत्र (तत्त्वार्थसूत्र २-२३) को प्रस्तुत करते हुए उसके भी अर्थ को स्पष्ट किया है।[3]

१३. तत्त्वार्थसूत्र में समनस्क जीवों को संज्ञी और अमनस्क जीवों को असंज्ञी प्रकट किया गया है (२-२४)। षट्खण्डागम के पूर्वोक्त सत्प्ररूपणा अनुयोगद्वार में संज्ञी मार्गणा के प्रसंग में उन संज्ञी-असंज्ञी जीवों के विषय में विचार किया गया है (सूत्र १,१, १७२-७४)।

१४. तत्त्वार्थसूत्र में जो आहारक जीवों का उल्लेख किया गया है (२-३०) वह अनाहार जीवों का सूचक है।

ष० ख० के उस सत्प्ररूपणा अनुयोगद्वार में आहार मार्गणा के प्रसंग में आहारक-अनाहारक जीवों के विषय में विचार किया गया है (सूत्र १,१,७५-७७)।

---

१. तत्त्वार्थसूत्र २, १५-२३
२. षट्खण्डागम सूत्र १,१, ३३-३८ (पु० १, पृ० २३१-६४)
३. धवला पु० १, पृ० २३२-४९

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१५. तत्त्वार्थसूत्र में औदारिक आदि पाँच शरीरों की प्ररूपणा के प्रसंग में प्रदेशों की अपेक्षा उनकी हीनाधिकता, तैजस व कार्मण शरीर की विशेषता, एक जीव के एक साथ सम्भव शरीर, जन्म की अपेक्षा शरीर विशेष की उत्पत्ति तथा आहारक शरीर का स्वरूप व स्वामी; इत्यादि के विषय में अच्छा प्रकाश डाला गया है।[1]

ष० ख० में बन्धन अनुयोगद्वार के अन्तर्गत एक 'शरीर-प्ररूपणा' नाम का स्वतंत्र अधिकार है। उसमें नामनिरुक्ति आदि छह अवान्तर अनुयोगद्वारों के आश्रय से शरीरविषयक प्ररूपणा की गई है। पर तत्त्वार्थसूत्र से जिस प्रकार संक्षेप में शरीर के विषय में जानकारी उपलब्ध हो जाती है वैसी सरलता से ष० ख० में वह उपलब्ध नहीं होती। वहाँ आगमिक पद्धति से उन शरीरों के विषय में प्रदेश व निषेक आदि विषयक प्ररूपणा विस्तार से की गई है।[2]

तत्त्वार्थसूत्र के भाष्यभूत सर्वार्थसिद्धि व तत्त्वार्थवार्तिक में प्रसंग पाकर संज्ञा, स्वलाक्षण्य, स्वकारण, स्वामित्व, सामर्थ्य, प्रमाण, क्षेत्र, स्पर्शन, काल, अन्तर, संख्या, प्रदेश, भाव और अल्पबहुत्व आदि अधिकारों में पाँचों शरीरों की परस्पर भिन्नता प्रकट की गई है, जो षट्खण्डागम से कुछ भिन्न है।

इस प्रसंग में यहाँ स्वकारण की अपेक्षा उनमें भिन्नता को प्रकट करते हुए वैक्रियिक शरीर का सद्भाव देव-नारकियों, तेजकायिकों, वायुकायिकों, पंचेन्द्रिय तिर्यंचों व मनुष्यों के प्रकट किया गया है। इस प्रसंग में शंकाकार द्वारा यह शंका की गई है कि **जीवस्थान** में योगमार्गणा के प्रसंग में सात काययोगों के स्वामियों को दिखलाते हुए औदारिक काययोग और औदारिक मिश्रकाययोग तिर्यंच-मनुष्यों के तथा वैक्रियिककाययोग और वैक्रियिकमिश्रकाययोग देव-नारकियों के कहा गया है। परन्तु यहाँ उनका सद्भाव तिर्यंच-मनुष्यों के भी कहा जा रहा है, यह आर्ष के विरुद्ध है। इसके उत्तर में वहाँ आगे कहा गया है कि अन्यत्र वैसा उपदेश है। **व्याख्याप्रज्ञप्तिदण्डकों** में शरीरभंग के प्रसंग में वायु के औदारिक, वैक्रियिक, तैजस और कार्मण ये चार शरीर कहे गये हैं तथा मनुष्यों में भी उनका सद्भाव प्रकट किया गया है। आगे प्रसंगप्राप्त इस विरोध का परिहार करते हुए कहा गया है कि देव-नारकियों में सदा वैक्रियिक शरीर के देखे जाने से **जीवस्थान** में उन दो योगों का विधान किया गया है, किन्तु लब्धि के निमित्त से उत्पन्न होनेवाला वह वैक्रियिक शरीर तिर्यंच-मनुष्यों में सबके और सदाकाल नहीं रहता। **व्याख्याप्रज्ञप्तिदण्डकों** में उनके कादाचित्क अस्तित्व के देखे जाने से उन तिर्यंच-मनुष्यों में उक्त चार शरीरों का विधान किया गया है, इस प्रकार अभिप्रायभेद होने से दोनों के कथन में कुछ भी विरोध नहीं है।[3]

१६. कर्मादान के कारणभूत कार्मण काययोग का सद्भाव जिस प्रकार तत्त्वार्थसूत्र में विग्रहगति बतलाया गया है उसी प्रकार षट्खण्डागम में भी उसका सद्भाव विग्रहगति में दिखलाया गया है। विशेष इतना है कि ष०ख० में विग्रहगति के साथ समुद्घातगत केवलियों

---

१. त० सूत्र २, ३६-४९

२. ष०ख०, पु० १४, सूत्र २३६-५०१, पृ० ३२१-४३०

३. त० वा० २,४९, ८ पृ० १०८-१०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

के भी उसका सद्भाव प्रकट किया गया है।[1]

१७. तत्त्वार्थसूत्र में आहारकशरीर का सद्भाव प्रमत्तसंयत के ही प्रकट किया गया है।[2]

किन्तु ष० ख० में योगमार्गणा के प्रसंग में आहारककाययोग का सद्भाव सामान्य से ऋद्धिप्राप्त संयतों के निर्दिष्ट किया गया है। वहाँ विशेष रूप में प्रमत्तसंयत का कोई उल्लेख नहीं किया गया, जबकि तत्त्वार्थसूत्र में अवधारणपूर्वक उसका सद्भाव प्रमत्तसंयत के ही कहा गया है। इसके अतिरिक्त ष० ख० में तत्त्वार्थसूत्र की अपेक्षा 'ऋद्धिप्राप्त' यह विशेषण अधिक है।[3]

वह आहारकशरीर प्रमत्तसंयत के क्यों होता है, इसे स्पष्ट करते हुए सर्वार्थसिद्धि में कहा गया है कि जब आहारकशरीर के निर्वर्तन को प्रारम्भ किया जाता है तब संयत प्रमाद से युक्त होता है, इसीलिए सूत्र में उसका सद्भाव प्रमत्तसंयत के कहा गया है।[4]

आगे जाकर ष० ख० में भी विशेष रूप से स्वामित्व को प्रकट करते हुए उन आहारक काययोग और आहारक मिश्रकाययोग का सद्भाव एक मात्र प्रमत्तसंयत गुणस्थान में ही निर्दिष्ट किया गया है।[5]

धवलाकार ने पूर्व सूत्र (५९) की उत्थानिका में 'आहारशरीरस्वामिप्रतिपादनार्थमुत्तर-सूत्रमाह' ऐसी सूचना की है और तत्पश्चात् अगले सूत्र (६३) की उत्थानिका में उन्होंने 'आहारकाययोगस्वामिप्रतिपादनार्थमुत्तरसूत्रमाह' ऐसी सूचना की है।[6]

इस स्थिति को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि प्रकृत आहारकशरीर और आहारक-काययोग के स्वामियों के विषय में परस्पर कुछ मतभेद रहा है, जिसे मूल ग्रन्थ और टीका में स्पष्ट नहीं किया गया है।

१८. तत्त्वार्थसूत्र में नारकी और सम्मूर्च्छन जन्मवाले जीवों को नपुंसकवेदी, देवों को नपुंसकवेद से रहित—पुरुष-वेदी व स्त्रीवेदी—तथा इन से शेष रहे सब जीवों को तीनों वेद-वाले कहा गया है।

ष० ख० के उक्त सत्प्ररूपणा अनुयोगद्वार में वेदमार्गणा के प्रसंग में सामान्य से स्त्री-वेदी, पुरुषवेदी और नपुंसकवेदी इन तीनों वेदवाले जीवों के अस्तित्व को दिखा कर आगे गुणस्थान की प्रमुखता से स्त्री और पुरुष इन दो वेदवाले जीवों का अस्तित्व असंज्ञी मिथ्या-दृष्टि से लेकर अनिवृत्तिकरण तक और नपुंसकवेदियों का अस्तित्व एकेन्द्रिय से लेकर अनि-वृत्तिकरण तक प्रकट किया गया है। आगे के गुणस्थानवर्ती जीव वेद से रहित होते हैं। इस प्रकार सामान्य से वेद की स्थिति को प्रकट करके आगे गतियों में उस वेद की स्थिति दिखलाते हुए कहा गया है कि नारकी जीव चारों गुणस्थानों में शुद्ध—स्त्री व पुरुषवेद से

---

१. त० सूत्र २-२५ व ष० ख० १,१,६० (पु० १, पृ० २९८)

२. त० सूत्र २-४९

३. ष० ख० १,१, ५९ (पु० १, पृ० २९७)

४. यदाऽऽहारकशरीरं निर्वर्तयितुमारभते तदा प्रमत्तो भवतीति प्रमत्तसंयतस्येत्युच्यते।
—स०सि० १-४९

५. सूत्र १,१, ६३ (पु० १, पृ० ३०६)

६. धवला पु० १, पृ० २९७ और ३०६

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

रहित—एक नपुंसक वेद से युक्त होते हैं। एकेन्द्रिय से लेकर चतुरिन्द्रियपर्यन्त सब तिर्यंच शुद्ध नपुंसकवेदी होते हैं तथा असंज्ञी पंचेन्द्रिय से लेकर संयतासंयत तक वे तिर्यंच तीनों वेदों से सहित होते हैं। मनुष्य मिथ्यादृष्टि से लेकर अनिवृत्तिकरण गुणस्थान तक तीनों वेदवाले हैं और उस अनिवृत्तिकरण गुणस्थान के आगे सब उस वेद से रहित होते हैं। चारों गुणस्थानवर्ती देव स्त्री और पुरुष इन दो वेदों से युक्त होते हैं।[1]

इस प्रकार गुणस्थान की प्रमुखता से ष० ख० में जो वेदविषयक प्ररूपणा की गई है उसका अभिप्राय तत्त्वार्थसूत्र के उन सूत्रों में संक्षेप से प्रकट कर दिया गया है।

१९. तत्त्वार्थसूत्र में यथाप्रसंग नारकियों,[2] मनुष्य-तिर्यंचों[3] और देवों की[4] उत्कृष्ट व जघन्य आयु की प्ररूपणा की गई है।

ष० ख० में आयु की वह प्ररूपणा दूसरे क्षुद्रकबन्ध खण्ड के अन्तर्गत ग्यारह अनुयोगद्वारों में से दूसरे 'एक जीव की अपेक्षा कालानुगम' अनुयोगद्वार में गति मार्गणा के प्रसंग में की गई है। विशेष इतना है कि वहाँ वह सामान्य, पर्याप्त व अपर्याप्त आदि विशेषता के साथ कुछ विस्तारपूर्वक की गई है, जब कि तत्त्वार्थसूत्र में उन भेदों की विवक्षा न करके वह सामान्य से की गई है। जैसे—

तत्त्वार्थसूत्र में पृथिवीक्रम के अनुसार नारकियों की उत्कृष्ट आयु १,३,७,१०,१७,२२ और ३३ सागरोपम (सूत्र ३-६) तथा जघन्य आयु उनकी द्वितीयादि पृथिवियों में क्रम से १,३,७,१०,१७ और २२ सागरोपम निर्दिष्ट की गई है। प्रथम पृथिवी में उनकी जघन्य आयु दस हजार वर्ष कही गई है (४,३५-३६)।

ष० ख० में भी उनकी आयु का प्रमाण यही कहा गया है (सूत्र २,२,१-९)।

तत्त्वार्थसूत्र में मनुष्यों की उत्कृष्ट और जघन्य आयु क्रम से तीन पल्योपम और अन्तर्मुहूर्त कही गई है (३-३८)।

ष० ख० में उसका उल्लेख मनुष्य सामान्य व मनुष्यपर्याप्त आदि भेदों के साथ किया गया है, फिर भी मनुष्य पर्याप्त और मनुष्यणी की जघन्य आयु अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट आयु पूर्वकोटि पृथक्त्व से अधिक तीन पल्योपम प्रमाण ही कही गई है (२,२,१९-२२)।

यहाँ ष० ख० में जो उसे पूर्वकोटि पृथक्त्व से अधिक तीन पल्योपम कहा गया है उसमें मनुष्यपर्याय की विवक्षा रही है। जो कर्मभूमि का मनुष्य यहाँ की आयु को बिताकर दान के अनुमोदन से भोगभूमि में मनुष्य उत्पन्न होता है उसके यह मनुष्य पर्याय का काल घटित होता है।[5]

इसी पद्धति से आगे तिर्यंचों और देवों के कालप्रमाण की भी प्ररूपणा इन दोनों ग्रन्थों में अपनी-अपनी पद्धति से की गई है।

२०. तत्त्वार्थसूत्र में स्कन्ध और अणुरूप पुद्गल भेद, संघात अथवा भेद-संघात से किस

---

१. ष० ख० सूत्र १,१,१०१-११०

२. त० सूत्र ३-६ (उत्कृष्ट) व ४,३५-३६ (जघन्य)

३. वही ३,३८-३९

४. वही ४, २८-४२

५. सूत्र २,२,२१ की धवला टीका (पु० ७, पृ० १२५-२६)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रकार उत्पन्न होते हैं, इसे संक्षेप में स्पष्ट करते हुए कहा है कि स्कन्ध तो भेद, संघात और भेद संघात से उत्पन्न होते हैं, किन्तु परमाणु केवल भेद से उत्पन्न होते हैं (५,२६-२८)।

ष० ख० में यह स्कन्ध और अणुरूप पुद्गलों की उत्पत्ति की प्ररूपणा बहुत विस्तार से की गई है। उसमें पाँचवें वर्गणा खण्ड के अन्तर्गत बन्धन अनुयोगद्वार में बन्धनीय (वर्गणाओं) की प्ररूपणा १६ अनुयोगद्वारों के आश्रय से की गई है। उनमें 'वर्गणानिरूपणा' नामक चौथे अनुयोगद्वार में एक-द्विप्रदेशी आदि वर्गणाएँ क्या भेद से उत्पन्न होती हैं, क्या संघात से उत्पन्न होती हैं और क्या भेद-संघात से उत्पन्न होती हैं; इसका विचार विस्तार से किया गया है।[1]

दोनों ग्रन्थों में संक्षेप और विस्तार से की गई प्ररूपणा में यथासम्भव कुछ समानता रही ही है। यथा—

तत्त्वार्थसूत्र में अणु की उत्पत्ति भेद से प्रकट की गई है (५-२७)।

ष०ख० में भी परमाणुस्वरूप एकप्रदेशिक परमाणुपुद्गल द्रव्यवर्गणा की उत्पत्ति तत्त्वार्थसूत्र के समान भेद से ही प्रकट की गई है।[2]

तत्त्वार्थसूत्र में द्वि-त्रिप्रदेशी आदि स्कन्धों की उत्पत्ति भेद, संघात और भेद-संघात से निर्दिष्ट की गई है (५-२६)।

ष०ख० में भी आगे स्कन्धस्वरूप द्वि-त्रिप्रदेशी आदि वर्गणाओं की उत्पत्ति यथासम्भव भेद, संघात और भेद-संघात से निर्दिष्ट की गई है।[3]

२१. तत्त्वार्थसूत्र में परमाणुओं के परस्पर में होनेवाले एकात्मकतारूप बन्ध का विचार करते हुए कहा गया है कि परमाणुओं का जो परस्पर में बन्ध होता है वह स्निग्ध और रूक्ष गुण के निमित्त से होता है। इसे विशेष रूप में स्पष्ट करते हुए वहाँ आगे यह स्पष्ट कर दिया गया है कि स्निग्ध और रूक्ष गुण के आश्रय से होनेवाला वह बन्ध जघन्य गुणवाले परमाणुओं का अन्य किन्हीं भी परमाणुओं के साथ नहीं होता है। गुण से अभिप्राय यहाँ स्निग्धता और रूक्षता के अविभागप्रतिच्छेदरूप अंशों का रहा है। तदनुसार जिन परमाणुओं में स्निग्धता व रूक्षता का जघन्य—सबसे निकृष्ट—अंश रहता है, अन्य परमाणुओं के साथ उनके बन्ध का प्रतिषेध किया गया है। आगे चलकर उन गुणों की समानता में समानजातीय परमाणुओं के भी बन्ध का निषेध किया गया है। उदाहरण के रूप में दो गुण स्निग्धवाले परमाणुओं का दो गुण रूक्षवाले परमाणुओं के साथ, तीन गुण स्निग्धवाले परमाणुओं का तीन गुण रूक्षवाले परमाणुओं के साथ, दो गुण स्निग्धवाले परमाणुओं का अन्य दो गुण स्निग्धवाले तथा दो गुण रूक्षवाले परमाणुओं का अन्य दो गुण रूक्षवाले परमाणुओं के साथ बन्ध नहीं होता है।

तब फिर कितने स्निग्ध व रूक्ष गुणवाले परमाणुओं में परस्पर बन्ध होता है, इसे स्पष्ट करते हुए आगे कहा गया है कि वह बन्ध दो-दो गुणों से अधिक परमाणुओं में हुआ करता है। जैसे—दो गुण स्निग्ध परमाणु का चार गुण स्निग्ध परमाणु के साथ बन्ध होता है, किन्तु

---

१. ष० ख० सूत्र ५, ६, ९८-११६ (पु० १४, पृ० १२०-३३)

२. वग्गणणिरूवणदाए इमा एयपदेसियपरमाणुपोग्गलदव्ववग्गणाणाम किं भेदेण किं संघादेण किं भेद-संघादेण ? उवरिल्लीणं दव्वाणं भेदेण। सूत्र ९८-९९ (पु० १४, पृ० १२०)।

३. ष० ख० सूत्र ५,६,१००-११६

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उसका एक गुण स्निग्ध, दो गुण स्निग्ध और तीन गुण स्निग्ध अन्य परमाणु के साथ बन्ध नहीं होता है। उसी दो गुण स्निग्धवाले परमाणु का अन्य पाँच गुण स्निग्ध व छह सात आदि संख्यात, असंख्यात एवं अनन्त गुणवाले किसी भी परमाणु के साथ बन्ध नहीं होता है। चार गुण स्निग्ध का छह गुणस्निग्ध परमाणु के साथ बन्ध होता है, अन्य किन्हीं के साथ नहीं होता है। इस प्रकार दो-दो गुण अधिक (तीन-पांच, चार-छह, पाँच-सात आदि) परमाणुओं में उस बन्ध को समझना चाहिए।[1]

ष० ख० में भी परमाणुओं व स्कन्धों में होनेवाले इस बन्ध की प्ररूपणा की गई है। वहाँ पूर्वनिर्दिष्ट बन्धन अनुयोगद्वार में सादिविस्रसाबन्ध का विचार करते हुए प्रथम तो समान स्निग्धता और रूक्षता के अभाव में बन्ध का सद्भाव दिखलाया गया है, तत्पश्चात् समान स्निग्धता और रूक्षता के होने पर उनमें परस्पर बन्ध का निषेध भी किया गया है।[2]

इसका अभिप्राय यह है कि स्निग्ध परमाणुओं का रूक्ष परमाणुओं के साथ और रूक्ष परमाणुओं का स्निग्ध परमाणुओं के साथ बन्ध होता है—स्निग्ध स्निग्ध परमाणुओं में और रूक्ष रूक्ष परमाणुओं में समानता रहने से बन्ध नहीं होता। इसी अभिप्राय को आगे गाथा-सूत्र द्वारा स्पष्ट किया गया है।

आगे जाकर वही सूत्र पुनः अवतरित हुआ है—**वेमादा णिद्धदा वेमादा लुक्खदा बंधो**। ३५

इसकी व्याख्या करते हुए धवलाकार ने कहा है कि इस सूत्र के पूर्वोक्त अर्थ के अनुसार स्निग्ध पुद्गलों का स्निग्ध पुद्गलों के साथ और रूक्ष पुद्गलों का रूक्ष पुद्गलों के साथ गुणा-विभाग प्रतिच्छेदों से समान अथवा असमान होने पर भी बन्ध के अभाव का प्रसंग प्राप्त होने पर उनमें भी बन्ध होता है; यह जतलाने के लिए इसका दूसरा अर्थ कहा जाता है। तदनुसार पूर्वोक्त अर्थ से उसका भिन्न अर्थ करते हुए उन्होंने कहा है कि 'मादा' (मात्रा) का अर्थ अविभागप्रतिच्छेद है। इस प्रकार जिस स्निग्धता में दो मात्रा अधिक अथवा हीन होती हैं वह स्निग्धता बन्ध की कारण है। अभिप्राय यह है कि स्निग्ध पुद्गल दो अविभागप्रतिच्छेदों से अधिक अथवा दो अविभागप्रतिच्छेदों से हीन स्निग्ध पुद्गलों के साथ बन्ध को प्राप्त होते हैं, किन्तु तीन आदि अविभागप्रतिच्छेदों से अधिक अथवा तीन पुद्गलों के साथ वे बन्ध को प्राप्त नहीं होते। यही अभिप्राय रूक्ष पुद्गलों के विषय में भी व्यक्त किया गया है। आगे इस अर्थ के निर्णय की पुष्टि एक अन्य गाथासूत्र द्वारा की गई है।[3]

यह गाथासूत्र तत्त्वार्थवार्तिक में भी 'उक्तं च' के साथ इस प्रसंग में उद्धृत है।[4]

पर त० वा० में उसके चतुर्थ चरण में उपयुक्त '**विसमे समे**' का अर्थ जहाँ समान जातीय और असमान जातीय विवक्षित रहा है वहाँ धवला में उसके अर्थ में गुणविभाग-प्रतिच्छेदों से

---

१. त० सूत्र ५,३३-३६

२. ष० ख० ५,६,३२-३४ (पु० १४, पृ० ३०-३१)

३. सूत्र ३५-३६ (पु० १४, पृ० ३२-३३)। पूर्व में धवलाकार ने 'वेमादा' में 'वि' का अर्थ विगत और 'मादा' का अर्थ सदृश किया था, तदनुसार 'वेमादा' का अर्थ विसदृश रहा है।

४. त० वा० ५,३५,१ (पृ० २४२)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

रूक्षपुद्गल के सदृश स्निग्ध पुद्गल का नाम सम और उनसे असमान का नाम विषम अभीष्ट रहा है।

इस प्रकार परमाणुपुद्गलों के बन्ध के विषय में तत्त्वार्थसूत्र और ष० ख० में कुछ मतभेद रहा है। धवलाकार ने तत्त्वार्थसूत्र के साथ उसका समन्वय करने का कुछ प्रयत्न किया है, ऐसा प्रतीत होता है।

२२. तत्त्वार्थसूत्र से क्रमप्राप्त आस्रव तत्त्व की प्ररूपणा करते हुए उस प्रसंग में पृथक्-पृथक् ज्ञानावरणादि कर्मों के आस्रवों—बन्धक के कारणों—का विचार किया गया है।[1]

षट्खण्डागम में चौथे वेदनाखण्ड के अन्तर्गत दूसरे वेदना अनुयोगद्वार में निर्दिष्ट १६ अधिकारों में ८वां 'वेदनाप्रत्ययविधान' है। उसमें पृथक्-पृथक् ज्ञानावरणादि वेदनाओं के प्रत्ययों (कारणों) की प्ररूपणा की गई है।

दोनों ग्रन्थगत उस प्ररूपणा में विशेषता यह रही है कि तत्त्वार्थसूत्र में जहाँ उन ज्ञानावरणादि के कारणों की प्ररूपणा नयविवक्षा के बिना सामान्य से की गई है वहाँ षट्खण्डागम में उनकी वह प्ररूपणा नयविवक्षा के अनुसार की गई है यथा—

तत्त्वार्थसूत्र में ज्ञानावरण और दर्शनावरण इन दो कर्मों के आस्रव ज्ञान और दर्शन से सम्बद्ध इस प्रकार निर्दिष्ट हैं— प्रदोष, निह्नव, मात्सर्य, अन्तराय, आसादन और उपघात।[2]

उधर षट्खण्डागम में नैगम, व्यवहार और संग्रह इन तीन नयों की अपेक्षा ज्ञानावरणादि आठों कर्मवेदनाओं के ये प्रत्यय निर्दिष्ट किए गए हैं—

प्राणातिपात आदि पाँच पाप, रात्रि-भोजन, क्रोध आदि चार कषाय, राग, द्वेष, मोह, प्रेम, निदान, अभ्याख्यान, कलह, पैशून्य, रति, अरति, उपाधि, निकृति, मान (प्रस्थ आदि माप के उपकरण), माय (मेय), मोष (स्त्येय), मिथ्याज्ञान, मिथ्यादर्शन और प्रयोग।[3]

ऋजुसूत्रनय की अपेक्षा प्रकृति-प्रदेशाग्र का कारण योग और स्थिति-अनुभाग का कारण कषाय कहा गया है।[4] शब्दनय की अपेक्षा उन्हें अवक्तव्य कहा गया है, क्योंकि उस नय की दृष्टि में पदों के मध्य में समास सम्भव नहीं है।[5]

षट्खण्डागम में निर्दिष्ट ये कारण व्यापक तो बहुत हैं, पर तत्त्वार्थसूत्र में निर्दिष्ट संक्षिप्त कारणों के द्वारा जिस प्रकार पृथक्-पृथक् उन ज्ञानावरणादि के बन्ध का सरलता से बोध हो जाता है उस प्रकार षट्खण्डागम में निर्दिष्ट उन प्रचुर कारणों से भी वह बोध सरलता से नहीं हो पाता।

इसके अतिरिक्त जिन कारणों का अन्तर्भाव वहीं पर निर्दिष्ट अन्य कारणों में सम्भव है उनका उल्लेख भी पृथक् से किया गया है। जैसे—राग, द्वेष, मोह, प्रेम, रति, अरति, निकृति—ये चार कषायों एवं मिथ्यादर्शन से भिन्न नहीं है—उनके अन्तर्भूत होते हैं। 'मोष'

---

१. त० सूत्र ६,१०-२७

२. वही, ६-१० (तत्त्वार्थसार में ज्ञानावरण और दर्शनावरण इन दोनों के कारणों का पृथक्-पृथक् उल्लेख किया गया है—त० सूत्र ४,१३-१६)

३. सूत्र ४,२,८,१-११ (पु० १२, पृ० २७५-८७)

४. वही, १२-१४

५. वही, १५-१६

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यह अदत्तादान (स्तेय) में गर्भित होता है।

सूत्रोक्त इन प्रत्ययों की भिन्नता को प्रकट करने के लिए धवलाकार ने ऐसे प्रत्ययों के स्वरूप का उल्लेख पृथक्-पृथक् किया है। यथा—

सामान्य से मिथ्यात्व, अविरति (असंयम), कषाय और योग ये चार बन्ध के कारण माने गये हैं।[1] तदनुसार धवलाकार ने ष० ख० में निर्दिष्ट उन सब कारणों का अन्तर्भाव इन्हीं चार में प्रकट किया है। प्राणातिपात आदि पाँच पापों और रात्रिभोजन को उन्होंने असंयम प्रत्यय कहा है। आगे उन्होंने क्रोध-मान को आदि लेकर मोष पर्यन्त सब कारणों को कषाय प्रत्यय, मिथ्याज्ञान और मिथ्यादर्शन को मिथ्यात्व प्रत्यय और प्रयोग को योग प्रत्यय निर्दिष्ट किया है।[2]

यहाँ धवला में यह शंका की गई है कि 'प्रमाद' प्रत्यय का उल्लेख यहाँ क्यों नहीं किया।[3] इसके उत्तर में कहा गया है कि इन प्रत्ययों से बहिर्भूत प्रमाद प्रत्यय नहीं पाया जाता।

२३. तत्त्वार्थसूत्र में इसी प्रसंग में तीर्थंकर प्रकृति के बन्धक सोलह कारणों का उल्लेख विशेष रूप से किया गया है।[4]

ष० ख० के तीसरे खण्ड बन्धस्वामित्व विचय में बन्धक-अबन्धक जीवों की प्ररूपणा करते हुए उस प्रसंग में तीर्थंकर प्रकृति के बन्ध के उन सोलह करणों का निर्देश किया गया है।[5]

दोनों ग्रन्थों में जो उन दर्शनविशुद्धि आदि सोलह कारणों का निर्देश किया गया है वह प्रायः शब्दशः समान है। यदि कहीं कुछ थोड़ा शब्दभेद भी दिखता है तो भी अभिप्राय में समानता है।

ष० ख० में निर्दिष्ट उन सोलह कारणों के अन्तर्गत क्षण-लवप्रतिबोधनता और अभीक्ष्ण-अभीक्ष्णज्ञानोपयोगयुक्तता इन दो कारणों में आपाततः समानता दिखती है। पर उनमें विशेषता है, जिसे धवलाकार ने इस प्रकार स्पष्ट किया है—

सम्यग्दर्शन, ज्ञान, व्रत और शील इन गुणों को उज्ज्वल करना, कलंक को धोना अथवा दग्ध करना इसका नाम प्रतिबोधनता है। इसमें प्रतिसमय (निरन्तर) उद्यत रहना, इसका नाम क्षण-लवप्रतिबोधनता है। अभीक्ष्ण-अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगयुक्तत्ता में ज्ञानोपयोग से भावश्रुत और द्रव्यश्रुत अभिप्रेत है, उसमें बार-बार (निरन्तर) उद्युक्त रहना, यह अभीक्ष्ण-अभीक्ष्ण-ज्ञानोपयोगयुक्तता का लक्षण है।

१. धवला पु० ८, पृ० १६-२८

२. ·····एवमसंजमपच्चओ परूविदो। संपहि कसायपच्चयपरूवणट्ठमुत्तरसुत्तं भणदि। धवला पु० १२, पृ० २८३; कोध-माण-माया-लोभ-राग-दोस-मोह-पेम्म-णिदाण-अब्भक्खाण-कलह-पेसुण्ण-रदि-अरदि-उवहि-णियदि-माण-माय-मोसेहि कसायपच्चओ परूविदो। मिच्छ-णाण-मिच्छदंसणेहि मिच्छत्तपच्चओ णिद्दिट्ठो। पओगेण जोगपच्चओ परूविदो।
—(पु० १२, पृ० २८६)

३. त०सू० में उन चार कारणों के साथ प्रमाद का भी पृथक् से उल्लेख किया गया है—मिथ्यादर्शनाविरतिप्रमाद-कषाय-योगा बन्धहेतवः।—(त० सू० ८-१)

४. त०सू० ६-२४

५. ष० ख० सूत्र ३, ३६-४१ (पु० ८)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दोनों ग्रन्थों में निर्दिष्ट वे कारण संख्या में सोलह ही हैं। त० सू० में यदि उनमें क्षण-लवप्रतिबोधनता का उल्लेख नहीं किया गया है तो ष० ख० में आचार्यभक्ति का उल्लेख नहीं है। तत्त्वार्थसूत्र में अनिर्दिष्ट उस क्षण-लवप्रतिबोधनता का अन्तर्भाव अभीक्ष्ण-अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगयुक्तता में सम्भव है। इसी प्रकार ष० ख० में अनिर्दिष्ट आचार्यभक्ति का अन्तर्भाव बहुश्रुतभक्ति[1] में सम्भव है।

तीर्थंकर प्रकृति के बन्धक वे सोलह कारण पृथक्-पृथक् उस तीर्थंकर प्रकृति के बन्धक हैं या समस्त रूप में, इसे स्पष्ट करते हुए सर्वार्थसिद्धि में कहा गया है कि समीचीनतया भाव्यमान वे सोलह कारण व्यस्त और समस्त भी तीर्थंकर नाम कर्म के आस्रव के कारण हैं।[2]

ष० ख० में प्रसंगप्राप्त सूत्र की व्याख्या करते हुए धवलाकार ने उन सोलह कारणों में से पृथक्-पृथक् प्रत्येक में शेष पन्द्रह कारणों का अन्तर्भाव सिद्ध किया है। इस प्रकार से उन्होंने शेष पन्द्रह कारणों से गर्भित प्रत्येक को पृथक्-पृथक् उस तीर्थंकर प्रकृति का बन्धक सूचित किया है। अन्त में 'अथवा' कहकर उन्होंने विकल्प के रूप में यह भी कहा है कि सम्यग्दर्शन के होने पर शेष कारणों में से एक-दो आदि कारणों के संयोग से उस तीर्थंकर प्रकृति का बन्ध होता है, यह कहना चाहिए।[3] इस प्रकार तीर्थंकर प्रकृति के बन्धक उन कारणों के विषय में प्रायः दोनों ग्रन्थों का अभिप्राय समान रहा है।

२४. तत्त्वार्थसूत्र में आगे अवसरप्राप्त बन्ध तत्त्व का विचार करते हुए सर्वप्रथम वहाँ बन्ध के इन पाँच कारणों का निर्देश किया गया है—मिथ्यादर्शन, अविरति, प्रमाद, कषाय और योग। पश्चात् बन्ध के स्वरूप का निर्देश करते हुए उसके इन चार भेदों का उल्लेख किया गया है—प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेश बन्ध। आगे उनमें प्रकृतिबन्ध को ज्ञानावरणादि के भेद से आठ प्रकार बतलाते हुए उनमें प्रत्येक के भेदों की संख्या का निर्देश यथाक्रम से इस प्रकार किया है—पाँच, नौ, दो, अट्ठाईस, चार, ब्यालीस, दो और पाँच। अनन्तर निर्दिष्ट संख्या के अनुसार यथाक्रम से ज्ञानावरणादि के उन भेदों का नामनिर्देश भी है।[4]

ष० ख० में जीवस्थान से सम्बद्ध नौ चूलिकाओं में जो प्रथम प्रकृतिसमुत्कीर्तन चूलिका है उसमें सर्वप्रथम पृथक्-पृथक् ज्ञानावरण आदि उन आठ मूल प्रकृतियों के और तत्पश्चात् यथाक्रम से उनकी उत्तरप्रकृतियों के नामों का निर्देश किया गया है।[5]

आगे वहाँ पाँचवें वर्गणा खण्ड के अन्तर्गत 'प्रकृति' अनुयोगद्वार में भी लगभग उसी प्रकार से उन मूल और उत्तर प्रकृतियों का नामनिर्देशपूर्वक उल्लेख पुनः किया गया है। यहाँ विशेषता केवल यह रही है कि आभिनिबोधिक ज्ञानावरणीय आदि के उत्तरोत्तर भेदों का भी उल्लेख हुआ है। इसके अतिरिक्त प्रसंग पाकर वहाँ अवधिज्ञान और मनःपर्ययज्ञान के भेदों व उनके विषय को भी स्पष्ट किया गया है।[6]

---

१. बारहंगधारया बहुसुदा णाम।—धवला पु० ८, पृ० ८९
२. स० सि० ६-२४
३. धवला पु० ८, पृ० ७९-९१
४. त० सूत्र ८, १-१३
५. षट्खण्डागम पु० ६, सूत्र १, ९-१, ३-२८ व ४५-४६
६. सूत्र ५,५, १९-१५४ (पु० १३)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दोनों ग्रन्थगत उन कर्मप्रकृतियों के भेदों में प्रायः शब्दशः समानता है। नामकर्म के भेदों का निर्देश करते हुए तत्त्वार्थसूत्र में जहाँ गति-जाति आदि पिण्डप्रकृतियों के साथ ही अपिण्ड प्रकृतियों और उनकी प्रतिपक्ष प्रकृतियों का भी निर्देश कर दिया गया है वहाँ षट्खण्डागम में ब्यालीस पिण्डप्रकृतियों का निर्देश करके आगे यथाक्रम से पृथक्-पृथक् सूत्रों द्वारा गति-जाति आदि पिण्डप्रकृतियों के उत्तरभेदों को भी प्रकट कर दिया गया है।[1]

२५. तत्त्वार्थसूत्र में आगे यहीं पर स्थितिबन्ध के प्रसंग में ज्ञानावरणादि मूल प्रकृतियों की उत्कृष्ट और जघन्य स्थिति को प्रकट किया गया है।[2]

षट्खण्डागम में पूर्वोक्त नौ चूलिकाओं में छठी उत्कृष्ट स्थिति और सातवीं जघन्यस्थिति चूलिका है। उनमें यथाक्रम से मूल और उत्तर सभी कर्मप्रकृतियों की उत्कृष्ट और जघन्य स्थितियों की प्ररूपणा की गई है।

तत्त्वार्थसूत्र की अपेक्षा षट्खण्डागम में इतनी विशेषता रही है कि वहाँ उत्तर-प्रकृतियों की भी उत्कृष्ट व जघन्य स्थिति की प्ररूपणा की गई है। साथ ही अपनी अपनी स्थिति के अनुसार यथासम्भव उनके आबाधा काल और निषेकरचना-क्रम को भी प्रकट किया गया है।[3]

२६. तत्त्वार्थसूत्र में क्रमप्राप्त संवर और निर्जरा इन दो तत्त्वों का व्याख्यान करते हुए तप के आश्रय से होनेवाली कर्मनिर्जरा के प्रसंग में जिन सम्यग्दृष्टि व श्रावक आदि के उत्तरोत्तर क्रम से असंख्यात गुणी निर्जरा होती है उनका उल्लेख किया गया है।[4]

ष० ख० में वेदना खण्ड के अन्तर्गत दूसरे वेदना-अनुयोगद्वार में जो १६ अनुयोगद्वार हैं उनमें सातवाँ वेदनाभावविधान है। उसकी प्रथम चूलिका के प्रारम्भ में दो गाथासूत्रों द्वारा उत्तरोत्तर असंख्यातगुणित क्रम से होनेवाली उस निर्जरा की प्ररूपणा की गई है।[5]

दोनों ग्रन्थों में प्ररूपित निर्जरा का वह क्रम समान रहा है तथा उसके आश्रयभूत सम्यग्दृष्टि व श्रावक आदि भी समान रूप में वे ही हैं। विशेष इतना है कि उस निर्जरा के अन्तिम स्थानभूत 'जिन' का उल्लेख यद्यपि तत्त्वार्थसूत्र में और ष० ख० के गाथासूत्र में सामान्य से ही किया है, फिर भी ष० ख० में आगे जो उन दो गाथासूत्रों का गद्यात्मक सूत्रों में स्पष्टीकरण है उसमें 'जिन' के अधःप्रवृत्तकेवली संयत और योगनिरोधकेवली संयत ये दो भेद किये हैं।[6] इस प्रकार वहाँ गुण श्रेणिनिर्जरा के ग्यारह स्थान हो गये हैं।[7]

---

१. त० सूत्र ८-११ व षट्खण्डागम सूत्र १, ९-१, २८-४४ (पु० ६) तथा ५,५, ११६-५० (पु० १३)।

२. तत्त्वार्थसूत्र ८, १४-३०

३. *छठी चूलिका पृ० १४५-७९, सातवीं पृ० १८०-२०२ (पु० ६)।*

४. तत्त्वार्थसूत्र ९-४५

५. पु० १२, पृ० ७८

६. पु० १२, सूत्र ४,२,७,१८४-८७

७. ये दोनों गाथासूत्र शिवशर्मसूरि विरचित कर्मप्रकृति में भी उपलब्ध होते हैं (उदय ८-९)। वहाँ 'जिणे य णियमा भवे असंखेज्जा' के स्थान में 'जिणे य दुविहे असंखगुणसेढी' पाठभेद है। टीकाकार मलयगिरि सूरि ने 'जिणे य दुविहे' से सयोगी और अयोगी जिनों को ग्रहण किया है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तत्त्वार्थसूत्र व उसकी व्याख्यास्वरूप सर्वार्थसिद्धि और तत्त्वार्थवार्तिक में भी इन दो भेदों का उल्लेख नहीं है।

दूसरी विशेषता यह भी है कि षट्खण्डागम के उन दो गाथासूत्रों में दूसरे गाथासूत्र के उत्तरार्ध में उस निर्जरा के उत्तरोत्तर असंख्यातगुणित काल का भी विपरीत क्रम से निर्देश किया गया है। तत्त्वार्थसूत्र में यह नहीं है।

उपसंहार

जैसा कि ऊपर के विवेचन से स्पष्ट हो चुका है, षट्खण्डागम और तत्त्वार्थसूत्र दोनों महत्त्वपूर्ण सूत्रग्रन्थ हैं तथा उनमें प्ररूपित अनेक विषयों में परस्पर समानता भी देखी जाती है। फिर भी दोनों की रचनापद्धति भिन्न है व उनकी अपनी-अपनी कुछ विशेषताएँ भी हैं। यथा—

(१) षट्खण्डागम जहाँ गद्यात्मक प्राकृत सूत्रों में रचा गया है वहाँ तत्त्वार्थसूत्र संस्कृत गद्य-सूत्रों में रचा गया है व सम्भवतः जैन सम्प्रदाय में वह संस्कृत में रची गई आद्य कृति है।

(२) षट्खण्डागम आगम पद्धति के अनुसार प्रायः प्रश्नोत्तरशैली में रचा गया है, इसलिए उसमें पुनरावृत्ति भी बहुत हुई है। किन्तु तत्त्वार्थसूत्र में उस प्रश्नोत्तर शैली को नहीं अपनाया गया, वहां विवक्षित विषय की प्ररूपणा अत्यन्त संक्षेप में की गई है, इससे ग्रन्थ प्रमाण में वह अल्प है, फिर भी आवश्यक तत्त्वों का विवेचन उसमें सर्वांगपूर्ण हुआ है।

(३) षट्खण्डागम में पारिभाषिक शब्दों का लक्षणनिर्देशपूर्वक स्पष्टीकरण नहीं किया गया। किन्तु तत्त्वार्थसूत्र के संक्षिप्त होने पर भी उसमें कहीं-कहीं पारिभाषिक शब्दों का लक्षण निर्देशपूर्वक आवश्यकतानुसार स्पष्टीकरण भी किया गया है।

(४) षट्खण्डागम की रचना श्रुतविच्छेद के भय से हुई है, इसीलिए उसमें सैद्धान्तिक विषयों की प्ररूपणा की गई है। किन्तु तत्त्वार्थसूत्र की रचना मोक्ष को लक्ष्य में रखकर की गई है, अतः उसमें उन्हीं तत्त्वों का विवेचन है जो मोक्ष की प्राप्ति में प्रयोजनीभूत रहे हैं।

तत्त्वार्थसूत्र के तीसरे और चौथे अध्याय में जो भौगोलिक विवेचन किया गया है वह भी प्रयोजनीभूत व आवश्यक रहा है। कारण यह कि कौन जीव मुक्ति को प्राप्त कर सकते हैं और कौन जीव उसे नहीं प्राप्त कर सकते हैं तथा कहाँ से उसकी प्राप्ति सम्भव है और कहाँ से वह सम्भव नहीं है; इत्यादि का परिज्ञान करा देना भी लक्ष्य की पूर्ति के लिए आवश्यक रहा है। संस्थानविचय धर्मध्यान में इसी सबका चिन्तन किया जाता है।

(५) तत्त्वार्थसूत्र में चर्चित ऐसा भी बहुत कुछ विषय है, जिसकी प्ररूपणा षट्खण्डागम में उपलब्ध नहीं होती। जैसे—तीसरे-चौथे अध्याय का भौगोलिक वर्णन, पाँचवें अध्याय में प्ररूपित अजीव तत्त्व, सातवें अध्याय में वर्णित व्रत व उनके अतिचार आदि, नौवें अध्याय में प्ररूपित गुप्ति-समिति आदि तथा दसवें अध्याय में प्ररूपित मोक्ष व उसकी विशेषता।

इस स्थिति के होते हुए भी सम्भावना तो यही की जाती है कि तत्त्वार्थसूत्र के कर्ता आ० उमास्वाति के समक्ष प्रस्तुत षट्खण्डागम रहा है व उन्होंने उसका उपयोग अपनी पद्धति से तत्त्वार्थसूत्र की रचना में भी किया है, पर निश्चित नहीं कहा जा सकता। हाँ, तत्त्वार्थसूत्र के व्याख्याता आ० पूज्यपाद और भट्टाकलंक देव के समक्ष वह षट्खण्डागम रहा है व उन्होंने

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उसका भरपूर उपयोग भी किया है, यह निश्चित कहा जा सकता है। यह आगे सर्वार्थसिद्धि और तत्त्वार्थवार्तिक के साथ तुलनात्मक विचार के प्रसंग से स्पष्ट हो जाएगा।

तत्त्वार्थसूत्र में प्ररूपित जिन अन्य विषयों का ऊपर निर्देश किया गया है उनकी प्ररूपणा के आधार कदाचित् ये ग्रन्थ हो सकते हैं—

(१) तत्त्वार्थसूत्र के तीसरे-चौथे अध्याय में जो लोक के विभागों की प्ररूपणा की गई है उसका आधार आ० सर्वनन्दी विरचित लोकविभाग या उसी प्रकार का अन्य कोई प्राचीन भौगोलिक ग्रन्थ हो सकता है। तिलोयपण्णत्ती में ऐसे कितने ही प्राचीन ग्रन्थों का उल्लेख है, जो वर्तमान में उपलब्ध नहीं हैं।[1]

(२) द्रव्यविषयक प्ररूपणा का आधार कदाचित् आ० कुन्दकुन्द विरचित पंचास्तिकाय सम्भव है।

(४) व्रतनियमादि की प्ररूपणा का आधार मूलाचार का पंचाचाराधिकार[2] तथा योनि, आयु, लेश्या व बन्ध आदि कुछ अन्य विषयों की प्ररूपणा का आधार इसी मूलाचार का पर्याप्ति अधिकार भी सम्भव है।

तुलनात्मक दृष्टि से क्रमशः तत्त्वार्थसूत्र और मूलाचार में प्ररूपित इन बन्ध व बन्धकारण आदि को देखा जा सकता है—

मिथ्यादर्शनाविरति-प्रमाद-कषाय-योगा बन्धहेतवः। सकषायत्वाज्जीवः कर्मणो योग्यान् पुद्गलानादत्ते स बन्धः। प्रकृति-स्थित्यनुभव-प्रदेशास्तद्विधयः। आद्यो ज्ञान-दर्शनावरण-वेदनीय-मोहनीयायुर्नाम-गोत्रान्तरायाः। पञ्च-नव-द्व्यष्टाविंशति-चतुर्द्विचत्वारिंशद्-द्वि-पञ्चभेदा यथाक्रमम्।

—तत्त्वार्थसूत्र ८,१-५

कर्मबन्धविषयक यह प्ररूपणा मूलाचार की इन गाथाओं में उसी रूप में व उसी क्रम से इस प्रकार उपलब्ध होती है—

मिच्छादंसण-अविरदि-कसाय-जोगा हवंति बंधस्स।
आऊसज्झवसाणं हेदव्वो ते दु णायव्वा॥
जीवो कसायजुत्तो जोगादो कम्मणो दु जे जोग्गा।
गेण्हइ पोग्गलदव्वे बंधो सो होदि णायव्वो॥
पयडि-ट्ठिदि-अणुभागप्पदेसबंधो य चदु विहो होइ।
दुविहो य पयडिबंधो मूलो तह उत्तरो चेव॥

---

१. ति० प० २, परिशिष्ट, पृ० ९६५ पर 'ग्रन्थनामोल्लेख'।

२. यहाँ 'चरणाचार' के प्रसंग में व्रत-समिति-गुप्ति आदि की प्ररूपणा की गई है। यहीं पर आगे पाँच व्रतों की जिन ५-५ भावनाओं का निरूपण किया गया है (५,१४०-४४) उनका उसी प्रकार से निरूपण तत्त्वार्थसूत्र (७, ३-८) में भी किया गया है।

आ० कुन्दकुन्द ने चारित्रप्राभृत में संयमचरण के दो भेद निर्दिष्ट किये हैं—सागार संयमचरण और निरागार संयमचरण। सागार संयमचरण में उन्होंने ग्यारह प्रतिमाओं के साथ श्रावक के बारह व्रतों का निर्देश किया है (चा० प्रा० २१-२७)। तत्त्वार्थसूत्रमें जो श्रावकाचार का विवेचन है वह यद्यपि चरित्रप्राभृत से कुछ भिन्न है, फिर भी आ० उमास्वाति के समक्ष वह रह सकता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णाणस्स दंसणस्स य आवरणं वेदणीय मोहणियं।
आउग-णामा-गोदं तहंतरायं च मूलाओ।।
पंच णव दोण्णि अट्ठावीसं चदुरो तहेव वादालं।
दोण्णि य पंच य भणिया पयडीओ उत्तरा चेव।।

—मूला० १२, १८२-८६

आगे यथाक्रम से तत्त्वार्थसूत्र और मूलाचार में उपर्युक्त ज्ञानावरणादि मूलप्रकृतियों के उत्तरभेद भी द्रष्टव्य हैं।—तत्त्वार्थसूत्र ८, ७-१३ व मूलाचार १२, १८७-९७

इस प्रकार इन दोनों ग्रन्थों में क्रमबद्ध शब्दार्थविषयक समानता को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि मूलाचार के इस बन्धप्रसंग को सामने रखकर तत्त्वार्थसूत्र में बन्धविषयक प्ररूपणा की गई है।

दोनों ग्रन्थों में केवलज्ञान का उत्पत्तिविषयक यह प्रसंग भी देखिए—

मोहक्षयाज् ज्ञान-दर्शनावरणान्तरायक्षयाच्च केवलम्। —तत्त्वार्थसूत्र १०-१

मोहस्सावरणाणं खयेण अह अन्तरायस्स य एव।
उयवज्जइ केवलयं पयासयं सव्वभावाणं।। —मूला० १२-२७५

४. षट्खण्डागम और कर्मप्रकृति

शिवशर्मसूरि विरचित कर्मप्रकृति एक महत्त्वपूर्ण कर्मग्रन्थ है। शिवशर्म सूरि का समय विक्रम की ५वीं शताब्दी माना जाता है[1]। यह प्राकृत गाथाओं में रचा गया है। समस्त गाथा संख्या उसकी ४७५ है। इसमें बन्धन, संक्रमण, उद्वर्तना, अपवर्तना, उदीरणा, उपशामना, निधत्ति और निकाचना इन आठ करणों की प्ररूपणा की गई है। अन्त में उदय और सत्त्व की भी प्ररूपणा की गई है। इसमें प्ररूपित अनेक विषय ऐसे हैं जो शब्द और अर्थ की अपेक्षा प्रस्तुत षट्खण्डागम से समानता रखते हैं : यथा—

१. षट्खण्डागम के प्रथम खण्ड जीवस्थान से सम्बद्ध नौ चूलिकाओं में से छठी चूलिका में उत्कृष्ट स्थिति और सातवीं चूलिका में जघन्य कर्मस्थिति की प्ररूपणा की गई है।

उधर कर्मप्रकृति में प्रथम बन्धनकरण के अन्तर्गत स्थितिबन्ध के प्रसंग में संक्षेप से उस उत्कृष्ट और जघन्य कर्मस्थिति की प्ररूपणा की गई है।

दोनों ग्रन्थों में यह कर्मस्थिति की प्ररूपणा समान है। विशेषता यह है कि ष०ख० में जहाँ उसकी प्ररूपणा प्रक्रियाबद्ध व विस्तार से की गई है वहाँ क० प्र० में वह संक्षेप मे की गई है। जैसे—

ष० ख० में पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय और पाँच अन्तराय इन बीस प्रकृतियों की उत्कृष्ट स्थिति को तीस कोड़ाकोड़ी सागरोपम प्रमाण बतलाते हुए उनका आबाधाकाल तीन हजार वर्ष प्रमाण कहा गया है। इस आबाधाकाल से हीन कर्मस्थिति प्रमाण उनका कर्मनिषेक निर्दिष्ट किया गया है।[2]

क० प्र० में इन बीस प्रकृतियों की कर्मस्थिति की प्ररूपणा '.....विग्घावरणेसु

१. जैन साहित्य का बृहद् इतिहास, भाग ४, पृ० ११०
२. सूत्र १, ९-६, ४-६ (पु० ६)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कोडिकोडीओ । उवही तीसमसाते····· ।।' इस गाथांश में कर दी गई है।[2] यहाँ इस गाथा में यद्यपि उनके आबाधाकाल और कर्मनिषेक का निर्देश नहीं किया गया है, पर उसकी व्याख्या में टीकाकार मलयगिरि सूरि ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जिन कर्मों की जितने कोड़ाकोड़ी सागरोपम प्रमाण स्थिति होती है उतने सौ वर्ष उनका अबाधाकाल[3] होता है। तदनुसार उक्त बीस कर्मप्रकृतियों की स्थिति चूंकि तीस कोड़ाकोड़ी सागरोपम प्रमाण है, इसलिए उनका उत्कृष्ट अबाधाकाल उपर्युक्त नियम के अनुसार तीस सौ (३०००) वर्षप्रमाण ही सम्भव है। इस अबाधाकाल से हीन उनका कर्मदलिकनिषेक होता है।[4]

उक्त अबाधाकाल के नियम का निर्देश आगे स्वयं मूल ग्रन्थकार ने इस प्रकार कर दिया है—

वाससहस्समबाहा कोडाकोडीदसगस्स सेसाणं ।
अणुवाओ अणुवट्टणगाउसु छम्मासिगुक्कोसो ।। —बन्धन क० ७५

अभिप्राय यह है कि जिन कर्मों की उत्कृष्ट स्थिति दस कोड़ाकोड़ी सागरोपम है उनका अबाधाकाल एक हजार वर्ष होता है। शेष कर्मों की उत्कृष्ट स्थिति का वह अबाधाकाल इसी अनुपात से—त्रैराशिक प्रक्रिया के आश्रय से—जानना चाहिए। अनपवर्त्य आयुवालों—देव-नारकियों और असंख्यात वर्षायुष्क मनुष्य-तिर्यंचों—में परभव सम्बन्धी आयु का उत्कृष्ट अबाधाकाल छह मास होता है।

इसी प्रकार से दोनों ग्रन्थों में शेष कर्मों की भी उत्कृष्ट और जघन्य स्थिति की प्ररूपणा आगे-पीछे समान रूप में की गई है।

२. ष० ख० में चौथे वेदना खण्ड के अन्तर्गत १६ अनुयोगद्वारों में छठा 'वेदनाकालविधान' अनुयोगद्वार है। उसकी प्रथम चूलिका में मूलप्रकृतिबन्ध के प्रसंग में इन चार अनुयोगद्वारों का निर्देश किया गया है—स्थितिबन्ध स्थानप्ररूपणा, निषेकप्ररूपणा, आबाधाकाण्डकप्ररूपणा और अल्पबहुत्व।[5] इनमें स्थितिबन्ध स्थानों की प्ररूपणा इस प्रकार है—

"ट्ठिदिबंधट्ठाणपरूवणदाए सव्वत्थोवा सुहुमेइंदियअपज्जत्तयस्स ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि। बादरेइंदियअपज्जत्तयस्स ट्ठिदिबंधट्ठाणाणि संखेज्जगुणाणि।" इत्यादि सूत्र ४,२,६, ३६-५० (पु० ११, पृ० १४०-४७)।

इस प्रकार यहाँ चौदह जीवसमासों में स्थितिबन्धस्थानों के अल्पबहुत्व की प्ररूपणा की गई है।

कर्मप्रकृतिमें इन्हीं स्थितिबन्धस्थानों की प्ररूपणा संक्षेप से इन दो गाथाओं में कर दी गई है—

ठिइबंधट्ठाणाइं सुहुम अपज्जत्तगस्स थोवाइं ।
बायर-सुहुमेयर-बि-ति-चउरिंदिय-असण्ण-सण्णीणं ।।
संखेज्जगुणाणि कमा असमत्तियेर बिंदियाइम्मि ।
नवरमसंखेज्जगुणाइं····· ।। —बन्धन क० ६८-६९

---

२. क० प्र० बन्धन, क० ७०, पृ० ११०

३. श्वे० ग्रन्थों में आबाधा के स्थान में 'आबाधा' शब्द प्रयुक्त हुआ है।

४. क० प्र०, मलयवृत्ति बन्धन क० गा० ७०, पृ० १११

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इस प्रकार दोनों ग्रन्थों में इन स्थितिबन्धस्थान की प्ररूपणा सर्वथा समान रही है। क० प्र० के टीकाकार मलयगिरि सूरि ने इन गाथाओं में संक्षेप से निर्दिष्ट उन स्थानों का स्पष्टीकरण प्रायः उन्हीं शब्दों में कर दिया है जिन शब्दों द्वारा ष० ख० में उनकी प्ररूपणा विस्तार से की गई है।

ष० ख० में आगे यहीं पर जिन संक्लेश-विशुद्धिस्थानों की प्ररूपणा चौदह (५१-६४) सूत्रों में की गई है उनकी सूचना क० प्र० में 'संक्लेसाइं (य) सव्वत्थ' (पूर्व गा० ६६ का च० चरण) 'एमेव विसोहीओ (गा० का प्र० चरण) इन गाथाओं में कर दी गई है। उनका स्पष्टीकरण टीकाकार मलयगिरि सूरि ने ष०ख० के ही समान किया है।

३. ष० ख० में जीवस्थान खण्ड के अन्तर्गत नौ चूलिकाओं में आठवीं 'सम्यक्त्वोत्पत्ति' चूलिका है। उसमें प्रथम सम्यक्त्व, क्षायिक सम्यक्त्व तथा दर्शनमोह और चारित्रमोह के उपशम व क्षय की प्ररूपणा की गई है। इनमें प्रथम सम्यक्त्व के अभिमुख हुए जीव की योग्यता को प्रकट करते हुए यहाँ उसकी इन विशेषताओं को दिखलाया गया है—

सर्वप्रथम वहाँ यह स्पष्ट किया गया है कि वह जब ज्ञानावरणीय आदि सब कर्मों की स्थिति को अन्तःकोड़ाकोड़ी प्रमाण बाँधता है तब वह प्रथम सम्यक्त्व को प्राप्त करता है। आगे इसे और स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि उसे पंचेन्द्रिय, संज्ञी, मिथ्यादृष्टि, पर्याप्त और सर्वविशुद्ध—अधःकरण, अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरण इन तीन विशुद्धियों से विशुद्ध—होना चाहिए। उक्त सब कर्मों की उत्कृष्ट स्थिति को जब वह संख्यात सागरोपम से हीन अन्तःकोड़ाकोड़ी प्रमाण स्थापित करता है तब प्रथम सम्यक्त्व को उत्पन्न करता है। उस प्रथम सम्यक्त्व को उत्पन्न करता हुआ वह अन्तर्मुहूर्त हटता है—अन्तरकरण करता है। अन्तरकरण करके वह मिथ्यात्व के तीन खण्ड करता है—सम्यक्त्व, मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्व। इस प्रकार वह दर्शनमोह को उपशमाता है। उसे उपशमाता हुआ वह चारों गतियों, पंचेन्द्रियों, संज्ञियों, गर्भोपक्रान्तिकों और पर्याप्तकों में उपशमाता है। इसके विपरीत वह एकेन्द्रिय-विकलेन्द्रियों आदि में उसे नहीं उपशमाता है। वह उसे संख्यातवर्षायुष्कों में और असंख्यातवर्षायुष्कों में भी उपशमाता है।[1]

दर्शनमोहनीय की उपशामना किन क्षेत्रों व किसके समक्ष होती है, इसके लिए कोई विशेष नियम नहीं है—वह किसी भी क्षेत्र में और किसी के भी समक्ष हो सकती है।[2]

क० प्र० में छठा उपशामनाकरण है। उसकी उत्थानिका में वृत्तिकार मलयगिरि सूरि ने उसके प्रतिपादन में इन आठ अधिकारों की सूचना की है—(१) सम्यक्त्वोत्पादप्ररूपणा, (२) देशविरतिलाभप्ररूपणा, (३) सर्वविरतिलाभप्ररूपणा, (४) अनन्तानुबन्धिविसंयोजना, (५) दर्शनमोहनीयक्षपणा, (६) दर्शनमोहनीय उपशामना, (७) चारित्रमोहनीय उपशामना और (८) देशोपशामना।[3]

इनमें प्रथमतः ग्रन्थकार ने सम्यक्त्वोत्पाद प्ररूपणा के प्रसंग में उपशामना के करणकृता और अकरणकृता इन दो भेदों का निर्देश करते हुए 'अनुदीर्णा' अपर नामवाली दूसरी अकरण-

---

१. ष०ख० सूत्र १, ९-८, ३-९ (पु० ६)।

२. ष०ख० सूत्र १,९-१,१० (इसकी धवला टीका भी द्रष्टव्य है)

३. क० प्र० मलय० वृत्ति, पृ० २५४/२

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कृता उपशामना के अनुयोगधरों को—तद्विषयक व्याख्याकुशलों को—नमस्कार किया है।[1]

आगे वहाँ करणोपशामना के सर्वोपशामना और देशोपशामना इन दो भेदों का निर्देश करते हुए उनमें सर्वोपशामना के गुणोपशामना और प्रशस्तोपशामना तथा देशोपशामना के अगुणोपशामना और अप्रशस्तोपशामना इन दो भेदों का निर्देश किया गया है। साथ ही वहाँ यह भी स्पष्ट कर दिया गया है कि उनमें सर्वोपशामना मोह की ही होती है।[2]

इसी प्रसंग में आगे कर्मप्रकृति में यह स्पष्ट किया गया है कि इस सर्वोपशामना क्रिया के योग्य पंचेन्द्रिय, संज्ञी, लब्धित्रय—पंचेन्द्रियत्व, संज्ञित्व व पर्याप्तता रूप तीन लब्धियों अथवा उपशमलब्धि, उपदेशश्रवणलब्धि और करणत्रय की हेतु प्रकृष्ट योगलब्धि रूप तीन लब्धियों—से युक्त, करणकाल के पूर्व विशुद्धि को प्राप्त होनेवाला, ग्रन्थिक जीवों (अभव्यों) की विशुद्धि का अतिक्रमण कर वर्तमान; तथा मति व श्रुतरूप साकार उपयोगों में से किसी एक उपयोग में, तीन योगों में से किसी एक योग में व विशुद्ध लेश्या में वर्तमान जीव होता है।

इन विशेषताओं से युक्त होता हुआ जो सात कर्मों की स्थिति को अन्तः कोड़ाकोड़ी प्रमाण करके अशुभ कर्मों के चतुःस्थानरूप अनुभाग को द्विस्थानरूप और शुभ कर्मों के द्विस्थानरूप अनुभाग को चतुःस्थानरूप करता है, ध्रुव प्रकृतियों (४७) को बाँधता हुआ जो अपने भव के योग्य शुभ प्रकृतियों को बाँधता है, आयु कर्म को नहीं बाँधता है, योग के वश जो जघन्य,मध्यम अथवा उत्कृष्ट प्रदेशाग्र को बाँधता है; स्थिति काल के पूर्ण होने पर जो नवीन स्थिति को पूर्व की अपेक्षा पल्योपम के संख्यातवें भाग से हीन बाँधता है तथा अशुभ प्रकृतियों के अनुभाग को जो अनन्तगुणी हानि के साथ और शुभ प्रकृतियों के अनुभाग को अनन्त गुणी वृद्धि के साथ बाँधता है; इस विधि के साथ जो क्रम से अन्तर्मुहूर्त कालवाले यथाप्रवृत्त, अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरण इन तीन करणों को करता है वह क्रम से उपशान्ताद्धा को प्राप्त करता है।[3]

इसका पूर्वोक्त षट्खण्डागम[4] से मिलान करने पर दोनों में पर्याप्त समानता दिखती है। विशेष स्पष्टीकरण दोनों ग्रन्थों की अपनी-अपनी टीका में कर दिया गया है। जैसे—

(१) क० प्र० में दर्शनमोह के उपशामक जीव को अन्यतर साकार उपयोग में वर्तमान कहा गया है।

---

१. करणकया अकरणा वि य दुविहा उवसामणत्थ बिइयाए। अकरण-अणुइन्नाए अणुओगधरे पणिवयामि॥—उपशा० १

२. इसकी प्ररूपणा कषायप्राभृत (चूर्णि) में इस प्रकार की गई है—उवसामणा कदिविधा त्ति ? उवसामणा दुविहा करणोवसामणा अकरणोवसामणा च। जा सा अकरणोवसामणा तिस्से दुवे णामधेयाणि—अकरणोवसामणा त्ति वि अणुदिण्णोवसामणा त्ति वि। **एसा कम्मपवादे**। जा सा करणोवसामणा सा दुविहा—देसकरणोवसामणा त्ति वि सव्वकरणोवसामणा त्ति वि। देसकरणोवसामणाए दुवे णामाणि—देसकरणोवसामणा त्ति वि अप्पसत्थउवसामणा त्ति वि। **एसा कम्मपयडीसु**। जा सव्वकरणोवसामणा तिस्से वि दुवे णामाणि—सव्वकरणोवसामणा त्ति वि पसत्थकरणोवसामणा त्ति वि।

—क० पा० चुण्णिसुत्त २९९-३०६, पृ० ७०७-८

३. क०प्र० (उपशा० क०) गा० ३-८, पृ० २५५

४. ष० ख० सूत्र १, ९-८, ३-१० (पु० ६)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इसे स्पष्ट करते हुए धवला में कहा गया है कि वह मति व श्रुतरूप साकार उपयोग से युक्त होता है।[1]

(२) आगे क० प्र० में उसे विशुद्ध लेश्या में वर्तमान कहा गया है।

इसे स्पष्ट करते हुए धवला में कहा गया है कि वह छह लेश्याओं में से किसी एक लेश्या से युक्त होता हुआ अशुभ लेश्या की उत्तरोत्तर होने वाली हानि और शुभ लेश्या की उत्तरोत्तर होनेवाली वृद्धि से युक्त होता है।[2]

(३) क० प्र० में उसे अशुभ कर्मप्रकृतियों के चतुःस्थानक अनुभाग को द्विस्थानक और शुभ प्रकृतियों के द्विस्थानक अनुभाग को चतुःस्थानक करनेवाला कहा गया है।

इस विषय में धवला में उल्लेख है कि वह पाँच ज्ञानावरणीयादि अप्रशस्त प्रकृतियों के अनुभाग की द्विस्थानिक और सातावेदनीयादि प्रशस्त प्रकृतियों के चतुःस्थानिक अनुभाग से सहित होता है। यहाँ उन प्रकृतियों का नामनिर्देश भी कर दिया गया है।[3]

(४) क० प्र० में जो यह कहा गया है कि ध्रुव प्रकृतियों को बाँधता हुआ वह प्रथम सम्यक्त्व के अभिमुख हुआ जीव अपने-अपने भव के योग्य प्रकृतियों को बाँधता है उसे स्पष्ट करते हुए टीकाकार मलयगिरि सूरि ने प्रथम सम्यक्त्व को उत्पन्न करनेवाला तिर्यंच व मनुष्य प्रथम सम्यक्त्व को उत्पन्न करता हुआ देवगति के योग्य जिन शुभ प्रकृतियों को बाँधता है, उस सम्यक्त्व को उत्पन्न करने वाला देव व नारकी मनुष्य गति के योग्य जिन प्रकृतियों को बाँधता है, तथा उस सम्यक्त्व को उत्पन्न करनेवाला सातवीं पृथिवी का नारकी जिन कर्मप्रकृतियों को बाँधता है उन सबको पृथक्-पृथक् नाम निर्देशपूर्वक स्पष्ट कर दिया है।[4]

ष० ख० में मूल ग्रन्थकर्ता ने ही इस प्रसंग को स्पष्ट कर दिया है। यथा—

जीवस्थान की उन नौ चूलिकाओं में तीसरी 'प्रथम महादण्डक' चूलिका है। इसमें प्रथम सम्यक्त्व को उत्पन्न करने वाला संज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यंच अथवा मनुष्य जिन कर्मप्रकृतियों को बाँधता है उनको नामनिर्देशपूर्वक स्पष्ट किया गया है।[5]

चौथी 'द्वितीय महादण्डक' चूलिका में नामोल्लेखपूर्वक उन कर्मप्रकृतियों को स्पष्ट किया गया है जिन्हें सातवीं पृथिवी के नारकी को छोड़कर अन्य कोई नारकी या देव बाँधता है।[6]

पाँचवीं 'तृतीय महादण्डक' चूलिका में सातवीं पृथिवी का नारकी जिन कर्मप्रकृतियों को बाँधता है उन्हें नामनिर्देश के साथ स्पष्ट किया गया है।

(५) जैसा कि पूर्व में कहा जा चुका है, ष०ख० में आगे यह कहा गया है कि प्रथम सम्यक्त्व को उत्पन्न करनेवाला अनादि मिथ्यादृष्टि अन्तर्मुहूर्त हटता है—वह मिथ्यात्व का अन्तरकरण करता है।[7]

---

१. धवला पु० ६, पृ० २०७
२. ,, ,,
३. धवला पु० ६ पृ० २०८-९
४. क० प्र० मलय० वृत्ति, पृ० २५६-१
५. सूत्र १,९-३,१-२ (पु० ६, पृ० १३३-३४)
६. सूत्र १,९-४,१-२ (पु० ६, पृ० १४०-४१)
७. सूत्र १,९-५,१-२ (पु० ६, पृ० १४२-४३)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क० प्र० में भी कहा गया है कि प्रथम सम्यक्त्व को उत्पन्न करने वाला अनिवृत्तिकरण-काल में संख्यातवें भाग के शेष रह जाने पर अन्तरकरण करता है।[1]

इस अन्तरकरण का स्पष्टीकरण दोनों ग्रन्थों की टीका में प्रायः समान रूप में ही किया गया है।[2]

(६) ष० ख० में आगे यह भी कहा गया है कि इस प्रकार अन्तरकरण करके वह मिथ्यात्व के तीन भाग करता है—सम्यक्त्व, मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्व।[3]

क०प्र० में भी कहा गया है कि मिथ्यात्व के उदय के क्षीण हो जाने पर वह आत्महितकर उस औपशमिक सम्यक्त्व को प्राप्त करता है, जिसे पूर्व में कभी नहीं प्राप्त किया था। तब वह द्वितीय स्थिति को अनुभाग की अपेक्षा तीन प्रकार करता है—देशघाति सम्यक्त्व, सर्वघाति संमिश्र (सम्यग्मिथ्यात्व) और मिथ्यात्व।[4]

इसका स्पष्टीकरण दोनों ग्रन्थों की टीका में विशेषरूप से किया गया है। इतना विशेष रहा है कि धवला में जहाँ उस मिथ्यात्व के तीन भाग करने की सूचना सम्यक्त्व प्राप्त हो जाने के प्रथम समय में ही की गई है वहाँ क० प्र० की टीका में उसकी सूचना सम्यक्त्वप्राप्ति के पूर्व अनन्तर समयमें, अर्थात् प्रथमस्थिति के अन्तिम समय में की गई है।[5]

(७) क० प्र० में आगे कहा गया है कि सम्यक्त्व का यह प्रथम लाभ मिथ्यात्व के सर्वोपशम से होता है। इस सम्यक्त्व के प्राप्त हो जाने पर उसके काल में अधिक से अधिक छह आवलियों के शेष रह जाने पर कोई जीव सासादन गुणस्थान को प्राप्त होता है।[6]

ष० ख० मूल में यद्यपि इसकी सूचना नहीं की गई है, पर धवलाकार ने उस प्रसंग में 'एत्थ उवउज्जंतीओ गाहाओ' ऐसी सूचना करते हुए कुछ गाथाओं को उद्धृत कर प्रसंगप्राप्त विषय की प्ररूपणा की है।[7]

ये सब ही गाथाएँ कषायप्राभृत में उसी क्रम से उपलब्ध होती हैं।[8] उनमें एक गाथा का पूर्वार्ध कर्मप्रकृतिगत गाथा के समान है। यथा—

"सम्मत्तपढमलंभो सव्वोवसमेण तह य वियट्ठेण।"

—धवला पु० ६, पृ० २४१

"सम्मत्तपढमलंभो सव्वोवसमा तहा विमिट्ठो य।"

—क० प्र० (उप० क० २३ पू०)

कर्म प्रकृतिगत आगे की अन्य तीन (२४-२६) गाथाएँ भी उन गाथाओं के अन्तर्गत हैं।[9]

---

१. क० प्र० (उपशा क०) १६-१७, पृ० २५६/२
२. धवला पु० ६, पृ० २३०-३४ तथा क० प्र० मलय० वृत्ति १६-१७, पृ० २६०
३. सूत्र १,६-८,७
४. क० प्र० (उपशा० क०) १८-१६
५. धवला पु० ६, पृ० २३४-३५ तथा क० प्र० मलय० वृत्ति १६, पृ० २६१/२
६. क० प्र० (उप० क०) २३
७. धवला पु० ६, पृ० २३८-४३, गा० २-१६
८. कसायपाहुडसुत्त गा० ४२-५६ (गा० ४६-५० में क्रमव्यत्यय हुआ है। पृ० ६३१-३८
९. क० प्र० (उप० क०) २४-२६ (धवला पु० ६, २४२-४३ तथा कसायपाहुडसुत्त गा० ५४-५६, पृ० ६३७-३८

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

धवला में उद्धृत उन गाथाओं में एक अन्य गाथा इस प्रकार है—

उवसामगो य सव्वो णिव्वाघादो तहा णिरासाणो ।
उवसंते भजियव्वो णिरासाणो चेव खीणम्हि ॥ —पु० ६, पृ० २३६

इस गाथा के द्वारा क० प्र० (२३) के समान यही अभिप्राय प्रकट किया गया है कि मिथ्यात्व का उपशम हो जाने पर प्रथमोपशम सम्यक्त्ववाला जीव कदाचित् सासादन गुणस्थान को प्राप्त हो सकता है। किन्तु उक्त मिथ्यात्व का क्षय हो जाने पर जीव उस सासादन गुणस्थान को नहीं प्राप्त होता है।

आचार्ययतिवृषभ विरचित कषायप्राभृत-चूर्णि में उसका स्पष्टीकरण इस प्रकार किया गया है— इस उपशमकाल के भीतर जीव असंयम को भी प्राप्त हो सकता है, संयमासंयम को भी प्राप्त हो सकता है, और दोनों को भी प्राप्त हो सकता है। उपशमसम्यक्त्व के काल में छह आवलियों के शेष रहने पर वह कदाचित् सासादन गुणस्थान को भी प्राप्त हो सकता है। किन्तु यदि उस सासादन गुणस्थान को प्राप्त होकर वह मरता है तो नरकगति, तिर्यंचगति अथवा मनुष्यगति को प्राप्त नहीं होता। उस अवस्था में वह नियम से देवगति को ही प्राप्त होता है।[1]

क० प्र० की पूर्व निर्दिष्ट गाथा (२३) की व्याख्या में मलयगिरि सूरि ने **शतक-बृहच्चूर्णि** से इस प्रसंग को उद्धृत करते हुए यह अभिप्राय प्रकट किया है कि अन्तरकरण में स्थित कोई उपशमसम्यग्दृष्टि देशविरति को भी प्राप्त होता है और कोई सर्वविरति को भी प्राप्त होता है। पर मूल गाथा में इतनी मात्र सूचना की गई है कि उपशमसम्यक्त्वकाल में छह आवलियों के शेष रह जाने पर कोई जीव सासादन गुणस्थान को प्राप्त हो सकता है।[2]

ष०ख० की धवला टीका में सासादन सम्यग्दृष्टियों के पल्योपम के असंख्यातवें भाग मात्र जघन्य अन्तर को घटित करते हुए कहा गया है कि कोई जीव प्रथम सम्यक्त्व को ग्रहण करके उसके साथ अन्तर्मुहूर्त रहा व सासादन गुणस्थान को प्राप्त होता हुआ मिथ्यात्व को प्राप्त हुआ। इस प्रकार अन्तर करके सबसे जघन्य पल्योपम के असंख्यातवें भागमात्र उद्वेलन काल से सम्यक्त्व व सम्यग्मिथ्यात्व के स्थिति सत्कर्म को प्रथम सम्यक्त्व के योग्य सागरोपम पृथक्त्व मात्र स्थापित करके तीनों करणों को करता हुआ फिर से प्रथम सम्यक्त्व को प्राप्त हुआ। तत्पश्चात् उपशमसम्यक्त्व के काल में छह आवलियों के शेष रह जाने पर सासादन को प्राप्त हो गया। इस प्रकार उसके सासादन का जघन्य अन्तर पल्योपम का असंख्यातवाँ भाग प्राप्त होता है।

इस पर यह शंका की गई है कि उपशम श्रेणि से उतरकर व सासादन को प्राप्त होकर अन्तर्मुहूर्त में फिर से उपशमश्रेणि पर आरूढ़ हुआ। पश्चात् उससे उतरता हुआ फिर से सासादन को प्राप्त हो गया, इस प्रकार सासादन का जघन्य अन्तर अन्तमुहूर्त प्राप्त होता है। उसकी यहाँ प्ररूपणा क्यों नहीं की। कषायप्राभृत में कहा भी गया है कि उपशमश्रेणि से उतरता हुआ उपशमसम्यग्दृष्टि सासादन को भी प्राप्त हो सकता है। इसके समाधान में वहाँ यह कहा

---

१. क० सुत्त चूर्णि ५४२-४६, पृ० ७२६-२७ (पाठ कुछ अशुद्ध हुआ दिखता है, संयमासंयम के स्थान में 'संयम' पाठ सम्भव है)।

२. क० प्र० (उप० क०) मलय० वृत्ति, गा० २३, पृ० २६२१२ (सम्भव है यह उपर्युक्त क०प्रा० चूर्णि के ही आधार से स्पष्टीकरण किया गया है।)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गया है कि उपशमश्रेणि से उतरनेवाला एक ही उपशमसम्यग्दृष्टि दो बार सासादनगुणस्थान को प्राप्त नहीं होता।[1]

इस विषय में दो भिन्न मत रहे हैं। जैसा कि पूर्व में स्पष्ट किया जा चुका है, "कषाय-प्राभृत-चूर्णि के कर्ता यतिवृषभाचार्य उपशमसम्यक्त्व के काल में छह आवलियों के शेष रहने पर जीव कदाचित् सासादन को प्राप्त हो सकता है, ऐसा मानते हैं। पर षट्खण्डागम के कर्ता स्वयं भूतबलि भट्टारक के उपदेशानुसार उपशमश्रेणि से उतरता हुआ जीव सासादन गुणस्थान को नहीं प्राप्त होता है।[3]

८. ष०ख० में जीवस्थान की उसी सम्यक्त्वोत्पत्ति चूलिका में आगे दर्शनमोह की क्षपणा के प्रसंग में कहा गया है कि उसकी क्षपणा में उद्यत जीव अढ़ाई द्वीप-समुद्रों में अवस्थित पन्द्रह कर्मभूमियों में, जहाँ जिन केवली तीर्थंकर हों, उसकी क्षपणा को प्रारम्भ करता है। पर निष्ठापक उसका चारों ही गतियों में हो सकता है।[4]

क०प्र० में भी यही कहा गया है कि दर्शनमोह की क्षपणा का प्रस्थापक आठ वर्ष से अधिक आयुवाला जिनकालवर्ती—केवली जिन के समय में रहने वाला—मनुष्य होता है। अन्तिम काण्डक के उत्कीर्ण होने पर क्षपक कृतकरणकालवर्ती होता है—उस समय उसे कृतकरण कहा जाता है।[5]

इसे स्पष्ट करते हुए मलयगिरि सूरि ने कहा है कि ऋषभ जिन के विचरणकाल से लेकर जम्बूस्वामी के केवलज्ञान उत्पन्न होने के अन्त तक जिनकाल माना गया है। इस जिनकाल में रहने वाला आठ वर्ष से अधिक आयु से युक्त मनुष्य दर्शनमोह की क्षपणा को प्रारम्भ करता है। कृतकरणकाल में यदि कोई मरण को प्राप्त होता है तो वह चारों गतियों में से कहीं भी उसे समाप्त करता है। इस प्रसंग में उन्होंने 'उक्तं च' कहकर इस आगमवाक्य को उद्धृत किया है—"पट्ठवगो य मणुस्सो णिट्ठवगो चउसु वि गईसु।"[6]

लगभग इससे मिलती हुई गाथा कषायप्राभृत में इस प्रकार उपलब्ध होती है—

दंसणमोहक्खवणापट्ठवगो कम्मभूमिजादो दु।
णियमा मणुसगदीए णिट्ठवगो चावि सव्वत्थ॥[7]

९. ष० ख० में वेदना खण्ड के अन्तर्गत दूसरे 'वेदना' अनुयोगद्वार के १६ अवान्तर अनुयोगद्वारों में से चौथे वेदनाद्रव्यविधान अनुयोगद्वार के द्रव्य की अपेक्षा ज्ञानावरणीय की उत्कृष्ट वेदना किसके होती है, इसे स्पष्ट किया गया है। वह चूंकि गुणितकर्मांशिक के होती है, इसलिए उस गुणितकर्मांशिक के विशेष लक्षणों को वहाँ प्रकट किया गया है।[8]

---

१. धवला पु० ७, २३३-३४
२. क० प्रा० चूर्णिसूत्र वे ही हैं जिनका उल्लेख अभी पीछे किया जा चुका है।
३. धवला पु० ६, पृ० ३३१ (पृ० ४४४ भी द्रष्टव्य है)
४. ष०ख० सूत्र १, ९-८, ११ व १२ (पु० ६, पृ० २४३ व २४६)
५. क० प्र० (उप० क०) गा० ३२, पृ० २६७/१
६. क० प्र० (उप० क०) मलय० वृत्ति, पृ० २६८/२
७. क० पा०, सुत्त० पृ० ६३९, गा० ११० (५७)
८. ष०ख० सूत्र ४, २,४,६-३२ (पु० १०, पृ० ३१-१०९)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क० प्र० में संक्रम करण के अन्तर्गत प्रदेश संक्रम के सामान्य लक्षण, भेद, सादि-अनादि प्ररूपणा, उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमस्वामी और जघन्य प्रदेशसंक्रमस्वामी इन पाँच अर्थाधिकारों में से चौथे 'उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमस्वामी' अर्थाधिकार में उस गुणितकर्मांशिक के लक्षणों को प्रकट किया गया है, जिस गुणितकर्मांशिक के वह उत्कृष्ट प्रदेश संक्रम होता है।

उसके वे लक्षण इन दोनों ग्रन्थों में समान रूप में उपलब्ध होते हैं। विशेषता यह है कि ष०ख० में जहाँ उन लक्षणों को विशदतापूर्वक विस्तार से प्रकट किया गया है वहाँ क० प्र० में उनकी प्ररूपणा अतिशय संक्षेप में की गई है। यथा—

ष० ख० में उसके लक्षणों को प्रकट करते हुए कहा गया है कि जो जीव साधिक दो हजार सागरोपमों से कम कर्मस्थितिकाल तक बादर पृथिवीकायिकों में रहा है, वहाँ परिभ्रमण करते हुए जिसके पर्याप्त भव बहुत और अपर्याप्त भव थोड़े रहे हैं, पर्याप्तकाल बहुत व अपर्याप्त काल थोड़े रहे हैं, जब-जब वह आयु को बाँधता है तब-तब तत्प्रायोग्य जघन्य योग के द्वारा बाँधता है, उपरिम स्थितियों के निषेक का उत्कृष्ट पद और अधस्तन स्थितियों के निषेक का जघन्य पद होता है, बहुत-बहुत बार उत्कृष्ट योगस्थानों को प्राप्त होता है, बहुत-बहुत बार अधिक संक्लेश परिणामों से युक्त होता है, इस प्रकार परिभ्रमण करके जो बादर त्रस पर्याप्त जीवों में उत्पन्न हुआ है।[1]

इस प्रकार उसके इन थोड़े से लक्षणों को ष० ख० में जहाँ पृथक्-पृथक् आठ सूत्रों में निर्दिष्ट किया गया है वहाँ कर्मप्रकृति में उसके इन्हीं लक्षणों को संक्षेप में इन दो गाथाओं में प्रकट कर दिया गया है—

जो बायरतसकालेणूणं कम्मट्ठिदिं तु पुढवीए।
बायर (रि) पज्जत्तापज्जत्तगदीहेयरद्धासु॥
जोग-कसाउक्कोसो बहुसो निच्चमवि आउबंधं च।
जोगजहण्णेणुवरिल्लठिइनिसेगं बहुं किच्चा॥[2]

दोनों ग्रन्थों में यहाँ केवल अर्थ से ही समानता नहीं है, शब्दों में भी बहुत कुछ समानता है।

ष० ख० में आगे उसके कुछ अन्य लक्षणों को दिखलाते हुए पूर्वोक्त बादर त्रस जीवों में उत्पन्न होने पर वहाँ परिभ्रमण करते हुए भी 'पर्याप्त भव बहुत और अपर्याप्त भव थोड़े,' इत्यादि का निरूपण जिस प्रकार पूर्व में, बादर पृथिवीकायिकों के प्रसंग में, किया गया था उसी प्रकार इन बादर त्रस जीवों में परिभ्रमण के प्रसंग में भी उनका निरूपण उन्हीं सूत्रों में पुनः किया गया है।[3]

कर्मप्रकृति के कर्ता को भी प्रसंग प्राप्त उन 'पर्याप्तभव अधिक' इत्यादि का निरूपण करना 'बादरत्रसों' के प्रसंग में भी अभीष्ट रहा है, किन्तु उन्होंने अगली गाथा में संक्षेप से यह सूचना कर दी है कि बादर त्रसों में उत्पन्न होकर उसके—बादर त्रसकायस्थिति के—काल तक इसी प्रकार से—'पर्याप्तभव बहुत' इत्यादि प्रकार पूर्वोक्त पद्धति से—भ्रमण करता

---

१. ष० ख० सूत्र ४,२,४, ७-१४ (पु० १०)
२. क० प्र० (संक्रम क०) ७४-७५
३. ष० ख० सूत्र ४,२,४,८-१४ और सूत्र १५-२१ (पु० १०)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हुआ जो सातवीं पृथिवी के नारकियों में उत्पन्न हुआ है।[1]

इसी प्रकार आगे भी उक्त गुणितकर्मांशिक के शेष लक्षणों को दोनों ग्रन्थों में समान रूप से निर्दिष्ट किया गया है।[2]

१०. ष० ख० में आगे द्रव्य की अपेक्षा ज्ञानावरणीय की जघन्य वेदना किसके होती है, इसका विचार करते हुए, वह चूंकि क्षपित कर्मांशिक के होती है इसलिए, उसके लक्षणों को भी वहाँ प्रकट किया गया है।[3]

कर्मप्रकृति में भी जघन्य प्रदेशसंक्रम के स्वामी के प्रसंग में उस क्षपितकर्मांशिक के लक्षणों को स्पष्ट किया गया है।[4]

ये क्षपितकर्मांशिक के लक्षण भी दोनों ग्रन्थों में समान रूप में ही उपलब्ध होते हैं।

विशेषता यह रही है कि क० प्र० में संक्षेप से यह निर्देश कर दिया गया है कि पल्योपम के असंख्यातवें भाग से हीन कर्मस्थितिकाल तक सूक्ष्म निगोद जीवों में परिभ्रमण कर जो भव्य के योग्य जघन्य प्रदेशसंचय को करता हुआ उन सूक्ष्म निगोदजीवों में से निकल कर सम्यक्त्व व देशविरति आदि के योग्य त्रसों में उत्पन्न हुआ है, इत्यादि।

मूलगाथाओं में उस क्षपितकर्मांशिक के जिन लक्षणों का निर्देश नहीं किया है उनका उल्लेख उनकी टीका में मलयगिरि सूरि के द्वारा प्रायः उन्हीं शब्दों में कर दिया गया है जिनका उपयोग ष० ख० में किया गया है। उदाहरण के रूप में उनमें से कुछ का मिलान इस प्रकार किया जा सकता है—

"एवं संसरिदूण बादरपुढविजीवपज्जत्तएसु उववण्णो। अंतोमुहुत्तेण सव्वलहुं सव्वाहि पज्जत्तीहि पज्जत्तयदो। अंतोमुहुत्तेण कालगदसमाणो पुव्वकोडाउएसु मणुसेसुववण्णो। सव्वलहुं जोणिणिक्खमणजम्मणेण जादो अट्ठवस्सीओ। संजमं पडिवण्णो। तत्थ य भवट्ठिदिं पुव्वकोडिं देसूणं संजममणुपालइत्ता थोवावसेसे जीविदव्वए त्ति मिच्छत्तं गदो।"—ष०ख० ४,२,४,५६-६१

"सूक्ष्मनिगोदेभ्यो निर्गत्य बादरपृथ्वीकायेषु मध्ये समुत्पन्नस्ततोऽन्तर्मुहूर्तेन कालेन विनिर्गत्य मनुष्येषु पूर्वकोट्यायुष्केषु मध्ये समुत्पन्नः। तत्रापि शीघ्रमेव माससप्तकान्तरं योनिविनिर्गमनेन जातः। ततोऽष्टवार्षिकः सन् संयमं प्रतिपन्नः। ततो देशोनां पूर्वकोटीं यावत् संयममनुपाल्य स्तोकावशेषे जीविते सति मिथ्यात्वं प्रतिपन्नः।" —क०प्र० मलय० वृत्ति, पृ० १६४/२

११. ष० ख० में पूर्वोक्त वेदना अनुयागद्वार के १६ अवान्तर अनुयोगद्वारों में से सातवें वेदनाभावविधान अनुयोगद्वार की तीन चूलिकाओं में से प्रथम चूलिका के प्रारम्भ में दो गाथा सूत्रों द्वारा निर्जीर्यमाण कर्मप्रदेश और उस निर्जरा सम्बन्धी काल के क्रम को दिखलाते हुए सम्यक्त्वोत्पत्ति आदि ग्यारह गुणश्रेणियों की प्ररूपणा की गई है। वे गाथासूत्र ये हैं—

सम्मत्तुप्पत्ती वि य सावय-विरदे अणंतकम्मंसे।
दंसणमोहक्खवए कसायउवसामए य उवसंते॥

---

१. बायरतसेसु तक्कालमेवमंते य सत्तमखिईए। —क० प्र० (सं० क०) गा० ७६ (पूर्वार्ध)

२. ष० ख० सूत्र ४, २,४,२२-३२ (पु० १०) व क० प्र० (सं० क०) गा० ७६-७८
(इतना विशेष है कि ष०ख० में 'गुणित कर्मांशिक' का उल्लेख नहीं किया गया है, जबकि क० प्र० में उसका उल्लेख किया गया है)

३. ष० ख० सूत्र ४,२,४,४८-७५ (पु० १०)

४. क० प्र० (सं० क०) गा० ६४-६६

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

खवए य खीणमोहे जिणे य णियमा भवे असंखेज्जा।
तव्विवरीदो कालो संखेज्जगुणा य सेडीओ[1] ॥—पु० १२, पृ० ७८

ये दोनों गाथाएँ साधारण पाठभेद के साथ क० प्र० में इस रूप में उपलब्ध होती हैं—

सम्मत्तुप्पासावय-विरए संजोयणाविणासे य।
दंसणमोहक्खवगे कसाय उवसामगुवसंते ॥
खवगे य खीणमोहे जिणे य दुविहे असंखगुणसेढी।
उदओ तव्विवरीओ कालो संखेज्जगुणसेढी ॥

—क० प्र० उदय गा० ८-९, पृ० २९१

ष० ख० में जहाँ 'अणंतकम्मंसे' पाठ है वहाँ क०प्र० में उसके स्थान में 'संजोयणाविणासे' पाठ है। उसका अर्थ मलयगिरि सूरि ने अनन्तानुबन्धियों का विसंयोजन ही किया है।[2] श्वे० ग्रन्थों में प्रायः अनन्तानुबन्धी के लिए 'संयोजना' शब्द व्यवहृत हुआ है।

इसी प्रकार आगे गा० ९ में 'जिणे य दुविहे'[3] ऐसा निर्देश करके उससे सयोगी और अयोगी दोनों केवलियों की विवक्षा की गई है।[4]

ष० ख० में वहाँ यद्यपि 'जिणे' के विशेषण स्वरूप 'दुविहे' पद का उपयोग न करके उसके स्थान में 'णियमा' पद का उपयोग किया गया है, फिर भी ग्रन्थकार को 'जिणे' पद से दो प्रकार के केवली जिन विवक्षित रहे हैं। उन्होंने स्वयं ही आगे इन गाथासूत्रों के अभिप्राय को जिन २२ सूत्रों द्वारा स्पष्ट किया है उनमें केवली के इन दो भेदों को स्पष्ट कर दिया है—अधः प्रवृत्तकेवली संयत और योगनिरोधकेवली संयत।

१२. ष० ख० के पाँचवें 'वर्गणा' खण्ड में जो 'बन्धन' अनुयोगद्वार है उसमें बन्ध, बन्धक, बन्धनीय और बन्धविधान इन चार की प्ररूपणा की गई है। उनमें बन्धनीय—बँधने योग्य, वर्गणाओं—की प्ररूपणा बहुत विस्तार से की गई है इसीलिए इस खण्ड के अन्तर्गत स्पर्श कर्म और प्रकृति इन अन्य अनुयोगद्वारों के होने पर भी उसका नाम 'वर्गणा' प्रसिद्ध हुआ है।

क० प्र० में भी प्रथम बन्धनकरण के प्रसंग में उन वर्गणाओं की प्ररूपणा की गई है।

वर्गणाओं की वह प्ररूपणा इन दोनों ग्रन्थों में लगभग समान ही है। थोड़ा-सा जो उनमें शब्दभेद दिखता है वह नगण्य है। दोनों ग्रन्थों में उनके नामों का निर्देश इस प्रकार किया गया है—

ष० ख०	क० प्र०
१. एक प्रदेशिक परमाणु पु० द्रव्यवर्गणा	परमाणु-संख्येय-असंख्येय-
२. संख्यातप्रदेशिक ,,	अनन्तप्रदेश-वर्गणा
३. असंख्यातप्रदेशिक ,,	(अग्राह्य)
४. अनन्त प्रदेशिक ,,	१. अग्रहणवर्गणा
५. आहारद्रव्यवर्गणा	२. आहारवर्गणा

---

१. ये दोनों गाथाएँ आचार-निर्युक्ति (२२२-२३) में भी उपलब्ध होती हैं।
२. चतुर्थी संयोजनानामनन्तानुबन्धिनां विसंयोजने।—क० प्र० मलय० वृत्ति गा० ८ (उदय)
३. आचा० नि० में 'जिणे य सेढी भवे असंखिज्जा' पाठ है।
४. दशमी सयोगिकेवलिनि। अयोगिकेवलिनि त्वेकादशीति।—मलय० वृत्ति गा० ९

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ष० ख०	क० प्र०
६. अग्रहणद्रव्यवर्गणा	३. अग्रहणवर्गणा
७. तैजसद्रव्यवर्गणा	४. तैजसवर्गणा
८. अग्रहणद्रव्यवर्गणा	५. अग्रहणवर्गणा
९. भाषाद्रव्यवर्गणा	६. भाषावर्गणा
१०. अग्रहणद्रव्यवर्गणा	७. अग्रहणवर्गणा
११. मनोद्रव्यवर्गणा	८. मनोद्रव्यवर्गणा
१२. अग्रहणद्रव्यवर्गणा	९. अग्रहणवर्गणा
१३. कार्मणद्रव्यवर्गणा	१०. कार्मणवर्गणा
१४. ध्रुवस्कन्धद्रव्यवर्गणा	११. ध्रुवअचित्तवर्गणा
१५. सान्तर-निरन्तरद्रव्यवर्गणा	१२. अध्रुवअचित्तवर्गणा
१६. ध्रुवशून्यद्रव्यवर्गणा	१३. ध्रुवशून्यवर्गणा
१७. प्रत्येकशरीरद्रव्यवर्गणा	१४. प्रत्येकशरीरवर्गणा
१८. ध्रुवशून्यद्रव्यवर्गणा	१५. ध्रुवशून्यवर्गणा
१९. बादरनिगोदद्रव्यवर्गणा	१६. बादरनिगोदवर्गणा
२०. ध्रुवशून्यद्रव्यवर्गणा	१७. ध्रुवशून्यवर्गणा
२१. सूक्ष्मनिगोदद्रव्यवर्गणा	१८. सूक्ष्मनिगोदवर्गणा
२२. ध्रुवशून्यद्रव्यवर्गणा	१९. ध्रुवशून्यवर्गणा
२३. महास्कन्धद्रव्यवर्गणा	२०. महास्कन्धवर्गणा

विशेषता

(१) ष० ख० में एकप्रदेशिकपरमाणुपुद्गलद्रव्य वर्गणा, द्विप्रदेशिकपरमाणुपुद्गलद्रव्य-वर्गणा, इसी प्रकार त्रिप्रदेशिक-चतुःप्रदेशिक-पंचप्रदेशिक आदि संख्येयप्रदेशिक, असंख्येय-प्रदेशिक, परीतप्रदेशिक, अपरीतप्रदेशिक, अनन्तप्रदेशिक, अनन्तानन्तप्रदेशिक परमाणुपुद्गल द्रव्यवर्गणा; ऐसा उल्लेख किया गया है।[1]

धवलाकार वीरसेन स्वामी ने उनकी गणना इस प्रकार की है—(१) एकप्रदेशिक परमाणु पुद्गलद्रव्यवर्गणा, (२) संख्येयप्रदेशिक परमाणुपुद्गलद्रव्य वर्गणा, (३) असंख्येयप्रदेशिक परमाणुपुद्गलद्रव्यवर्गणा, और (४) अनन्तप्रदेशिक परमाणुपुद्गलद्रव्यवर्गणा। परीत-अपरीत-प्रदेशिक परमाणुपुद्गल-द्रव्यवर्गणाओं का अन्तर्भाव उन्होंने अनन्तप्रदेशिक परमाणुपुद्गलद्रव्य-वर्गणाओं में किया है।[2]

कर्मप्रकृति में इस प्रसंग से सम्बद्ध गाथा इस प्रकार है—

परमाणु-संखऽसंखाणंतपएसा अभव्वणंतगुणा।
सिद्धाणंतभागो आहारगवग्गणा तितणू॥ —बन्धनक०, गा० १८

इस गाथा के प्रारम्भ में ष० ख० के समान ही परमाणु, संख्येय, असंख्येय और अनन्त

---

१. ख० सूत्र ५, ६, ७६-७८ (पु० १४)
२. धवला पु० १४, पृ० ५७-५९

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रदेशों का उल्लेख किया है। टीकाकार मलयगिरि सूरि ने इनका उल्लेख क्रम से परमाणुवर्गणा, एक-द्वि-त्रिप्रदेश आदि संख्येय वर्गणा, असंख्येयवर्गणा और अनन्तवर्गणाओं के रूप में ही किया है तथा उन्हें उन्होंने अग्रहणप्रायोग्य कहा है। अनन्तानन्त परमाणुओं के समुदायरूप वर्गणाओं में किन्हीं को ग्रहणप्रायोग्य और किन्हीं को अग्रहणप्रायोग्य कहा है।

गाथा में आगे अभव्यों से अनन्तगुणे और सिद्धों के अनन्तवें भाग प्रमाण परमाणुओं के समुदाय रूप आहार वर्गणा का निर्देश करते हुए उसे औदारिक, वैक्रियिक और आहारक इन तीन शरीरविषयक निर्दिष्ट किया गया है।[1]

उपर्युक्त गुणकार के प्रसंग में धवला में कहा गया है कि संख्येय प्रदेशिक वर्गणाओं से असंख्येयप्रदेशिक वर्गणाएँ असंख्यातगुणी हैं। गुणकार का प्रमाण असंख्यात लोक है। अनन्त-प्रदेशिक वर्गणाविकल्पों का गुणकार अभव्यों से अनन्तगुणा और सिद्धों के अनन्तवें भाग प्रमाण है।[2]

क० प्र० की उपर्युक्त गाथा (१८) में आहारवर्गणा को औदारिक आदि तीन शरीरों की कारणभूत कहा गया है।

धवला में आहार द्रव्यवर्गणा के लक्षण का निर्देश करते हुए कहा गया है कि औदारिक, वैक्रियिक और आहारक शरीर के योग्य पुद्गलस्कन्धों का नाम आहार वर्गणा है।[3]

इस प्रकार दोनों ग्रन्थों में प्ररूपित इस विषय में पूर्णतया समानता है।

(२) ष० ख० में कार्मण द्रव्यवर्गणा के पश्चात् ध्रुवस्कन्धवर्गणा का निर्देश किया गया है। इसके स्पष्टीकरण में धवलाकार ने कहा है कि 'ध्रुवस्कन्ध' का निर्देश अन्तदीपक है, इसलिए इससे पूर्व की सब वर्गणाओं को ध्रुव ही—अन्तर से रहित—ग्रहण करना चाहिए।[4]

क०प्र० में इस ध्रुवस्कन्धवर्गणा के स्थान में 'ध्रुव अचित्त' वर्गणा का निर्देश किया गया है। उसके लक्षण का निर्देश करते हुए टीकाकार मलयगिरि सूरि कहते हैं कि जो वर्गणाएँ लोक में सदा प्राप्त होती हैं उनका नाम ध्रुवअचित्तवर्गणा है। इसे आगे और स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा है कि इन वर्गणाओं के मध्य में अन्य उत्पन्न होती हैं और अन्य विनष्ट होती हैं, इनसे लोकविरहित नहीं होता। अचित्त उन्हें इसलिए समझना चाहिए कि जीव उन्हें कभी ग्रहण नहीं करता है।[5]

इस प्रकार दोनों ग्रन्थों में यथाक्रम से निर्दिष्ट ध्रुवस्कन्धवर्गणा और ध्रुवअचित्तवर्गणा इन दोनों में केवल शब्दभेद ही है, अभिप्राय में कुछ भी भेद नहीं है।

(३) ष० ख० में उसके आगे सान्तर-निरन्तर द्रव्यवर्गणा का निर्देश किया गया है। उसके स्पष्टीकरण में धवलाकार ने कहा है कि यह अन्तर के साथ निरन्तर चलती है, इसलिए इसकी **'सान्तर-निरन्तर द्रव्यवर्गणा'** संज्ञा है।[6]

---

१. क० प्र० (ब० क०) मलय० वृत्ति १८-२०, पृ० ३२/२
२. धवला पु० १४, पृ० ५८-५९
३. पु० १४, पृ० ५९
४. वही पृ० ६४
५. क० प्र० (ब० क०) मलय० वृत्ति, पृ० ३५/२
६. धवला पु० १४, पृ० ६४

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क० प्र० में ध्रुवाचित्तवर्गणा के आगे अध्रुवाचित्तवर्गणा का निर्देश किया गया है। इसके लक्षण को स्पष्ट करते हुए मलयगिरि सूरि कहते हैं कि जिन वर्गणाओं के मध्य में कुछ वर्गणाएँ लोक में कदाचित् होती हैं और कदाचित् नहीं होती हैं उनका नाम अध्रुवाचित्त-वर्गणा है। इसीलिए उन्हें **सान्तर-निरन्तर** कहा जाता है।[1]

इस प्रकार सान्तर-निरन्तरवर्गणा और अध्रुवाचित्तवर्गणा इनमें कुछ शब्द भेद ही है अभिप्राय दोनों का समान है। मलयगिरि सूरि ने उनका दूसरा नाम सान्तर-निरन्तर भी प्रकट कर दिया है।

(४) दोनों ही ग्रन्थों में इन वर्गणाओं की संख्या का कोई उल्लेख नहीं किया गया है। फिर भी ष० ख० की टीका धवला में उनका विवेचन करते हुए जहाँ २३ क्रमांक दिए गये हैं वहाँ क० प्र० की मलयगिरि विरचित टीका में उनकी प्ररूपणा करते हुए २६ क्रमांक दिय गए हैं। इसका कारण यह है कि धवला में प्रारम्भ में एकप्रदेशिक, संख्येयप्रदेशिक, असंख्येयप्रदेशिक और अनन्तप्रदेशिक इन चार वर्गणाओं को गणनाक्रम में ले लिया गया है। पर जैसा कि पूर्व में स्पष्ट किया जा चुका है, कर्मप्रकृति मूल में और उसकी मलयगिरि विरचित टीका में उन चारों का उल्लेख करते हुए भी उन्हें पृथक्-पृथक् गणनाक्रम में न लेकर एक अग्रहणवर्गणा के अन्तर्गत कर लिया गया है। कारण यह कि वे चारों ग्रहण योग्य नहीं हैं। धवलाकार को भी वह अभीष्ट है। इस प्रकार क०प्र० टीका में ३ अंक कम हो जाने से २० (२३—३) रह जाते हैं। इसके अतिरिक्त धवला में औदारिक, अग्रहण, वैक्रियिक, अग्रहण, आहारक और अग्रहण इन छह को आहार और अग्रहण इन दो वर्गणाओं के अन्तर्गत लिया गया है। इस प्रकार क० प्र० में धवला की अपेक्षा चार (६—२ = ४) अधिक रहते हैं। साथ ही क० प्र० में प्राणापान और अग्रहण इन दो अन्य वर्गणाओं को भी ग्रहण किया गया है, जिन्हें धवला में नहीं ग्रहण किया गया। इस प्रकार छह के अधिक होने से क० प्र० में उनकी संख्या छब्बीस (२० + ४ + २) निर्दिष्ट की गई है।

इस प्रकार दोनों ग्रन्थों में टीका की अपेक्षा वर्गणाओं के क्रमांकों में कुछ भिन्नता के होने पर भी मूलग्रन्थों की अपेक्षा उनके उल्लेख में समानता ही रहती है।

यहाँ इन दोनों ग्रन्थों में विषय की अपेक्षा उदाहरणपूर्वक कुछ समानता प्रकट की गई है। अन्य भी कुछ ऐसे विषय हैं, जिनमें परस्पर दोनों ग्रन्थों में समानता देखी जाती है। जैसे—

ष० ख० में वेदनाद्रव्यविधान-चूलिका में प्रसंग पाकर उनतीस (१४५-७३) सूत्रों में योगविषयक अल्पबहुत्व व उसके गुणकार की प्ररूपणा की गई है।[2]

क० प्र० में भी उसकी प्ररूपणा ठीक उसी क्रम से की गई है।

विशेषता यह है कि ष०ख० में जहाँ उसकी प्ररूपणा विशदतापूर्वक २९ सूत्रों में की गई है वहाँ कर्मप्रकृति में उसकी प्ररूपणा संक्षेप से इन तीन गाथाओं में कर दी गई है—

सव्वत्थोवो जोगो साहारणसुहुमपढमसमयम्मि।
बायरबिय-तिय-चउरमण-सन्नपज्जत्तगजहन्नो॥

---

१. क० प्र०, पृ० ३६/१ (गा० १९)
२. ष० ख० सूत्र ४,२,४,१४४-७३ (पु० १०, पृ० ३९५-४०३

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आइदुगुक्कोसो पज्जत्तजहन्नगेयरे य कमा ।
उक्कोस-जहन्नियरो असमत्तियरे असंखगुणो ॥
अमणाणुत्तर-गेविज्ज-भोगभूमिगय तइयतणुगेसु ।
कमसो असंखगुणिओ सेसेसु य जोगु उक्कोसा ॥

—क० प्र० बन्धनकरण १४-१६

दूसरी विशेषता यह भी रही है कि ष० ख० में सबके अन्त में संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्तक सामान्य से ही उल्लेख किया गया है किन्तु क० प्र० में 'संज्ञी' के अन्तर्गत इन भेदों में भी पृथक्-पृथक् उस अल्पबहुत्व को प्रकट किया गया है—अनुत्तरोपपातो देव, ग्रैवेयक देव, भोग-भूमिज तिर्यग्मनुष्य, आहारकशरीरी और शेष देव-नारक-तिर्यग्-मनुष्य (देखिए ऊपर गाथा १६) ।

ष० ख० में यहीं पर आगे योगस्थान प्ररूपणा में इन दस अनुयोगद्वारों का निर्देश करते हुए उनके आश्रय से प्रसंगप्राप्त योगस्थानों की प्ररूपणा की गई है—अविभागप्रतिच्छेदप्ररूपणा, वर्गणाप्ररूपणा, स्पर्धकप्ररूपणा, अन्तरप्ररूपणा, स्थानप्ररूपणा, अनन्तरोपनिधा, परम्परोपनिधा, समयप्ररूपणा, वृद्धिप्ररूपणा और अल्पबहुत्व ।[1]

क० प्र० में भी इन्हीं दस अनुयोगद्वारों के आश्रय से क्रमशः उनकी प्ररूपणा की गई है ।[2] दोनों ग्रन्थगत प्रारम्भ का प्रसंग इस प्रकार है—

"जोगट्ठाणपरूवणदाए तत्थ इमाणि दस अणियोगद्दाराणि णादव्वाणि भवंति । अविभाग-पडिच्छेदपरूवणा वग्गणपरूवणा फद्दयपरूवणा अंतरपरूवणा ठाणपरूवणा अणंतरोवणिधा परंपरोवणिधा समयपरूवणा वड्ढिपरूवणा अप्पाबहुए त्ति ।"

—सूत्र ४,२,४,१७५-७६ (पु० १०, पृ० ४३२ व ४३८)

अविभाग-वग्ग-फड्डग-अंतर-ठाणं अणंतरोवणिहा ।
जोगे परंपरा-बुड्ढि-समय-जीवप्प-बहुगं च ॥

—क० प्र० बन्धनकरण ५

दोनों ग्रन्थों में समयप्ररूपणा और वृद्धिप्ररूपणा इन दो अनुयोगद्वारों में क्रमव्यत्यय है ।

दोनों ग्रन्थों में यह एक विशेषता रही है कि ष० ख० में जहाँ प्रतिपाद्य विषय की प्ररूपणा प्रायः प्रश्नोत्तरशैली के अनुसार विस्तारपूर्वक गई है वहाँ क० प्र० में उसी की प्ररूपणा प्रश्नोत्तरशैली के बिना अतिशय संक्षेप में की गई है । उदाहरण के रूप में नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्ती विरचित गोम्मटसार (जीवकाण्ड-कर्मकाण्ड) को लिया जा सकता है । वहाँ आचार्य नेमिचन्द्र ने ष० ख० व उसकी टीका धवला में प्ररूपित विषय को अतिशय संक्षेप में संगृहीत कर लिया है ।

५. षट्खण्डागम और सर्वार्थसिद्धि

'सर्वार्थसिद्धि' यह आचार्य पूज्यपाद अपरनाम देवनन्दी (५-६ ठी शती) विरचित तत्त्वार्थ सूत्र की एक महत्त्वपूर्ण व्याख्या है । इसमें तत्त्वार्थसूत्र के अन्तर्गत सभी विषयों का विशदी-

१. ष० ख० सूत्र ४,२,४,१७५-२१२ (पु० १०, पृ० ४३२-५०४)
२. क० प्र० बन्धनकरण, गा० ५-१३

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

करण किया गया है। आचार्य पूज्यपाद अद्वितीय वैयाकरण रहे हैं। उनका 'जैनेन्द्र व्याकरण' सुप्रसिद्ध है। साथ ही वे सिद्धान्त के मर्मज्ञ भी रहे हैं। उनके समक्ष प्रस्तुत षट्खण्डागम रहा है और उन्होंने इस सर्वार्थसिद्धि की रचना में उसका भरपूर उपयोग किया है। तत्त्वार्थसूत्र के 'सत्संख्या-क्षेत्र-स्पर्शन-कालान्तर-भावाल्प-बहुत्वैश्च' इस सूत्र (१-८) की जो उन्होंने विस्तृत व्याख्या की है उसका आधार यह षट्खण्डागम ही रहा है।

ष० ख० के प्रथम खण्ड जीवस्थान में जिस पद्धति से क्रमशः सत्प्ररूपणा व द्रव्यप्रमाणानुगम आदि आठ अनुयोगद्वारों के आश्रय से चौदह गुणस्थानों और चौदह मार्गणास्थानों में जीवों की विविध अवस्थाओं की प्ररूपणा की गई है, ठीक उसी पद्धति से सर्वार्थसिद्धि में उपर्युक्त सूत्र की व्याख्या करते हुए आ० पूज्यपादने यथाक्रम से उन्हीं आठ अनुयोगद्वारों में उन गुणस्थानों और मार्गणाओं के आश्रय से जीवों की प्ररूपणा की है। उदाहरण के रूप में इन दोनों ग्रन्थों के कुछ प्रसंगों को उद्धृत किया जाता है, जो न केवल शब्दसन्दर्भ से ही समान हैं प्रत्युक्त उन प्रसंगों से सम्बद्ध सर्वार्थसिद्धि का बहुत-सा सन्दर्भ तो ष० ख० के सूत्रों का छायानुवाद जैसा दिखता है। यथा—

(१) ष० ख० में सर्वप्रथम गुणस्थानों की प्ररूपणा में प्रयोजनीभूत होने से चौदह मार्गणास्थानों के जान लेने की प्रेरणा इस प्रकार की गई है—

"एत्तो इमेसिं चोद्दसण्हं जीवसमासाणं मग्गणट्ठदाए तत्थ इमाणि चोद्दस चेव ट्ठाणाणि णायव्वाणि भवंति। तं जहा। गइ इंदिए काए जोगे वेदे कसाए णाणे संजमे दंसणे लेस्सा भविय सम्मत्त सण्णि आहारए चेदि।"—ष० ख० सूत्र १,१,२-४ (पु० १)।

सर्वार्थसिद्धि में इसी प्रसंग को देखिए जो शब्दशः समान है—

"एतेषामेव जीवसमासानां निरूपणार्थं चतुर्दश मार्गणास्थानानि ज्ञेयानि। गतीन्द्रिय-काय-योग-वेद-कषाय-ज्ञान-संयम-दर्शन-लेश्या-भव्य-सम्यक्त्व-संज्ञाऽऽहारका इति।"

—स०सि०, पृ० १४

१. सत्प्ररूपणा

"संतपरूवणदाए दुविहो णिद्देसो ओघेण य आदेसेण य। ओघेण अत्थि मिच्छाइट्ठी सासणसम्माइट्ठी सम्मामिच्छाइट्ठी·····सजोगकेवली अजोगकेवली चेदि।"—ष०ख० सूत्र १,१,८-२३

"तत्र सत्प्ररूपणा द्विविधा सामान्येन विशेषेण च।[1] सामान्येन तावत् अस्ति मिथ्यादृष्टिः। अस्ति सासादनसम्यग्दृष्टिरित्येवमादि।"[2] — स०सि०, पृ० १४

गतिमार्गणा

"आदेसेण गदियाणुवादेण अत्थि णिरयगदी तिरिक्खगदी मणुस्सगदी देवगदी सिद्धगदी चेदि। णेरइया चउट्ठाणेसु अत्थि मिच्छाइट्ठी सासणसम्माइट्ठी सम्मामिच्छाइट्ठी असंजदसम्माइट्ठि त्ति। तिरिक्खा पंचसु ट्ठाणेसु अत्थि मिच्छाइट्ठी सासणसम्माइट्ठि सम्मामिच्छाइट्ठी असंजद-

---

१. ओघ और सामान्य तथा आदेश और विशेष ये समानार्थक शब्द हैं। यथा—'ओघेन सामान्येनाभेदेन प्ररूपणमेकः। अपरः आदेशेन भेदेन विशेषेण प्ररूपणमिति।' धवला पु० १, पृ० १६०

२. चौदह गुणस्थानों का उल्लेख यहीं पर इसके पूर्व किया जा चुका है। —पृ० १४

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सम्माइट्ठी संजदासंजदा त्ति। मणुस्सा चोद्दससु गुणट्ठाणेसु अत्थि मिच्छाइट्ठी·····सजोगिकेवली अजोगिकेवलि त्ति। देवा चदुसु ट्ठाणेसु अत्थि मिच्छाइट्ठी सासणसम्माइट्ठी सम्मामिच्छाइट्ठी असंजदसम्माइट्ठि त्ति।" —ष० ख०, सूत्र १,१, २४-२८

इसी प्रसंग को सर्वार्थसिद्धि में देखिए—

"विशेषेण गत्यनुवादेन नरकगतौ सर्वासु पृथिवीसु आद्यानि चत्वारि गुणस्थानानि भवन्ति। तिर्यग्गतौ तान्येव संयतासंयतस्थानाधिकानि भवन्ति। मनुष्यगतौ चतुर्दशापि सन्ति। देवगतौ नारकवत्।" —स०सि०, पृ० १४

यहाँ यह स्मरणीय है कि षट्खण्डागम की रचना के समय और उसके पूर्व भी साधुसमुदाय के मध्य में तत्त्वचर्चा हुआ करती थी। इसलिए उसमें शंका-समाधान को महत्त्व प्राप्त था। साथ ही, अनेक शिष्यों के बीच में रहने से उस तत्त्वचर्चा के समय उनकी बुद्धि की हीनाधिकता और रुचि का भी ध्यान रखा जाता था। इसलिए विशदतापूर्वक विस्तार से तत्त्व का व्याख्यान हुआ करता था। तदनुसार ही आगमपद्धति पर प्रस्तुत षट्खण्डागम की रचना हुई है। इसी-लिए उसमें जहाँ तहाँ कुछ पुनरुक्ति भी हुई है। पर सर्वार्थसिद्धिकार के सामने यह समस्या नहीं रही। उन्हें विवक्षित तत्त्व का व्याख्यान संक्षेप में करना तो अभीष्ट था, पर विशदतापूर्वक ही उसे करना था। तदनुसार उन्होंने संक्षेप को महत्त्व देकर भी कुछ भी अभिप्राय छूट न जाय, इसका विशेष ध्यान रखा है।

उदाहरणस्वरूप ऊपर के सन्दर्भ में ष० ख० में जहाँ चारों गतियों के प्रसंग में पृथक्-पृथक् अनेक बार उन गुणस्थानों का उल्लेख किया गया है वहाँ सर्वार्थसिद्धि में नरकगति के प्रसंग में सम्भव उन चार गुणस्थानों का पृथक्-पृथक् उल्लेख करके आगे तिर्यंचगति में उनका पृथक्-पृथक् पुनः उल्लेख न करके यह कह दिया है कि एक संयतासंयत गुणस्थान से अधिक वे ही चार गुणस्थान तिर्यंच गति में सम्भव हैं। इसी प्रकार आगे मनुष्यगति के प्रसंग में ष० ख० में जहाँ पृथक्-पृथक् चौदह गुणस्थानों का उल्लेख किया गया है वहाँ स०सि० में इतना मात्र निर्देश कर दिया गया है कि मनुष्यगति में चौदहों गुणस्थान सम्भव हैं। इसी प्रकार देवगति के प्रसंग में ष० ख० में जहाँ उन चार गुणस्थानों का पुनः उल्लेख किया गया है वहाँ स० सि० में यह स्पष्ट कर दिया है कि देवगति में नारकियों के समान प्रथम चार गुणस्थान सम्भव हैं।

इस प्रकार स० सि० में संक्षेप को महत्त्व देकर भी ष० ख० के प्रसंग प्राप्त उस सन्दर्भ के सभी अभिप्राय को अन्तर्हित कर लिया है।

शेष मार्गणा

ष० ख० में गतिमार्गणा के पश्चात् शेष इन्द्रिय आदि मार्गणाओं में इसी प्रकार से गुण-स्थानों के सद्भाव को दिखाते हुए प्रसंगानुसार कुछ अन्य भी विचार किया गया है। जैसे— इन्द्रिय मार्गणा में एकेन्द्रिय आदि जीवों के यथासम्भव बादर-सूक्ष्म व पर्याप्त-अपर्याप्त आदि भेदों का निर्देश। इन्हीं भेदों का उल्लेख वहाँ आगे कायमार्गणा के प्रसंग में भी पुनः किया गया है। पश्चात् क्रमप्राप्त योगमार्गणा में क्रम से योग के भेद-प्रभेदों को दिखाकर उनमें कौन योग किन जीवों के सम्भव हैं, इसे स्पष्ट किया है व इसी प्रसंग में पर्याप्ति-अपर्याप्तियों का भी विस्तार से विचार किया गया है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सर्वार्थसिद्धि में वैसी कुछ अन्य चर्चा नहीं की गई है। वहाँ केवल सत्प्ररूपणा के अनुसार उन मार्गणाओं में यथासम्भव गुणस्थानों के अस्तित्व को प्रकट किया गया है। जैसे—

इन्द्रियमार्गणा

"एइंदिया वीइंदिया तीइंदिया चउरिंदिया असण्णिपंचिंदिया एक्कम्मि चेव मिच्छाइट्ठि-ट्ठाणे। पंचिंदिया असण्णिपंचिंदियप्पहुडि जाव अजोगिकेवलि त्ति। तेण परमणिंदिया इदि।"

—ष०ख० सूत्र १,१,३६-३८

"इन्द्रियानुवादेन एकेन्द्रियादिषु चतुरिन्द्रियपर्यन्तेषु एकमेव मिथ्यादृष्टिस्थानम्। पंचेन्द्रियेषु चतुर्दशापि सन्ति।" —स०सि०, पृ० १४

इस प्रकार यहाँ गुणस्थानों का उल्लेख दोनों ग्रन्थों में समान रूप से किया गया है। विशेष इतना है कि ष० ख० में जहाँ असंज्ञी पंचेन्द्रियों का निर्देश एकेन्द्रियों आदि के साथ तथा पंचेन्द्रियों के साथ भी गुणस्थानों का उल्लेख करते समय किया गया है वहाँ स० सि० में संज्ञी असंज्ञी का भेद न करके एकेन्द्रियादि चार के एक मिथ्यादृष्टि गुणस्थान और पंचेन्द्रियों के चौदहों गुणस्थानों का सद्भाव प्रकट कर दिया गया है। यही स्थिति अन्य मार्गणाओं के प्रसंग में भी दोनों ग्रन्थों की रही है।

२. द्रव्यप्रमाणानुगम (संख्या प्ररूपणा)

द्रव्यप्रमाणानुगम यह सत्प्ररूपणा आदि उपर्युक्त आठ अनुयोगद्वारों में दूसरा है। स० सि० में इसका उल्लेख 'संख्याप्ररूपणा' के नाम से हुआ है। अर्थ की अपेक्षा दोनों में कुछ भी भेद नहीं है। इसके प्रसंग में भी दोनों ग्रन्थों की समानता द्रष्टव्य है—

"दव्वपमाणाणुगमेण दुविहो णिद्देसो ओघेण आदेसेण य। ओघेण मिच्छाइट्ठी केवडिया? अणंता। अणंताणंताहि ओसप्पिणिउस्सप्पिणीहि ण अवहिरंति कालेण। खेत्तेण अणंताणंता लोगा। तिण्हं पि अधिगमो भावपमाणं। सासणसम्माइट्ठिप्पहुडि जाव संजदासंजदा त्ति दव्वपमाणेण केवडिया? पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो। एदेहि पलिदोवममवहिरिज्जदि अंतोमुहुत्तेण। पमत्तसंजदा दव्वपमाणेण केवडिया? कोडिपुधत्तं। अप्पमत्तसंजदा दव्वपमाणेण केवडिया? संखेज्जा। चदुण्हमुवसामगा दव्वपमाणेण केवडिया? पवेसणेण एक्को वा दो वा तिण्णि वा उक्कस्सेण चउवण्णं। अद्धं पडुच्च संखेज्जा।" —सूत्र १,१,१-१०

"संख्याप्ररूपणोच्यते—सा द्विविधा। सामान्येन तावत् जीवा मिथ्यादृष्टयोऽनन्तानन्ता। सासादन-सम्यग्दृष्टयः सम्यग्मिथ्यादृष्टयोऽसंयतसम्यग्दृष्टयः संयतासंयताश्च पल्योपमा संख्येयभागप्रमिताः। प्रमत्तसंयताः कोटीपृथक्त्वसंख्याः। पृथक्त्वमित्यागमसंज्ञा तिसृणां कोटीनामुपरि नवानामधः। अप्रमत्तसंयताः संख्येयाः। चत्वार उपशमका प्रवेशेन एको वा द्वौ वा त्रयो वा उत्कर्षेण चतुःपञ्चाशत्, स्वकालेन समुदिताः संख्येयाः।" —स०सि० पृ० १६-१७

इस प्रकार से यह संख्याप्ररूपणा का प्रसंग दोनों ग्रन्थों में प्रायः शब्दशः समान है। विशेषता इतनी है कि ष० ख० में मिथ्यादृष्टियों के प्रमाण को अनन्त बतलाते हुए उसकी प्ररूपणा काल, क्षेत्र और भाव की अपेक्षा भी की गई है (सूत्र २-५)। पर स०सि० में मिथ्यादृष्टियों की उस संख्या को सामान्य से अनन्तानन्त कहकर सम्भवतः दुर्बोध होने के कारण काल, क्षेत्र और भावकी अपेक्षा उसका उल्लेख नहीं किया गया है। बीच में यहाँ 'पृथक्त्व' इस

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आगमोक्त संज्ञा को भी स्पष्ट कर दिया गया है, जिसका स्पष्टीकरण ष० ख० मूल में न करने पर भी धवला टीका में कर दिया गया है।[1]

आगे दोनों ही ग्रन्थों में चार क्षपकों, अयोगि-केवलियों और सयोगि-केवलियों की संख्या का भी उल्लेख समान रूप में किया गया है।[2]

संख्याप्ररूपणा का यह क्रम आगे गति-इन्द्रियादि मार्गणाओं में भी प्रायः दोनों ग्रन्थों में समान उपलब्ध होता है।

३. क्षेत्रानुगम

ष० ख० और स० सि० दोनों ही ग्रन्थों में पूर्व पद्धति के अनुसार चौदह गुणस्थानों में क्षेत्र का निर्देश इस प्रकार किया गया है—

"खेत्ताणुगमेण दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मिच्छाइट्ठी केवडि खेत्ते? सव्वलोगे। सासणसम्माइट्ठिप्पहुडि जाव अजोगिकेवलित्ति केवडि खेत्ते? लोगस्स असंखेज्जदि-भाए। सजोगिकेवली केवडि खेत्ते? लोगस्स असंखेज्जदिभागे असंखेज्जेसु वा भागेसु सव्वलोगे वा।"

—ष० ख०, सूत्र १,३,१-४

"क्षेत्रमुच्यते। तद् द्विविधम्—सामान्येन विशेषेण च। सामान्येन तावत् मिथ्यादृष्टीनां सर्वलोकः। सासादनसम्यग्दृष्टयादीनामयोगकेवल्यन्तानां लोकस्यासंख्येयभागः। सयोगकेवलिनां लोकस्यासंख्येयभागः, समुद्घातेऽसंख्येया वा भागाः सर्वलोको वा।" —स० सि०, पृ० २०-२१

यह क्षेत्रप्ररूपणा का प्रसंग भी दोनों ग्रन्थों में समान है। विशेष इतना है कि वहाँ सयोग-केवलियों का क्षेत्र जो असंख्यात बहुभाग और सर्वलोक प्रमाण निर्दिष्ट किया गया है वह समुद्घात की अपेक्षा सम्भव है, इसे सर्वार्थसिद्धि में स्पष्ट कर दिया गया है। उसका स्पष्टीकरण मूल ष०ख० में तो नहीं किया गया, पर धवला टीका में उसे स्पष्ट कर दिया गया है।[3]

क्षेत्रविषयक यह समानता दोनों ग्रन्थों में आगे मार्गणाओं के प्रसंग में भी देखी जा सकती है।

४. स्पर्शनानुगम

स्पर्शनविषयक-समानता भी दोनों ग्रन्थों में द्रष्टव्य है—

"पोसणाणुगमेण दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मिच्छादिट्ठीहि केवडियं खेत्तं पोसिदं? सव्वलोगो। सासणसम्मादिट्ठीहि केवडियं खेत्तं फोसिदं? लोगस्स असंखेज्जदिभागो। अट्ठ बारह चोद्दस भागा वा देसूणा। सम्मामिच्छाइट्ठि-असंजदसम्मादिट्ठीहि केवडियं खेत्तं पोसिदं?

---

१. पुधत्तमिदि तिण्हं कोडीणमुवरि णवण्हं कोडीणं हेट्ठदो जा संख्या सा घेत्तव्वा।

—धवला पु० ३, पृ० ८६

२. ष० ख० सूत्र १, २, ११-१४ और स० सि०, पृ० १७

३. पदरगदो केवली केवडि खेत्ते? लोगस्स असंखेज्जेसु भागेसु, लोगस्स असंखेज्जदिभागं वादवलयरुद्धखेत्तं मोत्तूण सेसबहुभागेसु अच्छदि त्ति जं वुत्तं होदि। —धवला पु० ४, पृ० ५०; लोगपूरणगदो केवली केवडि खेत्ते? सव्वलोगे।—पु० ४, पृ० ५६

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

लोगस्स असंखेज्जदिभागो। अट्ठ चोद्दस भागा वा देसूणा। संजदासंजदेहि केवडियं खेत्तं फोसिदं? लोगस्स असंखेज्जदिभागो। छ चोद्दस भागा वा देसूणा। पमत्तसंजदप्पहुडि जाव अजोगिकेवलि त्ति केवडियं खेत्तं फोसिदं? लोगस्स असंखेज्जदिभागो। सजोगिकेवलीहि केवडियं खेत्तं फोसिदं? लोगस्स असंखेज्जदि भागो असंखेज्जा वा भागा सव्वलोगो वा।"

—ष० ख० सूत्र १,४, १-१०

"स्पर्शनमुच्यते। तद् द्विविधम्—सामान्येन विशेषेण च। सामान्येन तावत् मिथ्यादृष्टिभिः सर्वलोकः। सासादनसम्यग्दृष्टिभिर्लोकस्यासंख्येयभागः अष्टौ द्वादश वा चतुर्दशभागा देशोनाः सम्यग्मिथ्यादृष्ट्यसंयतसम्यग्दृष्टिभिर्लोकस्यासंख्येयभागः अष्टौ वा चतुर्दश भागा देशोनाः। संयतासंयतैर्लोकस्यासंख्येयभागः षट् चतुर्दश भागा वा देशोनाः। प्रमत्तसंयतादीनामयोगकेवल्यन्तानां क्षेत्रवत् स्पर्शनम्।"

—स० सि० पृ० २३-२४

दोनों ग्रन्थों में गुणस्थानों के आश्रित यह स्पर्शनप्ररूपणा भी शब्दशः समान है। विशेषता इतनी है कि ष० ख० में जहाँ अयोगिकेवली पर्यन्त प्रमत्तसंयतादिकों के और सयोगिकेवलियों के स्पर्शन की प्ररूपणा पृथक् रूप से की गई है (सूत्र ९-१०) वहाँ सर्वार्थसिद्धि में संक्षेप से यह निर्देश कर दिया गया है कि अयोगकेवली पर्यन्त प्रमत्तसंयतादिकों के स्पर्शन की प्ररूपणा क्षेत्र के समान है, उससे उसमें कुछ विशेषता नहीं है। इसीलिए सर्वार्थसिद्धि में उनके स्पर्शन की प्ररूपणा पृथक् से नहीं की गई है।

दोनों ग्रन्थों में इसी प्रकार की समानता आगे गति-इन्द्रियादि मार्गणाओं के प्रसंग में भी उपलब्ध होती है।

५. कालानुगम

कालविषयक प्ररूपणा भी दोनों ग्रन्थों में समान उपलब्ध होती है। जैसे—

"कालाणुगमेण दुविहो णिद्देसो— ओघेण आदेसेण य। ओघेण मिच्छादिट्ठी केवचिरं कालादो होंति? णाणाजीवं पडुच्च सव्वद्धा। एगजीवं पडुच्च अणादिओ अपज्जवसिदो अणादिओ सपज्जवसिदो सादिओ सपज्जवसिदो। जो सो सादिओ सपज्जवसिदो तस्स इमो णिद्देसो—जहण्णेण अंतोमुहुत्तं। उक्कस्सेण अद्धपोग्गलपरियट्टं देसूणं। सासणसम्मादिट्ठी केवचिरं कालादो होंति? णाणाजीवं पडुच्च जहण्णेण एगसमओ। उक्कस्सेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो। एग जीवं पडुच्च जहण्णेण एगसमओ। उक्कस्सेण छआवलियाओ।"

—ष० ख० सूत्र १, ५, १-८

"कालः प्रस्तूयते। स द्विविधः—सामान्येन विशेषेण च। सामान्येन तावत् मिथ्यादृष्टेर्नानाजीवापेक्षया सर्वः कालः। एकजीवापेक्षया त्रयो भङ्गा—अनादिरपर्यवसानः अनादिसपर्यवसानः सादिसपर्यवसानश्चेति। तत्र सादिसपर्यवसानो जघन्येनान्तर्मुहूर्तः। उत्कर्षेणार्धपुद्गलपरिवर्तो देशोनः। सासादनसम्यग्दृष्टेर्नानाजीवापेक्षया जघन्येनैकः समयः। उत्कर्षेण पल्योपमासंख्येयभागः। एकजीवं प्रति जघन्येनैकः समयः। उत्कर्षेण षडावलिकाः।"

—स० सि०, पृ० ३१

आगे दोनों ग्रन्थों में इसी प्रकार की समानता सम्यग्मिथ्यादृष्टि आदि शेष गुणस्थानों और गति-इन्द्रियादि मार्गणाओं के प्रसंग में भी द्रष्टव्य है।

६. अन्तरानुगम

अन्तरविषयक प्ररूपणा में भी दोनों ग्रन्थों की समानता द्रष्टव्य है। यथा—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

"अंतराणुगमेण दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मिच्छादिट्ठीणमंतरं केवचिरं कालादो होदि ? णाणाजीवं पडुच्च णत्थि अंतरं, णिरंतरं। एगजीवं पडुच्च जहण्णेण अंतोमुहुत्तं। उक्कस्सेण वेछावट्ठिसागरोवमाणि देसोणाणि।" —ष० ख०, सूत्र १,६, १-४

"अन्तरं निरूप्यते। विवक्षितस्य गुणस्य गुणान्तरसंक्रमे सति पुनस्तत्प्राप्तेः प्राङ्मध्यमन्तरम्। तद् द्विविधम्—सामान्येन विशेषेण च। सामान्येन तावत् मिथ्यादृष्टेर्नानाजीवापेक्षया नास्त्यन्तरम्। एकजीवं प्रति जघन्येनान्तर्मुहूर्तः। उत्कर्षेण द्वे षट्षष्ठी देशोने सागरोपमानाम्।" —स० सि०, पृ० ४०

यहाँ विशेषता यह रही है कि मूल ष० ख० में प्रकृत अन्तर का कुछ स्वरूप नहीं प्रकट किया गया है, पर स० सि० में उसकी प्ररूपणा के पूर्व उसके स्वरूप का भी निर्देश कर दिया गया है। धवला में उसके स्वरूप को स्पष्ट करते हुए उसकी प्ररूपणा के प्रारम्भ में अन्तर विषयक निक्षेप की योजना की गई है, जिसके आश्रय से प्रकृत में 'अन्तर' के अनेक अर्थों में कौन-सा अर्थ अभिप्रेत है, यह ज्ञात हो जाता है।[1]

ष०ख० में यहाँ 'णत्थि अंतरं' के साथ 'णिरंतरं' पद का भी उपयोग किया गया है। स०सि० में 'नास्त्यन्तरम्' इतने मात्र से अभिप्राय के अवगत हो जाने से फिर आगे 'निरन्तरम्' पद का उपयोग नहीं किया गया है।

दोनों ग्रन्थों में इसी प्रकार की समानता व विशेषता आगे शेष गुणस्थानों और मार्गणास्थानों के प्रसंग में भी देखी जाती है।

७. भावानुगम

दोनों ग्रन्थों में क्रमप्राप्त भावविषयक समानता भी देखी जाती है। यथा—

"भावाणुगमेण दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मिच्छाइट्ठि त्ति को भावो ? ओदइओ भावो। सासणसम्मादिट्ठि त्ति को भावो ? पारिणामिओ भावो। सम्मामिच्छादिट्ठि त्ति को भावो ? खओवसमिओ भावो। असंजदसम्मादिट्ठि त्ति को भावो ? उवसमिओ वा खइओ वा खओवसमिओ वा भावो। ओदइएण भावेण पुणो असंजदो।"

—ष०ख०, सूत्र १,७,१-६

"भावो विभाव्यते। स द्विविधः—सामान्येन विशेषेण च। सामान्येन तावत् मिथ्यादृष्टिरित्यौदयिको भावः। सासादनसम्यग्दृष्टिरिति पारिणामिको भावः। सम्यङ्मिथ्यादृष्टिरिति क्षायोपशमिको भावः। असंयतसम्यग्दृष्टिरिति औपशमिको वा क्षायिको वा क्षायोपशमिको वा भावः। उक्तं च —× × ×॥ असंयतः पुनरौदयिकेन भावेन।" —स०सि०, पृ० ५०

इस प्रकार दोनों ग्रन्थों में यह भावविषयक प्ररूपणा भी क्रमशः समान पद्धति में की गई है। स० सि० में इतनी विशेषता रही है कि असंयतसम्यग्दृष्टि भाव के दिखला देने के पश्चात् वहाँ 'उक्तं च' कहकर '**मिच्छे खलु ओदइओ**' इत्यादि गाथा को उद्धृत किया गया है।

८. अल्पबहुत्वानुगम

ष० ख० में जीवस्थान खण्ड का यह अन्तिम अनुयोगद्वार है। पूर्वोक्त सात अनुयोगद्वारों

---

१. धवला, पु० ५, पृ० १-३

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

के समान इस अनुयोगद्वार में अल्पबहुत्व विषयक प्ररूपणा भी दोनों ग्रन्थों में समान है। यथा—

"अप्पाबहुगाणुगमेण दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघेण तिसु अद्धासु उवसमा पवेसणेण तुल्ला थोवा। उवसंतकसायवीदरागछदुमत्था तत्तिया चेय। खवा संखेज्जगुणा। खीणकसायवीदरागछदुमत्था तत्तिया चेव। सजोगकेवली अजोगकेवली पवेसणेण दो वि तुल्ला तत्तिया चेव। सजोगिकेवली अद्धं पडुच्च संखेज्जगुणा।" —ष०ख०, सूत्र १,८, १-७

"अल्पबहुत्वमुपवर्ण्यते। तद् द्विविधम्—सामान्येन विशेषेण च। सामान्येन तावत् त्रय उपशमकाः सर्वतः स्तोकाः स्वगुणस्थानकालेषु प्रवेशेन तुल्यसंख्याः। उपशान्तकषायास्तावन्त एव। त्रयः क्षपकाः संख्येयगुणाः। क्षीणकषायवीतरागच्छद्मस्थास्तावन्त एव। सयोगकेवलिनोऽयोगकेवलिनश्च प्रवेशेन तुल्यसंख्याः। सयोगकेवलिनः स्वकालेन समुदिताः संख्येयगुणाः।"

—स०सि०, पृ० ५२

दोनों ग्रन्थों में इसी प्रकार से इस अल्पबहुत्व की प्ररूपणा आगे अप्रमत्त-प्रमत्तादि शेष गुणस्थानों में ओघ (सामान्य) की अपेक्षा और गत्यादि मार्गणाओं में आदेश (विशेष) की अपेक्षा समान रूप में की गई है। विशेष इतना है कि ष० ख० में ओघप्ररूपणा के प्रसंग में असंयतसम्यग्दृष्टि गुणस्थान, संयतासंयत गुणस्थान व प्रमत्ताप्रमत्त गुणस्थानों आदि में उपशम सम्यग्दृष्टियों आदि के अल्पबहुत्व को भी पृथक् से दिखलाया गया है (सूत्र १, ८, १५-२६)। उसकी प्ररूपणा स० सि० में पृथक् से नहीं की गई है। ऐसी ही कुछ विशेषता मार्गणाओं के प्रसंग में भी रही है।

अन्य कुछ उदाहरण

१. ष० ख० में जीवस्थान के अन्तर्गत सत्प्ररूपणा अनुयोगद्वार में सम्यक्त्व मार्गणा के प्रसंग में नारकी असंयत सम्यग्दृष्टियों में कौन-कौन से सम्यग्दर्शन सम्भव हैं, इसका विचार करते हुए कहा गया है कि सामान्य से असंयत सम्यग्दृष्टि नारकियों के क्षायिक सम्यक्त्व वेदक सम्यक्त्व और औपशमिक सम्यक्त्व ये तीनों सम्भव हैं। यह प्रथम पृथिवी को लक्ष्य मे रखकर कहा गया है, आगे द्वितीयादि छह पृथिवियों के असंयतसम्यग्दृष्टि नारकियों में क्षायिक सम्यक्त्व का निषेध कर दिया गया है।[1]

इसके पूर्व योगमार्गणा के प्रसंग में यह भी स्पष्ट किया जा चुका है कि नारकियों के पर्याप्त व अपर्याप्त अवस्था में मिथ्यादृष्टि और असंयतसम्यग्दृष्टि ये दो गुणस्थान सम्भव हैं। यह प्रथम पृथिवी के नारकियों को लक्ष्य में रखकर कहा गया है। आगे द्वितीयादि पृथिवियों के नारकियों के अपर्याप्त अवस्था में असंयतसम्यग्दृष्टि गुणस्थान का प्रतिषेध है।[2]

स० सि० में सम्यग्दर्शन को उदाहरण बनाकर 'निर्देश-स्वामित्व-साधनाधिकरण-स्थिति-विधानतः' इस सूत्र (त० सूत्र १-७) की व्याख्या की गई है। वहाँ स्वामित्व के प्रसंग में कहा गया है कि गति के अनुवाद से नरकगति में सब पृथिवियों में पर्याप्त नारकियों के औपशमिक और क्षायोपशमिक सम्यग्दर्शन सम्भव हैं। किन्तु प्रथम पृथिवी के नारकियों मे पर्याप्तकों और

१. सूत्र १,१,१५३-५५

२. सूत्र १,१,७९-८२

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अपर्याप्तकों के क्षायिक और क्षायोपशमिक सम्यग्दर्शन सम्भव हैं।[1]

इस प्रकार सर्वार्थसिद्धि में की गई इस प्ररूपणा का आधार ष० ख० का उपर्युक्त प्रसंग रहा है।

२. तत्त्वार्थसूत्र के उक्त सूत्र (१-७) की समस्त व्याख्या का आधार यही ष०ख० रहा है। विशेष इतना है कि ष० ख० में जिस पद्धति से गुणस्थानों और मार्गणास्थानों में उस सम्यग्दर्शन के स्वामित्व आदि का विचार किया गया है तदनुसार वह विभिन्न प्रसंगों में किया गया है। जैसे—

स० सि० में इसी सूत्र की व्याख्या करते हुए 'साधन' के प्रसंग में कहा गया कि चौथी पृथिवी के पूर्व (प्रथम तीन पृथिवियों में) नारकियों में किन्हीं नारकियों के सम्यग्दर्शन की उत्पत्ति का बाह्य साधन (कारण) जातिस्मरण, धर्मश्रवण अथवा वेदना का अभिभव है। किन्तु आगे चौथी से लेकर सातवीं पृथिवी तक के नारकियों के उसकी उत्पत्ति का कारण धर्मश्रवण सम्भव नहीं है, शेष जातिस्मरण और वेदनाभिभव ये दो ही कारण सम्भव हैं।[2]

ष० ख० में उस सम्यग्दर्शन की उत्पत्ति के कारणों की प्ररूपणा जीवस्थान की नौ चूलिकाओं में से अंतिम 'गति-आगति' चूलिका के प्रसंग में विस्तार से की गई है।

सर्वार्थसिद्धि का उपर्युक्त प्रसंग उस गति-आगति चूलिका के इन सूत्रों पर आधारित है—

"णेरइया मिच्छाइट्ठी कदिहि कारणेहि पढमसम्मत्तमुप्पादेंति? तीहिं कारणेहि पढमसम्मत्तमुप्पादेंति। केइं जाइस्सरा, केइं सोऊण, कइं वेदणाहिभूदा। एवं तिसु उवरिमासु पुढवीसु णेरइया। चदुसु हेट्ठिमासु पुढवीसु णेरइया मिच्छाइट्ठी कदिहि कारणेहि पढमसम्मत्तमुप्पादेंति? दोहि कारणेहि पढमसम्मत्तमुप्पादेंति। केइं जाइस्सरा केइं वेयणाहिभूदा।"

—ष०ख०, सूत्र १,९-९,६-१२

दोनों ग्रन्थगत सम्यग्दर्शन की उत्पत्ति के उन कारणों की प्ररूपणा सर्वथा समान है। विशेषता यही है कि ष० ख० में वह प्ररूपणा जहाँ आगम पद्धति के अनुसार प्रश्नोत्तर के साथ की गई है वहाँ स० सि० में वही प्ररूपणा प्रश्नोत्तर के बिना संक्षेप में कर दी गई है।

दोनों ग्रन्थों में आगे सम्यग्दर्शन की उत्पत्ति के उन कारणों की प्ररूपणा अपनी-अपनी पद्धति से समान रूप में क्रम से तिर्यंचगति, मनुष्यगति और देवगति में भी की गई है।[3]

३. दोनों ग्रन्थों में सम्यग्दर्शन की स्थिति का प्रसंग भी देखिए—

ष० ख० में दूसरे खण्ड क्षुद्रकबन्ध के अन्तर्गत 'एक जीव की अपेक्षा कालानुगम' अनुयोगद्वार में सम्यक्त्वमार्गणा के प्रसंग में सामान्य सम्यग्दृष्टियों और क्षायिक सम्यग्दृष्टियों आदि के जघन्य और उत्कृष्ट काल की प्ररूपणा इस प्रकार की गई है—

"सम्मत्ताणुवादेण सम्मादिट्ठी केवचिरं कालादो होंति? जहण्णेण अंतोमुहुत्तं। उक्कस्सेण छावट्ठिसागरोवमाणि सादिरेयाणि। खइयसम्मादिट्ठी केवचिरं कालादो होंति? जहण्णेण अंतोमुहुत्तं। उक्कस्सेण तेत्तीस सागरोवमाणि सादिरेयाणि। वेदगसम्माइट्ठी केवचिरं कालादो

---

१. सर्वार्थसिद्धि, पृ० ९

२. वही, पृ० ११

३. ष० ख० सूत्र, तिर्यंचगति १, ९-९, २१-२२; मनुष्यगति १, ९-९, २९-३०; देवगति १, ९-९,३६-३७ (पु० ६) तथा स०सि०, पृ० ११-१२

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

होंति ? जहण्णेण अंतोमुहुत्तं । उक्कस्सेण छावट्ठिसागरोवमाणि । उवसमसम्मादिट्ठी सम्मामिच्छादिट्ठी केवचिरं कालादो होंति ? जहण्णेण अंतोमुहुत्तं । उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं ।"

—सूत्र २,२,१८८-९९ (पु० ७)

"स्थितिरौपशमिकस्य जघन्योत्कृष्टा चान्तर्मौहूर्तिकी । क्षायिकस्य संसारिणो जघन्यान्तर्मौहूर्तिकी । उत्कृष्टा त्रयस्त्रिंशत् सागरोपमाणि सान्तर्मुहूर्ताष्टवर्षहीन-पूर्वकोटिद्वयाधिकानि । मुक्तस्य सादिरपर्यवसाना । क्षायोपशमिकस्य जघन्यान्तर्मौहूर्तिकी । उत्कृष्टा षट्षष्ठिसागरोपमाणि ।" — स० सि० पृ० १२

इस प्रकार इस स्थिति का प्रसंग भी दोनों ग्रन्थों में सर्वथा समान है । विशेषता यह है कि ष० ख० में सामान्य सम्यग्दृष्टियों के काल को भी प्रकट किया गया है, जिसका उल्लेख सर्वार्थसिद्धि में पृथक् से नहीं किया गया है, क्योंकि वह विशेष प्ररूपणा से सिद्ध है । इसके अतिरिक्त ष० ख० में जहाँ उस सम्यक्त्व के आधारभूत सम्यग्दृष्टियों के काल का निर्देश है वहाँ सर्वार्थसिद्धि में सम्यक्त्वविशेषों के काल को स्पष्ट किया गया है । इससे अभिप्राय में कुछ भी भेद नहीं हुआ है ।

ष० ख० में प्रथमतः क्षायिक सम्यग्दृष्टियों और तत्पश्चात् वेदक (क्षायोपशमिक) सम्यग्दृष्टियों व औपशमिक सम्यग्दृष्टियों के काल को दिखलाया गया है । किन्तु सर्वार्थसिद्धि में प्रथमतः औपशमिक और तत्पश्चात् क्षायिक व औपशमिक सम्यक्त्व की स्थिति को प्रकट किया गया है । इससे केवल प्ररूपणा के क्रम में भेद हुआ है ।

ष०ख० में क्षायिकसम्यग्दृष्टियों के उत्कृष्ट काल का निर्देश करते हुए उसे साधिक तेतीस सागरोपम कहकर उसकी अधिकता को स्पष्ट नहीं किया गया है । किन्तु सर्वार्थसिद्धि में उस अधिकता को स्पष्ट करते हुए उसे अन्तर्मुहूर्त आठ वर्ष से हीन दो पूर्वकोटियों से अधिक कहा गया है ।[1]

सर्वार्थसिद्धि में यह भी स्पष्ट कर दिया गया है कि क्षायिक सम्यक्त्व की यह उत्कृष्ट स्थिति संसारी जीव की अपेक्षा निर्दिष्ट है । मुक्तजीव की अपेक्षा क्षायिकसम्यक्त्व की स्थिति आदि व अन्त से रहित है ।

सर्वार्थसिद्धि की यह संक्षिप्त प्ररूपणा बहुत अर्थ से गर्भित है ।

ष०ख० में सम्यक्त्वमार्गणा के अन्तर्गत होने से सम्यग्मिथ्यादृष्टियों, सासादनसम्यग्दृष्टियों और मिथ्यादृष्टियों के काल का भी उल्लेख है (२,२,१९७-२०३) ।

४. ष० ख० में जीवस्थान से सम्बद्ध नौ चूलिकाओं में आठवीं सम्यक्त्वोत्पत्ति चूलिका है । वहाँ सर्वप्रथम सम्यक्त्व कब, कहाँ और किस अवस्था में उत्पन्न होता है, इसे स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि वह कर्मों की उत्कृष्ट और जघन्य स्थिति के होने पर प्राप्त नहीं होता । किन्तु जीव जब सब कर्मों की अन्तःकोड़ाकोड़ी प्रमाण स्थिति को बाँधता है तब वह प्रथम सम्यक्त्व को प्राप्त करता है । उसमें भी जब वह उक्त अन्तःकोड़ाकोड़ी प्रमाण स्थिति को संख्यात हजार सागरोपम से हीन स्थापित करता है तब वह प्रथम सम्यक्त्व को उत्पन्न करता

---

१. ष० ख० की टीका में उस अधिकता को सर्वार्थसिद्धि के समान स्पष्ट कर दिया गया है । साथ ही वहाँ वह कैसे घटित होता है, इसे भी स्पष्ट कर दिया है ।

—(धवला पु० ७, पृ० १७९-८०)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

है। उस सम्यक्त्व के अभिमुख हुआ जीव पंचेन्द्रिय, संज्ञी, पर्याप्त और सर्वविशुद्ध होता है।

यही अभिप्राय स० सि० में भी समान रूप से प्रकट किया गया है। दोनों ग्रन्थों की वह समानता इस प्रकार देखी जा सकती है—

"एवदिकालट्ठिदिएहि[1] कम्मेहि सम्मत्तं ण लहदि। लभदि त्ति विभाषा। एदेसिं चेव सव्वकम्माणं जावे अंतोकोडाकोडिट्ठिदिं बंधदि तावे पढमसम्मत्तं लभदि। सो पुण पंचिंदियो सण्णी मिच्छाइट्ठी पज्जत्तओ सव्वविसुद्धो। एदेसिं चेव सव्वकम्माणं जाधे अंतोकोडाकोडिट्ठिदिं उवेदि संखेज्जेहि सागरोवमसहस्सेहि ऊणियं ताधे पढमसम्मत्तमुप्पादेदि।"

—ष०ख०, सूत्र १,९-८,१-५ (पु० ६)

"अपरा कर्मस्थिति काललब्धिः—उत्कृष्टस्थितिकेषु कर्मसु जघन्यस्थितिकेषु च प्रथमसम्यक्त्वलाभो न भवति। क्व तर्हि भवति? अन्तःकोटाकोटीसागरोपमस्थितिकेषु कर्मसु बन्धमापद्यमानेषु विशुद्धपरिणामवशात् सत्कर्मसु च ततः संख्येयसागरोपमसहस्रोनायायन्तःकोटाकोटीसागरोपमस्थितौ स्थापितेषु प्रथमसम्यक्त्वयोग्यो भवति। अपरा काललब्धिर्भवापेक्षया—भव्यः पञ्चेन्द्रियः संज्ञी पर्याप्तकः सर्वविशुद्धः प्रथमसम्यक्त्वमुत्पादयति। आदिशब्देन[2] जातिस्मरणादिः परिगृह्यते।"

दोनों ग्रन्थगत इन सन्दर्भों में शब्द और अर्थ की समानता द्रष्टव्य है।

उपसंहार

ऊपर षट्खण्डागम और सर्वार्थसिद्धि दोनों ग्रन्थों के जिन प्रसंगों को तुलनात्मक दृष्टि से प्रस्तुत किया गया है उनमें परस्पर की शब्दार्थ विषयक समानता को देखते हुए इसमें सन्देह नहीं रहता कि सर्वार्थसिद्धि के कर्ता आ० पूज्यपाद के समक्ष प्रस्तुत ष० ख० रहा है और उन्होंने सर्वार्थसिद्धि की रचना में यथाप्रसंग उसका पूरा उपयोग किया है। जैसा कि पूर्व में किये गये विवेचन से स्पष्ट हो चुका है, स०सि० में तत्त्वार्थसूत्र के 'सत्संख्यादि' सूत्र (१-८) की व्याख्या करते हुए ष० ख० के प्रथम खण्ड जीवस्थान के अन्तर्गत सत्प्ररूपणादि आठों अनुयोगद्वारों में प्ररूपित प्रायः समस्त ही अर्थ का संक्षेप में संग्रह कर लिया गया है।

विशेष इतना कि षट्खण्डागम आगम ग्रन्थ है, अतः उसकी रचना उसी आगमपद्धति से प्रायः प्रश्नोत्तर शैली के रूप में हुई है, इससे उसकी रचना में पुनरुक्ति भी है। इसके अतिरिक्त उसकी रचना मन्दबुद्धि और तीव्रबुद्धि शिष्यों को लक्ष्य में रखकर हुई है, इसलिए विशदीकरण की दृष्टि से भी उसमें पुनरुक्ति हुई है। इसे धवलाकार ने जहाँ तहाँ स्पष्ट भी किया है।[3]

---

१. यह पद इसके पूर्व छठी और सातवीं चूलिका में प्ररूपित कर्मों की उत्कृष्ट और जघन्य स्थिति का सूचक है।

२. स० सि० में इसके पूर्व यह शंका की गई है कि अनादि मिथ्यादृष्टि भव्य के कर्मोदय से उत्पन्न हुई कलुषता के होने पर अनन्तानुबन्धी आदि सात प्रकृतियों का उपशम कैसे होता है। इसके समाधान में वहाँ 'काललब्ध्यादिनिमित्तत्वात्' कहा गया है। इसमें 'काललब्धि' के आगे जो आदि शब्द प्रयुक्त हुआ है उसी की ओर यह संकेत है।

३. इसके लिए धवला के ये कुछ प्रसंग द्रष्टव्य है— (प्रसंग पृष्ठ २०८ पर देखिए)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

किन्तु सर्वार्थसिद्धि तत्त्वार्थसूत्र की व्याख्या रूप ग्रन्थ है, इसलिए उसमें तत्त्वार्थसूत्र के ही विषयों का संक्षेप में स्पष्टीकरण किया गया है। संक्षिप्त होते हुए भी वह अर्थबहुल है। उसे यदि वृत्तिसूत्र रूप ग्रन्थ कहा जाय तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। जयधवला में जो यह वृत्तिसूत्र का लक्षण कहा गया है वह सर्वार्थसिद्धि में भी घटित होता है—

"सुत्तस्सेव विवरणाए संखित्तसद्दरयणाए संगहिदसुत्तासेसत्थाए वित्तिसुत्तववएसादो।"

—क०पा० सुत्त की प्रस्तावना, पृ० १५

अर्थात् सूत्र के जिस विवरण या व्याख्यान में शब्दों की रचना संक्षिप्त हो, फिर भी जिसमें सूत्र के अन्तर्गत समस्त अर्थ का संग्रह किया गया हो उसका नाम वृत्तिसूत्र है।

यही कारण है कि भट्टाकलंकदेव ने सर्वार्थसिद्धि के अधिकांश वाक्यों को अपनी कृति तत्त्वार्थवार्तिक में यथाप्रसंग आत्मसात् कर उनके आश्रय से विवक्षित विषय को स्पष्ट किया है।[1]

६. षट्खण्डागम और तत्त्वार्थवार्तिक

तत्त्वार्थवार्तिक यह आचार्य भट्टाकलंकदेव (ई० सन् ७२०-८०) के द्वारा विरचित तत्त्वार्थ

---

(१) एदं सुत्तं मंदबुद्धिसिस्ससंभालणट्ठं खेत्ताणि ओगद्धारे उत्तमेव पुणरवि उत्तं ·····।
(पु० ४, पृ० १४८)

(२) पुणरुत्तत्तादो ण वत्तव्वमिदं सुत्तं ? ण, सव्वेसि जीवाणं सरिसणाणावरणीयकम्मक्ख-ओवसमाभावा।····· तदो भट्टसंसकारसिस्ससंभालणट्ठं वत्तव्वमिदं सुत्तं।
(पु० ६, पृ० ८१)

(३) ण एस दोसो, अइजडसिस्ससंभालणट्ठत्तादो। (पु० ६, पृ० ८४)

(४) विस्सरणालुसिस्ससंभालणट्ठमिदं सुत्तं। (पु० ६, पृ० ८७)

(५) एदेण पुव्वुत्तपयारेण दंणमोहणीयं उवसामेदि त्ति पुव्वुत्तत्थो चेव सुत्तेण संभालिदो।
(पु० ६, पृ० २३८)

(६) पुणरुत्तत्तादो णेदं सुत्तं वत्तव्वं ? ण एस दोसो, जडमइसिस्साणुग्गहहेदुत्तादो।
(पु० ६, पृ० ४८४)

(७) ण च एत्थ पुणरुत्तदोसो, मंदबुद्धीणं पुणरुत्तपुव्वुत्तत्थसंभालणेण फलोवलंभादो।
(पु० ७, पृ० ३६६)

इसी प्रकार नैगमादि नयों के और औपशमिक आदि भावों के स्वरूप से सम्बन्धित वाक्यों को भी दोनों ग्रन्थों में देखा जा सकता है।

२. उदाहरण स्वरूप दोनों ग्रन्थगत ये प्रसंग देखे जा सकते हैं—

(१) आत्म-कर्मणोरन्योन्यप्रदेशानुप्रवेशात्मको बन्धः।
(सर्वार्थसिद्धि १-४ व तत्त्वार्थवार्तिक १, ४, १७)

(२) आस्रवनिरोधलक्षणः संवरः। (सर्वार्थसिद्धि १-४ व त०वा० १,४,१८)

(३) एकदेशकर्मसंक्षयलक्षणा निर्जरा। (सर्वार्थसिद्धि १-४ व त०वा० १,४,१९)

(४) कृत्स्नकर्मविप्रयोगलक्षणो मोक्षः। (सर्वार्थसिद्धि १-४ व त०वा० १, ४, २०)

(५) अभ्यर्हितत्वात् प्रमाणस्य तत्पूर्वनिपातः। (सर्वार्थसिद्धि १-६ व त०वा० १, ६,१)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सूत्र की एक विस्तृत व्याख्या है। आचार्य वीरसेन ने इसका उल्लेख **तत्त्वार्थभाष्य** के नाम से किया है।[1] आ० अकलंकदेव अपूर्व दार्शनिक विद्वान होने के साथ सिद्धान्त के भी पारंगत रहे हैं। अपनी इस व्याख्या में उन्होंने जहाँ दार्शनिक विषयों का महत्त्वपूर्ण विश्लेषण किया है वहीं उन्होंने सैद्धान्तिक विषयों को भी काफी विकसित किया है। इसके अतिरिक्त उनकी इस व्याख्या में जहाँ तहाँ जो शब्दों की निरुक्ति व उनके साधन की प्रक्रिया देखी जाती है उससे निश्चित है कि वे शब्दशास्त्र के भी गम्भीर विद्वान रहे हैं। उन्होंने तत्त्वार्थसूत्र के भाष्यस्वरूप अपनी इस विस्तृत व्याख्या के रचने में प्रस्तुत ष०ख० का अच्छा उपयोग किया है। कहीं-कहीं उन्होंने ष० ख० के सूत्रों को उसी क्रम से छाया के रूप में प्रस्तुत भी किया है।

इसी प्रकार उन्होंने सर्वार्थसिद्धि के भी बहुत से वाक्यों को तत्त्वार्थवार्तिक में आत्मसात् कर उनके आधार पर विवक्षित तत्त्व की विवेचना की है। विशेष इतना है कि स०सि० में जहाँ तत्त्वार्थसूत्र के 'सत्संख्या' आदि सूत्र की व्याख्या में सूत्र में निर्दिष्ट उन सत्प्ररूपणा आदि आठ अनुयोगद्वारों की विस्तृत प्ररूपणा है वहाँ तत्त्वार्थवार्तिक में केवल सत् व संख्या आदि के स्वरूप को ही दिखलाया गया है, उनके आश्रय से वहाँ जीवस्थानों की प्ररूपणा नहीं की गई है। उनकी प्ररूपणा वहाँ आगे जाकर 'अनित्याशरण-संसार' आदि सूत्र (९-७) की व्याख्या में मात्र सत्प्ररूपणा के आधार से की गई है।

षट्खण्डागम के टीकाकार आ० वीरसेन स्वामी ने अपनी धवला टीका में तत्त्वार्थ-वार्तिक का आश्रय लिया है। कहीं-कहीं उन्होंने इसके वाक्यों को व प्रसंगप्राप्त पूरे सन्दर्भ को भी उसी रूप में अपनी इस टीका में आत्मसात् कर लिया है।[2] इसके अतिरिक्त जैसा कि पीछे कहा जा चुका है, कहीं पर उन्होंने '**उक्तं च तत्त्वार्थभाष्ये**' इस नाम निर्देश के साथ भी उसके वाक्यों को प्रसंग के अनुसार उद्धृत किया है।[3]

आगे यहाँ तुलनात्मक दृष्टि से उदाहरण के रूप में कुछ ऐसे प्रसंग उपस्थित किये जाते हैं जो ष० ख० और त० वा० दोनों ग्रन्थों में समान रूप से उपलब्ध होते हैं। इतना ही नहीं, कहीं-कहीं तो तत्त्वार्थवार्तिककार ने प० ख० के अन्तर्गत खण्ड और अनुयोगद्वार आदि का भी स्पष्टतया उल्लेख कर दिया है। जैसे—

१. त० वा० में 'भवप्रत्ययोऽवधिर्देव-नारकाणाम्' सूत्र (१-२१) की व्याख्या के प्रसंग में यह शंका उठाई गई है कि आगमपद्धति के अनुसार इस सूत्र में 'नारक' शब्द का पूर्व में निपात होना चाहिए। कारण यह कि आगम (षट्खण्डागम) में 'जीवस्थान' आदि खण्डों के अन्तर्गत सत्प्ररूपणा आदि अनुयोगद्वारों में आदेश की अपेक्षा विवक्षित सत्-संख्या आदि की प्ररूपणा करते हुए सर्वत्र प्रथमतः नारकियों में ही उन 'सत्' आदि की प्ररूपणा की गई है।

---

१. धवला पु० १, पृ० १०३ (उक्तं च तत्त्वार्थभाष्ये)

२. जैसे—वाक्संस्कारकारणानि शिरःकण्ठादीन्यष्टौ स्थानानि। वाक्प्रयोगशुभेतरलक्षणः सगमः (वक्ष्यते)। — धवला पु० १, पृ० ११६ तथा त०वा० १,२०, १२, पृ० ५२

आगे 'अभ्याख्यानवाक्' आदि रूप बारह प्रकार की भाषा और 'नाम-रूप' आदि दस प्रकार के सत्यवचन से सम्बन्धित पूरा सन्दर्भ दोनों में सर्वथा समानरूप में उपलब्ध होता है। देखिए धवला पु० १,११६-१८ और त० वा० १, २०, १२ (पृ० ५२)।

३. 'उक्तं च तत्त्वार्थभाष्ये।' —धवला पु० १, पृ० १०३

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तत्पश्चात् तिर्यंच, मनुष्य और देवों में उनकी प्ररूपणा है। इसलिए प्रकृत सूत्र में 'देव' शब्द के पूर्व में 'नारक' शब्द का प्रयोग होना चाहिए।[1]

इस शंका का समुचित समाधान वहाँ कर दिया गया है।

२. तत्त्वार्थवार्तिक में अवधिज्ञान के देशावधि-परमावधि आदि भेदों का निर्देश करते हुए उनके विषय की विस्तार से जो प्ररूपणा की गई है वह षट्खण्डागम के आधार से की गई दिखती है।

ष० ख० में वर्गणा खण्ड के अन्तर्गत 'प्रकृति' अनुयोगद्वार है। वहाँ अवधिज्ञानावरणीय की प्रकृतियों का निर्देश करते हुए प्रसंगवश अवधिज्ञान के देशावधि-परमावधि आदि भेदों का निर्देश किया गया है तथा उनके विषय की प्ररूपणा द्रव्य-क्षेत्रादि के आश्रय से पन्द्रह गाथा-सूत्रों में विस्तारपूर्वक की है। तत्त्वार्थवार्तिक में जो अवधिज्ञान के विषय की प्ररूपणा है उसके आधार वे गाथासूत्र ही हो सकते हैं।[2] उदाहरण के रूप में इस गाथासूत्र को देखा जा सकता है—

कालो चदुण्ण वुड्ढी कालो भजिदव्वो खेत्तवुड्ढीए।
वुड्ढीए दव्व-पज्जय भजिदव्वा खेत्त-काला दु॥ —पु० १३, पृ० ३०९

इसका त० वा० के इस सन्दर्भ से मिलान कीजिए—

"उक्तायां वृद्धौ यदा कालवृद्धिस्तदा चतुर्णामपिवृद्धिर्नियता। क्षेत्रवृद्धौ कालवृद्धिर्भाज्या—स्यात् कालवृद्धिः स्यान्नेति। द्रव्य-भावयोस्तु वृद्धिर्नियता। द्रव्यवृद्धौ भाववृद्धिर्नियता, क्षेत्र-काल-वृद्धिः पुनर्भाज्या स्याद्वा नवेति। भाववृद्धावपि द्रव्यवृद्धिर्नियता, क्षेत्र-कालवृद्धिर्भाज्या स्याद्वा न वेति।" —त० वा० १,२२, ५ पृ० ५७

आगे यहाँ एकक्षेत्र और अनेकक्षेत्र अवधिज्ञानों का स्वरूप भी दोनों ग्रन्थों (ष०ख० सूत्र ५,५, ५७-५८ और त० वा० १,२२,५ पृ० ५७) में द्रष्टव्य है।

३. त० वा० में 'जीव-भव्याभव्यत्वानि च' इस सूत्र (२-७) की व्याख्या के प्रसंग में एक यह शंका की गई है कि जीवत्व, भव्यत्व और अभव्यत्व इन तीन पारिणामिक भावों के साथ 'सासादनसम्यग्दृष्टि' इस द्वितीय गुण को भी ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि वह भी जीव का साधारण पारिणामिक भाव है। कारण यह कि 'सासादनसम्यग्दृष्टि यह कौन-सा भाव है? वह पारिणामिक भाव है' ऐसा आर्ष (ष० ख०) में कहा गया है। (त०वा० २,७,११)

यहाँ 'आर्ष' से शंकाकार का अभिप्राय जीवस्थान के अन्तर्गत भावानुयोगद्वार के इस सूत्र से रहा है—

"सासणसम्मादिट्ठि त्ति को भावो? स पारिणामिओ भावो।"—सूत्र १,७,३ (पु० ५)।

उपर्युक्त शंका का यथेष्ट समाधान भी वहाँ कर दिया गया है।

---

१. आगमे हि **जीवस्थानादौ सदादिष्वनुयोगद्वारेणाऽऽदेशवचने** नारकाणामेवादौ सदादि-प्ररूपणा कृता। ततो नारकशब्दस्य पूर्वनिपातेन भवितव्यमिति।—त० वा० १,२१, ६; ष०ख० सूत्र १,१,२४-२५ (पु० १); सू० १,२,१५ (पु० ३); सूत्र १,३,५; सूत्र १,४, ११; सूत्र १,५,३३ (पु० ४); १,६,२१; सूत्र १,७,१०; सूत्र १,८,२७ (पु० ५); इत्यादि।

२. ष० ख० पु० १३, पृ० ३०१-२८ तथा त० वा० १, २२,५ पृ० ५६-५७ (ये गाथासूत्र 'महाबन्ध' में उपलब्ध होते हैं)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४. त० वा० में 'संसारिणस्त्रस-स्थावराः' इस सूत्र (२-१२) की व्याख्या के प्रसंग में कहा गया है कि स्थावर नामकर्म के उदय से जिन जीवों के विशेषता उत्पन्न होती है वे स्थावर कहलाते हैं। इस पर वहाँ शंका उठायी गई है कि जो स्वभावतः एक स्थान पर स्थिर रहते हैं उन्हें स्थावर कहना चाहिए। इसके उत्तर में कहा गया है कि ऐसा कहना ठीक नहीं है क्योंकि वैसा मानने पर वायु, तेज और जल जीवों के त्रसरूपता का प्रसंग प्राप्त होता है। इस पर यदि यह कहा जाय कि उक्त वायु आदि जीवों को त्रस मानना तो अभीष्ट ही है[1] तो ऐसा कहना आगम के प्रतिकूल है। कारण यह कि आगमव्यवस्था के अनुसार **सत्प्ररूपणा** में **कायमार्गणा** के प्रसंग में द्वीन्द्रियों से लेकर अयोगिकेवली पर्यन्त जीवों को त्रस कहा गया है। इसलिए चलने की अपेक्षा त्रस और एक स्थान पर स्थिर रहने की अपेक्षा स्थावर नहीं कहा जा सकता है, किन्तु जिनके त्रसनामकर्म का उदय होता है उन्हें त्रस और जिनके स्थावर नामकर्म का उदय होता है उन्हें स्थावर जानना चाहिए।[2]

इस शंका-समाधान में यहाँ आगम व्यवस्था के अनुसार जिस **सत्प्ररूपणा** के अन्तर्गत काय वर्गणा से सम्बन्धित सूत्र की ओर संकेत किया गया है वह इस प्रकार है—

"तसकाइया बीइंदियप्पहुडि जाव अजोगिकेवलि त्ति।"

—ष० ख० सूत्र १,१,४४ (पु० १)।

५. त० वा० में स्वामी, स्वलाक्षण्य व स्वकारण आदि के आश्रय से औदारिकादि पाँच शरीरों में परस्पर भिन्नता दिखलाई गई है। उस प्रसंग में वहाँ स्वामी की अपेक्षा उनमें भिन्नता को प्रकट करते हुए यह कहा गया है कि औदारिकशरीर तिर्यंचों और मनुष्यों के होता है तथा वैक्रियिकशरीर देव-नारकियों, तेजकायिकों, वायुकायिकों एवं पंचेन्द्रिय तिर्यंचों व मनुष्यों के भी होता है। इस पर वहाँ यह शंका उपस्थित हुई है कि **जीवस्थान** में **योगमार्गणा** के प्रसंग में सात प्रकार के काययोग की प्ररूपणा करते हुए यह कहा गया है कि औदारिक और औदारिकमिश्र काययोग तिर्यंचों व मनुष्यों के तथा वैक्रियिक और वैक्रियिकमिश्र काययोग देवों और नारकियों के होता है। परन्तु यहाँ यह कहा जा रहा है कि वह (वैक्रियिकशरीर) तिर्यंचों व मनुष्यों के भी होता है; यह तो आगम के विरुद्ध है। इस शंका का समाधान करते हुए वहाँ यह कहा गया है कि इसमें कुछ विरोध नहीं है। इसका कारण यह है कि अन्यत्र उसका उपदेश है---**व्याख्याप्रज्ञप्तिदण्डकों** में शरीरभंग में वायु के औदारिक, वैक्रियिक, तैजस और कार्मण ये चार शरीर कहे गये हैं। ये ही चार शरीर वहाँ मनुष्यों के भी निर्दिष्ट किये गये हैं। इसपर शंकाकार ने कहा है कि इस प्रकार से तो उन दोनों आर्षों (आगमों) में परस्पर विरोध का प्रसंग प्राप्त होता है। इसके समाधान में आगे वहाँ कहा गया है कि अभिप्राय के भिन्न होने से उन दोनों में कुछ विरोध होनेवाला नहीं है। **जीवस्थान** में देव-नारकियों के सदा काल उसके देखे जाने के कारण वैक्रियिक शरीर का सद्भाव प्रकट किया गया है। परन्तु तिर्यंचों व मनुष्यों के वह सदा काल नहीं देखा जाता है, क्योंकि वह उनके लब्धि के निमित्त

---

१. यहाँ यह स्मरणीय है कि श्वे० परम्परा में तत्त्वार्थाधिगमभाष्यसम्मत 'तेजोवायू द्वीन्द्रियादयश्च त्रसाः' इस सूत्र (त०सू० २-१४) के अनुसार तेज और वायुकायिक जीवों को चलनक्रिया के आश्रय से त्रस माना गया है।

२. त० वा० २,१२,५

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

से उत्पन्न होता है। इसलिए उनके वह देव-नारकियों के समान सदा काल नहीं रहता है, उनके वह कदाचित् ही रहता है। इस प्रकार व्याख्याप्रज्ञप्तिदण्डकों में उसके अस्तित्व मात्र के अभिप्राय को लेकर तिर्यंच-मनुष्यों में वैक्रियिक शरीर का सद्भाव दिखलाया है।[1]

ऊपर तत्त्वार्थवार्तिक में जीवस्थानगत जिस प्रसंग का उल्लेख किया गया है वह इस प्रकार है—

"ओरालियकायजोगो ओरालियमिस्सकायजोगो तिरिक्ख-मणुस्साणं। वेउव्वियकायजोगो वेउव्वियमिस्सकायजोगो देव-णेरइयाणं।" —ष० ख०, सूत्र १,१,५७-५८ (पु० १)

६. इसके पूर्व त० वा० में औपशमिक भाव के दो भेदों के प्ररूपक 'सम्यक्त्व-चारित्रे' सूत्र (२-३) की व्याख्या करते हुए औपशमिक सम्यक्त्व के स्वरूप के स्पष्टीकरण में कहा गया है कि अनन्तानुबन्धी चार और मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व एवं सम्यक्त्व ये तीन दर्शन मोहनीय, इन सात प्रकृतियों के उपशम से जो सम्यक्त्व उत्पन्न होता है उसका नाम औपशमिक सम्यक्त्व है। इस पर वहाँ यह पूछा गया है कि अनादि मिथ्यादृष्टि भव्य के कर्मोदय जनित कलुषता के होने पर उनका उपशम कैसे होता है? इसके उत्तर में कहा गया है कि वह उनका उपशम उसके काललब्धि आदि कारणों की अपेक्षा से होता है।

इस प्रसंग में वहाँ कर्मस्थिति रूप दूसरी काललब्धि को स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि उत्कृष्ट और जघन्य स्थिति युक्त कर्मों के होने पर प्रथम सम्यक्त्व का लाभ नहीं होता है, किन्तु जब उनका बन्ध अन्तःकोड़ाकोड़ी प्रमाण स्थिति से युक्त होता है तथा विशुद्धि के वश उनके सत्त्व को भी जब जीव संख्यात हजार सागरोपमों से हीन अन्तःकोड़ाकोड़ी प्रमाण में स्थापित करता है तब वह प्रथम सम्यक्त्व के योग्य होता है।

यह प्रसंग पूर्णतया जीवस्थान की नौ चूलिकाओं में आठवीं 'सम्यक्त्वोत्पत्ति' चूलिका पर आधारित है, जो शब्दशः समान है। उसका मिलान इस रूप में किया जा सकता है—

"एवदिकालट्ठिदिएहि[2] कम्मेहि सम्मत्तं ण लहदि। लभदि त्ति विभासा। एदेसिं चेव सव्व कम्माणं जावे अंतो कोडाकोडिट्ठिदिं बंधदि तावे पढमसम्मत्तं लभदि। सो पुण पंचिंदिओ सण्णी मिच्छाइट्ठी पज्जत्तो सव्वविसुद्धो। एदेसिं चेव सव्वकम्माणं जाधे अंतोकोडाकोडिट्ठिदिं ठवेदि संखेज्जेहि सागरोवमसहस्सेहि ऊणियं ताधे पढमसम्मत्तमुप्पादेदि।"

—ष०ख०, सूत्र १, ९-८,१-५ (पु० ६)

"अपरा कर्मस्थितिका काललब्धिरुत्कृष्टस्थितिकेषु कर्मसु जघन्यस्थितिकेषु प्रथमसम्यक्त्वलाभो न भवति। क्व तर्हि भवति? अन्तःकोटाकोटिसागरोपमस्थितिकेषु कर्मसु बन्धमापद्यमानेषु विशुद्धपरिणामवशात् सत्कर्मसु च ततः संख्येयसागरोपमसहस्रोनायामन्तःकोटाकोटिसागरोपमस्थितौ स्थापितेषु प्रथमसम्यक्त्वयोग्यो भवति।" —त०वा० २,३,१-२

आगे त० वा० में प्रथम सम्यक्त्व के अभिमुख हुए जीव की योग्यता को प्रकट करते हुए यह कहा गया है—

"स पुनर्भव्यः पंचेन्द्रियः संज्ञी मिथ्यादृष्टिः पर्याप्तकः सर्वविशुद्धः प्रथमसम्यक्त्वमुत्पाद-

---

१. त० वा० २, ४९,८

२. यह पद इसके पूर्व छठी व सातवीं चूलिका में क्रम से प्ररूपित सब कर्मों की उत्कृष्ट और जघन्य स्थितियों की ओर संकेत करता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यति। (यहाँ ष० ख० की अपेक्षा एक 'भव्य' पद अधिक है)। —त० वा० २,३,२

यह ष० ख० के इस सूत्र का छायानुवाद है—

"सो पुण पंचिंदिओ सण्णी मिच्छाइट्ठी पज्जत्तओ सव्वविसुद्धो।" —सूत्र १,९-८,४

७. आगे त० वा० में यहीं पर यह कहा गया है कि इस प्रकार प्रथम सम्यक्त्व को उत्पन्न करता हुआ वह अन्तर्मुहूर्त वर्तता है, अन्तरकरण करता है। अन्तरकरण करके मिथ्यात्व के तीन भाग करता है—सम्यक्त्व, मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्व। अनन्तर यहाँ नरकगति में वह सम्यग्दर्शन किन कारणों से उत्पन्न होता है, इसे स्पष्ट किया गया है। यह सब सन्दर्भ ष० ख० से कितना प्रभावित है, द्रष्टव्य है—

(क) "पढमसम्मत्तमुप्पादेंतो अंतोमुहुत्तमोहट्टेदि। ओहट्टेदूण मिच्छत्तं तिण्णिभागं करेदि सम्मत्तं मिच्छत्तं सम्मामिच्छत्तं। दंसणमोहणीयं कम्मं उवसामेदि। उवसामेंतो कम्हि उवसामेदि? चदुसु वि गदीसु उवसामेदि।" —ष०ख०, सूत्र १,९-८,६

"उत्पादयन्तसावन्तर्मुहूर्तमेव वर्तयति अपवर्त्य[1] च मिथ्यात्व कर्म त्रिधा विभजते सम्यक्त्वं मिथ्यात्वं सम्यङ्मिथ्यात्वं चेति। दर्शनमोहनीयं कर्मोपशमयन् क्वोपशमयति? चतसृषु गतिषु।" —त० वा० २,३,२

(ख) "णेरइया मिच्छाइट्ठी पढमसम्मत्तमुप्पादेंति। उप्पादेंता कम्हि उप्पादेंति? पज्जत्तएसु उप्पादेंति, णो अपज्जएसु। पज्जत्तएसु उप्पादेंता अंतोमुहुत्तप्पहुडि जाव तप्पाओग्गंतोमुहुत्तं उवरिमुप्पादेंति, णो हेट्ठा। एवं जाव सत्तसु पुढवीसु णेरइया। णेरइया मिच्छाइट्ठी कदिहि कारणेहि पढमसम्मत्तमुप्पादेंति? तीहि कारणेहि पढमसम्मत्तमुप्पादेंति। केइं जाइस्सरा केइं सोऊण केइं वेदणाहिभूदा। एवं तिसु उवरिमासु पुढवीसु णेरइया। चदुसु हेट्ठिमासु पुढवीसु णेरइया मिच्छाइट्ठी कदिहि करणेहि पढमसम्मत्तमुप्पादेंति? दोहि कारणेहि पढमसम्मत्तमुप्पादेंति। केइं जाइस्सरा केइं वेयणाहिभूदा।" —ष० ख० १, ९-९, १-१२ (पु० ६)

"तत्र नारकाः प्रथमसम्यक्त्वमुत्पादयन्तः पर्याप्तका उत्पादयन्ति नापर्याप्तकाः, पर्याप्तकाश्चान्तर्मुहूर्तस्योपरि उत्पादयन्ति नाधस्तात्। एवं सप्तसु पृथिवीषु तत्रोपरि तिसृषु पृथिवीषु नारकास्त्रिभिः कारणैः सम्यक्त्वमुपजनयन्ति—केचिज्जातिं स्मृत्वा केचिद् धर्मं श्रुत्वा केचिद् वेदनाभिभूताः। अधस्ताच्चतसृषु पृथिवीषु द्वाभ्यां कारणाभ्याम्—केचिज्जातिं स्मृत्वा अपरे वेदनाभिभूताः।" —त० वा० २, ३,२

इस प्रकार त० वा० में ष० ख० के सूत्रों का रूपान्तर जैसा किया गया है। जैसा कि पीछे 'सर्वार्थसिद्धि' के प्रसंग में स्पष्ट किया जा चुका है, ष० ख० में अपनी प्रश्नोत्तर पद्धति के अनुसार कुछ पुनरुक्ति हुई है, जो त० वा० में नहीं है।

सम्यग्दर्शन की उत्पत्ति के इन कारणों की प्ररूपणा आगे तिर्यंचों, मनुष्यों और देवों में भी शब्दशः समान रूप से ही दोनों ग्रन्थों में की गई है। (देखिए ष० ख० सूत्र १,९-९ १३-४३ तथा त० वा० २,३,२)

८. त० वा० में नारकियों की आयु के प्ररूपक सूत्र (३-६) की व्याख्या करते हुए उस प्रसंग में यह भी स्पष्ट किया गया है कि नारकपृथिवियों में उत्पन्न होनेवाले नारकी वहाँ किस

---

१. यहाँ 'ओहट्टेदि' और 'ओहट्टेदूण' इन प्राकृत शब्दों के रूपान्तर करने अथवा प्रतिलिपि के करने में कुछ गड़बड़ी हुई प्रतीत होती है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गुणस्थान के साथ प्रविष्ट होते हैं और किस गुणस्थान के साथ वहाँ से निकलते हैं। यह प्रसंग भी त० वा० में पूर्णतया ष०ख० से प्रभावित है। यथा—

"णेरइया मिच्छत्तेण अधिगदा केइं मिच्छत्तेण णीति। केइं मिच्छत्तेण अधिगदा सासण-सम्मत्तेण णीति। केइं मिच्छत्तेण अधिगदा सम्मत्तेण णीति। सम्मत्तेण अधिगदा सम्मत्तेण चेव णीति। एवं पढमाए पुढवीए णेरइया। बिदियाए जाव छट्ठीए पुढवीए णेरइया मिच्छत्तेण अधिगदा केइं मिच्छत्तेण णीति। मिच्छत्तेण अधिगदा केइं सासणसम्मत्तेण णीति। मिच्छत्तेण अधिगदा केइं सम्मत्तेण णीति। सत्तमाए पुढवीए णेरइया मिच्छत्तेण चेव णीति।"

—ष०ख०, सूत्र १,९-९ ४४-५२ (पु० ६)

"प्रथमायामुत्पद्यमाना नारका मिथ्यात्वेनाधिगताः केचिन्मिथ्यात्वेन निर्यान्ति। मिथ्यात्वेनाधिगताः केचित् सासादनसम्यक्त्वेन निर्यान्ति। मिथ्यात्वेन प्रविष्टाः केचित् सम्यक्त्वेन। केचित् सम्यक्त्वेनाधिगताः सम्यक्त्वेनैव निर्यान्ति क्षायिकसम्यग्दृष्ट्यपेक्षया। द्वितीयादिषु पञ्चसु नारका मिथ्यात्वेनाधिगताः केचिन्मिथ्यात्वेन निर्यान्ति। मिथ्यात्वेनाधिगताः केचित् सासादनसम्यक्त्वेन निर्यान्ति। मिथ्यात्वेन प्रविष्टाः केचित् सम्यक्त्वेन निर्यान्ति। सप्तम्यां नारका मिथ्यात्वेनाधिगता मिथ्यात्वेनैव निर्यान्ति।" —त० वा० ३,६,६ पृ० ११८

९. त० व० में इसी सूत्र की व्याख्या में आगे नारक पृथिवियों से निकलते हुए नारकी किन गतियों में आते हैं, इसे स्पष्ट किया गया है। यह प्रसंग भी ष० ख० से सर्वथा समान है—

"णेरइयामिच्छाइट्ठी सासणसम्माइट्ठी णिरयादो उव्वट्टिदसम्माणा कदि गदीओ आगच्छंति? दो गदीओ आगच्छंति तिरिक्खगदिं चेव मणुसगदिं चेव। तिरिक्खेसु आगच्छंता पंचिंदिएसु आगच्छंति, णो एइंदिय-विगलिंदिएसु। पंचिंदिएसु आगच्छंता सण्णीसु आगच्छंति, णो असण्णीसु। सण्णीसु आगच्छंता गब्भोवक्कंतिएसु आगच्छंति, णो सम्मुच्छिमेसु। गब्भोवक्कंतिएसु आगच्छंता पज्जत्तएसु आगच्छंति, णो अपज्जत्तएसु। पज्जत्तएसु आगच्छंता संखेज्जवस्साउएसु आगच्छंति, णो असंखेज्जवस्साउएसु।" —ष० ख०, सूत्र १,-९-९, ७६-८२ (पु० ६)

"षड्भ्य उपरि पृथिवीभ्यो मिथ्यात्व-सासादनसम्यक्त्वाभ्यामुद्वर्तिताः केचित् तिर्यङ्-मनुष्य-गतिमायान्ति। तिर्यक्ष्वायाताः पञ्चेन्द्रिय-गर्भज-संज्ञि-पर्याप्तक-संख्येय-वर्षायुःषूत्पद्यन्ते, नेतरेषु।"

—त० वा० ३,६,६ (पृ० ११८)

दोनों ग्रन्थगत यह प्रसंग शब्दशः समान है। विशेषता यह है कि षट्खण्डागम में जहाँ पंचेन्द्रिय, गर्भज, संज्ञी, पर्याप्त और संख्यातवर्षायुष्कों में आने का उल्लेख पृथक्-पृथक् सूत्रों द्वारा किया गया है वहाँ तत्त्वार्थवार्तिक में उनका उल्लेख संक्षेप में 'पञ्चेन्द्रिय-गर्भज' आदि एक ही समस्त पद में कर दिया गया है, अभिप्राय में कोई भेद नहीं रहा है।

ष०ख० में आगे यह प्रसंग जहाँ ८३-१०० सूत्रों में समाप्त हुआ है वहाँ त०वा० में वहीं पर वह दो पंक्तियों में समाप्त हो जाता है, फिर भी अभिप्राय कुछ भी छूटा नहीं है।

१०. त० वा० में आगे इसी प्रसंग में यह स्पष्ट किया गया है कि नारकी उन पृथिवियों से निकलकर किन गतियों में आते हैं व वहाँ आकर वे किन गुणों को प्राप्त करते हैं यह प्रसंग भी दोनों ग्रन्थों में द्रष्टव्य है जो शब्दशः समान है—

"अधो सप्तमाए पुढवीए णेरइया णिरयादो णेरइया उव्वट्टिद-समाणा कदि गदीओ आगच्छंति? एक्कं हि चेव तिरिक्खगदिमागच्छंति त्ति। तिरिक्खेसु उववण्णल्लया तिरिक्खा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

छण्णो उप्पाएंति—आभिणिबोहियणाणं णो उप्पाएंति, सुदणाणं णो उप्पाएंति, ओहिणाणं णो उप्पाएंति, सम्मामिच्छत्तं णो उप्पाएंति, सम्मत्तं णो उप्पाएंति, संजमासंजमं णो उप्पाएंति।"

—ष०ख०, सूत्र १,९-९,२०३-५

"सप्तम्यां नारका मिथ्यादृष्टयो नरकेभ्य उद्वर्तिता एकामेव तिर्यग्गतिमायान्ति। तिर्यक्ष्वायाताः पंचेन्द्रिय-गर्भज-पर्याप्तक-संख्येयवर्षायुःषूत्पद्यन्ते, नेतरेषु। तत्र चोत्पन्नाः सर्वे मति-श्रुतावधि-सम्यक्त्व-सम्यङ्मिथ्यात्व-संयमासंयमान् नोत्पादयन्ति।" —त०वा० ३,६,७

इसी प्रकार दोनों ग्रन्थों में आगे छठी-पाँचवीं आदि पृथिवियों से निकलने वाले नारकियों से सम्बन्धित यह प्रसंग भी सर्वथा समान है। (देखिए ष०ख० सूत्र १,९-९,२०६-२० और त०वा० ३,६,७ पृ० ११८-१९)

११. त०वा० में पीछे ऋजुमतिमनःपर्यय के ये तीन भेद किए गये हैं—ऋजुमनोगतविषय, ऋजुवचनगतविषय और ऋजुकायगतविषय। यथा—

"आद्यस्त्रेधार्जुमनोवाक्-कायविषयभेदात्।" — त०वा० १,२,३,९

ष०ख० में ऋजुमतिमनःपर्ययज्ञान के आवारक ऋजुमतिमनःपर्ययज्ञानावरणीय के वे ही तीन भेद इस प्रकार निर्दिष्ट किए गये हैं –

"जं तं उजुमदिमणपज्जवणाणावरणीयं णाम कम्मं तं तिविहं—उजुगं मणोगदं जाणदि उजुगं वचिगदं जाणदि उजुगं कायगदं जणादि।" —सूत्र ५,५,६२ (पु० १३, पृ० ३२९)

यद्यपि 'आवरणीय' के साथ 'जाणदि' पद का प्रयोग असंगत-सा दिखता है, फिर भी धवलाकार ने मूलग्रन्थकार के अभिप्राय को इस प्रकार स्पष्ट कर दिया है—

"जेण उजुमणोगदट्ठविसयं उजुवचिगदट्ठविसयं उजुकायगदट्ठविसयं ति तिविहमुजुमदिणाणं तेण तदावरणं पि तिविहं होदि।" — पु० १३, पृ० ३२९-३९

त०वा० में आगे ऋजुमतिमनःपर्यय के उक्त भेदों के स्पष्टीकरण के प्रसंग में यह शंका की गई है कि यह अभिप्राय कैसे उपलब्ध होता है। इसके उत्तर में वहाँ कहा गया है कि **आगम के अविरोध** से वह अभिप्राय उपलब्ध होता है। यह कहते हुए वहाँ कहा गया है—

"आगमे ह्युक्तं **मनसा मनः परिच्छिद्य परेषां संज्ञादीन् जानाति** इति, मनसा आत्मनेत्यर्थः।...तमात्मना आत्माऽवबुध्याऽऽत्मनः **परेषां च चिन्ता-जीवित-मरण-सुख-दुःख-लाभालाभादीन् विजानाति। व्यक्तमनसां जीवानामर्थं जानाति, नाव्यक्तमनसाम्।**"

—त०वा० १,२३,९ (पृ० ५८)

त०वा० में यहाँ 'आगम' से अभिप्राय ष०ख० के इन सूत्रों का रहा है। मिलान कीजिए—

"मणेण माणसं पडिविंदइत्ता परेसिं संण्णा मदि सदि चिंता जीविद-मरणं लाहालाहं सुह-दुक्खं णयरविणासं देसविणासं जणवयविणासं खेडविणासं कव्वडविणासं मडंबविणासं पट्टणविणासं दोणामुहविणासं अइवुट्ठि अणावुट्ठि सुवुट्ठि दुवुट्ठि सुभिक्खं दुब्भिक्खं खेम-खेम-भय-रोग-कालसंपजुत्ते अत्थे वि जणादि। किं चि भूओ—**अप्पणो परेसिं च वत्तमाणाणं जीवाणं जाणदि, णो अव्वत्तमाणाणं जाणदि।**"

—ष०ख०, सूत्र ५,५,६३-६४ (पु० १३, पृ० २३२ व २३६-३७)

धवला में 'वत्तमाणाणं' आदि का स्पष्टीकरण इस प्रकार किया गया है—

"...व्यक्तं निष्पन्नं संशय-विपर्ययानध्यवसायविरहितं मनः येषां ते व्यक्तमनसः, तेषां व्यक्तमनसां जीवानां परेषामात्मनश्च सम्बन्धि वस्त्वन्तरं जानाति, नो अव्यक्तमनसां जीवानां

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सम्बन्धि वस्त्वन्तरम्, तत्र तस्य सामर्थ्याभावात्। कधं मणस्स माणववएसो ? 'एए छच्च समाणा' त्ति विहिददीहत्तादो। अथवा वर्तमानानां जीवानां वर्तमानमनोगतत्रिकालसम्बन्धिनमर्थं जानाति, नातीतानागतमनोविषयमिति सूत्रार्थो व्याख्येयः।"

—धवला पु० १३, पृ० ३३७

दोनों ग्रन्थों में आगे उस ऋजुमतिमनःपर्यय के विषय की भी प्ररूपणा इस प्रकार की गई है, जो शब्दशः समान है—

"कालदो जहण्णेण दो-तिण्णिभवग्गहणाणि। उक्कस्सेण सत्तट्ठभवग्गहणाणि। जीवाणं गदिमागदिं पदुप्पादेदि। खेत्तदो ताव जहण्णेण गाउवपुधत्तं, उक्कस्सेण जोयणपुधत्तस्स अब्भंतरदो णो बहिद्धा।"

—ष०ख० सूत्र ५,५,६५-६८

"कालतो जघन्येन जीवानामात्मनश्च द्वि-त्रीणि, उत्कर्षेण सप्ताष्टानि भवग्रहणानि गत्यागत्यादिभिः प्ररूपयति। क्षेत्रतो जघन्येन गव्यूतिपृथक्त्वस्याभ्यन्तरं न बहिः, उत्कर्षेण योजनपृथक्त्वस्याभ्यन्तरं न बहिः।"

—त०वा० १,२३,६ (पृ० ५८-५९)

दोनों ग्रन्थों में जिस प्रकार समान रूप में ऋजुमतिमनःपर्ययज्ञान के भेदों और विषय की प्ररूपणा की गई है उसी प्रकार आगे विपुलमतिमनःपर्ययज्ञान के भेदों और विषय की भी प्ररूपणा समान रूप में की गई है। यथा—

"जं तं विउलमदिमणपज्जवणाणावरणीयं णाम कम्मं तं छव्विहं—उज्जुगमणुज्जुगं मणोगदं जाणदि, उज्जुगमणुज्जुगं वचिगदं जाणदि, उज्जुगमणुज्जुगं कायगदं जाणदि।" इत्यादि

—ष०ख०, सूत्र ५,५,७०-७७

"द्वितीयः षोढा ऋजु-वक्रमनोवाक्कायभेदात्।" इत्यादि

—तत्त्वार्थवार्तिक १,२३,१० (पृ० ५९)

१२. (क) त० वा० में 'शब्द-बन्ध-सौक्ष्म्य' इत्यादि सूत्र (५-२४) की व्याख्या करते हुए उस प्रसंग में बन्ध के ये दो भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—विस्रसाबन्ध और प्रयोगबन्ध। इनमें वैस्रसिकबन्ध आदिमान् और अनादि के भेद से दो प्रकार का है। इनमें आदिमान् वैस्रसिकबन्ध के लक्षण का निर्देश करते हुए यह कहा गया है कि जो बन्ध स्निग्ध और रूक्ष गुणों के निमित्त से **विद्युत्, उल्का**, जलधारा, अग्नि और **इन्द्रधनुष** आदि को विषय करनेवाला है उसका नाम आदिमान् वैस्रसिक बन्ध है।

—त०वा० ५,२४,१०-११

ष०ख० में वर्गणाखण्ड के अन्तर्गत 'बन्धन' अनुयोगद्वार में बन्ध के प्रसंग में विस्रसाबन्ध के सादि विस्रसाबन्ध और अनादि विस्रसाबन्ध ये ही भेद निर्दिष्ट किये गये हैं। (सूत्र ५,६, २८; पु० १४)

आगे सादिविस्रसाबन्ध के स्वरूप को प्रकट करते हुए यह सूत्र कहा गया है—

"से तं बंधणपरिणामं पप्प से अब्भाणं वा मेहाणं वा संज्झाणं वा **विज्जूणं** वा **उक्काणं** वा कणयाणं वा दिसादाहाणं वा धूमकेदूणं वा इंदाउहाणं वा खेत्तं पप्प कालं पप्प उडुं पप्प अयणं पप्प पोग्गलं पप्प जे चामण्णे एवमादिया अंगमलप्पहुदीणि बंधणपरिणामेण परिणमंति सो सव्वो सादियबंधो णाम।"

—सूत्र ५,६,३७ (पु० १४)

ऊपर त० वा० में वैस्रसिक बन्ध के उन दो भेदों का निर्देश करते हुए जो आदिमान् (सादि) वैस्रसिकबन्ध का लक्षण प्रकट किया गया है वह सम्भवतः इस ष०ख० के सूत्र के आश्रय से ही प्रकट किया गया है। विशेष इतना है कि ष०ख० में जहाँ इस बन्ध के रूप से

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परिणत होनेवाले अभ्र, मेघ, संध्या, विद्युत् और उल्का आदि अनेक पदार्थों का उल्लेख किया है वहाँ तत्त्वार्थवार्तिक में केवल विद्युत्, उल्का, जलधारा, अग्नि और इन्द्रधनुष इनका मात्र उल्लेख किया गया है।

(ख) इसके पूर्व ष०ख० में जो उसी सादि विस्रसाबन्ध के प्रसंग में स्निग्धता और रूक्षता के आश्रय से होनेवाले परमाणुओं के पारस्परिक बन्ध के विषय में विचार किया गया है उसमें कुछ मतभेद रहा है।[1]

त० वा० में बन्धविषयक चर्चा आगे 'स्निग्धरूक्षत्वाद् बन्धः' आदि सूत्रों (तत्त्वार्थसूत्र ५,३२-३६) की व्याख्या करते हुए की गई है। उस प्रसंग में वहाँ ष०ख० के इस गाथासूत्र को भी 'उक्तं च' के निर्देश के साथ उद्धृत किया गया है—

णिद्धस्स णिद्धेण दुराहिएण लुक्खस्स लुक्खेण दुराहिएण।
णिद्धस्स लुक्खेण हवेदि बंधो जहण्णवज्जे विसमे समे वा॥

—त० वा० ५,३५,२ पृ० २४२ व ष०ख० सूत्र ५,६,३६ (पु० १४, पृ० ३३)

(ग) इसी प्रसंग में त० वा० में '**बन्धेऽधिकौ पारिणामिकौ च**' इस सूत्र (५-३६) की व्याख्या करते हुए यह कहा गया है कि इस सूत्र के स्थान में दूसरे '**बन्धे समाधिकौ पारिणामिकौ**' ऐसा सूत्र पढ़ते हैं।[2] वह असंगत है, क्योंकि **आर्ष के विरुद्ध** है। इसे स्पष्ट करते हुए वहाँ आगे कहा गया है कि **आर्ष** में **वर्गणा** के अन्तर्गत **बन्धविधान** में **सादिवैस्रसिक बन्ध** का निर्देश किया गया है। उस प्रसंग में वहाँ विषम रूक्षता व विषम स्निग्धता में बन्ध और समरूक्षता व समस्निग्धता में भेद (बन्ध का अभाव) कहा गया है। तदनुसार ही '**गुणसाम्ये सदृशानाम्**' यह सूत्र (तत्त्वार्थसूत्र ५-३४) कहा गया है। इस सूत्र के द्वारा समान गुणवाले परमाणुओं के बन्ध का निषेध किया गया है। इस प्रकार समगुणवाले परमाणुओं में बन्ध का प्रतिषेध करने पर बन्ध में समगुणवाला परमाणु परिणामक होता है ऐसा कहना आर्ष के विरुद्ध है।

(त० वा०५,३६, ३-४)

यहाँ **आर्ष** व **वर्गणा** का उल्लेख करते हुए जिस नोआगमद्रव्यबन्ध के प्रसंग की ओर संकेत किया है वह ष०ख० में **वर्गणाखण्ड** के अन्तर्गत **बन्धन** अनुयोगद्वार में इस प्रकार उपलब्ध होता है—

"जो सो धप्पो सादियविस्ससाबंधो णाम तस्स इमो णिद्देसो—वेमादा णिद्धदा वेमादा लुक्खदा बंधो। समणिद्धदा समलुक्खदा भेदो।

णिद्ध-णिद्धा ण बज्झंति लुक्ख-लुक्खा य पोग्गला।
णिद्ध-लुक्खा य बज्झंति रूवारूवी य पोग्गला॥

—ष०ख० ५,६, ३२-३४ (पु० १४, पृ० ३०-३१)

जैसाकि त० वा० में निर्देश किया गया है, इस बन्ध की प्ररूपणा ष०ख० में वर्गणाखण्ड के अन्तर्गत बन्धन अनुयोगद्वार में नोआगमद्रव्यबन्ध (सूत्र २६) के प्रसंग में हीं की गई है।

१. सूत्र ५,६,३२-३६ (पु०१४, पृ० ३०-३३)
२. बन्धे समाधिकौ पारिणामिकौ (तत्त्वार्थसूत्र ५-३६—तत्त्वार्थाधिगम भाष्य सम्मत सूत्रपाठ के अनुसार)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(घ) अनादिविस्रसाबन्ध के स्वरूप को देखिए जो दोनों ग्रन्थों में सर्वथा समान हैं—

"जो सो अणादिय विस्ससाबंधो णाम सो तिविहो धम्मत्थिया अधम्मत्थिया आगासत्थिया चेदि। धम्मत्थिया धम्मत्थियदेसा धम्मत्थियपदेसा अधम्मत्थिया अधम्मत्थियदेसा अधम्मत्थियपदेसा आगासत्थिया आगासत्थियदेसा आगासत्थियपदेसा एदासिं तिण्णं पि अत्थिआणमण्णोण्णपदेसबंधो होदि।" —ष०ख० सूत्र ५,६,३०-३१

"अनादिरपि वैस्रसिकबन्धो धर्माधर्माकाशानामेकशः त्रैविध्यान्नवविधः। धर्मास्तिकायबन्धः धर्मास्तिकायदेशबन्धः धर्मास्तिकायप्रदेशबन्धः अधर्मास्तिकायबन्धः अधर्मास्तिकायदेशबन्धः अधर्मास्तिकायप्रदेशबन्धः आकाशास्तिकायबन्धः आकाशास्तिकायदेशबन्धः आकाशास्तिकायप्रदेशबन्धश्चेति।" —त० वा० ५,२४,११, पृ० २३२

आगे यहाँ धर्मास्तिकाय आदि के स्वरूप का निर्देश इस प्रकार किया गया है—

"कृत्स्नो धर्मास्तिकायः, तदर्धं देशः अर्धार्धं प्रदेशः। एवमधर्माकाशयोरपि।"

—त०वा० ५,२४,११, पृ० २३२

ष०ख० मूल में इनका कुछ भी स्पष्टीकरण नहीं किया गया है। पर धवलाकार ने उनके स्वरूप को स्पष्ट करते हुए सब अवयवों के समूह को धर्मास्तिकाय, उसके अर्ध भाग से लेकर चतुर्थभाग तक को धर्मास्तिकायदेश और उसी के चौथे भाग से लेकर शेष को धर्मास्तिकायप्रदेश कहा है। आगे अधर्मास्तिकाय और आकाशास्तिकाय के भी स्वरूप को इसी प्रकार से जान लेने की सूचना कर दी है। (धवला पु० १४, पृ० ३०)

(ङ.) आगे दोनों ग्रन्थों में प्रयोगबन्ध के कर्मबन्ध और नोकर्मबन्ध रूप दो भेदों का निर्देश करते हुए नोकर्मबन्ध के ये पाँच भेद कहे गये हैं—आलापनबन्ध, अल्लीवनबन्ध[1] संश्लेषबन्ध, शरीरबन्ध और शरीरिबन्ध। इन पाँचों बन्धों का स्वरूप भी दोनों ग्रन्थों मे समान रूप से कहा गया है। (देखिए ष०ख० सूत्र ५,६,३८-६४ (पु० १४, पृ० ३६-४६) और त० वा० ५, २४,१३ पृ० २३२-३३)

१३. तत्त्वार्थवार्तिक में '**अनित्यशरण**' आदि सूत्र (तत्त्वार्थसूत्र ९-७) की व्याख्या करते हुए बोधिदुर्लभ भावना के प्रसंग में 'उक्तं च' कहकर आगमप्रामाण्य के रूप में '**एगणिगोदसरीरे**' आदि गाथासूत्र को उद्धृत किया गया है। वह गाथासूत्र ष०ख० में यथास्थान अवस्थित है।[2]

१४. त० वा० में उपर्युक्त सूत्र की ही व्याख्या में 'धर्मस्वाख्यात' भावना के प्रसंग में

---

१. त० वा० में इसका उल्लेख 'आलेपन' के नाम से किया गया है। वहाँ उसका स्वरूप इस प्रकार निर्दिष्ट है—

'कुड्य-प्रासादादीनां मृत्पिण्डेष्टकादिभिः प्रलेपदानेन अन्योऽन्यालेपनात् अर्पणात् आलेपनबन्धः। धातूनामनेकार्थत्वात् आङ्.पूर्वस्य लिङ.: अर्पणक्रियस्य ग्रहणम्।'

—त० वा० ५,२४,१३,

ष०ख० में इसका स्वरूप इस प्रकार कहा गया है—"जो सो अल्लीवणबंधो णाम तस्स इमो णिद्देसो—से कडयाणं वा कुड्डाणं वा गोवरपीडाणं वा पागाराणं वा साडियाणं वा जे चामण्णे एवमादिया अण्णदव्वाणमण्णदव्वेहि अल्लीविदाणं बंधो होदि सो सव्वो अल्लीवणबंधो णाम।" —ष०ख०, सूत्र ५,६,१४ (पु० १४, पृ० ३९)

२. ष०ख० पु० १४, पृ० २३४ तथा त० वा० ९,७,११, पृ० ३२९

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गति-इन्द्रिय आदि चौदह मार्गणाओं के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए उनमें क्रम से यथासम्भव जीवस्थानों—चौदह जीवसमासों—और गुणस्थानों के सद्भाव को प्रकट किया गया है।[1] यथा—

"···तान्येतानि चतुर्दशमार्गणास्थानानि, तेषु जीवस्थानानां सत्ता विचिन्त्यते—तिर्यग्गतौ चतुर्दशापि जीवस्थानानि सन्ति। इतरासु तिसृषु द्वे द्वे पर्याप्तकापर्याप्तकभेदात्।[2] एकेन्द्रियेषु चत्वारि जीवस्थानानि। विकलेन्द्रियेषु द्वे द्वे। पञ्चेन्द्रियेषु चत्वारः।" (त० वा० ९,७,१२ पृ० ३३०)

ष०ख० में जीवस्थान खण्ड के अन्तर्गत 'सत्प्ररूपणा' अनुयोगद्वार में यथाप्रसग गुणस्थान और मार्गणास्थानों के क्रम से उस सबका विस्तारपूर्वक विचार किया गया है।[3]

धवलाकार ने तो सत्प्ररूपणा के अन्तर्गत समस्त (१७७) सूत्रों की व्याख्या को समाप्त करके तत्पश्चात् 'संपहि संतसुत्तविवरणसमत्ताणंतरं तेसिं परूवणं भणिस्सामो' ऐसी प्रतिज्ञा करते हुए यथाक्रम से गुणस्थानों और मार्गणास्थानों के आश्रय से केवल जीवस्थानों (जीव समासों) की ही नहीं, गुणस्थान व जीवसमास आदि रूप बीस प्ररूपणाओं की विवेचना बहुत विस्तार से की है। यह सब ष०ख० की पु० २ में प्रकाशित है।

उपसंहार

ऊपर के विवेचन से यह स्पष्ट हो चुका है कि तत्त्वार्थवार्तिक के रचियता आ० अकलंकदेव के समक्ष प्रस्तुत षट्खण्डागम रहा है और उन्होंने उसकी रचना में यथाप्रसग उसका यथेष्ट उपयोग भी किया है। कहीं-कहीं पर उन्होंने उसके सूत्रों को संस्कृत रूपान्तर में उद्धृत करते हुए उसके खण्डविशेष, अनुयोगद्वार और प्रसंगविशेष का भी निर्देश कर दिया है। जैसे—जीवस्थान (प्रथम खण्ड), वर्गणा (पाँचवाँ खण्ड), सत्प्ररूपणा, कायानुवाद (कायमार्गणा), योगभंग (योगमार्गणा) और बन्धविधान आदि।

जैसाकि पीछे 'सर्वार्थसिद्धि' के प्रसंग में स्पष्ट किया जा चुका है, ष०ख० में विवक्षित विषय की प्ररूपणा प्रश्नोत्तर शैली में करते हुए उससे सम्बद्ध सूत्रवाक्यों का उल्लेख पुनः-पुनः किया गया है। इस प्रकार की पुनरुक्ति इस त० वा० में नहीं हुई है। वहाँ विवक्षित विषय की प्ररूपणा संक्षेप से प्रायः उसी ष० ख० के शब्दों में की गई है।

सर्वार्थसिद्धिकार ने उस ष०ख० का आश्रय विशेषकर 'सत्संख्या' आदि सूत्र की व्याख्या में तथा एक-दो अन्य प्रसंगों पर ही लिया है। किन्तु त०वा० के रचियता ने उसका आश्रय अनेक प्रसंगों पर लिया है। यह विशेष स्मरणीय है सर्वार्थसिद्धि में जिस 'सत्संख्या' आदि सूत्र की व्याख्या ष०ख० के आधार से बहुत विस्तार के साथ की गई है उस सूत्र की व्याख्या में

---

१. त० वा० ९,७,१२, पृ० ३२९-३२

२. इस प्रसंग से सम्बद्ध मूलाचार की ये गाथाएँ द्रष्टव्य हैं—

जीवाणं खलु ठाणाणि जाणि गुणसण्णिदाणि ठाणाणि।
एदे मग्गणठाणेसु चेव परिमग्गदव्वाणि॥
तिरियगदीए चोद्दस हवंति सेसासु जाण दो दो दु।
मग्गणठाणस्सेदं णेयाणि समासठाणाणि॥ १२,१५७-५८

३. ष०ख०, पु० १ में विवक्षित विषय से सम्बद्ध प्रसंगविशेषों को देखा जा सकता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आ० भट्टाकलंक देव ने ष०ख० का आश्रय लेकर गुणस्थानों व मार्गणास्थानों में सूत्रोक्त सत्-संख्या आदि का विशेष विचार नहीं किया है। उन्होंने वहाँ केवल सत्-संख्या आदि के पूर्वापरक्रम का विचार किया है।

७. षट्खण्डागम और आचारांग

दिगम्बर परम्परा के अनुसार यद्यपि वर्तमान में गौतम गणधर द्वारा ग्रथित अंगों व पूर्वों का लोप हो गया है, पर श्वेताम्बर परम्परा में आज भी आचारादि ग्यारह अंग उपलब्ध हैं। वे वीरनिर्वाण के पश्चात् ९८० वर्ष के आस-पास वलभी में आचार्य देवर्धि गणि के तत्त्वावधान में सम्पन्न हुई वाचना में साधुसमुदाय की स्मृति के आधार पर पुस्तकारूढ़ किये गये हैं।[1]

बारहवें दृष्टिवाद अंग का लोप हुआ श्वे० परम्परा में भी माना जाता है।

प्रकृत आचारांग उन पुस्तकारूढ़ किये गये ग्यारह अंगों में प्रथम है। वह दो श्रुतस्कन्धों में विभक्त है। उनमें से प्रथम श्रुतस्कन्ध इन नौ अध्ययनों में विभक्त है—(१) शस्त्रपरिज्ञा, (२) लोकविजय, (३) शीतोष्णीय, (४) सम्यक्त्व, (५) लोकसार, (६) धूत, (७) महा-परिज्ञा, (८) विमोक्ष और (९) उपधानश्रुत। इन नौ अध्ययनोंस्वरूप उस प्रथम श्रुतस्कन्ध को नवब्रह्मचर्यमय कहा गया है।

द्वितीय श्रुतस्कन्ध में, जिसे **आचाराग्र** कहा जाता है, पाँच चूलिकाएँ हैं। उनमें से प्रथम चूलिका में सात अध्ययन हैं—(१) पिण्डैषणा, (२) शय्यैषणा, (३) ईर्या, (४) भाषाजात, (५) वस्त्रैषणा, (६) पात्रैषणा और (७) अवग्रह। दूसरी चूलिका 'सप्ततिका' में भी सात अध्ययन हैं। तीसरी चूलिका का नाम भावना अध्ययन है। विमुक्ति नाम की चौथी चूलिका में विमुक्ति अध्ययन है। पाँचवी चूलिका का नाम निशीथ है, जो एक पृथक् ग्रन्थ के रूप में निबद्ध है।

संक्षेप में इतना परिचय करा देने के पश्चात् अब हम यह देखना चाहेंगे कि इसकी क्या कुछ थोड़ी-बहुत समानता प्रस्तुत षट्खण्डागम से है। दोनों में जो थोड़ी-सी समानता दिखती है वह इस प्रकार है—

ष०ख० में पाँचवें वर्गणा खण्ड के अन्तर्गत जो प्रकृति अनुयोगद्वार है उसमें ज्ञानावरणीय आदि आठ मूल प्रकृतियों और उनकी उत्तर प्रकृतियों की प्ररूपणा की गई है। उसमें मनःपर्यय-ज्ञानावरणीय के प्रसंग में मनःपर्ययज्ञान का निरूपण करते हुए उसके ऋजुमतिमनःपर्यय और विपुलमतिमनःपर्यय इन दो भेदों का निर्देश किया गया है। उनमें ऋजुमतिमनःपर्यय और विपुलमतिमनःपर्यय दोनों के विषय विशेष का पृथक्-पृथक् विचार करते हुए कहा गया है कि ऋजुमतिमनःपर्यय अपने व दूसरे व्यक्त मनवाले जीवों के मनोगत अर्थों को जानता है, अव्यक्त मनवालों के मनोगत अभिप्राय को नहीं जानता है। पर विपुलमतिमनःपर्यय व्यक्त मनवाले

---

१. यद्यपि इसके पूर्व एक वाचना वीरनि० के पश्चात्, लगभग १६० वर्ष के बाद, पाटलिपुत्र में और तत्पश्चात् दूसरी वाचना वीरनि० के लगभग ८४० वर्ष बाद मथुरा में स्कन्दिला-चार्य के तत्त्वावधान में भी सम्पन्न हुई है। ठीक इसी समय एक अन्य वाचना वलभी में आचार्य नागार्जुन के तत्त्वावधान में भी सम्पन्न हुई है, पर इन वाचनाओं में व्यवस्थित रूप से उन्हें पुस्तकारूढ़ नहीं किया जा सका। इसका कारण सम्भवतः कुछ पारस्परिक मतभेद रहा है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

और अव्यक्त मनवाले दोनों के मनोगत अभिप्राय को जानता है।[1]

आचारांग के द्वितीय श्रुतस्कन्ध के अन्तर्गत पूर्वोक्त पाँच चूलिकाओं में जो तीसरी भावना नाम की चूलिका है उसमें निर्युक्तिकार के द्वारा दर्शनविशुद्धि की कारणभूत दर्शनभावना, ज्ञानभावना, चारित्रभावना एवं तपोभावना आदि का स्वरूप प्रकट किया गया है। वहाँ चारित्र-भावना को अधिकृत मानकर उसके प्रसंग में भगवान् महावीर के गर्भ, जन्म, परिनिष्क्रमण (दीक्षा) और ज्ञान-कल्याणकों की प्ररूपणा की गई है।

इस प्रसंग में वहाँ यह कहा गया है कि भगवान् महावीर के क्षायोपशमिक सामायिक चारित्र के प्राप्त हो जाने पर उनके मनःपर्ययज्ञान उत्पन्न हो गया। तब वे उसके द्वारा अढ़ाई द्वीपों और दो समुद्रों के भीतर संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त व व्यक्त मनवाले जीवों के मनोगत भावों को जानने लगे।[2]

इस प्रकार मनःपर्ययज्ञान के विषय के सम्बन्ध में इन दोनों ग्रन्थों का अभिप्राय बहुत कुछ समान दिखता है।

यहाँ यह ध्यातव्य है कि षट्खण्डागम में 'व्यक्त मनवाले' इस अभिप्राय को प्रकट करने के लिए सूत्र (६४ व ७३) में 'वत्तमाणाणं' पद का उपयोग किया गया है। वहाँ धवला में यह शंका उठायी गई है कि मन के लिए सूत्र में 'मान' शब्द का उपयोग क्यों किया गया है। इसके समाधान में धवलाकार ने कहा है कि 'एए छच्च समाणा' इस सूत्र के आधार से मकारवर्ती आकार के दीर्घ हो जाने से मन के लिए 'माण' शब्द व्यवहृत हुआ है। आगे प्रकारान्तर से उन्होंने विकल्प के रूप में 'वत्तमाणाणं' पद का अर्थ 'वर्तमान जीवों के' ऐसा करके यह अभिप्राय भी व्यक्त किया है कि वह ऋजुमतिमनःपर्ययज्ञान वर्तमान जीवों के वर्तमान मनोगत तीनों कालों सम्बन्धी अर्थ को जानता है, अतीत-अनागत मनोगत विषय को नहीं जानता है।[3]

दूसरा प्रसंग केवलज्ञान का है—आचारांग में कहा गया है कि भगवान् महावीर के केवलज्ञान के प्रकट हो जाने पर वे देव, असुर व मनुष्यलोक की आगति, गति, चयन व उप-पाद आदि को जानते देखते थे।

तुलना के लिए दोनों ग्रन्थगत उस प्रसंग को यहाँ दिया जाता है—

"सइं भगवं उप्पण्णणाण-दरिसी **सदेवासुर-माणुसस्स लोगस्स आगदिं गदिं चयणोववादं** बंधं मोक्खं इड्ढिं ठिदिं जुदिं अणुभागं तक्कं कलं **माणो**[4] **माणसियं भुत्तं कदं पडिसेविदं आदिकम्मं**

---

१. सूत्र ५,५,६०-७८ (पु० १३)

२. आचार द्वि० विभाग, पृ० ८८६; जैसाकि पीछे तत्त्वार्थवार्तिक के प्रसंग में कहा जा चुका है, त० वा० में भी इस सम्बन्ध में इस प्रकार से स्पष्ट किया गया है—

"व्यक्तमनसां जीवानामर्थं जानाति, नाव्यक्तमनसाम्। व्यक्तः स्फुटीकृतोऽर्थश्चिन्तया सुनिर्वर्तितो यैस्ते जीवा व्यक्तमनसस्तैरर्थं चिन्तितं ऋजुमतिर्जानाति, नेतरैः।" त०वा० १, २३, ६, पृ० ५८ (सम्भव है धवलाकार के समक्ष उपर्युक्त आचारांग का और त०वा० का भी वह प्रसंग रहा हो)।

३. धवला पु० १३, पृ० ३३७

४. यहाँ भी मकारवर्ती आकार को दीर्घ हुआ समझना चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अरहकम्मं सव्वलोए सव्वजीवे सव्वभावे सम्मं समं जाणदि पस्सदि विहरदि त्ति।"

—ष०ख०, सूत्र ५,५,९८ (पु० १३, पृ०३४६)

"से भयवं अरहं जिणे जाणए केवली सव्वन्नू सव्वभावदरिसी सदेव-मणुयासुरस्स लोगस्स पज्जाए जाणइ। तं जहा—आगइं गइं ठिइं चयणं उववायं भुत्तं पीयं कडं पडिसेवियं आविकम्मं रहोकम्मं लवियं कहियं मणो माणसियं सव्वलोए सव्वजीवाणं जाणमाणो पासमाणो एवं णं विहरइ" ॥१८॥

—आचार० द्वि० विभाग, पृ० ८८८

दोनों ग्रन्थगत इन सन्दर्भों में रेखांकित पदों को देखिए जो भाषागत विशेषता को छोड़कर सर्वथा समान हैं, अभिप्राय में भी कुछ भेद नहीं है।

यहां यह विशेष स्मरणीय है कि भगवान् महावीर के निर्वाण के पश्चात् उनके द्वारा अर्थरूप से प्ररूपित तत्त्व का व्याख्यान उसी रूप में क्रम से केवलियों, श्रुतकेवलियों और इतर आरातीय आचार्यों की परम्परा से बहुत समय तक मौखिक रूप में चलता रहा। अन्त में भद्रबाहु श्रुतकेवली के पश्चात् दीर्घकालीन दुर्भिक्ष के समय भगवान् महावीर की अनुगामिनी परम्परा दिगम्बर और श्वेताम्बर इन दो सम्प्रदायों में विभक्त हो गई। फिर भी कुछ समय तक तत्त्व का वह व्याख्यान उसी रूप में चलता रहा। पर उस दुर्भिक्ष के समय साधुसंघों के दक्षिण व उत्तर की ओर चले जाने पर वहाँ की भाषा आदि का प्रभाव उनके तत्त्वनिरूपण पर भी पड़ता रहा। अन्ततः उत्तरोत्तर होती हुई श्रुत की हानि को देखकर जब परम्परागत उस मौखिक तत्त्वप्ररूपणा को पुस्तकों के रूप में निबद्ध किया गया तब अपनी-अपनी स्मृति के आधार पर उस तत्त्व के व्याख्यान से सम्बद्ध गाथात्मक या गद्यात्मक सूत्र पुस्तकों के रूप में निबद्ध हो गये। इसलिए विवक्षित सन्दर्भ या वाक्य अमुक के द्वारा अमुक से लिये गये, यह निर्णय करना उचित न होगा। यह अवश्य है कि कुछ समय के पश्चात् विभिन्न देशों की भाषा, संस्कृति और ग्रन्थकारों की मनोवृत्ति अथवा सम्प्रदाय के व्यामोह वश उस तत्त्वप्ररूपणा पर भी प्रभाव पड़ा है व उसमें परिवर्तन एवं हीनाधिकता भी हुई है।

८. षट्खण्डागम और जीवसमास

'जीवसमास' यह एक संक्षेप में जीवों की विभिन्न अवस्थाओं की प्ररूपणा करनेवाला महत्त्वपूर्ण आगम ग्रन्थ है। यह किसके द्वारा रचा गया, ज्ञात नहीं हो सका। ऋषभदेव केशरीमल श्वे० संस्था से प्रकाशित संस्करण में 'पूर्वभृत् सूरि सूत्रित' ऐसा निर्देश किया गया है। ग्रन्थ के प्रक्रियाबद्ध विषय के विवेचन की पद्धति और उसकी अर्थबहुल सुगठित संक्षिप्त रचना को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि उसके रचयिता परम्परागत विशिष्ट श्रुत के पारंगत रहे हैं, क्योंकि इसके बिना ऐसी सुव्यवस्थित अर्थबहुल संक्षिप्त ग्रन्थरचना, जिसमें थोड़े-से शब्दों के द्वारा अनेक महत्त्वपूर्ण विषयों की प्ररूपणा विस्तार से की गई हो, सम्भव नहीं दिखती। ग्रन्थ प्राकृत गाथाओं में रचा गया है। इसकी समस्त गाथासंख्या २८६ है। इस प्रकार यह ग्रन्थप्रमाण में संक्षिप्त होकर भी अर्थ से गम्भीर व विस्तृत है।

इसमें सर्वप्रथम मंगलस्वरूप चौबीस जिनवरों को नमस्कार करते हुए जीवसमास के कहने की प्रतिज्ञा की गई है। तत्पश्चात् निक्षेप, निर्युक्ति, छह अथवा आठ अनुयोगद्वारों एवं गति आदि चौदह मार्गणाओं के आश्रय से जीवसमासों[1] को अनुगन्तव्य (ज्ञातव्य) कहा गया है।

---

१. 'जीवसमास' से दोनों ही ग्रन्थों में गुणस्थानों की विवक्षा रही है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ये छह अनुयोगद्वार कौन-से हैं, उनके नामों का उल्लेख यद्यपि ग्रन्थ में नहीं किया गया है, फिर भी प्रश्नात्मक रूप में जो वहाँ संकेत किया गया है उससे वे (१) निर्देश, (२) स्वामित्व, (३) साधन, (४) अधिकरण, (५) काल और (६) विधान ये छह अनुयोगद्वार फलित होते हैं।[1] जैसे—

(१) अमुक पदार्थ क्या है ? (निर्देश), (२) वह किसके होता है ? (स्वामित्व), (३) वह किसके द्वारा होता है ? (साधन), (४) वह कहाँ रहता है ? (अधिकरण), (५) वह कितने काल रहता है ? (स्थिति) और (६) वह कितने प्रकार का है ? (विधान)।

आठ अनुयोगद्वारों का नामनिर्देश ग्रन्थ में ही कर दिया गया है।[2]

आगे गति-इन्द्रिय आदि चौदह मार्गणाओं और मिथ्यादृष्टि आदि चौदह गुणस्थानों का निर्देश करते हुए उन्हें अनुगन्तव्य कहकर उक्त निक्षेप-निर्युक्ति आदि के द्वारा जान लेने की प्रेरणा की गई है (गा० ६-९)।

इस प्रकार प्रारम्भिक भूमिका को बाँधकर आगे कृत प्रतिज्ञा के अनुसार ओघ और आदेश की अपेक्षा यथाक्रम से उन सत्प्ररूपणादि आठ अनुयोगद्वारों के आश्रय से जीवों की विविध अवस्थाओं की प्ररूपणा की गई है।

अब आगे हम यह देखना चाहेंगे कि 'जीवसमास'की प्रस्तुत षट्खण्डागम के साथ कितनी समानता है और कितनी विशेषता।

१. ष०ख० के प्रथम खण्ड जीवस्थान में सत्प्ररूपणा, द्रव्यप्रमाणानुगम, क्षेत्रानुगम, स्पर्शनानुगम, कालानुगम, अन्तरानुगम, भावानुगम और अल्पबहुत्वानुगम इन आठ अनुयोगद्वारों (सूत्र १,१,७) के आश्रय से जीवसमासों (गुणस्थानों) का मार्गण (अन्वेषण) किया गया है।

जैसाकि ऊपर कहा जा चुका है 'जीवसमास' में भी उन्हीं आठ अनुयोगद्वारों (गाथा ५) के आश्रय से जीवों के स्थानविशेषों का विचार किया गया है, इस प्रकार दोनों ग्रन्थों में उन आठ अनुयोगद्वारों के विषय में सर्वथा समानता है।

२. ष०ख० और 'जीवसमास' दोनों ग्रन्थों में ज्ञातव्य के रूप में निर्दिष्ट उन चौदह मार्गणाओं का भी उल्लेख समान शब्दों में इस प्रकार किया गया है—

"गइ इंदिए काए जोगे वेदे कसाए णाणे संजमे दंसणे लेस्सा भविय सम्मत्त सण्णि आहारए चेदि।" —ष०ख० १,१,४ (पु० १)

गइ इंदिए य काए जोए वेए कसाय णाणे य।
संजम दंसण लेस्सा भव सम्मे सन्नि आहारे॥—जीवसमास, गाथा ६

विशेषता इतनी है कि षट्खण्डागम में जहाँ उनका उल्लेख गद्यात्मक सूत्र में किया गया है

---

१. किं कस्स केण कत्थ व केवचिरं कइविहो उ भावो त्ति।
छहि अणुओगद्दारेहि सव्वे भावाऽणुगंतव्वा॥—गाथा ४
(तत्त्वार्थसूत्र में इन छह अनुयोगद्वारों का उल्लेख इस प्रकार किया गया है—निर्देश-स्वामित्व-साधनाधिकरण-स्थिति-विधानतः।—(१-७)

२. संतपयपरूवणया दव्वपमाणं च खित्त-फुसणा य।
कालंतरं च भावो अप्पाबहुअं च दाराइं॥—गाथा ५

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वहाँ 'जीवसमास' में वह गाथा के रूप में हुआ है।

३. षट्खण्डागम में आगे उस सत्प्ररूपणा अनुयोगद्वार में ओघ की अपेक्षा 'ओघेण अत्थि मिच्छाइट्ठी, सासणसम्माइट्ठी' इत्यादि के क्रम से पृथक्-पृथक् सूत्रों के द्वारा मिथ्यादृष्टि आदि चौदह गुणस्थानों का उल्लेख है। सूत्र १,१,९-२२ (पु० १)

'जीवसमास' में भी उसी प्रकार से सत्प्ररूपणा के प्रसंग में मिथ्यात्व आदि चौदह गुणस्थानों का उल्लेख किया गया है। (गाथा ७-९)

४. षट्खण्डागम में आगे उसी सत्प्ररूपणा अनुयोगद्वार में आदेश की अपेक्षा यथाक्रम से गति-इन्द्रिय आदि चौदह मार्गणाओं में यथासम्भव गुणस्थानों के सद्भाव को दिखलाते हुए जीवों के स्वरूप आदि का विचार किया गया है। (सूत्र १,१,२४-१७७)

'जीवसमास' में भी उसी प्रकार से आदेश की अपेक्षा उस सत्प्ररूपणा के अन्तर्गत अन्य प्रासंगिक विवेचन के साथ यथा योग्य जीवों के स्वरूप व भेद-प्रभेदादि का विचार किया गया है। जैसे—नरकगति के प्रसंग में सातों नरकों व घर्मावंशादि सातों पृथिवियों तथा मनुष्यगति के प्रसंग में कर्मभूमिज, भोगभूमिज, अन्तर्द्वीपज और आर्यम्लेच्छादि का विचार इत्यादि। (गाथा १०-८४)

ष० ख० में वहाँ उन अवान्तर भेदों आदि का विस्तृत विवेचन नहीं किया गया है। उन सबकी विस्तृत प्ररूपणा यथाप्रसंग उसकी टीका धवला में की गई है।

'जीवसमास' की यह एक विशेषता ही रही है कि वहाँ संक्षेप में विस्तृत अर्थ की प्ररूपणा कर दी गई है। उदाहरण के रूप में दोनों ग्रन्थगत संज्ञी मार्गणा का यह प्रसंग द्रष्टव्य है—

"सण्णियाणुवादेण अत्थि सण्णी असण्णी। सण्णी मिच्छा इट्ठिप्पहुडि जाव खीणकसायवीयरायछदुमत्था त्ति। असण्णी एइंदियप्पहुडि जाव असण्णिपंचिंदिया त्ति।"

—ष०ख०, सूत्र १,१,१७२-७४

अस्सण्णि अमणपंचिंदियंत सण्णी उ समण छउमत्था।
णो सण्णि णो असण्णी केवलणाणी उ विण्णेया॥

—जीवसमास ८१

ष० ख० के उपर्युक्त ३ सूत्रों में इतना मात्र कहा गया है कि संज्ञी जीव मिथ्यादृष्टि से लेकर क्षीणकषाय छद्मस्थ गुणस्थान तक होते हैं और असंज्ञी जीव एकेन्द्रिय से लेकर असंज्ञी पंचेन्द्रिय तक होते हैं।

यह पूरा अभिप्राय 'जीवसमास' की उपर्युक्त गाथा के पूर्वार्ध में ही प्रकट कर दिया गया है। साथ ही वहाँ संज्ञी असंज्ञी जीवों के स्वरूप को भी प्रकट कर दिया गया है कि जो जीव मन से सहित होते हैं वे संज्ञी और जो उस मन से रहित होते हैं वे असंज्ञी कहलाते हैं। वहाँ 'छद्मस्थ' इतना मात्र कहने से मिथ्यादृष्टि आदि बारह गुणस्थानों का ग्रहण हो जाता है। उन गुणस्थानों के नामों का निर्देश दोनों ग्रन्थों में पूर्व में किया ही जा चुका है।

केवली संज्ञी होते हैं कि असंज्ञी, इसे ष०ख० में स्पष्ट नहीं किया गया है। पर 'जीवसमास' की उपर्युक्त गाथा के उत्तरार्ध में यह भी स्पष्ट कर दिया गया है कि केवली न तो संज्ञी होते हैं और न ही असंज्ञी, क्योंकि वे मन से रहित हो चुके हैं।

इसी प्रकार इसके पूर्व कायमार्गणा के प्रसंग में ष० ख० में प्रसंगप्राप्त पृथिवीकाय आदि के भेदों, योनियों, कुलकोटियों एवं त्रसकायिकों के संस्थान व संहनन आदि का कुछ विचार नहीं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

किया गया पर जीवसमास में उस सबका भी विशद विचार किया गया है।[1] (गा० २६-५४)

५. ष० ख० में जीवस्थान के अन्तर्गत दूसरे द्रव्यप्रमाणानुगम अनुयोगद्वार में मिथ्यादृष्टि जीवों की संख्या को प्रकट करते हुए ये सूत्र कहे गये हैं—

"ओघेण मिच्छाइट्ठी दव्वपमाणेण केवडिया ? अणंता। अणताणंताहि ओसप्पिणि-उस्सप्पिणीहि ण अवहिरंति कालेण। खेत्तेण अणंताणंता लोगा।" —सूत्र १,२,२-४ (पु० ३)

इन सूत्रों के उसी अभिप्राय को जीवसमास में एक गाथा के द्वारा उन्हीं शब्दों में इस प्रकार व्यक्त कर दिया गया है—

मिच्छावव्वमणंता कालेणोसप्पिणी अणंताओ।
खेत्तेण मिज्जमाणा हवंति लोगा अणंताओ (उ)॥ —गा० १४४

६. ष० ख० में ओघ से मिथ्यादृष्टि आदि जीवों के क्षेत्रप्रमाण के प्ररूपक ये सूत्र हैं—

"ओघेण मिच्छाइट्ठी केवडि खेत्ते ? सव्वलोगे। सासण सम्माइट्ठिप्पहुडि जाव अजोगिकेवलि त्ति केवडि खेत्ते ? लोगस्स असंखेज्जदिभाए। सजोगिकेवली केवडि खेत्ते ? लोगस्स असंखेज्जदिभाए असंखेज्जेसु वा भागेसु सव्वलोगे वा।" —ष०ख०, सू० १,३,२-४ (पु० ४)

'जीवसमास' में इस क्षेत्रप्रमाण को एक ही गाथा में इस प्रकार से व्यक्त कर दिया गया है—

मिच्छा य सव्वलोए असंखभागे य सेस या होंति।
केवलि असंखभागे भागेसु व सव्वलोए वा॥ —गाथा १७८

दोनों ग्रन्थों में क्षेत्र-प्रमाण विषयक यह अभिप्राय तो समान है ही, साथ ही शब्द भी प्रायः वे ही हैं व क्रम भी वही है। विशेष इतना है कि 'जीवसमास' में उसे ष०ख० के समान प्रश्नपूर्वक स्पष्ट नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त 'सासादन से लेकर अयोगिकेवली तक' इस अभिप्राय को वहाँ एक 'शेष' शब्द में ही प्रकट कर दिया गया है।

७. ष०ख० में जीवस्थान के अन्तर्गत चौथे स्पर्शनानुगम अनुयोगद्वार में मिथ्यादृष्टि आदि चौदह गुणस्थानवर्ती जीवों के स्पर्शनक्षेत्र को इस प्रकार प्रकट किया गया है—

"ओघेण मिच्छादिट्ठीहि केवडियं खेत्तं फोसिदं ? सव्वलोगो। सासण सम्मादिट्ठीहि केवडियं खेत्तं फोसिदं ? लोगस्स असंखेज्जदिभागो। अट्ठ बारह चोद्दस भागा वा देसूणा। सम्मामिच्छा-

---

१. इन सबकी प्ररूपणा मूलाचार में की गई है। जैसे—पृथिवी आदि के भेद गाथा ५,८-२२; कुल ५, २४-२८ व १२, १६६-६९; योनि १२,५८-६३; इन सबकी प्ररूपणा से सम्बद्ध अधिकांश गाथाएँ मूलाचार व जीवसमास में शब्दशः समान उपलब्ध होती हैं।

पृथिवी आदि के भेद— मूलाचार ५,९-१९ व जीवसमास २७-३७
कुल ,, ५,२४-२६ ,, ४०-४२
योनि ,, १२,५८-६० ,, ४५-४७

मूलाचार गाथा १२,१२-१५ और जीवसमास गाथा ३०-३३ का पूर्वार्ध समान है, उत्तरार्ध भिन्न है। जैसे—

मूलाचार—'ते जाण आउजीवा जाणित्ता परिहरेदव्वा॥'
जीवसमास—'वण्णाईहि य भेया सुहुमाणं णत्थि ते भेया॥'
(मूलाचार में पुढवि के स्थान में आगे क्रम से 'आऊ, तेऊ' और 'वाऊ' पाठ है)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इट्ठि-असंजदसम्मादिट्ठीहि केवडियं खेत्तं फोसिदं ? लोगस्स असंखेज्जदिभागो । अट्ठ चोद्दस भागा वा देसूणा । संजदासंजदेहि केवडियं खेत्तं फोसिदं ? लोगस्स असंखेज्जदिभागो । छ चोद्दस भागा वा देसूणा । पमत्तसंजदप्पहुडि जाव अजोगिकेवलीहि केवडियं खेत्तं फोसिदं ? लोगस्स असंखेज्जदिभागो । सजोगिकेवलीहि केवडियं खेत्तं फोसिदं ? लोगस्स असंखेज्जदिभागो असंखेज्जा वा भागा सव्वलोगो वा ।"

—सूत्र १,४,२-१० (पु० ४)

'जीवसमास' में इसी स्पर्शनक्षेत्र के प्रमाण को डेढ गाथा में इस प्रकार निर्दिष्ट किया गया है—

मिच्छेहि सव्वलोओ सासण-मिस्सेहि अजय-देसेहि ।
पुट्ठा चउदस भागा बारस अट्ठट्ठ छच्चे व ।।
सेसेहऽसंख भागो फुसिओ लोगो सजोगिकेवलिहिं ।

—जीवसमास, गाथा १९५-९६

इसी पद्धति से आगे काल, अन्तर और भाव की भी प्ररूपणा दोनों ग्रन्थों में क्रम से की गई है। विशेषता वही रही है कि ष० ख० में जहाँ वह प्ररूपणा प्रश्नोत्तर के साथ पृथक्-पृथक् रूप से की जाने के कारण अधिक विस्तृत हुई है वहाँ वह बहुत कुछ संक्षिप्त रही है।

ऐसा होते हुए भी, जैसा कि पूर्व में कहा जा चुका है, उन गति आदि चौदह मार्गणाओं के प्रसंग में 'जीवसमास' में ष०ख० की अपेक्षा अन्य प्रासंगिक विषयों की भी थोड़ी-सी चर्चा हुई है, जिसका विवेचन ष० ख० में नहीं मिलता है।

इतना विशेष है कि दोनों ग्रन्थों में प्रतिपाद्य विषय के विवेचन की पद्धति और क्रम के समान होने पर भी ष० ख० में जहाँ उक्त आठों अनुयोगद्वारों में यथाक्रम से सभी मार्गणाओं का आश्रय लिया गया है वहाँ 'जीवसमास' में उन अनुयोगद्वारों के प्रसंग में प्रारम्भ में एक-दो मार्गणाओं के आश्रय से विवक्षित विषय को स्पष्ट करके आगे कुशलबुद्धि जनों से स्वयं वहाँ अनुक्त विषय के जान लेने की प्रेरणा कर दी गई है। जैसे कालानुगम के प्रसंग में वहाँ प्रतिपाद्य विषय का कुछ विवेचन करके आगे यह सूचना की गई है—

एत्थ य जीवसमासे अणुमज्जिय सुहुम-निउणमइकुसले ।
सुहुमं कालविभागं विमएज्ज सुयम्मि उवउत्तो ।।२४।।

अभिप्राय यही है कि यहाँ 'जीवसमास' में जो प्रसंगप्राप्त सूक्ष्मकालविभाग की चर्चा नहीं की गई है उसका अन्वेषण श्रुत में उपयुक्त होकर निपुणमतियों को अनुमान से स्वयं करना चाहिए।

८. ष० ख० में दूसरे क्षुद्रकबन्ध खण्ड के अन्तर्गत जो ग्यारह अनुयोगद्वार हैं उनमें अन्तिम अल्पबहुत्व अनुयोगद्वार है। वहाँ यथाक्रम से गति-इन्द्रिय आदि चौदह मार्गणाओं के आश्रय से अल्पबहुत्व की प्ररूपणा है। उस प्रसंग में वहाँ गतिमार्गणा में अल्पबहुत्व की प्ररूपणा करते हुए प्रथमतः पाँच गतियों का उल्लेख है और उनमें उस अल्पबहुत्व को इस प्रकार प्रकट किया गया है—

"अप्पाबहुगाणुगमेण गदियाणुवादेण पंच गदीओ समासेण । सव्वत्थोवा मणुसा । णेरइया असंखेज्जगुणा । देवा असंखेज्जगुणा । सिद्धा अणंतगुणा । तिरिक्खा अणंतगुणा ।"

—सूत्र २,११,१-६ (पु० ७)

जीवसमास में यही अल्पबहुत्व प्रायः उन्हीं शब्दों में इस प्रकार उपलब्ध होता है—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

थोवा नरा नरेहि य असंखगुणिया हवंति नेरइया ।
तत्तो सुरा सुरेहि य सिद्धाऽणंता तओ तिरिया ॥२७१॥

ष० ख० में आगे इसी प्रसंग में आठ गतियों का निर्देश करते हुए उनमें अल्पबहुत्व को इस प्रकार प्रकट किया है—

"अट्ठ गदीओ समासेण । सव्वत्थोवा मणुस्सिणीओ । मणुस्सा असंखेज्जगुणा । णेरइया असंखेज्जगुणा । पंचिंदियतिरिक्खजोणिणीओ असंखेज्जगुणाओ । देवा संखेज्जगुणा । देवीओ संखेज्जगुणाओ । सिद्धा अणंतगुणा । तिरिक्खा अणंतगुणा ।" —सूत्र २,११, ७-१५ (पु० ७)

'जीवसमास' में भी इस अल्पबहुत्व को देखिए—

थोवाउ मणुस्सीओ नर-नरय-तिरिक्खिओ असंखगुणा ।
सुर-देवी संखगुणा सिद्धा तिरिया अणंतगुणा ॥२७२॥

इस प्रकार से इस अल्पबहुत्व की प्ररूपणा दोनों ग्रन्थों में सर्वथा समान है । विशेषता यह रही है कि ष० ख० में जहाँ मनुष्य, नारक और तिर्यंचनियों के वह अल्पबहुत्व पृथक्-पृथक् ३ सूत्रों में निर्दिष्ट किया है वहाँ जीवसमास में उसे संक्षेप में 'नर-नरय-तिरिक्खिओ असंखगुणा' इतने गाथांश में द्वन्द्व समास के आश्रय से प्रकट कर दिया गया है । इसी प्रकार ष० ख० में देव और देवियों में वह अल्पबहुत्व २ सूत्रों में तथा सिद्धों और तिर्यंचों के विषय में भी वह पृथक्-पृथक् २ सूत्रों में प्रकट किया गया है । किन्तु 'जीवसमास' में समस्त पदों के आश्रय से संक्षेप में ही उसकी प्ररूपणा कर दी गई है । इतना संक्षेप होने पर भी अभिप्राय में कुछ भेद नहीं दिखाई देता ।

उपसंहार

इस प्रकार दोनों ग्रन्थों में विषय-विवेचन की प्रक्रिया और प्रतिपाद्य विषय की प्ररूपणा में बहुत कुछ समानता देखी जाती है । विशेषता यह रही है कि ष० ख० में जिस प्रकार आगे द्रव्यप्रमाणानुगम आदि अनुयोगद्वारों के प्रसंग में पृथक्-पृथक् यथाक्रम से गति आदि चौदह मार्गणाओं के आश्रय से विवक्षित द्रव्यप्रमाण आदि की प्ररूपणा है उस प्रकार से 'जीवसमास' में सभी मार्गणाओं के आश्रय से उन की प्ररूपणा नहीं की गई है । फिर भी वहाँ विवक्षित विषय से सम्बन्धित अन्य प्रासंगिक अनेक विषयों को स्पष्ट कर दिया गया है, जिनकी प्ररूपणा ष० ख० में उन प्रसंगों में नहीं है ।

उदाहरण के रूप में द्रव्यप्रमाण को ही ले लीजिए । 'जीवसमास' में वहाँ द्रव्यप्रमाण के निरूपण के पूर्व द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव के आश्रय से प्रमाण के चार भेदों का निर्देश करते हुए आगे स्वरूप के निर्देशपूर्वक उनके कितने ही अवान्तर भेदों को भी स्पष्ट किया गया है । तत्पश्चात् ष० ख० के समान ओघ की अपेक्षा मिथ्यादृष्टि आदि चौदह गुणस्थानवर्ती जीवों की संख्या को प्रकट किया गया है । अनन्तर गतिमार्गणा के प्रसंग में नारकियों आदि की संख्या दिखलाते हुए कायमार्गणा से सम्बद्ध बादर पृथिवीकायिक आदि जीवों की संख्या को प्रकट किया गया है ।—गाथा ८७-१६५ (द्रव्य-क्षेत्रादिप्रमाण ५७ + गुण-संख्या ५ + बादर पृथिवी आदि संख्या १७)

ष०ख० में उस द्रव्यप्रमाणानुगम के प्रसंग में प्रमाण के भेद-प्रभेदों का स्पष्टीकरण 'जीवसमास' के समान नहीं हुआ है ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रसंग के अन्त में जीवसमास में वहाँ यह सूचना कर दी गई है कि आगे प्रकृत द्रव्यप्रमाण को अनुमानपूर्वक स्वयं जान लेना चाहिए। यथा—

एवं जे जे भावा जहिं जहिं हुंति पंचसु गदीसु।
ते ते अणुमज्जित्ता दव्वपमाणं नए धीरा ॥१६६॥

यही पद्धति वहाँ प्रायः आगे क्षेत्र (१६८-८१ पू०), स्पर्शन (१८१ उ०-२००), काल (२०१-४२), अन्तर (२४३-६४), भाव (२६५-७०) और अल्पबहुत्व (२७१-८४) की भी प्ररूपणा में अपनाई गई है।

भावानुगम के प्रसंग में वहाँ औपशमिकादि पाँच भावों के साथ सांनिपातिक भाव को भी ग्रहण करके उसके छह भेद प्रकट किये गये हैं तथा आगे त० सूत्र (२, ३-७) के समान उनके अवान्तर भेदों का भी उल्लेख किया गया है। धर्म, अधर्म, आकाश और काल को पारिणामिक भाव तथा स्कन्ध, देश, प्रदेश और परमाणु को परिणामोदय से उत्पन्न होनेवाले कहा गया है। इस कथन के साथ भावानुगम अनुयोगद्वार को समाप्त कर दिया गया है (२६५-७०)।

इसके पूर्व वहाँ कालानुगम के प्रसंग में एक और नाना जीवों की अपेक्षा आयु, कायस्थिति और गुणविभाग काल की प्ररूपणा कुछ विस्तार से की गई है। अन्त में वहाँ जैसा कि पूर्व में कहा जा चुका है, सूक्ष्म कालविभाग को अनुमानपूर्वक जान लेने के लिए निपुणमतियों को सूचना कर दी गई है (२४०)।

इस प्रकार ष० ख० में जहाँ उक्त सत्प्ररूपणादि आठ अनुयोगद्वारों में प्रसंगप्राप्त विषय की प्ररूपणा विशदतापूर्वक विस्तार से की गई है वहाँ जीवसमास में उन्हीं अनुयोगद्वारों में प्रतिपाद्य विषय का विवेचन प्रायः संक्षेप में किया गया है। फिर भी कहीं-कहीं पर वहाँ अन्य प्रासंगिक विषयों का विवेचन ष० ख० की अपेक्षा अधिक हो गया है। यह पीछे द्रव्यप्रमाणागम के प्रसंग में स्पष्ट किया ही जा चुका है।

उपर्युक्त विवेचन से यह स्पष्ट हो जाता है कि 'जीवसमास' यह महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है जो अनेक विषयों की प्ररूपणा में प्रस्तुत षट्खण्डागम से समानता रखता हुआ कुछ विशेषता भी रखता है। इन दोनों ग्रन्थों के पूर्वापर कालवर्तित्व का निश्चय यद्यपि नहीं है, फिर भी ऐसा प्रतीत होता है कि उनमें किसी एक का प्रभाव दूसरे पर अवश्य रहा है, अन्यथा समान रूप में उस प्रकार की विषय विवेचन की पद्धति व प्रतिपाद्य की क्रमबद्ध प्ररूपणा सम्भव नहीं दिखती।

९. षट्खण्डागम और पण्णवणा (प्रज्ञापना)

श्यामार्य विरचित प्रज्ञापना को चौथा उपांग माना जाता है। श्यामार्य का ग्रन्थकर्तृत्व व समय प्रायः अनिर्णीत है।[1] वह एक आगमानुसारी ग्रन्थ है। 'महावीर जैन विद्यालय' से प्रकाशित उसके संस्करण में सर्वप्रथम पंचपरमेष्ठिनमस्कारात्म मंगलगाथा को कोष्ठक [ ] के भीतर रखा गया है।[2] उसे कोष्ठक में रखने का कारण वहाँ टिप्पण में यह प्रकट किया गया

---

१. गुजराती प्रस्तावना पृ० २२-२५

२. यह पंचपरमेष्ठि नमस्कारात्मक गाथासूत्र षट्खण्डागम के प्रारम्भ में मंगलगाथा के रूप में उपलब्ध होता है। धवलाकार ने उसे सकारण मंगलआदि छह का प्ररूपक बतलाया है।—धवला पु० १, पृ० ८ पर मंगलसूत्र की उत्थानिका।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

है कि वह यद्यपि मूल सूत्रादर्श सभी प्रतियों में उपलब्ध है, किन्तु उसकी व्याख्या हरिभद्र सूरि और मलयगिरि सूरि के द्वारा अपनी अपनी वृत्ति में नहीं की गई है। तत्पश्चात् सिद्धों के अभिनन्दनपूर्वक महावीर जिनेन्द्र की वन्दना की गई है। आगे कहा गया है कि 'भगवान् जिनेन्द्र के द्वारा समस्त भावों की प्रज्ञापना दिखलायी गई है। दृष्टिवाद से निकले हुए इस अध्ययन का वर्णन जिस प्रकार से भगवान् ने किया है उसी प्रकार से मैं भी उसका वर्णन करूँगा' (गाथा १-३)। आगे ग्रन्थकार ने उसमें यथाक्रम से चर्चित इन छत्तीस पदों का निर्देश किया है—

(१) प्रज्ञापना, (२) स्थान, (३) बहुवक्तव्य, (४) स्थिति, (५) विशेष, (६) व्युत्क्रान्ति, (७) उच्छ्वास, (८) संज्ञा, (९) योनि, (१०) चरम, (११) भाषा, (१२) शरीर, (१३) परिणाम, (१४) कषाय, (१५) इन्द्रिय, (१६) प्रयोग, (१७) लेश्या, (१८) कायस्थिति, (१९) सम्यक्त्व, (२०) अन्तःक्रिया, (२१) अवगाहना संस्थान, (२२) क्रिया, (२३) कर्म, (२४) कर्मबन्धक, (२५) कर्मवेदक, (२६) वेदबन्धक, (२७) आहार, (२८) वेदवेदक, (२९) उपयोग, (३०) स्पर्शन, (३१) संज्ञी, (३२) संयम, (३३) अवधि, (३४) प्रवीचार, (३५) वेदना और (३६) समुद्घात (४-७)।

आगे वहाँ यथाक्रम से उन ३६ पदों के अन्तर्गत विषय का विवेचन किया गया है। परन्तु विवक्षित पद में वर्णनीय विषय का दिग्दर्शन कराते हुए उसके अन्तर्गत भेद-प्रभेदों का जिस क्रम से उल्लेख किया गया है उनकी प्ररूपणा में कहीं-कहीं क्रमभंग भी हुआ है।[1] इसका कारण उन भेद-प्रभेदों की अल्पवर्णनीयता व बहुवर्णनीयता रहा है। तदनुसार निर्दिष्ट क्रम की उपेक्षा करके वहाँ कहीं-कहीं अल्पवर्णनीय की प्ररूपणा पूर्व में की गई है और तत्पश्चात् बहुवर्णनीय की प्ररूपणा की गई है। यथा—

सूत्र ३ में प्रज्ञापना के ये दो भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—जीव-प्रज्ञापना और अजीव प्रज्ञापना। इनमें अल्पवर्णनीय होने से प्रथमतः अजीव-प्रज्ञापना की प्ररूपणा की गई है (सूत्र ४-१३) और तत्पश्चात् जीव-प्रज्ञापना की प्ररूपणा है (१४-१४७)। इसी प्रकार रूपी अजीव-प्ररूपणा (६-१३) और अरूपी अजीवप्ररूपणा (५) में भी क्रम का भंग हुआ है। आगे और भी कितने ही ऐसे स्थल हैं जहाँ क्रमभंग हुआ है।

यह विशेष स्मरणीय है कि ष० ख० और प्रज्ञापना दोनों ही ग्रन्थ लक्षणप्रधान नहीं रहे हैं, उनमें विवक्षित किसी विषय के स्वरूप को न दिखलाकर केवल उससे सम्बन्धित अनुयोगद्वारों अथवा भेद-प्रभेदों का ही उल्लेख है।

प्रज्ञापना में विवक्षित विषय की प्ररूपणा गौतम के प्रश्न पर भगवान् (महावीर) के द्वारा किये गये उसके समाधान के रूप में की गई है। पर उसके प्रथम पद 'प्रज्ञापन' में वह

---

१. क्रमभंग की यह पद्धति कहीं ष० ख० में भी देखी जाती है, पर वहाँ उसकी सूचना कर दी गई है। जैसे—जा सा कम्मपयडी णाम सा थप्पा (सूत्र ५,५,१६)। जा सा थप्पा कम्मपयडी णाम सा अट्ठविहा—णाणावरणीय कम्मपयडी ···(सूत्र ५,५, १९)। सूत्र ५,५,१६ की व्याख्या में धवलाकार ने यह स्पष्ट कर दिया है—'स्थाप्या। कुदो ? बहुवण्णिज्जत्तादो।' पु० १३, पृ० २०४। आगे सूत्र ५,६,१० व २४; ५,६,२७ व ३८; ५,६,२९ व ३२ तथा ५,६,३९ व ६४ आदि।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रश्नोत्तर की पद्धति नहीं उपलब्ध होती है। वहाँ प्रायः गौतम और भगवान् महावीर के उल्लेख के बिना सामान्य से ही प्रश्न व उसका उत्तर देखा जाता है। यथा—"से किं तं पण्णवणा ? पण्णवणा दुविहा पण्णत्ता। तं जहा—जीवपण्णवणा य ? अजीवपण्णवणा य"।[1]

यही पद्धति इस पद में सर्वत्र अपनाई गई है। आगे 'स्थान' आदि पदों में गौतम द्वारा प्रश्न और भगवान् के द्वारा किये गये उसके समाधान के रूप में वह पद्धति देखी जाती है।

इस प्रकार संक्षेप में प्रज्ञापनासूत्र का परिचय कराकर अब आगे उसकी षट्खण्डागम के साथ कहाँ कितनी समानता है और कितनी विशेषता है, इसका विचार किया जाता है—

१. षट्खण्डागम के प्रथम खण्ड 'जीवस्थान' में विभिन्न जीवों में चौदह मार्गणाओं के आश्रय से चौदह जीवसमासों (गुणस्थानों) का अन्वेषण करना अभीष्ट रहा है। इसके लिए वहाँ प्रारम्भ में गति-इन्द्रियादि चौदह मार्गणाओं के नामों का निर्देश ज्ञातव्य के रूप में किया गया है (सूत्र १,१,२-४)।

प्रज्ञापना में 'बहुवक्तव्य' नाम का तीसरा पद है। उसमें दिशा व गति आदि छब्बीस द्वारों के आश्रय से जीव-अजीवों के अल्पबहुत्व की प्ररूपणा है। उन द्वारों के नामों में प्रस्तुत षट्खण्डागम में निर्दिष्ट १४ मार्गणाओं के नाम गर्भित हैं। यथा—

षटखण्डागम सूत्र १,१,४	प्रज्ञापना सूत्र २१२ (गाथा १८०-८१)
१. गति	१. दिशा
२. इन्द्रिय	२. गति (१)
३. काय	३. इन्द्रिय (२)
४. योग	४. काय (३)
५. वेद	५. योग (४)
६. कषाय	६. वेद (५)
७. ज्ञान	७. कषाय (६)
८. संयम	८. लेश्या (१०)
९. दर्शन	९. सम्यक्त्व (१२)
१०. लेश्या	१०. ज्ञान (७)
११. भव्यत्व	११. दर्शन (९)
१२. सम्यक्त्व	१२. संयत (८)
१३. संज्ञी	१३. उपयोग
१४. आहार	१४. आहार (१४)
	१५. भाषक
	१६. परीत
	१७. पर्याप्त
	१८. सूक्ष्म
	१९. संज्ञी (१३)

१. सूत्र ८२ व ८३ इसके अपवाद हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२०. भव (भवसिद्धिय-
अभवसिद्धिय) (११)
२१. अस्तिकाय
२२. चरम
२३. जीव
२४. क्षेत्र
२५. बन्ध
२६. पुद्गल

इस प्रकार षट्खण्डागम के अन्तर्गत उन १४ मार्गणाओं की अपेक्षा ये १२ द्वार प्रज्ञापना में अधिक हैं—दिशा (१), उपयोग (१३), भाषक (१५), परीत (१६), पर्याप्त (१७), सूक्ष्म (१८), अस्तिकाय (२१), चरम (२२), जीव (२३), क्षेत्र (२४), बन्ध (२५) और पुद्गल (२६)।

इस प्रकार प्रज्ञापना में जो इन द्वारों के आश्रय से जीवों, अजीवों और जीव-अजीवों में अल्पबहुत्व की प्ररूपणा की गई है उसमें षट्खण्डागम की अपेक्षा अधिक विकास हुआ है।

आगे प्रज्ञापना में १८वें 'कायस्थिति' पद के प्रारम्भ में जिन २२ द्वारों का निर्देश किया गया है उनमें भी षट्खण्डागम में निर्दिष्ट उन गति-इन्द्रियादि १४ मार्गणओं के नाम उपलब्ध होते हैं। ये २२ द्वार प्रज्ञापना के पूर्वोक्त 'बहुवक्तव्य' पद के २६ द्वारों में भी गर्भित हैं। यहाँ उन २६ द्वारों में से दिशा (१), क्षेत्र (२४), बन्ध (२५) और पुद्गल (२६) ये चार द्वार नहीं हैं। उन २२ द्वारों का नाम निर्देश करते हुए वहाँ कहा गया है कि इन पदों की कायस्थिति ज्ञातव्य है। (प्रज्ञापनासूत्र १२५६, गाथा २११-१२)

२. षट्खण्डागम में चौदह जीवसमासों की प्ररूपणा में प्रयोजनीभूत सत्प्ररूपणा आदि आठ अनुयोगद्वारों का उल्लेख करते हुए (१,१,७) आगे यथाक्रम से उनकी प्ररूपणा है।

प्रज्ञापना में जैसाकि ऊपर ग्रन्थपरिचय में कहा जा चुका है, षट्खण्डागम के समान आगे जिन ३६ पदों के आश्रय से जीव-अजीवों की प्ररूपणा की जानेवाली है उनका निर्देश प्रारम्भ में कर दिया गया है। (गाथा ४-७)

इस प्रसंग में इन दोनों ग्रन्थों में विशेषता यह रही है कि षट्खण्डागम में जहाँ उन सत्प्ररूपणा आदि अधिकारों का उल्लेख 'अनुयोगद्वार' के नाम से करते हुए उनकी 'आठ' संख्या का भी निर्देश कर दिया गया है (१ १,५-७) वहाँ प्रज्ञापना में उन द्वारों का उल्लेख न तो 'पद' इस नाम से किया गया है और न उनकी उस 'छत्तीस' संख्या का भी निर्देश किया गया है (४-७)।

३. षट्खण्डागम में आगे कृत प्रतिज्ञा के अनुसार यथाक्रम से गति-इन्द्रियादि चौदह मार्गणाओं में वर्तमान जीवविशेषों के सत्व को दिखाकर उनमें गुणस्थानों का मार्गण किया गया है। (सूत्र १,१,२४-१७७, पु० १)

प्रज्ञापना में जो प्रथम 'प्रज्ञापना' पद है उसके अन्तर्गत जीवप्रज्ञापना और अजीवप्रज्ञापना में से जीवप्रज्ञापना की प्ररूपणा करते हुए उसके ये दो भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—संसार-समापन्नजीवप्रज्ञापना और असंसारसमापन्नजीवप्रज्ञापना। उनमें संसारसमापन्नजीवप्रज्ञापना के प्रसंग में संसारी जीवों के एकेन्द्रियादि भेद-प्रभेदों को प्रकट किया गया है। (सूत्र १८-१४७)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दोनों ग्रन्थगत तद्विषयक समानता को प्रकट करने के लिए यहाँ यह उदाहरण दिया जाता है—षट्खण्डागम में कायमार्गणा के प्रसंग में वनस्पतिकायिक जीवों के भेद-प्रभेदों का उल्लेख इस प्रकार से है—

"वणप्फइकाइया दुविहा—पत्तेयसरीरा साधारणसरीरा। पत्तेयसरीरा दुविहा—पज्जत्ता अपज्जत्ता। साधारणसरीरा दुविहा—बादरा सुहुमा। बादरा दुविहा—पज्जत्ता अपज्जत्ता। सुहुमा दुविहा—पज्जत्ता अपज्जत्ता चेदि।" —सूत्र १,१,४१

प्रज्ञापना में एकेन्द्रियजीवप्रज्ञापना के प्रसंग में इन भेदों का निर्देश इस प्रकार किया गया है—

"से किं तं वणस्सइकाइया? वणस्सइकाइया दुविहा पण्णत्ता। तं जहा—सुहुमवणस्सइकाइया य बादर-वणस्सतिकाइया य। से किं तं सुहुमवणस्सइकाइया? सुहुमवणस्सइकाइया दुविहा पन्नत्ता। तं जहा—पज्जत्तसुहुमवणस्सइकाइया य अपज्जत्तसुहुमवणस्सइकाइया य। से तं सुहुमवणस्सइकाइया। से किं तं बादर-वणस्सइकाइया? बादरवणप्फइकाइया दुविहा पण्णत्ता। तं जहा—पत्तेयसरीरबादरवणप्फइकाइया य साहारणसरीर-बादरवणप्फइकाइया य। से किं तं पत्तेयसरीरबादरवणप्फइकाइया? पत्तेयसरीरबादरवणप्फइकाइया दुवालसविहा पन्नता।" तं जहा—

रुक्खा गुच्छा गुम्मा लता य वल्ली य पव्वगा चेव।
तण वलय हरिय ओसहि जलरुह कुहणा य बोधव्वा॥

—प्रज्ञापना सूत्र ३५-३८, गाथा १२

आगे प्रसंगप्राप्त इन बारह बादर प्रत्येक शरीर वनस्पतिकायिक जीवभेदों को स्पष्ट करके (सूत्र ३९-५३) तत्पश्चात् साधारण शरीर बादर वनस्पतिकायिक जीवों के अनेक भेद निर्दिष्ट किये गये हैं। (सू० ५४-५५ गाथा ४७-१०९)

इस प्रकार षट्खण्डागम में वनस्पतिकायिक जीवों के जिन प्रत्येकशरीर, साधारणशरीर, पर्याप्त-अपर्याप्त और बादर-सूक्ष्म भेदों का निर्देश किया गया है वे प्रज्ञापना में निर्दिष्ट उपर्युक्त भेदों के अन्तर्गत हैं। पर प्रज्ञापना में उन प्रत्येक व साधारणशरीर वनस्पतिकायिक जीवों के जिन अनेक जातिभेदों का उल्लेख है वह षट्खण्डागम में नहीं मिलता है। सम्भवतः प्रज्ञापनाकार द्वारा उन्हें पीछे विकसित किया गया है। उन भेदों का अधिकांश उल्लेख गाथाओं में ही किया गया है।

सम्भवतः उपर्युक्त वे सब भेद निर्युक्तियों में भी नहीं निर्दिष्ट किये गये। उदाहरण के रूप में आचारांगनिर्युक्ति को लिया जा सकता है। उसमें ये दो गाथाएँ उपलब्ध होती हैं —

रुक्खा गुच्छा गुम्मा लया य वल्ली य पव्वगा चेव।
तण वलय हरित ओसहि जलरुह कुहणा य बोद्धव्वा॥
अग्गबीया मूलबीया खंधबीयां चेव पोरबीयाय।
बीयरुहा सम्मुच्छिम समासओ वयस्सई जीवा॥

—आचा० नि० १२९-३०

इनमें प्रत्येकशरीर बादर वनस्पतिकायिकों के बारह भेदों की निर्देशक प्रथम गाथा प्रज्ञापना (गा० १२) में उपलब्ध होती है, यह पहिले कहा जा चुका है। पर आगे प्रज्ञापना में जिन अन्य गाथाओं (१३-४७) के द्वारा उन बारह भेदों के अन्तर्गत अन्य भेद-प्रभेदों का

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उल्लेख किया गया है वे गाथाएँ आचारांग निर्युक्ति में नहीं उपलब्ध होती हैं।

दूसरी गाथा के समकक्ष एक गाथा प्रायः समान रूप में मूलाचार (५-१६) दि० पंचसंग्रह (१-८१) और जीवसमास (३४) में इस प्रकार उपलब्ध होती है—

मूलग्ग-पोरबीजा कंदा तह खंदबीज-बीजरुहा।
संमुच्छिमा य भणिया पत्तेयाणंतकाया य॥

इसके आगे इसी प्रसंग में आचारांगनिर्युक्ति (१३८) में एक अन्य गाथा इस प्रकार उपलब्ध होती है—

जोणिब्भूए बीए जीवो वक्कमइ सोव अण्णो वा।
जो वि य मूले जीवो सोच्चिय पत्ते पढमयाए॥[1]

यह गाथा (सूत्र ५४, गा० ९७) प्रज्ञापना में भी उपलब्ध होती है।

इसके अतिरिक्त आचारांगनिर्युक्ति में आगे ये दो गाथाएँ और भी देखी जाती हैं—

गूढसिर-संधि समभंगमहीरुहं च छिण्णरुहं।
साहारणं सरीरं तव्विवरीयं च पत्तेयं॥१४०॥
सेवाल पणग किण्हग कवया कुहुणा य आयरो काओ।
भव्वो य सुहुमकाओ सव्वत्थ अलत्थलागासे॥१४१॥

ये दोनों गाथाएँ 'मूलाचार' (५-१९ व १८) और 'जीवसमास' (३७ व ३६) में भी विपरीत क्रम से उपलब्ध होती हैं।

'प्रज्ञापना' में ये दोनों गाथाएँ तो दृष्टिगोचर नहीं होतीं, किन्तु उपर्युक्त गाथा १४० में जो साधारणकाय की पहिचान तोड़ने पर 'समानभंग' निर्दिष्ट की गई है उसकी व्याख्या-स्वरूप (भाष्यगाथात्मक) १० गाथाएँ (सूत्र ५४, गा० ५६-६५) वहाँ अवश्य देखी जाती हैं। इसी प्रकार उक्त गाथा में आगे उसी साधारण-शरीर की पहिचान 'अहीरुह—समच्छेद' शब्दान्तर से भी प्रकट की गई है। उसके विपरीत 'प्रज्ञापना' में प्रत्येकशरीर के स्वरूप को प्रकट करनेवाली १० गाथाओं (सूत्र ५४, गा० ६६-७५) में से एक में 'हीरो—विषमच्छेद' को ग्रहण कर उसके आधार से प्रत्येकशरीर को स्पष्ट किया गया है। इन गाथाओं को भी भाष्य-गाथा जैसी समझना चाहिए।

आगे 'प्रज्ञापना' में पर्याप्त जीवों के आश्रित अपर्याप्त जीवों की उत्पत्ति को दिखलाते हुए कहा है—"**एएसि णं इमाओ गाहाओ अणुगंतव्वाओ। तं जहा**"—और फिर आगे तीन गाथाएँ (१०७-९) और दी गई हैं।

इस कथन से इतना तो स्पष्ट है कि प्रज्ञापनाकार ने इन गाथाओं को कहीं अन्यत्र से उद्धृत किया है। पर किस ग्रन्थ से उन्हें उद्धृत किया है, यह अन्वेषणीय है। इन गाथाओं में कन्द आदि उन्नीस वनस्पति-भेदों को स्पष्ट किया गया है (सूत्र ५५, [३])। इनमें पूर्वोक्त आचारांग निर्युक्ति (१४१) के अन्तर्गत 'सेवाल, पणग, किण्हग' ये भेद समाविष्ट हैं।

ऐसा ही एक प्रसंग वहाँ आगे वानव्यन्तरों की स्थानप्ररूपणा में भी देखा जाता है। वहाँ

---

१. यह गाथा "बीजे जोणीभूदे जीवो" इस रूप में 'वुत्तं च' कह कर धवला में उद्धृत की गई है। (पु० १४, पृ० २३२); इसी रूप में उसे गो० जीवकाण्ड (१८९) में आत्मसात् किया गया है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

'संगहणिगाहा' ऐसा निर्देश करते हुए तीन (१५१-५३) गाथाओं को उद्धृत किया गया है। (सूत्र १९४)

४. ष० ख० में आगे पाँचवें वर्गणा खण्ड के अन्तर्गत 'बन्धन' अनुयोगद्वार में पुनः वह प्रसंग प्राप्त हुआ है। वहाँ शरीरिशरीर-प्ररूपणा के प्रसंग में प्रत्येकशरीर और साधारणशरीर जीवों का निर्देश करते हुए सात गाथासूत्रों (१२२-२८) द्वारा साधारणशरीर जीवों की विशेषता प्रकट की गयी है।[1]

इन गाथासूत्रों में तीन गाथाएँ (१२२-२४) ऐसी हैं जो प्रज्ञापना में भी विपरीत क्रम से उपलब्ध होती हैं।[2] इनमें एक गाथा का पाठ कुछ भिन्न है। यथा—

एयस्स अणुग्गहणं बहूण साहारणाणमेयस्स।
एयस्स जं बहूणं समासदो तं पि होदि एयस्स॥

—ष० ख० १२३ (पु० १४)

एक्कस्स उ जं गहणं बहूण साहारणाण तं चेव।
जं बहुयाणं गहणं समासओ तं पि एगस्स॥ —प्रज्ञा० १००

प्रज्ञापनागत इस गाथा का पाठ ष०ख० की अपेक्षा सुबोध है।

इस प्रसंग में वहाँ एक गाथा धवला टीका में भी 'वुत्तं च' निर्देश के साथ इस प्रकार उद्धृत की गई है—

बीजे जोणीभूदे जीवो वक्कमइ सो व अण्णो वा।
जे वि य मूलादीया ते पत्तेया पढमदाए॥ —पु० १४, पृ० २३२

यह गाथा आचारांगनिर्युक्ति (१३८) और दशवैकालिक-निर्युक्ति (२३२) में भी कुछ पाठभेद के साथ उपलब्ध होती है, जिसका उल्लेख पूर्व में किया जा चुका है।

उक्त गाथा 'प्रज्ञापना' (९७) में भी देखी जाती है। उसका पाठ आचारांग नि० के समान है।

इस गाथा के उत्तरार्ध का पाठ भेद विचारणीय है।

ष० ख० में इसी प्रसंग में आगे इतना विशेष कहा गया है कि ऐसे अनन्त जीव हैं जिन्होंने मिथ्यात्वादिरूप अतिशय भावकलंक से कलुषित रहने के कारण कभी त्रस पर्याय को प्राप्त नहीं किया है व जो निगोदवास को नहीं छोड़ रहे हैं। अनन्तर वहाँ एक निगोदशरीर में अवस्थित जीवों के द्रव्यप्रमाण का निर्देश करते हुए उसे अतीत काल में सिद्ध हुए जीवों से अनन्तगुणा कहा गया है।[3]

'प्रज्ञापना' में इस प्रकार का उल्लेख कहीं भी दृष्टिगोचर नहीं हुआ।

इस प्रकार इन दोनों ग्रन्थों की वर्णन शैली के भिन्न होने पर भी जिस प्रकार ष० ख० के अन्तर्गत सत्प्ररूपणा अनुयोगद्वार में क्रम से गति-इन्द्रियादि मार्गणाओं में जीवों के भेद-प्रभेदों

---

१. ष०ख०, पु० १४, पृ० २२५-३३

२. इनमें पूर्व की दो गाथाएँ (१२२-२३) आचारांगनिर्युक्ति में भी उपलब्ध होती हैं। क्रम उनका वहाँ ष० ख० के समान (१३६-३७) है।

३. पु० १४ पृ० २३३-३४; ये दोनों गाथाएँ मूलाचार के 'पर्याप्ति' अधिकार (१६२-६३) में तथा दि० पंचसंग्रह में भी विपरीत क्रम (१-८५ व ८४) से उपलब्ध होती हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

को दिखलाया गया है उसी प्रकार प्रज्ञापना के अन्तर्गत प्रथम 'प्रज्ञापना' पद में भी एकेन्द्रियादि जीवों के भेद-प्रभेदों को दिखलाया गया है। विशेषता यह रही है कि प्रज्ञापना में विवक्षित जीवों में उनके अन्तर्गत विविध जातिभेदों को भी प्रकट किया गया है, जिनका उल्लेख ष० ख० में नहीं है—यह पीछे वनस्पतिकायिक जीवों के प्रसंग में भी स्पष्ट किया जा चुका है।

दूसरा उदाहरण मनुष्यों का लिया जा सकता है। ष० ख० में आध्यात्मिक दृष्टि की प्रमुखता से उक्त सत्प्ररूपणा में मनुष्यगति के प्रसंग में मोक्ष-महल के सोपानस्वरूप चौदह गुणस्थानों में मिथ्यादृष्टि व सासादनसम्यग्दृष्टि आदि चौदह प्रकार के मनुष्यों का अस्तित्व प्रकट किया गया है। (सूत्र १,१, २७)

किन्तु प्रज्ञापना में मनुष्यजीव-प्रज्ञापना के प्रसंग में मनुष्यों के सम्मूर्च्छन व गर्भोपक्रान्तिक इन दो भेदों का निर्देश करते हुए उनके अन्तर्गत अनेक अवान्तर जाति-भेदों को तो प्रकट किया गया है, पर गुणस्थानों व उनके आश्रय से होनेवाले उनके चौदह भेदों का कोई उल्लेख नहीं है। (सूत्र ९२-१३८)

५. ष० ख० के दूसरे खण्ड क्षुद्रकबन्ध के अन्तर्गत जो ग्यारह अनुयोगद्वार हैं उनमें तीसरा 'एक जीव की अपेक्षा कालानुगम' है। उसमें गति-इन्द्रियादि के क्रम से चौदह मार्गणाओं में जीवों के काल की प्ररूपणा है।

उधर प्रज्ञापना के पूर्वोक्त ३६ पदों में चौथा 'स्थिति' पद है। उसमें नारक आदि विविध जीवों की स्थिति (काल) की प्ररूपणा है। दोनों ग्रन्थगत इस प्ररूपणा में बहुत कुछ समानता देखी जाती है। यथा—

"एगजीवेण कालाणुगमेण गदियाणुवादेण णिरयगदीए णेरइया केवचिरं कालादो होंति? अहण्णेण दसवाससहस्साणि। उक्कस्सेण तेत्तीसं सागरोवमाणि। पढमाए पुढवीए णेरइया केवचिरं कालादो होंति? जहण्णेण दसवाससहस्साणि। उक्कस्सेणं सागरोवमं।"

—ष०ख०, सूत्र २,२,१-६ (पु० ७)

"नेरइयाणं भंते! केवतियं कालं ठिती पण्णत्ता? गोयमा! जहण्णेण दसवाससहस्साइं, उक्कोसेणं तेत्तीसं सागरोवमाइं।·····रयणप्पभापुढविनेरइयाणं भंते? केवतियं कालं ठिती पण्णत्ता? गोयमा! जहण्णेणं दसवाससहस्साइं, उक्कोसेणं सागरोवमं।"

—प्रज्ञापना सूत्र ३३५ [१] व ३३६ [१]

इसी क्रम से आगे भी दोनों ग्रन्थों में अपनी-अपनी पद्धति से कुछ हीनाधिकता के साथ जीवों के काल की प्ररूपणा की गई है।

६. ष० ख० में इसी क्षुद्रकबन्ध खण्ड के अन्तर्गत उन ग्यारह अनुयोगद्वारों में से छठे और सातवें अनुयोगद्वारों में क्रम से जीवों के वर्तमान निवास (क्षेत्र) और कालत्रयवर्ती क्षेत्र (स्पर्शन) की प्ररूपणा गति-इन्द्रिय आदि मार्गणाओं के क्रम से की गई है।

इसी प्रकार प्रज्ञापना में उन ३६ पदों के अन्तर्गत दूसरे 'स्थान' नामक द में बादर पृथिवीकायिकादि जीवों के स्थानों की प्ररूपणा कुछ अधिक विस्तार से की गई है।

दोनों ग्रन्थों की इस प्ररूपणा में बहुत कुछ समानता दिखती है। इसके लिए यहाँ एक उदाहरण दिया जाता है—

"मणुसगदीए मणुसा मणुसपज्जत्ता मणुसिणी सत्थाणेण उववादेण केवडिखेत्ते? लोगस्स असंखेज्जदिभागे। समुग्घादेण केवडिखेत्ते? लोगस्स असंखेज्जदिभागे। असंखेज्जेसु वा भाएसु

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सव्वलोगे वा। मणुसअपज्जत्ता सत्थाणेण समुग्घादेण उववादेण केवडि खेत्ते ? लोगस्स असंखेज्ज-दिभागे।" —ष०ख०, सूत्र २,६, ८-१४ (पु० ७)

"कहिणं भंते ! मणुस्साणं पज्जत्ताऽपज्जत्ताणं ठाणा पण्णत्ता ? गोयमा ! अंतो मणुस्सखेत्ते पणतालीसजोयणसतसहस्सेसु अड्ढाइज्जेसु दीव-समुद्देसु पण्णरससु कम्मभूमीसु तीसाए अकम्म-भूमीसु[1] छप्पण्णाए अंतरदीवेसु, एत्थ णं मणुस्साणं पज्जत्ताऽपज्जत्ताणं ठाणा पण्णत्ता। उववाएणं लोगस्स असंखेज्जइभागे समुग्घाएणं सव्वलोए, सट्ठाणेणं लोगस्स असंखेज्जइभागे।[2]

—प्रज्ञापना सूत्र १७६

इस प्रकार कुछ शब्द-साम्य के साथ दोनों ग्रन्थों का अभिप्राय समान है। विशेषता यह रही है कि ष० ख० में जहाँ सामान्य से लोक का असंख्यातवाँ भाग कहा गया है वहाँ पण्णवणा में उसके स्थान में विशेष रूप से मनुष्यक्षेत्र व अढाई द्वीप-समुद्रों आदि का निर्देश किया गया है जो लोक के असंख्यातवें भागरूप ही है। इसके अतिरिक्त ष० ख० में प्रतरसमुद्घातगत केवली को लक्ष्य करके 'लोक के असंख्यात बहुभागों' (असंखेज्जेसु वा भाएसु) का जो उल्लेख किया गया है वह प्रज्ञापना में उपलब्ध नहीं है।

७. ष० ख० के प्रथम खण्ड जीवस्थान के अन्तर्गत सत्प्ररूपणादि आठ अनुयोगद्वारों में जो अन्तिम अल्पबहुत्व अनुयोगद्वार है उसमें गुणस्थानों की प्रमुखता से क्रमशः गति आदि चौदह मार्गणाओं में विस्तारपूर्वक अल्पबहुत्व की प्ररूपणा की गई है। गुणस्थानों की प्रमुखता के कारण यद्यपि उससे प्रज्ञापना में प्ररूपित अल्पबहुत्व की विशेष समानता नहीं है फिर भी उसके दूसरे खण्ड क्षुद्रकबन्ध के अन्तर्गत ग्यारह अनुयोगद्वारों में जो अन्तिम अल्पबहुत्व अनुयोगद्वार है उसमें गुणस्थानों की अपेक्षा न करके यथाक्रम से केवल गति-इन्द्रियादि मार्गणाओं में भी उस अल्पबहुत्व की प्ररूपणा की गई है। उससे प्रज्ञापना में प्ररूपित अल्पबहुत्व की अधिक समानता है। इसके लिए यहाँ एक-दो उदाहरण दे-देना ठीक होगा।

(१) "अप्पाबहुगाणुगमेण गदियाणुवादेण पंच गदीओ समासेण। सव्वत्थोवा मणुसा। णेरइया असंखेज्जगुणा। देवा असंखेज्जगुणा। सिद्धा अणंतगुणा। तिरिक्खा अणंतगुणा।"

—ष०ख०, सूत्र २, ११,१-६ (पु० ७)

"एएसिं णं भंते ! नेरइयाणं तिरिक्खजोणियाणं·····? गोयमा ! सव्वत्थोवा मणुस्सा १, नेरइया असंखेज्जगुणा २, देवा असंखेज्जगुणा ३, सिद्धा अणंतगुणा ४, तिरिक्खजोणिया अणंतगुणा ५।" —प्रज्ञापना सूत्र २२५

(२) "अट्ठ गदीओ समासेण। सव्वत्थोवा मणुस्सिणीओ। मणुस्सा असंखेज्जगुणा। णेरइया असंखेज्जगुणा। पंचिंदियतिरिक्खजोणिणीओ असंखेज्ज गुणाओ। देवा संखेज्जगुणा।[3] देवीओ

---

१. ष० ख० में अढाई द्वीप-समुद्रों व पन्द्रह कर्मभूमियों का उल्लेख सूत्र १,९-८,११ (पु०६) में तथा कम्मभूमि और अकम्मभूमि शब्दों का उपयोग सूत्र ४,२, ६,८ (पु० ११, पृ० ८८) में हुआ है।

२. यहाँ ष०ख० सूत्र ३,६,८-१४ व उनकी धवला टीका द्रष्टव्य है (पु० ११, पृ० ८८-११९)।

३. धवलाकार ने देवों के इस संखेज्जगुणत्व की संगति इस प्रकार बैठायी है—"एत्थ गुणगारो तप्पाओग्गसंखेज्जरूवाणि। कुदो ? देवअवहारकालेण तेत्तीसरूवगुणिदेण पंचिंदियतिरिक्ख-

(शेष पृष्ठ २३७ पर देखिए)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संखेज्जगुणाओ । सिद्धा अणंतगुणा । तिरिक्खा अणंतगुणा ।"

—ष०ख०, सूत्र २,११,७-१५ (पु० ७)

"एतेसिं णं भंते ! नेरइयाणं ·····अट्ठ गति समासेणं कतरे कतरेहिंतो अप्पा वा बहुया वा तुल्ला वा विसेसाहिया वा ? गोयमा ! सव्वत्थोवाओ मणुस्सीओ १, मणुस्सा असंखेज्जगुणा २, नेरइया असंखेज्जगुणा ३, तिरिक्खजोणिणीओ असंखेज्जगुणाओ ४, देवा असंखेज्जगुणा ५, देवीओ संखेज्जगुणाओ ६, सिद्धा अणंतगुणा ७, तिरिक्ख जोणिया अणंतगुणा ८ ।"

—प्रज्ञापना सूत्र २२६

(३) "इंदियाणुवादेण सव्वत्थोवा पंचिंदिया । चउरिंदिया विसेसाहिया । तीइंदिया विसेसाहिया । बीइंदिया विसेसाहिया । अणिंदिया अणंतगुणा । एइंदिया अणंतगुणा ।"

—ष०ख०, सूत्र २,११,१६-२१ (पु० ७)

"एतेसिं णं भंते ! सइंदियाणं एइंदियाणं ····? गोयमा ! सव्वत्थोवा पंचिंदिया १, चउरिंदिया विसेसाहिया २, तेइंदिया विसेसाहिया ३, बेइंदिया विसेसाहिया ४, अणिंदिया अणंतगुणा ५, एइंदिया अणंतगुणा ६ ।"

—प्रज्ञापना सूत्र २२७

इस प्रकार दोनों ग्रन्थगत उपर्युक्त तीनों सन्दर्भ क्रमबद्ध व शब्दशः समान हैं। इतना विशेष है कि ष० ख० में जहाँ देवों को तिर्यंचयोनिमतियों से संख्यातगुणा कहा गया है वहाँ प्रज्ञापना में उन्हें उन तिर्यंच योनिमतियों से असंख्यातगुणा कहा गया है।

दूसरी विशेषता यह है कि इन्द्रियाश्रित इस अल्पबहुत्व की प्ररूपणा में ष० ख० में सामान्य तिर्यंचों को नहीं ग्रहण किया है, पर प्रज्ञापना में आगे सामान्य तिर्यंचों को भी ग्रहण करके उन्हें एकेन्द्रियों से विशेष अधिक कहा गया है।

यहाँ यह विशेष ध्यान देने योग्य है कि ष० ख० में जीवस्थान खण्ड के अन्तर्गत जो दूसरा द्रव्यप्रमाणानुगम अनुयोगद्वार है उसमें गुणस्थान सापेक्ष गति-इन्द्रियादि मार्गणाओं में जीवों की संख्या की प्ररूपणा की गई है तथा आगे उसके दूसरे क्षुद्रकबन्ध खण्ड के अन्तर्गत पाँचवें द्रव्य प्रमाणानुगम अनुयोगद्वार में भी गुणस्थान निरपेक्ष उन गति-इन्द्रियादि मार्गणाओं में जीवों की संख्या की प्ररूपणा है। संख्या की यह प्ररूपणा ही उक्त अल्पबहुत्व की प्ररूपणा का आधार रही है। पर जहाँ तक हम खोज सके हैं, प्रज्ञापना में कहीं भी उन जीवों की संख्या की प्ररूपणा नहीं की गई जिसे उक्त अल्पबहुत्व का आधार समझा जाय।

८. ष० ख० में उपर्युक्त अल्पबहुत्व अनुयोगद्वार के अन्त में 'महादण्डक' प्रकरण है। उसकी सूचना ग्रन्थकार द्वारा इस प्रकार की गई है—

"**एत्तो सव्वजीवेसु महादंडओ कादव्वो भवदि ।**" —सूत्र २, ११-२,१ (पु० ७)

इसी प्रकार का 'महादण्डक' प्रज्ञापना में तीसरे 'बहुवक्तव्य' पद के अन्तर्गत २७ द्वारों में अन्तिम है। उसकी सूचना वहाँ भी ग्रन्थकार द्वारा इन शब्दों में की गई है—

"**अह भंते ! सव्वजीवप्पबहुं महादंडयं वत्तइस्सामि ।**" —सूत्र ३३४

जोणिणीणमवहारकाले भागे हिदे संखेज्जरूवोवलंभादो ।" —धवला पु० ७, पृ० ५२३

इसके अतिरिक्त यहीं पर 'महादण्डक' सूत्र ३६-४० में स्पष्टतया पंचेन्द्रियतिर्यंच योनिमतियों से वानव्यन्तर देवों को संख्यातगुणा कहा गया है। प्रज्ञापना में निर्दिष्ट उनका असंख्यातगुणत्व कैसे घटित होता है यह अन्वेषणीय है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यहाँ 'भंते' यह संबोधन किसके लिए किया गया है तथा 'वत्तइस्सामि' क्रिया का कर्ता कौन है, यह विचारणीय है। पूर्व प्रक्रिया को देखते हुए उपर्युक्त वाक्य का प्रयोग कुछ असंगत-सा दिखता है।

यहाँ यह स्मरणीय है कि इसके पूर्व जिस प्रकार ष० ख० में उस अल्पबहुत्व को पृथक् पृथक् गति-इन्द्रिय आदि चौदह मार्गणाओं में दिखलाया गया है उसी प्रकार प्रज्ञापना में भी उसे उसके पूर्व पूर्वनिर्दिष्ट दिशा व गति आदि २७ द्वारों में पृथक्-पृथक् दिखलाया गया है।[1]

तत्पश्चात् ष० ख० और प्रज्ञापना दोनों में ही इस महादण्डक द्वारा सब जीवों में सम्मिलित रूप से उस अल्पबहुत्व को प्रकट किया गया है। ष० ख० के टीकाकार वीरसेनाचार्य ने इस महादण्डक को क्षुद्रकबन्ध खण्ड के अन्तर्गत ११ अनुयोगद्वारों की चूलिका कहा है।[2]

तदनुसार प्रज्ञापना में प्ररूपित उस महादण्डक को भी यदि पूर्वनिर्दिष्ट उन दिशा आदि २६ अनुयोग की चूलिका कहा जाय तो वह असंगत न होगा।

अब यहाँ संक्षेप में दोनों ग्रन्थगत इस प्रसंग की समानता को प्रकट किया जाता है—

"सव्वत्थोवा मणुसपज्जत्ता गब्भोवक्कंतिया। मणुसणीओ संखेज्जगुणाओ।"

—ष०ख०, सूत्र २,११-२,२-३

"सव्वत्थोवा गब्भवक्कंतिया मणुस्सा। मणुस्सीओ संखेज्जगुणाओ।"

—प्रज्ञापना १, पृ० १०६

ष० ख० में इसके आगे मनुष्यणियों से सर्वार्थसिद्धि विमानवासी देवों को संख्यातगुणे, उनसे बादर तेजस्कायिक पर्याप्तकों को असंख्यातगुणे और उनसे अनुत्तर-विजयादि विमान वासी देवों को असंख्यातगुणे कहा गया है।

प्रज्ञापना में आगे सर्वार्थसिद्धिविमानवासी देवों का उल्लेख न करके मनुष्यणियों से बादर तेजस्कायिक पर्याप्तकों को असंख्यातगुणे और उनसे अनुत्तरोपपादिक देवों को असंख्यातगुणे कहा गया है। इस प्रकार यहाँ प्रज्ञापना में एक (सर्वार्थसिद्धि) स्थान कम हो गया है।

आगे जाकर ष०ख० में अनुदिशविमानवासी देवों को अनुत्तर विमानवासी देवों से संख्यात-गुणे कहा गया है।

प्रज्ञापना में इस स्थान का उल्लेख नहीं है, क्योंकि श्वेताम्बर सम्प्रदाय में नौ अनुदिश विमानों का अस्तित्व स्वीकार नहीं किया गया है।

आगे ष० ख० में जहाँ उपरिम-उपरिम आदि नौ ग्रैवेयकों में पृथक्-पृथक् नौ स्थानों में उस अल्पबहुत्व का निर्देश किया गया है वहाँ प्रज्ञापना में उपरिम, मध्यम व अधस्तन इन तीन ग्रैवेयकों का ही उल्लेख है।

इस प्रकार ष०ख० में यहाँ तक १५ स्थान होते हैं, किन्तु प्रज्ञापना में आठ (१+१+६) स्थानों के कम हो जाने से ७ स्थान ही उस अल्पबहुत्व के रहते हैं।

इसी प्रकार आगे १६ व १२ कल्पों के मतभेद के कारण भी उस अल्पबहुत्व के स्थानों में

---

१. ष० ख० सूत्र १-२०५ (पु० ७, पृ० ५२०-७४ तथा प्रज्ञापना सूत्र २१२-३३३

२. समत्तेसु एक्कारसअणिओगद्दारेसु किमट्ठमेसो महादंडओ वोत्तुमाढत्तओ? वुच्चदे—खुद्दाबंधस्स एक्कारस अणिओगद्दारणिबद्धस्स चूलियं काऊण महादंडओ वुच्चदे। (पु० ७, पृ० ५७५)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हीनाधिकता हुई है।

आगे इन दोनों ग्रन्थों में जितने स्थान उस अल्पबहुत्व के विषय में समान हैं उसका निर्देश किया जाता है—

समान स्थान	ष० ख०	प्रज्ञापना
१६ सातवीं पृथिवी से सौ० कल्प की देवियों तक	१६-३४	१२-२७
४ वानव्यन्तर देवों से ज्योतिष देवियों तक	४०-४३	३८-४१
२७ चतुरिन्द्रिय पर्याप्त से सूक्ष्मवायु पर्याप्त	४४-७०	४५-७१

४७ स्थान

इस तरह समस्त समान स्थान सैंतालीस हुए। इतने स्थानों में यथाक्रम से दोनों ही ग्रन्थों में उस अल्पबहुत्व की प्ररूपणा समान रूप में की गई है।

इस प्रकार ष० ख० में जहाँ उस अल्पबहुत्व की प्ररूपणा ७८ स्थानों में की गई है वहाँ प्रज्ञापना में उसकी प्ररूपणा कुछ हीनाधिकता के साथ ९८ स्थानों में हुई है।

विशेषता

प्रज्ञापना में इस स्थानवृद्धि का कारण यह है कि वहाँ अच्युत (८), आरण (९), प्राणत (१०) और आनत (११) इन चार स्थानों में पृथक्-पृथक् उस अल्पबहुत्व का उल्लेख किया गया है, जबकि ष० ख० में उसका उल्लेख आरण-अच्युत (१७) और आनत-प्राणत (१८) इन दो स्थानों में किया गया है।

इसी प्रकार प्रज्ञापना में खगचर, स्थलचर और जलचर जीवों में पृथक्-पृथक् पुरुष, योनिमती और नपुंसक के भेद से उसका उल्लेख है। (३२-३७ व ४२-४४)

ष० ख० में इन ९ स्थानों का उल्लेख पृथक् से नहीं किया गया है। वहाँ मार्गणाश्रित जीव भेदों की प्ररूपणा में कहीं खगचर, स्थलचर और जलचर इन तीन भेदों का उल्लेख नहीं किया गया है। पर प्रसंगवश जलचर स्थलचर और खगचर इन तीन प्रकार के जीवों का निर्देश वहाँ वेदनाकाल-विधान में काल की अपेक्षा उत्कृष्ट ज्ञानावरणीयवेदना के प्रसंग में अवश्य किया गया है।[1]

प्रज्ञापना में आगे सूक्ष्म निगोद अपर्याप्त (७२), पर्याप्त (७३), अभवसिद्धिक (७४), परिपतित सम्यक्त्वी (७५), तथा बादर पर्याप्त सामान्य (७८), बादर अपर्याप्त सामान्य (८०), बादर सामान्य (८१), सूक्ष्म अपर्याप्त सामान्य (८३), सूक्ष्म पर्याप्त सामान्य (८५), सूक्ष्म सामान्य (८६), भवसिद्धिक (८७), निगोदजीव सामान्य (८८), वनस्पति जीव सामान्य (८९), एकेन्द्रिय सामान्य (९०), तिर्यंच सामान्य (९१), मिथ्यादृष्टि (९२), अविरत (९३), सकषायी (९४), छद्मस्थ (९५), सयोगी (९६), संसारस्थ (९७) और सर्वजीव (९८) इन अल्पबहुत्व के स्थानों को वृद्धिगत किया गया है।

इस प्रकार दोनों ग्रन्थों में **'महादण्डक'** के प्रसंग में समस्त जीवों के आश्रय से उस अल्पबहुत्व की प्ररूपणा कुछ मतभेदों को छोड़कर प्रायः समान रूप में की गई है। ष० ख०

१. ष०ख०, सूत्र ४,२,६,८ (पु० ११, पृ० ८८)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

में जहाँ उस अल्पबहुत्व के स्थान ७७ (प्रथम सूत्रांक को छोड़कर) हैं वहाँ प्रज्ञापना में वे ९८ है। इनमें जैसा कि पहले स्पष्ट किया जा चुका है, उस अल्पबहुत्व के सैंतालीस स्थान (१६+४+२७) सर्वथा समान हैं। प्रज्ञापना में जो कुछ स्थान अधिक हैं उनकी अधिकता के कारणों का निर्देश भी ऊपर किया जा चुका है।

९. ष० ख० के प्रथम खण्ड जीवस्थान से सम्बद्ध नौ चूलिकाएँ हैं। उनमें प्रथम 'प्रकृति समुत्कीर्तन' चूलिका है। इसमें ज्ञानावरणीयादि आठ मूलप्रकृतियों और उनकी उत्तर प्रकृतियों का उल्लेख किया गया है।[1] (सूत्र ३-४६ पु० ६)

प्रज्ञापना में २३ वें पद के अन्तर्गत जो दो उद्देश हैं उनमें से दूसरे उद्देश में मूल और उत्तर कर्मप्रकृतियों का उल्लेख किया गया है। (सूत्र १९८७-९६)

उन मूल और उत्तर प्रकृतियों का उल्लेख दोनों ग्रन्थों में समान रूप से ही किया गया है।

१०. ष०ख० में उपर्युक्त नौ चूलिकाओं में जो छठी चूलिका है उसमें इन मूल और उत्तर कर्मप्रकृतियों की उत्कृष्ट स्थिति की तथा आगे की सातवीं चूलिका में जघन्य स्थिति की प्ररूपणा की गई है। (पु० ६)

प्रज्ञापना में इस उत्कृष्ट और जघन्य स्थिति की प्ररूपणा उपर्युक्त २३वें पद के अन्तर्गत दूसरे उद्देश में साथ-साथ की गई है। (सूत्र १६९७-१७०४)

दोनों ग्रन्थों में स्थिति की वह प्ररूपणा अपनी अपनी पद्धति से प्रायः समान है। विशेषता यह रही है कि ष० ख० में जहाँ समान स्थितिवाले कर्मों की स्थिति का उल्लेख एक साथ किया गया है वहाँ प्रज्ञापना में उसका उल्लेख पृथक्-पृथक् ज्ञानावरणदि के क्रम से किया गया है। यथा—

(१) "पंचण्हं णाणावरणीयाणं णवण्हं दंसणावरणीयाणं असादावेदणीयं पंचण्हं अंतराइयाण-मुक्कस्सओ ट्ठिदिबंधो **तीसं सागरोवम कोडाकोडीओ। तिण्णि सहस्साणि आबाधा। आबाधूणिया कम्मट्ठिदी कम्मणिसेओ**"।[2] —सूत्र १, ९-३, ४-६

इसी प्रकार जघन्य स्थिति प्ररूपणा भी वहाँ उसी पद्धति से १,९-७, ३-५ सूत्रों में की गई है।

"णाणावरणिज्जस्स णं भंते ! कम्मस्स केवतियं कालं ठिती पण्णत्ता ? गोयमा ! जहण्णेणं अंतोमुहुत्तो उक्कोसेणं **तीसं सागरोकोडाकोडीओ, तिण्णि य वाससहस्साइं अबाहा, अबाहूणिया कम्मठिती कम्मणिसेगो।**" —प्रज्ञापना सूत्र १६९७

(२) पाँच दर्शनावरणीय प्रकृतियों की जघन्य स्थिति के लिए देखिए ष० ख० सूत्र १, ९-७,९-८ और प्रज्ञापना सूत्र १६९८ [१]।

इसी प्रकार से दोनों ग्रन्थों में कर्मों की उस उत्कृष्ट और जघन्य स्थिति की प्ररूपणा आगे पीछे समान रूप में की गई है।

११. ष०ख० में जीवस्थान की उपर्युक्त नौ चूलिकाओं में अन्तिम 'गति-आगति' चूलिका

---

१. इन मूल-उत्तर प्रकृतियों का उल्लेख आगे ष०ख० के पाँचवें वर्गणा खण्ड के अन्तर्गत 'प्रकृति' अनुयोगद्वार में थोड़ी-सी विशेषता के साथ पुनः किया गया है। (पु० १३)

२. निषेककम का विचार ष० ख० में आगे वेदनाकालविधान में किया गया है। सूत्र ४,२,६, १०१-१० (पु० ११)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

है। उसमें गति के क्रम से जीव किस गति से निकलकर किन गतियों में जाता है और वहाँ उत्पन्न होकर वह किन-किन गुणों को प्राप्त करता है, इसका विस्तार से विशद विचार किया गया है।

प्रज्ञापना में उसका विचार बीसवें 'अन्तःक्रिया' पद के अन्तर्गत उद्वर्तन (४), तीर्थंकर (५), चक्री (६), बलदेव (७), वासुदेव (८), माण्डलिक (९) और रत्न (१०) इन द्वारों में पृथक्-पृथक् किया गया है।

इस स्थिति में यद्यपि दोनों ग्रन्थों में यथाक्रम से समानता तो नहीं दिखेगी, पर आगे-पीछे उस प्ररूपणा में अभिप्राय समान अवश्य दिखेगा। इसके लिए उदाहरण—

ष० ख० में उक्त आगति का विचार अन्तर्गत भेदों के साथ यथाक्रम से नरकादि गतियों में किया गया है। यहाँ हम चतुर्थ पृथिवी से निकलते हुए मिथ्यादृष्टि नारकी का उदाहरण ले लेते हैं। उसके विषय में वहाँ कहा गया है कि वह उस पृथिवी से निकलकर तिर्यंच और मनुष्य इन दो गतियों में जाता है। यदि वह तिर्यंच गति में जाता है तो गर्भोपक्रान्तिक, संज्ञी, पंचेन्द्रिय व पर्याप्त तिर्यंचों में उत्पन्न होकर आभिनिबोधिकज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, सम्यग्मिथ्यात्व, सम्यक्त्व और संयमासंयम इन छह को उत्पन्न कर सकता है। (सूत्र १,९-९,७६-८२ और १,९-९,२१३-१५)

'यदि वह मनुष्यगति में जाता है तो वहाँ गर्भोपक्रान्तिक संख्यातवर्षायुष्क पर्याप्त मनुष्य होकर आभिनिबोधिक आदि पाँच ज्ञान, सम्यग्मिथ्यात्व, सम्यक्त्व, संयमासंयम और संयम इन नौ को उत्पन्न करता हुआ मुक्ति को भी प्राप्त कर सकता है। परन्तु वह उस पृथिवी से निकलकर बलदेव, वासुदेव, चक्रवर्ती और तीर्थंकर नहीं हो सकता है।' (सूत्र १,९-९,८३-८५ और १,९-९,२१६)

प्रज्ञापना में यह अभिप्राय सूत्र १४२० [१-८], १४२१ [१-५] और १४४४-४६ में व्यक्त किया गया है।

इस प्रसंग में समान परम्परा से आनेवाले इन शब्दों का उपयोग भी देखने योग्य है—

"केइमंतयडा होदूण सिज्झंति, बुज्झंति, मुच्चंति, परिणव्वाणयंति, सव्वदुक्खाणमंतं परिविजाणंति।" —षट्खण्डागम सूत्र १,९-९,२१६ व २२० आदि

"जे णं भंते ! केवलणाणं उप्पाडेज्जा से णं सिज्झेज्जा, बुज्झेज्जा, मुच्चेज्जा, सव्वदुक्खाणं अंतं करेज्जा ? गोयमा ! सिज्झेज्जा जाव सव्वदुक्खाणं अंतं करेज्जा।"

—प्रज्ञापना सूत्र १४२१ [५]

विशेषता

इस प्रकार एक समान मौलिक परम्परा पर आधारित होने से दोनों ग्रन्थों में जहाँ सैद्धान्तिक विषयों के विवेचन व उनकी रचनापद्धति में समानता रही है वहाँ उनमें अपनी-अपनी अपरिहार्य कुछ विशेषता भी दृष्टिगोचर होती है। यथा—

१. षट्खण्डागम के रचयिताओं का प्रमुख ध्येय आत्महितैषी जीवों को आध्यात्मिकता की ओर आकृष्ट करके उन्हें मोक्षमार्ग में अग्रसर करना रहा है। इसीलिए उन्होंने प्रस्तुत ग्रन्थ में आध्यात्मिक पद पर प्रतिष्ठित होने के लिए उसके सोपानस्वरूप चौदह गुणस्थानों का विचार गति-इन्द्रियादि चौदह मार्गणाओं के आश्रय से क्रमबद्ध व अतिशय व्यवस्थित रूप में किया है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यह विचार वहाँ प्रमुखता से उसके प्रथम खण्ड जीवस्थान में सत्प्ररूपणादि आठ अनुयोगद्वारों में यथाक्रम से किया गया है।

परन्तु प्रज्ञापना में आध्यात्मिक उत्कर्ष को लक्ष्य में रखकर उसका कुछ भी विचार नहीं किया गया। यहाँ तक कि उसमें गुणस्थान का कहीं नामोल्लेख भी नहीं है।

२. जीव अनादि काल से कर्मबद्ध रहकर उसके उदयवश निरन्तर जन्म-मरण के कष्ट को सहता रहा है। वह कर्म को कब किस प्रकार से बाँधता है, वह कर्म उदय में प्राप्त होकर किस प्रकार का फल देता है, तथा उसका उपशम व क्षय करके जीव किस प्रकार से मुक्ति प्राप्त करता है, इत्यादि का विशद विवेचन षट्खण्डागम में किया गया है।[1]

प्रज्ञापना में यद्यपि कर्मप्रकृतिपद (२३), कर्मबन्धपद (२४), कर्मबन्धवेदपद (२५), कर्मवेदबन्धपद (२६), कर्मवेदवेदकपद (२७) और वेदनापद (३५) इन पदों में कर्म का विचार किया गया है; पर वह इतना संक्षिप्त, क्रमविहीन और दुरूह-सा है कि उससे लक्ष्य की पूर्ति कुछ असम्भव-सी दिखती है।

उदाहरण के रूप में 'कर्मप्रकृति' (२३) पद को लिया जा सकता है। उसके अन्तर्गत दो उद्देशों में से प्रथम उद्देश में ये पाँच द्वार हैं—(१) प्रकृतियाँ कितनी हैं, (२) जीव कैसे उन्हें बाँधता है, (३) कितने स्थानों के द्वारा उन्हें बाँधता है, (४) कितनी प्रकृतियों का वेदन करता है और (५) किसका कितने प्रकार का अनुभव करता है। इन द्वारनामों को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि उनमें कर्म के बन्ध आदि का पर्याप्त विचार किया गया होगा। पर ऐसा नहीं रहा। वहाँ जो थोड़ा-सा विचार किया गया है, विशेषकर मूलप्रकृतियों को लेकर, वह प्रायः अधूरा है। उससे कर्म की विविध अवस्थाओं पर—जैसे बन्ध, वेदन व उपशम-क्षयादि पर—कोई विशेष प्रकाश नहीं पड़ता। उदाहरणार्थ, 'कैसे बाँधता है' इस द्वार को ले लीजिए! इस द्वार में इतना मात्र विचार किया गया है[2]—

"कहण्णं भंते! जीवे अट्ठ पयडीओ बंधइ? गोयमा! णाणावरणिज्जस्स कम्मस्स उदएणं दरिसणावरणिज्जं कम्मं णियच्छति, दरिसणावरणिज्जस्स कमस्स उदएणं दंसणमोहणिज्जं कम्मं णियच्छति, दंसणमोहणिज्जस्स कम्मस्स उदएणं मिच्छत्तं णियच्छति, मिच्छत्तेणं उदिण्णेणं गोयमा! एवं खलु जीवे अट्ठ कम्मपयडीओ बंधइ।" —सूत्र १६६७

"कहण्णं भंते! णेरइए अट्ठकम्मपगडीओ बंधति? गोयमा! एवं चेव। एवं जाव वेमाणिए।"[3] —सूत्र १६६८

---

१. कर्मबन्ध का विचार बन्धस्वामित्वविचय (पु० ८) में व उसके वेदना का विचार द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव आदि के आश्रय से 'वेदना' अनुयोगद्वार में विविध अधिकारों द्वारा किया गया है। इसके अतिरिक्त बन्ध, बन्धक, बन्धनीय व बन्धनीयविधान का विचार 'बन्धन' अनुयोगद्वार (पु० १४) एवं महाबन्ध (सम्पूर्ण ७ जिल्दों) में विस्तार से किया गया है।

२. कर्म की इन विविध अवस्थाओं के विवेचन के लिए शिवशर्म सूरि विरचित कर्मप्रकृति द्रष्टव्य है।

३. प्रज्ञापनासत इस कर्म के विवेचन को गुजराती प्रस्तावना (पृ० १३१ व १३२ तथा पीछे के पृ० १२५-२६) में प्राचीन स्तर का बतलाया गया है, पर उस पर विशेष प्रकाश कुछ नहीं डाला गया है कि किस प्रकार वह प्राचीन स्तर का है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आगे वहाँ 'कितने स्थानों के द्वारा बाँधता है' इस द्वार में इतना मात्र अभिप्राय प्रकट किया गया है कि जीव राग और द्वेष इन दो स्थानों के द्वारा ज्ञानावरणीय आदि कर्मप्रकृतियों को बाँधता है। उनमें माया और लोभ के भेद से दो प्रकार का राग तथा क्रोध और मान के भेद से द्वेष भी दो प्रकार का है। इन चार स्थानों के द्वारा सभी जीव कर्मप्रकृतियों को बाँधते हैं। (सूत्र १६७०-७४)

यही स्थिति प्रायः अन्य पदों में भी रही है।

३. षट्खण्डागम में जो विषय का विवेचन है वह जीव की प्रमुखता से किया गया है। अजीव के विषय में जो कुछ भी वहाँ वर्णन हुआ है वह जीव से सम्बद्ध होने के कारण ही किया गया है। उदाहरणार्थ, पाँचवें वर्गणा खण्ड के अन्तर्गत 'बन्धन' अनुयोगद्वार (पु० १४) में बन्धनीय के प्रसंग से तेईस प्रकार की परमाणुपुद्गल-वर्गणाओं की प्ररूपणा की गई है। वहाँ इस अनुयोगद्वार के प्रारम्भ में ही स्पष्ट कर दिया गया है कि वेदनात्मक पुद्गल हैं जो स्कन्धस्वरूप हैं और वे स्कन्ध वर्गणाओं से उत्पन्न होते हैं (सूत्र ५,६,६,८)। इस प्रकार से यहाँ पुद्गलद्रव्यवर्गणाओं के निरूपण का प्रयोजन स्पष्ट कर दिया गया है। तत्पश्चात् वर्गणा के निरूपण में सोलह अनुयोगद्वारों का निर्देश करते हुए उनकी प्ररूपणा की गई है।[1] उनमें भी औदारिक, वैक्रियिक और आहारक इन तीन शरीरस्वरूप परिणत होने के योग्य परमाणुपुद्गलस्कन्धरूप आहारवर्गणा, तथा तैजसवर्गणा, भाषावर्गणा, मनोवर्गणा और कार्मणवर्गणा इन पाँच ग्राह्य वर्गणाओं की विशेष विवक्षा रही है।

परन्तु प्रज्ञापना में 'जीवप्रज्ञापना' के साथ 'अजीवप्रज्ञापना' को भी स्वतन्त्र रूप में स्थान प्राप्त है (सूत्र ४-१३)। इसी प्रकार तीसरे 'बहुवक्तव्य' पद के अन्तर्गत २६ द्वारों में से २१वें द्वार में अस्तिकायों के अल्पबहुत्व (सूत्र २७०-७३) की, २३वें द्वार में सम्मिलित रूप से जीव-पुद्गलों के अल्पबहुत्व (सूत्र २७५)की और २६वें पुद्गल-द्वार में क्षेत्रानुवाद और दिशानुवाद आदि के क्रम से पुद्गलों के भी अल्पबहुत्व (सूत्र ३२६-३३) की प्ररूपणा की गई है। पाँचवें 'विशेष' पद में अजीवपर्यायों (सूत्र ५००-५८) का तथा १०वें 'चरम' पद में लोक-अलोक का चरम-अचरम विभाग व अल्पबहुत्व का निरूपण है (सूत्र ७७४-८०६), इत्यादि।

४. षट्खण्डागम में प्रतिपाद्य विषय की प्ररूपणा प्रायः निक्षेप व नयों की योजनापूर्वक मार्गणाक्रम के अनुसार की गई है। साथ ही वहाँ विवक्षित विषय की प्ररूपणा के पूर्व उन अनुयोगद्वारों का भी निर्देश कर दिया गया है, जिनके आश्रय से उसकी प्ररूपणा वहाँ की जानेवाली है। इस प्रकार से वहाँ विवक्षित विषय की प्ररूपणा अतिशय व्यवस्थित, सुसंबद्ध एवं निर्दिष्ट क्रम के अनुसार ही रही है।

परन्तु प्रज्ञापना में प्रतिपाद्य विषय की प्ररूपणा में इस प्रकार का कोई क्रम नहीं रहा है। वहाँ निक्षेप और नयों को कहीं कोई स्थान नहीं प्राप्त हुआ तथा मार्गणाक्रम का भी अभाव रहा है। इससे वहाँ विवक्षित विषय की प्ररूपणा योजनाबद्ध व्यवस्थित नहीं रह सकी है। वहाँ प्रायः प्रतिपाद्य विषय की चर्चा पाँच इन्द्रियों के आश्रय से की गई है। इसके लिए 'प्रज्ञापना' और 'स्थान' पदों को देखा जा सकता है।

---

१. उनमें से अन्तिम १२ अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा धवलाकार ने की है। देखिए पु० १४, पृ० १३४-२२३

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५. षट्खण्डागम में प्रतिपाद्य विषय का निरूपण प्रारम्भ में निर्दिष्ट अनुयोगद्वारों के क्रम से किया गया है। पर विवक्षित विषय से सम्बद्ध जिन प्रासंगिक विषयों की चर्चा उन अनुयोगद्वारों में नहीं की जा सकी है उनकी चर्चा वहाँ अन्त में चूलिकाओं को योजित कर उनके द्वारा की गई है। उदाहरणार्थ, षट्खण्डागम के प्रथम खण्ड जीवस्थान के अन्तर्गत सत्प्ररूपणादि आठ अनुयोगद्वारों में क्षेत्र, काल और अन्तर इन अनुयोगद्वारों में जो विविध जीवों के क्षेत्र व काल आदि का निरूपण किया गया है वह जीवों की गति-आगति और कर्मबन्ध पर निर्भर है, अतः जिज्ञासु जन की जिज्ञासापूर्ति के लिए कर्मप्रकृति के भेद व उनकी उत्कृष्ट-जघन्य स्थिति आदि का भी विचार करना आवश्यक प्रतीत हुआ है। इससे उस जीवस्थान खण्ड के अन्त में नौ चूलिकाओं को योजित कर उनके द्वारा उक्त आठ अनुयोगद्वारों से सूचित अनेक आवश्यक विषयों की चर्चा है। इस सब की सूचना वहाँ प्रारम्भ में ही इस प्रकार कर दी गई है—

"कदि काओ पयडीओ बंधदि, केवडिकालट्ठिदिएहि कम्मेहि सम्मत्तं लब्भदि वा, ण लब्भदि वा, केवचिरेण कालेण वा कदि भाए वा करेदि मिच्छत्तं, उवसामणा वा खवणा वा केसु व खेत्तेसु कस्स व मूले केवडियं वा दंसणमोहणीयं कम्मे खवेंतस्स चारित्तं वा संपुण्णं पडिवज्जंतस्स।[1]"

—सूत्र १,९-१,१ (पु० ६)

इन प्रश्नों का समाधान वहाँ यथाक्रम से जीवस्थान की उन नौ चूलिकाओं द्वारा किया गया है।

प्रकृत सूत्र की स्थिति, शब्दरचना और प्रसंग को देखते हुए यही निश्चित प्रतीत होता है कि उन नौ चूलिकाओं की रचना षट्खण्डागमकार आचार्य भूतबलि के द्वारा ही की गई है। इससे यह कहना कि चूलिकाएँ ग्रन्थ में पीछे जोड़ी गई हैं, उचित नहीं होगा। सर्वार्थसिद्धि के कर्ता आचार्य पूज्यपाद ने उसकी रचना में जिस प्रकार षट्खण्डागम के प्रथम खण्ड जीवस्थान का भरपूर उपयोग किया है उसी प्रकार उस जीवस्थान खण्ड की इन नौ चूलिकाओं में से ८वीं सम्यक्त्वोत्पत्ति चूलिका और ९वीं गति-आगति चूलिका का भी उन्होंने पूरा उपयोग किया है। यह पीछे 'षट्खण्डागम व सर्वार्थसिद्धि' के प्रसंग में स्पष्ट किया जा चुका है।

प्रस्तुत अनुयोगद्वारसूत्र गद्यात्मक सूत्रों में रचा गया है; बीच-बीच में कुछ गाथाएँ भी उसमें हैं। समस्त सूत्र संख्या ६०६ और गाथा संख्या १४३ है। सर्वप्रथम यहाँ पाँच ज्ञानों का उल्लेख करके उनमें स्थापनीय चार ज्ञानों को स्थगित कर श्रुतज्ञान के उद्देश, समुद्देश, अनुज्ञा और अनुयोगविषयक प्रवर्तन की प्रतिज्ञा की गई है। पश्चात् अंगप्रविष्ट और अंगबाह्य के भी उद्देश, समुद्देश, अनुज्ञा और अनुयोगविषयक कथन की सूचना करते हुए प्रथमतः उत्कालिक अंगबाह्य स्वरूप आवश्यक के अनुयोगों का विचार किया गया है। तदनुसार आवश्यक, श्रुत, स्कन्ध और अध्ययन इनका निक्षेप करूँगा, ऐसी प्रतिज्ञा करते हुए उन चारों में से प्रथम तीन के विषय में निक्षेप की योजना की गई है। (सूत्र १-७२)

आगे चलकर आवश्यक के अन्तर्गत सामायिक आदि छह अध्ययनों का उल्लेख करते हुए प्रथम 'सामायिक' अध्ययन के विषय में उपक्रम, निक्षेप, अनुगम और नय इन चार अनुयोग-द्वारों का निर्देश किया गया है और तत्पश्चात् यथाक्रम से उनके भेद-प्रभेदों की चर्चा इन सूत्रों में की गई है—

१. उपक्रम—सूत्र ७६-९१, प्रकारान्तर से भी सूत्र ९२-५३३
२. निक्षेप - सूत्र ५३४-६००
३. अनुगम—सूत्र ६०१-६०५
४. नय—सूत्र ६०६ (गाथा १३६-४१)

इस प्रकार संक्षेप में अनुयोगद्वार के विषय का परिचय कराया। आगे यहाँ यह विचार किया जाता है कि विषयविवेचन की दृष्टि से षट्खण्डागम के साथ उसकी कहाँ कितनी समानता है तथा कहाँ कितनी उसमें विशेषता भी है—

१. षट्खण्डागम के चौथे वेदना खण्ड के अन्तर्गत दो अनुयोगद्वारों में प्रथम 'कृति' अनुयोगद्वार है। उसमें कृति के नामकृति, स्थापनाकृति आदि सात भेदों का निर्देश है। उनमें प्रथम नामकृति का स्वरूप इस प्रकार प्रकट किया गया है—

"जा सा णामकदी णाम सा जीवस्स वा, अजीवस्स वा, जीवाणं वा, अजीवाणं वा, जीवस्स च अजीवस्स च, जीवस्स च, अजीवाणं च, जीवाणं च अजीवस्स च, जीवाणं च अजीवाणं च जस्स णामं कीरदि कदि त्ति सा सव्वा णामकदी णाम।" —पु०, ९, सूत्र ५१

अनुयोगद्वार में इसी प्रकार का सूत्र नाम-अवश्य के प्रसंग में इस प्रकार कहा गया है—

---

१. गुजराती प्रस्तावना, पृ० ४९-५०
२. वही, ५०-५१

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

"से किं तं नामावस्सयं ? जस्स णं जीवस्स वा अजीवस्स वा जीवाण वा अजीवाण वा तदुभयस्स वा तदुभयाण वा आवस्सये त्ति नामं कीरए। से तं नामावस्सयं।" —अनु० सूत्र १०

इन दोनों सूत्रों में शब्द और अर्थ दोनों से समानता है। विशेष इतना है कि ष० ख० में जहाँ जीव-अजीव विषयक आठ भंगों का उल्लेख है वहाँ अनुयोगद्वार सूत्र में जीव-अजीव से सम्बन्धित एक वचन व बहुवचन सम्बन्धी दो संयोगी भंगों को छोड़कर शेष छह का उल्लेख किया गया है।

२. इसी प्रकार स्थापना के सम्बन्ध में भी उपर्युक्त दोनों ग्रन्थों के इन सूत्रों को देखिए—

"जा सा ठवणकदी णाम सा कट्ठकम्मेसु वा चित्तकम्मेसु वा पोत्तकम्मेसु वा लेप्पकम्मेसु वा लेण्णकम्मेसु वा सेलकम्मेसु वा गिहकम्मेसु वा भित्तिकम्मेसु वा दंतकम्मेसु वा भेंडकम्मेसु वा अक्खो वा वराडओ वा जे चामण्णे एवमादिया ठवणाए ठविज्जंति कदि त्ति सा सव्वा ठवणकदी णाम।" —ष०ख० सूत्र ५२०

"से किं ठवणावस्सयं ? जण्णं कट्ठकम्मे वा चित्तकम्मे वा पोत्थकम्मे वा लेप्पकम्मे वा गंथिमे वा वेढिमे वा पूरिमे वा संघाइमे वा अक्खे वा वराडए वा एगो वा अणेगा वा सब्भावठवणाए वा असब्भावठवणाए वा आवस्सए त्ति ठवणा ठविज्जति। से तं ठवणावस्सयं।"

—अनु० सूत्र ११

इन दोनों में भी अर्थ की अपेक्षा तो समानता है ही, शब्द भी वे ही हैं। विशेष इतना है कि ष० ख० में जहाँ 'कट्ठकम्म' आदि के साथ बहुवचन प्रयुक्त हुआ है वहाँ अनुयोगद्वार में एक वचन प्रयुक्त हुआ है। इसके अतिरिक्त ष० ख० में 'लेण्ण' कर्म आदि कुछ अन्य कर्मों का भी निर्देश है। उधर अनुयोगद्वार में 'गंथिम-वेढिम'[1] आदि का उल्लेख ष०ख० की अपेक्षा अधिक हुआ है।

३. ष० ख० में आगमद्रव्यकृति का स्वरूप इस प्रकार कहा गया है—

"जा सा आगमदो दव्वकदी णाम तिस्से इमे अट्ठाहियारा भवंति—**ट्ठिदं जिदं परिजिदं वायणोवगदं सुत्तसमं अत्थसमं गंथसमं णामसमं घोससमं।** जा तत्थ **वायणा** वा **पुच्छणा** वा **पडिच्छणा** वा **परियट्टणा** वा अणुपेक्खणा वा थय-थुदि-**धम्मकहा** वा जे चामण्णे एवमादिया।"

—ष० ख० सूत्र ४, १, ५४-५५

लगभग इन्हीं शब्दों में आगम-द्रव्य-आवश्यक का स्वरूप अनुयोगद्वार में इस प्रकार कहा गया है —

"से किं तं आगमतो दव्वावस्सयं ? जस्स णं आवस्सये त्ति पदं सिक्खितं **ठितं जितं** मितं **परिजितं णामसमं घोससमं** अहीणक्खरं अणच्चक्खरं अव्वाइद्धक्खरं अक्खलियं अमिलियं अवच्चामेलियं पडिपुण्णं पडिपुण्णघोसं कंठोट्ठविप्पमुक्कं **गुरुवायणोवगयं।** से णं तत्थ **वायणाए पुच्छणाए परियट्टणाए धम्मकहाए** णो अणुप्पेहाए। कम्हा ? अणुओगो दव्वमिदि कट्टु।"— सूत्र १४

दोनों ग्रन्थगत इन सूत्रों में उपयुक्त अनेक शब्द प्रायः उसी रूप में आगे पीछे व्यवहृत हुए हैं। अभिप्राय समान ही है। इस प्रकार शब्द व अर्थ की समानता के साथ यह एक विशेषता

१. गंथिम, वेढि (दि) म, पूरिम और संघादिम ये शब्द ष० ख० सूत्र ४,१,६५ (पु० ९) में प्रयुक्त हुए हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

रही है कि ष०ख० में जहाँ उन आगम विषयक उपयोगों में 'अनुप्रेक्षा' को ग्रहण किया गया है वहाँ अनुयोगद्वार में अनुपयोग को द्रव्य मानकर उसका निषेध किया है।

४. ष० ख० में नैगम और व्यवहार इन दो नयों की अपेक्षा एक अनुपयुक्त और अनेक अनुपयुक्तों को आगम से द्रव्यकृति कहा गया है। (सूत्र ५६, पु० ६)

अनुयोगद्वार में भी इसी प्रकार से नैगम नय की अपेक्षा एक अनुपयुक्त को एक, दो अनुपयुक्तों को दो और तीन अनुपयुक्तों को तीन आगम से द्रव्यावश्यक बतलाते हुए यह कह दिया गया है कि इस प्रकार जितने भी हैं वे नैगम नय की अपेक्षा आगम से द्रव्यावश्यक हैं। आगे यह सूचना कर दी गई है कि नैगम नय के समान व्यवहार नय से भी इसी प्रकार जान लेना चाहिए। (सूत्र १५)

इस प्रकार आगम द्रव्यकृति और आगम द्रव्यावश्यक के स्वरूप विषयक दोनों ग्रन्थों का अभिप्राय सर्वथा समान है। विशेष इतना है कि ष० ख० में जहाँ नैगम और व्यवहार इन दोनों नयों की विवक्षा को एक साथ प्रकट कर दिया गया है वहाँ अनुयोगद्वार में प्रथमतः नैगम नय की विवक्षा को दिखलाकर तत्पश्चात् व्यवहारनय से भी उसी प्रकार जान लेने की सूचना कर दी गई है।

इसी प्रकार ष० ख० में जहाँ एक-दो-तीन आदि अनुपयुक्तों का पृथक्-पृथक् उल्लेख न करके दो-तीन आदि अनुपयुक्तों को अनेक अनुपयुक्तों के रूप में ग्रहण कर लिया गया है वहाँ अनुयोगद्वार में एक, दो व तीन अनुपयुक्तों का निर्देश करके आगे यह स्पष्ट कर दिया गया है कि इस प्रकार से जितने भी अनुपयुक्त हों उन सबको आगम से द्रव्यावश्यक जान लेना चाहिए।

आगे दोनों ग्रन्थों में संग्रह, ऋजुसूत्र और शब्द नय की अपेक्षा जहाँ क्रम से आगम द्रव्यकृति और आगम द्रव्यावश्यक के स्वरूप का निर्देश है वहाँ भी थोड़ी विशेषता के साथ लगभग समान अभिप्राय ही प्रकट किया गया है।[1]

५. षट्खण्डागम में आगे उक्त नोआगमद्रव्यकृति के तीन भेदों में दूसरे भेदरूप भावी द्रव्यकृति के विषय में कहा गया है कि जो जीव भविष्य में कृतिअनुयोगद्वारों के उपादान-कारणस्वरूप से स्थित है, वर्तमान में कर नहीं रहा है उसका नाम भावी द्रव्यकृति है। (सूत्र ६४)

अनुयोगद्वार में भाविशरीर-द्रव्यावश्यक प्रसंग में कहा गया है कि योनिजन्म से निष्क्रान्त जो जीव ग्रहण किये गये इसी शरीरोत्सेध से जिनोपदिष्ट भाव से 'आवश्यक' इस पद को भविष्य काल में सीखेगा, वर्तमान में सीख नहीं रहा है, उसे भाविशरीर-द्रव्यावश्यक जानना चाहिए। यहाँ दृष्टान्त दिया गया है—'यह मधुकुम्भ होगा, यह घृतकुम्भ होगा।' (सूत्र १८)

इस प्रसंग में दोनों ग्रन्थों का अभिप्राय प्रायः समान है। विशेष इतना है कि अनुयोगद्वार में उसके स्पष्टीकरण में मधुकुम्भ और घृतकुम्भ का दृष्टान्त भी दिया गया है, जो ष० ख० में उपलब्ध नहीं है।

यहाँ यह स्मरणीय है कि ष० ख० में जहाँ यह प्ररूपणा **'कृति'** को लक्ष्य में रखकर की गई है वहाँ अनुयोगद्वार में **'आवश्यक'** को लक्ष्य में रखा गया है।

१. ष० ख० सूत्र ५७-५६ (पु० ६) और अनु० सूत्र १५ [३-५], ५७ [५] व ४८३ [५]।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विशेषता

इस प्रकार दोनों ग्रन्थों में की गई इस निक्षेपविषयक प्ररूपणा आदि के विषय में शब्द व अर्थ की अपेक्षा बहुत कुछ समानता के होने पर भी उनमें कुछ अपनी-अपनी विशेषता भी देखी जाती है। यथा--

१. षट्खण्डागम में जहाँ नामनिक्षेप के प्रसंग में उसके आधारभूत जीव व अजीव विषयक आठ भंगों का निर्देश है वहाँ अनुयोगद्वार में छह भंगों का ही निर्देश किया गया है। वहाँ 'जीवस्स च अजीवाणं च' और 'जीवाणं च अजीवस्स च' इन दो (६-७) भंगों का निर्देश नहीं किया गया।[1]

२. स्थापनानिक्षेप के प्रसंग में अनुयोगद्वार की अपेक्षा षट्खण्डागम में काष्ठ कर्मादि चार के साथ लेण्णकम्म, सेलकम्म, गिहकम्म, भित्तिकम्म, दंतकम्म और भेंडकम्म इन छह कर्म-विशेषों का उल्लेख भी है। उधर अनुयोगद्वार में ष०ख० की अपेक्षा गंथिम, वेढिम, पूरिम और संघाइम इन क्रियाविशेषों का उल्लेख अधिक किया गया है।[2]

इसके अतिरिक्त इसी प्रसंग में षट्खण्डागम में जहाँ सामान्य से 'ठवणाए' इतना मात्र निर्देश किया गया है वहाँ अनुयोगद्वार में उस स्थापना के भेदभूत सद्भावस्थापना और असद्-भावस्थापना को ग्रहण करके 'सब्भावठवणाए वा असब्भावठवणाए वा' ऐसा स्पष्ट कर दिया गया है।[3]

इसके अतिरिक्त ष० ख० की अपेक्षा अनुयोगद्वार में एक यह भी विशेषता रही है कि वहाँ 'नाम-ट्ठवणाणं को पइविसेसो' ऐसा प्रश्न उठाकर उसके समाधान में 'णामं आवकहियं, ठवणा इत्तिरिया वा होज्जा आवकहिया वा' यह विशेष स्पष्ट किया गया है।[4]

३. नोआगम-भावनिक्षेप के प्रसंग में दोनों ग्रन्थों में स्थित, जित, परिजित, नामसम और घोषसम इन शब्दों का समान रूप में उपयोग करने पर भी अनुयोगद्वार में ष०ख० की अपेक्षा 'अहीनाक्षर' आदि नौ शब्दों का उपयोग अधिक है।

इसके अतिरिक्त ष० ख० में जहाँ 'वायणोवगदं' है वहाँ अनुयोगद्वार में 'गुरु' के साथ 'गुरुवायणोवगयं' है।

ष० ख० में उक्त 'स्थित-जित' आदि नौ का निर्देश आगम के अर्थाधिकारों के रूप में किया गया है, साथ ही आगे के सूत्र में निर्दिष्ट वाचना व पृच्छना आदि को आगम-विषयक उपयोग कहा गया है।

किन्तु अनुयोगद्वार में उक्त 'स्थित-जित' आदि का उल्लेख आगम के अर्थाधिकार रूप में नहीं हुआ है। वाचना-पृच्छना आदि का उल्लेख भी वहाँ आगमविषयक उपयोग के रूप

---

१. ष० ख० सूत्र ५१ (पु० ९) और अनु० सूत्र १०

२. ष० ख० में गंथिम, वेढि [दि] म, पूरिम और संघादिम इन शब्दों का उपयोग तद्व्यतिरिक्त नोआगम द्रव्यकृति के प्रसंग (सूत्र ६५) में हुआ है। इनके अतिरिक्त वहाँ 'वाइम' व 'आहोदिम' आदि कुछ अन्य शब्द भी व्यवहृत हुए हैं।

३. ष० ख० सूत्र ६५२ और अनुयोगद्वार सूत्र ११ (ष० ख० में स्थापना के इन दो भेदों का उल्लेख मूल में कहीं भी नहीं किया गया है)।

४. अनु० सूत्र १२,२३,५५ और ४८०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

में किया गया है।

एक विशेषता यह भी है कि ष० ख० में 'कृति' अनुयोगद्वार के प्रसंग में आगमद्रव्यकृति का विचार करते हुए पूर्वोक्त 'वाचना' आदि के साथ 'अनुप्रेक्षा' को भी उपयोग के रूप में ग्रहण किया गया है। इसी प्रकार 'प्रकृति' अनुयोगद्वार के प्रसंग में आगमद्रव्यप्रकृति का विचार करते हुए भी 'अनुप्रेक्षा' को उपयोग के रूप में ही ग्रहण किया गया है। इतना विशेष है कि यहाँ 'अणुव जोगा दव्वेत्ति कट्टु' ऐसा निर्देश करते हुए सभी अनुपयुक्तों को आगम से द्रव्यप्रकृति कहा गया है।[1] पर अनुयोगद्वार में 'णो अणुप्पेहाए। कम्हा? अणुव जोगो दव्वमिदि कट्टु' ऐसा निर्देश करते हुए उस अनुप्रेक्षा का उपयोग के रूप में निषेध किया गया है।[2]

दोनों ग्रन्थों में 'अणुवजोगा दव्वे त्ति कट्टु' और 'अणुवजोगो दव्वमिदि कट्टु' वाक्यांश सर्वथा समान है। भेद केवल बहुवचन व एकवचन का है।

४. षट्खण्डागम में इसी प्रसंग में नैगम और व्यवहार इन दो नयों की अपेक्षा एक अनुपयुक्त को और अनेक अनुपयुक्तों को आगम से द्रव्यकृति कहा गया है, संग्रह नय की अपेक्षा भी एक अथवा अनेक अनुपयुक्तों को आगम से द्रव्यकृति कहा गया है। ऋजुसूत्र नय की अपेक्षा एक अनुपयुक्त को आगम से द्रव्यकृति, तथा शब्दनय की अपेक्षा अवक्तव्य कहा गया है।[3]

अनुयोगद्वार में नैगम नय की अपेक्षा एक अनुपयुक्त को आगम से एक द्रव्यावश्यक, दो-तीन अनुपयुक्तों को आगम से दो-तीन द्रव्यावश्यक कहकर आगे यह सूचना कर दी गई है कि इसी प्रकार से जितने भी अनुपयुक्त हों उतने ही उनको आगम से द्रव्यावश्यक जानना चाहिए। आगे नैगमनय के समान ही व्यवहार नय से भी इसी प्रकार जान लेने की प्रेरणा कर दी गई है।

संग्रह नय की अपेक्षा एक अथवा अनेक अनुपयुक्तों को आगम से एक द्रव्यावश्यक अथवा अनेक द्रव्यावश्यक कहते हुए एक द्रव्यावश्यक कह दिया गया है।

ऋजुसूत्र नय की अपेक्षा एक अनुपयुक्त आगम से द्रव्यावश्यक है, क्योंकि वह पृथक्त्व को स्वीकार नहीं करता है।

तीन शब्द नयों की अपेक्षा ज्ञायक अनुपयुक्त अवस्तु है, क्योंकि यदि ज्ञायक है तो अनुपयुक्त नहीं होता।[4]

यहाँ षट्खण्डागम की अपेक्षा अनुयोगद्वार में यह विशेषता रही है कि ष० ख० में जहाँ नैगम और व्यवहार इन दोनों नयों की विषयता को एक साथ दिखला दिया गया है वहाँ अनुयोगद्वार में प्रथमतः नैगमनय की अपेक्षा निरूपण करके तत्पश्चात् 'एवमेव ववहारस्स वि' ऐसी सूचना करते हुए व्यवहारनय की नैगमनय से समानता प्रकट की गई है। (१५ [२])

ऋजुसूत्रनय के प्रसंग में ष० ख० की अपेक्षा अनुयोगद्वार में 'क्योंकि वह पृथक्त्व को

---

१. ष० ख० सूत्र ४,१, ५४-५५ (पु० ६) व ५,५, १२-१४ (पु० १३)
२. अनु० सूत्र १४ व ४८२
३. ष० ख० सूत्र ५६-६० (पु० ६)
४. अनु० सूत्र १५ [१-५]।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स्वीकार नहीं करता' यह हेतु भी दे दिया गया है। (१५[४])

शब्द नय के प्रसंग में ष० ख० में जहाँ 'अवक्तव्य' कहा गया है वहाँ अनुयोगद्वार में 'अवस्तु' कहकर उसका कारण यह दिया है कि इस नय की दृष्टि में जो ज्ञायक होता है वह अनुपयुक्त नहीं होता, वह उपयोग सहित ही होता है। (१५[५])

नयों के विषय में एक ध्यान देने योग्य विशेषता दोनों ग्रन्थों में यह रही है कि षट्खण्डागम में सर्वत्र नैगम, व्यवहार, संग्रह, ऋजुसूत्र और शब्द इन पाँच नयों का ही उल्लेख हुआ है।[1] परन्तु अनुयोगद्वार में उक्त पाँच नयों के साथ समभिरूढ़ और एवंभूत इन दो नयों को भी ग्रहण करके सात नयों का निर्देश किया गया है। यद्यपि प्रकृत में शब्दशः समभिरूढ और एवंभूत इन दो नयों का उल्लेख नहीं किया गया, फिर भी 'तिण्हं सद्दनयाणं' ऐसा कहकर उनकी सूचना कर दी गई है।[2]

इससे ऐसा प्रतीत होता है कि षट्खण्डागम के रचनाकाल तक सम्भवतः समभिरूढ और एवम्भूत ये दो नय प्रचार में नहीं आये थे।

५. षट्खण्डागम में नोआगम द्रव्यनिक्षेप के तीन भेदों में दूसरे भेद का उल्लेख 'भवियदव्व' के रूप में हुआ है।[3] वहाँ कहीं पर भी उसके साथ 'सरीर' शब्द का प्रयोग नहीं हुआ है। पर अनुयोगद्वार में सर्वत्र उसका उल्लेख 'भवियसरीरदव्व' के रूप में हुआ है।[4]

---

१. आगे भी सूत्र ४,२,२,२-४; ४,२,३,१-४; ४,२,८,२ तथा १२ व १५; ४,२,६, २ और ११ व १४; ४,२,१०,२ और ३०,४८,५६ व ५८; ४,२,११,२ और ६ व १२; ४,२,१२,४ और ७,६ व ११; ५,३,७-८; ५,४,६-८; ५,५, ६-८; ५,६, ४-६ और ७२-७४। यहाँ यह एक अपवादसूत्र अवश्य देखा जाता है --सद्दादओ णामकदिं भावकदिं च इच्छंति (पु० ६, सूत्र ५०)। यहाँ सूत्र में 'शब्द' के साथ जो 'आदि' शब्द प्रयुक्त हुआ है उससे क्या विवक्षित रहा है, यह स्पष्ट नहीं है। समस्त ष०ख० में कहीं पर भी समभिरूढ और एवम्भूत इन दो नयों का उल्लेख नहीं किया गया। धवलाकार ने अन्यत्र कुछ स्थानों पर सूत्रपोथियों में पाठान्तर की सूचना की है। सम्भव है उपर्युक्त सूत्र में 'सद्दणओ' के स्थान पर 'सद्दादओ' और 'इच्छदि' के स्थान पर 'इच्छंति' पाठभेद हो गया हो।

२. अनु० सूत्र १५ [५]. ४७४, ४७५, ४८३ [५], ४६१ और ५२५ [३]। आगे जाकर सूत्र ६०६ में तो स्पष्टतया उन सात नयों का निर्देश इस प्रकार कर दिया गया है —

"से किं तं णए ? सत्त मूलणया पण्णत्ता। तं जहा—णेगमे संगहे ववहारे उज्जुसुए सद्दे समभिरूढे एवंभूते।"

यहाँ संग्रह और व्यवहार इन दो नयों का क्रमव्यत्यय भी हुआ है। आगे गाथा १३७ में इसी क्रम से प्रथमतः संग्रह नय के लक्षण का और तत्पश्चात् व्यवहारनय के लक्षण का निर्देश है।

षट्खण्डागम में सर्वत्र नैगम, व्यवहार, संग्रह, ऋजुसूत्र और शब्द—यही क्रम पाँच नयों के उल्लेख का रहा है।

३. ष० ख० सूत्र ४,१,६१ व ६४ आदि।

४. अनु० सूत्र १६ व १८ आदि।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उपसंहार

षट्खण्डागम और अनुयोगद्वार में संक्षेप से विषयविवेचन की पद्धति में समानता इस प्रकार देखी जा सकती है—

विषय	ष० ख० सूत्र	अनु० सूत्र
१. नामनिक्षेप	पु० ९, सूत्र ५१ (कृति से सम्बद्ध)	१० (आवश्यक से सम्बद्ध)
२. स्थापनानिक्षेप	,, ५२ ,,	११ ,,
३. आगमद्रव्यनिक्षेप	,, ५४-५५ ,,	१४ ,,
४. आगमद्रव्यनिक्षेप से सम्बद्ध नैगम और व्यवहारनय	,, ५६ ,,	१५ [१-२] ,,
५. संग्रहनय	,, ५७ ,,	१५ [३] ,,
६. ऋजुसूत्र	,, ५८ ,,	१५ [४] ,,
७. शब्दनय	,, ५९ ,,	१५ [५] ,,
८. नोआगम द्रव्यनिक्षेप के तीन भेद	,, ६१ ,,	१६ ,,
९. नोआगम ज्ञायकशरीर-द्रव्यनिक्षेप	,, ६३ ,,	१७ ,,

विशेषता

जिसका स्पष्टीकरण मूल ष० ख० में नहीं किया गया है उसका स्पष्टीकरण मूल अनुयोगद्वार सूत्र में किया गया तथा प्रसंग के अनुरूप दृष्टान्त भी दिया गया है। जैसे—

१. नाम व स्थापना निक्षेपों में भेद को प्रकट करना। (सूत्र १२,३३,५५ और ४८०)

२. नैगम व व्यवहार नय से आगमद्रव्य के प्रसंग में अनुप्रेक्षा का निषेधपूर्वक स्पष्टीकरण। (सूत्र १४ व ४८२)

३. तीन शब्द नयों का निर्देश। (सूत्र १५ [५], ५७ [५], ४७४,४७५ व ५२५ [३])

४. समभिरूढ और एवम्भूत नयों का नामोल्लेख (सूत्र ६०६ और गाथा १३७) जबकि षट्खण्डागम में इन दो नयों का नामोल्लेख कहीं भी नहीं किया गया है।

५. ज्ञायकशरीर व भव्यशरीर-द्रव्यनिक्षेप में मधुकुम्भ और घृतकुम्भ का दृष्टान्त। (सूत्र १७,१८,३८,६०,४८५,४८६,५४१,५४२ व ५८६)

६. ज्ञायकशरीरद्रव्यावश्यक के प्रसंग में 'च्युत-च्यावित-त्यक्त देह से व्यपगत' इत्यादि विवरण। (सूत्र १७,३६,५४१,५४२,५६३ व ५८५)

(षट्खण्डागम में इस प्रसंग में 'च्युत-च्यावित-त्यक्त शरीर से युक्त' ऐसा कहा गया है। (सूत्र ६३, पु० ९)

७. भव्यशरीरद्रव्यनिक्षेप में षट्खण्डागम की अपेक्षा 'शरीर' शब्द की अधिकता। (सूत्र १८,३६,३८,५८,६०,५४०-४२,५६२ व ५९५)

८. लौकिक और लोकोत्तरिक भावश्रुत का स्पष्टीकरण। (सूत्र ४९-५०)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

षट्खण्डागम सूत्र ४,१,६७ (पु० ६) में व्यवहृत लोक, वेद व समय तथा सूत्र ५.५,५१ (पु० १३) में लौकिकवाद और लोकोत्तरीयवाद इन शब्दों का निर्देश करके भी मूल में उनका कहीं कुछ स्पष्टीकरण नहीं किया गया है।

९. अनुयोगद्वार (सूत्र ४९) में भारत-रामायण आदि जैसे कुछ ग्रन्थों का उल्लेख किया गया है। मूल षट्खण्डागम में इनका उल्लेख कहीं नहीं है।

१०. षट्खण्डागम की अपेक्षा अनुयोगद्वार में व्यवहार और संग्रह इन दो नयों के उल्लेख में क्रमव्यत्यय है। (अनु० सूत्र ६०६ व गाथा १३६-३९)

११. अनुयोगद्वार में जो १४१ गाथाएँ हैं[1] वे प्रायः सभी संकलित की गई हैं, ग्रन्थकार के द्वारा रची गई नहीं दिखती। स्वयं ग्रन्थ में जहाँ-तहाँ किये गये संकेतों से भी यही प्रतीत होता है। यथा—

एत्थ **संगहणिगाहाओ** (८६-८८)। (सूत्र २८५)
एत्थं पि य **संगहणिगाहाओ** (८९-९०)। तं जहा—(सूत्र २८६)
एत्थं **संगहणिगाहाओ** (१०१-२) भवंति। तं जहा—(सूत्र ३५१ [५])
एत्थ एतेसिं **संगहणिगाहाओ** (१०१-२) भवंति। तं जहा—(सूत्र ३८७ [५])
एत्थ **संगहणिगाहा** (१२४)। (सूत्र ५३३)
इमाहि दोहि गाहाहि (१३३-३४) अणुगंतव्वे। तं जहा-(सूत्र ६०४)

निष्कर्ष

दोनों ग्रन्थों की इस स्थिति को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि अनुयोगद्वार सूत्र की रचना अथवा संकलना षट्खण्डागम के पश्चात् हुई है। कदाचित् अनुयोगद्वारकार के समक्ष षट्खण्डागम भी रहा हो।

षट्खण्डागम की टीका धवला व अनुयोगद्वार

अनुयोगद्वार में आवश्यक के छह अध्ययनों में से प्रथम सामायिक अध्ययन के प्रसंग में इन चार अनुयोगद्वारों का निर्देश किया गया है—उपक्रम, निक्षेप, अनुगम और नय। इनमें प्रथमतः उपक्रम के नामउपक्रम, स्थापनाउपक्रम, द्रव्यउपक्रम, क्षेत्रउपक्रम, कालउपक्रम और भावउपक्रम इन छह भेदों का निर्देश करते हुए क्रम से उनकी प्ररूपणा ७६-९१ सूत्रों में की गई है। तत्पश्चात् प्रकारान्तर से उसके आनुपूर्वी, नाम, प्रमाण, वक्तव्यता, अर्थाधिकार और समवतार इन छह भेदों का निर्देश करते हुए यथाक्रम से उनकी प्ररूपणा ९२-५३३ सूत्रों में की गई है। इस प्रकार ग्रन्थ का बहुभाग इस उपक्रम की प्ररूपणा में गया है। (पृ० ७२-१९५)

तत्पश्चात् निक्षेप की प्ररूपणा ५३४-६०० सूत्रों में, अनुगम की प्ररूपणा ६०१-५ सूत्रों में और नय की प्ररूपणा एक ही सूत्र (६०६) में की गई है।

अनुयोगद्वार में की गई विवक्षित विषय की प्ररूपणा की धवला में प्ररूपित विषय के साथ कहाँ कितनी समानता है, यहाँ स्पष्ट किया जाता है—

१. धवला में षट्खण्डागम के प्रथम खण्ड जीवस्थान के अवतार को दिखलाते हुए उसे

---

१. इनमें गाथा १२७-२८ मूलाचार (७,२४-२५) और आचा० नि० (७९६-९७) में भी थोड़े पाठभेद के साथ उपलब्ध होती हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उपक्रम, निक्षेप, नय और अनुगम के भेद से चार प्रकार का निर्दिष्ट किया गया है।

इस प्रकार उपर्युक्त उपक्रम आदि चार भेदों का उल्लेख धवला और अनुयोगद्वार दोनों में सर्वथा समान है।[1]

२. धवला में यहीं पर आगे उपक्रम के इन पाँच भेदों का निर्देश किया गया है—आनुपूर्वी, नाम, प्रमाण, वक्तव्यता और अर्थाधिकार।[2]

अनुयोगद्वार में उपक्रम के जो छह भेद निर्दिष्ट किये गये हैं उनमें पाँच तो वे ही हैं जिनका उल्लेख धवला में किया गया है, छठा 'समवतार' यह एक भेद वहाँ अधिक है[3] जो धवला में नहीं उपलब्ध होता।

विशेष इतना है कि धवला में यहाँ इस प्रसंग में 'उक्तं च' इस सूचना के साथ कहीं अन्यत्र से यह एक प्राचीन गाथा उद्धृत की गई है[4]—

तिविहा य आणुपुव्वी दसहा णामं च छव्विहं माणं।
वत्तव्वदा य तिविहा तिविहो अत्थाहियारो वि॥

यह गाथा और इसमें निर्दिष्ट आनुपूर्वी आदि के भेदों को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि धवलाकार के समक्ष ऐसा कोई प्राचीन ग्रन्थ रहा है, जिसमें उपर्युक्त आनुपूर्वी आदि का विशद विचार किया गया है।

३. उक्त गाथा के अनुसार आगे धवला में आनुपूर्वी के ये तीन भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—पूर्वानुपूर्वी, पश्चादानुपूर्वी और यथातथानुपूर्वी। इन तीनों को वहाँ उदाहरणपूर्वक स्पष्ट किया गया है।[5]

अनुयोगद्वार में आनुपूर्वी के नामानुपूर्वी आदि दस भेद निर्दिष्ट किये गये हैं। (सूत्र ९३) उनका क्रम से निरूपण करते हुए आगे उनमें औपनिधिकी द्रव्यानुपूर्वी के तीन भेद किये गये हैं—पूर्वानुपूर्वी, पश्चादानुपूर्वी और अनानुपूर्वी।

इनमें पूर्व के दो भेद तो वे ही हैं, जिनका ऊपर धवला में उल्लेख है। तीसरा भेद यथा-तथानुपूर्वी के स्थान में यहाँ अनानुपूर्वी है।[6]

४. पूर्वानुपूर्वी और पश्चादानुपूर्वी के स्पष्टीकरण में जिस प्रकार धवला में ऋषभादि तीर्थंकरों का उदाहरण दिया गया है उसी प्रकार अनुयोगद्वार में भी आगे उत्कीर्तनानुपूर्वी के तीन भेदों के अन्तर्गत पूर्वानुपूर्वी और पश्चादानुपूर्वी के स्पष्टीकरण में उन्हीं ऋषभादि तीर्थंकरों का उदाहरण दिया गया है।

---

१. धवला पु० १, पृ० ७२ (आगे पु० ९, पृ० १३४ पर भी ये भेद द्रष्टव्य हैं) और अनु० सूत्र ७५ पृ० ७२

२. धवला पु० १, पृ० ७२ व पु० ९, पृ० १३४

३. अनुयोगद्वार, सूत्र ९२

४. धवला पु० १, पृ० ७२ और पु० ९, पृ० १४०, पु० (९ में 'तिविहो' के स्थान में 'विविहो' पाठ है, तदनुसार वहाँ 'अत्थाहियारो अणेयविहो' ऐसा कहा भी गया है।)

५. धवला पु० १, पृ० ७३

६. अनुयोगद्वार सूत्र १३१ (आगे इन तीन भेदों का उल्लेख यथाप्रसंग कई सूत्रों में किया गया है। जैसे—सूत्र १३५, १६०, १६८, १७२, १७६, २०१ [१], २०२[१], २०३[१] इत्यादि।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विशेषता यह रही है कि धवला में जहाँ उदाहरण उद्धृत गाथाओं के आश्रय से दिए गये हैं वहाँ अनुयोगद्वार में वे सूत्र के ही द्वारा दिये गये हैं।[1]

५. धवला में नाम के ये दस भेद प्रकट किये गये हैं— गौण्यपद, नोगौण्यपद, आदानपद, प्रतिपक्षपद, अनादिसिद्धान्तपद, प्राधान्यपद, नामपद, प्रमाणपद, अवयवपद और संयोगपद।[2]

इन दस नामों का उल्लेख अनुयोगद्वार में भी थोड़े-से क्रमभेद के साथ किया गया है।[3]

विशेष इतना है कि अनुयोगद्वार में नाम-उपक्रम के प्रसंग में एक-नाम, दो-नाम व तीन-नाम आदि का क्रम से विचार करते हुए (सूत्र २०८-६३) अन्तिम दस-नाम के प्रसंग में उन दस नामों का निर्देश किया गया है, जिनका उल्लेख धवला में ऊपर नाम के दस भेदों के रूप में हुआ है। अनुयोगद्वारगत उन एक-दो आदि नामों का विचार धवला में नहीं किया गया है।

इन दस नामों का स्पष्टीकरण धवला और अनुयोगद्वार दोनों ग्रन्थों में उदाहरणपूर्वक किया गया है।[4]

इनमें कुछ के उदाहरण भी दोनों ग्रन्थों में समान हैं। जैसे—प्राधान्यपद और अनादि-सिद्धान्तपद आदि में।

दोनों ग्रन्थों में समान रूप से संयोगपद के ये चार भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—द्रव्यसंयोग, क्षेत्रसंयोग, कालसंयोग और भावसंयोग।[5]

६. धवला में प्रमाणउपक्रम के ये पाँच भेद बतलाये हैं—द्रव्यप्रमाण, क्षेत्रप्रमाण, काल-प्रमाण, भावप्रमाण और नयप्रमाण।[6]

अनुयोगद्वार में उसके ये चार ही भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—द्रव्यप्रमाण, क्षेत्रप्रमाण, कालप्रमाण और भावप्रमाण। इनके साथ वहाँ पाँचवें भेदभूत नयप्रमाण को नहीं ग्रहण किया गया है।[7]

धवला में उन प्रमाणभेदों का विवेचन जहाँ संक्षेप से किया गया है वहाँ अनुयोगद्वार में उनमें प्रत्येक के अन्तर्गत अनेक भेदों के साथ उनकी प्ररूपणा विस्तार से की गई है।[8]

७. वक्तव्यता के तीन भेद जैसे धवला में निर्दिष्ट किये गये हैं वैसे ही उक्त तीन भेदों का निर्देश अनुयोगद्वार में भी उसी रूप में है। यथा—स्वसमयवक्तव्यता, परसमयवक्तव्यता और तदुभय (स्व-परसमय) वक्तव्यता।[9]

८. अर्थाधिकारउपक्रम के विषय में दोनों ग्रन्थों में कुछ भिन्नता रही है यथा—

---

१. धवला पु० १, पृ० ७३ और अनुयोगद्वार सूत्र २०३ [१-३]
२. धवला पु० १, पृ० ७४ व पु० ६, पृ० १३५
३. अनुयोगद्वार, सूत्र २६३
४. धवला पु० १, पृ० ७४-७६ व पु० ६, पृ० १३५-३८ और अनुयोगद्वार सूत्र २६४-३१२
५. धवला पु० १, पृ० ७७-७८ और पु० ६, पृ० १३७-३८ तथा अनुयोगद्वार सूत्र २७२-८१
६. धवला पु० १, पृ० ८०
७. अनुयोगद्वार, सूत्र ३१३
८. धवला पु० १, पृ० ८० व अनुयोगद्वार सूत्र ३१४-५२०
९. धवला पु० १, पृ० ८२ व पु० ६, पृ० १४० तथा अनुयोगद्वार सूत्र ५२१-२४

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

धवला में अर्थाधिकार के ये तीन भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—प्रमाण, प्रमेय और तदुभय।[1]

परन्तु अनुयोगद्वार में उसके भेदों को न दिखाकर 'अर्थाधिकार क्या है' इस प्रश्न के उत्तर में यह कह दिया गया कि 'जो जिस अध्ययन का अर्थाधिकार है'। आगे 'तं जहा' इस निर्देश के साथ वहाँ यह गाथा उपस्थित की गई है[2]—

सावज्जजोगविरती उक्कित्तण गुणवओ य पडिवत्ती।
खलियस्स णिंदणा वणतिगिच्छ गुणधारणा चेव॥

९. धवला में नाम, स्थापना, द्रव्य और भाव इन चार निक्षेप-भेदों का निर्देश करते हुए उन्हें 'जीवस्थान' के साथ योजित किया गया है।[3]

अनुयोगद्वार में 'निक्षेप' अनुयोगद्वार के प्रसंग में सर्वप्रथम उसके इन तीन भेदों का निर्देश इस प्रकार है—ओघनिष्पन्न, नामनिष्पन्न और सूत्रालापकनिष्पन्न। तत्पश्चात् ओघनिष्पन्न के अध्ययन, अक्षीण, आय और क्षपणा इन चार भेदों का निर्देश करते हुए उनमें अध्ययन को नाम, स्थापना, द्रव्य और भाव के भेद से चार प्रकार का कहा है। आगे उनका स्पष्टीकरण किया गया है।[4]

इस प्रकार दोनों ग्रन्थों में प्रसंग के अनुसार कुछ विशेषता के होने पर भी नाम, स्थापना, द्रव्य और भाव इन निक्षेप-भेदों की अपेक्षा समानता रही है।

१०. धवला में जीवस्थानविषयक अवतार के जिन उपक्रम आदि चार भेदों का निर्देश किया गया है उनमें चौथा भेद नय रहा है। उसके विषय में विचार करते हुए धवला में प्रथमतः उसके द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक इन दो भेदों का निर्देश किया गया है। पश्चात् द्रव्यार्थिक को नैगम, संग्रह और व्यवहार के भेद से तीन प्रकार का तथा पर्यायार्थिक को अर्थनय और व्यंजन-नय के भेद से दो प्रकार का कहा गया है। आगे उनके विषय में कुछ और स्पष्ट करते हुए अर्थनय के नैगम, संग्रह, व्यवहार और ऋजुसूत्र ये चार भेद तथा व्यंजननय के शब्द, समभिरूढ और एवम्भूत ये तीन भेद बतलाये हैं।[5]

अनुयोगद्वार में 'सामायिक' अध्ययन के विषय में जिन चार अनुयोगद्वारों का निर्देश है उनमें अन्तिम नय-अनुयोगद्वार है। उसके विषय में विचार करते हुए वहाँ ये सात मूलनय कहे गये हैं—नैगम, संग्रह, व्यवहार, ऋजुसूत्र, शब्द, समभिरूढ और एवम्भूत।[6]

इस प्रकार दोनों ग्रन्थों में उन सात नयों का उल्लेख समान रूप में ही किया गया है।

---

१. धवला, पु० १, पृ० ८२। इनमें से 'जीवस्थान' में प्रमेय प्ररूपणा के आश्रय से एक ही अर्थाधिकार कहा गया है। पर आगे उसी उपक्रमादि चार प्रकार के अवतार की प्ररूपणा के प्रसंग में पूर्वोक्त 'तिविहा य आणुपुव्वी' आदि गाथागत 'विविहो' पाठान्तर के अनुसार अर्थाधिकार को अनेक प्रकार का निर्दिष्ट किया गया है। (पु० ९ पृ० १४०)

२. अनुयोगद्वार सूत्र ५२६ (यह गाथा इसके पूर्व आवश्यक के अर्थाधिकार के प्रसंग में भी आ चुकी है—सूत्र ७३, गाथा ६)

३. धवला, पु० १, पृ० ८३

४. अनुयोगद्वार, सूत्र ५३४-४६

५. धवला, पु० १, पृ० ८३-९१ द्रष्टव्य हैं।

६. अनुयोगद्वार, सूत्र ६०६ व गाथा १३६-३९

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विशेषता यह रही है कि धवला में मूल में नय के द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक इन दो भेदों का निर्देश किया गया है। इनमें द्रव्यार्थिक को नैगम, संग्रह और व्यवहार के भेद से तीन प्रकार का तथा पर्यायार्थिक को अर्थनय और व्यंजननय के भेद से दो प्रकार का कहा है। इनमें ऋजुसूत्र को अर्थनय तथा शब्द, समभिरूढ और एवम्भूत को व्यंजन नय कहा गया है। इस प्रकार धवला में जहाँ उपर्युक्त नैगमादि सात नयों का उल्लेख नय के अवान्तर भेदों में हुआ है वहाँ अनुयोगद्वार में उन्हीं सात नयों का उल्लेख मूलनय के रूप में हुआ है।

शब्द, समभिरूढ और एवम्भूत ये तीन नय अनुयोगद्वार के कर्ता को भी शब्दनय के रूप में अभिप्रेत रहे हैं। यही कारण है कि उन्होंने अनेक प्रसंगों पर 'तिण्हं सद्दणयाणं' या 'तिण्णि सद्दणया' ऐसा संकेत किया है। जैसे—सूत्र १५ (५), ५७ (५), ४७४, ४७५, ४८३ (५), ४९१ व ५२५ (३)।

जैसा कि पूर्व में स्पष्ट किया जा चुका है, यहाँ यह स्मरणीय है कि मूल षट्खण्डागम में सर्वत्र नैगम, व्यवहार, संग्रह, ऋजुसूत्र और शब्द ये पाँच नय ही व्यवहृत हुए हैं तथा उनकी प्ररूपणा का क्रम भी यही रहा है।

११. 'अनुगम' यह विवक्षित ग्रन्थविषयक अवतार का तीसरा या चौथा भेद रहा है। जीवस्थान के अवतार के प्रसंग में उसके चौथे भेदभूत अनुगम के अन्तर्गत 'एत्तो इमेसिं चोद्दसण्हं·····' इस सूत्र (१,१,४) के प्रारम्भ के पूर्व उसकी उत्थानिका के रूप में 'अणुगमं वत्तइस्सामो' इतना मात्र धवला में कहा गया है, वहाँ उसका और कुछ विशेष स्पष्टीकरण नहीं किया गया है।[1] किन्तु आगे जाकर सभी ग्रन्थों के अवतार को उपक्रम, निक्षेप, अनुगम और नय के भेद से चार प्रकार का निर्दिष्ट किया है।[2] आगे उसे स्पष्ट करते हुए धवला में कहा गया है कि जिसमें अथवा जिसके द्वारा वक्तव्य की प्ररूपणा की जाती है उसका नाम अनुगम है। इसे स्पष्ट करते हुए आगे कहा है कि 'अधिकार' संज्ञावाले अनुयोगद्वारों के जो अधिकार होते हैं उनको अनुगम कहा जाता है। उदाहरण के रूप में वहाँ कहा गया है कि जैसे वेदना अनुयोगद्वार में पदमीमांसा आदि अधिकार।[3] आगे कहा गया है कि यह अनुगम अनेक प्रकार का है, क्योंकि इसकी संख्या का कुछ नियम नहीं है। इसी प्रसंग में वहाँ प्रकारान्तर से यह भी कहा गया है—'**अथवा अनुगम्यन्ते जीवादयः पदार्था अनेनेत्यनुगमः। किम्? प्रमाणम्।**' इस निरुक्ति के अनुसार अनुगम को प्रमाण बतलाते हुए उसकी वहाँ प्रत्यक्ष-परोक्ष आदि भेद-प्रभेदों में विस्तार से प्ररूपणा है।[4]

इसी सिलसिले में आगे प्रसंगप्राप्त एक शंका के समाधान में प्रकारान्तर से '**अथवा अनुगम्यन्ते परिच्छिद्यन्ते इति अनुगमाः**' इस निरुक्ति के अनुसार छह द्रव्यों को अनुगम कहा गया है।[5]

---

१. धवला पु० १, पृ० ९१
२. धवला पु० ९, पृ० १३४
३. इन अधिकारों के लिए ये सूत्र द्रष्टव्य हैं—४,२,४,१ (पु० १०) तथा सूत्र ४,२,५,१-२ और ४, २, ६, १-२ (पु० ११)।
४. धवला पु० ९, पृ० १४१-४२ व आगे प्रमाणप्ररूपणा के लिए पृ० १४२-६२ द्रष्टव्य है।
५. धवला पु० ९, पृ० १६२

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अनुयोगद्वार में अनुगम के ये दो भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—सूत्रानुगम और निर्युक्त्यनुगम। इनमें निर्युक्त्यनुगम निक्षेपनिर्युक्त्यनुगम, उपघातनिर्युक्त्यनुगम और सूत्रस्पर्शिकनिर्युक्त्यनुगम के भेद से तीन प्रकार का कहा गया है। उनमें निक्षेपनिर्युक्त्यनुगम को 'अनुगत' कहकर 'उपघातनिर्युक्त्यनुगम इन दो गाथाओं के द्वारा अनुगन्तव्य है' ऐसी सूचना करते हुए दो गाथाओं में उसके २६ भेदों का निर्देश है। तत्पश्चात् सूत्रस्पर्शिकनिर्युक्त्यनुगम की चर्चा की गई है।[1] (धवला पु० ६)

इस प्रकार दोनों ग्रन्थों में जो अनुगमविषयक चर्चा है उसमें कुछ समानता दृष्टिगोचर नहीं होती। तद्विषयक दोनों ग्रन्थों की वह विवेचन-पद्धति भिन्न है।

उपसंहार

इस प्रकार यद्यपि इन दोनों ग्रन्थों में विषय-विवेचन की दृष्टि से बहुत कुछ समानता देखी जाती है, फिर भी उनमें अपनी-अपनी कुछ विशेषताएँ भी हैं, जो इस प्रकार हैं—

धवला में जो पूर्वोक्त 'तिविहा य आणुपुव्वी' आदि गाथा उद्धृत की गई है वह अनुयोगद्वार की अपेक्षा भिन्न परम्परा की रही प्रतीत होती है। उसके कारण ये हैं —

(१) पूर्वनिर्दिष्ट गाथा में आनुपूर्वी के जिन तीन भेदों का निर्देश है उनका उल्लेख धवला में इस प्रकार किया गया है—१. पूर्वानुपूर्वी, २. पश्चादानुपूर्वी और ३. यथातथानुपूर्वी।

अनुयोगद्वार में सर्वप्रथम उसके नामानुपूर्वी आदि दस भेदों का निर्देश किया गया है। उन दस भेदों में तीसरा भेद जो द्रव्यानुपूर्वी के ज्ञायकशरीर आदि तीन भेदों में तीसरे भेदभूत ज्ञायकशरीर-भवियशरीर-व्यतिरिक्त द्रव्यानुपूर्वी के ये दो भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—औपनिधिकी और अनौपनिधिकी। इनमें औपनिधिकी द्रव्यानुपूर्वी के भी तीन भेद प्रकट किये गये हैं—१. पूर्वानुपूर्वी, २. पश्चादानुपूर्वी और ३. अनानुपूर्वी।

इनमें पूर्व के दो भेद तो धवला और अनुयोगद्वार दोनों में समान हैं। किन्तु तीसरा भेद धवला में जहाँ यथातथानुपूर्वी निर्दिष्ट है वहाँ अनुयोगद्वार में उसका उल्लेख 'अनानुपूर्वी' के रूप में किया गया है। अनानुपूर्वी का उल्लेख अनुयोगद्वार में प्रसंगानुसार अनेक बार करने पर भी[2] वहाँ 'यथातथानुपूर्वी' का उल्लेख कहीं भी नहीं है। उधर धवला में 'अनानुपूर्वी' का उल्लेख भी जहाँ कहीं हुआ।

धवला में यथातथानुपूर्वी के स्वरूप को प्रकट करते हुए कहा है कि अनुलोम और प्रतिलोम क्रम के विना जो जिस किसी भी प्रकार से कथन किया जाता है उसका नाम यथातथानुपूर्वी है। इसके लिए वहाँ एक गाथा के द्वारा शिवादेवी माता के वत्स (नेमिजिनेन्द्र) का उदाहरण दिया गया है। यहाँ नेमि जिनेद्र का जयकार न तो ऋषभादि के अनुलोम क्रम से किया गया है और न वर्धमान आदि के प्रतिलोमक्रम से ही।

अनुयोगद्वार में प्रकृत अनानुपूर्वी का स्वरूप प्रसंग के अनुसार इस प्रकार कहा गया है—

---

१. अनुयोगद्वार, सूत्र ६०१-५

२. सूत्र १३५,१६०,१७२,१७६,२०१ (१), २०२ (१), २०३ (१), २०४ (१), २०५ (१), २०६ (१), २०७ (१) इत्यादि।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एक को आदि करके उत्तरोत्तर एक अधिक के क्रम से गच्छ (प्रकृत में ६) प्रमाणगत श्रेणि में उसको परस्पर गुणित करने पर जो प्राप्त हो उसमें दो (२) अंक कम। (सूत्र १३४ आदि)

(२) उक्त गाथा में मान के छह भेदों की सूचना की गई है। तत्त्वार्थवार्तिक के अनुसार मान के छह भेद ये हैं—मान, उन्मान, अवमान, गणना, प्रतिमान और तत्प्रमाण। वहाँ सामान्य से मान के जो लौकिक और लोकोत्तर-मान ये दो भेद निर्दिष्ट किये हैं उनमें उपर्युक्त छह भेद लौकिक मान के हैं।[1]

अनुयोगद्वार में प्रमाण को द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव के भेद से चार प्रकार का कहा गया है।[2] इनमें द्रव्य-प्रमाण के प्रदेशनिष्पन्न और विभागनिष्पन्न इन दो भेदों में से विभाग निष्पन्न द्रव्यप्रमाण के पाँच भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—मान, उन्मान, अवमान, गणिम और प्रतिमान।[3]

ये पाँच भेद तत्त्वार्थवार्तिक में निर्दिष्ट लौकिक मान के छह भेदों के अन्तर्गत हैं। पर उसका छठा भेद 'तत्प्रमाण' अनुयोगद्वार में नहीं है।

यह ज्ञातव्य है कि धवलाकार ने तत्त्वार्थवार्तिक का अनुसरण अनेक प्रसंगों में किया है।

इस प्रकार धवला और अनुयोगद्वार में की गई यह मानविषयक प्ररूपणा भी भिन्न परम्परा का अनुसरण करती है।

(३) धवला में पूर्वोक्त गाथा के अनुसार अर्थाधिकार के ये तीन भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—प्रमाण, प्रमेय और तदुभय। इनमें से 'जीवस्थान' में एक प्रमेय अधिकार ही कहा गया है, क्योंकि उसमें प्रमेय की ही प्ररूपणा है।

जैसा कि पूर्व में कहा जा चुका है, अनुयोगद्वार में अर्थाधिकार के किन्हीं भेदों का निर्देश न करके इतना मात्र कहा गया है कि जो जिस अध्ययन का अर्थाधिकार है।[4]

(४) षट्खण्डागम और अनुयोगद्वार में यथाक्रम से जो पाँच और सात नयों का उल्लेख है वह भिन्न परम्परा का सूचक है।

धवला में जो मूल में द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक तथा अर्थनय और व्यंजननय इन दो भेदों के उल्लेखपूर्वक सात नयों का विचार किया गया है उसका आधार तत्त्वार्थसूत्र[5] व उसकी सर्वार्थसिद्धि और तत्त्वार्थवार्तिक व्याख्याएँ रही हैं।

---

१. त० वा० ३,३८,२-३

२. त० वा० में ये चार भेद लोकोत्तर मान के कहे गये हैं (३,३८,४)। वहाँ आगे द्रव्यप्रमाण के संख्या और उपमान इन दो भेदों का निर्देश करते हुए उनकी विस्तार से प्ररूपणा की गई है। (३,३८,५-८)

३. अनुयोगद्वार सूत्र ३१३-१६ (आगे इनके भेद-प्रभेदों की जो वहाँ चर्चा की गई है वह भी तत्त्वार्थवार्तिक से भिन्न है)।

४. अनुयोगद्वार, सूत्र ५२६

५. त० सूत्र १-३३, तत्त्वार्थाधिगमभाष्य सम्मत सूत्रपाठ के अनुसार मूल में नय पाँच प्रकार का है—नैगम, संग्रह, व्यवहार, ऋजुसूत्र और शब्द। इनमें देशपरिक्षेपी और सर्वपरिक्षेपी के भेद से नैगमनय दो प्रकार का तथा साम्प्रत, समभिरूढ और एवम्भूत के भेद से शब्दनय तीन प्रकार का है। (त० भाष्य १, ३४-३५)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

११. षट्खण्डागम और नन्दिसूत्र

नन्दिसूत्र को चूलिकासूत्र माना जाता है। उसके रचयिता आचार्य देवर्द्धि का समय विक्रम संवत् ५२३ के पूर्व अनुमानित है।[1]

इसमें सर्वप्रथम तीन गाथाओं के द्वारा भगवान् महावीर का गुणकीर्तन किया गया है। पश्चात् १४ (४-१७) गाथाओं में संघचक्र को नमस्कार करते हुए उसका गुणानुवाद किया गया है। अनन्तर चौबीस तीर्थंकरों (१८-१९) और भगवान् महावीर के ग्यारह गणधरों के नामों का उल्लेख (२०-२१) करते हुए वीर शासन का जयकार किया गया है (२२)। तत्पश्चात् इक्कीस (२३-४३) गाथाओं में सुधर्मादि दूष्यगणि पर्यन्त स्थविरों के स्मरणपूर्वक अन्य कालिकश्रुतानुयोगियों को प्रणाम करते हुए ज्ञान की प्ररूपणा करने की प्रतिज्ञा की गई है।

यहाँ यह स्मरणीय है कि इस स्थविरावलि में आर्यमंगु (आर्यमंक्षु, गा० २८) और आर्य नागहस्ती (३०) के अनेक गुणों का उल्लेख करते हुए उनका स्मरण किया गया है। इन दोनों आचार्यप्रवरों को दिगम्बर सम्प्रदाय में भी महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त है।[2]

आगे वहाँ १४ प्रकार से श्रोताओं का निर्देश करते हुए ज्ञिका, अज्ञिका और दुर्विदग्धा के भेद से तीन प्रकार की परिषद् का उल्लेख है। (सू० ७, गा० ४४)

इस नन्दिसूत्र में जो ज्ञान की प्ररूपणा की गई है उसकी प्रस्तुत षट्खण्डागम में की गई ज्ञान की प्ररूपणा के साथ कहाँ कितनी समानता-असमानता है, इसका यहाँ विचार किया जाता है—

१. षट्खण्डागम के पूर्वनिर्दिष्ट 'प्रकृति' अनुयोगद्वार में ज्ञानावरणीय की प्रकृतियों का निरूपण करते हुए वहाँ सर्वप्रथम ज्ञानावरणीय के इन पाँच भेदों का निर्देश किया गया है—आभिनिबोधिक ज्ञानावरणीय, श्रुतज्ञानावरणीय, अवधिज्ञानावरणीय, मनःपर्ययज्ञानावरणीय और केवलज्ञानावरणीय।[3]

नन्दिसूत्र में उक्त पाँच ज्ञानावरणीय प्रकृतियों के द्वारा आवियमाण इन पाँच ज्ञानों का निर्देश किया गया है—आभिनिबोधिकज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, मनःपर्ययज्ञान और केवलज्ञान।[4]

---

१. महावीर जैन विद्यालय से प्रकाशित संस्करण की गुजराती प्रस्तावना, पृ० ३२-३३

२. धवला पु० २, पृ० २३२; पु० १५, पृ० ३२७ और पु० १६, पृ० ५१८ व ५२२।
जयधवला के प्रारम्भ में उन दोनों आचार्यों का उल्लेख इस प्रकार किया गया है —

गुणहरवयणविणिग्गयगाहाणत्थोऽवहारियो सव्वो।
जेणज्जमंखुणा सो सणागहत्थी वरं देऊ ॥७॥
जो अज्जमंखुसीसो अंतेवासी वि णागहत्थिस्स।
सो वित्तिसुत्तकत्ता जइवसहो मे वरं देऊ ॥८॥

(विशेष जानकारी के लिए जयपुर, 'महावीर स्मारिका' (१९८३) में प्रकाशित 'आचार्य आर्यमंक्षु और नागहस्ती' शीर्षक लेख द्रष्टव्य है)।

३. ष० ख० सूत्र ५,५,२०-२१ (पु० १३)

४. नन्दिसूत्र ८

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यहाँ यह स्मरणीय है कि ष० ख० में जहाँ प्रसंगवश उन उन ज्ञानों की आवारक ज्ञानावरणीय प्रकृतियों का निर्देश है वहाँ नन्दिसूत्र में ज्ञानावरणीय प्रकृतियों के द्वारा आव्रियमाण ज्ञानों का निर्देश हुआ है।

नन्दिसूत्र में आगे ज्ञान के प्रत्यक्ष और परोक्ष इन दो भेदों का निर्देश करते हुए उनमें प्रत्यक्ष के ये दो भेद प्रकट किये गये हैं—इन्द्रियप्रत्यक्ष और नोइन्द्रियप्रत्यक्ष। इनमें भी नोइन्द्रियप्रत्यक्ष को अवधिज्ञान, मनःपर्ययज्ञान और केवलज्ञान के भेद से तीन प्रकार का कहा गया है।[1]

ष० ख० में इस प्रकार से इन ज्ञानभेदों या उनकी आवारक कर्मप्रकृतियों का कुछ भी उल्लेख नहीं है।

२. षट्खण्डागम में आगे उक्त पाँच ज्ञानावरणीय प्रकृतियों में से आभिनिबोधिकज्ञानावरणीय के चार, चौबीस, अट्ठाईस और बत्तीस भेदों को ज्ञातव्य कहते हुए उनमें चार भेदों का उल्लेख इस प्रकार किया गया है—अवग्रहावरणीय, ईहावरणीय, अवायावरणीय और धारणावरणीय। इनमें अवग्रहावरणीय अर्थावग्रहावरणीय और व्यंजनावग्रहावरणीय के भेद से दो प्रकार का है। आगे अर्थावग्रहावरणीय को स्थगित करके व्यंजनावग्रहावरणीय के ये चार भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—श्रोत्रेन्द्रिय व्यंजनावग्रहावरणीय, घ्राणेन्द्रियव्यंजनावग्रहावरणीय, जिह्वेन्द्रिय-व्यंजनावग्रहावरणीय और स्पर्शनेन्द्रियव्यंजनावग्रहावरणीय। तत्पश्चात् स्थगित किये गये उस अर्थावग्रहावरणीय के इन छह भेदों का निर्देश है—चक्षुइन्द्रियअर्थावग्रहावरणीय, श्रोत्रेन्द्रियअर्थावग्रहावरणीय, घ्राणेन्द्रियअर्थावग्रहावरणीय, जिह्वेन्द्रिय अर्थावग्रहावरणीय, स्पर्शनेन्द्रिय अर्थावग्रहावरणीय और नोइन्द्रिय अर्थावग्रहावरणीय। आगे इसी क्रम से ईहावरणीय, अवायावरणीय और धारणावरणीय इनमें से प्रत्येक के भी छह-छह भेदों का निर्देश किया गया है।

नन्दिसूत्र में पूर्वोक्त पाँच ज्ञानभेदों में से आभिनिबोधिकज्ञान के श्रुतनिःसृत और अश्रुतनिःसृत ये दो भेद प्रकट किये गये हैं। इनमें अश्रुतनिःसृत चार प्रकार का है—औत्पत्तिकी, वैनयिकी, कर्मजा और पारिणामिकी बुद्धि।[3]

ष० ख० में इन श्रुतनिःसृत और अश्रुतनिःसृत आभिनिबोधिकज्ञानभेदों या उनके आवारक ज्ञानावरणीय भेदों का कहीं भी उल्लेख नहीं है। इसी प्रकार अश्रुतनिःसृत के औत्पत्तिकी आदि चार भेदों के विषय में भी वहाँ कुछ भी निर्देश नहीं है।

ष० ख० की धवला टीका में प्रज्ञाऋद्धि के भेदभूत उन औत्पत्तिकी आदि चारों के स्वरूप को अवश्य स्पष्ट किया गया है।[4]

नन्दिसूत्र में आगे इसी प्रसंग में पूर्वोक्त श्रुतनिःसृत आभिनिबोधिकज्ञान के ये चार भेद

---

१. अनिन्द्रिय प्रत्यक्ष या अतीन्द्रियप्रत्यक्ष ये नोइन्द्रियप्रत्यक्ष के नामान्तर हैं। नन्दिसूत्र हरि० वृत्ति (पृ० २८) और अनु० हेम० वृत्ति (पृ० २१२) द्रष्टव्य हैं।

२. ष० ख० सूत्र ५,५,२२-३३

३. नन्दिसूत्र ४६-४७ (इनका स्वरूप गाथा ५८,५९,६०-६३, ६४-६६ और ६७-७१ में निर्दिष्ट किया गया है)।

४. धवला पु० ९, पृ० ८१-८३

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

निर्दिष्ट हैं—अवग्रह, ईहा, अवाय और धारणा। इनमें अवग्रह दो प्रकार का है—अर्थावग्रह और व्यंजनावग्रह। व्यंजनावग्रह चार प्रकार का है—श्रोत्रेन्द्रियव्यंजनावग्रह, घ्राणेन्द्रिय-व्यंजनावग्रह, जिह्वेन्द्रियव्यंजनावग्रह और स्पर्शेन्द्रियव्यंजनावग्रह। अर्थावग्रह के ये छह भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—श्रोत्रेन्द्रियअर्थावग्रह, चक्षुइन्द्रियअर्थावग्रह, घ्राणेन्द्रियअर्थावग्रह, जिह्वेन्द्रियअर्थावग्रह, स्पर्शेन्द्रियअर्थावग्रह और नोइन्द्रियअर्थावग्रह। आगे इसी क्रम से ईहा, अवाय और धारणा इनमें से प्रत्येक के भी इन छह भेदों का उल्लेख पृथक्-पृथक् किया गया है।[1]

इस प्रकार इन दोनों ग्रन्थों में आवारक ज्ञानावरणीय के और आभिनिबोधिक ज्ञान के उपर्युक्त भेदों में पूर्णतया समानता देखी जाती है। प्ररूपणा का क्रम भी दोनों ग्रन्थों में समान है।

षट्खण्डागम में आगे इसी प्रसंग में उस आभिनिबोधिक ज्ञानावरणीय के ४,२४,२८,३२,४८, १४४,१६८,१९२,२८८,३३६ और ३८४ इन भेदों का ज्ञातव्य के रूप निर्देशमात्र है।[2]

नन्दिसूत्र में षट्खण्डागम में निर्दिष्ट आभिनिबोधिक ज्ञानावरणीय के भेदों के समान आभिनिबोधिक ज्ञान के भेदों का कहीं भी उल्लेख नहीं है।

३. षट्खण्डागम में आगे 'उसी आभिनिबोधिक ज्ञानावरणीय कर्म की प्ररूपणा की जाती है' ऐसी सूचना करते हुए उक्त अवग्रहादि चार ज्ञानों के पृथक्-पृथक् समानार्थक शब्दों का यथा-क्रम से निर्देश है।

नन्दिसूत्र में भी अवग्रहादि चार के समानार्थक शब्दों का निर्देश पृथक्-पृथक् उसी प्रकार से किया गया है।

तुलना के लिए दोनों ग्रन्थों में निर्दिष्ट समानार्थक शब्दों का उल्लेख यहाँ साथ-साथ किया जाता है—

(१) अवग्रह—

अवग्रह, अवदान, सान, **अवलम्बना** और **मेधा**। (ष०ख० ५,५,३७; पु० १३)

अवग्रहणता, उपधारणता, श्रवणता, **अवलम्बनता** और **मेधा**। (नन्दिसूत्र ५१ [२])

(२) ईहा—

ईहा, ऊहा, अपोहा, **मार्गणा**, **गवेषणा** और मीमांसा। (ष०ख० ५,५,३८)

आभोगनता, **मार्गणता**, **गवेषणता**, चिन्ता और **विमर्श**। (नन्दिसूत्र ५२ [२])

(३) अवाय—

अवाय, व्यवसाय, **बुद्धि**, **विज्ञानी** (विज्ञप्ति), आमुण्डा और प्रत्यामुण्डा। (ष०ख० ५,५,३९)

अवार्तनता, प्रत्यावर्तनता, अपाय, **बुद्धि** और **विज्ञान**। (नन्दिसूत्र ५३ [२])

(४) धारणा—

धरणी, **धारणा**, **स्थापना**, **कोष्ठा** और **प्रतिष्ठा**। (ष०ख० ५,५,४०)

धरणा, **धारणा**, **स्थापना**, **प्रतिष्ठा** और **कोष्ठा**। (नन्दिसूत्र ५४ [२])

---

१. नन्दिसूत्र, पृ० ४८-५४

२. षट्खण्डागम सूत्र ५,५,३५, (पु० १३)। इन भेदों का स्पष्टीकरण धवला में किया गया है। पृ० २३४-४१

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(५) **सामान्य मतिज्ञान—**

संज्ञा, स्मृति, मति और चिन्ता । (ष०ख० ५,५,४१)

ईहा, अपोह, मीमांसा, मार्गणा, गवेषणा, **संज्ञा, स्मृति, मति** और प्रज्ञा । (नन्दिसूत्र ६०, गाथा ७७)

दोनों ग्रन्थगत इन शब्दों में कितनी अधिक समानता है, यह इन विशेष शब्दों के देखने से स्पष्ट हो जाता है ।

नन्दिसूत्रगत सामान्य आभिनिबोधिकज्ञान के पर्याय शब्दों में जो **ईहा, अपोह, मीमांसा, मार्गणा** और **गवेषणा** ये पाँच शब्द हैं वे ष०ख० में ईहा के समानार्थक शब्दों के अन्तर्गत हैं । नन्दिसूत्रगत ईहा के एकार्थक शब्दों में भी उनमें से मार्गणता, गवेषणता और विमर्श (मीमांसा) ये तीन शब्द हैं ही ।

इसके अतिरिक्त प्रतिलिपि करते समय में भी शब्दों में कुछ भेद का हो जाना असम्भव नहीं है । विशेषकर प्राकृत शब्दों के संस्कृत रूपान्तर में भी भेद हो जाया करता है ।

दोनों ग्रन्थों में आगे जो श्रुतज्ञान की प्ररूपणा की गई है उसमें कुछ समानता नहीं है । षट्खण्डागम में जहाँ श्रुतज्ञान के प्रसंग में उनके पर्याय व पर्यायसमास आदि बीस भेदों का उल्लेख है वहाँ नन्दिसूत्र में उसके प्रसंग में आचारादि भेदों में विभक्त श्रुत की विस्तार से प्ररूपणा की गई है ।

४. षट्खण्डागम में अवधिज्ञानावरणीय के प्रसंग में अवधिज्ञान के भवप्रत्ययिक और गुणप्रत्ययिक ये दो भेद निर्दिष्ट किये गये हैं । आगे इनके स्वामियों का उल्लेख करते हुए वहाँ कहा गया है कि भवप्रत्ययिक अवधिज्ञान देवों और नारकियों के तथा गुणप्रत्ययिक तिर्यंचों और मनुष्यों के होता है । तत्पश्चात् उस अवधिज्ञान को अनेक प्रकार का बतलाते हुए उनमें से कुछ भेदों का निर्देश इस प्रकार किया गया है—देशावधि, परमावधि, सर्वावधि, हीयमान, वर्धमान, अवस्थित, अनवस्थित, अनुगामी, अननुगामी, सप्रतिपाति, अप्रतिपाति, एकक्षेत्र और अनेक क्षेत्र ।[1]

नन्दिसूत्र में भी अवधिज्ञान के भवप्रत्ययिक और क्षायोपशमिक इन दो भेदों का निर्देश करते हुए उनमें भवप्रत्ययिक देवों और नारकियों के तथा क्षायोपशमिक मनुष्यों और पंचेन्द्रिय तिर्यंचों के होता है, यह स्पष्ट किया गया है । आगे वहाँ प्रकारान्तर से यह भी कहा गया है—अथवा गुणप्रत्ययिक अनगार के जो अवधिज्ञान उत्पन्न होता है वह छह प्रकार का होता है—आनुगामिक, अनानुगामिक, वर्धमान, हीयमान, प्रतिपाति और अप्रतिपाति ।[2]

आगे वहाँ उपसंहार करते हुए यह भी कहा है कि भवप्रत्ययिक और गुणप्रत्ययिक इस दो प्रकार के अवधिज्ञान का वर्णन किया जा चुका है । उसके द्रव्य, क्षेत्र और काल के आश्रय से अनेक भेद हैं ।[3]

इस प्रकार दोनों ग्रन्थों में प्रकृत अवधिज्ञान के भेदों और उनके स्वामियों के निर्देश में

---

१. ष० ख०, सूत्र ५,५,५१-५६

२. नन्दिसूत्र १३-१५

३. 'ओही भवपच्चइओ गुणपच्चइओ य वण्णिओ एसो ।
तस्स य बहुविअप्पा दव्वे खेत्ते य काले य ।।'—नन्दिसूत्र २९, गा० ५३

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पूर्णतया समानता है। विशेष इतना है कि ष० ख० में जहाँ उसके दूसरे भेद का उल्लेख गुण-प्रत्ययिक के नाम से किया गया है वहाँ नन्दिसूत्र में उसका निर्देश प्रथमतः क्षायोपशमिक के नाम से और तत्पश्चात् प्रसंग का उपसंहार करते हुए गुणप्रत्ययिक के नाम से भी किया गया है।

इसी प्रकार षट्खण्डागम में जहाँ उसके देशावधि आदि कुछ भेदों का निर्देश करते हुए उसे अनेक प्रकार का कहा गया है वहाँ नन्दिसूत्र में उसके निश्चित छह भेद निर्दिष्ट किये गये हैं।

ष० ख० में उसके जिन कुछ भेदों का निर्देश किया गया है, नन्दिसूत्र में निर्दिष्ट उसके वे छहों भेद समाविष्ट हैं।

ष० ख० में निर्दिष्ट देशावधि, परमावधि, सर्वावधि, अवस्थित, अनवस्थित, एक क्षेत्र और अनेक क्षेत्र इन अन्य भेदों का निर्देश नन्दिसूत्र में नहीं है।

क्षायोपशमिक और गुणप्रत्ययिक इन दोनों में यह भेद समझना चाहिए कि क्षायोपशमिक जहाँ व्यापक है वहाँ गुणप्रत्ययिक व्याप्य है। कारण यह कि अवधिज्ञानावरण का क्षयोपशम विभंगज्ञान के स्वामी मिथ्यादृष्टियों और अवधिज्ञान के स्वामी सम्यग्दृष्टियों दोनों के होता है, परन्तु अवधिज्ञानावरण के क्षयोपशम की अपेक्षा रखनेवाला गुणप्रत्ययिक अवधिज्ञान सम्यग्दृष्टियों के ही होता है; मिथ्यादृष्टियों के वह सम्भव नहीं है। 'गुण' शब्द से यहाँ सम्यक्त्व, अणुव्रत और महाव्रत अभिप्रेत हैं।[1]

नन्दिसूत्र में उस छह प्रकार के गुणप्रत्ययिकअवधिज्ञान के स्वामी के रूप में जो अनगार का निर्देश है उसका भी यही अभिप्राय है।

५. षट्खण्डागम में अवधिज्ञान के जघन्य क्षेत्र को प्रकट करते हुए कहा गया है कि सूक्ष्म निगोद जीव की नियम से जितनी अवगाहना होती है उतने क्षेत्र की अपेक्षा जघन्य अवधिज्ञान होता है।

नन्दिसूत्र में भी यही कहा गया है कि तीन समयवर्ती सूक्ष्म निगोद जीव की जितनी जघन्य अवगाहना होती है उतना अवधिज्ञान का जघन्य क्षेत्र है।

दोनों ग्रन्थों में इस अभिप्राय की सूचक जो गाथा उपलब्ध होती हैं उनमें बहुत कुछ समानता है। यथा—

ओगाहणा जहण्णा णियमा दु सुहुमणिगोदजीवस्स।
जद्देही तद्देही जहण्णिया खेत्तदो ओही॥
—ष० ख० गाथा सूत्र ३, पु० १३, पृ० ३०१

जावतिया तिसमयाहारगस्स सुहुमस्स पणगजीवस्स।
ओगाहणा जहन्ना ओहीखेत्तं जहन्नं तु॥
—नन्दिसूत्र गाथा ४५, सूत्र २४

ष० ख० के उस गाथासूत्र में यद्यपि 'तिसमयाहारगस्स' पद नहीं है, पर उसके अभिप्राय को व्यक्त करते हुए धवलाकार ने 'तदियसमयआहार-तदियसमयतब्भवत्थस्स' ऐसा कहकर

---

१. अणुव्रत-महाव्रतानि सम्यक्त्वाधिष्ठानानि गुणः कारणं यस्यावधिज्ञानस्य तद्गुणप्रत्ययकम्।
—धवला पु० १३, पृ० २९१-९२

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यह स्पष्ट कर दिया है कि तृतीय समयवर्ती आहारक और तृतीय समयवर्ती तद्भवस्थ हुए सूक्ष्म निगोद जीव की जघन्य अवगाहना के प्रमाण अवधिज्ञान का जघन्य क्षेत्र है।

६. आगे षट्खण्डागम में अवधि के विषयभूत क्षेत्र से सम्बद्ध काल की अथवा काल से सम्बद्ध क्षेत्र की प्ररूपणा में जो चार गाथाएँ आयी हैं वे नन्दिसूत्र में भी समान रूप में उसी क्रम से उपलब्ध होती हैं।[1]

विशेष इतना है कि उन चार गाथाओं में जो दूसरी गाथा है उसमें शब्दसाम्य के होने पर भी शब्दक्रम के विन्यास में भेद होने से अभिप्राय में भेद हो गया है। वह गाथा इस प्रकार है—

आवलियपुधत्तं घणहत्थो तह गाउअं मुहुत्तंतो।
जोयण भिण्णमुहुत्तं दिवसंतो पण्णवीसं तु॥

—ष०ख० पु० १३, पृ० ३०६, गा० ५

हत्थम्मि मुहुत्तंतो दिवसंतो गाउयम्मि बोद्धव्वो।
जोयण दिवसपुहुत्तं पक्खंतो पण्णवीसाओ॥

—नन्दिसूत्र, गाथा ४८

यहाँ ष० ख० में जहाँ घनहस्त प्रमाण क्षेत्र के साथ काल आवलिपृथक्त्व, घनगव्यूति के साथ अन्तर्मुहूर्त, घनयोजन के साथ भिन्नमुहूर्त और पच्चीस योजन के साथ काल दिवसान्त—कुछ कम एक दिन—निर्दिष्ट किया गया है वहाँ नन्दिसूत्र में हस्तप्रमाण क्षेत्र के साथ काल अन्तर्मुहूर्त, गव्यूति के साथ दिवसान्त, योजन के साथ दिवसपृथक्त्व और पच्चीस योजन के साथ काल पक्षान्त कहा गया है।

इस विषय में परस्पर मतभेद ही रहा है या प्रतियों में कुछ पाठ-भेद हो जाने के कारण वैसा हुआ है, कुछ कहा नहीं जा सकता।

आगे की दो गाथाओं में भरतादि प्रमाण क्षेत्र के साथ जिस अर्धमास आदिरूप काल-क्रम का निर्देश है वह दोनों ग्रन्थों में सर्वथा समान है।

७. ठीक इसके अनन्तर दोनों ग्रन्थों में यथायोग्य द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव सम्बन्धी वृद्धि की सूचक जो "कालो चदुण्ण वुड्ढी" गाथा[2] उपलब्ध होती है वह शब्द और अर्थ दोनों की अपेक्षा प्रायः समान है।[3]

षट्खण्डागम में आगे एक गाथा के द्वारा यह बतलाया गया है कि जहाँ अवधिज्ञान का विषयभूत द्रव्य तैजस शरीर, कार्मणशरीर, तैजसवर्गणा और भाषावर्गणा होता है वहाँ अवधि-ज्ञान का क्षेत्र असंख्यात द्वीप-समुद्र और काल असंख्यात वर्षप्रमाण होता है। तत्पश्चात् वहाँ कुछ गाथाओं में व्यन्तरादि देवों, तिर्यंचों, नारकियों और मनुष्यों में यथासम्भव अवधिज्ञान के विषय को दिखलाया गया है।[4]

---

१. ष०ख० पु० १३, पृ० ३०४-८ में गा० ४-७ तथा नन्दिसूत्र २४, गा० ४७-५०। मूल में ये गाथाएँ महाबन्ध (१, पृ० २१) में भी रही हैं।
२. यह गाथा महाबन्ध में उपलब्ध होती है। भा० १, पृ० २१
३. ष० ख० पु० १३, पृ० ३०६, गा० ८ और नन्दिसूत्र २४, गा० ५१
४. ष० ख० पु० १३, पृ० ३१०-२७, गाथा ६-१७

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नन्दिसूत्र में द्रव्य-क्षेत्रादि से सम्बन्धित अवधिज्ञान के विषय की प्ररूपणा इस प्रकार से नहीं की गई है। वहाँ व्यन्तर देवों आदि के आश्रय से भी अवधिज्ञान के उस विषय को नहीं प्रकट किया गया है।

नन्दिसूत्र में वर्धमान अवधिज्ञान के इस प्रसंग को समाप्त करते हुए आगे हीयमान, प्रतिपाति और अप्रतिपाति अवधिज्ञान के स्वरूप को क्रम से दिखलाकर वे द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव की अपेक्षा कितने विषय को जानते हैं, इसका विचार किया गया है।[1]

षट्खण्डागम मूल में अवधिज्ञान के इन भेदों के स्वरूप आदि का कुछ विचार नहीं किया गया जबकि धवला में उनके स्वरूपादि विषयों का उल्लेख है।[2]

८. ष० ख० (धवला) में पूर्वोक्त एक क्षेत्र और अनेक क्षेत्र अवधिज्ञान के भेदों का स्वरूप दिखलाते हुए उस प्रसंग में यह कहा गया है कि तीर्थंकर, देव और नारकियों का अवधिज्ञान अनेक क्षेत्र ही होता है, क्योंकि वे शरीर के सभी अवयवों के द्वारा अपने उस अवधिज्ञान के विषयभूत अर्थ को ग्रहण किया करते हैं।[3] आगे धवला में 'वुत्तं च' ऐसा संकेत करते हुए यह गाथा उद्धृत की गई है—

णेरइय-देव-तित्थयरोहि खेत्तस्स बाहिरं एवं।
जाणंति सव्वदो खलु सेसा देसेण जाणंति॥ —पु० १३, पृ० २९५

नन्दिसूत्र में कुछ थोड़े से परिवर्तन के साथ इसी प्रकार की एक गाथा इस प्रकार उपलब्ध होती है—

नेरइय-देव-तित्थंकरा य ओहिस्सऽबाहिरा होंति।
पासंति सव्वओ खलु सेसा देसेण पासंति॥

—नन्दिसूत्र २७, गाथा ५४

अन्य ज्ञातव्य

नन्दिसूत्र में आगे अवग्रहादि के स्वरूप व उनके विषय को प्रकट करते हुए जो छह गाथाएँ (सूत्र ६०, गा० ७२-७७) उपलब्ध होती हैं उनमें "पुट्ठं सुणेइ सद्दं" इत्यादि गाथा थोड़े से शब्दव्यत्यय के साथ 'आगमस्तावत्' इस सूचना के साथ सर्वार्थसिद्धि और तत्त्वार्थवार्तिक में भी उद्धृत की गई है।[4]

यह गाथा नन्दिसूत्र व सर्वार्थसिद्धि के पूर्व और कहाँ उपलब्ध होती है, यह अन्वेषणीय है।[5]

ऊपर निर्दिष्ट इन छह गाथाओं में दूसरी "भाषा समसेढीओ" आदि गाथा व्यंजनावग्रह

---

१. नन्दिसूत्र २५-२८

२. धवला पु० १३, पृ० २९३-९६

३. इस प्रसंग से सम्बद्ध ष० ख० के ये दो सूत्र द्रष्टव्य हैं—खेत्तदो ताव अणेयसंठाणसंठिदा। सिखिच्छ-कलस-संख-सोत्थिय-णंदावत्तादीणि संठाणाणि णादव्वाणि भवंति।

—सूत्र ५,५, ५७-५८ (पु० १३)

४. स० सि० १-१९; त० वा० १,१९,३

५. यह गाथा० दि० पंचसंग्रह (१-६८) में भी उपलब्ध होती है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

के प्रसंग में श्रोत्रेन्द्रिय के विषय का विचार करते हुए धवला में 'उक्तं च' के निर्देश पूर्वक उद्धृत है। विशेषावश्यक भाष्य में भी यह उपलब्ध होती है।[1]

दोनों ग्रन्थों में आगे मनःपर्ययज्ञान और केवलज्ञान की जो प्ररूपणा है वह कुछ भिन्न पद्धति से की गई है, अतः उसमें विशेष समानता नहीं है।[2]

विशेषता यह है कि षट्खण्डागम में जहाँ मनःपर्ययज्ञान के स्वामी प्रमत्तसंयत से लेकर क्षीणकषाय वीतरागछद्मस्थ तक बतलाये गये हैं वहाँ नन्दिसूत्र में उसके स्वामी अप्रमत्तसंयत सम्यग्दृष्टि पर्याप्त संख्यातवर्षायुष्क कर्मभूमिज गर्भोपक्रान्तिक ऋद्धिप्राप्त मनुष्य बतलाये गये हैं।[3]

१२. षट्खण्डागम (धवला) और दि० प्राकृत पंचसंग्रह

'पंचसंग्रह' नाम से प्रसिद्ध अनेक ग्रन्थ हैं, जो संस्कृत और प्राकृत दोनों ही भाषाओं में रचे गये हैं। उनमें यहाँ 'भारतीय ज्ञानपीठ' से प्रकाशित दि० सम्प्रदाय मान्य पंचसंग्रह अभिप्रेत है। यह किसके द्वारा रचा गया है या संकलित किया गया है, यह अभी तक अज्ञात ही बना हुआ है। पर इसकी रचना-पद्धति और विषय-विवेचन की प्रक्रिया को देखते हुए यह प्राचीन ग्रन्थ ही प्रतीत होता है। इसमें ये पाँच प्रकरण हैं—१. जीवसमास, २. प्रकृतिसमुत्कीर्तन, ३. कर्मस्तव, ४. शतक और ५. सप्ततिका। इनकी गाथा-संख्या क्रम से इस प्रकार है—२०६+१२+७७+५२२+५०७=१३२४। इनमें मूल गाथाओं के साथ उनमें से बहुतों के स्पष्टीकरण में बहुत-सी भाष्य-गाथाएँ भी रची गई हैं, जिनकी संख्या लगभग ८६४ है। प्रकृतिसमुत्कीर्तन नामक दूसरे प्रकरण में कुछ गद्यभाग भी है। इन पाँच प्रकरणों में क्रम से कर्म के बन्धक (जीव), बध्यमान (कर्म), बन्धस्वामित्व, बन्ध के कारण और बन्ध के भेद; इनकी प्ररूपणा की गई है। प्रसंग के अनुसार वहाँ अन्य विषयों का—जैसे उदय व सत्त्व आदि का—भी निरूपण किया गया है।

मूल षट्खण्डागम से प्रभावित

प्रस्तुत पंचसंग्रह का दूसरा प्रकरण प्रकृतिसमुत्कीर्तन है। उसमें केवल दस ही गाथाएँ हैं, शेष गद्यभाग है। गाथाओं में प्रथम गाथा के द्वारा मंगलस्वरूप वीर जिनेन्द्र को नमस्कार करते हुए आगे दूसरी व तीसरी गाथा में क्रम से मूल प्रकृतियों के नामोल्लेखपूर्वक उनके विषय में पृथक्-पृथक् दृष्टान्त दिये गये हैं। चौथी गाथा में उन मूलप्रकृतियों के अन्तर्गत उत्तर-प्रकृतियों की गाथासंख्या का क्रम से निर्देश है।

आगे गद्यभाग में जो यथाक्रम से मूलप्रकृतियों का उल्लेख किया गया है वह मूल षट्-खण्डागम के प्रथम खण्डस्वरूप जीवस्थान की दूसरी चूलिका से प्रभावित है। इतना ही नहीं, इन दोनों ग्रन्थगत उस प्रकरण का नाम समान रूप में 'प्रकृतिसमुत्कीर्तन' ही उपलब्ध होता है। पंचसंग्रह के इस प्रकरण में जो गद्यभाग है उसमें अधिकांश पूर्वोक्त जीवस्थान की

---

१. धवला पु० १३, पृ० २२४ व विशेषा० भाष्य ३५१

२. ष० ख० सूत्र ५,५, ६०-७८ (पु० १३) और नन्दिसूत्र ३०-४२

३. ष० ख० सूत्र १,१, १२१ (पु० १) व नन्दिसूत्र ३३, विशेषकर सूत्र ३० [६]

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रकृतिसमुत्कीर्तन चूलिका से प्रायः जैसा का तैसा ले लिया गया है। उदाहरण स्वरूप दोनों की शब्दशः समानता इस प्रकार देखी जा सकती है—

"दंसणावरणीयस्स कम्मस्स णव पयडीओ। णिद्दाणिद्दा पयलापयला थीणगिद्धी णिद्दा पयला य चक्खुदंसणावरणीयं अचक्खुदंसणावरणीयं ओहिदंसणावरणीयं केवलदंसणावरणीयं चेदि।"

—ष०ख० सूत्र १,१,१५-१६ (पु० ६)

"जं दंसणावरणीयं कम्मं तं णवविहं—णिद्दाणिद्दा पयला-पयला थीणगिद्धी णिद्दा य पयला य। चक्खु दंसणावरणीयं अचक्खुदंसावरणीयं ओहिदंसणावरणीयं केवलदंसणावरणीयं चेदि।"

—पंचसंग्रह, पृ० ४५

जीवसमास व जीवस्थान

पंचसंग्रह का प्रथम प्रकरण **'जीवसमास'** है। उधर षट्खण्डागम का प्रथम खण्ड **'जीवस्थान'** है। जीवस्थान का अर्थ है जीवों के स्थानों—उनके ऐकेन्द्रियादि भेद-प्रभेदों व उनकी जातियों का वर्णन करनेवाला प्रकरण।

'जीवसमास' का भी अभिप्राय वही है। पंचसंग्रहकार ने उसे स्पष्ट करते हुए स्वयं कहा है कि जिन विशेष धर्मों के आश्रय से अनेक जीवों और उनकी विविध जातियों का परिज्ञान हुआ करता है उन सबके संग्राहक प्रकरण का नाम जीवसमास है। आगे संग्रहकर्ता ने उसका दूसरा नाम स्वयं 'जीवस्थान' भी निर्दिष्ट किया है।[1]

उन सब जीवस्थानों का वर्णन जिस प्रकार षट्खण्डागम के प्रथम खण्ड जीवस्थान में सत्प्ररूपणादि आठ अनुयोगद्वारों के आश्रय से विस्तारपूर्वक किया गया है उसी प्रकार उनका वर्णन इस पंचसंग्रह के 'जीवसमास' प्रकरण में भी विस्तार से हुआ है।

षट्खण्डागम की टीका धवला में जीवस्थान खण्ड के अन्तर्गत विवक्षित विषयों को स्पष्ट करते हुए प्रसंगानुसार जिन पचासों प्राचीन गाथाओं को उद्धृत किया है उनमें अधिकांश उसी रूप में व उसी क्रम से पंचसंग्रह के इस जीवसमास नामक अधिकार में उपलब्ध होती हैं।[2] जैसे—

क्रम संख्या	गाथांश	धवला पु०	धवला पृ०	पंचसंग्रह गाथा (जीवसमास)
१.	अट्ठविहकम्मविजुदा	१	२००	३१
२.	अणुलोभं वेदंतो	"	३७३	१३२
३.	अत्थादो अत्थंतर	"	३५९	१२२
४.	अत्थि अणंता जीवा	"	२७१	८५
५.	अप्प-परोभयबाधण	"	३५१	११६

१. जीवाणं ट्ठाणवण्णणादो जीवट्ठाणमिदि गोण्णपदं। —धवला पु० १, पृ० ७९

२. जेहि अणेया जीवा णज्जंते बहुविहा वि तज्जादी।
ते पुण संगहिदत्था जीवसमासे त्ति विण्णेया॥
जीवट्ठाणवियप्पा चोद्दस इगिवीस तीस बत्तीसा।
छत्तीस अट्ठतीसाऽडयाल चउवण्ण सयवण्णा॥ —पंचसं० १,३२-३३

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रम संख्या	गाथांश	धवला पु०	धवला पृ०	पंचसंग्रह गाथा (जीवसमास)
६.	अप्पप्पवुत्तिसंचिद	१	१३६	७५
७.	अभिमु-हणियमियबोहण	"	३५६	१२१
८.	अवहीयदि त्ति ओही	"	३५६	१२३
९.	असहायणाण-दंसण	"	१६२	२९
१०.	अंतोमुहुत्तमज्झं[1]	"	२६१	६४
११.	अंतोमुहुत्तमज्झं	"	२६२	६६
१२.	आभीयमासुरक्खा	"	३५८	११६
१३.	आहरदि अणेण मुणी	"	२६४	६७
१४.	आहारदि सरीराणं	"	१५२	१७६
१५.	आहारयमुत्तत्थं[2]	"	२६४	६८
१६.	इंगाल-जाल-अच्ची	"	२७३	७६
१७.	उवसंते खीणे वा	"	३७३	१३३
१८.	एक्कम्मि कालसमए	"	१८३	२०
१९.	एयक्खेत्तो गाढं	४	३२७	४६४
२०.	एयणिगोदसरीरे	१	२७०	८४
२१.	एयम्मि गुणट्ठाणे	"	१८३	१८
२२.	ओसा य हिमो धूमरि	"	२७३	७८
२३.	कम्मेव च कम्मभवं	"	२६५	६६
२४.	कारिस-तणिट्ठिवागग्गि	"	३४२	१०८
२५.	किण्हादिलेस्सरहिदा	"	३६०	१५३
२६.	कुंथु-पिपीलिय-मक्कुण	"	२४३	७१
२७.	केवलणाण-दिवायर	"	१६१	२७
२८.	खीणे दंसणमोहे	"	३६५	१६०
२९.	गुण-जीवा पज्जत्ती	२	४११	२
३०.	चक्खूण जं पयासदि	१	३८२	१३६
	" "	७	१००	"
३१.	चंडो ण मुयदि वेरं	१	३८८	१४४
	" "	१६	४६०	"
३२.	चागी भद्दो चोक्खो	१	३६०	१५१
	" "	१६	४६०	"
३३.	चिंतियमचिंतियं वा	१	३६०	१२५
३४.	छप्पंच-णवविहाणं	"	३६५	१५६

१. 'ओरालियमुत्तत्थं (धवला) = अंतोमुहुत्तज्झं (पंचसंग्रह)' प्रथम चरण भिन्न।
२. पंचसंग्रह—'अंतोमुहुत्तमज्झं' (प्रथम चरण)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रम संख्या	गाथांश	धवला पु०	धवला पृ०	पंचसंग्रह गाथा (जीवसमास)
३५.	छादेदि सयं दोसेण	१	३४१	१०५
३६.	छेत्तूण य परियायं	"	३७२	१३०
३७.	जत्थेक्कु मरइ जीवो	"	२७०	८३
३८.	जह कंचणमग्गिगयं	"	२६६	८७
३९.	जह भारवहो पुरिसो	"	१३९	७६
४०.	जं सामण्णं गहणं	"	१४९	१३८
४१.	जाणइ कज्जमकज्जं	"	३८९	१५०
	" "	१६	४९१	"
४२.	जाणइ तिकालसहिए	१	१४४	११७
४३.	जाणदि पस्सदि भुंजदि	"	२३९	६९
४४.	जीवा चोद्दसभेया	"	३७३	१३७
४५.	जेसिं ण संति जोगा	"	२८०	१००
४६.	जेहिं दु लक्खिज्जंते	"	१६१	३
४७.	जोणेव सच्च-मोसो	"	२८६	९२
४८.	जो तसवहा उविरदो	"	१७५	१३
४९.	ण उ कुणइ पक्खवायं	७	३९०	१५२
	" "	१६	४९२	"
५०.	णट्ठासेसपमाओ	१	१७९	१६
५१.	ण य पत्तियइ परं	"	३८९	१४८
	" "	१६	४९१	"
५२.	ण य सच्च-मोसजुत्तो	१	२८२	९०
५३.	ण रमंति जदो णिच्चं	"	२०२	१-६०
५४.	णिद्दा-वंचणबहुलो	"	३८९	१४६
	" "	१६	४९१	"
५५.	णिस्सेसखीणमोहो	१	१९०	२५
५६.	णेवित्थी णेव पुमं	"	३४२	१०७
५७.	णो इंदिएसु विरदो	"	१७३	११
५८.	तं मिच्छत्तं जमसद्दहणं	"	१६३	७
५९.	तारिसपरिणामट्ठिय	"	१८३	१९
६०.	तिरियंति कुडिलभावं	"	२०२	१-६१
६१.	दसविहसच्चे वयणे	"	२८६	९१
६२.	दहि-गुडवामिस्सं	"	१७०	१०
६३.	दंसण वय सामाइय	"	३७३	१३६
६४.	परमाणुआदियाइं	"	३८२	१४०
	" "	७	१००	"

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रम संख्या	गाथांश	पु०	धवला पृ०	पंचसंग्रह गाथा (जीवसमास)
६५.	पंच-ति-चउव्विहेहिं	१	३७३	१३५
६६.	पंचसमिदो-तिगुत्तो	"	३७२	१३१
६७.	पुढवी य सक्करा वालुया	"	२७२	७७
६८.	पुरुगुणभोगे सेदे	"	३४१	१०६
६९.	पुरुमहमुदारुरालं	"	२९१	९३
७०.	पुव्वापुव्वयफड्डय	"	१८८	२३
७१.	बहुविहबहुप्पयारा	"	३८२	१४१
	" "	७	१००	"
७२.	बाहिरपाणेहि जहा	१	२५६	१-४५
७३.	भविया सिद्धी जेसिं	"	३९४	१५६
७४.	भिण्णसमयट्ठिएहि	"	१८३	१७
७५.	मणसा वचसा काएण	"	१४०	८८
७६.	मण्णंति जदो णिच्चं	"	२०३	१-६२
७७.	मरणं पत्थेइ रणे	"	३८९	१४९
	" "	१६	४९१	"
७८.	मंदो बुद्धिविहीणो	१	३८८	१४५
	" "	१६	४९०	"
७९.	मिच्छत्तं वेदंतो	१	१६२	६
८०.	मिच्छाइट्ठी णियमा[1]	६	२४२	८
८१.	मूलग्ग-पोर-बीया	१	२७३	८१
८२.	रूसदि णिंददि अण्णे	"	३८९	१४७
	" "	१६	४९१	"
८३.	लिंपदि अप्पी कीरदि	१	१५०	१४२
८४.	वत्तावत्तपमाए	"	१७८	१४
८५.	वयणे हि वि हेऊहि वि	"	३९५	१६१
८६.	वय-समिइ-कसायाणं	"	१४५	१२७
८७.	वाउब्भामो उक्कलि	"	२७३	८०
८८.	विकहा तहा कसाया	"	१७८	१५
८९.	विग्गहगइमावण्णा	"	१५३	१७७
९०.	विवरीयमोहिणाणं	"	३५९	१२०
९१.	विविहगुण-इड्ढिजुत्तं	"	२९१	९५
९२.	विस-जंत-कूड-पंजर	"	३५८	११८
९३.	विहि तीहि चउहि पंचहि	"	२७४	१-८६

१. 'णियमा' = पंच० 'जीवो'

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्र०सं०	गाथांश	धवला पु०	धवला पृष्ठ	पंचसंग्रह गाथा (जीवसमास)
९४.	वेगुव्विमुत्तत्थं[1]	१	२९२	१-९६
९५.	वेदण-कसाय-वेउव्विय	४	२९	१-१९६
९६.	वेदस्सुदीरणाए	१	१४१	१०१
९७.	सकयाहलं जलं वा	"	१८९	२४
९८.	सब्भावो सच्चमणो	"	२८१	८९
९९.	संपुण्णं तु समग्गं	"	३६०	१२६
१००.	सम्मत्त-रयण-पव्वय	"	१६६	९
१०१.	सम्माइट्ठी जीवो	"	१७३	१२
	" "	६	२४२	"
१०२.	संगहियसयलसंजम	१	३७२	१२९
१०३.	साहारणमाहारो	"	२७०	८२
१०४.	सिक्खा-किरियुवदेसा	"	१५२	१७३
१०५.	सिद्धत्तणस्स जोग्ग	"	१५०	१५४
१०६.	सुह-दुक्ख-सबहुसस्सं	"	१४२	१०९
१०७.	सेलेसिं संपत्तो	"	१९९	३०
१०८.	होंति अणियट्टिणो ते	"	१८३	२१

इनके अतिरिक्त ये गाथाएँ पंचसंग्रह के चौथे 'शतक' प्रकरण में उपलब्ध होती हैं—

१०९.	आउवभागो थोवो	१०	५१२	४-४९६
११०.	उवरिल्लपंचए पुण	८	२४	४-७९
१११.	एमक्खेत्तो गाढं	१२	२७७	४-४९४
	" "	१४	४३९	"
	" "	१५	३५	"
११२.	चदुपच्चइगो बंधो	८	२४	४-७८
११३.	दस अट्ठारस दसयं	८	२८	४-१०१
११४.	पणवण्णा हर वण्णा	८	२४	४-८०
११५.	सव्वुवरि वेयणीए	१०	५१२	४-४९७

अन्य दो गाथाएँ—

११६.	किण्णं भमरसवण्णा	१६	४८५	१-१८३
११७.	पम्मा पउमसवण्णा	"	"	१-१८४

धवला में उद्धृत प्रचुर गाथाओं में से इतनी गाथाएँ यथासम्भव खोजने पर पंचसंग्रह में उपलब्ध हुई हैं। विशेष खोजने पर और भी कितनी ही गाथाएँ पंचसंग्रह में उपलब्ध हो सकती हैं। यह ध्यातव्य है कि पंचसंग्रह के प्रथम 'जीवसमास' प्रकरण में समस्त गाथाएँ २०६ हैं जिनमें ये ११७ गाथाएँ धवला में उद्धृत देखी गई हैं।

---

१. पंचसंग्रह प्रथम चरण—अंतोमुहुत्तमज्झं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्या प्रस्तुत पंचसंग्रह धवलाकार के समक्ष रहा है ?

उपर्युक्त स्थिति को देखते हुए स्वभावतः यह प्रश्न उठता है कि ऐसी प्रचुर गाथाओं को धवलाकार ने क्या प्रस्तुत पंचसंग्रह से लेकर अपनी धवला टीका में उद्धृत किया है ? इस पर विचार करते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि ये गाथाएँ प्रस्तुत पंचसंग्रह से लेकर धवला में नहीं उद्धृत की गई हैं। कारण इसका यह है कि धवलाकार के समक्ष प्रस्तुत पंचसंग्रह इस रूप में रहा हो, इसकी सम्भावना नहीं है। यदि वह उनके समक्ष रहा होता तो जैसे उन्होंने आचारांग (मूलाचार), कर्मप्रवाद, कसाय पाहुड, तच्चट्ठ (तत्त्वार्थसूत्र), तत्त्वार्थभाष्य (तत्त्वार्थ वार्तिक), पंचत्थिपाहुड, पेज्जदोस और सम्मइसुत्त आदि अनेक प्राचीन ग्रन्थों के नाम निर्देशपूर्वक उनके अन्तर्गत वाक्यों को यथाप्रसंग प्रमाण के रूप में धवला में उद्धृत किया है वैसे ही वे प्रस्तुत पंचसंग्रह से इतनी अधिक गाथाओं को धवला में उद्धृत करते हुए किसी-न-किसी रूप में उसका भी उल्लेख अवश्य करते। पर उन्होंने उसका कहीं उल्लेख नहीं किया। इससे यही प्रतीत होता है कि उनके समक्ष इस रूप में पंचसंग्रह नहीं रहा है।

यह सम्भव है कि प्रस्तुत पंचसंग्रह में जो पूर्वोक्त जीवसमास आदि पाँच अधिकार विशेष हैं वे पृथक्-पृथक् मूल रूप में धवलाकार के समक्ष रहे हों व उन्होंने उनसे प्रसंगानुसार उपयुक्त गाथाओं को लेकर उन्हें धवला में उद्धृत किया हो। पश्चात् संग्रहकार ने उन मूल प्रकरण-ग्रन्थों में विवक्षित विषय के स्पष्टीकरणार्थ आवश्यकतानुसार भाष्यात्मक या विवरणात्मक गाथाओं को रचकर व उन्हें यथास्थान उन प्रकरण-ग्रन्थों में योजित कर उन पाँचों प्रकरणों का प्रस्तुत 'पंचसंग्रह' के रूप में संग्रह कर दिया हो।

दूसरी एक सम्भावना यह भी है कि भगवान् महावीर के निर्वाण के पश्चात् गौतमादि गणधरों व अंग-पूर्वों के समस्त व एक देश के धारक अन्य आचार्यों की अविच्छिन्न परम्परा से जो श्रुत का—विशेषकर गाथात्मक श्रुत का—प्रवाह दीर्घकाल तक मौखिक रूप में चलता रहा है उसका कुछ अंश धवलाकार वीरसेन स्वामी के भी कण्ठगत रहा हो और उन्होंने अपनी स्मृति के आधार पर उससे उन प्रचुर गाथाओं को प्रसंगानुसार अपनी धवला टीका में जहाँ-तहाँ उद्धृत किया हो।

अन्य एक सम्भावना यह भी है कि धवलाकार के समक्ष ऐसा कोई गाथाबद्ध प्राचीन ग्रन्थ रहना चाहिए जिसमें विविध विषयों से सम्बद्ध प्रचुर गाथाओं का संग्रह रहा हो और जो वर्तमान में उपलब्ध न हो। इसका कारण यह है कि धवला में ऐसी अन्य भी पचासों गाथाएँ उद्धृत की गई हैं जो वर्तमान में उपलब्ध किसी भी प्राचीन ग्रन्थ में नहीं प्राप्त होती हैं। जैसे—

१. सिद्धों में विद्यमान केवलज्ञानादि गुण किस-किस कर्म के क्षय से उत्पन्न होते हैं, इसकी प्ररूपक नौ गाथाएँ। (पु० ७, पृ० १४-१५)

२. क्रम से नैगमादि नयों के आश्रय से 'नारक' नाम की प्ररूपक छह गाथाएँ। यहाँ संग्रह नय की अपेक्षा 'नारक' किसे कहा जाता है, इसकी सूचक गाथा सम्भवतः प्रतियों में स्खलित हो गई है। देखिए पु० ७, पृ० २८-२९। (इसके पूर्व इसी पु० ७ में पृ० ९ पर भी तीन गाथाएँ द्रष्टव्य हैं)

३. मार्गणास्थानों में बन्ध और बन्धविधि आदि पाँच अनुयोगद्वारों की निर्देशक गाथा के साथ बन्ध पूर्व में है या उदय पूर्व में, इत्यादि की सूचक अन्य तीन गाथाएँ। देखिए पु० ८,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पृ० ८। (यहीं पर आगे पृ० ११-१६ में उद्धृत १४ (६-१६) गाथाएँ भी दृष्टव्य है)

४. यहीं पर आगे मिथ्यात्व, अविरति, कषाय और योग इन चार मूल बन्धप्रत्ययों में तथा इनके उत्तर ५७ बन्धप्रत्ययों में से क्रम से मिथ्यात्वादि गुणस्थानों में कितने मूल व उत्तर प्रत्ययों के आश्रय से कर्मबन्ध होता है, इसकी निर्देशक ३ गाथाएँ उद्धृत की गई हैं। देखिए पु० ८, पृ० २४। (आगे पृ० २८ पर भी एक गाथा द्रष्टव्य है।)

ये यहाँ कुछ ही उदाहरण दिये गये हैं। वैसे अन्यत्र भी कितनी ही ऐसी गाथाएँ धवला म—जैसे पु० १ में पृ० १०, ११,५५,५७,५६,६१ व ६८ आदि पर—उद्धृत हैं जो उपलब्ध प्राचीन ग्रन्थों में कहीं भी दृष्टिगोचर नहीं होतीं।

धवलाकार के समक्ष प्रस्तुत पंचसंग्रह के न रहने के कारण

१. षट्खण्डागम के प्रथम खण्डभूत जीवस्थान के अन्तर्गत आठ अनुयोगद्वारों में पाँचवें कालानुगम अनुयोगद्वार में 'जीवसमाए वि उत्तं' ऐसी सूचना करते हुए धवलाकार ने "छप्पंच-णवविहाणं" इत्यादि गाथा को उद्धृत किया है।[1] यह गाथा प्रस्तुत पंचसंग्रह के जीवसमास प्रकरण (१-१५६) में भी उपलब्ध होती है। पर उसे वहाँ से लेकर धवला में उद्धृत किया गया हो, ऐसा प्रतीत नहीं होता।

जैसा कि पूर्व में स्पष्ट किया जा चुका है,[2] 'जीवसमास' नाम का एक ग्रन्थ श्वे० सम्प्रदाय में उपलब्ध है और वह ऋषभदेव केशरीमल श्वे० संस्था रतलाम से प्रकाशित हो चुका है। पूर्वोक्त गाथा इस 'जीवसमास' में यथास्थान ८२ गाथांक के रूप में अवस्थित है। धवलाकार ने सम्भवतः उसे वहीं से लेकर 'जीवसमास' नामनिर्देश के साथ धवला में उद्धृत कर दिया है।

२. प्रस्तुत पंचसंग्रह के अन्तर्गत 'जीवसमास' प्रकरण में गाथा १०२ व १०४ के द्वारा द्रव्य-भाववेदविषयक विपरीतता को भी प्रकट किया गया है।[3] किन्तु धवला में यह स्पष्ट कहा गया है कि कषाय के समान वेद अन्तर्मुहूर्तकाल रहनेवाला नहीं है, क्योंकि उनका उदय जन्म से लेकर मरणपर्यन्त रहता है।[4]

यही अभिप्राय आचार्य अमितगति विरचित पंचसंग्रह में भी प्रकट किया गया है।[5]

पंचसंग्रहगत जीवसमास प्रकरण में कहा गया है कि सम्यग्दृष्टि जीव नीचे की छह पृथिवियों व ज्योतिषी, व्यन्तर एवं भवनवासी देवों में; समस्त स्त्रियों में और बारह प्रकार के

---

१. धवला पु० ४, पृ० ३१५; इसके पूर्व यह गाथा सत्प्ररूपणा अनुयोगद्वार (पु० १, पृ० ३६५) में भी धवला में उद्धृत की जा चुकी है।

२. देखें 'षट्खण्डागम और जीवसमास' शीर्षक।

३. "इत्थी पुरिस णउंसय वेया खलु दव्व-भावदो होंति।
से चेय य विपरीया हवंति सव्वे जहाकमसो॥"

४. कषायवन्नान्तर्मुहूर्तस्थायिनो वेदाः, आजन्मनः आमरणात्तदुदयस्य सत्त्वात्। (धवला पु० १, पृ० ३४६)

५. नान्तर्मौहूर्तिका वेदास्ततः सन्ति कषायवत्।
आजन्म-मृत्युतस्तेषामुदयो दृश्यते यतः॥ १-१६३॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मिथ्यावाद (एकेन्द्रिय ४, द्वीन्द्रिय २, त्रीन्द्रिय २, चतुरिन्द्रिय २, और असंज्ञीपंचेन्द्रिय २, इन बारह प्रकार के तिर्यंचों) में भी नहीं उत्पन्न होता है।[1]

यहाँ बारह प्रकार के जिस मिथ्यावाद का उल्लेख किया गया है वह भी धवला में नहीं मिलता है। प्रसंगवश वहाँ तिर्यंचों में प्रथम पाँच गुणस्थानों के सद्भाव के प्ररूपक सूत्र (१,१,२६) की व्याख्या करते हुए प्रसंग प्राप्त एक शंका के समाधान में असंयत सम्यग्दृष्टियों के उत्पन्न होने का निषेध किया गया है। वहाँ यह पूछे जाने पर कि वह कहाँ से जाना जाता है, इसके उत्तर में वहाँ इस गाथा को उद्धृत करते हुए कहा है कि वह इस आर्ष (आगमवचन) से जाना जाता है—

छसु हेट्ठिमासु पुढवीसु जोइस-वण-भवण-सव्वइत्थीसु।
णेदेसु समुप्पज्जइ सम्माइट्ठी दु जो जीवो ॥ पु० १, पृ० २०९

इस गाथा का पूर्वार्ध और पंचसंग्रहगत उस गाथा का पूर्वार्ध सर्वथा समान है, केवल उत्तरार्ध ही भिन्न है। यदि धवलाकार के समक्ष प्रस्तुत पंचसंग्रह रहा होता तो वे उसी रूप में उस गाथा को प्रस्तुत कर सकते थे। साथ ही वे कदाचित् 'आर्ष' के स्थान में किसी रूप में पंचसंग्रह का भी संकेत कर सकते थे।

रत्नकरण्डक (३५) में भी बारह प्रकार के उस मिथ्यावाद का उल्लेख नहीं है, वहाँ सामान्य से 'तिर्यंच' का ही निर्देश किया गया है।

अमितगति विरचित पंचसंग्रह में भी उस मिथ्यावाद का उल्लेख नहीं किया गया। यही नहीं, वहाँ तो 'तिर्यंच' का उल्लेख भी नहीं किया है। सम्भवतः यहाँ भोगभूमिज तिर्यंचों को लक्ष्य में रखकर 'तिर्यंच' का उल्लेख नहीं किया गया है।[2]

जीवसमास की प्राचीनता

संग्रहकर्ता ने प्रस्तुत पंचसंग्रह के अन्तर्गत पूर्वनिर्दिष्ट 'जीवसमास' नामक अधिकार का उपसंहार करते हुए यह कहा है—

[3]णिक्खेवे एयट्ठे णयप्पमाणे णिरुत्ति अणियोगे।
मग्गइ बीसं भेए सो जाणइ जीवसब्भावं ॥१-१८२॥

इस गाथा का मिलान 'ऋषभदेव केशरीमल श्वे० संस्था' से प्रकाशित जीवसमास ग्रन्थ की इस गाथा से कीजिए, जो मंगलगाथा के अनन्तर ग्रन्थ के प्रारम्भ में दी गई है—

णिक्खेव-णिरुत्तीहि य छहि अट्ठहि अणुयोगद्दारेहिं।
गइआइमग्गणाहि य जीवसमासाऽणुगंतव्वा ॥—गाथा २

इस गाथा में ग्रन्थकार द्वारा निक्षेप, निरुक्ति, निर्देश-स्वामित्व आदि छह अथवा

---

१. छसु हेट्ठिमासु पुढवीसु जोइस-वण-भवण-सव्वइत्थीसु।
बारस मिच्छावादे सम्माइट्ठिस्स णत्थि उववादो ॥ १-१९३॥

२. निकायत्रितये पूर्वे श्वभ्रभूमिषु षट्स्वधः।
वनितासु समस्तासु सम्यग्दृष्टिर्न जायते ॥

३. यह गाथा गो० जीवकाण्ड में भी बीस प्ररूपणाओं का उपसंहार करते हुए ग्रन्थ के अन्त में उपलब्ध होती है। (गा० ७३३)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सत्प्ररूपणादि आठ अनुयोगद्वारों और गति-इन्द्रियादि मार्गणाओं के आश्रय से जीवसमासों के जानने की प्रेरणा की गई है, जो इस 'जीवसमास' ग्रन्थ की सार्थकता को प्रकट करती है।

उपर्युक्त दोनों गाथाओं के अभिप्राय में पर्याप्त समानता दिखती है। विशेषता यह है कि 'जीवसमास' के प्रारम्भ में ग्रन्थकार द्वारा प्रस्तुत गाथा में जैसी सूचना की गई है तदनुसार ही आगे ग्रन्थ में यथाक्रम से निक्षेप, निरुक्ति आदि छह व विशेषकर सत्प्ररूपणादि आठ अनुयोगद्वारों तथा गति आदि चौदह मार्गणाओं के आश्रय से जीवसमासों की प्ररूपणा की गई है। इस प्रकार उपर्युक्त गाथा जो वहाँ प्रारम्भ में दी गयी है वह सर्वथा उचित व संगत है।

किन्तु पंचसंग्रहगत वह गाथा 'जीवसमास' नामक उसके प्रथम प्रकरण के अन्त में दी गई है और उसके द्वारा यह अभिप्राय प्रकट किया गया है कि जो निक्षेप, एकार्थ, नय, प्रमाण, निरुक्ति और अनुयोगद्वारों के आश्रय से बीस भेदों का मार्गण करता है वह जीव के सद्भाव को जानता है। इस प्रकार उस गाथा में जिन निक्षेप व एकार्थ आदि का निर्देश किया गया है उन सब की चर्चा यथाक्रम से इस प्रकरण में की जानी चाहिए थी, पर उनका विवेचन वहाँ कहीं भी नहीं किया गया है।

इस परिस्थिति में 'जीवसमास' ग्रन्थ के प्रारम्भ में प्रयुक्त उस गाथा की जैसी संगति रही है वैसी पंचसंग्रहगत उस गाथा की संगति नहीं रही। इससे यही प्रतीत होता है कि पंचसंग्रहकार ने 'जीवसमास' की उस गाथा को हृदयंगम कर इस गाथा को रचा है। इस प्रकार इस पंचसंग्रह ग्रन्थ से वह जीवसमास ग्रन्थ प्राचीन सिद्ध होता है।

इसके अतिरिक्त यह भी यहाँ ध्यातव्य है कि प्रस्तुत पंचसंग्रह में पूर्वनिर्दिष्ट क्रम से गुणस्थान व जीवसमास आदि रूप उन बीस प्ररूपणाओं का वर्णन करके प्रसंग के अन्त में उस गाथा को प्रस्तुत किया गया है। जैसा कि उस गाथा में संकेत किया गया है, यदि संग्रहकार चाहते तो उसके आगे भी वहाँ गाथोक्त निक्षेप व एकार्थ आदि का विचार कर सकते थे। पर आगे भी वहाँ उनकी कुछ चर्चा न करके पूर्व प्ररूपित लेश्याओं की विशेष प्ररूपणा की गई है (१८३-९२)। पश्चात् सम्यग्दृष्टि जीव कहाँ उत्पन्न नहीं होते हैं, इसे स्पष्ट करते हुए मनःपर्ययज्ञान व परिहारविशुद्धिसंयम आदि जो एक साथ नहीं रहते हैं उनका उल्लेख किया गया है (१९३-९४)। आगे सामायिक-छेदोपस्थापनादि संयमविशेष किन गुणस्थानों में रहते हैं, इसका निर्देश करते हुए केवलिसमुद्घात (१९६-२००), सम्यक्त्व व अणुव्रत-महाव्रतों की प्राप्ति का नियम एवं दर्शनमोह के क्षय-उपशम आदि के विषय में विचार किया गया है (२०१-६)।

यह विवेचन यहाँ अप्रासंगिक व क्रमशून्य रहा है। इस सबकी प्ररूपणा वहाँ पूर्वप्ररूपित उस मार्गणा के प्रसंग में की जा सकती थी।

इस परिस्थिति को देखते हुए यही फलित होता है कि धवलाकार वीरसेन स्वामी के समक्ष प्रस्तुत पंचसंग्रह इस रूप में नहीं रहा। यथाप्रसंग धवला में उद्धृत जो सैकड़ों गाथाएँ प्रस्तुत पंचसंग्रह और गोम्मटसार में उपलब्ध होती हैं उनका, जैसा कि पूर्व में स्पष्ट किया जा चुका है, इस पंचसंग्रह व गोम्मटसार से उद्धृत करना सम्भव नहीं है। किन्तु धवला से पूर्व जो वैसे कुछ प्रकरण विशेष अथवा ग्रन्थविशेष रहे हैं उनमें उन गाथाओं को वहाँ उद्धृत किया जाना चाहिए।

जैसा कि पूर्व में कहा जा चुका है, धवलाकार के समक्ष विशाल आगमसाहित्य रहा है व

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उसमें वे पारंगत भी रहे हैं। उस पूर्ववर्ती साहित्य का उन्होंने अपनी धवला और जयधवला टीकाओं की रचना में पर्याप्त उपयोग किया है। उदाहरणस्वरूप उन्होंने इन टीकाओं में नामोल्लेखपूर्वक कसायपाहुड, तत्त्वार्थसूत्र, पंचास्तिकाय और सन्मतिसूत्र आदि अनेक प्राचीन ग्रन्थों से प्रसंग के अनुरूप गाथाओं को व सूत्र को लेकर उद्धृत किया है, यह स्पष्ट हो चुका है।

परन्तु उन्होंने कहीं प्रस्तुत पंचसंग्रह का उल्लेख नहीं किया। धवला से पूर्ववर्ती किसी अन्य ग्रन्थ में भी उसका उल्लेख देखने में नहीं आया। इससे यही निश्चित होता है कि प्रस्तुत पंचसंग्रह इस रूप में धवलाकार के समक्ष नहीं रहा।

पंचसंग्रह के अन्य प्रकरणों से भी धवला की समानता

प्रस्तुत पंचसंग्रह का तीसरा प्रकरण 'कर्मस्तव' है। उसकी चूलिका में क्या बन्ध पूर्व में व्युच्छिन्न होता है, क्या उदय पूर्व में व्युच्छिन्न होता है और क्या दोनों साथ-साथ व्युच्छिन्न होते हैं; इन तीन प्रश्नों को प्रथम उठाया गया है। इसी प्रकार आगे स्वोदय, परोदय व स्व-परोदय तथा सान्तर, निरन्तर व सान्तर-निरन्तर बन्ध के विषय में भी तीन-तीन प्रश्न उठाए गये हैं। इस प्रकार नौ प्रश्नों को उठाकर उनके विवरण की प्रतिज्ञा की गई है।[1]

षट्खण्डागम के तीसरे खण्ड 'बन्धस्वामित्वविचय' में 'पाँच ज्ञानावरणीय, चार दर्शनावरणीय, यशःकीर्ति, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय इनका कौन बन्धक है और कौन अबन्धक है' इस पृच्छासूत्र (५) की व्याख्या करते हुए धवलाकार ने उसे देशामर्शक कहकर उससे सूचित 'क्या बन्ध पूर्व में व्युच्छिन्न होता है, क्या उदय पूर्व में व्युच्छिन्न होता है, क्या दोनों एक साथ व्युच्छिन्न होते हैं' इत्यादि २३ प्रश्नों को उस पृच्छासूत्र के अन्तर्गत बतलाया है। इन २३ प्रश्नों में उपर्युक्त पंचसंग्रह में निर्दिष्ट वे ९ प्रश्न सम्मिलित है।

ठीक इसके अनन्तर धवला में 'एत्थुवउज्जंतीओ **आरिसगाहाओ**' ऐसी सूचना करते हुए चार गाथाओं को उद्धृत किया है। उनमें भूमिकास्वरूप यह प्रथम गाथा है—

बंधो बन्धविहो पुण सामित्तद्धाण पच्चयविही य।
एदे पंचणिओगा मग्गणठाणेसु मग्गेज्जा ॥ —पु० ८, पृ० ८

इस गाथा में जिस प्रकार से बन्ध, बन्धविधि, स्वामित्व, बन्धाध्वान और प्रत्ययविधि इन पाँच अनुयोगद्वारों के मार्गणास्थानों में अन्वेषण की सूचना की गई है, तदनुसार ही धवला में उपर्युक्त २३ प्रश्नों के अन्तर्गत यहाँ और आगे इस खण्ड के सभी सूत्रों की व्याख्या में उन बन्ध व बन्धविधि आदि पाँच का विचार किया गया है।

यहाँ यह अनुमान किया जा सकता है कि उपर्युक्त गाथा में जिन बन्ध व बन्धविधि आदि पाँच के अन्वेषण की प्रेरणा की गई है उनका प्ररूपक कोई प्राचीन आर्ष ग्रन्थ धवलाकार के समक्ष रहा है, जहाँ सम्भवतः उन पाँचों की विस्तार से प्ररूपणा की गई होगी।

---

१. छिज्जइ पढमो बंधो किं उदओ किं च दो वि जुगवं किं।
किं सोदएण बंधो किं वा अण्णोदएण उभएण ॥३-६५॥
संतर णिरंतरो वा किं वा बंधो हवेज्ज उभयं वा।
एवं णवविहपण्हं कमसो वोच्छामि एयं तु ॥३-६६॥
ये ही नौ बन्धविषयक प्रश्न गो० कर्मकाण्ड में भी उठाये गये है। (गाथा ३९९)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यहाँ यह भी स्मरणीय है कि आ० नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्ती विरचित गो० कर्मकाण्ड में चौथा 'त्रिचूलिका' अधिकार है। वहाँ तीन चूलिकाओं में से प्रथम चूलिका में उन्हीं नौ प्रश्नों को उठाया गया है जो प्रस्तुत पंचसंग्रह में उठाये गये हैं। विशेषता यह रही है कि पंचसंग्रह में जहाँ उन नौ प्रश्नों को दो गाथाओं द्वारा उद्भावित किया गया है वहाँ कर्मकाण्ड में उन नौ का निर्देश इस एक ही गाथा में कर दिया गया है—

किं बंधो उदयादो पुव्वं पच्छा समं विणस्सदि सो।
स-परोभयोदयो वा णिरंतरो सांतरो उभयो ॥३९९॥

आचार्य नेमिचन्द्र की यह पद्धति रही है कि उन्होंने पूर्ववर्ती षट्खण्डागम व उसकी टीका धवला आदि में विस्तार से प्ररूपित विषयों में यथाप्रसंग विवक्षित विषय का स्पष्टीकरण अतिशय कुशलता के साथ संक्षेप में कर दिया है। यही नहीं, आवश्यकतानुसार उन्होंने उनके अन्तर्गत कुछ गाथाओं को ज्यों-का-त्यों भी अपने इन ग्रन्थों में आत्मसात् कर लिया है।

इस प्रकार धवला में पूर्ववर्ती किसी आगमग्रन्थ के आधार से जिन २३ प्रश्नों को उठाया गया है और यथाक्रम से उनका स्पष्टीकरण भी किया गया है उनमें से पूर्वोक्त नौ प्रश्नों को पंचग्रहण और कर्मकाण्ड में भी उठाकर स्पष्ट किया गया है।[1]

विवक्षितता

इस प्रसंग में धवला में मिथ्यात्व, एकेन्द्रिय आदि चार जातियाँ, आताप, स्थावर, सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारण इन दस प्रकृतियों के उदयव्युच्छेद को मिथ्यादृष्टि गुणस्थान के अन्तिम समय में दिखलाते हुए यह स्पष्ट कर दिया है कि यह कथन महाकर्मप्रकृतिप्राभृत के उपदेशानुसार किया गया है। चूर्णिसूत्रकर्ता (यतिवृषभ) के उपदेशानुसार उक्त दस प्रकृतियों में से मिथ्यादृष्टि गुणस्थान में पाँच प्रकृतियों का ही उदयव्युच्छेद होता है, क्योंकि उनके द्वारा एकेन्द्रियादि चार जातियों और स्थावर प्रकृति का उदयव्युच्छेद सासादनसम्यग्दृष्टि के स्वीकार किया गया है।[2]

आगे वहाँ 'एत्थ उवसंहारगाहा' यह कहकर जिस "**दस चदुरिगि सत्तारस**" आदि गाथा को उद्धृत किया गया है वह कर्मकाण्ड (२६३) में उपलब्ध है।

इस मतभेद का उल्लेख जिस प्रकार धवलाकार ने स्पष्टतया कर दिया है उस प्रकार से उसका कुछ उल्लेख पंचसंग्रह में नहीं किया गया है। वहाँ मिथ्यात्व, आताप, सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारण इन पाँच प्रकृतियों का उदयव्युच्छेद मिथ्यादृष्टि गुणस्थान में तथा अनन्तानुबन्धी चार, एकेन्द्रियादि जातियाँ चार और स्थावर इन नौ प्रकृतियों का उदयव्युच्छेद सासादनसम्यग्दृष्टि गुणस्थान में कहा गया है।[3]

पंचसंग्रह में जिस मूलगाथा (३-१८) के द्वारा गुणस्थानों में उदयव्युच्छित्ति की प्ररूपणा है वह भी कर्मकाण्ड में उपलब्ध होती है (२६४)।

१. गो० कर्मकाण्ड में सादि, अनादि, ध्रुव और अध्रुव बन्ध की भी यथाप्रसंग चर्चा की गई है। (गाथा ९० व १२२-२६)
२. धवला पु० ८, पृ० ९
३. पंचसंग्रह गाथा ३,१९-२० (भाष्यगाथा ३,३०-३१)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कर्मकाण्ड में उक्त मतभेद के अनुसार मिथ्यादृष्टि व सासादनसम्यग्दृष्टि गुणस्थानों में उदयव्युच्छित्ति की भिन्नता को दिखलाकर भी वह किनके उपदेशानुसार है, इसे स्पष्ट नहीं किया गया है।[1]

२. धवला में पूर्वोक्त २३ प्रश्नों में 'क्या बन्ध सप्रत्यय (सकारण) होता है या अप्रत्यय' ये दो (१०-११) प्रश्न भी रहे हैं। इनके स्पष्टीकरण में वहाँ धवलाकार ने विस्तार से बन्ध-प्रत्ययों की प्ररूपणा की है।[2]

वहाँ सामान्य से मिथ्यात्व, असंयम, कषाय और योग इन चार मूल प्रत्ययों का तथा ५ मिथ्यात्व, १२ असंयम, २५ कषाय और १५ योग इन ५७ उत्तर प्रत्ययों का पृथक्-पृथक् रूप में विचार किया गया है।[3]

पंचसंग्रह के 'शतक' प्रकरण ४ में इन प्रत्ययों का निर्देश इस प्रकार किया गया है—

मिच्छासंजम हुंति हु कसाय-जोगा य बंधहेऊ ते।
पंच दुवालस भेया कमेण पणुवीस पण्णरसं ॥४-७७॥

धवला में आगे उन ५७ प्रत्ययों में से जघन्य व उत्कृष्टरूप में कितने प्रत्यय किस गुण-स्थान में सम्भव हैं, इसे स्पष्ट किया गया है।[4]

इस प्रसंग में धवला में 'एत्थ उवसंहारगाहाओ' ऐसी सूचना करते हुए जिन तीन गाथाओं को उद्धृत किया गया है उनमें दो गाथाओं द्वारा गुणस्थान क्रम से मूलप्रत्ययों का और तीसरी गाथा द्वारा उत्तरप्रत्ययों का निर्देश है। वह तीसरी गाथा इस प्रकार है[5]—

पणवण्णा इर वण्णा तिदाल छादाल सत्ततीसा य।
चउवीस दु बावीसा सोलस एऊण जाव णव सत्ता ॥४-८०॥

यही गाथा कुछ ही शब्द परिवर्तन के साथ पंचसंग्रह में भी इस प्रकार प्रयुक्त हुई है—

पणवण्णा पण्णासा तेयाल छयाल सत्ततीसा य।
चउवीस दु बावीसा सोलस एऊण जाव णव सत्ता[6] ॥४-८०॥

इन प्रत्ययों का स्पष्टीकरण कर्मकाण्ड में दो (७८९-९०) गाथाओं द्वारा किया गया है।

धवला में उन ५७ प्रत्ययों में जघन्य व उत्कृष्ट रूप से मिथ्यादृष्टि आदि तेरह गुणस्थानों में वे जहाँ जितने सम्भव हैं उन्हें यथाक्रम से स्पष्ट करते हुए अन्त में 'एत्थ उवसंहारगाहा' ऐसी सूचना करते हुए यह गाथा उद्धृत की गई है[7]—

दस अट्ठारस बसयं सत्तरहं णव सोलसं च बोण्णं तु।
अट्ठ य चोद्दस पणयं सत्त तिए तु ति दु एयमेयं च[8] ॥

---

१. क० का० गाथा २६५ (पूर्व गाथा २६३-६४ भी द्रष्टव्य है)
२. धवला पु० ८,१९-२८
३. वही, १९-२४
४. वही, २४-२८
५. वही, २४
६. यह गाथा कर्मकाण्ड (७८९) में भी उपलब्ध होती है (च० चरण भिन्न है)।
७. धवला पु० ८, पृ० २८
८. यह गाथा पंचसंग्रह (४-१०१) और कर्मकाण्ड (७९२) में भी उपलब्ध होती है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आगे धवला में यथाप्रसंग गति आदि मार्गणाओं में भी इन प्रत्ययों की प्ररूपणा संक्षेप में की गई है।

पंचसंग्रह में यह प्ररूपणा एक साथ विस्तार से १७ (८४-१००) गाथाओं में की गई है। समस्त प्रत्ययप्ररूपणा १४० (४,७७-२१६) गाथाओं में हुई है।

३. षट्खण्डागम में जीवस्थान से सम्बद्ध नौ चूलिकाओं में छठी 'उत्कृष्टस्थिति' और सातवीं 'जघन्यस्थिति' चूलिका है। इन दोनों में क्रम से पृथक्-पृथक् उत्कृष्ट और जघन्य स्थिति की प्ररूपणा की गई है। इस प्रसंग में वहाँ यथासम्भव विभिन्न कर्मों की स्थिति प्रकट करते हुए उनमें किन का कितना आबाधाकाल और निषेकस्थिति सम्भव है, स्पष्ट किया गया है। उस प्रसंग में वहाँ सर्वत्र सामान्य से यह सूत्र उपलब्ध होता है—

"आबाधूणिया कम्मट्ठिदी कम्मणिसेओ[1]।" सूत्र १,९-६,६ आदि। आयुकर्म के आबाधाकाल और निषेकस्थिति में अन्य ज्ञानावरणादि कर्मों की अपेक्षा विशेषता है, अतः उसका विचार अलग से किया गया है।[2]

पंचसंग्रह में प्रायः यही अभिप्राय इस गाथा के द्वारा प्रकट किया गया है—

आबाधूणट्ठिदी कम्मणिसेओ होइ सत्तकम्माणं।
ठिदिमेव णिया सव्वा कम्मणिसेओ य आउस्स[3] ॥४-३९५०

४. वेदनाद्रव्य विधान की चूलिका में सूत्रकार ने योगस्थानों को ही प्रदेशबन्धस्थान बतलाते हुए विशेष रूप में उन प्रदेशबन्धस्थानों को प्रकृतिविशेष से विशेष अधिक कहा है· सूत्र ४,२,४,२१३ (पु० १०)।

इसकी व्याख्या करते हुए धवला में कहा गया है कि समान कारणता के होने पर भी प्रकृति विशेष से कर्मों के प्रदेशबन्धस्थान प्रदेशों की अपेक्षा विशेष अधिक हैं। इसी प्रसंग में आगे एक योग से आये हुए एक समयप्रबद्ध में आठ मूल प्रकृतियों में किसको कितना भाग प्राप्त होता है, इसे स्पष्ट करते हुए 'वुत्तं च' इस निर्देश के साथ ये दो गाथाएँ उद्धृत की गयी हैं—

आउअभागो थोवो णामा-गोदे समो तदो अहिओ।
आवरणमंतराए भागो अहिओ दु मोहेवि ॥
सव्वुवरि वेयणीए भागो अहिओ दु कारणं किंतु।
पयडिविसेसो कारण णो अण्णं तदणुवलंभादो ॥

—पु० १०, पृ० ५११-१२

ये दोनों गाथाएँ इसी रूप में पंचसंग्रह में भी उपलब्ध हैं।[4] विशेष इतना है कि दूसरी गाथा का उत्तरार्ध वहाँ इस प्रकार है—

सुह-दुक्खकारणत्ताट्ठिदिविसेसेण सेसाणं ॥४-८९ उत्त०

---

१. सूत्र ९,९-६,९ व आगे १२,१५,१८,२१ आदि (उत्कृष्ट स्थिति) तथा आगे सूत्र १,९-७,५ व ८,११,१४,१७,२० आदि (जघन्य स्थिति)। पु० ६

२. ष० ख० पु० ६, सूत्र १, ९-६, २२-२९ तथा १,९-७, २७-३४

३. यह गाथा कर्मकाण्ड (१६०) में भी कुछ थोड़े से परिवर्तन के साथ उपलब्ध होती है।

४. मूल गाथा ४. ८८-८९ व भाष्य गाथा ४,४९६-९७

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इसी अभिप्राय को कर्मकाण्ड में भी दो गाथाओं (१९२-९३) द्वारा प्रकट किया गया है, जिनमें प्रथम गाथा का पूर्वार्ध तीनों ग्रन्थों में समान है।

५. यह पूर्व में कहा जा चुका है कि मूल षट्खण्डागम में महाकर्मप्रकृतिप्राभृत के अन्तर्गत जो २४ अनुयोगद्वार रहे हैं उनमें से प्रारम्भ के कृति-वेदनादि छह अनुयोगद्वारों की ही प्ररूपणा की गई है, शेष निबन्धन आदि १८ अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा वहाँ नहीं हुई है। उनकी प्ररूपणा धवलाकार वीरसेनाचार्य के द्वारा की गई है।

उन २४ अनुयोगद्वारों में १३वाँ 'लेश्या' अनुयोगद्वार है। इसमें 'लेश्या' का निक्षेप करते हुए उस प्रसंग में धवलाकार ने चक्षुइन्द्रिय से ग्राह्य पुद्गलस्कन्ध को तद्व्यतिरिक्त नो-आगम द्रव्य लेश्या कहा है तथा उसे कृष्ण-नीलादि के भेद से छह प्रकार का निर्दिष्ट किया है। उनमें किन के कौन-सी लेश्या होती है, इसे स्पष्ट करते हुए भ्रमर व अंगार आदि के कृष्ण-लेश्या, नीम व कदली आदि के पत्तों के नीललेश्या, क्षार व कबूतर आदि के कापोत लेश्या, कुंकुम व जपाकुसुम आदि के तेजोलेश्या, तडवड व पद्मकुसुम आदि के पद्मलेश्या तथा हंस व बलाका आदि के शुक्ललेश्या कही गई है। आगे वहाँ 'वुत्तं च' कहकर जिन "किण्णं भमर सवण्णा" आदि दो गाथाओं को उद्धृत किया गया है[1] वे प्रस्तुत पंचसंग्रह में 'जीवसमास' अधिकार के अन्तर्गत १८३-८४ गाथांकों में उपलब्ध होती है।[2]

आगे धवला में शरीराश्रित छहों लेश्याओं की प्ररूपणा है। जैसे—

तिर्यंच योनिवाले जीवों के शरीर छहों लेश्याओं से युक्त होते हैं—कितने ही कृष्णलेश्या वाले व कितने ही नीललेश्यावाले, इत्यादि। इसी प्रकार आगे तिर्यंच योनिमतियों, मनुष्य-मनुष्यनियों, देवों, देवियों, नारकियों और वायुकायिकों में यथासम्भव उन लेश्याओं की प्ररूपणा की गई है।

आगे वहाँ चक्षुइन्द्रिय से ग्राह्य द्रव्य के अल्पबहुत्व को भी प्रकट किया गया है। जैसे—कापोतलेश्यावाले द्रव्य के शुक्लगुण स्तोक, हारिद्रगुण अनन्तगुणे, लोहित अनन्तगुणे, नील अनन्तगुणे और श्याम अनन्तगुणे होते हैं, इत्यादि।[3]

इस प्रकार का लेश्याविषयक विवरण पंचसंग्रह में दृष्टिगोचर नहीं होता, जबकि वहाँ 'जीवसमास' अधिकार के उपसंहार में तिर्यंच-मनुष्यों आदि में सम्भव लेश्याएँ आदि स्पष्ट की गयी हैं, यह पूर्व में कहा ही जा चुका है।[4]

धवला में आगे १४वाँ अनुयोगद्वार 'लेश्याकर्म' है। इसमें उक्त छहों लेश्यावाले जीवों के कर्म—मारण-विदारण आदि क्रियाविशेष—की यथाक्रम से प्ररूपणा है। उस प्रसंग

---

१. धवला पु० १६, पृ० ४८४-८५

२. गाथा १८४ का चतुर्थ चरण भिन्न है।

३. धवला पु० १६, पृ० ४८५-८८

४. पंचसंग्रह गाथा १,१८६-९२; इस प्रकार का विचार गो० जीवकाण्ड (४९५-९७) में भी किया गया है। लेश्याविषयक विशेष प्ररूपणा तत्त्वार्थवार्तिक में 'निर्देश' आदि १६ अनुयोगद्वारों के आश्रय से विस्तारपूर्वक की गई है (तत्त्वार्थवार्तिक ४,२२,१०)। जीवकाण्ड में जो उन्हीं १६ अनुयोगद्वारों में लेश्याविषयक प्ररूपणा की गई है (४९०-५५४), सम्भव है उसका आधार यही तत्त्वार्थवार्तिक का प्रकरण रहा हो।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

में यहाँ क्रम से प्रत्येक लेश्या के सम्बन्ध में 'वुत्तं च' कहकर कुछ प्राचीन गाथाओं को उद्धृत किया गया है। उनकी संख्या क्रम से १+२+३+१+१+१=९ है।[1]

ये गाथाएँ उसी क्रम से पंचसंग्रह (१,१४४-५२) और गो० जीवकाण्ड (५०८-१६) में उपलब्ध होती हैं।

विशेष प्ररूपणा

लेश्या की विशेष प्ररूपणा आ० भट्टाकलंकदेव विरचित तत्त्वार्थवार्तिक (४,२२,१०) में निर्देश, वर्ण, परिणाम, संक्रम, कर्म, लक्षण, गति, स्वामित्व, साधन, संख्या, क्षेत्र, स्पर्शन, काल, अन्तर, भाव और अल्पबहुत्व इन सोलह अधिकारों में की गई है।

यहाँ प्रश्न उपस्थित होता है कि धवलाकार ने लेश्या (१३), लेश्याकर्म (१४) और लेश्यापरिणाम (१५) अनुयोगद्वारों में लेश्याविषयक विशेष प्ररूपणा क्यों नहीं की; जबकि उनके पूर्ववर्ती आ० भट्टाकलंकदेव ने उसके उपर्युक्त १६ अनुयोगद्वारों के आश्रय से विशद विवेचन किया है।

इसके समाधान में कहा जा सकता है उसका विवेचन चूंकि षट्खण्डागम में प्रसंगानुसार यत्र-तत्र हुआ है, इसीलिए उन्होंने उसकी विशेष प्ररूपणा यहाँ नहीं की है। उदाहरण के रूप में उन निर्देश आदि १६ अनुयोगद्वारों में प्रथम 'निर्देश' है। तदनुसार जीवस्थान खण्ड के अन्तर्गत प्रथम सत्प्ररूपणा अनुयोगद्वार में उसका निर्देश कर दिया गया है। (सूत्र १,१,१३६)

दूसरा 'वर्ण' अनुयोगद्वार है। तदनुसार धवलाकार ने द्रव्यलेश्यागत वर्णविशेष की प्ररूपणा 'लेश्या' अनुयोगद्वार (१३) में की है।

तीसरे परिणाम अनुयोगद्वार के अनुसार उसकी प्ररूपणा धवला के अन्तर्गत यहीं पर 'लेश्या-परिणाम' अनुयोगद्वार (१५) में की गई है। स्वस्थान-परस्थान में कृष्णादि लेश्याओं का संक्रमण किस प्रकार से होता है, इसका स्पष्टीकरण जिस प्रकार तत्त्वार्थवार्तिक[2] में संक्रम अधिकार के आश्रय से किया गया है उसी प्रकार धवला में इस 'लेश्यापरिणाम' अनुयोग-द्वार में किया गया है।

इसी प्रकार वह लेश्याविषयक विशेष प्ररूपणा हीनाधिक रूप में कहीं मूल षट्खण्डागम में और कहीं उसकी इस धवला टीका में की गई है। मूल ष० ख० में जैसे—

गतिविषयक प्ररूपणा 'गति-आगति' चूलिका में (सूत्र १,९-९, ७६-२०२), स्वामित्व-विषयक सत्प्ररूपणा अनुयोगद्वार में (सूत्र १,१,१३७-४०), संख्याविषयक क्षुद्रकबन्ध के द्रव्य प्रमाणानुगम में (सूत्र २,५,१४७-५४), क्षेत्रविषयक इसी क्षुद्रकबन्ध के क्षेत्रानुगम में (सूत्र २,६,१०१-६), स्पर्शनविषयक स्पर्शनानुगम में (सूत्र २,७,१९३-२१६), कालविषयक कालानुगम में (सूत्र २,२,१७७-८२), अन्तरविषयक अन्तरानुगम में (सूत्र २,३,१२५-३०), भावविषयक स्वामित्वानुगम में (सूत्र २,१,६०-६३) व अल्पबहुत्वविषयक अल्पबहुत्वानुगम में। (सूत्र २,११,१७९-८५)

---

१. इसके पूर्व भी उन गाथाओं को 'सत्प्ररूपणा' के अन्तर्गत लेश्यामार्गणा के प्रसंग में (पु० १, पृ० ३८८-९०) उद्धृत किया जा चुका है।

२. तत्त्वार्थवार्तिक ४,२२,१०, पृ० १७०-७२

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तत्त्वार्थवार्तिक का यह प्रसंग कहीं-कहीं पर तो षट्खण्डागम सूत्रों का छायानुवाद जैसा दिखता है। उदाहरण के रूप में लेश्याविषयक 'स्पर्श' को लिया जा सकता है—

"लेस्साणुवादेण किण्हलेस्सिय-णीललेस्सिय-काउलेस्सिएसु असंजदभंगो।[1] तेउलेस्सिएसु सत्थाणेहि केवडियं खेत्तं फोसिदं? लोगस्स असंखेज्जदिभागो। अट्ठ चोद्दस भागा वा देसूणा। समुग्घादेहि केवडियं खेत्तं फोसिदं? लोगस्स असंखेज्जदिभागो। अट्ठचोद्दस भागा वा देसूणा। उववादेहि केवडियं खेत्तं फोसिदं? लोगस्स असंखेज्जदिभागो। दिवड्ढचोद्दस भागा वा।"

—ष० ख० सूत्र २,७,१६२-२०१ (पु० ७)

इसका त० वा० के उस प्रसंग से मिलान कीजिये—

"कृष्ण-नील-कापोतलेश्यैः स्वस्थान-समुद्घातोपपादैः सर्वलोकः स्पृष्टः।[2] तेजोलेश्यैः स्वस्थानेन लोकस्यासंख्येयभागः, अष्टौ चतुर्दशभागा वा देशोनाः। समुद्घातेन लोकस्यासंख्येय भागः अष्टौ नव (?) चतुर्दशभागा वा देशोनाः। उपपादेन लोकस्यासंख्येयभागः अध्यर्ध-चतुर्दश भागा वा देशोनाः।"

—त० वा० ४,२२,१०, पृ० १७२

इस प्रकार ष० ख० और त० वा० में इस प्रसंग की बहुत कुछ समानता देखी जाती है। विशेष इतना है कि ष० ख० में जहाँ उसकी प्ररूपणा आगमपद्धति के अनुसार विभिन्न अनुयोगद्वारों में पृथक्-पृथक् हुई है वहाँ त० वा० में वह 'पीत-पद्म-शुक्लेश्या द्वि-त्रि-शेषेषु' इस सूत्र (४-२२) की व्याख्या में पूर्वोक्त निर्देश-वर्णादि १६ अनुयोगद्वारों के आश्रय से एक ही स्थान में कर दी गई है।

सिद्धान्तग्रन्थों के मर्मज्ञ आ० नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्तीने भी लेश्याविषयक निरूपण उसी प्रकार से गो० जीवकाण्ड में किया है।[3] उसका आधार षट्खण्डागम और कदाचित् तत्त्वार्थ-वार्तिक का वह प्रसंग भी रहा हो।

१३. षट्खण्डागम (धवला) और गोम्मटसार

आचार्य नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्ती (विक्रम की ११ वीं शती) विरचित गोम्मटसार एक सैद्धान्तिक ग्रन्थ है। आचार्य नेमिचन्द्र सिद्धान्त के पारगामी रहे हैं। प्रस्तुत षट्खण्डागम में जिन प्रतिपाद्य विषयों का विवेचन आगम पद्धति के अनुसार बहुत विस्तार से किया गया है प्रायः उन सभी विषयों का विवेचन गोम्मटसार में अतिशय कुशलता के साथ व्यवस्थित रूप में संक्षेप से किया है। प्रस्तुत षट्खण्डागम आ० नेमिचन्द्र के समक्ष रहा है व उन्होंने उसका गम्भीर अध्ययन करके सिद्धान्तविषयक अगाध पाण्डित्य को प्राप्त किया था। उन्होंने स्वयं यह कहा है कि जिस प्रकार चक्रवर्ती ने चक्ररत्न के द्वारा बिना किसी विघ्न-बाधा के छह खण्डों में विभक्त समस्त भरतक्षेत्र को सिद्ध किया था उसी प्रकार मैंने अपने बुद्धिरूप चक्र के द्वारा षट्खण्ड को—छह खण्डों में विभक्त षट्खण्डागम परमागम को—समीचीनतया सिद्ध किया है—उसमें मैं पारंगत हुआ हूँ।[4] षट्खण्डागम के अन्तर्गत जीवस्थानादि रूप छह खण्डों

---

१. इसके लिए ष० ख० सूत्र २,७,१७७ और २,७, १३८-३९ द्रष्टव्य हैं।

२. ष० ख० सूत्र २,७,१,७७ व २, ७, १३८-३९ दृष्टव्य हैं।

३. जीवकाण्ड गा० ४८८-५५५

४. जह चक्केण य चक्की छक्खंडं साहियं अविग्घेण।
तह मइ-चक्केण मया छक्खंडं साहियं सम्मं॥—गो० क० ३९७

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

में अपूर्व पाण्डित्य को प्राप्त करने के कारण ही उन्हें 'सिद्धान्तचक्रवर्ती' की सम्मान्य उपाधि प्राप्त थी।

व्यवस्थित रूप में समस्त सैद्धान्तिक विषयों के प्ररूपक उस सुगठित, संक्षिप्त व सुबोध गोम्मटसार के सुलभ हो जाने से प्रस्तुत षट्खण्डागम का प्रचार-प्रसार प्रायः रुक गया था। उसके अधिक प्रचार में न आने का दूसरा एक कारण यह भी रहा है कि कुछ विद्वानों ने गृहस्थों, आर्यिकाओं और अल्पबुद्धि मुनिजनों को उसके अध्ययन के लिए अनधिकारी घोषित कर दिया था।[1]

इसके अतिरिक्त एक अन्य कारण यह भी रहा है कि इन सिद्धान्त-ग्रन्थों की प्रतियाँ एक मात्र मूडबिद्री में रही हैं व उन्हें बाहर आने देने के लिए रुकावट भी रही है। इससे भी उनका प्रचार नहीं हो सका।

यह गोम्मटसार ग्रन्थ जीवकाण्ड और कर्मकाण्ड इन दो भागों में विभक्त है। उनमें जीव-काण्ड में जीवों की और कर्मकाण्ड में कर्मों की विविध अवस्थाओं का विवेचन है। दोनों का आधार प्रायः प्रस्तुत षट्खण्डागम व उसकी धवला टीका रही है। इसी को यहाँ स्पष्ट किया जाता है—

जीवकाण्ड

यहाँ सर्वप्रथम मंगलस्वरूप सिद्ध परमात्मा और जिनेन्द्रवर नेमिचन्द्र को प्रणाम करते हुए जीव[2] की प्ररूपणा के कहने की प्रतिज्ञा की गई है। आगे जीव की वह प्ररूपणा किन अधिकारों द्वारा की जायगी, इसे स्पष्ट करते हुए (१) गुणस्थान, (२) जीवसमास, (३) पर्याप्ति, (४) प्राण, (५) संज्ञा, (६-१९) चौदह मार्गणा और (२०) उपयोग इन बीस प्ररूपणाओं का निर्देश किया है। इन्हीं बीस प्ररूपणाओं का यहाँ विवेचन किया गया है। वह षट्खण्डागम से कितना प्रभावित है, इसका यहाँ विचार किया जाता है—

जैसा कि ष० ख० के पूर्वोक्त परिचय से ज्ञात हो चुका है, उसके प्रथम खण्डस्वरूप जीवस्थान में जो सत्प्ररूपणादि आठ अनुयोगद्वार हैं उनमें १७७ सूत्रात्मक सत्प्ररूपणा अनुयोग-द्वार की रचना आ० पुष्पदन्त द्वारा की गई है। आ० वीरसेन ने अपनी धवलाटीका में उन सब सूत्रों की व्याख्या करने के पश्चात् यह प्रतिज्ञा की है कि अब हम उन सत्प्ररूपणा सूत्रों का विवरण समाप्त हो जाने पर उनकी प्ररूपणा कहेंगे। आगे 'प्ररूपणा' का स्वरूप स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा है कि ओघ और आदेश से गुणस्थानों, जीवसमासों, पर्याप्तियों, प्राणों, संज्ञाओं, गति-इन्द्रियादि १४ मार्गणाओं और उपयोगों में पर्याप्त व अपर्याप्त विशेषणों से विशेषित करके जो जीवों की परीक्षा की जाती है उसका नाम प्ररूपणा है।[3] यह कहते हुए

---

१. दिणपडिम-वीरचरिया-तियालजोगेसु णत्थि अहियारो।
सिद्धान्तरहस्साण वि अज्झयणे देसविरदाणं ॥—वसुन० श्रा० ३१२
आर्यिकाणां गृहस्थानां शिष्याणामल्पमेधसाम्।
न वाचनीयं पुरतः सिद्धान्ताचार-पुस्तकम् ॥—नीतिसार ३२

२. इस मंगलगाथा में उपयुक्त सिद्ध व जिनेन्द्रवर आदि अनेकार्थक शब्दों के आश्रय से संस्कृत टीका में अनेक प्रकार से इस मंगल गाथा का अर्थ प्रकट किया गया है।

३. धवला पु० २, पृ० ४११

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उन्होंने आगे 'उक्तं च' के निर्देश के साथ इस प्राचीन गाथा को उद्धृत किया है—

गुण जीवा पज्जत्ती पाणा सण्णा य मग्गणाओ य।
उवजोगो वि य कमसो वीसं तु परूवणा भणिया'॥

जीवकाण्ड में यह गाथा मंगलगाथा के पश्चात् दूसरी गाथा के रूप में ग्रन्थ का अंग बना ली गई है।

२. जीवकाण्ड में आगे कहा गया है कि संक्षेप व ओघ यह गुणस्थान की संज्ञा है जो मोह और योग के निमित्त से होती है तथा विस्तार और आदेश यह मार्गणा की संज्ञा है जो अपने कर्म के अनुसार होती है।[2]

ष०ख० में प्रायः सर्वत्र ही विवक्षित विषय का विवेचन ओघ और आदेश के क्रम से किया गया है। धवलाकार ने 'ओघ' और 'आदेश' को स्पष्ट करते हुए ओघ का अर्थ सामान्य व अभेद और आदेश का अर्थ विशेष व विस्तार किया है। तदनुसार ओघ से गुणस्थान और आदेश से मार्गणास्थान ही विवक्षित रहे हैं।

इस प्रकार जीवकाण्ड में इस मूल षट्खण्डागम और धवला का पूर्णतया अनुसरण किया गया है।

ष० ख० में प्रायः प्रत्येक अनुयोगद्वार के प्रारम्भ में ओघ और आदेश से विवक्षित विषय की प्ररूपणा करने की प्रतिज्ञा करते हुए तदनुसार ही उसका विवेचन प्रथमतः गुणस्थानों के आश्रय से और तत्पश्चात् गत्यादि मार्गणाओं के आश्रय से किया है।[3]

इसी प्रकार जीवकाण्ड में भी प्रथमतः ओघ के अनुसार गुण स्थानों के स्वरूप को प्रकट किया गया है और तत्पश्चात् जीवसमास आदि का निरूपण करते हुए आगे उन गति आदि

---

१. यह गाथा पंचसंग्रह में इसी रूप में उपलब्ध होती है (१-२)। तिलोयपण्णत्ती (गा० २-२७२, ४-४१० व ८-६६२) में भी वह उपलब्ध होती है। विशेषता यह रही है कि वहाँ प्रसंग के अनुसार उसके उत्तरार्ध में कुछ शब्दपरिवर्तन कर दिया गया है। यथा—

गुण जीवा पज्जत्ती पाणा सण्णा य मग्गणा कमसो।
उवजोगा कहिदव्वा **णारइयाणं जहाजोगं** ॥२-२७२

२. संखेओ ओघो त्ति य गुणसण्णा सा च मोह-जोगभवा।
वित्थारादेसोत्ति य मग्गणसण्णा सकम्मभवा॥—गो०जी० ३

इसका मिलान धवला के इस प्रसंग से कीजिए—

"ओघेण सामान्येनाभेदेन प्ररूपणमेकः। अपरः आदेशेन भेदेन विशेषेण प्ररूपणमिति। धवला पु० १, पृ० १६०; ओघेन—ओघं वृन्दं समूहः संघातः समुदयः पिण्डः अवशेषः अभिन्नः सामान्यमिति पर्यायशब्दाः। गत्यादिमार्गणस्थानैरविशेषितानां **चतुर्दशगुणस्थानानां** प्रमाण-प्ररूपणमोघनिर्देशः। धवला पु० ३, पृ० ६ (यह द्रव्यप्रमाण के प्रसंग में कहा गया है)। आदेशः पृथग्भावः पृथक्करणं विभजनं विभक्तीकरणमित्यादयः पर्यायशब्दाः। गत्यादिविभिन्नचतुर्दशजीवसमासप्ररूपणमादेशः।"—पु० ३, पृ० १०

३. गुणस्थानों व गुणस्थानातीत सिद्धों का अस्तित्व १५ (६-२३) सूत्रों में दिखलाकर आगे समस्त सूत्रों (२४-१७७) में मार्गणाओं का निर्देश है (पु० १)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चौदह मार्गणाओं का निरूपण किया गया है।[1]

विशेषता यह रही है कि ष० ख० में जहाँ "ओघेण अत्थि मिच्छाइट्ठी" आदि सूत्रों के द्वारा पृथक्-पृथक् क्रम से मिथ्यादृष्टि आदि चौदह गुणस्थानों के अस्तित्वमात्र की सूचना है वहाँ जीवकाण्ड में प्रथमतः दो (९-१०) गाथाओं में उन चौदह गुणस्थानों के नामों का निर्देश किया गया है और तत्पश्चात् यथाक्रम से उनके स्वरूप का निरूपण है।

यह यहाँ विशेष ध्यान देने योग्य है कि मूल षट्खण्डागम सूत्रों में केवल नामोल्लेखपूर्वक मिथ्यादृष्टि व सासादन सम्यग्दृष्टि आदि चौदह गुणस्थानवर्ती जीवों के सत्त्व को प्रकट किया गया है। उन सूत्रों की यथाक्रम से व्याख्या करते हुए धवलाकार ने उनके स्वरूप आदि को स्पष्ट किया है। इस स्पष्टीकरण में उन्होंने प्रत्येक गुणस्थान के प्रसंग में प्रमाणस्वरूप जो प्राचीन गाथाएँ उद्धृत की हैं वे प्रायः सब ही बिना किसी प्रकार की सूचना के यथा प्रसंग जीवकाण्ड में उपलब्ध होती हैं, यह आगे धवला में उद्धृत गाथाओं की सूची के देखने से स्पष्ट हो जावेगा।

३. जीवकाण्ड में अयोगकेवली गुणस्थान का स्वरूप दिखलाकर तत्पश्चात् गुणश्रेणि-निर्जरा के क्रम को प्रकट करते हुए "**सम्मत्तुप्पत्तीये**" आदि जिन दो (६६-६७) गाथाओं का उपयोग किया गया है वे षट्खण्डागम के चौथे वेदना खण्ड के अन्तर्गत 'वेदनाभाव विधान' अनुयोगद्वार की प्रथम चूलिका में **सूत्र के रूप में अवस्थित** हैं।[2]

४. जी०का० में गुणस्थान प्ररूपणा के अनन्तर जीवसमासों का विवेचन किया गया है। वहाँ जीवसमास के ये चौदह भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—बादर व सूक्ष्म एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय तथा संज्ञी व असंज्ञी पंचेन्द्रिय; ये सातों पर्याप्त भी होते हैं और अपर्याप्त भी होते हैं। इस प्रकार इन चौदह जीवभेदों को वहाँ जीवसमास कहा गया है (गाथा ७२)।

जैसा कि पूर्व में कहा जा चुका है, ष० ख० में 'जीवसमास' शब्द से गुणस्थानों की विवक्षा रही है।[3] फिर भी जी० का० में चौदह जीवसमास के रूप में जिन चौदह जीवभेदों का उल्लेख किया गया है उनका निर्देश ष० ख० में सत्प्ररूपणा अनुयोगद्वार के अन्तर्गत इन्द्रिय व काय मार्गणाओं के प्रसंग में किया गया है।[4]

जी० का० में यद्यपि 'जीवसमास' अधिकार में जीवसमास के रूप में उपर्युक्त चौदह जीवभेद अभीष्ट रहे हैं फिर भी ष० ख० में जिस प्रकार 'जीवसमास' शब्द से गुणस्थानों की विवक्षा रही है उसी प्रकार जी० का० में भी गुणस्थानों का उल्लेख 'जीवसमास' शब्द से

---

१. जीवकाण्ड में पूर्व प्रतिज्ञात बीस प्ररूपणाओं में प्रथमतः गुणस्थानों के स्वरूप को दिखाकर (गा० ८-६९) आगे जीवसमास (७०-११६), पर्याप्ति (११७-२७), प्राण (१२८-३२) और संज्ञा (१३३-३८) इन प्ररूपणाओं का वर्णन है। तत्पश्चात् यथाक्रम से गति-इन्द्रियादि चौदह मार्गणाओं का विचार किया गया है। (गा० १३९-६७०)

२. ष० ख० पु० १२, पृ० ७८

३. जीवाः समस्यन्ते एष्विति जीवसमासाः। चतुर्दश च ते जीवसमासाश्च चतुर्दशजीवसमासाः, तेषां चतुर्दशानां जीवसमासानां चतुर्दशगुणस्थाननामित्यर्थः।—धवला पु० १, पृ०१३१

४. ष० ख० सूत्र १,१, ३४-३५ (आगे सूत्र १,१,३९-४१ में इनके अवान्तर भेदों का भी निर्देश किया गया है)। प्र० १

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

किया गया है। यथा—

मिच्छो सासण मिस्सो अविरदसम्मो य देसविरदो य।
विरदा पमत्त इदरो अपुव्व अणियट्टि सुहुमो य॥ —गा० ९
उवसंत खीणमोहो सजोगकेवलिजिणो अजोगी य।
चउदह जीवसमासा कमेण सिद्धा य णायव्वा[1]॥—गा० १०

५. जी० का० के इस जीवसमास अधिकार में संक्षेप से शरीर की अवगाहना के अल्प-बहुत्व की प्ररूपणा है (गा० ९७-१०१)।

ष० ख० में चतुर्थ वेदना खण्ड के अन्तर्गत दूसरे वेदना नामक अनुयोगद्वार में जो १६ अवान्तर अनुयोगद्वार हैं उनमें पाँचवाँ 'वेदनाक्षेत्रविधान' है। उसमें प्रसंगवश सब जीवों में शरीरावगाहनाविषयक अल्पबहुत्व की विस्तार से प्ररूपणा हुई है।[2]

सम्भवतः ष० ख० के इसी अवगाहनामहादण्डक के आधार से जी० का० में उपर्युक्त अवगाहनाविकल्पों की प्ररूपणा हुई है।

६. जी०का० के इसी 'जीवसमास' अधिकार में कुलों की भी प्ररूपणा की गई है। (११३-१६)

ष० ख० में यद्यपि कुलों की प्ररूपणा नहीं है, पर मूलाचार में उनकी विवेचना की गई है। मूलाचार में की गई उस विवेचना से सम्बद्ध गाथा ५-२४ तथा गाथा ५-२६ ये दो गाथाएँ जी० का० में ११३-१४ गाथा संख्या में ज्यों की त्यों उपलब्ध होती हैं। मूलाचार में उन दो गाथाओं के मध्य में जो द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और हरितकाय जीवों के कुलों की निर्देशक २५वीं गाथा है वह जी० का० में नहीं उपलब्ध होती। वहाँ मूलाचार की इस गाथा में निर्दिष्ट द्वीन्द्रिय आदि जीवों के कुलों की संख्या का उल्लेख भी अन्य किसी गाथा में नहीं है।

आगे मूलाचार (५-२७) में क्रम से देवों, नारकियों और मनुष्यों के कुलों की संख्या छब्बीस, पच्चीस और चौदह कुलकोटिशतसहस्र निर्दिष्ट की गई है। कुलों की संख्या का यह उल्लेख जी० का० (११५) में भी किया गया है। पर वहाँ विशेषता यह रही है कि मूलाचार में जहाँ मनुष्यों के कुलों की संख्या चौदह कुल कोटिशतसहस्र निर्दिष्ट की गई है वहाँ जी०का० में उनकी वह संख्या बारह कुलकोटिशतसहस्र है।

अन्त में मूलाचार में जो समस्त कुलों की सम्मिलित संख्या निर्देश किया है वह उन सबके जोड़ने पर ठीक बैठता है (५-२८),[3] पर जी० का० (११६) में निर्दिष्ट समस्त कुल-

१. श्वे० संस्था रतलाम से प्रकाशित 'जीवसमास' में भी दो गाथाओं में गुणस्थानों के नामों का उल्लेख किया गया है (गा० ९-१०)। वहाँ दूसरी गाथा के चतुर्थ चरण में इस प्रकार का पाठ भेद है— कमेण एएऽणुगतव्वा।

२. ष० ख० पु० ११, सूत्र ३०-९९ (पृ० ५६-७०)।

३. मूलाचार में आगे 'पर्याप्ति' अधिकार (१२) में उन कुलों की संख्या उन्हीं गाथाओं में फिर से भी निर्दिष्ट की गई है (१९६-९९)। विशेषता यह है कि वहाँ उनकी सम्मिलित संख्या का उल्लेख नहीं किया है। (कुलों की यह प्ररूपणा जीवसमास (४०-४४) में भी

(शेष पृष्ठ ३०५ पर देखिए)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संख्या जोड़ने पर ठीक नहीं बैठती ।[1]

जीवकाण्ड में उपर्युक्त द्वीन्द्रियादि जीवों के कुलों की संख्या का निर्देश करनेवाली गाथा सम्भवतः प्रतिलिपि करनेवाले की असावधानी से छूट गई है । उन द्वीन्द्रियादि के कुलों की संख्या के सम्मिलित कर देने पर जी० का० में निर्दिष्ट वह समस्त कुलसंख्या भी ठीक बैठ जाती है ।

७. जीवकाण्ड के 'पर्याप्ति' अधिकार में आहारादि छह पर्याप्तियों का निर्देश करते हुए उनमें से एकेन्द्रियों के चार, विकलेन्द्रियों के पाँच और संज्ञियों के छहों पर्याप्तियों का सद्भाव दिखलाया गया है (११८) ।

ष० ख० में 'सत्प्ररूपणा' अनुयोगद्वार के अन्तर्गत योगमार्गणा के प्रसंग में नामनिर्देश के बिना क्रम से छह पर्याप्तियों व अपर्याप्तियों का सद्भाव संज्ञी मिथ्यादृष्टि आदि असंयतसम्यग्-दृष्टि तक, पाँच पर्याप्तियों व अपर्याप्तियों का सद्भाव द्वीन्द्रियादि असंज्ञी पंचेन्द्रिय तक और चार पर्याप्तियों व अपर्याप्तियों का सद्भाव एकेन्द्रियों के प्रकट किया गया है ।

(सूत्र १,१,७०-७५)

इस प्रकार ष० ख० और जी० का० दोनों ग्रन्थों में पर्याप्तियों का यह उल्लेख समान रूप से किया गया है । विशेष इतना है कि ष० ख० में जहाँ उनका उल्लेख संज्ञियों को आदि लेकर किया गया है वहाँ जी० का० में विपरीत क्रम से एकेन्द्रियों को आदि लेकर किया गया है । पर्याप्तियों के नामों का उल्लेख मूल में नहीं किया गया है, पर धवला में इसके पूर्व इन्द्रिय मार्गणा के प्रसंग में उनके नामों का निर्देश करते हुए स्वरूप आदि को भी स्पष्ट कर दिया गया है ।[2]

धवला में वहाँ इस प्रसंग में 'उक्तं च' कहकर **'बाहिरपाणेहि जहा'** आदि जिस गाथा को उद्धृत किया गया है वह बिना किसी प्रकार की सूचना के जी० का० में गाथा १२८ के रूप में ग्रन्थ का अंग बना ली गई है । विशेषता यह रही है कि वहाँ 'जीवंति' के स्थान में 'पाणंति' और 'बोद्धव्वा' के स्थान में 'णिद्दिट्ठा' पाठभेद हो गया है ।

८. आगे जी० का० में 'मार्गणा' महाधिकार को प्रारम्भ करते हुए जिस 'गइ-इंदियेसु-काये' (१४१) आदि गाथा के द्वारा चौदह मार्गणाओं के नामों का उल्लेख किया गया है वह

की गई है । वहाँ पूर्व की दो गाथाएँ मूलाचार से शब्दशः समान हैं । संख्याविषयक मत-भेद जी० का० के समान है)

कुलों की यह प्ररूपणा तत्त्वार्थसार (२,११२-१६) में भी उपलब्ध है । वह सम्भवतः मूलाचार के आधार से ही की गई है ।

१. मूलाचार की उस गाथा से जी० का० की गाथा कुछ अंश में समान भी है, पर समस्त संख्या में भेद हो गया है । यथा—

एया य कोडिकोडी **णवणवदी**-कोडिसदसहस्साइं ।
पण्णासं च सहस्सा **संवग्गीणं** कुलाण कोडीओ ।।—मूला० गाथा ५-२८
एया य कोडिकोडी **सत्ताणवदी** य सदसहस्साइं ।
वण्णं कोडिसहस्सा **सव्वंगीणं** कुलाणं य ।।—जी०का० ११६

२. धवला पु० १, पृ० २५३-५६

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ष० ख० में गद्यात्मक सूत्र के रूप में अवस्थित है।[1]

९. जी० का० में आठ सान्तर मार्गणाओं का निर्देश करते हुए उनके अन्तरकाल के प्रमाण को भी प्रकट किया गया है। (१४२-४३)

ष० ख० में उन आठ सान्तरमार्गणाओं के अन्तर काल का उल्लेख प्रसंगानुसार इस प्रकार किया गया है—

सान्तरमार्गणा	अन्तरकाल	पु० ७, सूत्र
१. मनुष्य अपर्याप्त	जघन्य एक समय उत्कृष्ट पल्योपम का असंख्यातवाँ भाग	२,९,८-१०
२. वैक्रियिक मिश्र का० योग	जघन्य एक समय उत्कृष्ट बारह मुहूर्त	२,९,२४-२६
३. आहार-काययोग	जघन्य एक समय उत्कृष्ट वर्षपृथक्त्व	२,९,२७-२९
४. आहार-मिश्रकाययोग	,,	,,
५. सूक्ष्म साम्परायिकसंयत	जघन्य एक समय उत्कृष्ट ६ मास	२,९,४२-४४
६. उपशमसम्यग्दृष्टि	जघन्य एक समय उत्कृष्ट ७ रात-दिन	२,९,५७-५९
७. सासादनसम्यग्दृष्टि	जघन्य एक समय उत्कृष्ट प० का असंख्यातवाँ भाग	२,९,६०-६२
८. सम्यग्मिथ्यादृष्टि	,,	,,

इस प्रकार ष० ख० में जो मार्गणाक्रम से नाना जीवों की अपेक्षा उन आठ सान्तर-मार्गणाओं के अन्तरकाल का प्रमाण कहा गया है उसी का उल्लेख जी० का० में किया गया है। विशेषता यह रही है कि ष० ख० में जहाँ यह उल्लेख मार्गणा के अनुसार किया है वहाँ जीवकाण्ड में गत्यादि मार्गणाओं के नामनिर्देश के अनन्तर दो गाथाओं में एक साथ प्रकट कर दिया गया है, इसी लिए उनमें क्रमभेद भी हुआ है।

उपशमसम्यग्दृष्टि	सबसे कम	१,८,१५
क्षायिकसम्यग्दृष्टि	उनसे असंख्यातगुणित	१,८,१६
वेदकसम्यग्दृष्टि	,, ,,	१,८,१७

आगे संयतासंयत, प्रमत्त-अप्रमत्तसंयत, तीन उपशामक और तीन क्षपक गुणस्थानों में भी सम्यक्त्वविषयक अल्पबहुत्व को दिखाया गया है (सूत्र १,८,१८-२६)।

इसी पद्धति से आगे आदेश की अपेक्षा गति-इन्द्रियादि चौदह मार्गणाओं के आश्रय से भी अल्पबहुत्व की प्ररूपणा हुई है।

जीवस्थान-चूलिका

प्रथम खण्ड जीवस्थान के अन्तर्गत पूर्वोक्त सत्प्ररूपणादि आठ अनुयोगद्वारों के समाप्त हो जाने पर आगे के सूत्र में सूत्रकार द्वारा ये प्रश्न उठाये गये हैं—

प्रथम सम्यक्त्व के अभिमुख हुआ जीव कितनी व किन प्रकृतियों को बाँधता है? कितने काल की स्थितिवाले कर्मों के आश्रय से वह सम्यक्त्व को प्राप्त करता है, अथवा नहीं प्राप्त करता है? कितने काल से व कितने भाग मिथ्यात्व के करता है? उपशामना व क्षपणा किन क्षेत्रों में, किसके समीप में व कितना दर्शनमोहनीय कर्म का क्षय करनेवाले के अथवा सम्पूर्ण चारित्र को प्राप्त करनेवाले के होती है?—(सूत्र ९-१,१; पु० ६)

इस प्रकरण की व्याख्या में सर्वप्रथम धवलाकार ने मंगलस्वरूप सिद्धों को नमस्कार कर जीवस्थान की निर्मलगुणवाली **चूलिका** के कहने की प्रतिज्ञा की है।

इस पर यहाँ शंका हुई है कि आठों अनुयोगद्वारों के समाप्त हो जाने पर चूलिका किसलिए आयी है। इसके समाधान में धवलाकार ने कहा है कि वह पूर्वोक्त आठ अनुयोगद्वारों के विषम-स्थलों के विवरण के लिए प्राप्त हुई है। जीवस्थान के अन्तर्गत उन अनुयोगद्वारों में जिन विषयों की प्ररूपणा नहीं गयी है, पर वह उनसे सम्बद्ध है, उसके विषय में निश्चय उत्पन्न हो—इसी अभिप्राय से उसकी प्ररूपणा इस चूलिका[1] में की गयी है। इससे प्रस्तुत चूलिका को इन्हीं आठ अनुयोगद्वारों के अन्तर्गत समझना चाहिए।

प्रस्तुत चूलिका में प्ररूपित अर्थ को स्पष्ट करते हुए धवला में कहा गया है कि क्षेत्र, काल और अन्तर अनुयोगद्वारों में जिन क्षेत्र व काल आदि का प्ररूपण है उनका सम्बन्ध जीवों की

---

१. सुत्तसूइदत्थपयासणं चूलिया णाम। (पु० १०, पृ० ३९५); जाए अत्थपरूवणाए कदाए पुव्व-परूविदत्थम्मि सिस्साणं णिच्छओ उप्पज्जदि सा चूलिया त्ति भणिदं होदि। (पु० ११, पृ० १४०) पु० ७, ५७५ भी द्रष्टव्य है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गति-आगति से है। इस प्रकार उनमें गति-आगति नामक नौवीं चूलिका की सूचना प्राप्त है। जीवों की यह गति-आगति कर्मप्रकृतियों के बन्ध आदि पर निर्भर है, इसलिए प्रकृतिसमुत्कीर्तन और स्थानसमुत्कीर्तन इन दो (प्रथम व द्वितीय) चूलिकाओं में जो कर्मप्रकृतियों के भेदों और उनके स्थानों की प्ररूपणा है, वह आवश्यक हो जाती है। उक्त प्रकृतिसमुत्कीर्तन और स्थान-समुत्कीर्तन का सम्बन्ध कर्मों की उत्कृष्ट और जघन्य स्थिति से है, अतएव छठी 'उत्कृष्टस्थिति' और सातवीं 'जघन्यस्थिति' इन दो चूलिकाओं द्वारा क्रम से कर्मप्रकृतियों की उत्कृष्ट और जघन्य स्थिति का प्ररूपण है।

कालानुगम में सादि-सान्त मिथ्यादृष्टि का उत्कृष्ट काल कुछ कम अर्धपुद्गलपरिवर्तन प्रमाण कहा गया है।[1] वह प्रथम सम्यक्त्व के ग्रहण का सूचक है, अन्यथा वह मिथ्यादृष्टि का उत्कृष्टकाल घटित नहीं होता। इसके लिए 'सम्यक्त्वोत्पत्ति' नामक आठवीं चूलिका का अवतार हुआ है। प्रथम सस्यक्त्व के ग्रहण से सम्यक्त्व के अभिमुख हुए जीवों के द्वारा बाँधी जाने वाली कर्मप्रकृतियों के प्ररूपक तीन महादण्डकों—तीसरी, चौथी व पाँचवीं चूलिकाओं—की सूचना मिलती है। साथ ही, सम्यक्त्व प्राप्त करनेवाले जीव का अर्धपुद्गल परिवर्तन से अधिक चूँकि संसार में रहना असम्भव है, अतः मोक्ष की सूचना भी उसी से प्राप्त होती है। चूँकि मोक्ष दर्शनमोहनीय और चारित्रमोहनीय के क्षय के बिना सम्भव नहीं है, अतः उनके क्षय की विधि की प्ररूपणा आवश्यक हो जाती है, जो उसी 'सम्यक्त्वोत्पत्ति' नामक आठवीं चूलिका में की गयी है। इस प्रकार नौ चूलिकाओं में विभक्त इस 'चूलिका' प्रकरण को जीवस्थान के अन्तर्गत इन आठ अनुयोगद्वारों से भिन्न नहीं कहा जा सकता है। पूर्व में सूत्रकार के द्वारा उठाये गये जिन प्रश्नों का निर्देश किया गया है उनसे भी इन चूलिकाओं की सूचना प्राप्त होती है। यथा—

प्रथम सम्यक्त्व के अभिमुख हुआ जीव 'कितनी प्रकृतियों को बाँधता है', इस प्रश्न के समाधान में प्रकृतिसमुत्कीर्तन और स्थानसमुत्कीर्तन इन दो चूलिकाओं की प्ररूपणा की गयी है। वह 'किन प्रकृतियों को बाँधता है' इसे स्पष्ट करने के लिए प्रथम(३), द्वितीय(४) और तृतीय(५) इन तीन महादण्डकों (चूलिकाओं) की प्ररूपणा है। 'कितने काल की स्थितिवाले कर्मों के होने पर सम्यक्त्व को प्राप्त करता है अथवा नहीं करता है' इसके समाधान हेतु उत्कृष्ट और जघन्यस्थिति की प्ररूपक दो चूलिकाएँ (६ व ७) दी हैं। 'कितने काल में व मिथ्यात्व के कितने भागों को करता है तथा उपशामना व क्षपणा कहाँ किसके समक्ष होती है', इनका स्पष्टीकरण आठवीं सम्यक्त्वोत्पत्ति चूलिका में किया है। सूत्र में प्रयुक्त 'वा' शब्द की सफलता में 'गति-आगति' चूलिका (९) की प्ररूपणा है (पु० ६, पृ० १०४)।

१. **प्रकृतिसमुत्कीर्तन**—उन नौ चूलिकाओं 'प्रकृतिसमुत्कीर्तन' प्रथम चूलिका है। इसमें सूत्रकार द्वारा प्रथमतः आठ मूलप्रकृतियों के नामों का और तत्पश्चात् यथाक्रम से उनके उत्तर-भेदों के नामों का निर्देश मात्र किया गया है। उनके स्वरूप आदि का स्पष्टीकरण धवला में किया गया है। ज्ञानावरणीय के पाँच उत्तरभेदों के प्रसंग में धवलाकार ने उनके द्वारा क्रम से आविर्भाव आभिनिबोधिक आदि पाँच ज्ञानों व उनके अवान्तर भेदों के स्वरूप आदि के विषय में विस्तार से विचार किया है। इसी प्रकार नामकर्म के भेदों के प्रसंग में भी धवलाकार द्वारा

---

१. उक्कस्सेण अद्धपोग्गलपरियट्टं देसूणं।—सूत्र १,५,४ (पु० ४)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गति-जाति आदि के विषय में पर्याप्त ऊहापोह किया गया है (पु० ६, पृ० १५-३०, ५०-५७)।

२. **स्थानसमुत्कीर्तन**—यह दूसरी चूलिका है। प्रकृतिसमुत्कीर्तन चूलिका में कर्मप्रकृतियों के नामों का निर्देश है। वे एक साथ बँधती हैं अथवा क्रम से बँधती हैं, इसे स्पष्ट करने के लिए इस चूलिका का अवतार हुआ है। जिस संख्या में अथवा अवस्थाविशेष में प्रकृतियाँ अवस्थित रहती हैं उसका नाम स्थान है। वे स्थान हैं—मिथ्यादृष्टि, सासादनसम्यग्दृष्टि, सम्यग्मिथ्यादृष्टि, असंयतसम्यग्दृष्टि, संयतासंयत और संयत। 'संयत' से यहाँ प्रमत्तसंयत से लेकर सयोगिकेवली तक आठ संयत-गुणस्थान अभिप्रेत हैं। अयोगिकेवली को नहीं ग्रहण किया है, क्योंकि वहाँ बन्ध का अभाव हो चुका है। इन स्थानों को स्पष्ट करते हुए प्रथमतः क्रमप्राप्त ज्ञानावरणीय प्रकृतियों के स्थान का स्पष्टीकरण इस प्रकार किया गया है—

ज्ञानावरणीय की जो आभिनिबोधिक ज्ञानावरणीय आदि पाँच प्रकृतियाँ हैं उन्हें बाँधनेवाले जीव का पाँच संख्या से उपलक्षित एक ही अवस्थाविशेष में अवस्थान है। अभिप्राय यह है कि उन पाँचों का बन्ध एक साथ होता है, पृथक्-पृथक् सम्भव नहीं है। इससे उनका एक ही स्थान है। यह बन्धस्थान मिथ्यादृष्टि, सासादनसम्यग्दृष्टि, सम्यग्मिथ्यादृष्टि, असंयतसम्यग्दृष्टि, संयतासंयत और संयत के सम्भव है। संयत से यहाँ प्रमत्तसंयत से लेकर सूक्ष्मसाम्परायसंयत तक पाँच संयतगुणस्थानों का अभिप्राय रहा है, क्योंकि आगे उपशान्तकषायादि संयतों के उनका बन्ध नहीं होता (पु० ६, पृ० ७९-८२)।

दर्शनावरणीय के तीन बन्धस्थान हैं—१. समस्त नौ प्रकृतियों का, २. निद्रानिद्रा, प्रचलाप्रचला और स्त्यानगृद्धि को छोड़कर शेष छह का; तथा ३. चक्षुदर्शनावरण, अचक्षुदर्शनावरण, अवधिदर्शनावरण और केवलदर्शनावरण इन चार का। इनमें प्रथम नौ प्रकृतियों का स्थान मिथ्यादृष्टि और सासादनसम्यग्दृष्टि इन्हीं दो के सम्भव है, क्योंकि आगे निद्रानिद्रा आदि इन तीन के बन्ध का अभाव हो जाता है। दूसरा छह प्रकृतियों का स्थान सम्यग्मिथ्यादृष्टि, असंयतसम्यग्दृष्टि, संयतासंयत और संयत (अपूर्वकरण के सात भागों में से प्रथम भाग तक) के होता है। कारण कि अपूर्वकरण के प्रथम भाग से आगे उन छहों में निद्रा और प्रचला इन प्रकृतियों के बन्ध का अभाव हो जाता है। तीसरा चार प्रकृतियों का बन्धस्थान संयत के—अपूर्वकरण के दूसरे भाग से लेकर सूक्ष्मसाम्परायसंयत तक—होता है[1] (पु० ६, पृ० ८२-८६)।

आगे क्रम से वेदनीय आदि शेष कर्मप्रकृतियों के भी स्थानों की प्ररूपणा है, जिसका आवश्यकतानुसार धवला में विवेचन किया गया है।

३. **प्रथम महादण्डक**—इस तीसरी चूलिका में प्रथम सम्यक्त्व के अभिमुख हुआ संज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यंच अथवा मनुष्य जिन प्रकृतियों को बाँधता है उनका उल्लेख है। जिन कर्मप्रकृतियों को वह नहीं बाँधता है उनका निर्देश धवला में कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त उत्तरोत्तर बढ़नेवाली विशुद्धि के प्रभाव से प्रथम सम्यक्त्व के अभिमुख हुए तिर्यंच या मनुष्य के क्रम से होनेवाली कर्मबन्धव्युच्छित्ति के क्रम की भी प्ररूपणा धवला(पु०६, पृ०१३३-४०) में कर दी गयी है।

४. **द्वितीय महादण्डक**—इस चूलिका में सातवीं पृथिवी के नारक को छोड़कर शेष छह पृथिवियों के नारक और देवों द्वारा बाँधी गयी कर्मप्रकृतियों का उल्लेख है। जिन प्रकृतियों को वे नहीं बाँधते हैं उनका भी निर्देश कर दिया गया है (पु०६, पृ० १४०-४२)।

५. **तृतीय महादण्डक**—इस चूलिका में सम्यक्त्व के अभिमुख हुआ सातवीं पृथिवी का

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नारक जिन कर्मप्रकृतियों को बाँधता है उनका निर्देश है। वह जिन प्रकृतियों को नहीं बाँधता है उनका उल्लेख धवला (पु० ६, पृ० १४२-४४) में है।

६. उत्कृष्टस्थिति—इस छठी चूलिका में ज्ञानावरणीय आदि मूल व उनकी उत्तर प्रकृतियों की उत्कृष्ट स्थिति के साथ उनके आबाधाकाल और कर्मनिषेकों के क्रम का विवेचन है। जैसे—पाँच ज्ञानावरणीय, नौ दर्शनावरणीय, सातावेदनीय और पाँच अन्तराय का उत्कृष्ट बन्ध तीस कोड़ाकोड़ी सागरोपम प्रमाण होता है।

इस प्रसंग में धवला में स्थिति के स्वरूप का निर्देश करते हुए कहा है कि योग के वश कर्मरूप से परिणत हुए पुद्गल-स्कन्ध कषायवश जितने काल तक एक स्वरूप से अवस्थित रहते हैं उतने काल का नाम स्थिति है। उनका आबाधाकाल तीन हजार वर्ष होता है। आबाधा का अर्थ है बाधा का न होना। अभिप्राय यह है कि तीस कोड़ाकोड़ी सागरोपम प्रमाण स्थिति वाले इन कर्मों के पुद्गल परमाणुओं में एक, दो, तीन आदि समयों को आदि लेकर उत्कर्ष से तीन हजार सागरोपम प्रमाण स्थितिवाले कोई परमाणु नहीं रहते, जो इस बीच बाधा पहुँचा सकें—उदय में आ सकें। कर्मपरमाणु उदीरणा के बिना जितने काल तक उदय को नहीं प्राप्त होते हैं उतने काल का नाम आबाधा है। आबाधा काल का साधारण नियम यह है कि जो कर्म उत्कर्ष से जितने कोड़ाकोड़ी सागरोपम प्रमाण स्थिति में बाँधा जाता है उसका आबाधाकाल उतने सौ वर्ष होता है।[1] तदनुसार उक्त पाँच ज्ञानावरणीय आदि कर्मों का आबाधाकाल अपनी उत्कृष्ट तीस कोड़ाकोड़ी सागरोपम प्रमाण बन्धस्थिति के अनुसार तीस सौ (३०००) वर्ष होता है। इस आबाधाकाल से रहित कर्मस्थिति प्रमाण कर्मनिषेक होता है। आबाधाकाल के पश्चात् प्रत्येक समय में होनेवाले कर्मपरमाणु स्कन्धों के निक्षेप का नाम निषेक है। प्रत्येक समय में निर्जीर्ण होने योग्य कर्मपरमाणुओं का जो समूह होता है वह पृथक्-पृथक् निषेक होता है। इसी प्रकार आबाधाकाल से रहित विवक्षित कर्मस्थिति के जितने समय होते हैं उतना निषेकों का प्रमाण होता है। इनकी रचना के क्रम का विचार धवला (पु० ६, पृ० १४६-५८) में गणित प्रक्रिया के अनुसार किया गया है।

ऊपर जो आबाधाकाल के नियम का निर्देश किया है वह एक सामान्य नियम है। विशेष रूप में यदि किसी कर्म का बन्ध अन्तःकोड़ाकोड़ी सागरोपम प्रमाण स्थिति में होता है तो उसका आबाधाकाल अन्तर्मुहूर्त मात्र जानना चाहिए। जैसे—आहारकशरीर, आहारक अंगोपांग और तीर्थंकर प्रकृति का उत्कृष्ट स्थितिबन्ध अन्तःकोड़ाकोड़ी सागरोपम प्रमाण होता है। तदनुसार उनका आबाधाकाल अन्तर्मुहूर्त मात्र समझना चाहिए (पु० ६, पृ० १७४-७७)।

आयुकर्म के आबाधाकाल का नियम इससे भिन्न है। परभविक आयु का जो बन्ध होता है उसका आबाधाकाल भुज्यमान पूर्व भव की आयुस्थिति के तृतीय भाग मात्र होता है। जैसे—नारकायु और देवायु का जो उत्कृष्ट स्थितिबन्ध तेतीस सागरोपम प्रमाण है उसका आबाधाकाल अधिक से अधिक पूर्वकोटि का तृतीय भाग होता है, इससे अधिक वह सम्भव नहीं। कारण यह है कि नारकायु और देवायु का बन्ध मनुष्य और तिर्यंचों के ही होता है, जिनकी उत्कृष्ट आयुस्थिति पूर्वकोटि मात्र ही होती है। संख्यात वर्ष की आयुवाले (कर्मभूमिज) मनुष्य और तिर्यंच

१. उदयं पडि सत्तण्हं आबाहा कोडकोडि उवहीणं।
वाससयं तप्पडिभागेण य सेसट्ठिदीणं च ॥—गो०क० १५६

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परभविक आयु के बाँधने योग्य तभी होते है जब उनकी भुज्यमान आयु के दो-त्रिभाग (२/३) बीत जाते हैं; इसके पूर्व वे परभविक आयु को नहीं बाँधते हैं। इस कारण उत्कृष्ट नारकायु और देवायु का उत्कृष्ट आबाधाकाल पूर्वकोटि का त्रिभाग (१/३) ही सम्भव है। इससे कम तो वह हो सकता है पर अधिक नहीं हो सकता। अभिप्राय यह है कि परभव सम्बन्धी आयु का बन्ध संख्यातवर्षायुष्कों के अपनी भुज्यमान आयु के अन्तिम त्रिभाग में होता है। इस त्रिभाग के आठ अपकर्षकालों में (१/३, १/९, १/२७ आदि) से किसी भी अपकर्षकाल में उसका बन्ध हो सकता है। यदि उन अपकर्षकालों में से किसी में भी उसका बन्ध नहीं हुआ तो फिर भुज्यमान आयु की स्थिति में अन्तर्मुहूर्त मात्र शेष रह जाने पर वह उस समय असंक्षेपाद्धाकाल (जिसका और संक्षेप न हो सके) में बँधती है। इस प्रकार आयु का उत्कृष्ट आबाधाकाल पूर्वकोटि का त्रिभाग और जघन्य आबाधाकाल असंक्षेपाद्धा (आवली का संख्यातवाँ भाग) होता है। इस काल में बाँधी गयी परभविक आयु का उदय सम्भव नहीं है। उसकी निषेकस्थिति बाँधी गयी आयु की स्थिति के प्रमाण ही होती है, न कि अन्य ज्ञानावरणादि कर्मों की आबाधा से हीन स्थिति के प्रमाण। अभिप्राय यह है कि जिस प्रकार ज्ञानावरणादि सात कर्मों की निषेकस्थिति में बाधा सम्भव है उस प्रकार आयु की निषेकस्थिति में नहीं है। उसकी बाँधी गयी स्थिति के जितने समय होते हैं उतने ही उस के निषेक होते हैं।

यद्यपि असंख्यात वर्ष की आयुवाले (भोगभूमिज) भी मनुष्य-तिर्यंच हैं, पर उनकी भुज्यमान आयुस्थिति में जब छह मास शेष रह जाते हैं तभी वे परभविक आयु को बाँधने योग्य होते हैं, इससे अधिक आयु के शेष रहने पर उनके परभविक आयु का बन्ध सम्भव नहीं है। इसी प्रकार देव-नारकियों के भी आयु के छह मास शेष रह जाने पर ही परभविक आयु का बन्ध होता है। इससे निश्चित है कि आयुकर्म का आबाधाकाल उत्कर्ष से पूर्वकोटि का त्रिभाग ही हो सकता है, अधिक नहीं।[1]

७. जघन्यस्थिति—यह जीवस्थान की सातवीं चूलिका है। इसमें कर्मों की जघन्य स्थिति, आबाधा और निषेक आदि की प्ररूपणा की गयी है।

इसके प्रारम्भ में धवला में यह विशेषता प्रकट की गयी है कि उत्कृष्ट विशुद्धि द्वारा जो स्थिति बँधती है वह जघन्य होती है। कारण कि सभी प्रकृतियाँ प्रशस्त नहीं होती हैं। वहाँ यह भी स्पष्ट कर दिया गया है कि संक्लेश की वृद्धि से सब प्रकृतियों की स्थिति में वृद्धि और विशुद्धि की वृद्धि से उनकी स्थिति में हानि हुआ करती है। असाता के बन्धयोग्य परिणाम का नाम संक्लेश और साता के बन्धयोग्य परिणाम का नाम विशुद्धि है।

कुछेक आचार्यों का कहना है कि उत्कृष्ट स्थिति से नीचे की स्थितियों को बाँधनेवाले जीव के परिणाम को विशुद्धि और जघन्य स्थिति से ऊपर की द्वितीयादि स्थितियों के बाँधनेवाले जीव के परिणाम को संक्लेश कहा जाता है। उनके इस अभिप्राय को असंगत बतलाते हुए धवला में कहा है कि विशुद्धि और संक्लेश का ऐसा लक्षण करने पर जघन्य और उत्कृष्ट स्थिति के बन्धक परिणामों को छोड़ शेष मध्य की स्थितियों के बन्धक सभी परिणामों के संक्लेश और विशुद्धिरूप होने का प्रसंग प्राप्त होगा। परन्तु ऐसा सम्भव नहीं है, लक्षण भेद के बिना

---

१. इस सबके लिए देखिए धवला पु० ६, पृ० १६६-६६; विशेष जानकारी के लिए धवला पु० १०, पृ० १३७-३९ व पृ० १३८ के टिप्पण द्रष्टव्य हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एक ही परिणाम के दोनों रूप होने का विरोध है (पु० ६, पृ० १८०)। धवलाकार ने आवश्यकतानुसार इसका स्पष्टीकरण भी किया है। जैसे—सूत्र २४ में स्त्री एवं नपुंसक वेद आदि कितनी ही प्रकृतियों का जघन्य स्थितिबन्धक समान रूप से पल्योपम के असंख्यातवें भाग से हीन सागरोपम के सात भागों में से दो भाग (२/७) निर्दिष्ट किया गया है।

इसकी व्याख्या में यह शंका उठायी गयी है कि नपुंसक वेद और अरति आदि प्रकृतियों का तो जघन्य स्थितिबन्ध सागरोपम के दो-बटे सात भाग सम्भव है, क्योंकि उनका स्थितिबन्ध उत्कृष्ट बीस कोड़ाकोड़ी सागरोपम प्रमाण देखा जाता है। किन्तु स्त्रीवेद तथा हास्य-रति आदि जिन प्रकृतियों का उत्कृष्ट स्थितिबन्ध बीस कोड़ाकोड़ी सागरोपम नहीं है उनका जघन्य स्थितिबन्ध सागरोपम के दो-बटे सात भाग घटित नहीं होता। इसका समाधान करते हुए धवला में कहा है कि यद्यपि उक्त स्त्रीवेद आदि प्रकृतियों का उत्कृष्ट स्थितिबन्ध बीस कोड़ाकोड़ी सागरोपम प्रमाण नहीं है, फिर भी मूल प्रकृतियों की उत्कृष्ट स्थिति के अनुसार हीनता को प्राप्त होनेवाली उन प्रकृतियों का पल्योपम के असंख्यातवें भाग से हीन सागरोपम के दो-बटे सात भाग मात्र जघन्य स्थितिबन्ध के होने में कोई विरोध नहीं है (पु० ६, पृ० १९०-९२)।

सूत्र ३५ में नरकगति, देवगति आदि कुछ प्रकृतियों का जघन्य स्थितिबन्ध समान रूप में पल्योपम के असंख्यातवें भाग से हीन हजार सागरोपम के दो-बटे सात भाग मात्र कहा गया है। धवला (पु० ६, १९४-९६) में इसका स्पष्टीकरण एकेन्द्रिय आदि के आश्रय से पृथक्-पृथक् किया गया है।

८. **सम्यक्त्वोत्पत्ति** –प्रथमोपशम सम्यक्त्व की प्राप्ति का विधान—इस चूलिका के प्रारम्भ में सूत्रकार ने यह सूचना की है कि पहली दो (६ व ७) चूलिकाओं में कर्मों की जिस उत्कृष्ट और जघन्य स्थिति की प्ररूपणा की गयी है उतने काल की स्थितिवाले कर्मों के रहते हुए जीव सम्यक्त्व को नहीं प्राप्त करता है (सूत्र १,९-८,१)।

इसके अभिप्राय को स्पष्ट करते हुए धवलाकार ने कहा है कि यह सूत्र देशामर्शक है। तदनुसार कर्मों के उपर्युक्त जघन्य स्थितिबन्ध और उत्कृष्ट स्थितिबन्ध के साथ उनके जघन्य व उत्कृष्ट स्थितिसत्त्व, जघन्य व उत्कृष्ट अनुभागसत्त्व और जघन्य व उत्कृष्ट प्रदेशसत्त्व के होने पर जीव सम्यक्त्व को नहीं प्राप्त करता है।

इस पर प्रश्न उपस्थित होता है कि इस स्थिति में कर्मों की कैसी अवस्था में जीव सम्यक्त्व को प्राप्त करता है। इसके समाधान में आगे के सूत्र (१,९-८,३) में कहा गया है कि जीव जब इन्हीं सब कर्मों की अन्तःकोड़ाकोड़ी प्रमाण स्थिति को बाँधता है तब वह प्रथम सम्यक्त्व को प्राप्त कर लेता है।

इसकी व्याख्या करते हुए धवलाकार ने कहा है कि यह औपचारिक कथन है। वस्तुतः कर्मों की इस स्थिति में भी जीव प्रथम सम्यक्त्व को नहीं प्राप्त करता है, वह तो अधःप्रवृत्तकरण आदि तीन करणों के अन्तिम समय में प्रथम सम्यक्त्व को प्राप्त करता है। इस सूत्र के द्वारा क्षयोपशम, विशुद्धि, देशना और प्रायोग्य इन चार लब्धियों की प्ररूपणा की गयी है। आगे धवला में इन लब्धियों का स्वरूप बतलाते हुए कहा गया है कि विशुद्धि के बल से जब पूर्वसंचित कर्मों के अनुभागस्पर्धक प्रतिसमय अनन्तगुणितहीन होकर उदीरणा को प्राप्त होते हैं तब क्षयोपशमलब्धि होती है। उत्तरोत्तर प्रतिसमयहीन होनेवाली अनन्तगुणी हानि के क्रम से उदीरणा को प्राप्त उन अनुभागस्पर्धकों से उत्पन्न जीव का जो परिणाम सातावेदनीय

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आदि शुभ कर्मों के बन्ध का कारण और असातावेदनीय आदि अशुभ कर्मों के बन्ध का रोधक होता है उसका नाम विशुद्धि है और उसकी प्राप्ति को विशुद्धिलब्धि कहा जाता है। छह द्रव्य और नौ पदार्थों के उपदेश का नाम देशना है। इस देशना और उसमें परिणत आचार्य आदि की उपलब्धि के साथ जो उपदिष्ट अर्थ के ग्रहण, धारण एवं विचार करने की शक्ति का समागम होता है उसे देशनालब्धि कहते हैं। समस्त कर्मों की उत्कृष्ट स्थिति और उत्कृष्ट अनुभाग का घात करके उनका जो अन्तःकोड़ाकोड़ी प्रमाण स्थिति में और द्विस्थानिक अनुभाग में अवस्थान होता है, उसका नाम प्रायोग्यलब्धि है। द्विस्थानिक अनुभाग का अभिप्राय है कि प्रथम सम्यक्त्व के अभिमुख हुआ जीव प्रायोग्यलब्धि के प्रभाव से घातिया कर्मों के अस्थि और शैल रूप अनुभाग का घातकर उसे लता और दारु रूप दो अनुभागों में स्थापित करता है तथा अघातिया कर्मों के अन्तर्गत पाप प्रकृतियों के अनुभाग नीम और कांजीर रूप दो अनुभागस्थानों में स्थापित करता है, पुण्यप्रकृतियों का अनुभाग चतुःस्थानिक ही रहता है।

ये चार लब्धियाँ भव्य और अभव्य मिथ्यादृष्टि दोनों के समान रूप से सम्भव हैं। किन्तु पाँचवीं करणलब्धि भव्य मिथ्यादृष्टि के ही सम्भव है, वह अभव्य के सम्भव नहीं है (पु० ६, पृ० २०३-५)।

जो भव्य मिथ्यादृष्टि करणलब्धि को भी प्राप्त कर सकता है, सूत्र के अनुसार (१,९-८,४) वह पंचेन्द्रिय, संज्ञी, मिथ्यादृष्टि, पर्याप्तक और सर्वविशुद्ध होना चाहिए।

इन सब विशेषणों की सार्थकता धवला में वर्णित की है। 'मिथ्यादृष्टि' विशेषण की सार्थकता बतलाते हुए कहा है कि सासादनसम्यग्दृष्टि, सम्यग्मिथ्यादृष्टि और वेदकसम्यग्दृष्टि प्रथम सम्यक्त्व को प्राप्त नहीं करते हैं। यद्यपि उपशमश्रेणि पर आरूढ होते हुए वेदकसम्यग्दृष्टि उपशमसम्यक्त्व को प्राप्त करते हैं, किन्तु उनका उपशमसम्यक्त्व 'प्रथम सम्यक्त्व' नाम को प्राप्त नहीं होता। चूंकि वह सम्यक्त्व से उत्पन्न हुआ है, अतः उसे द्वितीयोपशमसम्यक्त्व समझना चाहिए।

आगे यहाँ धवला में गति, वेद, योग, कषाय, संयम, उपयोग, लेश्या, भव्य और आहार इन मार्गणाओं के आधार से भी उसकी विशेषता का प्रकाशन है।

उसके ज्ञानावरणीय आदि मूलप्रकृतियों की उत्तरप्रकृतियों में कितनी और किनका सत्त्व रहता है, इसे भी धवला में दिखाया है। आगे वहाँ (पु० ६, पृ० २०६-१४) अनुभागसत्त्व, बन्ध, उदय और उदीरणा के विषय में भी विचार किया गया है।

अनन्तर अन्तिम 'सर्वविशुद्ध' विशेषण को स्पष्ट करते हुए अधःप्रवृत्तकरण, अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरण इन तीन विशुद्धियों के नामनिर्देशपूर्वक उनके स्वरूप आदि के विषय में धवलाकार ने पर्याप्त विचार किया है (पु० ६, पृ० २१४-२२)।

उनके स्वरूप को संक्षेप में इस प्रकार समझा जा सकता है—करण नाम परिणाम का है। जिस प्रकार छेदन-भेदन आदि क्रिया में साधकतम होने से तलवार, वसूला आदि को 'करण' कहा जाता है उसी प्रकार दर्शनमोह के उपशम आदि भाव के करने में साधकतम होने से इन परिणामों को भी नाम से कारण कहा गया है।[1] इन तीन प्रकार के परिणामों में जो अधःप्रवृत्त-

१. ×××अधापवत्तकरणमिदि सण्णा। कुदो? उवरिमपरिणामा अधहेट्ठा हेट्ठिमपरिणामेसु पवत्तंति त्ति अधापवत्तसण्णा। कधं परिणामाणं करणसण्णा? ण एस दोसो, असि-वासीणं व साहयत्तमभाविवक्खाए परिणामाणं करणत्तुवलंभादो।—धवला पु० ६, पृ० २१७

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

करण है उनमें चूंकि ऊपर के परिणाम नीचे के परिणामों में प्रवृत्त होते हैं—पाये जाते हैं, इस लिए उनका 'अधःप्रवृत्तकरण' नाम सार्थक है। अधःप्रवृत्तकरण के अन्तर्मुहूर्तकाल में उत्तरोत्तर प्रथम-द्वितीयादि समयों में क्रम से समान वृद्धि लिये हुए असंख्यात लोकप्रमाण परिणाम होते हैं। संदृष्टि के रूप में अन्तर्मुहूर्त के समयों का प्रमाण १६, सब परिणामों का प्रमाण ३०७२ और समान वृद्धिस्वरूप चय का प्रमाण ४ है। उसके प्रथमादि समयों में प्रविष्ट होनेवाले जीवों के परिणाम समान नहीं होते हैं-- किन्हीं के वे जघन्य विशुद्धि को, किन्हीं के उत्कृष्ट विशुद्धि को और किन्हीं के मध्यम विशुद्धि को लिये हुए होते हैं। यह आवश्यक है कि प्रथमादि समयवर्ती जीवों के उत्कृष्ट परिणाम से उपरितन समयवर्ती जीवों का जघन्य परिणाम भी अनन्तगुणी विशुद्धि को लिये हुए होता है। संदृष्टि में इन परिणामों को इस प्रकार समझा जा सकता है—

निर्वर्गणाकाण्डक

समय	परिणाम	प्र० खण्ड	द्वि० खण्ड	तृ० खण्ड	च० खण्ड
१६	२२२	५४	५५	५६	५७
१५	२१८	५३	५४	५५	५६
१४	२१४	५२	५३	५४	५५
१३	२१०	५१	५२	५३	५४
१२	२०६	५०	५१	५२	५३
११	२०२	४९	५०	५१	५२
१०	१९८	४८	४९	५०	५१
९	१९४	४७	४८	४९	५०
८	१९०	४६	४७	४८	४९
७	१८६	४५	४६	४७	४८
६	१८२	४४	४५	४६	४७
५	१७८	४३	४४	४५	४६
४	१७४	४२	४३	४४	४५
३	१७०	४१	४२	४३	४४
२	१६६	४०	४१	४२	४३
१	१६२	३९	४०	४१	४२

अधःकरणकाल के प्रत्येक समय में परिणामों में पुनरुक्तता-अपुनरुक्तता अथवा समानता-असमानता को देखने के लिए उनके क्रमशः चार-चार खण्ड किये गये हैं, उन्हें निर्वर्गणाकाण्डक कहा जाता है। इनमें, संदृष्टि के अनुसार, प्रथम समय सम्बन्धी ३९ परिणाम और अन्तिम समय सम्बन्धी ५७ परिणाम ही ऐसे हैं जिनमें नीचे-ऊपर के किन्हीं परिणामों से समानता नहीं है। शेष परिणामखण्डों में ऊपर से नीचे समानता दृष्टिगोचर होती है। यह अनुकृष्टि की रचना है।[1]

---

१. धवला पु० ६, पृ० २१४-१९ के अतिरिक्त गो० कर्मकाण्ड की गाथा ८९८-९०७ भी द्रष्टव्य हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अधःकरणकाल के समाप्त होने पर जीव अपूर्वकरण को प्राप्त होता है। अपूर्वकरण का काल अन्तर्मुहूर्तमात्र है। उस अन्तर्मुहूर्त के समयों में से प्रथम समय में असंख्यात लोकप्रमाण परिणाम होते हैं। आगे द्वितीय-तृतीय आदि समयों के योग्य भी असंख्यात लोकप्रमाण परिणाम होते हैं। पर वे उत्तरोत्तर समान वृद्धि से वृद्धिगत होते हैं। जैसी अधःकरण में भिन्न समयवर्ती जीवों के परिणामों में समानता व असमानता होती है वैसी अपूर्वकरण में भिन्न समयवर्ती जीवों के परिणामों में कभी समानता नहीं रहती। आगे के समयों में वहाँ उत्तरोत्तर अनन्तगुणी विशुद्धि को लिये हुए अपूर्व-अपूर्व ही परिणाम होते हैं, इसीलिए उनकी 'अपूर्वकरण' यह संज्ञा सार्थक है। इतना विशेष है कि एकसमयवर्ती जीवों के परिणाम समान भी होते हैं और कदाचित् असमान भी। उदाहरण के रूप में, प्रथम समयवर्ती किसी जीव का उत्कृष्ट विशुद्धि से युक्त भी जो अपूर्वकरण परिणाम होता है उसकी अपेक्षा उसके द्वितीय समयवर्ती किसी जीव का जघन्यविशुद्धि से युक्त भी परिणाम अधिक विशुद्ध होता है। संदृष्टि के रूप में अपूर्वकरण-काल के समयों की कल्पना ८, परिणामों की कल्पना ४०९६ और चय के प्रमाण की कल्पना १६ की गयी है। तदनुसार इस संदृष्टि के आश्रय से अपूर्वकरण परिणामों की यथार्थता को इस प्रकार समझा जा सकता है[1]—

समय	परिणाम
८	५६८
७	५५२
६	५३६
५	५२०
४	५०४
३	४८८
२	४७२
१	४५६
	सर्वधन ४०९६

तीसरी विशुद्धि का नाम अनिवृत्तिकरण है। इस अनिवृत्तिकरण का काल भी अन्तर्मुहूर्त है। इसके जितने समय हैं उतने ही अनिवृत्तिकरण परिणाम हैं। कारण यह है कि इन परिणामों में जघन्य-उत्कृष्ट का भेद नहीं है। यहाँ एक समयवर्ती जीवों का परिणाम सर्वथा समान और भिन्न समयवर्ती जीवों का परिणाम सर्वथा भिन्न रहता है, जो उत्तरोत्तर अनन्तगुणी विशुद्धि से युक्त होता है। निवृत्ति का अर्थ व्यावृत्ति या भेद है[2], तदनुसार अनिवृत्ति का अर्थ भेद से रहित (समान) समझना चाहिए। इन अनिवृत्तिकरण परिणामों में चूँकि वह भिन्नता नहीं है —विवक्षित समयवर्ती जीवों का वह परिणाम सर्वथा समान होता है, इसलिए इन परिणामों का 'अनिवृत्तिकरण' नाम सार्थक है (पु० ६, पृ० २२१-२२)।

इस प्रकार प्रथम सम्यक्त्व की प्राप्ति के योग्य जीव की विशेषताओं का वर्णन कर आगे

---

१. धवला पु० ६, पृ० २२०-२१ व गो० कर्मकाण्ड गा० ९०८-१०

२. समानसमयावस्थितजीवपरिणामानां निर्भेदेन वृत्तिः निवृत्तिः। अथवा निवृत्तिर्व्यावृत्तिः, न विद्यते निवृत्तिर्येषां ते अनिवृत्तयः।—धवला पु० १, पृ० १८४-८५

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सूत्र में यह कहा गया है कि इन्हीं सब कर्मों की स्थिति को जब जीव संख्यात सागरोपमों से हीन अन्त:कोड़ाकोड़ी प्रमाण स्थापित करता है तब वह प्रथम सम्यक्त्व को उत्पन्न करता है (१, ९-८, ५)।

इसकी व्याख्या में धवलाकार ने कहा है कि अध:प्रवृत्तकरण में स्थितिकाण्डक, अनुभाग-काण्डक, गुणश्रेणि और गुणसंक्रम नहीं होते; क्योंकि इन परिणामों में उक्त कर्मों के उत्पन्न करने की शक्ति नहीं है। ऐसा जीव केवल अनन्तगुणी विशुद्धि से विशुद्ध होता हुआ प्रत्येक समय में अप्रशस्त कर्मों के द्विस्थानिक अनुभाग को अनन्तगुणा हीन बाँधता है और प्रशस्त कर्मों के चतु:स्थानिक अनुभाग को वह उत्तरोत्तर प्रत्येक समय में अनन्तगुणा बाँधता है। यहाँ स्थितिबन्ध का काल अन्तर्मुहूर्त मात्र है। इस बन्ध के पूर्ण होने पर वह पल्य के संख्यातवें भाग से हीन अन्य स्थिति को बाँधता है। इस प्रकार संख्यात हजार बार स्थितिबन्धापसरणों के करने पर अध:प्रवृत्तकरणकाल समाप्त होता है।

अपूर्वकरण के प्रथम समय में जघन्य स्थितिखण्ड पल्योपम के संख्यातवें भाग और उत्कृष्ट पृथक्त्व सागरोपम मात्र रहता है। अध:प्रवृत्तकरण के अन्तिम समय में जो स्थितिबन्ध होता था, अपूर्वकरण के प्रथम समय में वह आयु को छोड़कर शेष कर्मों का उसकी अपेक्षा पल्योपम के संख्यातवें भाग से हीन प्रारम्भ होता है। स्थितिबन्ध बँधनेवाली प्रकृतियों का ही होता है। अपूर्वकरण के प्रथम समय में गुणश्रेणि भी प्रारम्भ हो जाती है। उसी समय अप्रशस्त कर्मों के अनुभाग के अनन्त बहुभाग का घात प्रारम्भ हो जाता है।

इस प्रकार अपूर्वकरणकाल के समाप्त होने पर अनिवृत्तिकरण को प्रारम्भ करता है। उसी समय अन्य स्थितिखण्ड, अन्य अनुभागखण्ड और अन्य स्थितिबन्ध भी प्रारम्भ हो जाते हैं। पूर्व में जिस प्रदेशाग्र का अपकर्षण किया गया था उससे असंख्यातगुणे प्रदेशाग्र का अपकर्षण करके अपूर्वकरण के समान गलितशेष की गुणश्रेणि करता है।

यहाँ शंका होती है कि सूत्र में केवल स्थितिबन्धापसरण की प्ररूपणा की गयी है; स्थिति-घात, अनुभागघात और प्रदेशघात की प्ररूपणा वहाँ नहीं है, अत: यहाँ उनकी प्ररूपणा करना उचित नहीं है। इसके समाधान में कहा है कि यह सूत्र तालप्रलम्बसूत्र के समान देशामर्शक[1] है, इससे यहाँ उनकी प्ररूपणा अनुचित नहीं है।

इस प्रकार हजारों स्थितिबन्ध, स्थितिखण्ड और अनुभागखण्डों के समाप्त हो जाने पर अनिवृत्तिकरण का अन्तिम समय प्राप्त होता है।

प्रस्तुत चूलिका के प्रारम्भ में सूत्रकार द्वारा उद्भावित पृच्छाओं में 'कितने काल द्वारा' यह पृच्छा भी की गयी थी, उसे दिखलाने के लिए यहाँ सूत्र (१,९-८,६) में अनिवृत्तिकरण परि-णामों के कार्यविशेष को स्पष्ट करते हुए निर्देश है कि वह अन्तर्मुहूर्त हटता है।

इसकी व्याख्या में धवलाकार ने कहा है कि यह सूत्र अन्तरकरण का प्ररूपक है। किसके अन्तरकरण को करता है, इसे बतलाते हुए कहा है कि यहाँ चूँकि अनादि मिथ्यादृष्टि का अधिकार है, इसलिए वह मिथ्यात्व के अन्तरकरण को करता है, ऐसा अभिप्राय ग्रहण करना चाहिए। सादि मिथ्यादृष्टि के होने पर तो उसके तीन भेदरूप जो दर्शनमोहनीय रहता है उस

---

१. तालप्रलम्बसूत्र का स्पष्टीकरण पीछे पर किया जा चुका है। इसके लिए धवला पु० १, पृ० ९ का टिप्पण द्रष्टव्य है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सभी का अन्तर किया जाता है। यह अन्तरकरण अनिवृत्तिकरणकाल का संख्यातवाँ भाग शेष रह जाने पर किया जाता है।

विवक्षित कर्मों की अधस्तन और उपरिम स्थितियों को छोड़कर मध्य की अन्तर्मुहूर्तमात्र स्थितियों के निषेकों का जो परिणामविशेष से अभाव किया जाता है उसे अन्तरकरण कहते हैं। उन स्थितियों में अधस्तन स्थिति को प्रथम स्थिति और उपरिम स्थिति को द्वितीय स्थिति कहा जाता है।

इस प्रसंग में धवला में कहा है कि अन्तरकरण के समाप्त होने पर उस समय से जीव को उपशामक कहा जाता है। इस पर वहाँ शंका उत्पन्न हुई है कि ऐसा कहने पर उससे पूर्व जीव के उपशामकपने के अभाव का प्रसंग प्राप्त होता है। इसके समाधान में कहा है कि इसके पूर्व भी वह उपशामक ही है, किन्तु उसे मध्यदीपक मानकर शिष्यों के सम्बोधनार्थ 'यह दर्शन-मोहनीय का उपशामक है' ऐसा **यतिवृषभाचार्य** ने कहा है।[1] इससे उक्त कथन अतीत भाग की उपशामकता का प्रतिषेधक नहीं है।

अब पूर्वोक्त पृच्छाओं में 'मिथ्यात्व के कितने भागों को करता है' इस पृच्छा के अभिप्राय को बतलाते हुए सूत्र (१,९-८,७) में कहा है कि अन्तरकरण करके वह मिथ्यात्व के तीन भागों को करता है—सम्यक्त्व, मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्व।

धवलाकार ने इसकी व्याख्या करते हुए कहा है कि यह सूत्र मिथ्यात्व की प्रथम स्थिति को गलाकर सम्यक्त्व प्राप्त होने के प्रथम समय से लेकर आगे के समय में जो व्यापार होता है उसका प्ररूपक है। आगे सूत्र में 'अन्तरकरण करके' ऐसा जो कहा गया है उसका अभिप्राय यह है कि पूर्व में जो मिथ्यात्व की स्थिति, अनुभाग और प्रदेश का घात किया गया है उसका वह फिर से घात करके अनुभाग की अपेक्षा उसके तीन भागों को करता है। इसका कारण यह है कि **पाहुडसुत्त**—कषायप्राभृत की चूर्णि[2]—में मिथ्यात्व के अनुभाग से सम्यग्मिथ्यात्व का अनुभाग अनन्तगुणा हीन और उससे सम्यक्त्व का अनुभाग अनन्तगुणा हीन होता है, ऐसा निर्देश किया गया है और उपशमसम्यक्त्वकाल के भीतर अनन्तानुबन्धी के विसंयोजन के बिना मिथ्यात्व का घात नहीं होता है, क्योंकि वैसा उपदेश नहीं है। इसलिए सूत्र में जो 'अन्तरकरण करके' ऐसा कहा गया है उससे यह समझना चाहिए कि काण्डकघात के बिना मिथ्यात्व के अनुभाग को घातकर सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्व के अनुभागरूप से परिणमाता हुआ प्रथम सम्यक्त्व के प्राप्त होने के प्रथम समय में ही उसके तीन कर्मांशों को उत्पन्न करता है।

आगे इस प्रसंग में गुणश्रेणि और गुणसंक्रमण को दिखाते हुए पच्चीस प्रतिक—पच्चीस पदवाले—दण्डक को किया है।[3]

प्रथम सम्यक्त्व के अभिमुख हुआ जीव दर्शनमोहनीय को कहाँ उपशमता है, इसे स्पष्ट

---

१. तदो अंतरं कीरमाणं कदं। तदोप्पहुडि उवसामगो त्ति भण्णइ। क० प्रा० चूर्णि ९५-९६ (क० पा० सुत्त पृ० ६२७)

२. णवरि सव्वपच्छा सम्मामिच्छत्तमणंतगुणहीणं। सम्मत्तमणंतगुणहीणं। क० प्रा० चूर्णि १४९-५० (क० पा० सुत्त पृ० १७१)

३. धवला पु० ६, पृ० २३४-३७ (यह पच्चीसप्रतिक दण्डक क० प्रा० चूर्णि में उसी रूप में उपलब्ध होता है। देखिए क० पा० सुत्त पृ० ६२९-३०)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

करते हुए सूत्र (१,९-८,९) में कहा है कि वह उसे चारों ही गतियों में उपशमाता है। चारों ही गतियों में उपशमाता हुआ वह उसे पंचेन्द्रिय, संज्ञी, गर्भोपक्रान्तिक व पर्याप्तों में उपशमाता है। इनके विपरीत एकेन्द्रिय-विकलेन्द्रियों, असंज्ञियों, सम्मूर्च्छनों और अपर्याप्तों में नहीं उपशमाता है। संख्यातवर्षायुष्क और असंख्यातवर्षायुष्क इन दोनों के भी उपशमाता है। सूत्रगत यह अभिप्राय सूत्रकार द्वारा पूर्व में भी व्यक्त किया जा चुका है।[1]

धवलाकार ने भी यहाँ यह स्पष्ट कर दिया है कि इस सूत्र के द्वारा पूर्वप्ररूपित अर्थ को ही स्मरण कराया गया है (पु० ६, पृ० २३८)।

आगे यहाँ धवला में 'एत्थ उवउज्जंतीओ गाहाओ' सूचना के साथ पन्द्रह गाथाएँ उद्धृत की गयी हैं। इन गाथाओं द्वारा इसी अभिप्राय को विशद किया गया है कि दर्शनमोहनीय का उपशम किन अवस्थाओं में किया जा सकता है, क्या वह सासादनगुणस्थान को प्राप्त हो सकता है, उसका प्रस्थापक व निष्ठापक किस अवस्था में होता है, किस स्थितिविशेष में तीन कर्म उपशान्त होते हैं तथा उपशामक के बन्ध किस प्रत्यय से होता है; इत्यादि।[2]

उपशामना किन क्षेत्रों में व किसके समक्ष होती है (१,९-८,१०), इसे स्पष्ट करते हुए धवला में कहा गया है कि इसके लिए कोई विशेष नियम नहीं है वह किसी भी क्षेत्र में व किसी के समीप हो सकती है; क्योंकि सम्यक्त्व का ग्रहण सर्वत्र सम्भव है।[3]

क्षायिकसम्यक्त्व की प्राप्ति का विधान—इस प्रकार दर्शनमोहनीय की उपशामना के विषय में विचार करके तत्पश्चात् उसकी क्षपणा की प्ररूपणा की गयी है। यहाँ सर्वप्रथम सूत्रकार ने दर्शनमोहनीय की क्षपणा को प्रारम्भ करनेवाला जीव उसका कहाँ प्रारम्भ करता है, इसे स्पष्ट करते हुए यह कहा है कि वह उसे अढ़ाई द्वीप-समुद्रों में पन्द्रह कर्मभूमियों के भीतर जहाँ जिन, केवली व तीर्थंकर होते हैं, उसे प्रारम्भ करता है (सूत्र १, ९-८,११)।

इस सूत्र की व्याख्या करते हुए धवलाकार ने प्रारम्भ में यह स्पष्ट कर दिया है कि क्षपणा के स्थान के विषय में पूछनेवाले शिष्य के लिए यह सूत्र आया है। सूत्र में जो अढ़ाई द्वीपसमुद्रों का निर्देश किया गया है उससे जम्बूद्वीप धातकीखण्ड और आधा पुष्करार्ध इन अढ़ाई द्वीपों को ग्रहण करना चाहिए। कारण यह है कि इन्हीं द्वीपों में दर्शनमोहनीय की क्षपणा को प्रारम्भ किया जा सकता है, शेष द्वीपों में उसकी सम्भावना नहीं है, क्योंकि उनमें उत्पन्न होनेवाले जीवों में उसके क्षय करने की शक्ति नहीं है। समुद्रों में लवण और कालोद इन दो समुद्रों को ग्रहण किया गया है, क्योंकि अन्य समुद्रों में उसके सहकारी कारण सम्भव नहीं हैं।

इन अढ़ाई द्वीपों में अवस्थित पन्द्रह कर्मभूमियों में ही उसकी क्षपणा को प्रारम्भ किया जाता है; क्योंकि वहीं पर जिन, केवली व तीर्थंकर का रहना सम्भव है, जिनके पादमूल में उसकी क्षपणा प्रारम्भ की जाती है। मानुषोत्तर पर्वत के बाह्य भागों में जिन व तीर्थंकर का रहना सम्भव नहीं है। यद्यपि सूत्र में सामान्य से कर्मभूमियों में उसकी क्षपणा के प्रारम्भ करने

---

१. देखिए सूत्र १,९-८,४ व ८-९

२. धवला पु० ६, पृ० २३८-४३, ये सब गाथाएं यथाक्रम से कषायप्राभृत में उपलब्ध होती हैं। केवल गा० ४९-५० में क्रमव्यत्यय हुआ है। देखिए क० पा० सुत्त गा० ४२-५६, पृ० ६३०-३८

३. धवला पु० ६, पृ० २४३

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

का उल्लेख है, पर अभिप्राय उसका यह रहा है कि उन कर्मभूमियों में उत्पन्न मनुष्य ही उसकी क्षपणा प्रारम्भ करते हैं, न कि तिर्यंच।

सूत्र में निर्दिष्ट 'जम्हि जिणा' को स्पष्ट करते हुए धवला में कहा गया है कि जिस काल में 'जिनों' की सम्भावना है उसी काल में जीव उसकी क्षपणा का प्रारम्भक होता है, अन्य काल में नहीं। तदनुसार यहाँ दुःषमा, दुःषम-दुःषमा, सुषम-सुषमा, सुषमा और सुषमदुःषमा इन कालों में उस दर्शनमोहनीय की क्षपणा का निषेध किया गया है।

यहाँ धवलाकार ने सूत्रोक्त जिन, केवली और तीर्थंकर इन शब्दों की सफलता को स्पष्ट करते हुए यह कहा है कि सूत्र में देशजिनों के प्रतिषेध के लिए केवली को ग्रहण किया गया है तथा तीर्थंकर कर्म के उदय के रहित केवलियों के प्रतिशेध के लिए 'तीर्थंकर' को ग्रहण किया गया है। कारण उसका यह दिया गया है कि तीर्थंकर के पादमूल में जीव दर्शनमोहनीय की क्षपणा को प्रारम्भ किया करता है, अन्यत्र नहीं।

आगे 'अथवा' कहकर प्रकारान्तर से वहाँ यह भी कहा गया है कि 'जिनों' से चौदह पूर्वों के धारकों, 'केवली' से तीर्थंकर कर्म के उदय से रहित केवलज्ञानियों को और 'तीर्थंकर' से तीर्थंकर नामकर्म के उदय से उत्पन्न हुए आठ प्रतिहार्यों व चौंतीस अतिशयों से रहित जिनेन्द्रों को ग्रहण करना चाहिए। इन तीनों के भी पादमूल में जीव दर्शनमोह की क्षपणा को प्रारम्भ करते हैं।

इस प्रसंग में अन्य किन्हीं आचार्यों के व्याख्यान को प्रकट करते हुए धवला में यह भी कहा गया है कि यहाँ सूत्र में प्रयुक्त 'जिन' शब्द की पुनरावृत्ति करके जिन दर्शनमोह की क्षपणा को प्रारम्भ करते हैं, ऐसा कहना चाहिए, अन्यथा तीसरी पृथिवी से निकले हुए कृष्ण आदि के तीर्थंकरपना नहीं बन सकता है,[1] ऐसा किन्हीं आचार्यों का व्याख्यान है। इस व्याख्यान के अभिप्रायानुसार दुःषमा, अतिदुःषमा, सुषमासुषमा और सुषमा इन कालों में उत्पन्न हुए मनुष्यों के दर्शनमोह की क्षपणा सम्भव ही नहीं है। इसका कारण यह है कि एकेन्द्रियों में से आकर तीसरे काल में उत्पन्न हुए वर्धनकुमार[2] आदि के दर्शनमोह की क्षपणा देखी जाती है। इसी व्याख्या को यहाँ प्रधान करना चाहिए। (धवला पु० ६, पृ० ३४३-४७)

उपयुक्त दर्शनमोह की क्षपणा की समाप्ति चारों ही गतियों में सम्भव है। इसके स्पष्टीकरण में धवलाकार ने कहा है कि कृतकरणीय होने के प्रथम समय में दर्शनमोह की क्षपणा करनेवाले जीव को निष्ठापक कहा जाता है। वह आयुबन्ध के वश चारों ही गतियों में उत्पन्न होकर दर्शनमोह की क्षपणा को समाप्त करता है। कारण यह है कि उन गतियों में उत्पत्ति के कारणभूत लेश्यारूप परिणामों के होने में वहाँ किसी प्रकार का विरोध नहीं है।

अनिवृत्तिकरण के अन्तिम समय में सम्यक्त्वमोह की अन्तिम फालि के द्रव्य को नीचे के निषेकों में क्षेपण करनेवाला जीव अन्तर्मुहूर्त काल तक कृतकरणीय कहलाता है।

दर्शमोह की क्षपणा की विधि उसकी उपशामनाविधि के प्रायः समान है, मूल में उसकी

---

१. इत्यादिशुभचिन्तात्मा **भविष्यत्तीर्थकृद्धरिः**।
बद्धायुष्कतया मृत्वा तृतीयां पृथिवीमितः ॥—हरि० पु०, ६२-६३

२. वर्धनकुमार का उल्लेख इसके पूर्व धवला में अनादि सपर्यवसितकाल के प्रसंग में भी किया गया है। पु० ४, पृ० २२४

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्ररूपणा न होने पर भी धवलाकार ने उसका विवेचन किया है। दर्शनमोह का क्षपक प्रथमतः अनन्तानुबन्धिचतुष्क का विसंयोजन करता है। उसकी क्षपणा में भी अधःप्रवृत्तकरण, अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरण में स्थितिघात, अनुभागघात, गुणश्रेणि और गुणसंक्रमण नहीं होते। उसके अन्तिम समय तक जीव उत्तरोत्तर अनन्तगुणी विशुद्धि को प्राप्त होता हुआ पूर्व स्थितिबन्ध की अपेक्षा पल्योपम के संख्यातवें भाग से हीन स्थिति को बांधता है। इस प्रकार इस करण में प्रथम स्थितिबन्ध की अपेक्षा अन्तिम स्थितिबन्ध संख्यातगुणा हीन होता है।

अपूर्वकरण के प्रथम समय में पूर्व स्थितिबन्ध की अपेक्षा पल्योपम के संख्यातवें भाग से हीन अन्य ही स्थितिबन्ध होता है। इस प्रकार से यहाँ होनेवाले स्थितिबन्ध, स्थितिकाण्डकघात, अनुभागकाण्डकघात, गुणश्रेणि और गुणसंक्रमण आदि की प्ररूपणा की गयी है। इस प्रक्रिया से उत्तरोत्तर हानि को प्राप्त होनेवाले स्थितिबन्ध और स्थितिसत्त्व आदि के विषय में धवलाकार ने विस्तार से प्ररूपणा की है। यही प्ररूपणाक्रम आगे अनिवृत्तिकरण के प्रसंग में भी रहा है (धवला पु० ६, पृ० २४७-६६)।

इस प्रसंग में सूत्रकार ने सम्यक्त्व को प्राप्त करनेवाला जीव उस सर्वविशुद्ध मिथ्यादृष्टि की अपेक्षा आयु को छोड़ शेष सात कर्मों की अन्तःकोड़ाकोड़ी प्रमाण स्थिति को संख्यातगुणी हीन स्थापित करता है, इस पूर्वप्ररूपित अर्थ का, चारित्र को प्राप्त करनेवाले जीव के स्थितिबन्ध और स्थितिसत्त्व की प्ररूपणा में सहायक होने से पुनः स्मरण करा दिया है।[1]

संयमासंयम प्राप्ति का विधान—जैसा कि ऊपर कहा गया है, सूत्रकार द्वारा अगले सूत्र में निर्देश किया गया है कि चारित्र को प्राप्त करनेवाला जीव सम्यक्त्व के अभिमुख हुए उस अन्तिम समयवर्ती मिथ्यादृष्टि के स्थितिबन्ध और स्थितिसत्त्व की अपेक्षा आयु को छोड़कर शेष ज्ञानावरणीयादि सात कर्मों की अन्तःकोड़ाकोड़ी सागरोपम प्रमाण स्थिति को स्थापित करता है (१,८-६,१४)।

इसकी व्याख्या करते हुए धवलाकार ने सर्वप्रथम चारित्र के इन दो भेदों का निर्देश किया है—देशचारित्र और सकलचारित्र। इनमें देशचारित्र के अभिमुख होनेवाले मिथ्यादृष्टि दो प्रकार के होते हैं—वेदकसम्यक्त्व के साथ संयमासंयम के अभिमुख और उपशमसम्यक्त्व के साथ संयमासंयम के अभिमुख। इसी प्रकार संयम के अभिमुख होनेवाले मिथ्यादृष्टि भी दो प्रकार के होते हैं—वेदकसम्यक्त्व के साथ संयम के अभिमुख और उपशमसम्यक्त्व के साथ संयम के अभिमुख। इनमें संयमासंयम के अभिमुख हुआ मिथ्यादृष्टि प्रथम सम्यक्त्व के अभिमुख हुए अन्तिम समयवर्ती मिथ्यादृष्टि के स्थितिबन्ध और स्थितिसत्त्व की अपेक्षा संख्यातगुणे हीन स्थितिबन्ध और स्थितिसत्त्व को अन्तःकोड़ाकोड़ी सागरोपम के प्रमाण में स्थापित करता है। इसका कारण यह है कि प्रथम सम्यक्त्व के योग्य तीन करणरूप परिणामों की अपेक्षा अनन्तगुणे प्रथम सम्यक्त्व से सम्बद्ध संयमासंयम के योग्य तीन परिणामों से वे घात को प्राप्त होते हैं।

धवलाकार ने इस सूत्र को देशामर्शक बतलाकर यह भी स्पष्ट किया है कि यह एकदेश के प्रतिपादन द्वारा सूत्र के अन्तर्गत समस्त अर्थ का सूचक है इसलिए यहाँ सर्वप्रथम संयमासंयम के अभिमुख होनेवाले के विधान की प्ररूपणा की जाती है। तदनुसार प्रथम सम्यक्त्व और संयमासंयम दोनों को एक साथ प्राप्त करनेवाला भी पूर्वोक्त तीन करणों को करता है।

---

१. ष०ख० सूत्र १,८-६,१३ व इसकी धवला टीका (पु० ६, पृ० २६६)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

असंयतसम्यग्दृष्टि अथवा मोहनीय की अट्ठाईस प्रकृतियों की सत्तावाले वेदकसम्यक्त्व के योग्य मिथ्यादृष्टि जीव यदि संयमासंयम को प्राप्त करता है तो वह दो ही करणों को करता है, अनिवृत्तिकरण उसके नहीं होता। जब वह अन्तर्मुहूर्त में संयमासंयम को प्राप्त करनेवाला होता है तब से लेकर सभी जीव आयु को छोड़कर शेष कर्मों के स्थितिबन्ध और स्थितिसत्त्व को अन्तःकोड़ाकोड़ी सागरोपम के प्रमाण में करते हैं। शुभ कर्मों के अनुभागबन्ध और अनुभागसत्त्व को वह चतुःस्थानवाला तथा अशुभ कर्मों के अनुभागबन्ध और अनुभागसत्त्व को दो स्थानवाला करता है। तब से वह अनन्तगुणी अधःप्रवृत्तकरण नाम की विशुद्धि के द्वारा विशुद्ध होता है। यहाँ स्थितिकाण्डक, अनुभागकाण्डक और गुणश्रेणि नहीं होती। वह स्थितिबन्ध के पूर्ण होने पर केवल उत्तरोत्तर पल्योपम के असंख्यातवें भाग से हीन स्थितिबन्ध के साथ स्थितियों को बाँधता है। जो शुभ कर्मों के अंश हैं उन्हें अनन्तगुणे अनुभाग के साथ बाँधता है और जो अशुभ कर्मों के अंश हैं उन्हें अनन्तगुणे हीन अनुभाग के साथ बाँधता है।

अपूर्वकरण के प्रथम समय में जघन्य स्थितिकाण्डक पल्योपम के संख्यातवें भाग और उत्कृष्ट पृथक्त्व सागरोपम प्रमाण होता है। अनुभागकाण्डक अशुभ कर्मों के अनुभाग का अनन्त बहुभाग प्रमाण होता है। शुभ कर्मों के अनुभाग का घात नहीं होता। यहाँ प्रदेशाग्र की गुणश्रेणिनिर्जरा भी नहीं है। स्थितिबन्ध पल्योपम के संख्यातवें भाग से हीन होता है। इस क्रम से अपूर्वकरणकाल समाप्त होता है।

अनन्तर समय में प्रथम समयवर्ती संयतासंयत हो जाता है। तब वह अपूर्व-अपूर्व स्थितिकाण्डक, अनुभागकाण्डक और स्थितिबन्ध को प्रारम्भ करता है। आगे संयमासंयमलब्धिस्थानों में प्रतिपातस्थान, प्रतिपद्यमानस्थान और प्रतिपद्यमान-अप्रतिपातस्थानों का विचार किया गया है और उनके अल्पबहुत्व की प्ररूपणा की गयी है। इस प्रकार संयमासंयम को प्राप्त करनेवाले की विधि की धवला में विस्तार से चर्चा है (पु० ६, पृ० २६७-८०)।

सकलचारित्र की प्राप्ति का विधान—सकलचारित्र क्षायोपशमिक, औपशमिक और क्षायिक के भेद से तीन प्रकार का है। इनमें प्रथमतः क्षायोपशमिक चारित्र को प्राप्त करनेवाले की विधि की प्ररूपणा में धवलाकार ने कहा है कि जो प्रथम सम्यक्त्व और संयम दोनों को एक साथ प्राप्त करने के अभिमुख होता है वह तीनों ही करणों को करता है। परन्तु यदि मोहनीय की अट्ठाईस प्रकृतियों की सत्तावाला मिथ्यादृष्टि, असंयतसम्यग्दृष्टि अथवा संयतासंयत संयम की प्राप्ति के अभिमुख होता है तो वह अनिवृत्तिकरण के बिना दो ही करणों को करता है। आगे इसी सन्दर्भ में इन करणों में होनेवाले कार्य की प्ररूपणा संयमासंयम के अभिमुख होनेवाले के ही प्रायः समान की गयी है।

यहाँ संयमलब्धिस्थानों के प्रसंग में उनके ये तीन भेद निर्दिष्ट हैं—प्रतिपातस्थान, उत्पादस्थान और तद्व्यतिरिक्तस्थान। जिस स्थान में जीव मिथ्यात्व, असंयमसम्यक्त्व अथवा संयमासंयम को प्राप्त होता है वह प्रतिपातस्थान है। जिसमें वह संयम को प्राप्त करता है उसे उत्पादस्थान कहा जाता है। शेष सभी चारित्रस्थानों को तद्व्यतिरिक्त स्थान जानना चाहिए। आगे इन लब्धिस्थानों में अल्पबहुत्व भी दिखलाया है। इस प्रकार क्षायोपशमिक चारित्र प्राप्त करनेवाले की विधि की प्ररूपणा समाप्त हुई है।

औपशमिक चारित्र को प्राप्त करनेवाला वेदकसम्यग्दृष्टि पूर्व में ही अनन्तानुबन्धी की

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विसंयोजना करता है। उसके तीनों करण होते हैं। आगे इन करणों में होने और न होनेवाले कार्यों का विचार किया गया है। इस प्रकार अनन्तानुबन्धी की विसंयोजना करके जीव अन्तर्मुहूर्त अधःप्रवृत्त होता हुआ प्रमत्तगुणस्थान को प्राप्त होता है। वहाँ वह असातावेदनीय, अरति, शोक और अयशःकीर्ति आदि कर्मों को अन्तर्मुहूर्त बाँधकर तत्पश्चात् दर्शनमोहनीय को उपशमाता है। यहाँ भी तीनों करणों के करने का विधान है। यहाँ स्थितिघात, अनुभागघात और गुणश्रेणि की जाती है। इन सब की प्ररूपणा दर्शनमोहनीय की क्षपणा के समान है।

तत्पश्चात् अन्तर्मुहूर्त जाकर दर्शनमोहनीय का अन्तर करता है। फिर इस अन्तरकरण में होनेवाले कार्य का विचार किया गया है। इस प्रकार दर्शनमोहनीय का उपशम करके प्रमत्त व अप्रमत्त गुणस्थानों में असाता, अरति, शोक, अयशःकीर्ति आदि कर्मों के हजारों बार बन्ध-परावर्तनों को करता हुआ कषायों को उपशमाने के लिए अधःप्रवृत्तकरण परिणामों से परिणत होता है। यहाँ पूर्व के समान स्थितिघात, अनुभागघात और गुणसंक्रमण नहीं होते। संयमगुण-श्रेणि को छोड़कर अधःप्रवृत्तकरण परिणामनिमित्तक गुणश्रेणि भी नहीं होती। केवल प्रतिसमय अनन्तगुणी विशुद्धि से वृद्धिगत होता है।

आगे अपूर्वकरण के प्रथम समय में स्थितिकाण्डक आदि को जिस प्रमाण में प्रारम्भ करता है उसका विवेचन है। इस क्रम से अपूर्वकरण के सात भागों में से प्रथम भाग में निन्द्रा और प्रचला इन दो प्रकृतियों का बन्धव्युच्छेद हो जाता है। पश्चात् अन्तर्मुहूर्तकाल के बीतने पर उसके सात भागों में से पाँच भाग जाकर देवगति के साथ बन्धनेवाले परभविक देवगति व पंचेन्द्रिय जाति आदि नामकर्मों के बन्ध का व्युच्छेद होता है। तत्पश्चात् उसके अन्तिम समय में स्थिति-काण्डक, अनुभागकाण्डक और स्थितिबन्ध एक साथ समाप्त होते हैं। उसी समय हास्य, रति, भय और जुगुप्सा इन चार प्रकृतियों के बन्ध का व्युच्छेद होता है। हास्य, रति, अरति, शोक, भय और जुगुप्सा कर्मों के उदय का भी व्युच्छेद वहीं पर होता है।

अनन्तर वह प्रथम समयवर्ती अनिवृत्तिकरणवाला हो जाता है। उस समय उसके स्थिति-काण्डक आदि जिस प्रमाण में होते हैं उसे स्पष्ट करते हुए धवला में कहा है कि उसी अनि-वृत्तिकरणकाल के प्रथम समय में अप्रशस्त उपशामनाकरण, निधत्तिकरण और निकाचनाकरण व्युच्छेद को प्राप्त होते हैं। जिस कर्म को उदय में नहीं दिया जा सकता है उसे उपशान्त, जिसे संक्रम व उदय इन दो में नहीं दिया जा सकता है उसे निधत्त तथा जिसे अपकर्षण, उत्कर्षण, उदय और संक्रम इन चारों में भी नहीं दिया जा सकता है उसे निकाचित कहा जाता है।

उस समय आयु को छोड़, शेष कर्मों का स्थितिसत्त्व अन्तःकोड़ाकोड़ी प्रमाण और स्थिति-बन्ध अन्तःकोड़ाकोड़ी में लाखपृथक्त्व प्रमाण होता है। इस प्रकार से हजारों स्थितिकाण्डकों के बीतने पर अनिवृत्तिकरणकाल का संख्यात बहुभाग बीत जाता है। उस समय स्थितिबन्ध असंज्ञीपंचेन्द्रिय के स्थितिबन्ध के समान होता है। तत्पश्चात् वह क्रम से हीन होता हुआ चतु-रिन्द्रिय, त्रीन्द्रिय आदि के स्थितिबन्ध के समान होता जाता है। यहीं पर नाम, गोत्र आदि कर्मों का स्थितिबन्ध किस प्रकार हीन होता गया है, इसे भी स्पष्ट कर दिया गया है। आगे उसके अल्पबहुत्व को भी बतलाया गया है।

अल्पबहुत्व की इस विधि से संख्यात हजार स्थितिकाण्डकों के बीतने पर मनःपर्ययज्ञाना-वरणीय व दानान्तराय आदि कर्मप्रकृतियों का अनुभाग बन्ध से किस प्रकार देशघाती होता गया है, इसे दिखलाते हुए स्थितिबन्ध का अल्पबहुत्व भी निर्दिष्ट है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इस प्रकार देशघाती करने के पश्चात् संख्यात हजार स्थितिबन्धों के बीतने पर बारह कषायों और नौ नोकषायों के अन्तरकरण को करता है। अन्तरकरण की यह प्रक्रिया भी यहाँ वर्णित है। आगे बढ़ते हुए वह किस क्रम से किन-किन प्रकृतियों के उपशम आदि को करता है, धवला में इसकी विस्तार से चर्चा है।

इस क्रम से वह सूक्ष्मसाम्परायिक हो जाता है, तब उसके अन्तिम समय में ज्ञानावरण, दर्शनावरण और अन्तराय का बन्ध अन्तर्मुहूर्त मात्र, नाम और गोत्र कर्मों का सोलह मुहूर्त तथा वेदनीय का चौबीस मुहूर्तमात्र रह जाता है। अनन्तर समय में समस्त मोहनीय कर्म उपशम को प्राप्त हो जाता है।

यहाँ से वह अन्तर्मुहूर्तकाल तक उपशान्तकषाय वीतराग रहता है। समस्त उपशान्तकाल में अवस्थित परिणाम होता है। आगे किन कर्मप्रकृतियों का किस प्रकार का वेदन होता है, इसे स्पष्ट किया गया है। इस प्रकार से औपशमिक चारित्र के प्राप्त करने की विधि की प्ररूपणा समाप्त हुई है (पु० ६, २८८-३१६)।

उपशमश्रेणि से पतन

औपशमिक चारित्र मोक्ष का कारण नहीं है, क्योंकि वह अन्तर्मुहूर्त के पश्चात् नियम से मोह के उदय का कारण है। उपशान्तकषाय का प्रतिपात दो प्रकार से होता है—भवक्षय के निमित्त से और उपशान्तकषायकाल के समाप्त होने से। इनमें भवक्षय के निमित्त से उसका जो प्रतिपात होता है उसमें देवों में उत्पन्न होने के प्रथम समय में ही सब करण (उदीरणा आदि) प्रकट हो जाते हैं। जो कर्म उदीरणा को प्राप्त होते हैं वे उदयावलि में प्रविष्ट हो जाते हैं और जो उदीरणा को प्राप्त नहीं होते उनको भी अपकर्षित करके उदयावलि के बाहर गोपुच्छश्रेणि में निक्षिप्त किया जाता है।

उपशान्तकाल के क्षय से गिरता हुआ वह उपशान्तकषाय वीतराग लोभ में ही गिरता है, क्योंकि सूक्ष्मसाम्परायिक गुणस्थानों को छोड़कर अन्य किसी गुणस्थान में उसका जाना सम्भव नहीं। इस प्रकार क्रम से नीचे गिरते हुए उसके अनिवृत्तिकरण, अपूर्वकरण और अधःप्रवृत्तकरण में विभिन्न कर्मप्रकृतियों के स्थितिबन्ध आदि उत्तरोत्तर जिस प्रक्रिया से वृद्धिगत होते गये हैं धवला में उसकी विस्तार से प्ररूपणा की गयी है (पु० ६, पृ० ३१७-३१)।

इस प्रकार से गिरता हुआ वह अधःप्रवृत्तकरण के साथ उपशमसम्यक्त्व का पालन करता है। इस उपशम (द्वितीयोपशम) काल के भीतर वह असंयम को भी प्राप्त हो सकता है, संयमासंयम को भी प्राप्त हो सकता है और उसमें छह आवलीमात्र काल के शेष रह जाने पर वह कदाचित् सासादनगुणस्थान को भी प्राप्त हो सकता है। सासादन अवस्था को प्राप्त होकर यदि वह मरण को प्राप्त होता है तो नरकगति, तिर्यंचगति और मनुष्यगति में न जाकर नियम से देवगति में जाता है। यहाँ धवलाकार ने स्पष्ट किया है कि यह प्राभृत (कषायप्राभृत) चूर्णिसूत्र का अभिप्राय है। भूतबलि भगवान् के उपदेश के अनुसार उपशमश्रेणि से गिरता हुआ जीव सासादन अवस्था को प्राप्त नहीं होता है। तीन आयुकर्मों में किसी भी एक के बँध जाने पर वह कषाय का उपशम करने में समर्थ नहीं होता है इसलिए वह नरक, तिर्यंच और मनुष्यगति को प्राप्त नहीं होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सम्पूर्ण चारित्र की प्राप्ति

आगे दो (१,९-८, १५-१६) सूत्रों में कहा गया है कि सम्पूर्ण चारित्र को प्राप्त करनेवाला जीव ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय, मोहनीय और अन्तराय इन चार कर्मों की स्थिति को अन्तर्मुहूर्तमात्र, वेदनीय की बारह मुहूर्त, नाम व गोत्र इन दो कर्मों की आठ अन्तर्मुहूर्त और शेष कर्मों की भिन्न मुहूर्त प्रमाण स्थिति को स्थापित करता है।

इनकी व्याख्या करते हुए धवलाकार ने कहा है कि ये दोनों सूत्र देशामर्शक हैं, इसलिए इनके द्वारा सूचित अर्थ की प्ररूपणा करते हुए धवला में चारित्रमोह की क्षपणा में अधःप्रवृत्तकरणकाल, अपूर्वकरणकाल और अनिवृत्तिकरणकाल इन तीनों के होने का निर्देश है। इनमें से अधःप्रवृत्तकरण में वर्तमान जीव के स्थितिघात और अनुभागघात नहीं होता है। वह केवल उत्तरोत्तर अनन्तगुणी विशुद्धि से वृद्धिगत होता है।

आगे यहाँ अपूर्वकरण में होनेवाले स्थितिकाण्डक, अनुभागकाण्डक, गुणसंक्रम, गुणश्रेणि, स्थितिबन्ध और स्थितिसत्त्व आदि की विविधता का विवेचन है। इस प्रकार हजारों स्थितिबन्धों के द्वारा अपूर्वकरणकाल का संख्यातवाँ भाग बीत जाने पर निद्रा और प्रचला इन दो प्रकृतियों के बन्ध का व्युच्छेद हो जाता है। तत्पश्चात् हजारों स्थितिबन्धों के बीतने पर देवगति के साथ बँधनेवाले नाम कर्मों के बन्ध का व्युच्छेद होता है। अनन्तर हजारों स्थितिबन्धों के बीतने पर वह अपूर्वकरण के अन्तिम समय को प्राप्त होता है (धवला पु० ६, पृ० ३४२-४८)।

इसी प्रकार अनिवृत्तिकरण में प्रविष्ट होने पर वह जिस प्रकार से उत्तरोत्तर कर्मों के स्थितिबन्ध, स्थितिसत्त्व और अनुभागबन्ध को हीन करता है उस सब की प्ररूपणा यहाँ धवला में विस्तार से की गयी है। इस क्रम से अनिवृत्तिकरण के अन्त में संज्वलनलोभ का स्थितिबन्ध अन्तर्मुहूर्त, तीन घातिया कर्मों का दिन-रात के भीतर तथा नाम, गोत्र व वेदनीय का बन्ध वर्ष के भीतर रह जाता है। उस समय मोहनीय का स्थितिसत्त्व अन्तर्मुहूर्त, तीन घातिया कर्मों का संख्यात हजार वर्ष तथा नाम, गोत्र व वेदनीय का स्थितिसत्त्व असंख्यात वर्षप्रमाण होता है (धवला पु० ६, पृ० ३४८-४०३)।

पश्चात् धवला में सूक्ष्मसाम्परायिक गुणस्थान में प्रविष्ट होने पर वृष्टिकरण आदि क्रियाओं का प्रक्रियाबद्ध विचार किया गया है। इस प्रक्रिया से आगे बढ़ते हुए अन्तिम समयवर्ती सूक्ष्मसाम्परायिक के नाम व गोत्र कर्मों का स्थितिबन्ध आठ मुहूर्त, वेदनीय का बारह मुहूर्त और तीन घातिया कर्मों का स्थितिबन्ध अन्तर्मुहूर्तमात्र और उन तीनों का स्थितिसत्त्व भी अन्तर्मुहूर्त मात्र रहता है। नाम, गोत्र और वेदनीय का स्थितिसत्त्व असंख्यात वर्ष रहता है। मोहनीय का स्थितिसत्त्व वहाँ नष्ट हो जाता है (पु० ६, पृ० ४०३-११)।

अनन्तर समय में वह प्रथम समयवर्ती क्षीणकषाय हो जाता है। उसी समय वह स्थितिबन्ध और अनुभागबन्ध से रहित हो जाता है। इस प्रकार से वह एक समय अधिक आवलीमात्र छद्मस्थकाल के शेष रह जाने तक तीन घातिया कर्मों की उदीरणा करता है। पश्चात् उसके द्विचरम समय में निद्रा व प्रचला प्रकृतियों के सत्त्व व उदय का व्युच्छेद हो जाता है। उसके पश्चात् उसके ज्ञानावरण, दर्शनावरण और अन्तराय कर्मों के सत्त्व-उदय का व्युच्छेद होता है। तब वह अनन्त केवलज्ञान, केवलदर्शन और वीर्य से युक्त होकर जिन, केवली, सर्वज्ञ, सर्वदर्शी व सयोगिकेवली होता हुआ असंख्यातगुणित श्रेणि से निर्जरा में प्रवृत्त रहता है।

पश्चात् अन्तर्मुहूर्त आयु के शेष रह जाने पर वह केवलिसमुद्घात को करता है। उसमें

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सर्वप्रथम यहाँ धवलाकार ने 'संपहि गंथकत्तार परूवणं कस्सामो' कहकर ग्रन्थकर्ता की प्ररूपणा करने की सूचना दी है।

इस प्रसंग में यहाँ यह शंका की गयी है कि वचन के बिना अर्थ का व्याख्यान सम्भव नहीं, क्योंकि सूक्ष्म पदार्थों की प्ररूपणा संकेत से नहीं जा सकती है। अनक्षरात्मक ध्वनि द्वारा भी अर्थ का व्याख्यान घटित नहीं होता है, क्योंकि अनक्षरात्मक भाषा वाले तिर्यंचों को छोड़कर अन्य प्राणियों को उससे अर्थावबोध होना शक्य नहीं है। दूसरे दिव्यध्वनि अनक्षरात्मक ही हो, यह भी नहीं कहा जा सकता है, क्योंकि वह अठारह भाषाओं और सात सौ कुभाषाओंस्वरूप है। इसलिए जो अर्थकर्ता है वही ग्रन्थ का प्ररूपक है। अतः ग्रन्थकर्ता की प्ररूपणा अलग से करना उचित नहीं।

इसके समाधान में धवलाकार ने कहा है कि यह कोई दोष नहीं है। इसके कारण को स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा है कि जिसमें शब्दरचना तो संक्षिप्त होती है, पर जो अनन्त अर्थ के अवबोध के कारणभूत अनेक लिंगों से संयुक्त होता है उसका नाम बीजपद है। द्वादशांगात्मक अठारह भाषाओं और सात-सौ कुभाषाओं रूप उन अनेक बीजपदों का जो प्ररूपक होता है वह

---

१. आचारांग द्वि०श्रु० (भावना चूलिका) पृ० ८७७-८८

२. धवला पु० ९, पृ० १२१-२६

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अर्थकर्ता कहलाता है। और, जो उन बीजपदों में गर्भित अर्थ के प्ररूपक उन बारह अंगों की रचना करता है वह गणधर होता है, उसे ही ग्रन्थकर्ता माना गया है। तात्पर्य यह है कि बीज-पदों का व्याख्याता ग्रन्थकर्ता कहा जाता है। इस प्रकार अर्थकर्ता से पृथक् ग्रन्थकर्ता की प्ररूपणा करना उचित ही है (पु० ९, पृ० १२६-२७)।

दिव्यध्वनि

प्रसंग के अनुसार यहाँ तुलनात्मक दृष्टि से दिव्यध्वनि के विषय में कुछ विचार कर लेना उचित प्रतीत होता है।

आचार्य समन्तभद्र ने अर्हन्त जिनेन्द्र की दिव्यध्वनि की विशेषता को प्रकट करते हुए कहा है—

तव वागमृतं श्रीमत् सर्वभाषास्वभावकम्।
प्रीणयत्यमृतं यद्वत् प्राणिनो व्यापि संसदि ॥—स्वयम्भू० ९६

अर्थात् हे भगवन्! आपका वचनरूप अमृत (दिव्यवाणी) समस्त भाषारूप में परिणत होकर समवसरणसभा में व्याप्त होता हुआ प्राणियों को अमृतपान के समान प्रसन्न करता है।

इस प्रकार आचार्य समन्तभद्र ने अरहन्त की दिव्यवाणी को समस्त भाषा रूप कहा है।[1]

यह दिव्यवाणी इच्छा के बिना ही प्रादुर्भूत होती है, समन्तभद्राचार्य ने इसे भी स्पष्ट किया है—

काय-वाक्य-मनसां प्रवृत्तयो नाभवंस्तव मुनेश्चिकीर्षया।
नासमीक्ष्य भवतः प्रवृत्तयो धीर तावकमचिन्त्यमीहितम् ॥—स्वयम्भू० ७४
अनात्मार्थं विना रागैः शास्ता शास्ति सतो हितम्।
ध्वनन् शिल्पिकरस्पर्शान्मुरजः किमपेक्षते ॥—रत्नकरण्डश्रावकाचार, ८

तदनुसार समस्त भाषास्वरूप परिणत होनेवाली इस दिव्यध्वनि को अतिशयरूप ही समझना चाहिए, जिसे आ० समन्तभद्र ने **'धीर तावकमचिन्त्यमीहितम्'** शब्दों में व्यक्त भी कर दिया है।

तिलोयपण्णत्ती में तो, तीर्थंकरों के केवलज्ञान के उत्पन्न होने पर प्रकट होने वाले ग्यारह अतिशयों के अन्तर्गत ही उसका उल्लेख है। धवला की तरह तिलोयपण्णत्ती में भी यह स्पष्ट किया गया है कि संज्ञी जीवों की जो अक्षर-अनक्षरात्मक समस्त अठारह भाषाएँ और सात सौ क्षुद्र भाषाएँ हुआ करती हैं उनमें यह दिव्यवाणी तालु, दन्त, ओष्ठ और कण्ठ के व्यापार से रहित होकर प्रकृति से—इच्छा के बिना स्वभावतः—तीनों सन्ध्याकालों में नौ मुहूर्त निकलती है, शेष समयों में वह गणधरादि कुछ विशिष्ट जनों के प्रश्नानुरूप भी निकलती है।[2]

विशेषता यहाँ यह रही है कि धवला में जहाँ उन भाषाओं का उल्लेख अठारह **भाषाओं** और सात सौ **कुभाषाओं** के रूप में किया गया है वहाँ तिलोयपण्णत्ती में उनका उल्लेख अठारह

---

१. यही अभिप्राय भक्तामर-स्तोत्र में भी इस प्रकार व्यक्त किया गया है—
स्वर्गापवर्गगममार्गविमार्गणेष्टः सद्धर्मतत्त्वकथनैकपटुस्त्रिलोक्याः।
दिव्यध्वनिर्भवति ते विशदार्थ-सर्वभाषास्वभावपरिणामगुणप्रयोज्यः ॥—भक्तामर, ३५

२. ति० प० ४, ८९९-९०६ (इसके पूर्व गाथा १-७४ भी द्रष्टव्य है)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

महाभाषाओं और सात सौ क्षुद्रभाषाओं के रूप में किया गया है।

कल्याणमन्दिर-स्तोत्र (२१) में दिव्यवाणी को हृदयरूप समुद्र से उद्भूत अमृत[1] कहा गया है। इसे औपचारिक कथन समझना चाहिए, क्योंकि वह हृदय या अन्तःकरण की प्रेरणा से नहीं उत्पन्न होती।

स्वयं धवलाकार आ० वीरसेन ने 'कषायप्राभृत' की टीका जयधवला (पु० १, पृ० १२६) में दिव्यध्वनि की विशेषता को प्रकट करते हुए उसे समस्त भाषारूप, अक्षर-अनक्षरात्मक, अनन्त अर्थ से गर्भित बीजपदों से निर्मित, तीनों सन्ध्यायों में निरन्तर छह घड़ी तक प्रवृत्त रहने वाली तथा अन्य समयों में संशयादि को प्राप्त गणधर के प्रति स्वभावतः प्रवृत्त होनेवाली कहा है।

यह अभिप्राय प्रायः तिलोयपण्णत्ती के ही समान है। अन्तर मात्र यह है कि तिलोय-पण्णत्ती में जहाँ उसके प्रवर्तन का काल नौ घड़ी कहा गया है वहाँ जयधवला में उसके प्रवर्तने का यह काल छह घड़ी बतलाया है। इसी प्रकार तिलोयपण्णत्ती में गणधर के अतिरिक्त इन्द्र और चक्रवर्ती का भी उल्लेख है, जबकि जयधवला में एकमात्र गणधर का ही निर्देश किया गया है।

वर्धमानजिन के तीर्थ में ग्रन्थकर्ता

सामान्य से ग्रन्थकर्ता की प्ररूपणा में गणधर की अनेक विशेषताओं के उल्लेख[2] के बाद 'संपहि वड्ढमाणतित्थगंथकत्तारो वुच्चदे' सूचनापूर्वक धवला में यह गाथा कही गयी है—

पंचेव अत्थिकाया छज्जीवणिकाया महव्वयापंच।
अट्ठ य पवयणमादा सहेउओ बंध-मोक्खो य॥

इस गाथा को प्रस्तुत कर 'को होदि' सौधर्म इन्द्र के इस प्रश्न से जिसे सन्देह उत्पन्न हुआ है तथा जो पाँच-पाँच सौ शिष्यों से सहित अपने तीन भाईयों से वेष्टित रहा है वह गौतम गोत्रीय इन्द्रभूति ब्राह्मण जब इन्द्र के साथ समवसरण के भीतर प्रविष्ट हुआ तब वहाँ मानस्तम्भ के देखते ही उसका सारा अभिमान नष्ट हो गया। परिणामस्वरूप उसकी आत्मशुद्धि उत्तरोत्तर बढ़ती गयी जिससे असंख्यात भवों में उपार्जित उसका गुरुतर कर्म नष्ट हो गया। उसने तीन प्रदक्षिणा देते हुए जिनेन्द्र की वन्दना की और संयम को ग्रहण कर लिया। तब उसके विशुद्धि के बल से अन्तर्मुहूर्त में ही उसमें गणधर के समस्त लक्षण प्रकट हो गये। उसने जिन भगवान् के मुख से निकले हुए बीजपदों के रहस्य को जान लिया। इस प्रकार श्रावणमास के कृष्णपक्ष में युग के आदिभूत प्रतिपदा के दिन उसने आचारादि बारह अंगों और सामायिक-चतुर्विंशति आदि चौदह प्रकीर्णकों रूप अंगबाह्यों की रचना कर दी। इस भाँति इन्द्रभूति भट्टारक वर्धमान जिन के तीर्थ में ग्रन्थकर्ता हुए।[3]

---

१. पूर्वोक्त स्वयम्भूस्तोत्र (९६) में भी प्रकृत दिव्यवाणी को अमृतस्वरूप ही निर्दिष्ट किया गया है।

२. धवला पु० ९, पृ० १२७-२८

३. धवला पु० ९, पृ० १२९-३०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उत्तरोत्तरतन्त्रकर्ता

धवला में यहाँ उत्तरोत्तरतन्त्रकर्ता की प्ररूपणा करते हुए उस प्रसंग में जो श्रुतावतार की चर्चा की गयी है वह लगभग उसी प्रकार की है जिस प्रकार इसके पूर्व जीवस्थान-खण्ड के अवतार के प्रसंग में की जा चुकी है।[1]

विशेषता यहाँ मात्र इतनी है कि तीर्थंकर महावीर के मुक्त होने पर जो केवली, श्रुतकेवली और अंग-पूर्वधरों की परम्परा चलती आयी है उसकी प्ररूपणा के प्रसंग में यहाँ उनके काल का भी पृथक्-पृथक् उल्लेख है जो कुल मिलाकर ६८३ वर्ष होता है।[2]

शक नरेन्द्र का काल

उपर्युक्त ६८३ वर्षों में ७७ वर्ष व ७ मास (शक राजा का काल) के कम कर देने पर ६०५ वर्ष व ५ मास शेष रहते हैं। वीर जिनेन्द्र के निर्वाण को प्राप्त होने के दिन से यह शक राजा के काल का प्रारम्भ है।

इस विषय में यहाँ दो अन्य मतों का भी उल्लेख किया गया है। प्रथम मत के अनुसार वीर-निर्वाण के पश्चात् १४७९३ वर्षों के बीतने पर शक नृप उत्पन्न हुआ। दूसरे मत के अनुसार वह वीर-निर्वाण से ७९९५ वर्ष और ५ मास के बीतने पर उत्पन्न हुआ। उपर्युक्त तीनों मतों की पुष्टि वहाँ तीन गाथाओं को उद्धृत करते हुए की गयी है।

तिलोयपण्णत्ती में भी शक नृप की उत्पत्ति के विषय में विभिन्न मत पाये जाते हैं। यथा—

(१) वह वीरनिर्वाण के पश्चात् ४६१ वर्षों के बीतने पर उत्पन्न हुआ। (गा० ४-१४९७)

(२) वह वीरनिर्वाण के पश्चात् ९७८५ वर्ष और ५ मास के बीतने पर उत्पन्न हुआ। (गा० ४-१४९७)

(३) वह वीरनिर्वाण के पश्चात् १४७९३ वर्षों के बीतने पर उत्पन्न हुआ। (गा० ४-१४९८)

(४) वह वीरनिर्वाण के पश्चात् ६०५ वर्ष और ५ मास के बीतने पर उत्पन्न हुआ। (गा० ४-१४९९)

इनमें प्रथम मत धवला से सर्वथा भिन्न है। दूसरे मत के अनुसार धवला में निर्दिष्ट ७९९५ वर्षों की अपेक्षा यहाँ ९७८५ वर्ष हैं। शेष दो मत दोनों ग्रन्थों में समान हैं।

इन मतभेदों के विषय में धवलाकार ने इतना मात्र कहा है कि इन तीन में कोई एक होना चाहिए, तीनों उपदेश सत्य नहीं हो सकते, क्योंकि उनमें परस्पर विरोध है। इसलिए जानकर कहना चाहिए (पु० ९, पृ० १३१-३३)।

पूर्वश्रुत से सम्बन्ध

इस प्रकार कुछ प्रासंगिक चर्चा के पश्चात् प्रकृत की प्ररूपणा करते हुए धवला में कहा गया है कि लोहार्य के स्वर्गस्थ हो जाने पर आचारांगरूप सूर्य अस्त हो गया। भरत क्षेत्र में बारह अंगों के लुप्त हो जाने पर शेष आचार्य सब अंग-पूर्वों के एकदेशभूत पेज्जदोस और महा-

---

१. धवला पु० ९, पृ० १३४-२३१ तथा पु० १, पृ० ७२-१३०

२. धवला पु० ९, पृ० १३०-३१

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कम्मपयडिपाहुड आदि के धारक रह गये। इस प्रकार प्रमाणीभूत महर्षियों की परम्परारूप प्रणाली से आकर महाकर्मप्रकृतिप्राभृतरूप अमृत-जल का प्रवाह धरसेन भट्टारक को प्राप्त हुआ। उन्होंने भी सम्पूर्ण महाकर्मप्रकृतिप्राभृत को गिरिनगर की चन्द्रगुफा में भूतबलि और पुष्पदन्त को समर्पित कर दिया। भूतबलि भट्टारक ने श्रुतविच्छेद के भय से महाकर्मप्रकृतिप्राभृत का उपसंहार कर छह खण्ड किये। इस प्रकार प्रमाणीभूत आचार्यपरम्परा से आने के कारण प्रकृत षट्खण्डागम ग्रन्थ प्रत्यक्ष व अनुमान के विरोध से रहित है, अतः प्रमाण है।

आगे सूत्रकार ने प्रकृत ग्रन्थ का सम्बन्ध अंग-पूर्वश्रुत में किससे किस प्रकार रहा है, इसे स्पष्ट करते हुए कहा है कि अग्रायणीय पूर्वगत चौदह 'वस्तु' नामक अधिकारों में पाँचवाँ 'चयनलब्धि' नाम का अधिकार है। उसके अन्तर्गत बीस प्राभृतों में चौथा महाकर्मप्रकृतिप्राभृत है। उसमें ये चौबीस अनुयोगद्वार हैं—(१) कृति, (२) वेदना, (३) स्पर्श, (४) कर्म, (५) प्रकृति, (६) बन्धन, (७) निबन्धन, (८) प्रक्रम, (९) उपक्रम, (१०) उदय, (११) मोक्ष, (१२) संक्रम (१३) लेश्या, (१४) लेश्याकर्म, (१५) लेश्यापरिणाम, (१६) सात-असात, (१७) दीर्घ-ह्रस्व, (१८) भवधारणीय, (१९) पुद्गलात्त, (२०) निधत्त-अनिधत्त, (२१) निकाचित-अनिकाचित, (२२) कर्मस्थिति, (२३) पश्चिमस्कन्ध और (२४) अल्पबहुत्व।—सूत्र ४५ (पु० ९)

ग्रन्थावतार

इस सूत्र की व्याख्या में धवलाकार ने कहा है कि सब ग्रन्थों का अवतार उपक्रम, निक्षेप, अनुगम और नय के भेद से चार प्रकार का होता है। इन सबकी यथाक्रम से प्ररूपणा यहाँ उसी प्रकार है, जिस प्रकार इसके पूर्व जीवस्थान के अवतार के प्रसंग में की जा चुकी है।[1] विशेषता यहाँ यह रही है कि उपक्रम के आनुपूर्वी, नाम, प्रमाण, वक्तव्यता और अर्थाधिकार इन पाँच भेदों में जो तीसरा भेद प्रमाण है उसके यहाँ नामप्रमाण, स्थापनाप्रमाण, द्रव्यप्रमाण, क्षेत्रप्रमाण, कालप्रमाण और भावप्रमाण ये छह भेद निर्दिष्ट किये गये हैं, जबकि जीवस्थान के प्रसंग में प्रथमतः वहाँ ये पाँच भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—द्रव्यप्रमाण, क्षेत्रप्रमाण, कालप्रमाण, भावप्रमाण और नयप्रमाण। वैसे वहाँ भी विकल्प रूप में उपर्युक्त छह भेदों का निर्देश है।[2]

प्रसंगवश जीवस्थान में यह शंका भी उठायी गयी है कि नयों के प्रमाणरूपता कैसे सम्भव है। धवलाकार ने इसके उत्तर में कहा है कि नय चूँकि प्रमाण के कार्य हैं, इसलिए उनके उपचार से प्रमाण होने में कोई विरोध नहीं है।

अवतार के तीसरे भेदभूत अनुगम का स्वरूप स्पष्ट करते हुए धवला में कहा गया है कि जहाँ या जिसके द्वारा वक्तव्य—वर्णनीय विषय—की प्ररूपणा की जाती है उसका नाम अनुगम है। **जम्हि जेण वा वत्तव्वं परूविज्जदि सो अणुगमो।** इस लक्षण के अनुसार उससे अधिकार नामक अनुयोगद्वारों के अन्तर्गत अवान्तर अधिकारों को ग्रहण किया गया है। जैसे—'वेदना' अधिकार के अन्तर्गत पदमीमांसा आदि।[3]

आगे विकल्प के रूप में यह भी कहा गया है—**अथवा अनुगम्यन्ते जीवादयः पदार्थाः**

---

१. धवला पु० १, पृ० ७२-१३० और पु० ९, पृ० १३४-२३१

२. धवला पु० १, पृ० ८०-८२ व पु० ९, पृ० १३८-४०

३. पु० १०, पृ० १८, सूत्र १ तथा पु० ११, पृ० १, सूत्र १-२ व ७३-७५

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अनेनेत्यनुगमः । अर्थात् जिसके द्वारा जीवादिक पदार्थ जाने जाते हैं उसका नाम अनुगम है। इस निरुक्ति के अनुसार 'अनुगम' से प्रमाण विवक्षित रहा है। इस 'प्रमाण' से भी यहाँ निर्बाध संशय, विपर्यय व अनध्यवसाय से रहित—बोध से युक्त आत्मा का अभिप्राय रहा है।

यहाँ यह शंका उत्पन्न हुई कि ज्ञान को ही प्रमाण क्यों नहीं स्वीकार किया जाता है। उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि **'जानाति परिछिनत्ति जीवादिपदार्थानिति ज्ञानम् आत्मा'** इस निरुक्ति के अनुसार ज्ञानस्वरूप आत्मा को ही प्रमाण माना गया है। स्थिति से रहित उत्पाद-व्ययस्वरूप ज्ञानपर्याय को प्रमाण नहीं माना जा सकता है। कारण यह है कि उत्पाद, व्यय और स्थिति इन तीन लक्षणों के अभाव में उसमें अवस्तुरूपता है, अतः उसमें परिच्छेदनरूप अर्थक्रिया सम्भव नहीं है। इसके अतिरिक्त स्थिति के बिना स्मृति-प्रत्यभिज्ञानादि के अभाव का भी प्रसंग प्राप्त होता है (पु० ९, पृ० १४१-४२)।

प्रमाण के प्रसंग में यहाँ उसके मूल में प्रत्यक्ष और परोक्ष इन भेदों का निर्देश है। इनमें प्रत्यक्ष दो प्रकार का है—सकलप्रत्यक्ष और विकलप्रत्यक्ष। इनमें केवलज्ञान को सकलप्रत्यक्ष और अवधि व मनःपर्ययज्ञान को विकलप्रत्यक्ष कहा गया है (पृ० १४२-४३)।

इस प्रकार संक्षेप में प्रत्यक्ष प्रमाण का स्वरूप दिखलाकर परोक्ष के भेदभूत मति और श्रुत इन दो ज्ञानों की विस्तार से प्ररूपणा की गयी है।

तीसरे विकल्प के रूप में पूर्वोक्त अनुगम का स्वरूप प्रकट करते हुए धवला में यह भी कहा गया है **'अथवा अनुगम्यन्ते परिच्छिद्यन्ते इत्यनुगमाः षड्द्रव्याणि'**। इस निरुक्ति के अनुसार, जो जाने जाते हैं उन ज्ञान के विषयभूत छह द्रव्य अनुगम कहे जाते हैं (पु० ९, पृ० १६२)।

नयविवरण

पूर्वनिर्दिष्ट ग्रन्थावतार के इन चार भेदों में उपक्रम, निक्षेप और अनुगम इन तीन भेदों की प्ररूपणा करके तत्पश्चात् उनके चौथे भेदभूत नय की प्ररूपणा भी धवला में विस्तार से हुई है (पु० ९, पृ० १६२-८३)।

यहाँ प्रारम्भ में लघीयस्त्रय की **'नयो ज्ञातुरभिप्रायः युक्तितोऽर्थपरिग्रहः'** इस कारिका (५२) को लक्ष्य में रखकर तदनुसार धवलाकार ने ज्ञाता के अभिप्राय को नय कहा है। आगे इसे स्पष्ट करते हुए उन्होंने उक्त कारिका के अन्तर्गत **'युक्तितोऽर्थपरिग्रहः'** इस अंश को लेकर उसमें 'युक्ति' का अर्थ प्रमाण करके 'अर्थ' से उन्होंने परिपूर्ण वस्तु के अंशभूत द्रव्य और पर्याय में से विवक्षा के अनुसार किसी एक को ग्रहण किया है। तदनुसार, वक्ता के अभिप्राय के अनुसार प्रमाण की विषयभूत द्रव्य-पर्यायस्वरूप वस्तु के इन दोनों अंशों में से जो एक को प्रमुखता से ग्रहण किया जाता है उसे नय कहते हैं।

इसी प्रसंग में धवलाकार ने यह कहा है कि कितने ही विद्वान् प्रमाण को ही नय कहते हैं। पर उनका ऐसा कहना घटित नहीं होता, क्योंकि वैसा होने पर नयों के अभाव का प्रसंग प्राप्त होता है। और नयों का अभाव होना सम्भव नहीं है, अन्यथा लोक में एकान्त का जो समस्त व्यवहार देखा जाता है वह लुप्त हो जाएगा।

दूसरे, प्रमाण को नय इसलिए भी नहीं कहा जा सकता है कि उसका विषय अनेकात्मक वस्तु है, जबकि नय का विषय एकान्त है। इसी विषयभेद के कारण नय को प्रमाण नहीं कहा जा सकता है। इसके अतिरिक्त प्रमाण केवल विधि को ही विषय नहीं करता है, क्योंकि

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अन्यव्यावृत्ति (प्रतिषेध) के बिना उसकी प्रवृत्ति में संकरता का प्रसंग अनिवार्य होगा। दूसरे, उस परिस्थिति में वस्तु का जानना न जानने के समान ही रहनेवाला है। वह प्रतिषेध को ही विषय करे, यह भी सम्भव नहीं है, क्योंकि विधि को जाने बिना 'यह इससे भिन्न है' इसका जानना शक्य नहीं है। और विधि व प्रतिषेध भिन्न रूप में दोनों ही प्रतिभासित हों, यह भी सम्भव नहीं है, क्योंकि उस स्थिति में दोनों के विषय में पृथक्-पृथक् उद्भावित दोषों का प्रसंग प्राप्त होनेवाला है। इससे सिद्ध है कि प्रमाण का विषय विधि-प्रतिषेधात्मक वस्तु है। इसलिए न तो प्रमाण को नय कहा जा सकता है और न नय को भी प्रमाण कहा जा सकता है।

आगे धवलाकार ने 'प्रमाण-नयैरधिगमः' इस तत्त्वार्थसूत्र (१-६) के साथ अपने अभिमत का समर्थन करते हुए कहा है कि हमारा यह व्याख्यान उस सूत्र के साथ भी विरोध को प्राप्त नहीं होता है। कारण यह है कि प्रमाण और नय से जो वाक्य उत्पन्न होते हैं वे उपचार से प्रमाण और नय हैं। और उनसे जो दो प्रकार का ज्ञान उत्पन्न होता है वह भी यद्यपि विधि-प्रतिषेधात्मक वस्तु को विषय करने के कारण प्रमाणरूपता को प्राप्त है, फिर भी कार्य में कारण के उपचार से उसे भी सूत्र में प्रमाण और नय रूप में ग्रहण किया गया है। नय वाक्य से उत्पन्न होनेवाला बोध प्रमाण ही है, वह नय नहीं है; इसके ज्ञापनार्थ सूत्र में 'उन दोनों से वस्तु का अधिगम होता है' ऐसा कहा जाता है।

विकल्प के रूप में धवला में यह भी कहा गया है—अथवा जिसने बोध को प्रधान किया है उस पुरुष को प्रमाण और जिसने उस बोध को प्रधान नहीं किया है उस पुरुष को नय जानना चाहिए। अधिगम वस्तु का ही किया जाता है अवस्तु नहीं, यह स्वीकार करना चाहिए; अन्यथा प्रमाण के भीतर प्रविष्ट हो जाने से नय के अभाव का प्रसंग प्राप्त होता है (पु० ९, पृ० १६२-६४)।

इस प्रकार नय के प्रसंग में विविध प्रकार से उसके स्वरूप का निरूपण कर धवलाकार ने उसके द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक इन दो मूल भेदों के साथ तत्त्वार्थसूत्र में निर्दिष्ट नैगमादि सात नयों के विषय में दार्शनिक दृष्टि से पर्याप्त विचार किया है।[1]

नय की विस्तार से प्ररूपणा के पश्चात् धवलाकार ने इस देशामर्शक सूत्र (४,१,४५) के द्वारा कर्मप्रकृतिप्राभृत के इन उपक्रमादि चारों अवतारों की प्ररूपणा की है यथा—

सूत्र में "अग्रायणीय पूर्व के अन्तर्गत पाँचवें 'वस्तु' अधिकार के चौथे प्राभृत का नाम कर्म-प्रकृति है। उसमें चौबीस अनुयोगद्वार ज्ञातव्य हैं" ऐसा जो कहा गया है उसके द्वारा पाँच प्रकार के उपक्रम की प्ररूपणा है। यह उपक्रम शेष तीन अवतारों का उपलक्षण है, इसलिए उनकी भी प्ररूपणा यहाँ देखना चाहिए, क्योंकि वह उन तीन का अविनाभावी है। यह अग्रायणीयपूर्व ज्ञान, श्रुत, अंग, दृष्टिवाद, पूर्व और पूर्वोक्त कर्मप्रकृति के भेद से छह प्रकार का है। कारण यह कि वे छहों पूर्व-पूर्व के अन्तर्गत हैं, इसलिए यहाँ शिष्यों की बुद्धि को विकसित करने के लिए उन छहों के विषय में पृथक्-पृथक् चार प्रकार के अवतार की प्ररूपणा की जाती है। तदनुसार यहाँ आगे धवला में ज्ञानादि छह के विषय में यथाक्रम से उक्त चार प्रकार के अवतार की प्ररूपणा हुई है (पु० ९, पृ० १८४-२३१)।

---

१. नय के विविध लक्षणों की जानकारी के लिए 'जैन लक्षणवली' भा० ३, प्रस्तावना पृ० ११-१४ में 'नय' के प्रसंग को देखना चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तत्पश्चात् इन कृति-वेदनादि चौबीस अनुयोगद्वारों में प्ररूपित विषय का संक्षेप में विन्यास कराया है।

कृतिविषयक प्ररूपणा

आगे कृति के नामकृति, स्थापनाकृति, द्रव्यकृति, गणनकृति, ग्रन्थकृति, करणकृति और भावकृति इन सात भेदों में से आगमद्रव्यकृति के प्रसंग में सूत्रकार द्वारा उसके इन नौ अर्थाधिकारों का निर्देश है—स्थित, जित, परिजित, वाचनोपगत, सूत्रसम, अर्थसम, ग्रन्थसम, नामसम और घोषसम (सूत्र ५४)।

इन सब का स्वरूप स्पष्ट करते हुए धवलाकार ने वाचनोपगत अर्थाधिकार के प्रसंग में वाचना के इन चार भेदों का निर्देश किया है—नन्दा, भद्रा, जया और सौम्या। जिस व्याख्या में अन्य दर्शनों को पूर्वपक्ष में करके, उनका निराकरण करते हुए अपना पक्ष स्थापित किया जाता है उसका नाम नन्दा-वाचना है। युक्तियों द्वारा समाधान करके पूर्वापरविरोध का परिहार करते हुए सिद्धान्त के अन्तर्गत समस्त विषयों की व्याख्या का नाम भद्रा-वाचना है। पूर्वापर विरोध का परिहार न करके सिद्धान्तगत अर्थों का कथन करना जया-वाचना कहलाती है। कहीं-कहीं पर स्खलित होते हुए जो व्याख्या की जाती है उसे सौम्या-वाचना कहते हैं (पु० ९, पृ० २५१-५२)।

स्वाध्यायविधि

इस प्रकार इन चार वाचनाओं का स्वरूप दिखलाकर धवला में आगे कहा गया है कि जो तत्त्व का व्याख्यान करते हैं अथवा उसे सुनते हैं उनको द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव की शुद्धिपूर्वक ही व्याख्यान करना व पढ़ना चाहिए।

शरीर में ज्वर, कुक्षिरोग, शिरोरोग, दुःस्वप्न, रुधिर, मल, मूत्र, लेप, अतीसार, पीव आदि का न रहना द्रव्यशुद्धि है। जिस स्थान में व्याख्याता अवस्थित है उस स्थान से अट्ठाईस (७×४) हजार आयत चारों दिशाओं में मल, मूत्र, हड्डी, बाल, नाखून, चमड़ा आदि का न रहना; इसका नाम क्षेत्रशुद्धि है। स्वाध्याय के समय बिजली, इन्द्रधनुष, चन्द्र-सूर्य-ग्रहण, अकालवृष्टि, मेघगर्जन, मेघाच्छादित आकाश, दिशादाह, कुहरा, संन्यास, महोपवास, नन्दीश्वरजिनमहिमा इत्यादि के न होने पर कालशुद्धि होती है।

कालशुद्धि के प्रसंग में उसके विधान की प्ररूपणा करते हुए धवलाकार ने कहा है कि पश्चिमरात्रि के स्वाध्याय को समाप्त करके बाहर निकले व प्रासुक भूमिप्रदेश में कायोत्सर्ग से पूर्वाभिमुख स्थित होकर नौ गाथाओं के परिवर्तनकाल से पूर्वदिशा को शुद्ध करे। पश्चात् प्रदक्षिणक्रम से पलटकर इतने ही काल से दक्षिण, पश्चिम और उत्तर दिशा को शुद्ध करने पर छत्तीस (९×४) गाथाओं के उच्चारणकाल से अथवा एक सौ आठ उच्छ्वासकाल से कालशुद्धि पूर्ण होती है। अपराह्न में भी इसी प्रकार से कालशुद्धि करना चाहिए। विशेष इतना है कि इसमें काल का प्रमाण सात-सात गाथाएँ हैं। इस प्रकार सब गाथाओं का प्रमाण अट्ठाईस (७×४) अथवा चौरासी उच्छ्वास होता है। सूर्य के अस्तंगत होने के पूर्व क्षेत्रशुद्धि करके, उसके अस्तंगत हो जाने पर कालशुद्धि पूर्व के समान करना चाहिए। विशेष इतना है कि यहाँ काल बीस (५×४) गाथाओं के उच्चारण अथवा साठ उच्छ्वास मात्र रहता है। अपररात्रि

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

में वाचना निषिद्ध है, क्योंकि उस समय क्षेत्रशुद्धि करने का उपाय नहीं रहता।

अवधिज्ञानी व मनःपर्ययज्ञानी, समस्त अंगश्रुत के धारक, आकाशस्थित चारण और मेरु व कुलाचल के मध्य में स्थित चारण; इनके लिए अपररात्रिवाचना निषिद्ध नहीं है, क्योंकि ये क्षेत्रशुद्धि से निरपेक्ष होते हैं।

जो राग, द्वेष, अहंकार व आर्त-रौद्रध्यान से रहित होकर पाँच महाव्रतों से सहित, तीन गुप्तियों से सुरक्षित तथा ज्ञान, दर्शन व चारित्र आदि आचार से वृद्धिगत होता है उस भिक्षु के भावशुद्धि हुआ करती है।

इस प्रसंग में धवलाकार ने 'अत्रोपयोगिश्लोकाः' इस सूचना के साथ २५ श्लोकों को उद्धृत किया है। इन श्लोकों में कब स्वाध्याय नहीं करना चाहिए, क्षेत्रशुद्धि कहाँ-किस प्रकार करना चाहिए, अष्टमी व पौर्णमासी आदि के दिन अध्ययन करने से गुरु-शिष्य को क्या हानि उठानी पड़ती है, किस परिस्थिति में स्वाध्याय समाप्त करना चाहिए, तथा वाचना समाप्त अथवा प्रारम्भ करते समय कब कितनी पादछाया रहना चाहिए; इत्यादि का विशद विवेचन है (धवला पु० ९, पृ० २५३-५९)।

मूलाचार में भी आठ प्रकार के ज्ञानाचार के प्रसंग में कालाचार की प्ररूपणा करते हुए स्वाध्याय कब करना चाहिए, स्वाध्याय को प्रारम्भ व समाप्त करते समय पूर्वाह्न व अपराह्न में कितनी जंघच्छाया रहना चाहिए, आषाढ़ व पौष मास में किस प्रकार से उस छाया में हानि-वृद्धि होती है, स्वाध्याय के समय दिग्विभाग की शुद्धि के लिए पूर्वाह्न, अपराह्न व प्रदोषकाल में कितनी गाथाओं का परिमाण रहता है, स्वाध्याय के समय दिशादाह आदि किन दोषों को छोड़ना चाहिए तथा द्रव्य, क्षेत्र व भाव की शुद्धि किस प्रकार की जाती है, इत्यादि को स्पष्ट किया गया है। अन्त में वहाँ सूत्र के लक्षण का निर्देश कर अस्वाध्याय काल में संयत व स्त्रीवर्ग को गणधरादि कथित सूत्र के पढ़ने का निषेध किया गया है, सूत्र को छोड़ आराधनानिर्युक्ति आदि अन्य ग्रन्थों के अस्वाध्यायकाल में भी पढ़ने को उचित ठहराया गया है।[1]

इस प्रकार उपर्युक्त स्थित-जितादि नौ अर्थाधिकारों का विवेचन समाप्त कर धवला में यह सूचना कर दी गयी है कि ऊपर आगम के जिन नौ अर्थाधिकारों का प्ररूपण है उनके अर्थ को प्रसंगप्राप्त इस 'कृति' में योजित कर लेना चाहिए (पु० ९, पृ० २६१-६२)।

गणनकृति

सूत्रकार ने गणनकृति अनेक प्रकार की बतलाते हुए एक(१) को नोकृति, दो(२) को कृति व नोकृति के रूप में अवक्तव्य और तीन को आदि लेकर (३,४,५ आदि) संख्यात, असंख्यात व अनन्त को कृति कहा है तथा इस सबको गणनकृति कहा है (सूत्र ६६)।

इसकी व्याख्या में, धवला में कहा गया है कि 'एक' यह नोकृति है। इसे 'नोकृति' कहने का कारण यह है कि जिस राशि का वर्ग करने पर यह वृद्धि को प्राप्त होती है तथा अपने वर्ग में से वर्गमूल कम करके वर्ग करने पर वृद्धि को प्राप्त होती है उसे 'कृति' कहा जाता है। पर एक का वर्ग करने पर उसमें वृद्धि नहीं होती तथा मूल के कम कर देने पर वह निर्मूल नष्ट हो जाती है, इसीलिए सूत्र में उसे 'नोकृति' कहा गया है। इस 'एक' संख्या को

१. मूलाचार गाथा ५७३-८२

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यहाँ गणना का प्रकार दिखाया गया है। 'दो' का वर्ग करने पर उसमें वृद्धि देखी जाती है, इसलिए उसे 'नोकृति' तो नहीं कहा जा सकता, किन्तु उसमें से वर्गमूल के घटाने पर वह वृद्धि को नहीं प्राप्त होती, वही राशि रहती है (२×२=४, ४—२=२)। इसलिए 'दो' को 'कृति' भी नहीं कहा जा सकता है। इसी कारण सूत्र में उसे 'अवक्तव्य' कहा गया है। यह गणना की दूसरी जाति है। आगे की तीन-चार आदि अनन्त पर्यन्त संख्याओं का वर्ग करने पर उनमें वृद्धि होती है तथा उनमें से वर्गमूल के घटाने पर भी वे वृद्धि को प्राप्त होती हैं (३×३×३; ९—३=६ इत्यादि)। इसी से उन्हें सूत्र में 'कृति' कहा गया है। यह तीसरा गणना-कृति का विधान है। इसे स्पष्ट करते हुए आगे धवला में कहा गया है कि एक, एक, एक इस प्रकार से गणना करने पर नोकृतिगणना; दो, दो, दो के क्रम से गणना करने पर अवक्तव्य गणना और तीन, चार, पाँच आदि के क्रम से गणना करने पर कृतिगणना होती है।

प्रकारान्तर से यह भी कहा गया है—अथवा कृतिगत संख्यात, असंख्यात और अनन्त भेदों से वह अनेक प्रकार की है। उनमें एक को आदि लेकर उत्तरोत्तर एक-एक अधिक के क्रम से वृद्धि को प्राप्त होनेवाली राशि नोकृतिसंकलना कहलाती है। दो को आदि लेकर उत्तरोत्तर दो-दो (२,४,६,८ आदि) के अधिक्रम से वृद्धिगत राशि को अवक्तव्यसंकलना कहा जाता है। तीन-चार आदि संख्याओं में किसी एक को आदि करके उन्हीं में उत्तरोत्तर क्रम से वृद्धि को प्राप्त होनेवाली राशि को कृतिसंकलना कहते हैं। इनमें किन्हीं दो के संयोग से अन्य छह संकलनाओं को उत्पन्न करना चाहिए। इस प्रकार से ऋणगणना नौ (३+६) प्रकार की हो जाती है।[1]

गणितभेद – धन, ऋण और धन-ऋण

आगे धवलाकार कहते हैं कि यह सूत्र (४,२,१,६६) चूंकि देशामर्शक है, इसलिए यहाँ धन, ऋण और धन-ऋण गणित सबकी प्ररूपणा का औचित्य सिद्ध करते हुए उन्होंने कहा है कि संकलना, वर्ग, वर्गावर्ग, घन, घनाघन इन राशियों की उत्पत्ति के निमित्तभूत गुणकार और कलासवर्ण तक भेदप्रकीर्णक जातियाँ तथा त्रैराशिक, पंचराशिक इत्यादि सब धनगणित के अन्तर्गत आते हैं। व्युत्कलना, भागहार और क्षयक तथा कलासवर्ण आदि सूत्र से प्रतिबद्ध संख्याएँ—ये सब ऋणगणित माने जाते हैं। गतिनिवृत्तिगणित[2] और कुट्टाकारगणित धन-ऋण गणित हैं। इस प्रकार धवलाकार ने यहाँ उक्त तीन प्रकार के गणित की प्ररूपणा करने की प्रेरणा की है।

गणितसारसंग्रह में 'कलासवर्ण' के अन्तर्गत ये छह जातियाँ निर्दिष्ट की गयी हैं—भाग, प्रभाग, भागभाग, भागानुबन्ध, भागापवाह और भागमात्र (ग०सा० २-५४)।

अथवा 'कृति' को उपलक्षण करके यहाँ गणना, संख्यात और कृति का लक्षण कहना चाहिए—प्रकारान्तर से ऐसा कहकर धवलाकार ने क्रम से उनके लक्षण में कहा है कि एक को आदि करके उत्कृष्ट अनन्त तक गणना कहलाती है। दो को आदि करके उत्कृष्ट अनन्त तक की

---

१. धवला पु० ९, पृ० २७०-७५

२. गतिनिवृत्ती सूत्रम्—निज-निजकालोद्धृतयोर्गमन-निवृत्योर्विशेषाज्जातम्। दिनशुद्धगति न्यस्य त्रैराशिकविधिं कुर्यात्॥ ग०सार ४-२३ (कुट्टाकारगणित के लिए गणितसंग्रह में श्लोक ५, ७९-२०८ अथवा लीलावती में २, ६५-७७ श्लोकों को देखा जा सकता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गणना को संख्यात या संख्येय कहा जाता है। तीन को आदि करके उत्कृष्ट अनन्त तक की गणना का नाम कृति है। आगे 'वुत्तं च' कहकर इसकी पुष्टि इस गाथा द्वारा की है—

एयादीया गणना वो आदीया वि जाण संखे त्ति।
तीयादीणं णियमा कदि त्ति सण्णा दु बोद्धव्वा[1] ॥

तत्पश्चात् 'यहाँ कृति, नोकृति और अवक्तव्यकृति के उदाहरणों के लिए यह प्ररूपणा की जाती है' ऐसी सूचना कर उन तीन की प्ररूपणा में ओघानुगम, प्रथमानुगम, चरमानुगम और संचयानुगम इन चार अनुयोगद्वारों का निर्देश किया गया है। तदनुसार उनमें पहले तीन अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा उनके अवान्तर अनुयोगद्वारों के साथ संक्षेप में कर दी गयी है (पु० ९, पृ० २७७-८०)।

'संचयानुगम' अनुयोगद्वार की प्ररूपणा में सत्प्ररूपणादि आठ अनुयोगद्वारों का उल्लेख कर तदनुसार ही उनके आश्रय से क्रम से उपर्युक्त कृति, नोकृति और अवक्तव्यकृति इन तीनों कृतियों की धवला में विस्तार से प्ररूपणा है। जैसे—

सत्प्ररूपणा की अपेक्षा नरकगति में नारकी कृति, नोकृति और अवक्तव्य संचित हैं। आगे अन्य समस्त नारकियों और एकेन्द्रियादि तिर्यंचों तथा यथासम्भव कुछ अन्य मार्गणाओं में भी इसी प्रकार से सत्प्ररूपणा करने की सूचना है। आहारद्विक व वैक्रियिकमिश्र आदि कुछ विशिष्ट मार्गणाओं में कृतिसंचितादि कदाचित् होते हैं और कदाचित् वे नहीं भी होते हैं। जिन मार्गणाओं में उनकी प्ररूपणा नहीं की गयी है उनके विषय में धवलाकार ने यह कह दिया है कि शेष मार्गणाओं में कृति संचित नहीं हैं, क्योंकि उनमें नोकृति और अवक्तव्य कृतियों से प्रवेश सम्भव नहीं है। इस प्रकार से सत्प्ररूपणा समाप्त की गयी है।

आगे धवला में यथाक्रम से अन्य द्रव्यप्रमाणानुगम आदि सात अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा है।

ग्रन्थकृति

ग्रन्थकृति के स्वरूप-निर्देश के साथ सूत्र (४,१,६७) में कहा गया है कि लोक, वेद और समय विषयक जो शब्दप्रबन्धरूप तथा अक्षरकाव्यादिकों की जो ग्रन्थरचना—अक्षरकाव्यों द्वारा प्रतिपाद्य अर्थ का विषय करने वाली ग्रन्थरचना—की जाती है उस सबका नाम ग्रन्थकृति है।

यह पूर्व में स्पष्ट किया जा चुका है कि धवलाकार प्रसंगप्राप्त विषय का व्याख्यान निक्षेपार्थ पूर्वक करते हैं। तदनुसार उन्होंने यहाँ ग्रन्थकृति नाम, स्थापना, द्रव्य और भाव ग्रन्थकृति के भेद से चार प्रकार की कही है। इस प्रसंग में उन्होंने नोआगमभावग्रन्थकृति को नोआगमभावश्रुतग्रन्थकृति और नोआगमनोभावश्रुतकृति के भेद से दो प्रकार का निर्दिष्ट किया है। यहाँ उन्होंने श्रुत के ये तीन भेद निर्दिष्ट किये हैं—लौकिक, वैदिक और सामायिक। इनमें प्रत्येक द्रव्य और भाव के भेद से दो प्रकार का बतलाया है। तदनुसार हाथी, घोड़ा, तंत्र, कौटिल्य और वात्स्यायन आदि विषयक बोध को लौकिकभावश्रुत कहा जाता है। द्वादशांग विषयक बोध का नाम वैदिकभावश्रुतग्रन्थ है। नैयायिक, वैशेषिक, लोकायत, सांख्य, मीसांसक, बौद्ध आदि

---

१. यह गाथा यद्यपि त्रिलोकसार में गाथांक १६ में उपलब्ध है, पर वह निश्चित ही धवला से पश्चात्कालवर्ती है। सम्भवतः वह धवला से ही वहाँ ग्रन्थ का अंग बनायी गयी है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दर्शनविषयक बोध सामायिकभावश्रुत ग्रन्थ कहलाता है। इनकी शब्दप्रबन्धरूप और अक्षरकाव्यों के द्वारा प्रतिपाद्य विषय से सम्बद्ध जो ग्रन्थरचना की जाती है उसका नाम श्रुतग्रन्थकृति है।

नोश्रुतग्रन्थकृति अभ्यन्तर और बाह्य के भेद से दो प्रकार की है। इनमें अभ्यन्तर नोश्रुत-ग्रन्थकृति मिथ्यात्व, तीन वेद, हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, क्रोध, मान, माया और लोभ के भेद से चौदह प्रकार की तथा बाह्य नोश्रुतग्रन्थकृति क्षेत्र, वास्तु, धन, धान्य, द्विपद, चतुष्पद, यान, शयन, आसन और भाण्ड के भेद से दस प्रकार की है।

यहाँ यह शंका उत्पन्न हुई है कि क्षेत्र-वास्तु आदि को भावग्रन्थ कैसे कहा जा सकता है। उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि कारण में कार्य के उपचार से उन्हें भावग्रन्थ कहा जाता है। इसे स्पष्ट करते हुए आगे कहा है कि व्यवहारनय की अपेक्षा क्षेत्र आदि ग्रन्थ हैं, क्योंकि वे अभ्यन्तर ग्रन्थ के कारण हैं। इसके परिहार का नाम निर्ग्रन्थता है। निश्चयनय की अपेक्षा मिथ्यात्व आदि ग्रन्थ हैं, क्योंकि वे कर्मबन्ध के कारण हैं। इनके परित्याग का नाम निर्ग्रन्थता है। नैगमनय की अपेक्षा रत्नत्रय में उपयोगी बाह्य और अभ्यन्तर परिग्रह के परित्याग को निर्ग्रन्थता का लक्षण समझना चाहिए (पु० ९, पृ० ३२१-२४)।

करणकृति

करणकृति दो प्रकार की है—मूलकरणकृति और उत्तरकरणकृति। इनमें मूलकरणकृति औदारिक, वैक्रियिक, आहारक, तैजस और कार्मण शरीरमूलकरणकृति के भेद से पाँच प्रकार की है। इनमें जो औदारिक, वैक्रियिक और आहारक शरीरमूलकरण कृति है वह संघातन, परिशातन और संघातन-परिशातन के भेद से तीन प्रकार की है। किन्तु तैजस और कार्मण शरीरमूलकरणकृति परिशातनकृति और संघातन-परिशातनकृति के भेद से दो प्रकार की है (सूत्र ६८-७०)।

धवलाकार ने कहा है कि करणों में जो पाँच शरीररूप प्रथम करण है वह मूलकरण है, क्योंकि शेष करणों की प्रवृत्ति इसी के आश्रय से होती है। आगे दूसरी एक शंका यह भी की गयी है कि कर्ता जो जीव है उससे शरीर अभिन्न है, अतः वह भी कर्ता है, इस स्थिति में वह करण कैसे हो सकता है। उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि जीव से शरीर कथंचित् भेद को प्राप्त है। यदि उसे जीव से कथंचित् भिन्न न माना जाय तो चेतनता और नित्यत्व आदि जो जीव के गुण हैं वे शरीर में भी होना चाहिए। पर वैसा नहीं देखा जाता है। इसलिए शरीर के करण होने में कुछ विरोध नहीं है।

मूल करणों का कार्य जो संघातन आदि है इसी का नाम मूलकरणकृति है, क्योंकि 'क्रियते कृतिः' इस निरुक्ति के अनुसार 'कृति' का अर्थ कार्य होता है।

विवक्षित परमाणुओं का निर्जरा के बिना जो संचय होता है, उसे संघातनकृति कहते हैं। शरीरगत उन्हीं पुद्गलस्कन्धों की संचय के बिना जो निर्जरा होती है उसे परिशातनकृति कहते हैं। विवक्षित शरीरगत पुद्गलस्कन्धों के जो आगमन और निर्जरा दोनों एक साथ होते हैं उसे संघातन-परिशातनकृति कहा जाता है।

तिर्यंच और मनुष्यों के उत्पन्न होने के प्रथम संयम में औदारिक शरीर की संघातनकृति ही होती है, क्योंकि उस समय उसके स्कन्धों की निर्जरा सम्भव नहीं है। तत्पश्चात् द्वितीयादि समयों में उसकी संघातन-परिशातनकृति होती है, क्योंकि द्वितीयादि समयों में अभव्यों से अनन्त-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गुणे और सिद्धों से अनन्तगुणे हीन औदारिकशरीरस्कन्धों का आगमन और निर्जरा दोनों पाये जाते हैं। तिर्यंच और मनुष्यों द्वारा उत्तर शरीर के उत्पन्न करने पर औदारिक शरीर की परिशातनकृति ही होती है, क्योंकि उस समय औदारिकशरीर के स्कन्धों का आना सम्भव नहीं।

इसी प्रकार से आगे वैक्रियिक आदि अन्य शरीर के विषय में भी प्रस्तुत कृति का स्पष्टीकरण किया गया है।

अयोगिकेवली के योग का अभाव हो जाने से बन्ध नहीं होता, इसलिए उनके तैजस और कार्मण इन दो शरीरों की परिशातनकृति ही होती है। अन्यत्र उनकी संघातन-परिशातनकृति ही होती है, क्योंकि संसार में सर्वत्र उनका आगमन और निर्जरा दोनों साथ-साथ पाये जाते हैं (पु० ९, पृ० २२४-२९)।

[1]सूत्र ७१ की व्याख्या मे धवलाकार ने प्रारम्भ में यह सूचना की है कि यह सूत्र देशामर्शक है इसलिए उसके द्वारा सूचित पदमीमांसा, स्वामित्व और अल्पबहुत्व अधिकारों की यहाँ प्ररूपणा की जाती है, क्योंकि उनके बिना सत्प्ररूपणा सम्भव नहीं है। तदनुसार यहाँ तीनों अधिकारों का प्ररूपण है। यथा—

(१) **पदमीमांसा**—औदारिकशरीर की संघातन कृति उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्य चारों प्रकार की होती है। इसी प्रकार से परिशातन और संघातन-परिशातन ये दोनों कृतियाँ भी चारों प्रकार की होती हैं। इसी प्रकार अन्य शरीरों के विषय में भी इन चार पदों के विचार करने की सूचना है (पु० ९, पृ० ३२९)।

(२) **स्वामित्व**—इस अधिकार में औदारिक आदि शरीरों की वे उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्य संघातन आदि कृतियाँ किनके सम्भव हैं इसका विचार है।

(३) **अल्पबहुत्व**—अधिकार में उन्हीं औदारिक आदि शरीरों से सम्बन्धित उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्य संघातन आदि कृतियों के अल्पबहुत्व का विचार है।

आगे धवलाकार ने 'अब हम देशामर्शक सूत्र से सूचित अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा करेंगे' ऐसी प्रतिज्ञा कर ओघ और आदेश की अपेक्षा सत्प्ररूपणादि आठ अनुयोगद्वारों की यथाक्रम से प्ररूपणा की है (पु० ९, पृ० ३५४-४५०)।

उत्तरकरणकृति

मूलकरणकृति की प्ररूपणा के बाद उत्तरकरणकृति के प्ररूपक सूत्र (७२) का व्याख्या में धवला में यह शंका उठायी गयी है कि सूत्रनिर्दिष्ट मृत्तिका आदि उत्तरकरण किस प्रकार से हैं। समाधान में कहा है कि पाँच शरीर जीव से अपृथग्भूत हैं अथवा वे अन्य समस्त करणों के कारण हैं इसलिए उन्हें 'मूलकरण' संज्ञा प्राप्त हुई है। इसी से उन्हें उत्तरकरणकृति भी कहा गया है। असि, वासि, परशु, कुदारी, चक्र, दण्ड, वेम, नालिका, शलाका, मृत्तिका, सूत्र, उदक इत्यादि उपसंपदा के सान्निध्य से उन मूलकरणों के उत्तरकरण हैं। 'उपसंपदा' का अर्थ है 'द्रव्यमुपसंपद्यते आश्रीयते एभिरिति उपसंपदानि कार्याणि' अर्थात् जो द्रव्य का आश्रय लिया करते हैं उनका नाम उपसंपद है, इस निरुक्ति के अनुसार कार्य किया गया है (पृ० ४५०-५१)।

---

१. सूत्ररचना की पद्धति, प्रसंग व पदविन्यास को देखते हुए यह सूत्र नहीं प्रतीत होता, सम्भवतः यह धवला का अंश रहा है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भावकरणकृति

भावकरणकृति के स्वरूप का उल्लेख कर सूत्रकार ने कहा है कि कृतिप्राभृत का ज्ञाता होकर जो तद्विषयक उपयोग से सहित होता है उसका नाम भावकरणकृति है। आगे उन्होंने इन सब कृतियों में यहाँ किसका अधिकार है, इसे स्पष्ट करते हुए कहा है यहाँ गणनकृति अधिकार प्राप्त है (सूत्र ७४-७६)।

गणनकृति की प्ररूपणा की आवश्यकता का संकेत कर धवला में कहा गया है कि गणना के बिना चूंकि शेष अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा घटित नहीं होती है, इसलिए यहाँ उसकी प्ररूपणा की जा रही है (पु० ४५२)।

यह स्मरणीय है कि सूत्रकार ने यहाँ गणनकृति को प्रसंगप्राप्त कह उसकी कुछ भी प्ररूपणा नहीं की। जैसाकि पूर्व में कहा जा चुका है, धवलाकार ने पूर्वोक्त गणनकृति के निर्देशक सूत्र (६६) को देशामर्शक बतलाकर उसके आश्रय से स्वयं ही विस्तारपूर्वक प्रकृत गणनकृति की प्ररूपणा की है (पु० ६, पृ० २७४-३२१)।

यह 'कृति' अनुयोगद्वार मूलग्रन्थ के रूप में अतिशय संक्षिप्त है, उसमें केवल ७६ सूत्र ही हैं। उनमें भी प्रारम्भ के ४४ सूत्र मंगलपरक हैं, शेष ३२ सूत्र ही 'कृति' से सम्बद्ध हैं। उसका विस्तार धवलाकार आ० वीरसेन ने अपनी सैद्धान्तिक कुशलता के बल पर किया है।

२. वेदना अनुयोगद्वार

यह 'वेदना' नामक चतुर्थ खण्ड का दूसरा अनुयोगद्वार है। अवान्तर १६ अनुयोगद्वारों के आधार पर इसका विस्तार अधिक हुआ है। इसी विस्तार के कारण षट्खण्डागम का चौथा खण्ड 'वेदना' के नाम प्रसिद्ध हुआ है।

इसमें १६ अनुयोगद्वार हैं, जिनका उल्लेख पीछे 'मूलग्रन्थगत-विषयपरिचय' में किया जा चुका है। उनमें प्रथम 'वेदना निक्षेप' अनुयोगद्वार है।

(१) **वेदनानिक्षेप**—यहाँ सूत्रकार ने वेदना के इन चार भेदों का उल्लेख किया है—नामवेदना, स्थापनावेदना, द्रव्यवेदना और भाववेदना (सूत्र ४,२,१,२-३)।

धवला में वेदनानिक्षेप के अन्य अवान्तर भेदों का भी उल्लेख है। उनमें नोआगमद्रव्यवेदना के ज्ञायकशरीर आदि तीन भेदों में तद्व्यतिरिक्त नोआगमद्रव्यवेदना के ये दो भेद बतलाये गये हैं—कर्मद्रव्यवेदना और नोकर्मद्रव्यवेदना। इनमें कर्मद्रव्यवेदना ज्ञानावरणीय आदि के भेद से आठ प्रकार की तथा नोकर्मद्रव्यवेदना सचित्त, अचित्त और मिश्र के भेद से तीन प्रकार की है। इनमें सिद्ध जीवद्रव्य को सचित्त द्रव्यवेदना और पुद्गल, काल, आकाश, धर्म व अधर्म द्रव्य-वेदना को अचित्तद्रव्यवेदना कहा गया है। मिश्रद्रव्यवेदना संसारी जीवद्रव्य है, क्योंकि जीव में जो कर्म और नोकर्म का समवाय है वह जीव और अजीव से भिन्न जात्यन्तर (मिश्र) के रूप में उपलब्ध होता है।

भाववेदना की दूसरी भेदभूत नोआगमभाववेदना जीवभाववेदना और अजीवभाववेदना के भेद से दो प्रकार की है। इनमें जीवभाववेदना औदयिक आदि के भेद से पाँच प्रकार की है। उनमें आठ कर्मों के उदय से उत्पन्न वेदना को औदयिक वेदना, उन्हीं के उपशम से उत्पन्न वेदना को औपशमिक वेदना और उनके क्षय से उत्पन्न वेदना को क्षायिक वेदना कहा गया है। उन्हीं के क्षयोपशम से जो अवधिज्ञानादिरूप वेदना होती है उसका नाम क्षायोपशमिक वेदना है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जीव, भव्य और उपयोगादिस्वरूप वेदना पारिणामिक वेदना कहलाती है।

अजीवभाववेदना औदयिक और पारिणामिक के भेद से दो प्रकार की है। इनमें प्रत्येक पाँच रस, पाँच वर्ण, दो गन्ध और आठ स्पर्श आदि के भेद से अनेक प्रकार की है। यहाँ जीव-शरीरगत उन रसादिकों को औदयिक और शुद्ध पुद्गलगत उक्त रसादिकों को पारिणामिक वेदना जानना चाहिए (पु० १०, पृ० ५-८)।

(२) **वेदनानयविभाषणता**—इस अनुयोगद्वार में कौन नय किस वेदना को स्वीकार करता है और किसे स्वीकार नहीं करता है, इसका स्पष्टीकरण मूल सूत्रों (१-४) में किया गया है।

उपर्युक्त वेदनाओं में यहाँ किस नय की अपेक्षा कौन-सी वेदना प्रकृत है, इसे स्पष्ट करते हुए धवला में कहा गया है कि द्रव्यार्थिकनय की अपेक्षा बन्ध, उदय व सत्त्वस्वरूप नोआगम-कर्मद्रव्यवेदना प्रकृत है। ऋजुसूत्रनय की अपेक्षा उदयगत कर्मद्रव्यवेदना प्रकृत है। सूत्र (४) में कहा गया है कि शब्दनय नामवेदना और भाववेदना को स्वीकार करती है। इस सम्बन्ध में धवलाकार ने यह स्पष्ट किया है कि शब्दनय की अपेक्षा कर्म के बन्ध और उदय से उत्पन्न होनेवाली भाववेदना का यहाँ अधिकार नहीं है, क्योंकि यहाँ भाव की अपेक्षा प्ररूपणा नहीं की जा रही है (पु० १०, पृ० १२)।

(३) **वेदनानामविधान**—इस प्रसंग में यहाँ प्रथमतः नैगम और व्यवहारनय की अपेक्षा वेदना का विधान कहा जाता है, ऐसी सूचना करते हुए धवला में कहा गया है कि नोआगम-कर्मद्रव्यवेदना ज्ञानावरणीयादि के भेद से आठ प्रकार की है, क्योंकि उनके बिना अज्ञान व अदर्शन आदिरूप जो आठ प्रकार का कार्य देखा जाता है वह घटित नहीं होता। कार्य का भेद कारण के भेद से ही हुआ करता है।

आगे नामप्ररूपणा के प्रसंग में 'ज्ञानावरणीयवेदना' नाम को स्पष्ट करते हुए धवला में कहा गया है कि 'ज्ञानमावृणोतीति ज्ञानावरणीयम्' इस निरुक्ति के अनुसार जो ज्ञान का आवरण करता है उस कर्मद्रव्य का नाम ज्ञानावरणीय है। 'ज्ञानावरणीयमेव वेदना ज्ञानावरणीय-वेदना' इस प्रकार से कर्मधारय समास का विधान कर 'ज्ञानावरणीयस्य वेदना' इस प्रकार के तत्पुरुष समास का निषेध किया है, क्योंकि द्रव्यार्थिकनयों में भाव की प्रधानता नहीं होती। तदनुसार यहाँ ज्ञानावरणीय कर्म द्रव्य ही 'ज्ञानावरणीय वेदना' के रूप में विवक्षित है।

४. **वेदनाद्रव्यविधान**—इस अनुयोगद्वार में वेदनारूप द्रव्य की प्ररूपणा की गयी है। उसमें सूत्रकार ने इन तीन अनुयोगद्वारों का निर्देश किया है—पदमीमांसा, स्वामित्व और अल्प-बहुत्व।

पदमीमांसा को स्पष्ट करते हुए धवला में पद के दो भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—व्यवस्था-पद और भेदपद। जिसका जिसमें अवस्थान होता है उसका वह पद होता है, उसे स्थान भी कहा जाता है। जैसे—सिद्धों का पद सिद्धक्षेत्र तथा अर्थविगम का पद अर्थालाप।

भेदपद को स्पष्ट करते हुए उसकी निरुक्ति इस प्रकार की गयी है—पद्यते गम्यते परिच्छिद्यते इति पदम्। अर्थात् जो जाना जाता है वह 'पद' है। भेद, विशेष व पृथक्त्व ये समानार्थक शब्द हैं। यहाँ कर्मधारय समास—(भेद एव पदं भेदपदम्) के आश्रय से भेदरूप पद को ही भेदपद कहा गया है। यहाँ अधिकार विवक्षा से भेदपद तेरह हैं—उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य, अजघन्य, सादि, अनादि, ध्रुव, अध्रुव, ओज, युग्म, ओम, विशिष्ट और नोम-नोविशिष्ट। इस अनुयोगद्वार में इन्हीं तेरह पदों की मीमांसा की गयी है। स्वामित्व अनुयोगद्वार में उत्कृष्ट,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अनुत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्य इन चार पदों के योग्य जीवों की प्ररूपणा है। अल्पबहुत्व अनुयोगद्वार में भी इन्हीं चार पदों के अल्पबहुत्व की व्याख्या है (पु० १०, पृ० १८-१९)।

आगे 'क्या ज्ञानावरणीयवेदना द्रव्य से उत्कृष्ट है या अनुत्कृष्ट, जघन्य है या अजघन्य' इस पृच्छासूत्र (४,२,४,२) की व्याख्या करते हुए धवलाकार ने प्रारम्भ में यह सूचना की है कि यह पृच्छासूत्र देशामर्शक है इसलिए यहाँ उपर्युक्त चार पृच्छाओं के साथ अन्य नौ पृच्छाओं को भी करना चाहिए; क्योंकि इसके बिना सूत्र के असम्पूर्ण होने का प्रसंग प्राप्त होता है। किन्तु महाकर्मप्रकृतिप्राभृत के पारंगत भूतबलि भट्टारक असम्पूर्ण सूत्र नहीं रच सकते हैं, क्योंकि उस का कोई कारण नहीं है। इसलिए इस सूत्र को ज्ञानावरणीयवेदना क्या उत्कृष्ट है, अनुत्कृष्ट है, जघन्य है, अजघन्य है, सादि है, अनादि है, ध्रुव है, अध्रुव है, ओज है, युग्म है, ओम है, विशिष्ट है या नोम-नोविशिष्ट है, इन तेरह पदविषयक पृच्छाओं से गर्भित समझना चाहिए।

धवला में आगे कहा गया है कि इस प्रकार विशेष के अभाव से ज्ञानावरणीय वेदना की सामान्य प्ररूपणा के विषय में इन पृच्छाओं की प्ररूपणा है। सामान्य चूंकि विशेष का अविनाभावी है, इसलिए हम यहाँ विशेष रूप में इसी सूत्र से सूचित उन तेरह पदविषयक इन पृच्छाओं की प्ररूपणा करते हैं—उत्कृष्ट ज्ञानावरणीय वेदना क्या अनुत्कृष्ट है, जघन्य है, अजघन्य है, सादि है, अनादि है, ध्रुव है, अध्रुव है, ओज है, युग्म है, ओम है, विशिष्ट है और क्या नोम-नोविशिष्ट है; इस प्रकार ये बारह पृच्छाएं उत्कृष्ट ज्ञानावरणीयवेदना के विषय में अपेक्षित हैं। इसी प्रकार से अनुत्कृष्ट, जघन्य व अजघन्य आदि अन्य बारह पदों में पृथक्-पृथक् प्रत्येक पद के विषय में भी करना चाहिए। इन समस्त पृच्छाओं का योग एक सौ उनत्तर होता है—सामान्य पृच्छाएँ १३, विशेष पृच्छाएँ १३ × १२ = १५६; १३ + १५६ = १६९।

निष्कर्ष के रूप में धवलाकार ने कहा है कि इससे प्रकृत देशामर्शक सूत्र में अन्य तेरह सूत्र प्रविष्ट हैं, यह अभिप्राय ग्रहण करना चाहिए।

पूर्व सूत्र में निर्दिष्ट चार पृच्छाओं के सन्दर्भ में कहा है कि ज्ञानावरणीय वेदना उत्कृष्ट भी है, अनुत्कृष्ट भी है, जघन्य भी है और अजघन्य भी है (सूत्र ४,२,४,३)।

इसकी व्याख्या में धवला में कहा है कि यह सूत्र भी देशामर्शक है इसलिए सूत्रनिर्दिष्ट उन चार पदों के साथ सादि-अनादि आदि शेष नौ पदों को भी यहाँ कहना चाहिए। उसके देशामर्शक होने से ही शेष तेरह सूत्रों का अन्तर्भाव कहना चाहिए। तदनुसार प्रथम सूत्र की प्ररूपणा करते हुए स्पष्ट किया गया है कि ज्ञानावरणीयवेदना कथंचित् उत्कृष्ट है, क्योंकि भवस्थिति के अन्तिम समय में वर्तमान गुणितकर्मांशिक सातवीं पृथिवी के नारकी के उत्कृष्ट द्रव्य पाया जाता है। वह कथंचित् अनुत्कृष्ट भी है, क्योंकि कर्मस्थिति के अन्तिम समयवर्ती गुणितकर्मांशिक को छोड़कर अन्यत्र सर्वत्र अनुत्कृष्ट द्रव्य पाया जाता है। वह कथंचित् जघन्य भी है, क्योंकि क्षपितकर्मांशिक क्षीणकषाय के अन्तिम समय में जघन्य द्रव्य पाया जाता है। वह कथंचित् अजघन्य भी है, क्योंकि शुद्ध नय से क्षपितकर्मांशिक क्षीणकषाय के अन्तिम समय को छोड़कर अन्यत्र सर्वत्र ही अजघन्य द्रव्य पाया जाता है। वह कथंचित् सादि है, क्योंकि उत्कृष्ट आदि पद एक स्वरूप से अवस्थित नहीं रहते। वह कथंचित् अनादि है, क्योंकि जीव और कर्मों के बन्धसामान्य सादि होने का विरोध है। वह कथंचित् ध्रुव है, क्योंकि अभव्यों और अभव्य समान भव्यों के भी सामान्य ज्ञानावरण का विनाश सम्भव नहीं है। वह कथंचित् अध्रुव है, क्योंकि केवली के ज्ञानावरण का विनाश पाया जाता है, अथवा चारों पदों का शाश्वतिक रूप में अवस्थान सम्भव

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नहीं है। कथंचित् वह युग्म है, क्योंकि ज्ञानावरण में द्रव्य का सम होना सम्भव है।

प्रसंगवश यहाँ युग्म आदि का स्वरूप बतलाते हुए कहा है कि युग्म और समय समानार्थक शब्द हैं। युग्म कृतयुग्म और बादरयुग्म के भेद से दो प्रकार का है। जो संख्या चार (४) से अपहृत हो जाती है उसे कृतयुग्म कहा जाता है; जैसे १६ ÷ ४ = ४। जिस संख्या को चार से अपहृत करने पर (२) अंक शेष रहते हैं वह बादरयुग्म कहलाती है; जैसे १४ ÷ ४ = ३, शेष २। जिस संख्या में चार से अपहृत करने पर एक (१) शेष रहता है उसका नाम कलिओज है; जैसे १३ ÷ ४ = ३; शेष १। जिस संख्या को चार से अपहृत करने पर तीन अंक शेष रहते हैं उसे तेजोज कहते हैं; जैसे १५ ÷ ४ = ३, शेष ३।

कथंचित् वह ओज है, क्योंकि कहीं पर वह ज्ञानावरणद्रव्य विषम संख्या में देखा जाता है। कथंचित् वह ओम है, क्योंकि कभी प्रदेशों का अपचय देखा जाता है। कथंचित् वह विशिष्ट है, क्योंकि कभी व्यय की अपेक्षा आय अधिक देखी जाती है। कथंचित् वह नोम-नोविशिष्ट है, क्योंकि प्रत्येक पदावयव की विवक्षा में वृद्धि-हानि का अभाव सम्भव है। इस प्रकार से धवला में प्रथम सूत्र की प्ररूपणा की गयी है (पु० १०, पृ० २२-२३)।

इसी पद्धति से आगे धवला में दूसरे से चौदहवें सूत्र तक की प्ररूपणा है।

स्वामित्व के प्रसंग में सूत्रकार ने उत्कृष्ट पदरूप और जघन्यपदरूप दो ही प्रकार के स्वामित्व का उल्लेख किया है। सर्वप्रथम द्रव्य की अपेक्षा उत्कृष्ट ज्ञानावरणीयवेदना किसके होती है, इसे स्पष्ट करते हुए निष्कर्ष के रूप में कहा है कि वह गुणित कर्मांशिक जीव के सातवीं पृथ्वी में अवस्थित रहने पर उस भव के अन्तिम समय में होती है। गुणितकर्मांशिक की अनेक विशेषताओं का भी वहाँ २६ (७ से ३२) सूत्रों में विवेचन है। उन सब विशेषताओं को संक्षेप में 'मूलग्रन्थगत-विषय-परिचय' में दिखाया जा चुका है।

इस प्रसंग में एक सूत्र (४,२,४,२८) में यह निर्देश है कि उपर्युक्त प्रकार से परिभ्रमण करता हुआ जीवित के थोड़ा शेष रह जाने पर योगमध्य के ऊपर अन्तर्मुहूर्त रहा है।

इसकी व्याख्या में धवला में कहा गया है कि द्वीन्द्रिय पर्याप्त के सर्वजघन्य परिणाम योगस्थान को आदि करके संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त के उत्कृष्ट योगस्थान तक सब योगस्थानों को ग्रहण करके उन्हें पंक्ति के आकार से स्थापित करने पर उनका आयाम श्रेणि के असंख्यातवें भाग मात्र होता है। उनमें सर्वजघन्य परिणाम योगस्थान को आदि करके आगे के श्रेणि के असंख्यातवें भाग मात्र योगस्थान चार समय के योग्य हैं। उससे आगे के श्रेणि के असंख्यातवें भाग प्रमाण योगस्थान पाँच समय के योग्य होते हैं। इसी प्रकार आगे के पृथक्-पृथक् छह, सात और आठ समय योग्य योगस्थान श्रेणि के असंख्यातवें भाग मात्र हैं। आगे के यथाक्रम से सात, छह, पाँच, चार, तीन और दो समय योग्य योगस्थान श्रेणि के असंख्यातवें भाग मात्र हैं।

उनका अल्पबहुत्व दिखलाते हुए धवला में कहा गया है कि योगस्थानों का विशेषणभूत काल अपनी संख्या की अपेक्षा यव के आकार है, क्योंकि वह यव के समान मध्य में स्थूल होकर दोनों पार्श्व भागों में क्रम से हानि को प्राप्त हुआ है। इन चार-पाँच आदि समयों से विशेषित योगस्थान भी ग्यारह प्रकार का है। यवाकार होने से योग को ही यव कहा गया है। योग का मध्य आठ समय योग्य योगस्थान है। उसके ऊपर अन्तर्मुहूर्त काल रहा है। यह योगयवमध्य संज्ञा जीवमध्य की है।

आगे यह सब स्पष्ट करने के लिए धवला में योगस्थानों में स्थित जीवों को आधार करके

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

योगयवमध्य के अधस्तन अध्वान से उपरिम की विशेष अधिकता के प्रतिपादनार्थ प्ररूपणा, प्रमाण, श्रेणि, अवहार, भागाभाग और अल्पबहुत्व इन छह अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा की गयी है। अन्त में निष्कर्ष रूप में कहा गया है कि जीवयवमध्य के अधस्तन अध्वान से उपरिम अध्वान के विशेष अधिक होने से यहाँ अन्तर्मुहूर्त काल रहना सम्भव नहीं है, इसलिए कालयवमध्य के ऊपर अन्तर्मुहूर्त काल रहा, यह अभिप्राय ग्रहण करना चाहिए (पु० १०, पृ० ५७-६८)।

सूत्र (४,२,४,२६) में निर्दिष्ट 'अन्तिमजीवगुणहानिस्थानान्तर में आवली के असंख्यातवें भाग रहा' की व्याख्या के बाद धवला में अन्त में कहा गया है कि नारकभव को विवक्षित कर इन सूत्रों की प्ररूपणा की गयी है। उनके देशामर्शक होने से गुणितकर्मांशिक के सभी भवों में उनकी पृथक्-पृथक् प्ररूपणा कर लेना चाहिए। कारण यह कि एक भव में यवमध्य के ऊपर अन्तर्मुहूर्त और अन्तिम गुणहानि में आवली के असंख्यातवें भाग ही नहीं रहता है, जहाँ जितना काल सम्भव है वहाँ पर उतने काल अवस्थान की प्ररूपणा की गयी है (पु० १०, पृ० ६८-१०७)।

नारकभव के अन्तिम समय में वर्तमान गुणितकर्मांशिक के द्रव्य की अपेक्षा ज्ञानावरणीय की उत्कृष्ट वेदना किस प्रकार से सम्भव है, इसे स्पष्ट करते हुए कहा है कि इस प्रकार इस विधान से संचित उत्कृष्ट ज्ञानावरणीय द्रव्य का उपसंहार कहा जाता है।

कर्मस्थिति के प्रथम समय से लेकर उसके अन्तिम समय तक बाँधे गये सब समयप्रबद्धों की अथवा प्रत्येक के प्रमाण की परीक्षा का नाम उपसंहार है। उसमें तीन अनुयोगद्वार हैं— संचयानुगम, भागहारप्रमाणानुगम और अल्पबहुत्व। इनके आश्रय से क्रमशः ज्ञानावरणीय के उत्कृष्ट द्रव्य की यहाँ विस्तार से प्ररूपणा है (पु० १०, पृ० १०६-२१०)।

ज्ञानावरणीय की द्रव्य की अपेक्षा अनुत्कृष्ट वेदना किसके होती है, इसके प्रसंग में सूत्र में संक्षेप से यह कह दिया है कि उपर्युक्त उत्कृष्ट वेदना से भिन्न उसकी अनुत्कृष्ट द्रव्यवेदना है (सूत्र ४,२,४,३३)।

इसकी व्याख्या में कहा गया है कि अपकर्षण के वश उसके पूर्वोक्त उत्कृष्ट द्रव्य में से एक परमाणु के हीन होने पर उस अनुत्कृष्ट द्रव्यवेदना का उत्कृष्ट विकल्प होता है। आगे उसमें किस क्रम से हानि के होने पर उस अनुत्कृष्ट द्रव्यवेदना के अन्य-अन्य विकल्प होते हैं, इसका विचार किया गया है।

इसी प्रसंग में वहाँ गुणितकर्मांशिक, गुणितघोलमान, क्षपितघोलमान और क्षपितकर्मांशिक जीवों के आश्रय से पुनरुक्त स्थानों का भी निरूपण है। त्रसजीव प्रायोग्य स्थानों के जीवसमुदाहार के कथन के प्रसंग में प्ररूपणा, प्रमाण, श्रेणि, अवहार, भागाभाग और अल्पबहुत्व इन छह अनुयोगद्वारों का भी निर्देश है और उनके आश्रय से जीवसमुदाहार की प्ररूपणा भी की गयी है (पु० १०, पृ० २१०-२४)।

छह कर्मों की द्रव्यवेदना

सूत्रकार ने आगे के सूत्र में यह सूचना कर दी है कि जिस प्रकार ज्ञानावरणीय के उत्कृष्ट-अनुत्कृष्ट द्रव्य की प्ररूपणा की गयी है उसी प्रकार आयु को छोड़कर दर्शनावरणीय आदि शेष छह कर्मों के भी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट द्रव्य की प्ररूपणा करना चाहिए।

(सूत्र ४,२,४,३४)

इसकी व्याख्या में धवलाकार ने कहा है कि ज्ञानावरणीय की प्ररूपणा से उन छह कर्मों

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

की द्रव्यवेदना की प्ररूपणा में इतनी विशेषता है कि मोहनीय के प्रसंग में उस गुणितकर्मांशिक जीव को त्रसस्थिति से हीन चालीस कोड़ाकोड़ी सागरोपम काल तक तथा नाम व गोत्र के प्रसंग में उसे उस त्रसस्थिति से हीन बीस कोड़ाकोड़ी सागरोपम काल तक बादर एकेन्द्रियों में परिभ्रमण कराना चाहिए। गुणहानिशलाकाओं और अन्योन्याभ्यस्त राशियों के विशेष को भी जानना चाहिए।

आयु की उत्कृष्ट द्रव्यवेदना

द्रव्य की अपेक्षा आयु कर्म की उत्कृष्ट वेदना किसके होती है, इसका स्पष्टीकरण सूत्रकार ने बारह (३५-४६) सूत्रों में किया है। जिस जीव के आयुकर्म की उत्कृष्ट द्रव्यवेदना सम्भव है, उसके सर्वप्रथम ये पाँच लक्षण निर्दिष्ट किये गये हैं—(१) वह पूर्वकोटि प्रमाण आयुवाला होना चाहिए, (२) वह जलचर जीवों में पूर्वकोटि प्रमाण परभविक आयु का बाँधनेवाला होना चाहिए, (३) वह दीर्घआयुबन्धक काल में उसे बाँधता है, (४) उसके योग्य संक्लेश से उसे बाँधता है तथा (५) उत्कृष्ट योग में उसे बाँधता है।

१. उसके इन लक्षणों को स्पष्ट कर धवला में कहा है कि जिसके उत्कृष्ट आयुवेदना सम्भव है उसे पूर्वकोटि प्रमाण आयुवाला इसलिए होना चाहिए कि जो जीव पूर्वकोटि के तृतीय भाग को आबाधा करके परभविक आयु बाँधते हैं उन्हीं के उत्कृष्ट बन्धककाल सम्भव है।

२. जलचरों में पूर्वकोटि प्रमाण आयु का बन्धक क्यों होना चाहिए, इस दूसरे लक्षण के सम्बन्ध में कहा गया है कि जिस प्रकार ज्ञानावरणादि अन्य कर्मों का उदय, जिस भव में उन्हें बाँधा जाता है, उसी भव में बन्धावलि के बीतने पर हुआ करता है उस प्रकार बाँधे गये आयुकर्म का उदय उस भव में सम्भव नहीं है, उसका उदय अगले भव में ही होता है।

यहाँ यह शंका होती है कि पूर्वकोटि की अपेक्षा दीर्घ आयु को क्यों नहीं बँधाया गया, क्योंकि प्रथमादि गोपुच्छाओं के स्तोक होने से वहाँ निर्जरा कम हो सकती थी।

इसके समाधान में कहा है कि पूर्वकोटि से एक-दो समयादि से अधिक जितने भी आयु के विकल्प हैं उनमें उसका घात सम्भव नहीं है इसलिए पूर्वकोटि से अधिक आयु को बाँधनेवाला जीव परभविक आयु के बन्ध के बिना छह मास हीन सब भुज्यमान आयु को गला देता है। इसलिए परभविक आयु के बन्ध के समय उसके आयुद्रव्य का बहुत संचय नहीं हो पाता है। यहाँ यह स्मरणीय है कि देव-नारकियों व असंख्यात वर्ष की आयुवाले मनुष्य-तिर्यंचों के भुज्यमान आयु में छह मास शेष रह जाने पर ही त्रिभाग में परभविक आयु का बन्ध हुआ करता है।[1]

पूर्वकोटि से नीचे की आयु को इसलिए नहीं बँधाया गया कि स्तोक आयुस्थिति की स्थूल गोपुच्छाओं के अरहट की घटिकाओं की जलधारा के समान निरन्तर गलाने पर निर्जरा अधिक होनेवाली थी।

जलचर जीवों में आयु को क्यों बँधाया गया, इसे स्पष्ट करते हुए धवला में कहा है कि विवेक का अभाव होने से वे संक्लेश से रहित होकर अधिक साता से युक्त होते हैं, इसलिए

---

१. णिरुवक्कमाउआ पुण छम्मासावसेसे आउअबंधपाओग्गा होंति।—धवला पु० १०, पृ० २३४; पु० ६, पृ० १७० व उसका टिप्पण १ भी द्रष्टव्य हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उनके अवलम्बनाकरण[1] द्वारा विनष्ट किया जानेवाला द्रव्य बहुत नहीं होता है।

३. वह दीर्घ बन्धककाल में ही उसे बाँधता है, यह जो उसकी तीसरी विशेषता प्रकट की गयी थी उसे स्पष्ट करते हुए धवला में कहा गया है कि पूर्वकोटि के त्रिभाग को आबाधा करके आयु के बाँधनेवालों की वह आयु जघन्य भी होती है और उत्कृष्ट भी होती है। उसमें जघन्य बन्धककाल का निषेध करने के लिए सूत्र में उत्कृष्ट बन्धककाल का निर्देश किया गया है। यह उत्कृष्ट बन्धककाल प्रथम अपकर्ष मे ही होता है, अन्य द्वितीयादि अपकर्षों में नहीं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

धवलाकार ने यह सूचना की है कि मोहनीय कर्म के सत्कर्मविषयक स्वामित्व की प्ररूपणा जैसे कसायपाहुड में की गयी है वैसे ही उसकी प्ररूपणा यहाँ भी करनी चाहिए।[1]

(१७) यहीं पर आगे भी धवलाकार ने यह सूचना की है कि मोहनीय के प्रकृतिस्थान-सत्कर्म की प्ररूपणा जैसे कसायपाहुड में की गयी है वैसे उसकी प्ररूपणा यहाँ करनी चाहिए।[2]

इस प्रकार धवलाकार ने कषायप्राभृतचूर्णि का उल्लेख कहीं **कसायपाहुडसुत्त**, कहीं **पाहुड-सुत्त**, कहीं **चुण्णिसुत्त** और कहीं **पाहुडचुण्णिसुत्त** इन नामों से किया है। इनमें से अधिकांश के उदाहरण ऊपर दिये जा चुके हैं। **चुण्णिसुत्त** जैसे—

(१८) बन्धस्वामित्वविचय में उदयव्युच्छेद की प्ररूपणा करते हुए धवला में महाकर्म-प्रकृतिप्राभृत के उपदेशानुसार मिथ्यादृष्टिगुणस्थान में इन दस प्रकृतियों के उदयव्युच्छेद का निर्देश किया गया है—मिथ्यात्व, एकेन्द्रिय आदि चार जातियाँ, आताप, स्थावर, सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारण।

इसी प्रसंग में आगे **चूर्णिसूत्रकर्ता** के उपदेशानुसार उक्त मिथ्यादृष्टि गुणस्थान में उपर्युक्त दस प्रकृतियों में से मिथ्यात्व, आताप, सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारण इन पाँच का ही उदय-व्युच्छेद कहा गया है, क्योंकि उनके उपदेशानुसार चार जातियों और स्थावर इन पाँच का उदय व्युच्छेद सासादनगुणस्थान में होता है।[3]

(१९) **पाहुडसुत्त** जैसे—जीवस्थान-अन्तरानुगम में सूत्र २२३ में क्रोधादि चार कषायवाले जीवों का अन्तर मिथ्यादृष्टि से लेकर सूक्ष्मसाम्परायिक उपशामक-क्षपक तक मनोयोगियों के समान कहा गया है।

इस पर धवला में यह शंका उठायी गयी है कि तीन क्षपकों का नाना जीवों की अपेक्षा वह उत्कृष्ट अन्तर मनोयोगियों के समान छह मास घटित नहीं होता, क्योंकि विवक्षित कषाय से भिन्न एक, दो और तीन के संयोग के क्रम से क्षपकश्रेणि पर आरूढ़ होने वाले क्षपकों का अन्तर छह मास से अधिक उपलब्ध होता है।

इस शंका के उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि ओघ से जो चार मनोयोगी क्षपकों का उत्कृष्ट अन्तर छह मास कहा गया है, वह इसके बिना बनता नहीं है (देखिए सूत्र १,६,१६-१७ व १५९)। इससे चार कषायवाले क्षपकों का वह उत्कृष्ट अन्तर छह मास ही सिद्ध होता है। आगे वे कहते हैं कि ऐसा मानने पर पाहुडसूत्र के साथ व्यभिचार भी नहीं आता है, क्योंकि उसका उपदेश भिन्न है (धवला पु० ५, पृ० १११-१२)।

कषायप्राभृत में जघन्य अनुभागसत्कर्म से युक्त तीन संज्वलनकषाय वाले और पुरुषवेदियों का उत्कृष्ट अन्तर नाना जीवों की अपेक्षा साधिक वर्ष प्रमाण कहा गया है।[4]

प्रकृत जीवस्थान-अन्तरानुगम में वेदमार्गणा के प्रसंग में पुरुषवेदी दो क्षपकों का उत्कृष्ट अन्तर नाना जीवों की अपेक्षा साधिक वर्ष प्रमाण कहा गया है। —सूत्र १,६,२०४-५

---

१. धवला, पु० १६, पृ० ५२३; क०पा० सुत्त पृ० १८४-९७ आदि
२. वही, पृ० ५२७-२८; क०पा० सुत्त, पृ० ७५-७६
३. धवला, पु० ८, पृ० ९
४. तिसंजलण-पुरिसवेदाणं जहण्णाणुभागसंतकम्मियाणमंतरं केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णेण एगसमओ। उक्कस्सेण वस्सं सादिरेयं।—क०पा० सुत्त, पृ० १७०, चूर्णि १४५-४७

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इस सूत्र की व्याख्या में धवलाकार ने इस साधिक वर्ष प्रमाण उत्कृष्ट अन्तर को स्पष्ट किया है व निरन्तर छह मास प्रमाण अन्तर को असम्भव बतलाया है। अन्त में उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि **किन्हीं सूत्र पुस्तकों में पुरुषवेद का अन्तर छह मास भी उपलब्ध होता है।**[1]

(२०) **पाहुडसुत्त**—जीवस्थान-चूलिका में प्रथम सम्यक्त्व के अभिमुख हुआ जीव मिथ्यात्व के तीन भाग कैसे करता है, इसे स्पष्ट करते हुए धवला में कहा गया है कि जिस मिथ्यात्व का पूर्व में स्थिति, अनुभाग और प्रदेश की अपेक्षा घात किया जा चुका है उसके वह अनुभाग से पुनः घात करके तीन भाग करता है, क्योंकि "मिथ्यात्व के अनुभाग से सम्यग्मिथ्यात्व का अनुभाग अनन्तगुणाहीन और उससे सम्यक्त्व का अनुभाग अनन्तगुणा हीन होता है" ऐसा **पाहुडसुत्त** में कहा गया है।[2]

(२१) **पाहुडचुण्णिसुत्त**—इसी जीवस्थान-चूलिका में सूत्रकार द्वारा आहारकशरीर, आहारकअंगोपांग और तीर्थंकर प्रकृति का उत्कृष्ट स्थितिबन्ध अन्तःकोड़ाकोड़ी सागरोपम प्रमाण निर्दिष्ट किया गया है। —सूत्र १,९-६,३३

इसकी व्याख्या में उसे स्पष्ट करते हुए धवलाकार ने कहा है कि अपूर्वकरण के प्रथम समय सम्बन्धी स्थितिबन्ध को सागरोपमकोटि लक्षपृथक्त्व प्रमाण प्ररूपित करने वाले **पाहुडचुण्णिसुत्त** के साथ वह विरोध को प्राप्त होगा, ऐसी शंका नहीं करनी चाहिए, क्योंकि वह दूसरा सिद्धान्त है। आगे विकल्प के रूप में उसके साथ समन्वय भी कर दिया गया है।[3]

(२२) **पाहुडसुत्त**—इसी जीवस्थान-चूलिका में आगे नारक आदि जीव विवक्षित गति में किस गुणस्थान के साथ प्रविष्ट होते हैं व किस गुणस्थान के साथ वहाँ से निकलते हैं, इसे स्पष्ट करते हुए धवलाकार ने उस प्रसंग में आगे कहा है कि इसी प्रकार से सासादन गुणस्थान के साथ मनुष्यों में प्रविष्ट होकर उसी सासादन गुणस्थान के साथ उनके वहाँ से निकलने के विषय में भी कहना चाहिए, क्योंकि इसके बिना पल्योपम के असंख्यातवें भाग मात्र काल के बिना सासादनगुणस्थान बनता नहीं है। आगे उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया है कि यह कथन **पाहुडसुत्त** के अभिप्राय के अनुसार किया गया है। किन्तु **जीवस्थान** के अभिप्रायानुसार संख्यात वर्ष की आयुवाले मनुष्यों में सासादनगुणस्थान के साथ वहाँ से निकलना सम्भव नहीं है, क्योंकि उपशम श्रेणि से पतित हुए जीव का सासादनगुणस्थान को प्राप्त होना असम्भव है। पर प्रकृत में संख्यात व असंख्यात वर्ष की आयुवालों की विवक्षा न करके सामान्य से वैसा कहा गया है, इसलिए उपर्युक्त कथन घटित हो जाता है।[4]

---

१. धवला पु० ५, पृ० १०५-६

२. धवला पु० ६, पृ० २३४-३५; णवरि सव्वपच्छा सम्मामिच्छत्तमणंतगुणहीणं। सम्मत्तमणंतगुणहीणं।—क०पा० सुत्त, पृ० १७१, चूर्णि १४९-५०

३. धवला, पु० ६, पृ० १७७

४. धवला, पु० ६, पृ० ४४४-४४५; एदिस्से उवसमसम्मत्तद्धाए अब्भंतरदो असंजमं पि गच्छेज्ज, संजमासंजमं पि गच्छेज्ज, दो वि गच्छेज्ज, छसु आवलियासु सेसासु आसाणं पि गच्छेज्ज। आसाणं पुण गदो जदि मरदि ण सक्को णिरयगदिं तिरिक्खगदिं मणुस्सगदिं वा गंतु, णियमा देवगदिं गच्छदि। हंदि तिसु आउएसु एक्केण वि बद्धेण आउगेण ण सक्को कसाए उवसामेदुं।—क०पा० सुत्त, पृ० ७२६-२७, चूर्णि ५४२-४५

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(२३) **कसायपाहुड**—पूर्वोक्त भावविधान की दूसरी चूलिका में परम्परोपनिधा की प्ररूपणा के प्रसंग में धवला में यह एक शंका उठायी गई है कि अधस्तन संख्यात अष्टांक और ऊर्वंक के अन्तरालों में हतसमुत्पत्तिक स्थान नहीं उत्पन्न होते हैं, यह कहाँ से जाना जाता है। इसके समाधान में वहाँ कहा गया है कि वह आचार्य के उपदेश से अथवा अनुभाग की वृद्धि-हानिविषयक "हानि सबसे स्तोक है; वृद्धि उससे विशेष अधिक है" इस अल्पबहुत्व से जाना जाता है।

इसी प्रसंग में आगे प्रकारान्तर से वहाँ यह भी कहा गया है कि अथवा वह **कसायपाहुड** के अनुभागसंक्रमविषयक सूत्र के व्याख्यान से जाना जाता है कि वे हतसमुत्पत्तिक स्थान सर्वत्र नहीं उत्पन्न होते हैं। इसे आगे कसायपाहुडगत उस सन्दर्भ से स्पष्ट भी कर दिया गया है।[1]

(२४) **पाहुडचुण्णिसुत्त, चुण्णिसुत्त**—वेदनाभावविधान में वर्ग व वर्गणाविषयक भेदाभेद के एकान्त का निराकरण करते हुए धवला में द्रव्यार्थिकनय की अपेक्षा वर्गणा को एक और पर्यायार्थिकनय की अपेक्षा अनन्त भी कहा गया है। आगे इस प्रसंग में शंकाकार ने कहा है वर्गणा की एक संख्या को छोड़कर अनन्तता प्रसिद्ध नहीं है। इस पर यह पूछे जाने पर कि उसकी एकता कहाँ प्रसिद्ध है—इसके उत्तर में शंकाकार ने कहा है कि वह **पाहुडचुण्णिसुत्त** में प्रसिद्ध है, क्योंकि वहाँ लोकपूरणसमुद्घात की अवस्था में योग की एक वर्गणा होती है, ऐसा कहा गया है।[2]

इसके समाधान में वहाँ कहा गया है कि यह कुछ दोष नहीं है, क्योंकि एक वर्गणा में कहीं पर अनेकता का व्यवहार देखा जाता है। जैसे—एक प्रदेशवाली वर्गणाएँ कितनी हैं इसे स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि वे अनन्त हैं, दो प्रदेशवाली वर्गणाएँ अनन्त हैं, इत्यादि वर्गणाविषयक व्याख्यान से उनकी अनन्तता जानी जाती है। यह व्याख्यान अप्रमाण नहीं है, क्योंकि इसे अप्रमाण मानने पर व्याख्यान की अपेक्षा समान होने से उस चूर्णिसूत्र के भी अप्रमाणता का प्रसंग प्राप्त होता है।[3]

उपसंहार

जैसा कि ऊपर के विवेचन से स्पष्ट हो चुका है, धवलाकार ने आचार्य **यतिवृषभ-विरचित कषायप्राभृतचूर्णि** का उल्लेख कहीं कसायपाहुडचुण्णिसुत्त, कहीं चुण्णिसुत्त, कहीं पाहुड, कहीं पाहुडचुण्णिसुत्त और कहीं पाहुडसुत्त इन नामों के निर्देशपूर्वक किया है। संक्षेप में उन उल्लेखों को इस प्रकार देखा जा सकता है—

(१) **कसायपाहुड**—धवला पु० १, पृ० २१७। पु० ८, पृ० ५६। पु० १०—पृ० ११३-१४, २०८, २९८-९९ व ४५१। पु० १२—पृ० ११६, १२९, २३०-३२ व २४४-४५। पु० १५, पृ० २७५। पु० १६—पृ० ३४७ व ५२७-२८।

---

१. देखिए धवला, पु० १२, पृ० २३०-३१ तथा क०प्रा० चूर्णि ५२३-३९ (क०पा० सुत्त पृ० ३९२-९४)

२. देखिए धवला, पु० १२, पृ० ९४-९५ व क० प्रा० का यह संदर्भ—लोगे पुण्णे एक्का वग्गणा जोगस्से त्ति समजोगो ति णायव्वो।—क० पा० सुत्त, पृ० ९०२, चूर्णि १२

३. धवला, पु० १२, पृ० ९४-९५

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(२) **कसायपाहुडचुण्णिसुत्त**—पु० १०, पृ० २६७।

(३) **चुण्णिसुत्त**—पु० ७, पृ० २३३। पु० ८, पृ० ६। पु० १२, पृ० ६५।

(४) **पाहुड**—पु० १०, पृ० १४२ व १४३।

(५) **पाहुडचुण्णिसुत्त**—पु० ५, पृ० ११२। पु० ६, पृ० १७७ व ३३१। पु० १२, पृ० ६४।

(६) **पाहुडसुत्त**—पु० ६, पृ० २३५ व ४४४। पु० १०, पृ० ११३-१४। पु० १२, पृ० २३१।

मूलकषायप्राभृत

धवलाकारने कसायपाहुड की कुछ मूल गाथाओं को भी धवला में यथाप्रसंग ग्रन्थनाम-निर्देश के बिना उद्धृत किया है, जो इस प्रकार हैं—

क्रम	मूल गाथांक	गाथांश	धवला पु०	धवला पृ०	क० पा० गाथा (भाष्यगाथासम्मिलित)
१	४२	दंसणमोहस्सुव	६	२३६	६५
२	४३	सव्वणिरयभवणेसु	,,	,,	६६
३	४४	उवसामगो य सव्वो	,,	,,	६७
४	४५	सायारे पट्ठवगो	,,	,,	६८
५	४६	मिच्छत्तवेदणीयं	,,	२४०	६६
६	४७	सव्वम्हि ट्ठिदिविसेसेहिं	,,	,,	१००
७	४८	मिच्छत्तपच्चओ	,,	,,	१०१
८	५०	अंतोमुहुत्तमद्धं	,,	२४१	१०३
६	४६	सम्मामिच्छाइट्ठी	,,	,,	१०२
१०	५१	सम्मत्तपढमलंभो	,,	,,	१०४
११	५२	सम्मत्तपढमलंभस्स	,,	२४२	१०५
१२	५३	कम्माणि जस्स तिण्णि	,,	,,	१०६
१३	५४	सम्माइट्ठी सद्दहदि	,,	,,	१०७
१४	५५	मिच्छाइट्ठी णियमा	,,	,,	१०८
१५	५६	सम्मामिच्छाइट्ठी	,,	२४३	१०६
१६	१११	किट्टी करेदि णियमा	,,	३८२	१६४
१७	११२	गुणसेडि अणंतगुणा	,,	,,	१६५
१८	११४	किट्टी च ठिदिविसेसेसु	,,	३८३	१६७
१६	११५	सव्वाओ किट्टीओ	,,	,,	१६८
२०	६६	ओवट्टणा जहण्णा	,,	३४६	१५२
२१	१००	संकामेदुक्कड्डदि	,,	,,	१५३
२२	१०१	ओकड्डदि जे अंसे	,,	३४७	१५४
२३	१०२	एक्कं च ठिदिविसेसं	,,	,,	१५५
२४	२६	सव्वावरणीयं पुण	७	६३	७६

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६. छेदसुत्त—यह एक प्रायश्चित्तविषयक कोई प्राचीन ग्रन्थ रहा प्रतीत होता है। वह कब और किसके द्वारा रचा गया है, यह ज्ञात नहीं होता। सम्भव है वह आ० वीरसेन के समक्ष रहा हो। पर जिस प्रसंग में धवला में उसका उल्लेख किया गया है, वहाँ प्रसंग के अनुसार उसका कुछ उद्धरण भी दिया जा सकता था। किन्तु उद्धरण उसका कुछ भी नहीं दिया गया। इससे धवलाकार के समक्ष उसके रहने में कुछ सन्देह होता है। प्रसंग इस प्रकार रहा है—

वेदनाकालविधान में आयुवेदना काल की अपेक्षा उत्कृष्ट किसके होती है, इसका विचार करते हुए सूत्रकार ने उसके स्वामी के विषय में अनेक विशेषण दिये हैं। प्रसंगप्राप्त सूत्र (४,२, ६,१२) में वहाँ यह भी कहा गया है कि आयु की वह उत्कृष्ट कालवेदना स्त्रीवेदी, पुरुषवेदी अथवा नपुंसकवेदी इनमें से किसी के भी हो सकती है, क्योंकि इनमें से किसी के साथ उसका विरोध नहीं है।

इसके स्पष्टीकरण में धवलाकार ने कहा है कि इस सूत्र में भाववेद का ग्रहण किया गया है, क्योंकि अन्यथा द्रव्य-स्त्रीवेद से भी नारकियों की उत्कृष्ट आयु के बन्ध का प्रसंग प्राप्त होता है। किन्तु द्रव्य-स्त्रीवेद के साथ उसका बन्ध नहीं होता है, अन्यथा "सिंह पाँचवीं पृथिवी तक और स्त्रियाँ छठी पृथिवी तक जाती हैं" इस सूत्र[1] के साथ विरोध होने वाला है। द्रव्य-स्त्रीवेद के साथ देवों की उत्कृष्ट आयु का भी बन्ध नहीं होता है, अन्यथा "ग्रैवेयकों को आदि लेकर आगे के देवों में नियम से निर्ग्रन्थलिंग के साथ ही उत्पन्न होते हैं" इस सूत्र[2] के साथ विरोध का प्रसंग प्राप्त होता है। किन्तु द्रव्य-स्त्रियों के वह निर्ग्रन्थलिंग सम्भव नहीं है, क्योंकि वस्त्र आदि के छोड़े बिना उनके भावनिर्ग्रन्थता सम्भव नहीं है। और द्रव्यस्त्रियों एवं द्रव्यनपुंसकवेदियों के वस्त्र आदि का परित्याग हो नहीं सकता है, क्योंकि वैसा होने पर छेदसुत्त के साथ विरोध होता है।

धवलाकार की प्रायः यह पद्धति रही है कि वे विवक्षित विषयक व्याख्यान की पुष्टि में अधिकतर प्राचीन ग्रन्थों के अवतरण देते रहे हैं, किन्तु इस प्रसंग में उन्होंने छेदसूत्र के साथ विरोध मात्र प्रकट किया है, प्रसंगानुरूप उसका कोई उद्धरण नहीं दिया।[3]

इसके पूर्व सत्प्ररूपणा में भी एक ऐसा ही प्रसंग आ चुका है, पर वहाँ उन्होंने छेदसूत्र जैसे किसी प्राचीन ग्रन्थ से उपर्युक्त अभिप्राय की पुष्टि नहीं की है।[4]

दिगम्बर सम्प्रदाय में भी प्रायश्चित्तविषयक कुछ प्राचीन ग्रन्थ होने चाहिए[5], पर अभी

---

१. आ पंचमि त्ति सीहा इत्थीओ जंति छट्ठिपुढवि त्ति।—मूला० १२-११३
पंचमखिदिपरियंतं सिंहो इत्थीवि छट्ठुखिदि अंतं।—ति०प० २-२८५

२. तत्तो परं तु णियमा तव-दंसण-णाण-चरणजुत्ताणं।
णिग्गंथाणुववादो जाव दु सव्वट्ठसिद्धि त्ति॥—मूला० १२-१३५
परदो अच्चण-वद-तव-दंसण-णाण-चरणसंपण्णा।
णिग्गंथा जायंते भव्वा सव्वट्ठसिद्धिपरियंतं॥—ति०प० ८-५६१

३. धवला, पु० ११, पृ० ११४-१५

४. वही, पु० १, पृ० ३३२-३३

५. श्वेताम्बर सम्प्रदाय में तो प्रायश्चित्तविषयक बृहत्कल्पसूत्र और व्यवहारसूत्र जैसे ग्रन्थ पाये जाते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तक कहीं कोई वैसा ग्रन्थ उपलब्ध नहीं हुआ है।

मा०दि० जैन ग्रन्थमाला से प्रकाशित 'प्रायश्चित्तसंग्रह' में छेदपिण्ड, छेदशास्त्र, प्रायश्चित्त-चूलिका और प्रायश्चित्तग्रन्थ ये चार ग्रन्थ प्रकाशित हो चुके हैं, पर वे सभी अर्वाचीन दिखते हैं। उनमें मैंने वैसे किसी प्रसंग को खोजने का प्रयत्न किया है, पर उनमें मुझे वैसा कोई प्रसंग दिखा नहीं है।

(७) **जीवसमास**—जीवस्थान-कालानुगम अनुयोगद्वार में प्रथम सूत्र की व्याख्या करते हुए यहाँ धवलाकार ने तद्व्यतिरिक्त नोआगमद्रव्यकाल के प्रसंग में 'जीवसमासाए वि उत्तं' इस सूचना के साथ निम्न गाथा को उद्धृत किया है—

छप्पंच-णवविहाणं अत्थाणं जिणवरोवइट्ठाणं।
आणाए अहिगमेण य सद्दहणं होइ सम्मत्तं[1] ॥

यह गाथा दि० प्रा० पंचसंग्रह के अन्तर्गत पाँच प्रकरणों में से प्रथम 'जीव-समास' प्रकरण में गाथांक १५६ के रूप में उपलब्ध होती है। साथ ही वह प्राकृत वृत्ति से सहित दूसरे प्रा० पंचसंग्रह के तीसरे 'जीव-समास' प्रकरण में भी गाथांक १४६ के रूप में उपलब्ध होती है।[2]

८. **जोणिपाहुड**—'प्रकृति' अनुयोगद्वार में केवलज्ञानावरणीय के प्रसंग में सूत्रकार द्वारा केवलज्ञान के स्वरूप का निर्देश करते हुए उसके विषयभूत कुछ विशिष्ट पदार्थों का उल्लेख किया गया है। उनमें अनुभाग भी एक है।—सूत्र, ५, ५ ६७-६८ (पु० १३)

धवला में उसकी व्याख्या करते हुए छह द्रव्यों की शक्ति को अनुभाग कहा गया है। वे हैं जीवानुभाग, पुद्गलानुभाग, धर्मास्तिकायानुभाग, अधर्मास्तिकायानुभाग, आकाशास्तिकायानुभाग और कालद्रव्यानुभाग। इनमें पुद्गलानुभाग के लक्षण का निर्देश करते हुए धवला में कहा गया है कि ज्वर, कुष्ठ और क्षय आदि रोगों का विनाश करना, यह पुद्गलानुभाग का लक्षण है। निष्कर्ष रूप में वहाँ यह भी कहा गया है कि **योनिप्राभृत** में वर्णित मन्त्र-तन्त्र शक्तियों को पुद्गलानुभाग जानना चाहिए।[3]

जैसा कि पूर्व में 'धरसेनाचार्य व योनिप्राभृत' शीर्षक में कहा जा चुका है, वह कदाचित् धरसेनाचार्य के द्वारा विरचित हो सकता है।

९. **णिरयाउबंधसुत्त**—यह कोई स्वतन्त्र ग्रन्थ रहा है या किसी कर्मग्रन्थ का कोई प्रकरण विशेष रहा है, यह अन्वेषणीय है।

पूर्वोक्त जीवस्थान-कालानुगम अनुयोगद्वार में प्रथमादि सात पृथिवियों में वर्तमान मिथ्यादृष्टि नारकियों के उत्कृष्टकाल प्रमाण के प्ररूपक सूत्र (१,५,४) की व्याख्या में धवलाकार ने पृथक्-पृथक् प्रथमादि पृथिवियों में उनके उस उत्कृष्ट काल का उल्लेख किया है। कारण को स्पष्ट करते हुए उन्होंने यह कहा है कि इससे अधिक आयु का बन्ध उनके सम्भव नहीं है। इस विषय में यह पूछे जाने पर कि वह कहाँ से जाना जाता है, उन्होंने "**एक्कं तिय सत्त**

---

१. धवला, पु० ४, पृ० ३१५

२. भा. ज्ञानपीठ से प्रकाशित पंचसंग्रह में पृ० ३४ व ५८२ (यह गाथा 'ऋषभदेव केशरीमल श्वेता० संस्था, रतलाम से प्रकाशित (ई० १९२८) **जीव-समास** में भी हो सकती है।)

३. **जोणिपाहुडे भणिदमंत-तंतसत्तीयो पोग्गलाणुभागो त्ति घेत्तव्वो।**

—धवला, पु० १३, पृ० ३४६

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दस"[1] आदि गाथा को उद्धृत करते हुए कहा है कि वह इस 'णिरयाउबंधसुत्त' से जाना जाता है।[2]

१०. **तत्त्वार्थसूत्र**—धवलाकार ने इसका उल्लेख तच्चट्ठ, तच्चत्थ, तच्चत्थसुत्त और तत्त्वार्थसूत्र इन नामों के निर्देशपूर्वक किया है। यथा—

तच्चट्ठ—जीवस्थान-चूलिका में प्रथम सम्यक्त्व कहाँ किन बाह्य कारणों से उत्पन्न होता है, इसका विचार किया गया है। वहाँ मनुष्यगति के प्रसंग में सूत्रकार द्वारा उसके उत्पादक तीन कारणों का निर्देश किया गया है—जातिस्मरण, धर्मश्रवण और जिनबिम्बदर्शन।

—सूत्र १, ६-६, २६-३०

इस प्रसंग को स्पष्ट करते हुए धवलाकार ने कहा है कि **तच्चट्ठ** में नैसर्गिक—स्वभावतः उत्पन्न होनेवाला भी—प्रथम सम्यक्त्व कहा गया है।[3] उसे भी यहीं पर देखना चाहिए अर्थात् वह भी इन्हीं कारणों से उत्पन्न होता है; यह अभिप्राय ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि जाति-स्मरण और जिनबिम्ब-दर्शन के बिना उत्पन्न होनेवाला नैसर्गिक प्रथम सम्यक्त्व सम्भव नहीं है।[4]

नैसर्गिक का अभिप्राय इतना ही समझना चाहिए कि वह दर्शनमोह के उपशम आदि के होने पर परोपदेश के बिना उत्पन्न होता है।[5]

तच्चत्थ—बन्धन अनुयोगद्वार में सूत्रकार द्वारा अविपाकप्रत्ययिक जीवभावबन्ध के ये दो भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—औपशमिक अविपाकप्रत्ययिक जीवभावबन्ध और क्षायिक अविपाक-प्रत्ययिक जीवभावबन्ध।—सूत्र ५, ६ १६

इसकी व्याख्या के प्रसंग में धवलाकार ने प्रसंग-प्राप्त एक शंका के समाधान में जीवभाव (जीवत्व) को औदयिक सिद्ध किया है। आगे उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया है कि **तच्चत्थ** में जो जीवभाव को पारिणामिक कहा गया है[5] वह प्राण-धारण की अपेक्षा नहीं कहा गया है, किन्तु चैतन्य का अवलम्बन लेकर वहाँ उसे पारिणामिक कहा गया है।

इसी प्रसंग में आगे धवलाकार ने भव्यत्व और अभव्यत्व को भी विपाकप्रत्ययिक कहा है। यहाँ यह शंका उठायी गयी है कि **तच्चत्थ** (२-७) में तो उन्हें पारिणामिक कहा गया है, उसके साथ विरोध कैसे न होगा। इसका समाधान करते हुए धवलाकार ने कहा है कि असिद्धत्व की अनादि-अनन्तता और अनादि-सान्तता का कोई कारण नहीं है, इसी अपेक्षा से उन अभव्यत्व और भव्यत्व को वहाँ पारिणामिक कहा गया है, इससे उसके साथ विरोध होना सम्भव नहीं है।[6]

तच्चत्थसुत्त—जीवस्थान-कालानुगम अनुयोगद्वार में कालविषयक निक्षेप के प्रसंग में तद्व्यतिरिक्त नोआगमद्रव्यकाल के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए धवलाकार ने वर्ण-गन्धादि से

---

१. धवला, पु० ४, पृ० ३६०-६१
२. तत्त्वार्थश्रद्धानं सम्यग्दर्शनम्। तन्निसर्गादधिगमाद्वा।—त० सूत्र १,२,३
३. धवला, पु० ६, पृ० ४३०-३१
४. तस्मिन् सति यद् बाह्योपदेशादृते प्रादुर्भवति तन्नैसर्गिकम्।—स०सि० १-३
५. जीव-भव्याभव्यत्वानि च।—त० सू० २-७
६. धवला, पु० १४, पृ० १३

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

रहित वर्तनालक्षणवाले लोकप्रमाण अर्थ को तद्व्यतिरिक्त नोआगमद्रव्यकाल कहा है। इस प्रसंग में आगे उन्होंने कहा है कि **गृद्धपिच्छाचार्य** द्वारा प्रकाशित **तत्त्वार्थसूत्र** में भी "वर्तना-परिणाम-क्रियाः परत्वापरत्वे च कालस्य" (त० सू० ५-२२) इस प्रकार द्रव्यकाल की प्ररूपणा की गयी है।[1]

तत्त्वार्थसूत्र—जीवस्थान-सत्प्ररूपणा अनुयोगद्वार में एकेन्द्रियादि जीवों की प्ररूपणा के प्रसंग में शंकाकार द्वारा यह पूछा गया है कि पृथिवी आदि स्थावर जीवों के एक स्पर्शन इन्द्रिय ही होती है, उनके शेष इन्द्रियां नहीं होती हैं, यह कैसे जाना जाता है। इसके समाधान में धवलाकार ने "**जाणदि पस्सदि भुंजदि**"[2] इत्यादि गाथा-सूत्र को उद्धृत करते हुए कहा है, वह उसके प्ररूपक इस **आर्ष** से जाना जाता है। तत्पश्चात् विकल्प के रूप में उन्होंने यह भी कहा है कि अथवा "**वनस्पत्यन्तानामेकम्**" इस तत्त्वार्थसूत्र (२-२२) से भी जाना जाता है कि वनस्पति-पर्यन्त पृथिवी आदि स्थावर जीवों के एक स्पर्शन-इन्द्रिय होती है।[3]

यहीं पर आगे द्वीन्द्रियादि जीवों की प्ररूपणा के प्रसंग में धवला में यह शंका उठायी गई है कि अमुक जीव के इतनी ही इन्द्रियां होती हैं, यह कैसे जाना जाता है। इसके उत्तर में वहां "**एइंदिस्स फुसणं**" इत्यादि गाथा-सूत्र को उद्धृत करते हुए कहा गया है कि इस **आर्ष वचन** से वह जाना जाता है। तत्पश्चात् विकल्प के रूप में वहां यह भी कहा गया है कि वह "**कृमि-पिपीलिका-भ्रमर-मनुष्यादीनामेकैकवृद्धानि**" इस **तत्त्वार्थसूत्र** (२-२३) से जाना जाता है। इस प्रसंग में धवलाकार ने उपर्युक्त गाथा-सूत्र और इस तत्त्वार्थसूत्र के अर्थ को भी स्पष्ट कर दिया है।[4]

११. **तत्त्वार्थभाष्य**—धवलाकार का अभिप्राय 'तत्त्वार्थभाष्य' से भट्टाकलंकदेव-विरचित 'तत्त्वार्थवार्तिक' का रहा है। जीवस्थान-सत्प्ररूपणा में षटखण्डागम के प्रथम खण्डभूत जीव-स्थान का पूर्वश्रुत से सम्बन्ध प्रकट करते हुए धवलाकार ने अंगबाह्य के चौदह और अंग-प्रविष्ट के बारह भेदों को स्पष्ट किया है। उस प्रसंग में अन्तकृद्दशा नामक आठवें अंग का और अनुत्तरौपपादिक दशा नामक नौवें अंग का स्वरूप दिखलाकर उसकी पुष्टि में धवलाकार ने '**उक्तं च तत्त्वार्थभाष्ये**' इस सूचना के साथ उन दोनों अंगों के तत्त्वार्थवार्तिकगत लक्षणों को उद्धृत किया है, जो कुछ थोड़े से नाम-भेद के साथ उसी रूप में तत्त्वार्थवार्तिक में उपलब्ध होते हैं। विशेष इतना है कि धवला में उद्धृत अन्तकृद्दशा के लक्षण से आगे तत्त्वार्थवार्तिक में इतना अधिक है—"अथवा अन्तकृतां दश अन्तकृद्दश, तस्यामर्हदाचार्यविधिः सिध्यतां च।"[5]

सम्भवतः यह लक्षण का विकल्प धवलाकार को अभीष्ट नहीं रहा, इसीलिए उन्होंने उसे उद्धृत नहीं किया।

१२. **तिलोयपण्णत्तिसुत्त**—जीवस्थानद्रव्यप्रमाणानुगम में सूत्रकार द्वारा क्षेत्र की अपेक्षा

---

१. धवला, पु० ४, पृ० ३१६
२. धवला, पु० ४, पृ० १३६
(यह गाथासूत्र दि० प्रा० पंचसंग्रह (१-६६) में उपलब्ध होता है।)
३. धवला, पु० १ पृ० २३६
४. धवला, पु० १, पृ० २५८-५६
५. वही, पृ० १०३ तथा त० वा० १, २०, १२, पृ० ५१

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मिथ्यादृष्टि जीवराशि का प्रमाण अनन्तानन्तलोक निर्दिष्ट किया गया है।—सूत्र १,२,४

इसकी व्याख्या करते हुए धवलाकार ने सूत्रोक्त 'लोक' से जगश्रेणि के घन को ग्रहण किया है। इस प्रसंग में उन्होंने सात राजुओं के आयाम को जगश्रेणि और तिर्यग्लोक के मध्यम विस्तार को राजु कहा है। इस पर यह पूछने पर कि तिर्यग्लोक की समाप्ति कहाँ हुई है, धवलाकार ने कहा है उसकी समाप्ति तीन वातवलयों के बाह्य भाग में हुई है। इस पर पुनः यह पूछा गया है कि स्वयम्भूरमण समुद्र की बाह्य वेदिका से आगे कितना क्षेत्र जाकर तिर्यग्लोक की समाप्ति हुई है। उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि असंख्यात द्वीप-समुद्रों के द्वारा जितने योजन रोके गये हैं उनसे संख्यात गुणे आगे जाकर उसकी समाप्ति हुई है। प्रमाण के रूप में उन्होंने ज्योतिषी देवों के दो सौ छप्पन अंगुलों के वर्ग-प्रमाण भागहार के प्ररूपक सूत्र (१, २, ५५) को और "दुगुणदुगुणो दुवग्गो णिरंतरो तिरियलोगे" इस **तिलोयपण्णत्ति सुत्त** को प्रस्तुत किया है।[1]

यह ज्ञातव्य है कि 'जैन संस्कृति संरक्षक संघ' शोलापुर से प्रकाशित वर्तमान तिलोयपण्णत्ती में उपर्युक्त गाथांश उपलब्ध नहीं होता।[2] सम्भव है वह उसकी किसी प्राचीन प्रति में लेखक की असावधानी से लिखने से रह गया है। तत्पश्चात् उसके आधार से जो उसकी अन्य प्रतियाँ लिखी गई हैं उनमें उसका उपलब्ध न होना स्वाभाविक है। प्रस्तुत संस्करण में अनेक ऐसे प्रसंग रहे हैं जहाँ पाठ स्खलित हैं। यही नहीं, कहीं-कहीं तो पूरी गाथा ही स्खलित हो गई है। उदाहरण के रूप में ऋषभादि तीर्थंकरों के केवलज्ञान के उत्पन्न होने की प्ररूपणा में सम्भव जिनेन्द्र के केवलज्ञान की प्ररूपक गाथा स्खलित हो गयी है। उसका अनुमित हिन्दी अनुवाद कोष्ठक [ ] के अन्तर्गत कर दिया गया है।[3] इतनी मोटी भूल की सम्भावना ग्रन्थकार से तो नहीं की जा सकती है।

ऐसे ही कुछ कारणों से अनेक विद्वानों का अभिमत है कि वर्तमान तिलोयपण्णत्ती यतिवृषभाचार्य की रचना नहीं है। पर वैसा प्रतीत नहीं होता। कारण यह कि उपलब्ध 'तिलोयपण्णत्ती' एक ऐसी महत्त्वपूर्ण सुव्यवस्थित प्रामाणिक रचना है जो प्राचीनतम भौगोलिक ग्रन्थों पर आधारित है। स्थान-स्थान पर उसमें कितने ही प्राचीन ग्रन्थों का उल्लेख किया गया है तथा यथाप्रसंग पाठान्तर व मतभेद को भी स्पष्ट किया गया है।[4]

इस सारी स्थिति को देखते हुए उसके यतिवृषभाचार्य द्वारा रचे जाने में सन्देह करना

---

१. धवला, पु० ३, पृ० ३६; इस सम्बन्ध में विशेष चर्चा 'धवलागत-विषय-परिचय' में द्रव्य-प्रमाण के अन्तर्गत मिथ्यादृष्टि जीवराशि के प्रमाण के प्रसंग में तथा स्पर्शनानुगम के अन्तर्गत सासादन सम्यग्दृष्टियों के स्पर्शन के प्रसंग में की जा चुकी है, वहाँ उसे देखा जा सकता है।

२. इससे मिलती-जुलती एक गाथा धवला पु० ४, पृ० १५१ पर इस प्रकार उद्धृत की गयी है—

चंदाइच्च-गहेहि चेव णक्खत्त तारारूवेहि।
दुगुण-दुगुणेहि णीरंतरेहि दुवग्गो तिरियलोगो॥

३. ति०प०, भाग १, पृ० २२८

४. ति०प० २, परिशिष्ट पृ० ९६५ और ९८७-८८

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उचित नहीं दिखता। यह सम्भव है कि उसकी प्रतियों में कहीं कुछ पाठ स्खलित हो गये हों तथा प्ररूपित विषय के स्पष्टीकरणार्थ उससे सम्बद्ध कुछ सन्दर्भ भी पीछे किन्हीं विद्वानों के द्वारा जोड़ दिये गये हों।[1]

धवला में उसका एक दूसरा उल्लेख जीवस्थान-स्पर्शनानुगम के प्रसंग में किया गया है। ज्योतिषी देव सासादन-सम्यग्दृष्टियों के सूत्र (१, ४, ४) में निर्दिष्ट आठ-बटे चौदह (८/१४) भावप्रमाण स्पर्शनक्षेत्र के लाने के लिए स्वयम्भूरमण समुद्र के परे राजू के अर्धच्छेद माने गये हैं। इसके प्रसंग में धवला में यह शंका उठायी गई है कि स्वयंम्भूरमण समुद्र के परे राजू के अर्धच्छेद मानने पर "जितनी द्वीप-समुद्रों की संख्या है और जितने जम्बूद्वीप के अर्धच्छेद हैं, राजु के एक अधिक उतने ही अर्धच्छेद होते हैं" इस परिकर्म के साथ विरोध का प्रसंग प्राप्त होने वाला है।

इसके समाधान में धवलाकार ने यह स्पष्ट किया है कि उसका उपर्युक्त परिकर्मवचन के साथ तो विरोध होगा, किन्तु ज्योतिषी देवों की संख्या के लाने में कारणभूत दो सौ छप्पन अंगुलों के वर्ग-प्रमाण जगप्रतर के भागहार के प्ररूपक सूत्र (१,२,५५—पु० ३) के साथ उसका विरोध नहीं होगा। इसलिए स्वयम्भूरमण समुद्र के परे राजु के अर्धच्छेदों के प्ररूपक उस व्याख्यान को ग्रहण करना चाहिए, न कि उक्त परिकर्मवचन को; क्योंकि वह सूत्र के विरुद्ध है और सूत्र के विरुद्ध व्याख्यान होता नहीं है, अन्यथा व्यवस्था ही कुछ नहीं रह सकती है।

प्रसंग के अन्त में धवलाकार ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि तत्प्रायोग्य संख्यात रूपों से अधिक जम्बूद्वीप के अर्धच्छेदों से सहित द्वीप-सागरों के रूपों-प्रमाण राजु के अर्धच्छेदों के प्रमाण की यह परीक्षाविधि अन्य आचार्यों के उपदेश की परम्परा का अनुसरण नहीं करती है, वह केवल तिलोयपण्णत्ति-सुत्त का अनुसरण करती है। उसकी प्ररूपणा हमने ज्योतिषी देवों के भागहार के प्ररूपक सूत्र का आलम्बन लेनेवाली युक्ति के बल से प्रकृत गच्छ के साधनार्थ की है।[2]

यहाँ यह स्मरणीय है कि धवला में इस प्रसंग से सम्बद्ध जो यह गद्यभाग है वह प्रसंगानुरूप कुछ शब्द-परिवर्तन के साथ प्रायः उसी रूप में तिलोयपण्णत्ती में उपलब्ध होता है। इस को वहाँ किसी के द्वारा निश्चित ही पीछे जोड़ा गया है। यह उस (तिलोयपण्णत्ती) में किये गये 'केवलं तु तिलोयपण्णत्तिसुत्तानुसारिणी' इस उल्लेख से स्पष्ट है, क्योंकि कोई भी ग्रन्थकार विवक्षित विषय की प्ररूपणा की पुष्टि में अपने ही ग्रन्थ का प्रमाण के रूप में वहाँ उल्लेख नहीं कर सकता है।[3]

१३. परियम्म—धवला में इसका उल्लेख अनेक प्रसंगों पर किया गया है।[4] कहीं पर

---

१. इस सम्बन्ध में विशेष जानकारी के लिए ति० प० २ की प्रस्तावना पृ० १५-२० और पुरातन जैन वाक्यसूची की प्रस्तावना पृ० ४१-५७ द्रष्टव्य हैं।

२. धवला, पु० ४; पृ० १५५-५७

३. धवला, पु० ४, पृ० १५२-५६ और ति० प० भा० २, पृ० ७६४-६६

४. यथा—पु० ३, पृ० १६, २४, २५, ३६, १२४, १२७, १३४, २६३, ३३७ व ३३६। पु० ४, पृ० १५६, १८४ व ३६०। पु० ७, पृ० १४५, २८५ व ३७२। पु० ६, पृ० ४८ व ५६। पु० १०, पृ० ४८३। पु० १२, पृ० १५४। पु० १३, पृ० १८, २६२-६३ व २६६। पु० १४, पृ० ५४, ३७४ व ३७५

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यदि उसे सर्वाचार्य-सम्मत बतलाकर प्रमाणभूत प्रकट किया गया है, तो कहीं पर उसे सूत्र के विरुद्ध होने से अप्रमाणभूत भी ठहरा दिया गया है। इसी प्रकार कहीं पर उसके आश्रय से विवक्षित विषय की पुष्टि की गई है और कहीं पर उसके विरुद्ध होने से दूसरी मान्यताओं को असंगत घोषित किया गया है। धवला में जो प्रचुरता से उसका उल्लेख किया गया है उसमें पु० ३, पृ० १९ तथा पु० ४, पृ० १८३-८४ व १५५-५६ पर किये गये उसके तीन उल्लेखों को पीछे स्पष्ट किया जा चुका है।[1] शेष उल्लेखों में कुछ को यहाँ स्पष्ट किया जाता है—

(४) जीव-स्थान-द्रव्य प्रमाणानुगम में सूत्रोक्त नारक-मिथ्यादृष्टियों के द्रव्यप्रमाण को स्पष्ट करते हुए धवला में प्रसंग-प्राप्त असंख्यात के अनेक भेद प्रकट किये गये हैं। आगे यथाक्रम से उनके स्वरूप को स्पष्ट करते हुए उनमें से एक 'गणना' असंख्यात के प्रसंग में यह कह दिया है कि 'जो गणना संख्यात है उसका कथन परिकर्म में किया गया है।'

(५) उपर्युक्त द्रव्यप्रमाणानुगम में उन्हीं मिथ्यादृष्टि नारकों के क्षेत्र-प्रमाण को जगप्रतर के असंख्यातवें भाग-मात्र असंख्यात जगश्रेणियाँ बतलाते हुए उन जगश्रेणियों की विष्कम्भसूची अंगुल के द्वितीय वर्गमूल से गुणित उसके प्रथम वर्गमूल-प्रमाण निर्दिष्ट की गई है।

—सूत्र १,२,१७

इसकी व्याख्या करते हुए धवलाकार ने सूत्र में निर्दिष्ट अंगुलसामान्य से सूच्यंगुल को ग्रहण किया है। इस पर चहाँ यह शंका उठती है कि सूत्र में सामान्य से 'अंगुल का वर्गमूल' ऐसा निर्देश करने पर उससे प्रतरांगुल अथवा घनांगुल के वर्गमूल का ग्रहण कैसे नहीं प्राप्त होता है। इसके समाधान में धवलाकार ने कहा है कि वैसा सम्भव नहीं है, क्योंकि "आठ का पुनः-पुनः वर्ग करने पर असंख्यात वर्ग-स्थान जाकर सौधर्म-ऐशान की विष्कम्भ-सूची उत्पन्न होती है, इस विष्कम्भ-सूची का एक बार वर्ग करने पर नारकविष्कम्भ-सूची होती है; उसका एक बार वर्ग करने पर भवनवासी विष्कम्भ-सूची होती है और उसका एक बार वर्ग करने पर घनांगुल होता है" इस परिकर्म के कथन से जाना जाता है कि घनांगुल व प्रतरांगुल के वर्गमूल का यहाँ ग्रहण नहीं होता; किन्तु सूच्यंगुल के वर्गमूल का ही ग्रहण होता है। कारण यह है कि इसके बिना घनांगुल का द्वितीय वर्गमूल बनता नहीं है।[2]

(६) जीव-स्थान-कालानुगम में बादर एकेन्द्रियों के उत्कृष्टकाल को स्पष्ट करते हुए धवला में कहा गया है कि द्वीन्द्रियादि कोई जीव अथवा सूक्ष्म एकेन्द्रिय जीव बादर एकेन्द्रियों में उत्पन्न होकर यदि अतिशय दीर्घ काल तक वहाँ रहता है तो वह असंख्यातासंख्यात अवसर्पिणी-उत्सर्पिणीकाल तक ही रहता है, तत्पश्चात् निश्चय से वह अन्यत्र चला जाता है।

इस प्रसंग में वहाँ यह शंका की गई है कि "कर्मस्थिति को आवलि के असंख्यातवें भाग से गुणित करने पर बादर स्थिति होती है" इस प्रकार जो यह परिकर्म में कहा गया है उससे प्रस्तुत सूत्र विरुद्ध जाता है, इसलिए उसे संगत नहीं कहा जा सकता है। इसके उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि ऐसा कहना उचित नहीं है। कारण यह कि परिकर्म का वह कथन चूँकि

---

१. देखिए पीछे 'षट्खण्डागम पर निर्मित कुछ टीकाओं का उल्लेख' शीर्षक में 'पद्मनन्दी-विरचित परिकर्म' शीर्षक।

२. धवला, पु० ३, पृ० १३३-३४

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सूत्र का अनुसरण नहीं करता है, इसलिए वस्तुतः वही असंगत है।[1]

(७) इसी कालानुगम में आगे सूत्रकार द्वारा एक जीव की अपेक्षा बादर पृथिवीकायिक आदि जीवों का उत्कृष्ट काल कर्मस्थिति प्रमाण कहा गया है।—सूत्र १, ५, १४४

उसे स्पष्ट करते हुए धवलाकार ने 'कर्मस्थिति' से सब कर्मों की स्थिति को न ग्रहण करके गुरूपदेश के अनुसार एक दर्शनमोहनीय कर्म की ही उत्कृष्ट स्थिति को ग्रहण किया है। क्योंकि उसकी सत्तर कोड़ाकोड़ि सागरोपम-प्रमाण उत्कृष्टस्थिति में समस्त कर्मस्थितियाँ संगृहीत हैं, इसलिए वही प्रधान है। यहाँ धवलाकार ने स्पष्ट किया है कि कितने ही आचार्य कर्मस्थिति से चूँकि बादरस्थिति परिकर्म में उत्पन्न है, इसलिए कार्य में कारण का उपचार करके बादर स्थिति को ही कर्मस्थिति स्वीकार करते हैं। पर उनका वैसा मानना घटित नहीं होता है, क्योंकि गौण और मुख्य के मध्य में मुख्य का ही बोध होता है, ऐसा न्याय है। आगे उसे और भी स्पष्ट किया है। तदनुसार बादरस्थिति को कर्मस्थिति स्वीकार करना संगत नहीं है।[2]

(८) क्षुद्रकबन्ध खण्ड के अन्तर्गत एक जीव की अपेक्षा कालानुगम अनुयोगद्वार में यही प्रसंग पुनः प्राप्त हुआ है (सूत्र २, २, ७७)। वहाँ भी धवलाकार ने कर्मस्थिति से सत्तर कोड़ा-कोड़ि सागरोपम प्रमाणकाल को ग्रहण किया है। यहाँ भी धवलाकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि कुछ आचार्य सत्तर कोड़ाकोड़ि सागरोपमों को आवलि के असंख्यातवें भाग से गुणित करने पर बादर पृथिवीकायिकादि जीवों की कायस्थिति होती है, ऐसा कहते हैं। उनके द्वारा निर्दिष्ट यह 'कर्मस्थिति' नाम कारण में कार्य के उपचार से है। इस पर यह पूछने पर कि ऐसा व्याख्यान है, यह कैसे जाना जाता है, उत्तर में कहा गया है कि इस प्रकार के व्याख्यान के बिना चूँकि "कर्मस्थिति को आवलि के असंख्यातवें भाग से गुणित करने पर बादरस्थिति होती है" यह परिकर्म का कथन बनता नहीं है, इसी से जाना जाता है कि वैसा व्याख्यान है।[3]

(९) इसी क्षुद्रकबन्ध के अन्तर्गत द्रव्यप्रमाणानुगम में सूत्रकार द्वारा अकषायी जीवों का द्रव्यप्रमाण अनन्त कहा गया है।—सूत्र २, ५, ११६-१७

इस प्रसंग में यह पूछने पर कि अकषायी जीवराशि का यह अनन्त प्रमाण नौ प्रकार के अनन्त में से कौन से अनन्त में है, धवलाकार ने कहा है कि वह अजघन्य-अनुत्कृष्ट अनन्त में है, क्योंकि जहाँ-जहाँ अनन्तानन्त की खोज की जाती है वहाँ-वहाँ अजघन्य-अनुत्कृष्ट अनन्तानन्त को ग्रहण करना चाहिए, ऐसा परिकर्म वचन है।[4]

(१०) उपर्युक्त क्षुद्रकबन्ध के अन्तर्गत स्पर्शनानुगम में प्रथम पृथिवी के नारकियों का स्पर्शन-क्षेत्र, स्वस्थान, समुद्घात और उपपाद पदों की अपेक्षा लोक का असंख्यातवाँ भाग निर्दिष्ट किया गया है।—सूत्र २,७,६-७

इसे स्पष्ट करते हुए धवला में कहा गया है कि प्रथम पृथिवी के नारकियों द्वारा अतीत काल में मारणान्तिक समुद्घात और उपपाद पदों की अपेक्षा तीन लोकों का असंख्यातवाँ भाग, तिर्यग्लोक का संख्यातवाँ भाग और अढाई द्वीप से असंख्यात गुणा क्षेत्र स्पर्श किया गया है।

---

१. धवला, पु० ४, पृ० ३८९-९०
२. धवला, पु० ४, पृ० ४०२-३
३. धवला, पु० ७, पृ० १४५
४. धवला, पु० ७, पृ० २८५

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इस प्रसंग में धवलाकार ने गुरु के उपदेशानुसार तिर्यग्लोक का प्रमाण एक राजु विष्कम्भवाला, सात राजु आयत और एक लाख योजन बाहल्यवाला कहा है। आगे, पूर्व के समान, उन्होंने यहाँ भी यह स्पष्ट कर दिया है कि जो आचार्य उस तिर्यग्लोक को एक लाख योजन बाहल्य वाला और एक राजु विस्तृत झालर के समान (गोल) कहते हैं उनके अभिमतानुसार मारणान्तिक क्षेत्र और उपपाद क्षेत्र तिर्यग्लोक से साधिक ठहरते हैं। पर वह घटित नहीं होता, क्योंकि उनके इस उपदेश के अनुसार लोक में तीन सौ तेतालीस घनराजु की उत्पत्ति नहीं बनती। वे उतने घनराजु असिद्ध नहीं हैं, क्योंकि वे "सात से गुणित राजु-प्रमाण जगश्रेणि, जगश्रेणि का वर्ग जगप्रतर और जगश्रेणि से गुणित जगप्रतर प्रमाणलोक (१×७×७×७= ३४३) होता है" इस समस्त आचार्य-सम्मत परिकर्म से सिद्ध हैं।[1]

(११) वेदनाखण्ड के अन्तर्गत 'कृति' अनुयोगद्वार के प्रारम्भ में आचार्य भूतबलि ने विस्तृत मंगल किया है। उस प्रसंग में उन्होंने बीजबुद्धि ऋद्धि के धारकों को भी नमस्कार किया है।

—सूत्र ४, १, ७

उसकी व्याख्या में धवलाकार ने बीजबुद्धि के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए यह कहा है कि जो बुद्धि संख्यात पदों के अनन्त अर्थ से सम्बद्ध अनन्त लिंगों के आश्रय से बीजपद को जानती है, उसे बीजबुद्धि कहा जाता है। इस पर वहाँ यह शंका की गयी है कि बीजबुद्धि अनन्त अर्थ से सम्बद्ध अनन्त लिंगों से युक्त बीजपद को नहीं जानती है, क्योंकि वह क्षायोपशमिक है। इसके समाधान में धवलाकार ने कहा है कि ऐसा नहीं है, क्योंकि जिस प्रकार क्षायोपशमिक परोक्ष-श्रुतज्ञान केवलज्ञान के विषयभूत अनन्त पदार्थों को परोक्ष रूप से ग्रहण करता है, उसी प्रकार मतिज्ञान भी सामान्य रूप से अनन्त पदार्थों को ग्रहण करता है, इसमें कुछ विरोध नहीं है।

इस पर यहाँ पुनः यह शंका की गयी है कि यदि श्रुतज्ञान का विषय अनन्त संख्या है तो परिकर्म में जो यह कहा गया है कि चौदह पूर्वों के धारक का विषय उत्कृष्ट संख्यात है, वह कैसे घटित होगा।[2] इसके उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि यह कुछ दोष नहीं है, क्योंकि चतुर्दशपूर्वी उत्कृष्ट संख्यात को ही जानता है, ऐसा वहाँ नियम निर्धारित नहीं किया गया है।[3]

धवलाकार का यह समाधान उनकी समन्वयात्मक बुद्धि का परिचायक है।

(१२) वेदना-द्रव्यविधान-चूलिका में योगस्थानगत स्पर्धकों के अल्पबहुत्व के प्रसंग में धवला में यह शंका उठायी गई है कि जघन्य स्पर्धक के अविभागप्रतिच्छेदों का जघन्य योगस्थान

---

१ धवला, पु० ७, पृ० ३७१-७२

२. जदि सुदणाणिस्स विसओ अणंतसंखा होदि तो जमुक्कस्ससंखेज्जं विसओ चोद्दसपुव्विस्सेत्ति परियम्मे उत्तं तं कधं घडदे?—धवला, पु० ९, पृ० ५६

अइया जं संखाणं पंचिंदियविसओ तं संखेज्जं णाम। तदो उवरि जं ओहिणाणविसओ तमसंखेज्जं णाम। तदो उवरि जं केवलणाणस्सेव विसओ तमणंतं णाम।

—धवला, पु० ३, पृ० २६७-६८

त (अजहण्णमणुक्कस्ससंखेज्जयं) कस्स विसओ? चोद्दस पुव्विस्स। ति०प० १, पृ० १८०; अजहण्णमक्कस्सासंखेज्जासंखेज्जयं कस्स विसओ? ओधिणाणिस्स। ति०प० १, पृ० १८२; अजहण्णमणुक्कस्स अणंताणंतयं कस्य विसओ? केवलणाणिस्स। ति० प० १, पृ० १८३

३. धवला पु० ९, ५५-५७ (इसके पूर्व पृ० ४८ पर भी परिकर्म का एक उल्लेख द्रष्टव्य है)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

के अविभागप्रतिच्छेदों में भाग देने पर निरग्र होकर सिद्ध होता है, यह कैसे जाना जाता है। इसका समाधान करते हुए धवला में कहा गया है कि जघन्य स्पर्धक और जघन्य योगस्थान इनके अविभागप्रतिच्छेदों में चूंकि कृतयुग्मता[1] देखी जाती है, इसीसे जाना जाता है कि जघन्य स्पर्धक के अविभागप्रतिच्छेदों का जघन्य योगस्थान के अविभागप्रतिच्छेदों में भाग देने पर निरग्र होकर सिद्ध होता है। उस कृतयुग्मता का ज्ञान अल्पबहुत्वदण्डक से होता है, यह कहते हुए आगे धवला में उस अल्पबहुत्व को प्रस्तुत किया गया है। और अन्त में कहा गया है कि ये योगाविभागप्रतिच्छेद परिकर्म में वर्ग-समुत्थित कहे गये हैं। इन योगाविभाग-प्रतिच्छेदों को पल्योपम के असंख्यातवें भाग मात्र योगगुणकार से अपवर्तित करने पर जघन्य योगस्थान के अविभाग-प्रतिच्छेद होते हैं। वे भी कृतयुग्म हैं।[2]

(१३) वेदनाभावविधान अनुयोगद्वार में संख्यात भागवृद्धि किस वृद्धि से होती है, यह पूछने पर सूत्रकार ने कहा है कि वह एक कम जघन्य असंख्यात की वृद्धि से होती है।

—सूत्र ४,२,७,२०७-८

इसकी व्याख्या करते हुए उस प्रसंग में धवला में यह शंका उठायी गई है कि सूत्र में सीधे 'उत्कृष्ट संख्यात न कहकर एक कम जघन्य असंख्यात' ऐसा क्यों कहा गया है। इससे सूत्र में जो लाघव रहना चाहिए, वह नहीं रहा।

इसके समाधान में धवलाकार ने कहा है कि उत्कृष्ट संख्यात के प्रमाण के साथ संख्यात भागवृद्धि के प्रमाण की प्ररूपणा के लिए सूत्र में वैसा कहा गया है। यदि कहा जाय कि उत्कृष्ट संख्यात का प्रमाण तो परिकर्म से अवगत है तो ऐसा कहना योग्य नहीं है, क्योंकि परिकर्म के सूत्ररूपता नहीं है। अथवा आचार्य के अनुग्रह से पदरूप से निकले हुए उस सबके इससे पृथक् होने का विरोध है। इसलिए उससे उत्कृष्ट संख्यात का प्रमाण सिद्ध नहीं होता है।[3]

(१४) वर्गणा खण्ड के अन्तर्गत 'स्पर्श' अनुयोगद्वार में देशस्पर्श के प्रसंग में शंकाकार ने यह अभिप्राय प्रकट किया है कि यह देशस्पर्श स्कन्ध के अवयवों में ही होता है, परमाणु पुद्गलों के नहीं होता, क्योंकि वे अवयवों से रहित हैं। इस अभिप्राय को असंगत बतलाते हुए धवला में कहा गया है कि परमाणुओं की निरवयवता असिद्ध है।

इस पर शंकाकार ने कहा है कि परमाणुओं की निरवयवता असिद्ध नहीं है, क्योंकि "अपदेसं णेव इंदिए गेज्झं" अर्थात् परमाणु प्रदेशों से रहित होता हुआ इन्द्रिय से ग्रहण करने योग्य नहीं है, यह कहकर परिकर्म में उसकी निरवयवता को प्रकट किया गया है।[4]

---

१. जिस संख्या में ४ का भाग देने पर शेष कुछ न रहे, उसे कृतयुग्म कहा जाता है। जैसे—१६ (१६ ÷ ४ = ४)। देखिये पु० १०, पृ० २२-२३

२. धवला, पु० १०, पृ० ४८२-८३

३. धवला, पु० १२, पृ० १५४

४. अत्तादि अत्तमज्झं अत्तंतं णेव इंदिए गेज्झं।
अविभागी जं दव्वं परमाणु तं वियाणाहि॥

—नि० सा० २६ (स० सि० २-२५ में उद्धृत)

अंतादि-मज्झहीणं अपदेसं इंदिएहि ण हु गेज्झं।
जं दव्वं अविभत्तं तं परमाणुं कहंति जिणा॥—ति० प० १-९८

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इसका निराकरण करते हुए धवला में कहा गया है कि 'अपदेश' का अर्थ निरवयव नहीं है। यथा—प्रदेश नाम परमाणु का है, वह जिस परमाणु में समवेत रूप से नहीं रहता है, उस परमाणु को परिकर्म में अप्रदेश कहा गया है। आगे धवलाकार ने परमाणु को स्कन्ध की अन्यथानुपपत्ति रूप हेतु से सावयव सिद्ध किया है।[1]

(१५) आगे 'प्रकृति' अनुयोगद्वार में प्रसंग-प्राप्त बीस प्रकार के श्रुतज्ञान की प्ररूपणा करते हुए धवला में लब्ध्यक्षर ज्ञान के प्रसंग में यह कहा गया है कि उसमें सब जीवराशि का भाग देने पर सब जीवराशि से अनन्त गुणे ज्ञान के अविभाग प्रतिच्छेद आते हैं।

इस प्रसंग में वहाँ यह पूछा गया है कि लब्ध्यक्षर ज्ञान सब जीवराशि से अनन्त गुणा है, यह कहाँ से जाना जाता है। इसके उत्तर में यह कहकर, कि वह **परिकर्म** से जाना जाता है, आगे धवला में प्रसंग-प्राप्त परिकर्म के उस सन्दर्भ को उद्धृत भी कर दिया गया है।[2]

(१६) यहीं पर आगे काल की अपेक्षा अवधिज्ञान के विषय के प्रसंग में सूत्रकार ने समय व आवलि आदि कालभेदों को ज्ञातव्य कहा है।—सूत्र ५, ५, ५९

इसकी व्याख्या के प्रसंग में क्षण-लव आदि के स्वरूप को प्रकट करते हुए धवलाकार ने स्तोक को क्षण कहकर उसे संख्यात आवलियों का प्रमाण कहा है और उसकी पुष्टि "संख्यात आवलियों का एक उच्छ्वास और सात उच्छ्वासों का एक स्तोक होता है" इस **परिकर्मवचन** से की है।[3]

(१७) पूर्वोक्त वर्गणाखण्ड के अन्तर्गत 'बन्धन' अनुयोगद्वार में वर्गणाप्ररूपणा के प्रसंग में धवलाकार ने एकप्रदेशिक परमाणुपुद्गल द्रव्यवर्गणा को परमाणु स्वरूप कहा है। इस पर वहाँ यह शंका उठायी गयी है कि परमाणु तो अप्रत्यक्ष है, क्योंकि वह इन्द्रिय के द्वारा ग्रहण करने के योग्य नहीं है। इसलिए यहाँ सूत्र (५, ६, ७६) में जो उसके लिए 'इमा' अर्थात् 'यह' ऐसा प्रत्यक्ष निर्देश किया गया है वह घटित नहीं होता है।

इसके समाधान में धवलाकार ने कहा है कि आगम-प्रमाण से उसका प्रत्यक्ष बोध सिद्ध है, इस प्रकार उसके प्रत्यक्ष होने पर उसके लिए सूत्र में 'इमा' पद के द्वारा जो प्रत्यक्ष-निर्देश किया गया है, वह संगत है।

इस पर वहाँ पुनः यह शंका की गई है कि **परिकर्म** में परमाणु को 'अप्रदेश' कहा गया है, पर यहाँ उसको एक प्रदेशवाला कहा जा रहा है; इस प्रकार इन दोनों सूत्रों में विरोध कैसे न होगा। इसके उत्तर में धवला में कहा गया है कि यह कुछ दोष नहीं है, क्योंकि **परिकर्म** में 'अप्रदेश' कहकर एक प्रदेश के अतिरिक्त द्वितीयादि प्रदेशों का प्रतिषेध किया गया है। कारण यह है कि 'न विद्यन्ते द्वितीयादयः प्रदेशा यस्मिन् सोऽप्रदेशः परमाणुः' इस निरुक्ति के अनुसार जो द्वितीय-आदि प्रदेशों से रहित होता है उसका नाम परमाणु है, यह **परिकर्म** में उसका अभिप्राय प्रकट किया गया है। यदि उसे प्रदेश से सर्वथा रहित माना जाय, तो खरविषाण के समान उसके अभाव का प्रसंग प्राप्त होता है।[4]

---

१. धवला, पु० १३, पृ० १८-१९
२. धवला, पु० १३, पृ० २६२-६३
३. धवला, पु० १३, पृ० २९९
४. धवला, पु० १४, पृ० ५४-५५; आगे यहाँ पृ० ३७४-७५ पर भी परिकर्म का अन्य उल्लेख द्रष्टव्य है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१४. **पंचत्थिपाहुड**—आचार्य कुन्दकुन्द-विरचित पंचत्थिपाहुड (पंचास्तिप्राभृत) यह पाँच अस्तिकाय द्रव्यों का प्ररूपक एक महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है। उसका उल्लेख धवला में इस प्रकार किया गया—

(१) जीवस्थान-कालानुगम में कालविषयक निक्षेप की प्ररूपणा करते हुए धवला में तद्व्यतिरिक्त नोआगमद्रव्यकाल के प्रसंग में 'वुत्तं च पंचत्थिपाहुडे ववहारकालस्स अत्थित्तं' इस प्रकार ग्रन्थनामनिर्देशपूर्वक उसकी "कालोत्ति य ववएसो" आदि और "कालो परिणाम-भवो" आदि इन दो गाथाओं को विपरीत क्रम से (१०१ व १००) उद्धृत किया गया है।[1]

(२) आगे वेदनाकालविधान अनुयोगद्वार में तद्व्यतिरिक्त नोआगमद्रव्यकाल को प्रधान और अप्रधान के भेद से दो प्रकार का कहा गया है। उनमें प्रधान द्रव्यकाल के स्वरूप का निर्देश करते हुए धवला में कहा गया है कि शेष पाँच द्रव्यों के परिणमन का हेतुभूत जो रत्न-राशि के समान प्रदेशसमूह से रहित लोकाकाश के प्रदेशों प्रमाण-काल है, उसका नाम प्रधान द्रव्यकाल है। वह अमूर्त व अनादिनिधन है। उसकी पुष्टि में आगे 'उक्तं च' इस सूचना के साथ ग्रन्थनामनिर्देश के बिना पंचास्तिकाय की उपर्युक्त दोनों (१०० व १०१) गाथाओं को यथाक्रम से वहाँ उद्धृत किया गया है।[2]

विशेषता यह है कि यहाँ इन दोनों गाथाओं के मध्य में अन्य दो गाथाएँ भी उद्धृत हैं, जो गो०जी० में भी ५६६-५८८ गाथाओं में उपलब्ध होती हैं।

(३) पूर्वोक्त जीवस्थान-कालानुगम में उसी कालविषयक निक्षेप के प्रसंग में धवलाकार ने द्रव्यकालजनित परिणाम को नोआगमभावकाल कहा है। इस पर वहाँ यह शंका की गयी है कि पुद्गलादि द्रव्यों के परिणाम को 'काल' नाम से कैसे व्यवहृत किया जाता है। इसके उत्तर में वहाँ कहा गया है कि यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि उसे जो 'काल' नाम से व्यवहृत किया जाता है वह कार्य में कारण के उपचार से किया जाता है। इसकी पुष्टि में वहाँ 'वुत्तं च पंचत्थिपाहुडे ववहारकालस्स अत्थित्तं' ऐसी सूचना करते हुए पंचास्तिकाय की २३, २५ और २६ इन तीन गाथाओं को उद्धृत किया गया है।[3]

(४) जीवस्थान सत्प्ररूपणा में प्रस्तुत षट्खण्डागम का पूर्वश्रुत से सम्बन्ध दिखलाते हुए स्थानांग के प्रसंग में धवला में कहा गया है कि वह बयालीस हजार पदों के द्वारा एक को आदि लेकर उत्तरोत्तर एक-एक अधिक के क्रम से स्थानों का वर्णन करता है। आगे वहाँ 'तस्सो-दाहरणं' ऐसा निर्देश करते हुए ग्रन्थनाम-निर्देश के बिना पंचास्तिकाय की ७१ व ७२ इन दो गाथाओं को उद्धृत किया गया है।[4]

ये दोनों गाथाएँ आगे इसी प्रसंग में धवलाकार द्वारा 'कृति' अनुयोगद्वार में पुनः उद्धृत हैं। विशेषता वहाँ यह रही है कि स्थानांग के स्वरूप में एक को आदि लेकर उत्तरोत्तर एक-एक अधिक के क्रम से जीवादि पदार्थों के दस-दस स्थानों की प्ररूपणा का उल्लेख किया गया है।[5]

---

१. धवला, पु० ४, पृ० ३१७
२. धवला, पु० ११, पृ० ७५-७६
३. धवला, पु० ४, पृ० ३१७
४. धवला, पु० १, पृ० १००
५. धवला, पु० ९, पृ० १९८

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(५) उपर्युक्त कृति अनुयोगद्वार में नयप्ररूपणा के प्रसंग में धवला में द्रव्यार्थिकनय के ये तीन भेद निर्दिष्ट किये गये है—नैगम, संग्रह और व्यवहार। इनमें संग्रहनय के स्वरूप को प्रकट करते हुए वहाँ कहा गया कि जो पर्यायकलंक से रहित होकर सत्ता आदि के आश्रय से सबकी अद्वैतता का निश्चय करता है—सबको अभेद रूप में ग्रहण करता है—वह संग्रहनय कहलाता है, वह शुद्ध द्रव्यार्थिकनय है। आगे वहाँ 'अत्रोपयोगी गाहा' इस निर्देश के साथ ग्रन्थनामोल्लेख के बिना **पंचास्तिकाय** की "सत्ता सव्वपयत्था" आदि गाथा को उद्धृत किया गया है।[1]

(६) वर्गणा खण्ड के अन्तर्गत 'स्पर्श' अनुयोगद्वार में द्रव्यस्पर्श के प्रसंग में पुद्गलादि द्रव्यों के पारस्परिक स्पर्श को दिखलाते हुए धवला में 'एत्थुव उज्जंतीओ गाहाओ' ऐसी सूचना करके "लोगागासपदेसे एक्केक्के' आदि गाथा के साथ **पंचास्तिकाय** की "खंधं सयलसमत्थं" गाथा को उद्धृत किया गया है। विशेष इतना कि यहाँ 'परमाणू चेव अविभागी' के स्थान में 'अविभागी जो स परमाणु' पाठ-भेद है।[2]

१५. **पिंडिया**—जीवस्थान-सत्प्ररूपणा में आलाप-प्ररूपणा के प्रसंग में लेश्यामार्गणा के आश्रय से पद्मलेश्या वाले संयतासंयतों में आलापों को स्पष्ट करते हुए धवलाकार ने उनके द्रव्य से छहों लेश्याओं और भाव से एक पद्मलेश्या की सम्भावना प्रकट की है। इस प्रसंग में वहाँ आगे 'उक्तं च पिंडियाए' इस निर्देश के साथ यह गाथा उद्धृत की गयी है[3]—

लेस्सा य दव्वभावं कम्मं णोकम्ममिस्सियं दव्वं।
जीवस्स भावलेस्सा परिणामो अप्पणो जो सो॥

यह 'पिंडिया' नाम का कौन सा ग्रन्थ रहा है व किसके द्वारा वह रचा गया है, यह अन्वेषणीय है। वर्तमान में इस नाम का कोई ग्रन्थ उपलब्ध नहीं है। सम्भव है, वीरसेनाचार्य के समक्ष वह रहा हो।

१६. **पेज्जदोसपाहुड**—यह कसायपाहुड का नामान्तर है। आचार्य गुणधर के उल्लेखानुसार पाँचवें ज्ञानप्रवादपूर्व के अन्तर्गत दसवें 'वस्तु' नामक अधिकार के तीसरे प्राभृत का नाम **पेज्जदोस** है। इसी का दूसरा नाम **कसायपाहुड** है।[4]

धवला में प्रस्तुत षट्खण्डागम का पूर्वश्रुत से सम्बन्ध प्रकट करते हुए उस प्रसंग में कहा गया है कि लोहार्य के स्वर्गस्थ हो जाने पर आचार (प्रथम अंग) रूप सूर्य अस्तंगत हो गया। इस प्रकार भरत क्षेत्र में बारह अंगों रूप सूर्यों के अस्तंगत हो जाने पर शेष आचार्य सब अंग-पूर्वों के एकदेशभूत **पेज्जदोस** और **महाकम्मपयडिपाहुड** आदि के धारक रह गये।[5]

१७. **महाकम्मपयडिपाहुड**—प्रस्तुत षट्खण्डागम इसी महाकर्मप्रकृतिप्राभृत के उपसंहार

---

१. धवला, पु० ९, पृ० १७०-७१
२. धवला, पु १३, पृ० १३, (यह गाथा मूलाचार (५-३४) और तिलोयपण्णत्ती (१-९५) में उपलब्ध होती है।
३. धवला, पु० २, पृ० ७८८
४. पुव्वम्मि पंचमम्मि दु दसमे वत्थुम्मि पाहुडे तदिए।
पेज्जं ति पाहुडम्मि दु हवदि कसायाण पाहुडं णाम॥—क० पा० १
५. धवला, पु० ९, पृ० १३३

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स्वरूप है, यह पूर्व में कहा जा चुका है। इसका उल्लेख धवला में कई प्रसंगों पर किया गया है। जैसे—

(१) आचार्य भूतबलि ने प्रस्तुत षट्खण्डागम के चतुर्थ खण्डस्वरूप 'वेदना' के प्रारम्भ में विस्तृत मंगल किया है। सर्वप्रथम उन्होंने **'णमो जिणाणं'** इस प्रथम सूत्र के द्वारा सामान्य से 'जिनों' को नमस्कार किया है। तत्पश्चात् विशेष रूप से उन्होंने 'अवधिजिनों' आदि को नमस्कार किया है।

इसी प्रसंग में आगे **'णमो ओहिजिणाणं'** इस सूत्र (२) की उत्थानिका में धवलाकार कहते हैं कि इस प्रकार गौतम भट्टारक **महाकर्मप्रकृतिप्राभृत** के आदि में द्रव्यार्थिक जनों के अनुग्रहार्थ नमस्कार करके पर्यायार्थिकनय का आश्रय लेनेवाले जनों के अनुग्रहार्थ आगे के सूत्रों को कहते हैं।[1]

(२) ऊपर **'पेज्जदोस'** के प्रसंग में **'महाकम्मपयडिपाहुड'** का भी उल्लेख हुआ है।

(३) **वेदनाद्रव्यविधान** में पदमीमांसा के प्रसंग में "ज्ञानावरणीयवेदना द्रव्य की अपेक्षा क्या उत्कृष्ट होती है, क्या अनुत्कृष्ट होती है, क्या जघन्य होती है और क्या अजघन्य होती है" इस पृच्छा सूत्र (४, २, ४, २) की व्याख्या करते हुए धवलाकार ने उसे देशामर्शक सूत्र बतलाकर यह कहा है कि यहाँ अन्य नौ पृच्छाएँ करनी चाहिए, क्योंकि इनके बिना सूत्र के असम्पूर्णता का प्रसंग आता है। पर भूतबलि, भट्टारक जो **महाकर्मप्रकृतिप्राभृत** के पारंगत रहे हैं, असम्पूर्ण सूत्र की रचना नहीं कर सकते हैं।[2]

(४) इसी वेदनाद्रव्यविधान में ज्ञानावरणीय की जघन्य द्रव्यवेदना के स्वामी की प्ररूपणा करते हुए उस प्रसंग में सूत्र में कहा गया है कि वह बहुत-बहुत बार जघन्य योगस्थानों को प्राप्त होता है।—सूत्र ४,२,४,५४

इसकी व्याख्या करते हुए धवलाकार ने कहा है कि सूक्ष्म निगोद जीवों में जघन्य योगस्थान भी होते हैं और उत्कृष्ट भी होते हैं। उनमें वह प्रायः जघन्य योगस्थानों में परिणत होकर ही उसे बाँधता है। पर उनके असम्भव होने पर वह उत्कृष्ट योगस्थान को भी प्राप्त होता है।

इस प्रसंग में वहाँ यह पूछा गया है कि वह जघन्य योग से ही उसे क्यों बाँधता है। उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि स्तोक कर्मों के आगमन के लिए वह जघन्य योग से बाँधता है।

आगे इस प्रसंग में यह पूछने पर कि स्तोक योग से कर्म स्तोक आते हैं, यह कैसे जाना जाता है; उत्तर में कहा गया है कि द्रव्यविधान में जघन्य योगस्थानों की जो प्ररूपणा की गयी है वह चूँकि इसके बिना घटित नहीं होती है, इसी से जाना जाता है कि स्तोक योग से कर्म स्तोक आते हैं। कारण यह कि **महाकर्मप्रकृतिप्राभृत** रूप अमृत के पान से जिनका समस्त राग, द्वेष और मोह नष्ट हो चुका है वे भूतबलि भट्टारक असम्बद्ध प्ररूपणा नहीं कर सकते हैं।[3]

(५) स्पर्श अनुयोगद्वार से तेरह स्पर्शभेदों की प्ररूपणा के पश्चात् सूत्रकार ने वहाँ कर्म-

---

१. धवला, पु० ६, पृ० १२
२. धवला, पु० १०, पृ० २०
३. धवला, पु० १३, पृ० २७४-७५

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स्पर्श को प्रकृत कहा है।—सूत्र ५, ३, ३३

इसकी व्याख्या करते हुए धवलाकार ने स्पष्ट किया है कि अध्यात्म-विषयक इस खण्ड ग्रन्थ की अपेक्षा यहाँ कर्मस्पर्श को प्रकृत कहा गया है। किन्तु महाकर्मप्रकृतिप्राभृत में द्रव्य-स्पर्श, सर्वस्पर्श और कर्मस्पर्श ये तीन प्रकृत रहे हैं।[1]

(६) 'कर्म' अनुयोगद्वार में सूत्रकार द्वारा जिन कर्मनिक्षेप व कर्मनयविभाषणता आदि १६ अनुयोगद्वारों को ज्ञातव्य कहा गया है (सूत्र ५, ४, २) उनमें उन्होंने प्रारम्भ के उन दो अनुयोगद्वारों की ही प्ररूपणा की है, शेष कर्मनामविधान आदि १४ अनुयोगद्वारों की उन्होंने प्ररूपणा नहीं की है।

उन शेष १४ अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा वहाँ धवलाकार ने की है। इस प्रसंग में वहाँ यह शंका उठी है कि उपसंहारकर्ता ने उनकी प्ररूपणा स्वयं क्यों नहीं की है। उत्तर में धवलाकार कहा है कि पुनरुक्तिदोष के प्रसंग को टालने के लिए उन्होंने उनकी प्ररूपणा नहीं की है। इस पर वहाँ पुनः यह शंका की गयी है—तो फिर महाकर्मप्रकृतिप्राभृत में उन अनुयोगद्वारों के द्वारा उस कर्म की प्ररूपणा किसलिए की गयी है।[2]

(७) बन्धनअनुयोगद्वार में वर्गणाओं की प्ररूपणा करते हुए 'वर्गणाद्रव्यसमुदाहार' के प्रसंग में जिन वर्गणाप्ररूपणा व वर्गणानिरूपणा आदि १४ अनुयोगद्वारों का सूत्र (७५) में उल्लेख किया गया है, उनमें सूत्रकार द्वारा प्रथम दो अनुयोगद्वारों की ही प्ररूपणा की गई है, शेष वर्गणाध्रुवाध्रुवानुगम आदि १२ अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा उन्होंने नहीं की है।

इस पर उस प्रसंग में धवला में यह शंका उठायी गई है कि सूत्रकार ने चौदह अनुयोग-द्वारों में दो अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा करके शेष बारह अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा किसलिए नहीं की है। अजानकार होते हुए उन्होंने उनकी प्ररूपणा न की हो, यह तो सम्भव नहीं है; क्योंकि चौबीस अनुयोगद्वारों स्वरूप महाकर्मप्रकृतिप्राभृत के पारगामी भूतबलि भगवान् के तद्विषयक ज्ञान के न रहने का विरोध है।[3]

१८. मूलतंत्र—वर्गणा खण्ड के अन्तर्गत 'कर्म' अनुयोगद्वार में सूत्रकार ने अन्त में यह निर्देश किया है कि उक्त दस कर्मों में यहाँ 'समवदानकर्म' प्रकृत है।—सूत्र ५,४,३१

इसकी व्याख्या करते हुए धवलाकार ने यह स्पष्ट किया है कि समवदानकर्म यहाँ इस लिए प्रकृत है कि 'कर्म' अनुयोगद्वार में उसी की विस्तार से प्ररूपणा की गई है। अथवा संग्रह-नय की अपेक्षा सूत्र में वैसा कहा गया है। मूलतंत्र में तो प्रयोगकर्म, समवदानकर्म, अधःकर्म, ईर्यापथकर्म, तपःकर्म और क्रियाकर्म इनकी प्रधानता रही है, क्योंकि वहाँ इन सबकी विस्तार से प्ररूपणा की है।[4]

'मूलतंत्र' यह कोई स्वतंत्र ग्रन्थ रहा है, ऐसा तो प्रतीत नहीं होता। सम्भवतः धवलाकार का अभिप्राय उससे महाकर्मप्रकृतिप्राभृत के अन्तर्गत चौबीस अनुयोगद्वारों में से 'कर्म' अनुयोग-द्वार (चतुर्थ) का रहा है। पर उसमें भी यह विचारणीय प्रश्न बना रहता है कि वह धवला-

---

१. धवला, पु० १३, पृ० ३६
२. धवला, पु० १३, पृ० १६६
३. धवला, पु० १४, पृ० १३४
४. धवला, पु० १३, पृ० ६०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कार के समक्ष तो नहीं रहा। तब उन्होंने यह कैसे समझा कि उसमें इन कर्मों की विस्तार से प्ररूपणा की गयी है। हो सकता है कि परम्परागत उपदेश के अनुसार उनको तद्विषयक परिज्ञान रहा हो।

यहाँ यह स्मरणीय है कि धवलाकार ने ग्रन्थकर्ता के प्रसंग में वर्धमान भट्टारक को मूलतंत्रकर्ता गौतमस्वामी को अनुतंत्रकर्ता और भूतबलि पुष्पदन्त आदि को उपतंत्रकर्ता कहा है।[1]

१९. वियाहपण्णत्तिसुत्त—धवला में इसका उल्लेख दो प्रसंगों पर किया गया है—

(१) जीवस्थान-द्रव्यप्रमाणानुगम में सूत्रकार द्वारा क्षेत्र की अपेक्षा मिथ्यादृष्टि जीवराशि का द्रव्यप्रमाण अनन्तानन्त लोक निर्दिष्ट किया गया है।—सूत्र १,२,४

इसकी व्याख्या में लोक के स्वरूप को प्रकट करते हुए उस प्रसंग में तिर्यग्लोक की समाप्ति कहाँ हुई है, यह पूछा गया है। उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि उसकी समाप्ति तीन वातवलयों के बाह्य भाग में हुई है। इस पर यह पूछने पर कि वह कैसे जाना जाता है, धवलाकार ने कहा है कि वह "लोगोवादपदिट्ठिदो" इस व्याख्याप्रज्ञप्ति के कथन से जाना जाता है।[2]

(२) वेदनाद्रव्यविधान में द्रव्य की अपेक्षा उत्कृष्ट आयुवेदना के स्वामी की प्ररूपणा के प्रसंग में यह कहा गया है कि जो क्रम से काल को प्राप्त होकर पूर्वकोटि आयुवाले जलचर जीवों में उत्पन्न हुआ है।—सूत्र ४,२,४,३९

यहाँ सूत्र में जो 'क्रम से काल को प्राप्त होकर' ऐसा कहा गया है, उसे स्पष्ट करते हुए धवला में कहा गया है कि परभव-सम्बन्धी आयु के बँध जाने पर पीछे भुज्यमान आयु का कदलीघात नहीं होता है, यह अभिप्राय प्रकट करने के लिए 'क्रम से काल को प्राप्त होकर' यह कहा गया है।

इस पर वहाँ यह शंका की गई है कि परभव-सम्बन्धी आयु को बाँधकर भुज्यमान आयु के घातने में क्या दोष है। इसके उत्तर में धवला में कहा गया है कि वैसी परिस्थिति में जिसकी भुज्यमान आयु निर्जीर्ण हो चुकी है और परभव-सम्बन्धी आयु का उदय नहीं हुआ है, ऐसे जीव के चारों गतियों के बाहर हो जाने के कारण अभाव का प्रसंग प्राप्त होता है। यही उसमें दोष है।

इस पर शंकाकार कहता है कि वैसा स्वीकार करने पर "जीवाणं भंते ! कदिभागावसेसयंसि आउगंसि·····" इस व्याख्याप्रज्ञप्तिसूत्र के साथ विरोध कैसे न होगा। इसके उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि आचार्यभेद से भेद को प्राप्त वह व्याख्याप्रज्ञप्तिसूत्र इससे भिन्न है। अतः इससे उसकी एकता नहीं हो सकती।[3]

यहाँ व्याख्याप्रज्ञप्ति से धवलाकार को क्या अभिप्रेत रहा है, यह विचारणीय है—

(१) बारह अंगों में व्याख्याप्रज्ञप्ति नाम का पाँचवाँ अंग रहा है। उसमें क्या जीव है, क्या जीव नहीं है, इत्यादि साठ हजार प्रश्नों का व्याख्यान किया गया है।[4]

(२) दूसरा व्याख्याप्रज्ञप्ति श्रुत बारहवें दृष्टिवाद अंग के परिकर्म व सूत्र आदि पाँच

---

१. धवला, पु० १, पृ० ७२
२. धवला, पु० ३, पृ० ३४-३५
३. धवला, पु० १०, पृ० २३७-३८
४. धवला, पु० १, पृ० १०१

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अर्थाधिकारों में जो परिकर्म नाम का प्रथम अर्थाधिकार रहा है उसके चन्द्रप्रज्ञप्ति-सूर्यप्रज्ञप्ति आदि पाँच भेदों में अन्तिम है। उसमें रूपी अजीव द्रव्य, अरूपी अजीव द्रव्य तथा भव्यसिद्धिक व अभव्यसिद्धिक जीवराशि की प्ररूपणा की गयी है।[1]

दिगम्बर-मान्यता के अनुसार उपर्युक्त दोनों प्रकार का व्याख्याप्रज्ञप्ति श्रुत लुप्त हो चुका है।

(३) तीसरा व्याख्याप्रज्ञप्ति सूत्र, जिसका दूसरा नाम भगवतीसूत्र भी है, वर्तमान में श्वेताम्बर सम्प्रदाय में उपलब्ध है। ग्रन्थप्रमाण में वह पन्द्रह हजार श्लोक-प्रमाण है। इसमें नरक, स्वर्ग, इन्द्र, सूर्य और गति-आगति आदि अनेक विषयों की प्ररूपणा की गई है।[2]

धवला में प्रसंगप्राप्त इस व्याख्याप्रज्ञप्ति के सन्दर्भ को मैंने यथावसर उसके अनुवाद के समय वर्तमान में उपलब्ध इस व्याख्याप्रज्ञप्ति में खोजने का प्रयत्न किया था। किन्तु उस समय वह मुझे उसमें उपलब्ध नहीं हुआ था। पर सन्दर्भगत वाक्यविन्यास की पद्धति और धवलाकार के द्वारा किये गये समाधान को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि वह वहाँ कहीं पर होना चाहिए। इस समय मेरे सामने उसका कोई संस्करण नहीं है, इसलिए उसे पुनः वहाँ खोजना शक्य नहीं हुआ।

२०. **सम्मइसुत्त**—आचार्य सिद्धसेन दिवाकर-विरचित प्राकृत गाथामय सन्मतिसूत्र दिगम्बर और श्वेताम्बर दोनों सम्प्रदायों में समान रूप से प्रतिष्ठित है। इसमें तीन काण्ड हैं—नयकाण्ड, जीवकाण्ड और तीसरा अनिर्दिष्टनाम। इनमें से प्रथम काण्ड में नय का और द्वितीय काण्ड में ज्ञान व दर्शन का विचार किया गया है। तीसरे काण्ड में सामान्य व विशेष का विचार करते हुए तद्विषयक भेदैकान्त और अभेदैकान्त का निराकरण किया गया है। धवला में उसका उल्लेख ग्रन्थनाम-निर्देशपूर्वक दो प्रसंगों पर किया गया है। यथा—

(१) धवला में मंगलविषयक प्ररूपणा विस्तार से की गयी है। वहाँ उस प्रसंग में कौन नय किन निक्षेपों को विषय करते हैं, इसका विचार करते हुए यह कहा गया है कि नैगम, संग्रह और व्यवहार ये तीन नय सब निक्षेपों को विषय करते हैं।

इस पर वहाँ यह शंका की गयी है कि सन्मतिसूत्र में जो यह कहा गया है कि नाम, स्थापना और द्रव्य ये तीन निक्षेप द्रव्यार्थिकनय के विषयभूत हैं, किन्तु भावनिक्षेप पर्यायप्रधान होने से पर्यायार्थिकनय का विषय है।[3] उसके साथ उपर्युक्त व्याख्यान का विरोध क्यों नहीं होगा।

इसका समाधान करते हुए धवला में कहा गया है कि उक्त व्याख्यान का इस सन्मतिसूत्र के साथ कुछ विरोध नहीं होगा। इसका कारण यह है कि सन्मतिसूत्र में क्षणनश्वर पर्याय को भाव स्वीकार किया गया है, परन्तु यहाँ आरम्भ से लेकर अन्त तक रहने वाली वर्तमान स्वरूप व्यंजन पर्याय भाव स्वरूप से विवक्षित है। इसलिए विवक्षा-भेद से इन दोनों में कोई विरोध

---

१. धवला, पु० १, पृ० १०९-१०

२. यह कई संस्करणों में प्रकाशित है।

३. णामं ठवणा दविए त्ति एस दव्वट्ठियस्स णिक्खेवो।
भावो दु पज्जवट्ठियपरूवणा एस परमट्ठो॥—सन्मति० १-६

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

होने वाला नहीं है।[1]

(२) इसी प्रकार का एक अन्य प्रसंग आगे 'कृति' अनुयोगद्वार में पुनः प्राप्त हुआ है। वहाँ सूत्रकार ने कृति के नाम-स्थापनादिरूप सात भेदों का निर्देश करके उनमें कौन नय किन कृतियों को विषय करता है, इसे स्पष्ट करते हुए यह कहा है कि नैगम, व्यवहार और संग्रह ये तीन नय सभी कृतियों को विषय करते हैं, किन्तु ऋजुसूत्रनय स्थापनाकृति को विषय नहीं करता—वह शेष कृतियों को विषय करता है।—सूत्र ४,१,४६-४६

इस प्रसंग में धवला में यह शंका की गयी है कि ऋजुसूत्रनय पर्यायार्थिक है, ऐसी अवस्था में वह नाम, द्रव्य, गणना और ग्रन्थ इन कृतियों को कैसे विषय कर सकता है, क्योंकि उसमें विरोध है। और यदि वह उन चार कृतियों को विषय करता है तो स्थापनाकृति को भी वह विषय कर ले, क्योंकि उनसे उसमें कुछ विशेषता नहीं है।

इसके समाधान में धवला में कहा गया है कि ऋजुसूत्र दो प्रकार का है—शुद्ध ऋजुसूत्र और अशुद्ध ऋजुसूत्र। इनमें शुद्ध ऋजुसूत्रनय अर्थपर्याय को विषय करता है। तदनुसार उसका विषय प्रत्येक क्षण में परिणमते हुए समस्त पदार्थ हैं। सादृश्य-सामान्य और तद्भवसामान्य उसके विषय से बहिर्भूत हैं। इसलिए उसके द्वारा भावकृति को छोड़कर अन्य कृतियों को विषय करना सम्भव नहीं है, क्योंकि उनके विषय करने में विरोध का प्रसंग प्राप्त होता है। इससे भिन्न जो दूसरा अशुद्ध ऋजुसूत्रनय है, वह चक्षु इन्द्रिय की विषयभूत व्यंजनपर्यायों को विषय करता है। उन व्यंजन-पर्यायों का काल जघन्य से अन्तर्मुहूर्त और छह मास अथवा संख्यात वर्ष है, क्योंकि द्रव्य की प्रधानता से रहित होकर चक्षु इन्द्रिय के द्वारा ग्रहण करने योग्य उन व्यंजन-पर्यायों का उतने ही काल अवस्थान पाया जाता है।

इस पर वहाँ पुनः यह शंका उठी है कि यदि इस प्रकार का भी पर्यायार्थिक नय है तो "पर्यायार्थिक नय की दृष्टि में पदार्थ नियम से उत्पन्न होते हैं और विनष्ट होते हैं, किन्तु द्रव्यार्थिक नय की दृष्टि में सभी पदार्थ उत्पाद और विनाश से रहित होते हुए सदाकाल अवस्थित रहते हैं" इस सन्मतिसूत्र[2] से विरोध होता है।

इसके उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि उसके साथ कुछ विरोध होने वाला नहीं है, क्योंकि अशुद्ध ऋजुसूत्रनय व्यंजनपर्यायों को विषय करता है, अन्य सब पर्यायें उसकी दृष्टि में गौण रहती हैं। उधर उक्त सन्मतिसूत्र में शुद्ध ऋजुसूत्र की विवक्षा रही है। तदनुसार पूर्वापर कोटियों के अभाव से उत्पत्ति व विनाश को छोड़कर उसकी दृष्टि में अवस्थान नहीं पाया जाता। इसलिए ऋजुसूत्रनय में स्थापना को छोड़कर अन्य सब निक्षेप सम्भव हैं। स्थापना-निक्षेप की असम्भावना इसलिए प्रकट की गयी है कि अशुद्ध ऋजुसूत्रनय की दृष्टि में संकल्प के वश अन्य द्रव्य का अन्य स्वरूप से परिणमन नहीं उपलब्ध होता। कारण यह कि इस नय की दृष्टि में सदृशता से द्रव्यों में एकता नहीं पायी जाती है। पर स्थापना-निक्षेप में उसकी अपेक्षा रहा करती है।[3]

---

१. धवला पु० १, पृ० १४-१५

२. सन्मतिसूत्र १-११ (यह गाथा इसके पूर्व पु० १, पृ० १४ में भी अन्य तीन गाथाओं के साथ उद्धृत की जा चुकी है)

३. धवला पु० ६, पृ० २४३-४५

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

धवलाकार ने प्रसंग के अनुसार उक्त सन्मतिसूत्र की कुछ अन्य गाथाओं को भी धवला में उद्धृत किया है। जैसे—

(३) उपर्युक्त मंगलविषयक निक्षेप के ही प्रसंग में एक प्राचीन गाथा को उद्धृत करते हुए तदनुसार धवला में यह कहा गया है कि इस वचन के अनुसार किये गये निक्षेप को देखकर नयों का अवतार होता है।

प्रसंगवश यहाँ नय के स्वरूप के विषय में पूछने पर एक प्राचीन गाथा के अनुसार यह कहा गया है कि जो द्रव्य को बहुत से गुणों और पर्यायों के आश्रय से एक परिणाम से दूसरे परिणाम में, क्षेत्र से क्षेत्रान्तर में और काल से कालान्तर में अविनष्ट स्वरूप के साथ ले जाता है, उसे नय कहा जाता है। यह नय का निरुक्त लक्षण है।

आगे इस प्रसंग में यहाँ धवला में द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक नयों के स्वरूप व उनके विषय को विशद करने वाली सन्मतिसूत्र की चार गाथाओं (१,३,५ व ११) को उद्धृत किया गया है।[1]

(४) इसी सत्प्ररूपणा अनुयोगद्वार में जीवस्थान खण्ड की अवतार-विषयक प्ररूपणा में धवलाकार ने उस अवतार के ये चार भेद निर्दिष्ट किये हैं—उपक्रम, निक्षेप, नय और अनुगम। इनमें उपक्रम पाँच प्रकार का है—आनुपूर्वी, नाम, प्रमाण, वक्तव्यता और अर्थाधिकार। इन सबके स्वरूप को स्पष्ट करते हुए धवलाकार ने 'प्रमाण' के प्रसंग में उसे द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव और नय के भेद से पाँच प्रकार का कहा है। इनमें नयप्रमाण को वहाँ नैगम आदि के भेद से सात प्रकार का निर्दिष्ट किया गया है। विकल्प के रूप में आगे वहाँ सन्मतिसूत्र की इस गाथा को उद्धृत करके यह कह दिया है कि 'क्योंकि ऐसा वचन है'[2]—

जावदिया वयणवहा तावदिया चेव होंति णयवादा।
जावदिया णयवादा तावदिया चेव परसमया ॥१-४७॥

(५) इसी प्रसंग में आगे धवला में उपसंहार के रूप में यह कहा गया है कि इस प्रकार से संक्षेप में ये नय सात प्रकार के हैं, अवान्तर भेद से वे असंख्यात हैं। व्यवहर्ताओं को उन नयों को अवश्य समझ लेना चाहिए, क्योंकि उनके समझे बिना अर्थ के व्याख्यान का ज्ञान नहीं हो सकता है। ऐसा कहते हुए वहाँ आगे धवला में 'उक्तं च' इस निर्देश के साथ ये दो गाथाएँ उद्धृत की गयी हैं[3]—

णत्थि णएहि विहूणं सुत्तं अत्थो व्व जिणवरमदम्मि।
तो णयवादे णिउणा मुणिणो सिद्धंतिया होंति ॥
तम्हा अहिगयसुत्तेण अत्थसंपायणम्हि जइयव्वं।
अत्थगई वि य णयवादगहणलीणा दुरहियम्मा ॥

इनमें प्रथम गाथा किंचित् परिवर्तित रूप में आवश्यकनिर्युक्ति की इस गाथा से प्रायः शब्दशः समान है। अभिप्राय में दोनों में कुछ भेद नहीं है—

---

१. धवला पु० १, पृ० ११-१३
२. धवला पु० १, पृ० ८०
३. धवला पु० १, पृ० ९१

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नत्थि नएहि विहूणं सुत्तं अत्थो य जिणमए किंचि।
आसज्ज उ सोयारं नए नयविसारओ बूआ ॥—नि० ६६१

दूसरी गाथा सन्मतिसूत्र की है जो इन दो गाथाओं से बहुत-कुछ समान है—

सुत्तं अत्थनिमेण न सुत्तमेत्तेण अत्थपडिवत्ती।
अत्थगई उण णयवायगहणलीणा दुरभिगम्मा ॥३-६४

तम्हा अहिगयसुत्तेण अत्थसंपायणम्मि जइयव्वं।
आयरियधरित्तहा हंदि महाणं विलंबेन्ति ॥३-६५

इस प्रकार उनमें दूसरी गाथा सन्मतिसूत्र की उपर्युक्त गाथा ६५ के पूर्वार्द्ध और ६४वीं गाथा के उत्तरार्ध के रूप में है।

इस स्थिति को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि धवलाकार को परम्परागत सैकड़ों गाथाएँ कण्ठस्थ रही हैं। प्रसंग प्राप्त होने पर उन्होंने उनमें से स्मृति के आधार पर आवश्यकतानुसार एक-दो आदि गाथाओं को उद्धृत कर दिया है। इसीलिए उनमें आगे-पीछे पाठभेद भी हो गया है। उदाहरणस्वरूप लेश्या की प्ररूपणा जीवस्थान-सत्प्ररूपणा में और तत्पश्चात् पूर्वनिर्दिष्ट शेष १८ अनुयोगद्वारों में से 'लेश्याकर्म' (१४) अनुयोगद्वार में भी की गई है। उसके प्रसंग में दोनों स्थानों पर कृष्ण आदि लेश्याओं से सम्बन्धित नौ गाथाओं को उद्धृत किया गया है, जिनमें कुछ पाठभेद भी हो गया है।[1]

कहीं-कहीं पर प्रसंग के पूर्णरूप से अनुरूप न होने पर भी उन्होंने कुछ गाथाओं आदि को उद्धृत कर दिया है। उदाहरण के रूप में जीवस्थान-कालानुगम में कालविषयक निक्षेप की प्ररूपणा करते हुए धवला में तद्व्यतिरिक्त नोआगमद्रव्यकाल के स्वरूप को प्रकट किया गया है। उसकी पुष्टि में प्रथमतः जो पंचास्तिकाय आदि की चार गाथाओं को उद्धृत किया गया है, वे प्रसंग के अनुरूप हैं। किन्तु आगे चलकर जो 'जीवसमासाए वि उत्तं' कहकर एक गाथा को तथा 'तह आयारंगे वि वुत्तं' कहकर दूसरी गाथा को उद्धृत किया गया है, वे आज्ञाविचय धर्मध्यान से सम्बद्ध हैं व प्रसंग के अनुरूप नहीं हैं।[2]

२१. **संतकम्मपयडिपाहुड**—यह कोई स्वतंत्र ग्रन्थ रहा है अथवा महाकर्मप्रकृतिप्राभृत का कोई विशेष प्रकरण रहा है, यह ज्ञात नहीं है। इसका धवला में दो बार उल्लेख हुआ है—

(१) 'कृति' अनुयोगद्वार में गणनाकृति के प्ररूपक सूत्र (४,१,६६) को देशामर्शक कहकर धवलाकार ने उसकी व्याख्या में कृति, नोकृति और अवक्तव्यकृति इन कृति-भेदों की विस्तार से प्ररूपणा की है, यह पूर्व में कहा ही जा चुका है। उसी प्रसंग में अल्पबहुत्व की प्ररूपणा करते हुए धवला में कहा गया है कि यह अल्पबहुत्व सोलह पद वाले अल्पबहुत्व[3] के साथ विरोध को प्राप्त है, क्योंकि उसके अनुसार सिद्धकाल से सिद्धों का संख्यातगुणत्व नष्ट होकर उससे विशेषाधिकता का प्रसंग प्राप्त होता है। इसलिए यहाँ उपदेश प्राप्त करके किसी एक का निर्णय करना चाहिए। 'सत्कर्मप्रकृतिप्राभृत' को छोड़कर उपर्युक्त सोलह पदवाले अल्पबहुत्व

---

१. धवला, पु० १, पृ० ३८८-९० और पु० १६, पृ० ४९०-९२
२. वही, पु० ४, पृ० ३१५-१६
३. सोलह पद वाले अल्पबहुत्व के लिए देखिए धवला, पु० ३, पृ० ३०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

को प्रधान करने पर मनुष्यपर्याप्त, मनुष्यणी, इससे संचय को प्राप्त होने वाले सिद्ध और आनतादि देवराशि —इनके अल्पबहुत्व का कथन करने पर नोकृतिसंचित सबसे स्तोक, अवक्तव्यकृतिसंचित उनसे विशेष अधिक हैं, कृतिसंचित उनसे संख्यातगुणे हैं, ऐसा कहना चाहिए।[1]

इसका अभिप्राय यह हुआ कि पूर्वोक्त अल्पबहुत्व की प्ररूपणा वहाँ सत्कर्मप्रकृतिप्राभृत के अनुसार की गयी है।

(२) 'उपक्रम' अनुयोगद्वार में उपक्रम के बन्धनउपक्रम, उदीरणाउपक्रम, उपशामनाउपक्रम और विपरिणामउपक्रम इन चार भेदों का निर्देश करते हुए धवला में यह सूचना की गयी है कि इन चारों उपक्रमों की प्ररूपणा जिस प्रकार सत्कर्मप्रकृतिप्राभृत में की गयी है उसी प्रकार से करनी चाहिए।[2]

इस सम्बन्ध में विशेष विचार पीछे 'धवलागत-विषय-परिचय' के प्रसंग में किया जा चुका है।

२२. **संतकम्मपाहुड**—यह पूर्वोक्त 'संतकम्मपयडिपाहुड' का ही नामान्तर है अथवा स्वतंत्र कोई ग्रन्थ रहा है, यह कुछ कहा नहीं जा सकता है। नामान्तर की कल्पना इसलिए की जा रही है कि पूर्वोक्त उपक्रम के प्रसंग में धवलाकार ने जहाँ उसका उल्लेख 'संतकम्मपयडिपाहुड' के नाम से किया है वहीं उसी के स्पष्टीकरण में पंजिकाकार ने उसी का उल्लेख संतकम्मपाहुड के नाम से किया है। साथ ही उसके स्वरूप को स्पष्ट करते हुए उन्होंने 'वेदना' के अन्तर्गत वेदनाद्रव्यविधान आदि (४,६ व ७) व 'वर्गणा' के अन्तर्गत 'प्रकृति' अनुयोगद्वार को सत्कर्म-प्राभृत कहा है, ऐसा प्रतीत होता है जो स्पष्ट भी नहीं है। मोहनीय की अपेक्षा कषायप्राभृत भी सत्कर्मप्राभृत कहा है।[3]

इसमें कुछ प्रामाणिकता नहीं है, कल्पना मात्र दिखती है।

इस **संतकम्मपाहुड** का भी उल्लेख धवला में दो स्थानों पर किया गया है—

(१) जीवस्थान-सत्प्ररूपणा में मनुष्यगति में चौदह गुणस्थानों के सद्भाव के प्ररूपक सूत्र (१,१,२७) की व्याख्या करते हुए क्षपणाविधि के प्रसंग में धवला में कहा गया है कि अनि-वृत्तिकरण गुणस्थान में प्रविष्ट होकर वहाँ उसके काल के संख्यात बहुभाग को अपूर्वकरण की विधि के अनुसार बिताकर उसका संख्यातवाँ भाग शेष रह जाने पर तीन स्त्यानगृद्धि प्रकृतियों को आदि लेकर १६ प्रकृतियों का क्षय करता है। तत्पश्चात् अन्तर्मुहूर्त जाकर चार प्रत्याख्या-नावरण और चार अप्रत्याख्यानावरण इन आठ कषायों का एक साथ क्षय करता है। यह **सत्कर्मप्राभृत** का उपदेश है। किन्तु **कषायप्राभृत** के उपदेशानुसार आठ कषायों का क्षय हो जाने पर तत्पश्चात् उपर्युक्त १६ प्रकृतियों का क्षय होता है।[4]

(२) वेदनाक्षेत्रविधान अनुयोगद्वार में ज्ञानावरणीय की उत्कृष्ट क्षेत्रवेदना की प्ररूपणा करते हुए अन्त में सूत्र (४,२,५,१२) में कहा गया है कि इस क्रम से जो वह मत्स्य अनन्तर

---

१. धवला, पु० ६, पृ० ३१८-१६
२. धवला, पु० १५, पृ० ४२-४३
३. धवला, पु० १५, पृ० ४३ और 'संतकम्मपंजिया' पृ० १८ (पु० १५ का परिशिष्ट)
४. धवला, पु० १, पृ० २१७ व २२१

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

समय में नीचे सातवीं पृथिवी के नारकियों में उत्पन्न होनेवाला है, उसके क्षेत्र की अपेक्षा ज्ञानावरणीय की उत्कृष्ट वेदना होती है।

इस प्रसंग में धवला में यह शंका उठायी गयी है कि सातवीं पृथिवी को छोड़कर नीचे सात राजु मात्र जाकर उसे निगोदों में क्यों नहीं उत्पन्न कराया। इसके समाधान में धवलाकार ने कहा है कि निगोदों में उत्पन्न होनेवाले के अतिशय तीव्र वेदना का अभाव होने के कारण शरीर से तिगुणा वेदनासमुद्घात सम्भव नहीं है। इसी कारण से उसे निगोदों में नहीं उत्पन्न कराया गया है।

इसी प्रसंग में वहाँ अन्य कुछ शंका-समाधानपूर्वक धवलाकार ने यह स्पष्ट कर दिया कि सत्कर्मप्राभृत में उसे निगोदों में उत्पन्न कराया गया है, क्योंकि नारकियों में उत्पन्न होनेवाले महामत्स्य के समान सूक्ष्मनिगोद जीवों में उत्पन्न होनेवाला महामत्स्य भी तिगुने शरीर के बाहल्य से मारणान्तिकसमुद्घात को प्राप्त होता है। परन्तु यह योग्य नहीं है, क्योंकि प्रचुर असाता से युक्त सातवीं पृथिवी के नारकियों में उत्पन्न होनेवाले महामत्स्य की वेदना और कषाय सूक्ष्मनिगोद जीवों में उत्पन्न होने वाले महामत्स्य की वेदना और कषाय समान नहीं हो सकते। इसलिए इसी अर्थ को ग्रहण करना चाहिए।[1]

यहाँ यह विशेष ध्यान देने योग्य है कि **धवलाकार ने पूर्वोक्त सत्कर्मप्राभृत के उपदेश से अपनी असहमति प्रकट की है।**

२३. **सारसंग्रह**—वेदनाखण्ड के प्रारम्भ में प्रस्तुत ग्रन्थ का पूर्वश्रुत से सम्बन्ध प्रकट करते हुए सूत्रकार ने यह कहा है कि अग्रायणीयपूर्व के 'वस्तु' अधिकारों में जो चयनलब्धि नाम का पाँचवाँ 'वस्तु' अधिकार है उसके अन्तर्गत बीस प्राभृतों में चौथे प्राभृत का नाम 'कर्मप्रकृति' है। उसमें कृति-वेदना आदि चौबीस अनुयोगद्वार ज्ञातव्य हैं।—सूत्र ४,१,४५

इसकी व्याख्या करते हुए धवलाकार ने कहा है कि सब ग्रन्थों का अवतार चार प्रकार का होता है—उपक्रम, निक्षेप, अनुगम और नय। तदनुसार धवला में यथाक्रम से इन उपक्रम आदि की प्ररूपणा की गयी है। उनमें नय की प्ररूपणा करते हुए उसके प्रसंग में धवला में कहा गया है कि सारसंग्रह में भी पूज्यपाद ने नय का यह लक्षण कहा है—

"अनन्तपर्यायात्मकस्य वस्तुनोऽन्यतमपर्यायाधिगमे कर्त्तव्ये जात्यहेत्वपेक्षो निरवद्यप्रयोगो नयः।"[2]

यहाँ धवलाकार ने आचार्य पूज्यपाद-विरचित जिस सारसंग्रह ग्रन्थ का उल्लेख किया है, वह वर्तमान में उपलब्ध नहीं है तथा उसके विषय में अन्यत्र कहीं से कुछ जानकारी भी नहीं प्राप्त है।

आ० पूज्यपाद-विरचित तत्त्वार्थसूत्र की वृत्ति 'सर्वार्थसिद्धि' सुप्रसिद्ध है। उसमें उक्त प्रकार का नय का लक्षण उपलब्ध नहीं होता। वहाँ नय के लक्षण इस प्रकार उपलब्ध होते हैं—

"प्रगृह्य प्रमाणतः परिणतिविशेषादर्थावधारणं नयः।"—स०सि० १-६

"सामान्यलक्षणं तावद्—वस्तुन्यनेकान्तात्मन्यविरोधेन हेत्वर्पणात् साध्यविशेषयाथात्म्यप्रापणप्रवणप्रयोगो नयः।"—स०सि० १-३३

---

१. धवला, पु० ११, पृ० २०-२२

२. धवला, पु० ६, पृ० १६७

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यहाँ उपर्युक्त सारसंग्रहोक्त लक्षण और सर्वार्थसिद्धिगत दूसरा लक्षण इन दोनों नय के लक्षणों में निहित अभिप्राय प्रायः समान है।

इसके पूर्व यहीं पर धवला में 'तथा **पूज्यपादभट्टारकैरप्यभाणि सामान्यनयलक्षणमिदमेव**' ऐसा निर्देश करते हुए नय का यह लक्षण भी उद्धृत किया गया है—**प्रमाणप्रकाशितार्थविशेष-प्ररूपको नयः**।

नय का लक्षण पूज्यपाद-विरचित 'सर्वार्थसिद्धि' में तो नहीं उपलब्ध होता है, किन्तु वह **भट्टाकलंकदेव**-विरचित '**तत्त्वार्थवार्तिक**' में उसी रूप में उपलब्ध होता है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि धवलाकार ने 'पूज्यपाद' के रूप में जो दो बार उल्लेख किया है वह नामनिर्देश के रूप में तो नहीं किया, किन्तु आदरसूचक विशेषण के रूप में किया है और वह भी सम्भवतः भट्टाकलंकदेव के लिए ही किया है। सम्भव है धवला में निर्दिष्ट वह '**सारसंग्रह**' अकलंकदेव के द्वारा रचा गया हो और वर्तमान में उपलब्ध न हो।

धवलाकार ने प्रसंग के अनुसार तत्त्वार्थवार्तिक के अन्तर्गत अनेक वाक्यों को उसी रूप में अपनी इस टीका में ले लिया है। उपर्युक्त नय के लक्षण का स्पष्टीकरण पदच्छेदपूर्वक जिस प्रकार तत्त्वार्थवार्तिक में किया गया है उसी प्रकार से शब्दशः उसी रूप में उसे भी धवला में ले लिया गया है।[1]

२४. **सिद्धिविनिश्चय**—भट्टाकलंकदेव द्वारा विरचित इस 'सिद्धिविनिश्चय' का उल्लेख धवला में 'प्रकृति' अनुयोगद्वार में दर्शनावरणीय प्रकृतियों के निर्देशक सूत्र (५,५,८५) की व्याख्या के प्रसंग में किया गया है। वहाँ प्रसंग के अनुसार यह शंका उठायी गयी है कि सूत्र में विभंगदर्शन की प्ररूपणा क्यों नहीं की गयी है। उसका समाधान करते हुए धवलाकार ने कहा है कि उसका अन्तर्भाव चूँकि अवधिदर्शन में हो जाता है, इसीलिए सूत्र में उसका पृथक् से उल्लेख नहीं किया गया है। इतना स्पष्ट करते हुए उन्होंने आगे सिद्धिविनिश्चय का उल्लेख इस प्रकार किया है[2]—

"**तथा सिद्धिविनिश्चयेऽप्युक्तम्**—अवधि-विभंगयोरवधिदर्शनमेव।"

२५. **सुत्तपोत्थय**—धवलाकार के समक्ष जो सूत्रपोथियाँ रही हैं उनमें प्रायः षट्खण्डागम व कषायप्राभृत आदि आगम-ग्रन्थों के मूल सूत्र व गाथाएँ आदि रही हैं। उनके अनेक संस्करण धवलाकार के समक्ष रहे हैं। इनके अन्तर्गत सूत्रों में उनके समय में कुछ पाठभेद व हीनाधिकता भी हो गयी थी। धवला में इन सूत्रपुस्तकों का उल्लेख इस प्रकार हुआ है—

(१) केसु वि **सुत्तपोत्थएसु** पुरिसवेदस्संतरं छम्मासा।—पु० ५, पृ० १०६

(२) **बहुएसु सुत्तेसु** वणप्फदीणं उवरि णिगोदपदस्स अणुवलंभादो, बहुएहि आइरिएहि संमदत्तादो च।—पु० ७, पृ० ५४०

यद्यपि यहाँ 'सूत्रपुस्तक' का निर्देश नहीं किया गया है, पर अभिप्राय भिन्न सूत्रपुस्तकों का ही रहा है।

(३) अप्पमत्तद्धाए संखेज्जेसु भागेसु गदेसु देवाउअस्स बंधो वोच्छिज्जदि त्ति केसु वि **सुत्त-पोत्थएसु** उवलब्भइ।—पु० ८, पृ० ६५

---

१. धवला, पु० ६, पृ० १६५-६६ और त०वा० १,३३,१

२. धवला, पु० १३, पृ० ३५६

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(४) ·····केसु वि सुत्तपोत्थएसु बिदियमत्थमस्सिदूणं परूविदअप्पाबहुआभावादो च। —पु० १३, पृ० ३८२

(५) केसु वि सुत्तपोत्थएसु एसो पाठो।—पु० १४, पृ० १२७

इनके विषय में विशेष विचार आगे 'मतभेद' के प्रसंग में किया जायेगा।

षट्खण्डागम के ही अन्तर्गत खण्ड व अनुयोगद्वार आदि का उल्लेख

धवला में ग्रन्थनामनिर्देशपूर्वक जो अवतरण-वाक्य उद्धृत किये गये हैं उनका उल्लेख पूर्वापर प्रसंग के साथ ऊपर किया जा चुका है। अब आगे यहाँ धवलाकार के द्वारा यथाप्रसंग प्रस्तुत षट्खण्डागम के ही अन्तर्गत खण्ड, अनुयोगद्वार, अवान्तर अधिकार व सूत्रविशेष आदि का उल्लेख किया गया है, उनका निर्देश किया जाता है—

(१) **अप्पाबहुगसुत्त**—पु० ३,पृ० ६८,२६१,२७३ व ३२१। पु० ४, पृ० २१५।
(२) **कम्माणिओगद्दार**—पु० १४, पृ० ४६।
(३) **कालविहाण**—पु० १०, पृ० ४५,२४१,२७२ व २७५।
(४) **कालसुत्त**—पु० १, पृ० १४२ व पु० ४, पृ० ३८४।
(५) **कालाणिओगद्दार**—पु० ३, पृ० ४४८। पु० १०, पृ० ३६ व २७१।
(६) **खुद्दाबंध**—पु० ३, पृ० २३२, २४६-५०,२७८,२७६ व ४१४। पु० ४, पृ० १८५ व २०६। पु० ६, पृ० ३१०। पु० १४, पृ० ४७।
(७) **खेत्ताणिओगद्दार**—पु० ४, पृ० २४५ व पु० ६, पृ० २१।
(८) **चूलियाअप्पाबहुअ**—पु० १४, पृ० ३२२।
(९) **चूलियासुत्त**—पु० ५, पृ० ११६ व पु० १४, पृ० ८५।
(१०) **जीवट्ठाण**—पु० ३, पृ० २५०, २७८ व २७६। पु० ६, पृ० ३३१ व ३४४। पु० ७, पृ० २४६। पु० १३, पृ० २६६। पु० १४, पृ० २१४ व ४२६।
(११) **जीवट्ठाण-चूलिया**—पु० १०, पृ० २६४ व पु० १६, पृ० ५१०।
(१२) **दव्वसुत्त**—पु० ४, पृ० १६५।
(१३) **दव्वाणिओगद्दार**—पु० ४, पृ० १६३। पु० ५, पृ० २५२ व २५७। पु० ६, पृ० ४७१। पु० ७, पृ० ३७२।
(१४) **पदेसबंधसुत्त**—पु० १०, पृ० ५०२।
(१५) **पदेसविरइयअप्पाबहुग**—पु० १०, पृ० १२०,१३६ व २०८। पु० ११,पृ० २५६।
(१६) **पदेसविरइयसुत्त**—पु० १०, पृ० ११६।
(१७) **बंधप्पाबहुगसुत्त**—पु० ४, पृ० १३२ व पु० ७, पृ० ३६०।
(१८) **भावविहाण**—पु० १३, पृ० २६३ व २६४। पु० १६, पृ० ४१५।
(१९) **महाबंध**—पु० ७, पृ० १६५। पु० १०, पृ० २२८। पु० १२, पृ० २१ व ६५। पु० १४, पृ० ५६४। पु० १५, पृ० ४३।
(२०) **वग्गणागाहासुत्त**—पु० ६, पृ० ३१।
(२१) **वग्गणसुत्त, वर्गणासूत्र**—पु० १, पृ० २६०। पु० ४, पृ० १७६ व २१५ (**वग्गणअप्पाबहुग**)। पु० ६, पृ० १७, २८, २६ व ६८। पु० १४, पृ० ३८५।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(२२) **वेदणखेत्तविहाण, वेदणाखेत्तविहाणसुत्त**—पु० ३, पृ० ३३१। पु० ४, पृ० २२ व ६४।

(२३) **वेयणा**—पु० ६, पृ० १७। पु० १३, पृ० ३६,२०३,२१२,२६८,२६०,३१०,३२५, ३२७ व ३६२। पु० १४, पृ० ३५१।

(२४) **वेयणादव्वविहाण**—पु० १४, पृ० १८४।

(२५) **वेयणासुत्त**—पु० ३, पृ० ३७।

(२६) **संतसुत्त**—पु० २, पृ० ६५८ व पु० ४, पृ० १६५।

(२७) **संताणिओगद्दार**—पु० ४, पृ० १६३।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अनिर्दिष्टनाम ग्रन्थ

धवलाकार ने जहाँ ग्रन्थनाम-निर्देशपूर्वक कुछ ग्रन्थों की गाथाओं व श्लोकों आदि को अपनी इस टीका में उद्धृत किया है वहाँ उन्होंने ग्रन्थनामनिर्देश के बिना भी पचासों ग्रन्थों की गाथाओं और श्लोकों आदि को प्रसंगानुसार जहाँ-तहाँ धवला में उद्धृत किया है। उनमें से जिनको कहीं ग्रन्थविशेषों में खोजा जा सका है उनका उल्लेख यहाँ किया जाता है—

१. अनुयोगद्वार—धवलाकार ने जीवस्थान-द्रव्यप्रमाणानुगम के प्रसंग में सासादनसम्यग्दृष्टि आदि के काल की अपेक्षा द्रव्यप्रमाण के प्ररूपक सूत्र (१,२,६) की व्याख्या में प्रसंगप्राप्त आवलि आदि कालभेदों के प्रमाण को प्रकट किया है। उसे पुष्ट करते हुए आगे धवला में 'उक्तं च' इस निर्देश के साथ चार गाथाओं को उद्धृत किया गया है।[1] उनमें तीसरी गाथा इस प्रकार है—

अड्ढस्स अणलसस्स य णिरुवहदस्स य जिणेहि जंतुस्स।
उस्सासो णिस्सासो एगो पाणो त्ति आहिदो एसो॥

कुछ थोड़े शब्दभेद के साथ इसी प्रकार की एक गाथा अनुयोगद्वार में भी उपलब्ध होती है। यथा—

हट्ठस्स अणवगल्लस्स णिरुवकिट्ठस्स जंतुणो।
एगे ऊसास-णीसासे एस पाणु त्ति वुच्चई[2]॥

इस प्रकार इन दोनों गाथाओं में कुछ शब्दभेद के होने पर भी अभिप्राय प्रायः समान है। दोनों के शब्दविन्यास को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि वे एक-दूसरे पर आधारित रही हैं।

उनमें से उक्त दोनों ग्रन्थों में चौथी गाथा इस प्रकार है—

तिण्णि सहस्सा सत्त य सयाणि तेहत्तरिं च उस्सासा।
एगो होदि मुहुत्तो सव्वेसिं चेव मणुयाणं॥—धवला

तिण्णि सहस्सा सत्त सयाइं तेहत्तरिं च ऊसासा।
एस मुहुत्तो विट्ठो सव्वेहिं अणंतनाणीहिं॥[3]

---

१. धवला, पु० ३, पृ० ६६

२. अनुयो० गा० १०४, पृ० १७८-७९; यह गाथा इसी रूप में भगवती (पृ० ८२४) और जम्बूद्वीपप्रज्ञप्तिसूत्र (१८, पृ० ८९) में भी इसी रूप में उपलब्ध होती है।

३. अनुयो० १०५-६, पृ० १७९; यह गाथा भी इसी रूप में भगवती (६,७,४, पृ० ८२५) और जम्बूद्वीपप्रज्ञप्तिसूत्र (१८, पृ० ८९) में उपलब्ध होती है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इन दोनों गाथाओं का उत्तरार्ध शब्दशः समान है। अभिप्राय भी दोनों का समान ही है।

विषयविवेचन की दृष्टि से धवला और अनुयोगद्वार में बहुत-कुछ समानता देखी जाती है। तुलनात्मक दृष्टि से इसका विचार पीछे 'षट्खण्डागम व अनुयोगद्वार' शीर्षक में विस्तार से किया जा चुका है।

२. **आचारांगनिर्युक्ति**---आचार्य भद्रबाहु (द्वितीय) द्वारा आचारांग पर गाथाबद्ध निर्युक्ति लिखी गयी है। धवला में प्रसंगानुसार उद्धृत कुछ गाथाओं में इस निर्युक्ति की गाथाओं से समानता देखी जाती है। यथा—

(१) जीवस्थान-सत्प्ररूपणा अनुयोगद्वार में धवलाकार ने मंगल के विषय में विस्तार से प्ररूपणा की है। उस प्रसंग में निक्षेपों की प्ररूपणा के अनन्तर यह प्रश्न उपस्थित हुआ है कि इन निक्षेपों में यहाँ किस निक्षेप से प्रयोजन है। इसके उत्तर में वहाँ कहा गया है कि प्रकृत में तत्परिणत नोआगमभावनिक्षेप से प्रयोजन है।

इस प्रसंग में यहाँ धवला में यह शंका उठायी गयी है कि यहाँ तत्परिणत नोआगमभाव-निक्षेप से प्रयोजन रहा है तो अन्य निक्षेपों की प्ररूपणा यहाँ किसलिए की गयी है। इसके उत्तर में आगे इस गाथा को उद्धृत करते हुए कहा गया है कि इस वचन के अनुसार यहाँ निक्षेप किया गया है।[1]

जत्थ बहुं जाणिज्जा अवरिमिदं तत्थ णिक्खिवे णियमा।
जत्थ बहुअं ण जाणदि चउट्ठयं णिक्खिवे तत्थ॥

यह गाथा कुछ थोड़े परिवर्तन के साथ आचारांगनिर्युक्ति में इस प्रकार पायी जाती है[2]—

जत्थ य जं जाणिज्जा निक्खेवं निक्खिवे निरवसेसं।
जत्थ वि य न जाणिज्जा चउक्कयं निक्खिवे तत्थ॥

दोनों गाथाओं का अभिप्राय तो समान है ही, साथ ही उनमें शब्दसाम्य भी बहुत-कुछ है।

(२) आचारांगनिर्युक्ति के 'शस्त्रपरिज्ञा' अध्ययन में सात उद्देश हैं जिनमें क्रम से जीव, पृथिवीकायिक, जलकायिक, अग्निकायिक, वनस्पतिकायिक, त्रसकायिक और वायुकायिक जीवों का उल्लेख करते हुए यह अभिप्राय प्रकट किया गया है कि उनके वध से चूँकि बन्ध होता है, इसलिए उससे विरत होना चाहिए।[3]

धवला में उपर्युक्त सत्प्ररूपणा में कायमार्गणा के प्रसंग में पृथिवीकायिकादि जीवों के भेद-प्रभेदों को प्रकट किया गया है। उस प्रसंग में वहाँ त्रस जीव बादर हैं या सूक्ष्म, यह पूछे जाने पर धवलाकार ने कहा है कि वे बादर हैं, सूक्ष्म नहीं हैं; क्योंकि उनकी सूक्ष्मता का विधान करने वाला आगम नहीं है। इस पर पुनः वहाँ यह प्रश्न उपस्थित हुआ है कि उनके बादरत्व का विधान करनेवाला भी तो आगम नहीं है, तब ऐसी अवस्था में यह कैसे समझा जाय कि वे बादर हैं, सूक्ष्म नहीं हैं। इसके उत्तर में वहाँ धवलाकार ने कहा है कि आगे के सूत्रों में जो पृथिवीकायिकादिकों के सूक्ष्मता का विधान किया गया है, उससे सिद्ध है कि त्रस जीव बादर

---

१. धवला, पु० १, पृ० ३०

२. आचा० नि० ४; यह गाथा अनुयोगद्वार (१-६) में भी इसी रूप में प्राप्त होती है।

३. आचारा०नि० ३५

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हैं, सूक्ष्म नहीं हैं।

इसी प्रसंग में वहाँ यह पूछने पर कि वे पृथिवीकायिक आदि जीव कौन हैं, इसका उत्तर देते हुए धवला में छह गाथाएँ उद्धृत की गयी हैं।[1] उनमें प्रथम गाथा इस प्रकार है—

पुढवी य सक्करा वालुवा य उवले सिलादि छत्तीसा।
पुढवीमया हु जीवा णिद्दिट्ठा जिणवरिंदेहि॥

आचारांगनिर्युक्ति में जिन गाथाओं में पृथिवी के उन छत्तीस भेदों का नाम-निर्देश किया गया है, उनमें प्रथम गाथा इस प्रकार है—

पुढवी य सक्क ा वालुगा य उवले सिला य लोणूसे।
अय तंब तउअ सीसय रुप्प सुवण्णे य वइरे य॥

इन दोनों गाथाओं का पूर्वार्ध समान है। विशेषता यह रही है कि आचारांगनिर्युक्ति में जहाँ 'लोणूसे' (लोण ऊष) के आगे उक्त छत्तीस भेदों में शेष सभी का नामोल्लेख कर दिया गया है[2] वहाँ धवला में उद्धृत उस गाथा में 'सिलादि छत्तीसा' कहकर सिला के आगे 'आदि' शब्द के द्वारा शेष भेदों की सूचना मात्र की गयी है।[3]

(३) धवला में उद्धृत उन गाथाओं में आगे की तीन गाथाओं में क्रम से जलकायिक, तेजस्कायिक और वायुकायिक जीवों के भेदों का निर्देश किया गया है।[4]

इन जलकायिक आदि जीवों के भेदों की निर्देशक तीन गाथाएँ आचारांगनिर्युक्ति में भी उपलब्ध होती हैं। दोनों ग्रन्थों में निर्दिष्ट वे भेद प्रायः शब्दशः समान हैं।[5]

उन भेदों की प्ररूपक ऐसी ही तीन गाथाएँ मूलाचार में भी उपलब्ध होती हैं।

मूलाचार और आचारांगनिर्युक्तिगत इन गाथाओं में विशेषता यह रही है कि इनके पूर्वार्ध में उन भेदों का उल्लेख किया गया है और उत्तरार्ध में आचारांगनिर्युक्ति में जहाँ 'ये पाँच प्रकार के अप्कायिक (तेजस्कायिक व वायुकायिक) विधान वर्णित हैं' ऐसा कहा गया है वहाँ मूलाचार में 'उनको अप्काय (तेजस्काय व वायुकाय) जीव जानकर उनका परिहार करना चाहिए,[6] ऐसा कहा गया गया है। इस प्रकार का पाठभेद बुद्धिपुरस्सर ही हुआ दिखता है। यथा—

बायर आउविहाणा पंचविहा वण्णिया एए॥—आचा०नि० १०८
ते जाण आउ जीवा जाणित्ता परिहरे दव्वा॥—मूला० ५-१३

आगे तेजस्काय के प्रसंग में 'आउ' के स्थान पर 'तेउ' और वायु के प्रसंग में 'वाउ' शब्द

---

१. धवला, पु० १, पृ० २७२-७४
२. देखिए आचा०नि०गा० ७३-७६। ये ३६ भेद मूलाचार (५,९-१२), तिलोयपण्णत्ती (२, ११-१४) और जीवसमास (२७-३०) में प्रायः समान रूप में उपलब्ध होते हैं। प्रज्ञापना (२४,८-११) में ३६ के स्थान में ४० भेदों का नामनिर्देश किया गया है।
३. धवला, पु० १, पृ० २७२
४. धवला, पु० १, पृ० २७३
५. आचा०नि० १०८,११८ व १६६
६. मूलाचार ५,१३-१५

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दोनों ग्रन्थों में परिवर्तित हैं।[1]

(४) जीवस्थान-द्रव्यप्रमाणानुगम में क्षेत्र की अपेक्षा सूत्र (१,२,४) में निर्दिष्ट मिथ्यादृष्टि जीवराशि के प्रमाण को स्पष्ट करते हुए धवला में उस प्रसंग में यह पूछा गया है कि क्षेत्र की अपेक्षा मिथ्यादृष्टि जीवराशि को कैसे मापा जाता है। उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि जिस प्रकार प्रस्थ (एक माप विशेष) के द्वारा जौ, गेहूँ आदि को मापा जाता है, उसी प्रकार 'लोक' के द्वारा मिथ्यादृष्टि जीवराशि मापी जाती है। इस प्रकार से मापने पर मिथ्यादृष्टि जीवराशि अनन्त लोकप्रमाण होती है। आगे वहाँ धवला में 'एत्थुवउज्जंती गाहा' ऐसी सूचना करते हुए "**पत्थेण कोद्दवं वा**" इत्यादि गाथा को उद्धृत किया गया है। यह गाथा आवश्यक-निर्युक्ति में उसी रूप में उपलब्ध होती है।[2]

३. **आप्तमीमांसा**—इसका दूसरा नाम **देवागमस्तोत्र** है। आचार्य समन्तभद्र द्वारा विरचित यह एक स्तुतिपरक महत्त्वपूर्ण दार्शनिक ग्रन्थ है। इसके ऊपर आचार्य भट्टाकलंकदेव द्वारा विरचित **अष्टशती** और आचार्य विद्यानन्द द्वारा विरचित **अष्टसहस्री** जैसी विशाल टीकाएँ हैं। धवला में इसकी कुछ कारिकाओं को समन्तभद्रस्वामी के नामनिर्देशपूर्वक उद्धृत किया गया है। यथा—

(१) जीवस्थान-द्रव्यप्रमाणानुगम में निक्षेप योजनापूर्वक उसके शाब्दिक अर्थ को स्पष्ट करते हुए धवला में त्रिकालविषयक अनन्तपर्यायों की परस्पर में अजहद्वृत्ति (अभेदात्मकता) को द्रव्य का स्वरूप निर्दिष्ट किया गया है। प्रमाण के रूप में वहाँ 'वुत्तं च' कहते हुए '**आप्तमीमांसा**' की १०७वीं कारिका को उद्धृत किया गया है।[3]

(२) इसी कारिका को आगे धवला में जीवस्थान चूलिका में अवधिज्ञान के प्रसंग में भी 'अत्रोपयोगी श्लोकः' कहते हुए उद्धृत किया गया है।[4]

(३) आगे 'कृति' अनुयोगद्वार में नयप्ररूपणा के प्रसंग में आ० पूज्यपाद-विरचित सार-संग्रह के अन्तर्गत नय के लक्षण को उद्धृत करते हुए यह अभिप्राय प्रकट किया गया है कि अनन्त पर्यायस्वरूप वस्तु की उन पर्यायों में से किसी एक पर्यायविषयक ज्ञान के समय निर्दोष हेतु के आश्रित जो प्रयोग किया जाता है, उसका नाम नय है।

इस पर वहाँ यह शंका उठायी गयी है कि अभिप्राय-युक्त प्रयोक्ता को यदि 'नय' नाम से कहा जाता है तो उचित कहा जा सकता है, किन्तु प्रयोग को नय कहना संगत नहीं है, क्योंकि नित्यत्व व अनित्यत्व आदि का अभिप्राय सम्भव नहीं है।

इस शंका का निराकरण करते हुए धवला में कहा गया है कि वैसा कहना उचित नहीं है, क्योंकि नय के आश्रय से जो प्रयोग उत्पन्न होता है वह प्रयोक्ता के अभिप्राय को प्रकट करने वाला होता है, इसलिए कार्य में कारण के उपचार से प्रयोग के भी नयरूपता सिद्ध है। यह स्पष्ट करते हुए आगे 'तथा समन्तभद्रस्वामिनाप्युक्तम्' इस प्रकार की सूचना के साथ आप्त-

---

१. ये गाथाएं जीवसमास (३१-३३) में भी आचा० नि० के पाठ के अनुसार ही उपलब्ध होती हैं।

२. धवला पु० ३, पृ० ३२ और आव० नि० ८७ (पृ० ६३)

३. धवला, पु० ३, पृ० ६

४. धवला, पु० ६, पृ० २८

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मीमांसा की १०६वीं कारिका के उत्तरार्ध को इस प्रकार उद्धृत किया गया है—

स्याद्वादप्रविभक्तार्थविशेषव्यञ्जको नयः ॥

पदविभाग के साथ उसके अभिप्राय को भी वहाँ प्रकट किया गया है।[1]

इसी प्रसंग में आगे धवला में यह स्पष्ट किया गया है कि ये सभी नय यदि वस्तुस्वरूप का अवधारण नहीं करते हैं तो वे समीचीन दृष्टि (सन्नय) होते हैं, क्योंकि वे उस स्थिति में प्रतिपक्ष का निराकरण नहीं करते हैं। इसके विपरीत यदि वस्तुस्वरूप का एकान्त रूप से अवधारण करते हैं तो वे उस स्थिति में मिथ्यादृष्टि (दुर्नय) होते हैं, क्योंकि वैसी अवस्था में उनकी प्रवृत्ति प्रतिपक्ष का निराकरण करने में रहती है।

इतना स्पष्ट करते हुए आगे वहाँ 'अत्रोपयोगिनः श्लोकाः' इस सूचना के साथ जिन तीन श्लोकों को उद्धृत किया गया है, उनमें प्रारम्भ के दो श्लोक स्वयम्भूस्तोत्र (६२ व ६१) के हैं तथा तीसरा श्लोक आप्तमीमांसा (१०८वीं कारिका) का है।[2]

इसी प्रसंग में आगे धवला में कहा गया है कि इन नयों का विषय उपचार से उपनय और उनका समूह वस्तु है, क्योंकि इसके बिना वस्तु की अर्थक्रियाकारिता नहीं बनती। यह कहते हुए आगे वहाँ 'अत्रोपयोगी श्लोकः' इस निर्देश के साथ आप्तमीमांसा की क्रम से १०७वीं और २२वीं इन दो कारिकाओं को उद्धृत किया गया है। साथ ही इन दोनों के बीच में "एयदवियम्मि जे" इत्यादि सन्मतितर्की एक गाथा (१-३३) को भी उद्धृत किया गया है।[3]

(४) आगे 'प्रक्रम' अनुयोगद्वार में प्रसंगप्राप्त सत् व असत् कार्यवाद के विषय में विचार करते हुए उस प्रसंग में धवला में क्रम से आप्तमीमांसा की इन १४ कारिकाओं को उद्धृत किया गया है[4]—३७,३९-४०,४२,४१,५९-६०,५७ और ९-१४।

४. **आवश्यकनिर्युक्ति**—धवला में ग्रन्थावतार के प्रसंग में नय की प्ररूपणा करते हुए अन्त में यह स्पष्ट किया गया है कि व्यवहर्ता जनों को इन नयों के विषय में निपुण होना चाहिए, क्योंकि उसके बिना अर्थ के प्रतिपादन का परिज्ञान नहीं हो सकता है। यह कहते हुए आगे वहाँ 'उक्तं च' कहकर दो गाथाओं को उद्धृत किया गया है।[5] उनमें प्रथम गाथा इस प्रकार है—

णत्थि णएहिविहूणं सुत्तं अत्थोव्व जिणवरमदम्हि।
तो णयवादे णियमा मुणिणो सिद्धंतिया होंति॥

इसके समकक्ष एक गाथा आ० भद्रबाहु (द्वितीय) विरचित आवश्यकनिर्युक्ति में इस प्रकार उपलब्ध होती है—

नत्थि नएहि विहूणं सुत्तं अत्थो य जिणवरमदम्मि।
आसज्ज उ सोयारं नए नयविसारओ बूआ॥—आव०नि०गा० ६६१

इन दोनों गाथाओं का पूर्वार्ध प्रायः समान है। तात्पर्य दोनों गाथाओं का यही है कि वक्ता

१. धवला, पु० ९, पृ० १६७
२. धवला, पु० ९, पृ० १८२
३. धवला, पु० ९, पृ० १८२-८३
४. धवला पु० १५, पृ० १८-२१ और २६-३१
५. वही, पु० १, पृ० ९१

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

या व्याख्याता को नयों के विषय में निपुण अवश्य होना चाहिए।

पूर्व गाथा के उत्तरार्ध में जहाँ यह अभिप्राय प्रकट किया गया है कि—इसलिए सिद्धान्त के वेत्ता मुनिजन नयवाद में निपुण[1] हुआ करते हैं, वहाँ दूसरी गाथा के उत्तरार्ध में यह स्पष्ट किया गया है कि नयों के विषय में दक्ष वक्ता को नयों का आश्रय लेकर श्रोता के लिए तत्त्व का व्याख्यान करना चाहिए।

इस प्रकार पूर्व गाथा की अपेक्षा दूसरी गाथा का उत्तरार्ध अधिक सुबोध दिखता है।

(२) जीवस्थान-सत्प्ररूपणा में सूत्रकार ने चौदह जीवसमासों की प्ररूपणा में प्रयोजनीभूत आठ अनुयोगद्वारों को ज्ञातव्य कहा है।—सूत्र १,१,५

सूत्र में प्रयुक्त 'अणियोगद्दार' के प्रसंग में धवला में उसके अनुयोग, नियोग, भाषा, विभाषा और वार्तिक इन समानार्थक शब्दों का निर्देश करते हुए 'उक्तं च' के साथ "अणियोगो य णियोगो" आदि गाथा को उद्धृत किया गया है।[2]

यह गाथा आवश्यकनिर्युक्ति में उसी रूप में उपलब्ध होती है।[3]

५. उत्तराध्ययन—पूर्वोक्त पृथिवी के वे ३६ भेद उत्तराध्ययन में भी उपलब्ध होते हैं।
—(३६, ७४-७७)

६. कसायपाहुड—यह पीछे (पृ० १००७-२३) स्पष्ट किया जा चुका है कि धवलाकार ने ग्रन्थनामनिर्देश के बिना कसायपाहुड की कितनी ही गाथाओं को उद्धृत किया है।

७. गोम्मटसार—आचार्य नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्ती द्वारा विरचित गोम्मटसार जीवकाण्ड-कर्मकाण्ड में आ० वीरसेन के द्वारा धवला में उद्धृत पचासों गाथाएँ आत्मसात् की गयी हैं।[4]

८. चारित्रप्राभृत—जीवस्थान खण्ड के अवतार की प्ररूपणा करते हुए उस प्रसंग में आचार्य कुन्दकुन्द-विरचित चारित्रप्राभृत की "दंसण-वद-सामाइय' आदि गाथा को उद्धृत करते हुए धवला में कहा गया है कि उपासकाध्ययन नाम का अंग ग्यारह लाख सत्तर हजार पदों के द्वारा दर्शनिक, व्रतिक व सामायिकी आदि ग्यारह प्रकार के उपासकों के लक्षण, उन्हीं के व्रतधारण की विधि और आचरण की प्ररूपणा करता है।[5]

९. जंबूदीवपण्णत्तिसंगहो—मुनि पद्मनन्दी द्वारा विरचित 'जंबूदीवपण्णत्तिसंगहो' का रचनाकाल प्रायः अनिर्णीत है। फिर भी सम्भवतः उसकी रचना धवला के पश्चात् हुई है, ऐसा प्रतीत होता है। जीवस्थान-क्षेत्रप्रमाणानुगम में प्रसंगप्राप्त लोक के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए धवलाकार ने कहा है कि यदि लोक को नीचे से क्रमशः सात, एक, पाँच व एक राजु विस्तार-वाला; उत्तर-दक्षिण में सर्वत्र सात राजु बाहल्यवाला और चौदह राजु आयत न माना जाय तो प्रतरसमुद्घातगत केवली के क्षेत्र को सिद्ध करने के लिए जो दो गाथाएँ कही गयी हैं वे निरर्थक सिद्ध होंगी, क्योंकि उनमें जो लोक का घनफल कहा गया है, वह इसके बिना बनता

---

१. गाथा में 'णियमा' के स्थान में यदि 'णिउणा' पाठ रहा हो, तो यह असम्भव नहीं दिखता।
२. धवला, पु०१, पृ० १५३-५४
३. आव० नि० गा० १२५
४. देखिए पीछे 'ष०ख० (धवला) व गोम्मटसार' शीर्षक।
५. धवला, पु० १, १०२ व चा० प्रा० २२

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नहीं है, ऐसा कहते हुए उन्होंने आगे उन गाथाओं को उद्धृत कर दिया है।[1]

वे दोनों गाथाएँ प्रकृत **जंबूदीवपण्णत्ती** में उपलब्ध होती हैं। उनमें से प्रथम गाथा में अधोलोक का घनफल और दूसरी गाथा में मृदंगाकृतिक्षेत्र (ऊर्ध्वलोक) का घनफल गणित-प्रक्रिया के आधार से निकाला गया है। विशेषता यह है कि वहाँ इन दो गाथाओं के मध्य में एक अन्य गाथा और भी है, जिसमें अधोलोक और ऊर्ध्वलोक सम्बन्धी घनफल के प्रमाण का केवल निर्देश किया गया है।[2]

उनमें प्रथम गाथा से बहुत-कुछ मिलती हुई एक गाथा (१-१६५) तिलोयपण्णत्ती में उपलब्ध होती है।

१०. जीवसमास—इसके सम्बन्ध में कुछ विचार ग्रन्थोल्लेख के प्रसंग में किया गया है।

(१) धवला में अप्कायिक, तेजस्कायिक और वायुकायिक जीवों के भेदों की प्ररूपक जिन तीन गाथाओं को उद्धृत किया गया है,[3] उनके पूर्वार्ध **जीवसमास** (गा० ३१-३३) में शब्दशः समान रूप में उपलब्ध होते हैं। जैसा पीछे 'आचारांगनिर्युक्ति' के प्रसंग में स्पष्ट किया गया है, यहाँ उन गाथाओं के उत्तरार्ध आचारांगनिर्युक्तिगत उन गाथाओं के उत्तरार्ध के समान हैं; जबकि धवला में उद्धृत उन गाथाओं के उत्तरार्ध पंचसंग्रहगत उन गाथाओं (१,७८-८०) के समान हैं।

(२) इसके पूर्व इस सत्प्ररूपणा अनुयोगद्वार में मार्गणाओं के स्वरूप को प्रकट करते हुए धवलाकार ने आहारक और अनाहारक जीवों के स्वरूप का निर्देश किया है। उस प्रसंग में उन्होंने 'उक्तं च' कहकर "**विग्गहगइमावण्णा**" आदि एक गाथा को उद्धृत किया है।

यह गाथा **जीवसमास** में उपलब्ध होती है।[4]

११. तत्त्वार्थवार्तिक—जैसा कि 'ग्रन्थोलेख' के प्रसंग में पीछे (पृ० ५८७) स्पष्ट किया जा चुका है, धवलाकार ने इस तत्त्वार्थवार्तिक का उल्लेख '**तत्त्वार्थभाष्य**' के नाम से किया है। अनेक प्रसंगों पर नामनिर्देश के बिना भी उसके कितने ही वाक्यों को धवला में उद्धृत किया गया है। यह स्मरणीय है कि धवलाकार ने तत्त्वार्थवार्तिक के अनेक सन्दर्भों को उसी रूप में धवला में आत्मसात् कर लिया है। जैसे—

(१) प्रमाणप्रकाशितार्थविशेषप्ररूपको नयः। प्रकर्षेण मानं प्रमाणम्, सकलादेश इत्यर्थः, तेन प्रकाशितानां न प्रमाणाभासपरिगृहीतानामित्यर्थः। तेषामर्थानामस्तित्व-नास्तित्व-[नित्या]नित्यत्वाद्यन्तात्मनां [अनन्तात्मनां] जीवादीनां ये विशेषाः पर्यायास्तेषां प्रकर्षेण रूपकः प्ररूपकः निरुद्धदोषानुषंगद्वारेणेत्यर्थः।— त०वा० १,३३,१

"प्रमाणप्रकाशितार्थविशेषप्ररूपको नयः इति। प्रकर्षेण मानं प्रमाणम्, सकलादेशीत्यर्थः। तेन प्रकाशितानां प्रमाणपरिगृहीतानामित्यर्थः। तेषामर्थानामस्तित्व-नास्तित्व-नित्यानित्यत्वाद्यनन्तात्मकानां जीवादीनां ये विशेषाः पर्यायाः तेषां प्रकर्षेण रूपकः प्ररूपकः निरुद्धदोषानुषंगद्वारे-

---

१. धवला, पु० ४, पृ० २०-२१

२. जं०दी० प्र० संगहो ११,१०८-१०

३. धवला, पु० १, पृ० २७३

४. देखिये धवला पु० १, १५३ व जी०स० गाथा ८२; यह गाथा दि० पंचसंग्रह (१-१७७) और श्रावकप्रज्ञप्ति (गा० ६८) में भी उपलब्ध होती है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णत्यर्थः।''—धवला, पु० ९, पृ० १६५-६६

(२) शपत्यर्थमाह्वयति प्रत्यायतीति शब्दः।×××स च लिंग-संख्या-साधनादिव्यभिचार-निवृत्तिपरः।××× लिंगव्यभिचारस्तावत् स्त्रीलिंगे पुल्लिंगाभिधानं तारका स्वातिरिति। पुल्लिंगे स्त्र्यभिधानमवगमो विद्येति। स्त्रीत्वे नपुंसकाभिधानं वीणाऽऽतोद्यमिति। नपुंसके स्त्र्यभिधानमायुधं शक्तिरिति। पुल्लिंगे नपुंसकाभिधानं पटो वस्त्रमिति। नपुंसके पुल्लिंगाभिधानं द्रव्यं परशुरिति।—त०वा० १,३३,८-९९

''शपत्यर्थमाह्वयति प्रत्यायतीति शब्दः। अयं नयः लिंग-संख्या-काल-कारक-पुरुषोपग्रहव्यभिचारनिवृत्तिपरः। लिंगव्यभिचारस्तावत् स्त्रीलिंगे पुल्लिंगाभिधानम्—तारका स्वातिरिति। पुल्लिंगे स्त्र्यभिधानम्—अवगमो विद्येति। स्त्रीत्वे नपुंसकाभिधानम्—वीणा आतोद्यमिति। नपुंसके स्त्र्यभिधानम्—आयुधं शक्तिरिति। पुल्लिंगे नपुंसकाभिधानम्—पटो वस्त्रमिति। नपुंसके पुल्लिंगाभिधानम्—द्रव्यं परशुरिति।''[1]—धवला पु० ९, पृ० १७६-७७

आगे इस शब्दनय से सम्बन्धित संख्या, साधन, काल और उपग्रह विषयक सन्दर्भ भी दोनों ग्रन्थों में शब्दशः समान हैं। विशेष इतना है कि साधन और काल के विषय में क्रम-व्यत्यय हुआ है।

शब्दनय का उपसंहार करते हुए दोनों ग्रन्थों में समान रूप में यह भी कहा गया है—

''एवमादयो व्यभिचारा अयुक्ताः (धवला—न युक्ताः) अन्यार्थस्यान्यार्थेन सम्बन्धाभावात्। ××× तस्माद्यथालिंगं यथासंख्यं यथासाधनादि च न्याय्यमभिधानम्।''

यहाँ ये दो ही उदाहरण दिये गये हैं, ऐसे अन्य भी कितने ही और भी उदाहरण दिये जा सकते हैं।

१२. तत्त्वार्थसूत्र—'ग्रन्थोल्लेख' के प्रसंग में यह पूर्व (पृ० ५८६-८७) में स्पष्ट किया जा चुका है कि धवला में तत्त्वार्थसूत्र के सूत्रों को ग्रन्थनामनिर्देश के साथ उद्धृत किया गया है। उनके अतिरिक्त उसके अन्य भी कितने ही सूत्रों को यथाप्रसंग ग्रन्थनामनिर्देश के बिना धवला में उद्धृत किया गया है।[2]

१३. तिलोयपण्णत्ती—यह पीछे (पृ० ५८७-८९) 'ग्रन्थोल्लेख' के प्रसंग में स्पष्ट किया जा चुका है कि धवलाकार ने प्रसंगप्राप्त तिर्यग्लोक के अवस्थान और राजु के अर्धच्छेदविषयक प्रमाण के सम्बन्ध में अपने अभिमत की पुष्टि में तिलोयपण्णत्तिसुत्त' को ग्रन्थनामोल्लेखपूर्वक प्रमाण के रूप में उपस्थित किया है।

अब यहाँ हम धवला में प्ररूपित कुछ ऐसे प्रसंगों का उल्लेख करना चाहते हैं जो या तो

---

१. यह शब्दनयविषयक सन्दर्भ सत्प्ररूपणा (पु० १, पृ० ८६-८९) में भी इसी प्रकार का है।

२. उदाहरणस्वरूप देखिये पु० ९, पृ० १६४ में ''प्रमाण-नयैरधिगमः'' इत्यनेन सूत्रेणापि (त०सू० १-६) नेदं व्याख्यानं विघटते। पु० १३, पृ० २११ में ''रूपिष्ववधेः'' (त०सू० १-२७) इति वचनात्। आगे पृ० २२० में ''न चक्षुरनिन्द्रियाभ्याम्'' (त०सू० १-१९) इति तत्र तत्प्रतिषेधात्। आगे पृ० २३४-३५ में ''बहु-बहुविध-क्षिप्रानिःसृतानुक्तध्रुवाणां सेतराणाम्'' (त० सू० १-१६) संख्या-वैपुल्यवाचिनो बहु-शब्दस्य ग्रहणमविशेषात्। इत्यादि

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इसी तिलोयपण्णत्ति पर आधारित हैं या फिर उसके समान कोई अन्य प्राचीन ग्रन्थ धवलाकार के समक्ष रहा है, जिसको उन्होंने उनका आधार बनाया है। इसका कारण यह है कि वे प्रसंग ऐसे हैं जो शब्द और अर्थ से भी तिलोयपण्णत्ती से अत्यधिक समानता रखते हैं। यथा—

(१) धवलाकार ने षट्खण्डागम की इस टीका को प्रारम्भ करते हुए स्वकृत मंगल के पश्चात् इस गाथा को उपस्थित किया है[1]—

मंगल-णिमित्त-हेऊ परिमाणं णाम तह य कत्तारं।
वागरिय छापि पच्छा वक्खाणउ सत्थमाइरियो॥

इसके अनन्तर वे कहते हैं कि आचार्य-परम्परा से चले आ रहे इस न्याय को मन से अवधारित कर 'पूर्वाचार्यों का अनुसरण रत्नत्रय का हेतु है' ऐसा मानकर **पुष्पदन्ताचार्य** उपर्युक्त मंगल आदि छह की कारणपूर्वक प्ररूपणा करने के लिए सूत्र कहते हैं।[2]

इस प्रकार कहते हुए धवलाकार ने आगे आ० पुष्पदन्त द्वारा ग्रन्थ के प्रारम्भ में किये गये मंगल के रूप में पंचपरमेष्ठिनमस्कारात्मक गाथा (णमोकारमंत्र) की ओर ध्यान दिलाया गया है।

उक्त पंचपरमेष्ठिनमस्कारात्मक मंगलगाथा की उत्थानिका में धवलाकार ने जो कहा है वह इस प्रकार है—

"**इदि णायमाइरियपरंपरागयं मणेणावहारिय पुव्वाइरियायाराणुसरणं ति-रयणहेउ त्ति** पुप्फदंताइरियो मंगलादीणं छण्णं सकारणाणं परूवणट्ठं सुत्तमाह"—धवला १, पृ० ८

इसके साथ शब्द व अर्थ की समानता तिलोयपण्णत्ती की इस गाथा से देखने योग्य है—

इय णायं अवहारिय आइरियपरंपरागवं मणसा।
पुव्वाइरिया (आरा) णुसरणअं तिरयणणिमित्तं॥—ति०प० १-८४

इसके पूर्व धवलाकार ने मंगल-निमित्त आदि उन छह की निर्देशक जिस गाथा को प्रस्तुत किया है उसकी समकक्ष गाथा तिलोयपण्णत्ती में इस प्रकार उपलब्ध होती है—

मंगल-कारण-हेदू सत्थस्स पमाण-णाम-कत्तारा।
पढमं चिय कहिदव्वा एसा आइरियपरिभासा॥१-७

आगे शास्त्रव्याख्यान के कारणभूत उन मंगल आदि छह की क्रम से धवला में जिस प्रकार प्ररूपणा की गयी है उसी प्रकार से उनकी प्ररूपणा तिलोयपण्णत्ती में भी की गयी है। विशेषता यह है कि धवला में जहाँ उनकी वह प्ररूपणा शंका-समाधानपूर्वक अन्य प्रासंगिक चर्चा के साथ कुछ विस्तार से की गयी है वहाँ तिलोयपण्णत्ती में वह सामान्य रूप से की गयी है।

यहाँ यह स्मरणीय है कि धवला में जहाँ इस प्ररूपणा का लक्ष्य षट्खण्डागम, विशेषकर उसका प्रथम खण्ड जीवस्थान, रहा है वहाँ तिलोयपण्णत्ती में उसका लक्ष्य उसमें प्रमुख रूप से प्ररूपित लोक रहा है।

मंगल व निमित्त आदि उन छह के विषय में जो प्ररूपणा धवला और तिलोयपण्णत्ती में की

---

१. धवला पु० १, पृ० ७
२. धवला, पु० १, पृ० ८

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गयी है उसमें शब्द और अर्थ की अपेक्षा कितनी समानता है, इसे संक्षेप में इस प्रकार देखा जा सकता है—

प्रसंग	धवला पु० १ (पृष्ठ)	ति०प०महाधि० १ (गाथा)
१. मंगल		
मंगल के ६ भेद	१०	१८
क्षेत्रमंगल	२८-२९	२१-२४
कालमंगल	२९	२४-२६
भावमंगल	२९	२७
मंगल के पर्यायशब्द	३१-३२	८
मंगल की निरुक्ति	३२-३४	९-१७
मंगल के स्थान व फल	३९-४१	२७-३१
२. निमित्त	५४-५५	३२-३४
३. हेतु	५५-५९	३५-५२
४. प्रमाण	६०	५३
५. नाम	६०	५४
६. कर्ता	६०-६५ व ७२	५५-८१

(२) इसके अतिरिक्त धवला में प्ररूपित अन्य भी कितने ही विषयों के साथ तिलोयपण्णत्ती की समानता देखी जाती है। जैसे—राजा, १८ श्रेणियाँ, अधिराज, महाराज, अर्धमाण्डलिक, माण्डलिक, महामाण्डलिक, त्रिखण्डपति (अर्धचक्री), षट्खण्डाधिपति (सकलचक्री) और तीर्थंकर आदि।

विशेषता यह रही है कि धवलाकार ने जहाँ उपर्युक्त राजा आदि के विषय में अन्यत्र से उद्धृत गाथाओं व श्लोकों में विचार किया है, वहाँ तिलोयपण्णत्ती में उनका विचार मूलग्रन्थगत गाथाओं में ही किया गया है।[1]

(३) धवला में जीवस्थान के अवतार के प्रसंग में[2] तथा आगे चलकर 'वेदना' खण्ड के अवतार के प्रसंग में[3] यथाक्रम से केवलियों, श्रुतकेवलियों, अंगश्रुत के धारकों का निर्देश किया गया है।

तिलोयपण्णत्ती में 'जम्बूद्वीप' अधिकार के आश्रय से भरतक्षेत्र में सुषमादि छह कालों की प्ररूपणा करते हुए उस प्रसंग में उपर्युक्त केवलियों आदि का उल्लेख किया गया है, जिसमें एक-दो नामों की भिन्नता को छोड़कर प्रायः दोनों में समानता है।[4]

(४) महावीर के निर्वाण के पश्चात् उत्पन्न होनेवाले शक राजा के काल से सम्बन्धित विभिन्न मतों का उल्लेख धवला में इस प्रकार किया गया है—प्रथम मत ६०५ वर्ष व पाँच

---

१. धवला पु० १, पृ० ५७-५८
२. वही, पृ० ६५-६७
३. वही, पु० ९, पृ० १३०-३१
४. ति०प० १,४,१४७६-९२

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मास, द्वितीय मत १४७९३ वर्ष, तृतीय मत ७९९५ वर्ष व ५ मास।

ध्यान रहे कि इन मतभेदों का उल्लेख धवलाकार ने अन्यत्र से उद्धृत गाथाओं के द्वारा किया है।

शक राजा के काल से सम्बन्धित इन मतभेदों का उल्लेख तिलोयपण्णत्ती में इस प्रकार किया गया है—

प्रथम मत ४६१ वर्ष, द्वितीय ९७८५ वर्ष ५ मास, तृतीय १४७९३ वर्ष, चतुर्थ ६०५ वर्ष ५ मास।[1]

उपर्युक्त मतभेदों के प्रदर्शन में विशेषता यह रही है कि धवला में जहाँ तीन मतभेदों को प्रकट किया गया है वहाँ तिलोयपण्णत्ती में चार मतभेदों को प्रकट किया गया है। उनमें ६०५ वर्ष ५ मास और १४७९३ वर्ष ये दो मतभेद तो दोनों ग्रन्थों में समान हैं। किन्तु ७९९५ वर्ष व ५ मास तथा ९७८५ वर्ष व ५ मास, यह मत दोनों ग्रन्थों में कुछ भिन्न है (कदाचित् इस मतभेद में प्रतिलेखक की असावधानी से हुआ अंकव्यत्यास भी कारण हो सकता है। ९ का अंक कई रूपों में लिखा जाता है।)

विचारणीय समस्या

उपर्युक्त दोनों ग्रन्थगत इस शब्दार्थ-विषयक समानता और असमानता को देखते हुए यह निर्णय करना शक्य नहीं है कि तिलोयपण्णत्ती का वर्तमान रूप धवलाकार के समक्ष रहा है और उन्होंने अपनी इस महत्त्वपूर्ण टीका की रचना में उसका उपयोग भी किया है। ऐसा निर्णय करने में कुछ बाधक कारण हैं जो इस प्रकार हैं—

(१) जीवस्थान-द्रव्यप्रमाणानुगम में मिथ्यादृष्टियों का प्रमाण क्षेत्र की अपेक्षा अनन्तानन्त लोक कहा गया है।—सूत्र १,२,४

उस संदर्भ में लोक के स्वरूप को धवला में स्पष्ट किया गया है। इस प्रसंग में यह पूछने पर कि तिर्यग्लोक की समाप्ति कहाँ होती है, उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि असंख्यात द्वीप-समुद्रों से रोके गये क्षेत्र से आगे संख्यातगुणे योजन जाकर तिर्यग्लोक की समाप्ति हुई है। इस पर वहाँ शंका की गयी है कि यह कहाँ से जाना जाता है। उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि वह ज्योतिषी देवों के दो सौ छप्पन अंगुलों के वर्गप्रमाण भागहार के प्रतिपादक सूत्र से और तिलोयपण्णत्ती के इस सूत्र से जाना जाता है—

दुगुण-दुगुणो दुवग्गो णिरंतरो तिरियलोगेत्ति।

धवलाकार ने इसे 'तिलोयपण्णत्तिसुत्त' कहा है।

इसे ही या इसी प्रकार की एक अन्य गाथा को धवलाकार ने आगे 'स्पर्शनानुगम' में चन्द्र-सूर्यबिम्बों की संख्या के लाने के प्रसंग में इस प्रकार उद्धृत किया है—

चंदाइच्च-गहेहिं चेवं णक्खत्त-ताररूवेहिं।
दुगुण-दुगुणेहिं णीरंतरेहि दुवग्गो तिरियलोगो॥—धवला पु० ४, पृ० १५१

किन्तु यहाँ किसी ग्रन्थ के नाम का उल्लेख नहीं किया गया है।

---

१. देखिए धवला, पु० ९, पृ० १३२-३३ और ति०प० १,४,१४९६-९९

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इस प्रकार उपर्युक्त **'तिलोयपण्णत्तिसुत्त'** के नाम से उद्धृत वाक्य तिलोयपण्णत्ती के उपलब्ध संस्करण में नहीं पाया जाता है।

(२) धवलाकार ने प्रतरसमुद्घातगत केवली के क्षेत्र के साथ संगति बैठाने के लिए लोक को दक्षिण-उत्तर में सात राजु प्रमाण बाहल्यवाला आयतचतुरस्र सिद्ध किया है।

वर्तमान तिलोयपण्णत्ती (१-१४९) में लोक का प्रमाण इसी प्रकार कहा गया है।

यदि धवलाकार के समक्ष 'तिलोयपण्णत्ती' में निर्दिष्ट लोक का यह प्रमाण रहा होता तो उन्हें विस्तारपूर्वक गणितप्रक्रिया के आधार से उसे सिद्ध न करना पड़ता।

प्रमाण के रूप में वे उसी तिलोयपण्णत्ती के प्रसंग को प्रस्तुत कर सकते थे। इससे यही सिद्ध होता है कि धवलाकार के समक्ष तिलोयपण्णत्ती में इस प्रकार का प्रसंग नहीं रहा। इसीलिए उन्हें यह कहना पड़ा—

क—एसो अत्थो जइवि पुव्वाइरियसंपदायविरुद्धो तो वि तंत-जुत्तिबलेण अम्हेहि परूविदो।

—पु० ३, पृ० ३८

ख—एसा तप्पाओग्गसंखेज्जरूवाहियजंबूदीव-छेदणयसहिददीव-सायररूवमेत्तरज्जुच्छेदपमाणपरिक्खाविहीण **अण्णाइरिओवदेसपरंपराणुसारिणी, केवलं तु तिलोयपण्णत्तिसुत्ताणुसारा जोदिसियदेवभागहारपदुप्पाइयसुत्तावलंबिजुत्तिबलेण पयदगच्छसाहणट्ठमम्हेहि परूविदा**, प्रतिनियितसूत्रावष्टम्भबलविजृंभितगुणप्रतिपन्नप्रतिबद्धासंख्येयावलिकावहारकालोपदेशवत् आयतचतुरस्रलोकसंस्थानोपदेशवद् वा।—धवला पु० ४, पृ० १५७

(३) तिलोयपण्णत्ती में कुछ ऐसा गद्य-भाग है जो धवला में प्रसंगप्राप्त उस गद्यभाग से शब्दशः समान है। यथा—

क—तिलोयपण्णत्ती के प्रथम महाधिकार में गाथा २८२ में यह प्रतिज्ञा की गयी है कि हम वातवलय से रोके गये क्षेत्र के घनफल को, आठों पृथिवियों के घनफल को तथा आकाश के प्रमाण को कहते हैं। तदनुसार आगे वहाँ प्रथमतः **'संपहि लोगपेरंतट्ठिदवादवलयरुद्धखेत्ताणं आणयणविधाणं उच्चदे'** इस सूचना के साथ लोक के पर्यन्त भाग में स्थित वायुओं के घनफल को निकाला गया है। उससे सम्बद्ध गद्यभाग वहाँ इस प्रकार है—

"लोगस्स तले तिण्णिवादाणं बहलं वादेक्कस्स य वीस-सहस्सा य जोयणमेत्तं। तं सव्वमेयट्ठं कदे सट्ठिजोयणसहस्सबाहल्लं जगपदरं होदि।..... एदं सव्वमेगत्थ मेलाविदे चउवीस-कोडिसमहियसहस्सकोडीओ एगूणवीसलक्खतेसीदिसहस्सचउसदसत्तासीदिजोयणाणं णवसहस्ससत्तसयसट्ठिरूवाहियलक्खाए अवहिदेगभागबाहल्लं जगपदरं होदि।"[1]

१०२४१९८३४८७

———————

१०९७६०

आगे कृत प्रतिज्ञा के अनुसार आठ पृथिवियों के नीचे वायु द्वारा रोके गये क्षेत्र के और आठ पृथिवियों के भी घनफल को प्रकट किया गया है।[2]

धवला में प्रतरसमुद्घातगत केवली के प्रसंग में **'संपहि लोगपेरंतट्ठिदवादवलयरुद्धखेत्ताण-**

१. ति०प०, भा० १, पृ० ४३-४६

२. ति० प०, भा० १, पृ० ४६-४८

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यणविधाणं वुच्चदे' इसी प्रतिज्ञा के साथ लोक के पर्यन्त भाग में स्थित वायुओं के घनफल को जिस गद्यभाग के द्वारा दिखलाया गया है, वह तिलोयपण्णत्ती के उपर्युक्त गद्यभाग से शब्दशः समान है।[1]

विशेषता यह रही है कि तिलोयपण्णत्ती में कृत प्रतिज्ञा के अनुसार आगे आठ पृथिवियों के नीचे वायुमण्डल द्वारा रोके गये क्षेत्र के घनफल को और आठ पृथिवियों के भी घनफल को जैसे प्रकट किया गया है वैसे प्रसंग के बहिर्भूत होने से यहाँ धवला में उसे नहीं दिखलाया गया है।

इस प्रकार दोनों ग्रन्थगत इन प्रसंगों को देखते हुए यह कहना शक्य नहीं है कि तिलोयपण्णत्ती में धवला से इस गद्यभाग को लिया गया है अथवा धवला में उसे तिलोयपण्णत्ती से लिया गया है।

ख—तिलोयपण्णत्ती के 'ज्योतिर्लोक' नामक सातवें महाधिकार के प्रारम्भ में निर्दिष्ट (७, २-४) अवान्तर अधिकारों के अनुसार ज्योतिषी देवों की क्रम से प्ररूपणा की गयी है। वहाँ क्रमप्राप्त अचर ज्योतिषियों की प्ररूपणा करते हुए सपरिवार समस्त चन्द्रों के प्रमाण को निकाला गया है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इस प्रसंग में दोनों ग्रन्थगत इन अन्य प्रसंगों को भी देखा जा सकता है—

	विषय	त० सू०	मूलाचार
१.	विनय के भेद	९-२३	५-१९७
२.	वैयावृत्य	९-२४	५-१९२
३.	स्वाध्याय	९-२५	५-१९६
४.	व्युत्सर्ग	९-२६	५-२०९
	(व्युत्सर्ग और ध्यान में दोनों ग्रन्थों मे क्रमव्यत्यय हुआ है)		
५.	ध्यानभेद आदि	९,२८-४४	५,१९७-२०८

अन्य प्रसंग भी देखिए—

(१) "मिथ्यादर्शनाविरति-प्रमाद-कषाय-योगा बन्धहेतवः ।"—त०सू० ८-१

मिच्छादंसण-अविरदि-कसाय-जोगा हवंति बंधस्स ।
आऊसज्झवसाणं हेदव्वो तेदु णायव्वा ।।—मूलाचार १२-१८२

(२) "सकसायत्वाज्जीवः कर्मणो योग्यान् पुद्गलानादत्ते स बन्धः ।"—त०सू० ८-२

जीवो कसायजुत्तो जोगादो कम्मणो दु जे जोग्गा ।
गेण्हइ पोग्गलदव्वे बंधो सो होदि णायव्वो ।।—मूला १२-१८३

(शब्द-साम्य भी यहाँ द्रष्टव्य है)

तत्त्वार्थसूत्र (८वाँ अध्याय) के अन्तर्गत कर्म का यह प्रसंग भी अन्य कार्मिक ग्रन्थ पर आधारित न होकर प्रायः इस मूलाचार पर आधारित रहा दिखता है ।[1]

दोनों ग्रन्थगत और भी शब्दार्थ-सादृश्य देखिए—

"मोहक्षयात् ज्ञान-दर्शनावरणान्तरायक्षयाच्च केवलम् ।"—त०सू० १०-१

मोहस्सावरणाणं खयेण अह अंतरायस्स य एव ।
उप्पज्जइ केवलयं पयासयं सव्वभावाणं ।।—मूला० १२-२०५

इस स्थिति को देखते हुए इसमें सन्देह नहीं रहता कि तत्त्वार्थसूत्र पर मूलाचार का सर्वाधिक प्रभाव रहा है। यद्यपि उसके रचयिता और रचनाकाल के विषय में विशेष कुछ ज्ञात नहीं है, फिर भी उसकी विषयवस्तु और उसके विवेचन की क्रमबद्ध अतिशय व्यवस्थित पद्धति को देखते हुए वह एक साध्वाचार का प्ररूपक प्राचीन ग्रन्थ ही प्रतीत होता है ।

उसकी कुछ हस्तलिखित प्रतियों में उसके कुन्दकुन्दाचार्य-विरचित होने का संकेत मिलता है तथा उसकी वसुनन्दी-विरचित वृत्ति की अन्तिम पुष्पिका में यह सूचना भी की गयी है—

"इति मूलाचारविवृतौ द्वादशोऽध्यायः । कुन्दकुन्दाचार्य-प्रणीत मूलाचाराख्यविवृतिः । कृतिरियं वसुनन्दिनः श्रीश्रमणस्य ।"

इससे कुछ विद्वानों का यह मत बन गया है कि वह कुन्दकुन्दाचार्य के द्वारा रचा गया है। उनका कहना है कि प्रतियों में उसके रचयिता के रूप में जिन 'वट्टकेराचार्य, वट्टकेर्याचार्य और वट्टकेरकाचार्य' नामों का उल्लेख किया गया है, वे नाम कहीं गुर्वावलियों व पट्टावलियों आदि

---

१. मूलाचार के १२वें 'पर्याप्ति' अधिकार में जिस क्रम से व जिस रूप में प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशबन्ध की प्ररूपणा की गयी है, त०सू० के ८वें अध्याय में उसी क्रम से व उसी रूप में उन चारों बन्धों की प्ररूपणा की गयी है, जिसमें शब्दसाम्य भी अधिक रहा है ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

में नहीं पाये जाते हैं।[1]

किन्तु आचार्य कुन्दकुन्द और वट्टकेराचार्य ये दो भिन्न ही प्रतीत होते हैं। यद्यपि कुन्दकुन्द-विरचित ग्रन्थगत कुछ गाथाएँ मूलाचार में प्रायः उसी रूप में उपलब्ध होती हैं,[2] पर दोनों की विवेचन-पद्धति में भिन्नता देखी जाती है। उदाहरणस्वरूप द्वादशानुप्रेक्षाओं को ले लीजिए—

(१) संसारानुप्रेक्षा के प्रसंग में आ० कुन्दकुन्द ने संसार को पाँच प्रकार का बतलाकर आगे द्रव्यादि पाँच परिवर्तनों के स्वरूप को भी स्पष्ट किया है।[3]

पर मूलाचार में द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव के भेद से ही संसार का निर्देश किया गया है तथा वहाँ किसी भी परिवर्तन के स्वरूप को नहीं दिखलाया गया है।

इसी प्रसंग में मूलाचार में 'किं केण कस्स कत्थ वि' आदि गाथा का (देखिए पीछे पृ० ६६२-६३) उपयोग किया गया है जो सम्भवतः कुन्दकुन्दाचार्य के समक्ष ही नहीं रही।[4]

(२) सातवीं अनुप्रेक्षा के प्रसंग में कुन्दकुन्द ने शरीर की अशुचिता को दिखलाया है, पर मूलाचार में वहाँ प्रायः अशुभरूपता को प्रकट किया है।[5]

(३) आस्रवानुप्रेक्षा के प्रसंग में आ० कुन्दकुन्द ने मिथ्यात्व, अविरति, कषाय और योगों को आस्रव बतलाकर उनके भेद का निर्देश करते हुए उन सबके स्वरूप को स्पष्ट भी किया है।[6]

परन्तु मूलाचार में राग, द्वेष, मोह, इन्द्रियाँ, संज्ञाएँ, गारव, कषाय, मन, वचन और काय इनको कर्म के आस्रव बतलाकर उसी क्रम से उनमें से प्रत्येक को (योगों को छोड़कर) विशद भी किया है।[7]

मूलाचार में यहाँ यह विशेषता रही है कि आ० कुन्दकुन्द ने जिन मिथ्यात्वादि का उल्लेख आस्रव के प्रसंग में किया है, उनका उल्लेख वहाँ संवर के प्रसंग में किया गया है (गा० ५२)।

(४) निर्जरानुप्रेक्षा के प्रसंग में आ० कुन्दकुन्द ने निर्जरा के स्वकालपक्व (सविपाक) और तप से क्रियमाण (अविपाक) इन दो भेदों का निर्देश किया है, पर मूलाचार में तप की प्रमुखता से उसके देशनिर्जरा और सर्वनिर्जरा ये दो भेद निर्दिष्ट किए गये हैं।[8]

(५) धर्मानुप्रेक्षा के प्रसंग में आ० कुन्दकुन्द ने सम्यक्त्वपूर्वक ग्यारह प्रकार के सागारधर्म

---

१. 'पुरातन-जैन वाक्य-सूची' की प्रस्तावना, पृ० १८-१९

२. उदाहरण के रूप में कुन्दकुन्द-विरचित द्वादशानुप्रेक्षा की १,२,१४,२२ और २३ ये गाथाएँ मूलाचारगत 'द्वादशानुप्रेक्षा' में क्रम से १, २, ९, ११ और १२ गाथांकों में देखी जा सकती हैं।

३. देखिए गाथा २४-३८

४. मूला० गा० ८, १३-२०

५. कुन्द० गा० ४३-४६ तथा मूलाचार गाथा ३०-३६। यहाँ यह स्मरणीय है कि मूलाचार गा० २ में अनुप्रेक्षाओं के नामों का निर्देश करते हुए प्रकृत अनुप्रेक्षा का उल्लेख 'असुइत्त' के रूप में किया है, पर यथाप्रसंग उसके स्पष्टीकरण में 'असुह' शब्द का उपयोग किया है। 'असुह' शब्द से अशुभ और असुख दोनों का ग्रहण सम्भव है। गाथा ३४ में 'सरीर-मसुभं' व गा० ३५ 'कलेवरं असुई' भी कहा गया है।

६. गा० ४७-६०

७. गा० ३७-४७

८. कुन्दकुन्द गा० ६७ व मूलाचार गा० ५४

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

का निर्देश करते हुए उत्तमक्षमादिरूप दस प्रकार के धर्म को विशद किया है तथा अन्त में यह स्पष्ट कर दिया है कि जो सागारधर्म को छोड़कर मुनिधर्म में प्रवृत्त होता है, वह मोक्ष को प्राप्त करता है, इस प्रकार सदा चिन्तन करना चाहिए।[1]

मूलाचार में इस धर्मानुप्रेक्षा के प्रसंग में क्षमा आदि दस धर्मों का निर्देश मात्र किया गया है। सागारधर्म का वहाँ कुछ भी उल्लेख नहीं है।[2]

एक विशेषता यहाँ यह भी रही है कि आ० कुन्दकुन्द ने अपनी पद्धति के अनुसार यहाँ भी निश्चय नय को प्रधानता दी है। जैसे—

(१) संसारानुप्रेक्षा का उपसंहार करते हुए वे गा० ३७ में कहते हैं कि कर्म के निमित्त से जीव संसार-परिभ्रमण करता है। निश्चय नय से कर्म से निर्मुक्त जीव के संसार नहीं है।

(२) आस्रवानुप्रेक्षा के प्रसंग में उन्होंने गा० ६० में कहा है कि निश्चयनय से जीव के पूर्वोक्त आस्रवभेद नहीं है।

(३) जैसा कि पूर्व में भी कहा जा चुका है, धर्मानुप्रेक्षा के प्रसंग में आ० कुन्दकुन्द ने कहा है कि निश्चय से जीव सागार-अनगार धर्म से भिन्न है, इसलिए मध्यस्थ भावना से सदा शुद्ध आत्मा का चिन्तन करना चाहिए (गा० ८२)।

(४) प्रसंग का उपसंहार करते हुए उन्होंने अन्त में भी यह स्पष्ट कर दिया है—इस प्रकार से कुन्दकुन्द मुनीन्द्र ने निश्चय और व्यवहार के आश्रय से जो कहा है, उसका जो शुद्ध मन से चिन्तन करता है वह परम निर्वाण को प्राप्त करता है (९१)।

इसके पूर्व गाथा ४२ में कुन्दकुन्द ने यह भी कहा है कि जीव अशुभ उपयोग से नारक व तिर्यंच अवस्था को, शुभ उपयोग से देवों व मनुष्यों के सुख को और शुद्ध उपयोग से सिद्धि को प्राप्त करता है। आगे (गा० ६३-६५ में) उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि शुभ उपयोग की प्रवृत्ति अशुभ योग का संवरण करती है, पर शुभ योग का निरोध शुद्ध उपयोग से सम्भव है। धर्म और शुक्ल ध्यान शुद्ध उपयोग से होते हैं। वस्तुतः जीव के संवर नहीं है; इस प्रकार सदा संवरभाव से रहित आत्मा का चिन्तन करना चाहिए।

यह पद्धति मूलाचार में कहीं दृष्टिगोचर नहीं होती।

इस प्रकार दोनों नयों के आश्रय से वस्तु-तत्त्व का विचार करते हुए आ० कुन्दकुन्द ने प्रधानता निश्चयनय को दी है व तदनुसार ही तत्त्व को उपोदय कहा है। नयों की यह विवक्षा मूलाचार में दृष्टिगोचर नहीं होती।

इससे सिद्ध है कि मूलाचार के कर्ता आ० कुन्दकुन्द से भिन्न हैं, दोनों एक नहीं हो सकते। यह अवश्य प्रतीत होता है कि मूलाचार के रचयिता ने यथाप्रसंग आवश्यकतानुसार आचार्य कुन्दकुन्द के ग्रन्थों से अथवा परम्परागत रूप में कुछ गाथाओं को अपने इस ग्रन्थ में आत्मसात् किया है तथा अनेक गाथाओं में उन्होंने कुन्दकुन्द-विरचित गाथाओं के अन्तर्गत शब्दविन्यास को भी अपनाया है। जैसे—संसारभावनाएँ कुन्द० गा० २४ व मूला० गा० १३ आदि। इससे सम्भावना यह की जाती है कि वे कुन्दकुन्द के पश्चात् हुए हैं। पर सम्भवतः वे उनके १००-२०० वर्ष बाद ही हुए हैं, अधिक समय के बाद नहीं।

---

१. गा० ६८-८२

२. मूलाचार, गा० ६०-६४

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इसका कारण यह है कि मूलाचार में निश्चित अधिकारों के अनुसार विवक्षित विषय का—विशेषकर साध्वाचार का—विवेचन सुसम्बद्ध व अतिशय व्यवस्थित रूप में किया गया है। वहाँ प्रत्येक अधिकार के प्रारम्भ में प्रतिपाद्य विषय की प्ररूपणा के लिए कुछ अवान्तर अधिकारों का निर्देश किया गया है और तत्पश्चात् उसी क्रम से उसकी प्ररूपणा की गई है।

सम्भवतः मूलाचार के रचयिता की इस विषय-विवेचन की पद्धति को तिलोयपण्णत्तिकार ने भी अपनाया है।[1] तिलोयपण्णत्ती के कर्ता मूलाचार के कर्ता के पश्चात् हुए हैं, यह उन्हीं के इस निर्देश से सुनिश्चित है—

पलिदोवमाणि पंचय-सत्तारस-पंचवीस-पणतीसं।
चउसु जुगलेसु आऊ णादव्वा इंददेवीणं॥
आरणदुगपरियंतं वड्ढंते पंचपल्लाइं।
मूलाधारे इरिया एवं णिउणं णिरूवेंति॥—ति० प० ८,५३१-३२

यहाँ देवियों के उत्कृष्ट आयुविषयक जिस मतभेद का उल्लेख मूलाचार के कर्ता के नाम से किया गया है वह मत मूलाचार में इस प्रकार उपलब्ध होता है—

पणयं दस सत्तधियं पणवीसं तीसमेव पंचधियं।
चत्तालं पणदालं पण्णाओ पण्णपण्णाओ॥—मूला० १२-८०

इससे सिद्ध है कि मूलाचार के रचयिता तिलोयपण्णत्ती के कर्ता यतिवृषभाचार्य (लगभग ५वी शती) से पूर्व में हुए हैं। उनसे वे कितने पूर्व हुए हैं, यह निश्चित तो नहीं कहा जा सकता है, पर वे आ० कुन्दकुन्द (प्रायः प्रथम शती) के पश्चात् और यतिवृषभ से पूर्व सम्भवतः दूसरी-तीसरी शताब्दी के आसपास हुए होंगे।

मूलाचार में यद्यपि ऐसी अनेक गाथाएँ उपलब्ध होती हैं जो दशवैकालिक तथा आचारांग-निर्युक्ति, आवश्यकनिर्युक्ति एवं पिण्डनिर्युक्ति[2] आदि में उसी रूप में या कुछ परिवर्तित रूप में उपलब्ध होती हैं, पर उन्हें कहाँ से किसने लिया, इस विषय में कुछ निर्धारण करना युक्ति-संगत नहीं होगा। इसका कारण यह है कि श्रुतकेवलियों के पश्चात् ऐसी सैकड़ों गाथाएँ कण्ठ-गत रूप में आचार्य-परम्परा से प्रवाह के रूप में उत्तरकालीन ग्रन्थकारों को प्राप्त हुई हैं व उत्तरकालवर्ती ग्रन्थकारों ने अपनी मनोवृत्ति के अनुसार उन्हें उसी रूप में या कुछ परिवर्तित रूप में अपने-अपने ग्रन्थों में आत्मसात् किया है।

इस प्रकार मूलाचार की प्राचीनता में कुछ बाधा नहीं दिखती। और तत्त्वार्थसूत्र पर चूँकि मूलाचार का प्रभाव स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है, इसलिए तत्त्वार्थसूत्र के रचयिता गृद्ध-पिच्छाचार्य वट्टकेराचार्य के पश्चात् ही हो सकते हैं। तत्त्वार्थसूत्र पर पूज्यपादाचार्य (अपर-नाम देवनन्दी) ने सर्वार्थसिद्धि नाम की वृत्ति लिखी है। पूज्यपाद का समय प्रायः विक्रम की

---

१. तिलोयपण्णत्ती में भी प्रत्येक महाधिकार के प्रारम्भ में अनेक अवान्तर अधिकारों का निर्देश करके, तदनुसार ही आगे वहाँ यथाक्रम से प्रतिपाद्य विषय की प्ररूपणा की गयी है।

२. इसके लिए 'अनेकान्त' वर्ष २१, किरण (पृ० १५५-६१) में शुद्धि के अन्तर्गत उद्दिष्ट आहार पर शीर्षक लेख द्रष्टव्य है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाँचवीं-छठी शताब्दी है। अतएव गृद्धपिच्छाचार्य का इसके पूर्व होना निश्चित है। इसके पूर्व वे कब हो सकते हैं, इसका ठीक निर्णय तो नहीं किया जा सकता है, पर सम्भावना उनके तीसरी शताब्दी के आसपास होने की है।

६. गुणधर भट्टारक

यह पूर्व में कहा जा चुका है कि कसायपाहुड के अवसर-प्राप्त उल्लेख के प्रसंग में धवलाकार ने यह स्पष्ट किया है कि वर्धमान जिनेन्द्र ने जिस अर्थ (अनुभागसंक्रम) की प्ररूपणा गौतम स्थविर के लिए की थी, वह आचार्यपरम्परा से आकर गुणधर भट्टारक को भी प्राप्त हुआ। उनके पास से वही अर्थ आचार्यपरम्परा से आकर आर्यमंक्षु और नागहस्ती भट्टारक को प्राप्त हुआ। उसका व्याख्यान उन दोनों ने क्रम से यतिवृषभ भट्टारक को किया व उन्होंने भी उसे शिष्यों के अनुग्रहार्थ चूर्णिसूत्र में लिखा।[1]

आचार्य गुणधर ने कषायप्राभृत ग्रन्थ की रचना को प्रारम्भ करते हुए यह स्वयं स्पष्ट किया—कि पाँचवें पूर्व के भीतर 'वस्तु' नाम के जो बारह अधिकार हैं, उनमें दसवें वस्तु अधिकार के अन्तर्गत बीस प्राभृतों में तीसरा 'प्रेयःप्राभृत' है। उसका नाम कषायप्राभृत है। मैं उसका व्याख्यान एक सौ अस्सी (१८०) गाथासूत्रों में पन्द्रह अधिकारों के द्वारा करूँगा। उनमें जो गाथाएँ जिस अर्थाधिकार से सम्बद्ध हैं, उनको कहता हूँ।[2]

इस अभिप्राय को व्यक्त करते हुए उन्होंने आगे उन गाथासूत्रों को विवक्षित अर्थाधिकारों में विभाजित भी किया है। इससे यह स्पष्ट है कि आचार्य गुणधर पाँचवें ज्ञानप्रवाद पूर्व के अन्तर्गत 'प्रेयोद्वेषप्राभृत' अपरनाम 'कषायप्राभृत' के पारंगत रहे हैं।[3]

उनके द्वारा विरचित यह गाथासूत्रात्मक कषायप्राभृत गम्भीर अर्थ से गर्भित होने के कारण अतिशय दुर्बोध है, चूर्णिसूत्र और जयधवला टीका के बिना मूल गाथासूत्र के रहस्य को समझ सकना कठिन है। यही कारण है जो मूल ग्रन्थकर्ता ने कहीं-कहीं दुरूह गाथासूत्रों को स्पष्ट करने के लिए स्वयं कुछ भाष्यगाथाओं को भी रचा है। ऐसी भाष्यगाथाओं की संख्या तिरेपन (५३) है। इस प्रकार ग्रन्थगत समस्त गाथाओं की संख्या दो सौ तेतीस (१८०+५३=२३३) है।

किन्हीं व्याख्यानाचार्यों का यह भी अभिमत है कि १८० गाथाओं के अतिरिक्त जो ५३ भाष्यगाथाएँ हैं वे स्वयं मूलग्रन्थकार गुणधराचार्य के द्वारा नहीं रची गयी हैं, उनकी रचना नागहस्ती आचार्य द्वारा की गयी है। इस प्रकार गाथा २ में जो १८० गाथाओं को १५ अर्थाधिकारों में विभाजित करने की प्रतिज्ञा की गई है, वह स्वयं ग्रन्थकार के द्वारा न होकर आचार्य नागहस्ती के द्वारा की गयी है।

---

१. धवला, पु० १२, पृ० १३१-३२; लगभग यही अभिप्राय जयधवला (भाग १, पृ० ८८ व भाग ५, पृ० ३८८) में भी प्रकट किया गया है।

२. पुव्वम्मि पंचमम्मि दु दसमे वत्थुम्मि पाहुडे तदिए।
पंज्जं ति पाहुडम्मि दु हवदि कसायाण पाहुडं णाम ॥
गाहासदे असीदे अत्थे पण्णरधा विहत्तम्मि।
वोच्छामि सुत्तगाहा जयि गाहा जम्मि अत्थम्मि ॥—क०पा० १-२

३. देखिए आगे गाथा, ३-१६

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इस आशय का एक शंका-समाधान जयधवला में भी इस प्रकार उपलब्ध होता है—

"असीदिसदगाहाओ मोत्तूण अवसेस-संबंधद्धा परिमाणणिद्देस-संकमणगाहाओ जेण णागहत्थि-आइरिय-कयाओ तेण 'गाहासदे असीदे' इदि भणिदूण णागहत्थिआइरिएण पइज्जा कदा इदि के वि वक्खाणाइरिया भणंति तण्ण घडदे, संबंधगाहाहि अद्धापरिमाणणिद्देसगाहाहि संकमणगाहाहि य विणा असीदिसदगाहाओ चेव भणंतस्स गुणहरभडारयस्स अयाणप्पसंगादो। तम्हा पुव्वुत्तत्थो चेव घेत्तव्वो।"—भाग १, पृ० १८३

विचार करने पर व्याख्यानाचार्यों का उक्त कथन संगत ही प्रतीत होता है। कारण यह कि जो ग्रन्थकार अपेक्षित ग्रन्थ की रचना को प्रारम्भ करता है वह ग्रन्थ-रचना के पूर्व ही उसमें आवश्यकतानुसार रची जाने वाली गाथाओं की संख्या को निर्धारित करके व उन्हें अधिकारों में भी विभाजित करके दिखा दे, यह कुछ कठिन ही प्रतीत होता है।

गुणधर का समय आदि

परम्परागत अंगश्रुत के एकदेश के धारक व वर्तमान श्रुत के प्रतिष्ठापक आचार्य गुणधर के जन्म-स्थान, माता-पिता व गुरु आदि के विषय में कुछ भी जानकारी उपलब्ध नहीं है। वे महाकर्मप्रकृतिप्राभृत के पारंगत आचार्य धरसेन से पूर्व हुए हैं या पश्चात्, यह भी ज्ञात नहीं है। श्रुतावतार के कर्ता इन्द्रनन्दी ने भी इस विषय में अपनी अजानकारी प्रकट की है।[1]

वेदनाखण्ड के अवतार को प्रकट करते हुए धवला में ग्रन्थकर्ता के प्रसंग में कहा गया है कि लोहाचार्य के स्वर्गस्थ हो जाने पर आचारांग लुप्त हो गया। इस प्रकार भरत क्षेत्र में बारह अंगों के लुप्त हो जाने पर शेष आचार्य सब अंग-पूर्वों के एकदेशभूत पेज्जदोसप्राभृत और महाकर्मप्रकृतिप्राभृत आदि के धारक रह गये।[2]

'पेज्जदोस' कषायप्राभृत का नामान्तर है। आ० गुणधर इस कषायप्राभृत के पारंगत रहे हैं, यह धवलाकार के उक्त कथन से स्पष्ट है। पर वे महाकर्मप्रकृति के धारक आचार्य धरसेन से पूर्व हुए हैं या पश्चात्, यह उससे स्पष्ट नहीं होता।

इतना होते हुए भी पं० हीरालाल जी सिद्धान्तशास्त्री और उन्हीं के मत का अनुसरण करते हुए डॉ० नेमिचन्द्र जी ज्योतिषाचार्य ने भी गुणधर के धरसेन से लगभग २०० वर्ष पूर्व होने की कल्पना की है।[3] उनकी युक्तियाँ इस प्रकार हैं—

(१) गुणधर को 'पेज्जदोसपाहुड' के अतिरिक्त महाकम्मपयडिपाहुड का भी ज्ञान था, जबकि धरसेन केवल महाकम्मपयडिपाहुड के वेत्ता रहे हैं। इस प्रकार धरसेन की अपेक्षा गुणधर विशिष्ट ज्ञानी रहे हैं। इसका कारण यह है कि कसायपाहुड में महाकम्मपयडिपाहुड से सम्बद्ध बन्ध, संक्रमण और उदय-उदीरणा जैसे अधिकार हैं जो महाकम्मपयडिपाहुड के अन्तर्गत २४ अनुयोगद्वारों में क्रम से छठे (बन्धन), बारहवें (संक्रम) और दसवें (उदय) अनुयोगद्वार हैं। २४वाँ अल्पबहुत्व अनुयोगद्वार भी कसायपाहुड के सभी अधिकारों में व्याप्त है।

---

१. इ० श्रुतावतार, श्लोक १५१

२. धवला, पु० ९, पृ० १३३

३. क०पा० सुत्त की प्रस्तावना, पृ० ५ व आगे पृ० ५७-५८ तथा 'तीर्थंकर महावीर और उनकी आचार्य-परम्परा', भाग २, पृ० २८-३०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(२) धरसेन ने किसी ग्रन्थ का उपसंहार नहीं किया है, जबकि गुणधर ने प्रस्तुत ग्रन्थ में 'पेज्जदोस' का उपसंहार किया है। इस प्रकार आ० धरसेन जहाँ वाचकप्रवर सिद्ध होते हैं, वहाँ गुणधराचार्य सूत्रकार के रूप में सामने आते हैं।

(३) आ० गुणधर की यह रचना षट्खण्डागम, कम्मपयडी, शतक और सित्तरी इन ग्रन्थों की अपेक्षा अतिसंक्षिप्त, असंदिग्ध, बीजपदयुक्त, गहन और सारवान् पदों से निर्मित है।

(४) आ० अर्हद्बली (वी०नि० ६६५ या वि०संवत् ९५) के द्वारा स्थापित संघों में एक गुणधर नाम का भी संघ है, जिसे आ० गुणधर के नाम पर स्थापित किया गया है। इससे आ० गुणधर का समय आ० अर्हद्बली से पूर्व सिद्ध होता है। इस प्रकार उनका समय विक्रम-पूर्व एक शताब्दी सिद्ध होता है।

यहाँ उपर्युक्त युक्तियों पर विचार कर लेना अप्रासंगिक नहीं होगा, इससे उन पर कुछ विचार किया जाता है—

(१) आ० धरसेन 'महाकम्मपयडिपाहुड' के साथ 'पेज्जदोसपाहुड' के भी वेत्ता हो सकते हैं। जैसाकि पाठक ऊपर देख चुके हैं, धवलाकार ने इस प्रसंग में यह स्पष्ट कहा है कि भरत क्षेत्र में बारह दिनकरों (अंगों) के अस्तंगत हो जाने पर शेष आचार्य सब अंग-पूर्वों के एकदेश-भूत 'पेज्जदोस' और 'महाकम्मपयडिपाहुड' के धारक रह गये। इस प्रकार प्रमाणीभूत महर्षि रूप प्रणाली से आकर महाकम्मपयडिपाहुड रूप अमृत-जल का प्रवाह धरसेन भट्टारक को प्राप्त हुआ।[1]

इस परिस्थिति में आचार्य धरसेन को गुणधराचार्य की अपेक्षा अल्पज्ञानी और गुणधर को विशिष्ट ज्ञानी कहना कुछ युक्तिसंगत नहीं दिखता। सम्भव तो यही है कि ये दोनों श्रुतधर अपने-अपने विषय—पेज्जदोसपाहुड और महाकम्मपयडिपाहुड—में पूर्णतया पारंगत होकर अन्य कुछ परम्परागत श्रुत के वेत्ता भी रहे होंगे।

रही कुछ विशिष्ट बन्ध आदि अनुयोगद्वारों की बात, सो वे महाकम्मपयडिपाहुड में तो रहे ही हैं, पर वे या उनको अन्तर्गत करनेवाले उसी प्रकार के अधिकार पेज्जदोसपाहुड में सम्भव हैं—जैसे बन्धक व वेदक आदि। धवलाकार ने विविध प्रसंगों पर यह स्पष्ट भी किया है कि अमुक सूत्र या प्रकरणविशेष सूत्र में अनिर्दिष्ट अमुक-अमुक अर्थों का सूचक है।[2] पेज्जदोस-पाहुड के अन्तर्गत सूत्रगाथाएँ इसी प्रकार के अपरिमित अर्थ से गर्भित रही हैं।

इसके अतिरिक्त पेज्जदोसपाहुड के अन्तर्गत पन्द्रह अधिकारों के विषय में मूलग्रन्थकार, चूर्णिसूत्रों के कर्ता और जयधवलाकार एकमत भी नहीं हैं।[3]

यह भी यहाँ विशेष ध्यान देने योग्य है कि महाकम्मपयडिपाहुड के अन्तर्गत जो २४ अनु-योगद्वार रहे हैं उनमें से मूल षट्खण्डागमकार ने प्रारम्भ के कृति व वेदना आदि छह अनुयोग-द्वारों की प्ररूपणा की है, और वह भी अन्तिम वेदना आदि तीन खण्डों में की गयी है; शेष १८ अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा सूत्रसूचित कहकर धवलाकार आ० वीरसेन ने की है।

षट्खण्डागम के जीवस्थान, क्षुद्रकबन्ध और बन्धस्वामित्वविचय—प्रारम्भ के इन तीन

---

१. धवला, पु० ९, पृ० १३३

२. उदाहरणस्वरूप देखिए पु० ९, पृ० ३५४ व पु० १०, पृ० ४०३

३. क०पा० सुत्त प्रस्तावना पृ० ११-१२ तथा मूल में पृ० १४-१५

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

खण्डों में उक्त २४ अनुयोगद्वारों में से कोई भी अनुयोगद्वार नहीं है। पर, जैसा कि धवला में स्पष्ट किया गया है, उनका सम्बन्ध उक्त महाकम्मपयडिपाहुड से ही रहा है।[1]

षट्खण्डागम के प्रथम खण्ड जीवस्थान से सम्बद्ध जो नौ चूलिकाएँ हैं, उनमें ८वीं 'सम्यक्त्वोत्पत्ति' चूलिका है। उसमें दर्शनमोह की उपशामना व क्षपणा तथा चरित्र (संयमासंयम व सकलसंयम) की प्ररूपणा की गयी है।[2] पर ये अधिकार या अनुयोगद्वार उपर्युक्त २४ अनुयोगद्वारों में नहीं रहे हैं। ये अनुयोगद्वार पेज्जदोसपाहुड के अन्तर्गत १५ अर्थाधिकारों में उपलब्ध होते हैं।[3] इस परिस्थिति में क्या यह समझा जाय कि आचार्य धरसेन व उनके शिष्य भूतबलि महाकम्मपयडिपाहुड के साथ पेज्जदोसपाहुड के भी मर्मज्ञ रहे हैं, इसलिए वे इन अधिकारों को यहाँ षट्खण्डागम में समाविष्ट कर सके हैं?

इसका तात्पर्य यही है कि आ० गुणधर और धरसेन क्रम से पेज्जदोसपाहुड और महाकम्मपयडिपाहुड में तो पूर्णतया पारंगत रहे हैं, साथ ही वे अन्य प्रकीर्णक श्रुत के भी ज्ञाता थे। इस से एक की अपेक्षा दूसरे को अल्पज्ञानी या विशिष्टज्ञानी कहना युक्तिसंगत नहीं प्रतीत होता।

(२) यह ठीक है कि आ० गुणधर ने पेज्जदोसपाहुड का उपसंहार किया है और आ० धरसेन ने स्वयं किसी ग्रन्थ का उपसंहार नहीं किया। पर इस विषय में यह विचारणीय है कि आ० धरसेन ने जब समस्त महाकम्मपयडिपाहुड को ही अपने सुयोग्य शिष्य पुष्पदन्त और भूतबलि दोनों को समर्पित कर दिया, तब उनके लिए उसके उपसंहार करने का प्रश्न ही नहीं उठता। उसका उपसंहार तो उनके शिष्य भूतबलि ने षट्खण्डागम के रूप में किया है।

इस प्रकार से सूत्रकार के रूप में तो भूतबलि सामने आते हैं।

पर सूत्रकार तो वस्तुतः न गुणधर हैं, न धरसेन हैं और न पुष्पदन्त-भूतबलि ही हैं। कारण यह कि सूत्र का जो यह लक्षण निर्दिष्ट किया गया है, तदनुसार इनमें कोई भी सूत्रकार सिद्ध नहीं होता—

> सुत्तं गणधरकहियं तहेव पत्तेयबुद्धकहियं च।
> सुदकेवलिणा कहियं अभिण्णदसपुव्विकहियं च॥[4]

इस सूत्र-लक्षण को धवलाकार ने 'प्रकृति' अनुयोगद्वार में आनुपूर्वियों के संख्याविषयक मतभेद के प्रसंग में उद्धृत किया है। मनुष्यानुपूर्वी प्रकृति के विकल्पों के प्ररूपक सूत्र १२० की व्याख्या के विषय में दो भिन्न मत रहे हैं। उन्हें कुछ स्पष्ट करते हुए धवलाकार ने कहा है कि इसके विषय में उपदेश को प्राप्त करके यही व्याख्यान सत्य है, दूसरा असत्य है; इस प्रकार का निश्चय करना चाहिए। प्रसंगप्राप्त वे दोनों ही उपदेश सूत्रसिद्ध हैं, क्योंकि आगे उन दोनों ही उपदेशों के आश्रय से अल्पबहुत्व की प्ररूपणा की गयी है।

—सूत्र १२३-२७ व आगे सूत्र १२८-३२

इस पर वहाँ यह शंका उठी है कि दो विरुद्ध अर्थों का प्ररूपक सूत्र कैसे हो सकता है।

---

१. धवला, पु० १, पृ० १२४-३० व प्रस्तावना ७२-७४ की तालिकाएं।
२. ष०ख० सूत्र १,९-८, १-१६ (पु० ६)
३. क०पा० गाथा ५-६
४. धवला, पु० १३, पृ० ३८१-८२

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इसके उत्तर में धवलाकार ने यह स्पष्ट किया है कि सचमुच में सूत्र वही हो सकता है जो अविरुद्ध अर्थ का प्ररूपक हो। किन्तु यह सूत्र नहीं है। जो सूत्र के समान होता है वह भी सूत्र है, इस प्रकार उपचार से उसे सूत्र माना गया है। इसी प्रसंग में वहाँ उपर्युक्त गाथा को उद्धृत करते हुए यह भी कहा गया है कि भूतबलि भट्टारक न गणधर हैं, न प्रत्येक बुद्ध हैं, न श्रुतकेवली हैं और न अभिन्नदशपूर्वी हैं; जिससे उसे सूत्र कहा जा सके। इस प्रकार से अप्रमाण का प्रसंग प्राप्त होने पर उसका निराकरण करते हुए आगे धवलाकार ने कहा है कि यथार्थतः उसके सूत्र न होने पर भी राग, द्वेष और मोह का अभाव होने से प्रमाणीभूत परम्परा से आने के कारण उसे अप्रमाण नहीं ठहराया जा सकता है।[1]

इससे सिद्ध है कि कषायप्राभृत और षट्खण्डागम, जिन्हें सूत्रग्रन्थ माना जाता है, यथार्थ में सूत्र नहीं है, फिर भी राग, द्वेष और मोह से रहित महर्षियों की अविच्छिन्न परम्परा से आने वाले अर्थ के प्ररूपक होने के कारण उन्हें भी उपचार से सूत्रग्रन्थ मानने में किसी प्रकार का विरोध नहीं है।

धवला में अनेक प्रसंगों पर पुष्पदन्त और भूतबलि का उल्लेख सूत्रकार के रूप में किया गया है। यथा—

(१) इदि णायमाइरियपरंपरागयं मणेणावहारिय पुव्वाइरियाणुसरणं तिरयणहेउत्ति पुप्फदंताइरियो मंगलादीणं छण्णं सकारणाणं परूवणट्ठं सुत्तमाह—पु० १, पृ० ८

(२) एवं पृष्ठवतः शिष्यस्य सन्देहापोहनार्थमुत्तरसुत्तमाह।—पु० १, पृ० १३२

(३) आइरियकहियं संतकम्म-कसायपाहुडाणं कथं सुत्तत्तणमिदि चे ण, तित्थयरकहियत्थाणं गणहरदेवकयगंथरयणाणं बारहंगाणं आइरियपरम्पराए णिरंतरमागयाणं जुगसहावेण ओहट्टंतीसु भायणाभावेण पुणो ओहट्टिय आगयाणं पुणो सुट्ठुबुद्धीणं खयंदट्ठूण तित्थवोच्छेदभएण वज्जभीरूहि गहिदत्थेहि आइरिएहि पोत्थएसु चढावियाणं असुत्तत्तणविरोहादो।

—पु० १, पृ० २२१

(४) संपहि चोद्दसण्हं जीवसमासाणमत्थित्तमवगदाणं सिस्साणं तेसिं चेव परिमाणपडिबोहणट्ठं भूदबलियारियो सुत्तमाह।—पु० ३, पृ० १

(५) चोद्दससु अणियोगद्दारेसु·····सुत्तकारेण किमट्ठं परूवणा ण कदा? ण ताव अजाणंतेण ण कदा, चउवीसअणियोगद्दारसरूव महाकम्मपयडिपाहुड पारयस्स, भूदबलिभयवंतस्स तदपरिण्णाणविरोहादो·····।—पु० १४, पृ० १३४-३५

(६) संपहि इमाओ पंचण्हं सरीराणं गेज्झाओ इमाओ च अगेज्झाओ त्ति जाणावेंतो भूदबलिभडारओ उत्तरसुत्तकलावं परूवेदि।—पु० १४, पृ० ५४१

ऐसे प्रचुर उदाहरण यहाँ धवला से दिए जा सकते हैं, जिनसे आ० पुष्पदन्त और भूतबलि सूत्रकार तथा उनके द्वारा विरचित षट्खण्डागम सूत्रग्रन्थ सिद्ध होता है।

इस परिस्थिति में आ० गुणधर को सूत्रकार और आ० धरसेन को केवल वाचकप्रवर कहना उचित नहीं दिखता, जबकि धरसेनाचार्य के शिष्य आ० पुष्पदन्त और भूतबलि भी सूत्रकार के रूप में प्रख्यात हैं। इस प्रकार गुणधर के समान धरसेन को भी श्रुत के महान् प्रतिष्ठापक समझना चाहिए।

---

१. धवला, पु० १३, पृ० ३८१-८२

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(३) गुणधराचार्य की रचना कसायपाहुड निश्चित ही षट्खण्डागम आदि अन्य कर्मग्रन्थों से संक्षिप्त और गहन है, इसमें विवाद नहीं है। किन्तु कसायपाहुड बीजपदों से युक्त है और षट्खण्डागम बीजपदों से युक्त नहीं है, यह कहना उचित नहीं दिखता। यथार्थ में बीजपदों से युक्त न षट्खण्डागम है और न ही कसायपाहुड। कारण यह कि जो शब्दरचना में संक्षिप्त पर अनन्त अर्थ के बोधक अनेक लिंगों से संगत हो, वह बीजपद कहलाता है।

ऐसे बीजपदों से युक्त तो द्वादशांगश्रुत ही सम्भव है, जिसके प्ररूपक तीर्थंकरों को अर्थकर्ता कहा गया है। उन बीजपदों में अन्तर्हित अर्थ के प्ररूपक उन बारह अंगों के प्रणेता गणधर बीजपदों के व्याख्याता होते हैं, कर्ता वे भी नहीं होते।[1]

इस प्रकार की आगमव्यवस्था के होने पर कसायपाहुड को बीजपदयुक्त नहीं कहा जा सकता है। वस्तुतः कसायपाहुड और षट्खण्डागम को तो सूत्र भी नहीं कहा जा सकता है, क्योंकि तीर्थंकर के मुख से निकले हुए बीजपद को ही सूत्र कहा जाता है।[2] तदनुसार तो गणधर भी सूत्रकार नहीं हैं, वे केवल सूत्र के व्याख्याता हैं। यह ऊपर के ही कथन से स्पष्ट हो जाता है।

इस विवेचन का अभिप्राय यह न समझिए कि मैं कसायपाहुड को षट्खण्डागम से पश्चात्-कालीन सिद्ध करना चाहता हूँ। यथार्थ में कसायपाहुड की भाषा, शब्दसौष्ठव और अर्थ-गम्भीरता को देखते हुए वह कदाचित् षट्खण्डागम से पूर्ववर्ती हो सकता है, पर कितने पूर्व का है, यह निश्चित नहीं कहा जा सकता।

(४) अर्हद्बली के द्वारा नन्दी, वीर, सेन और भद्र आदि जिन संघों की स्थापना की गयी है उनमें एक 'गुणधरसंघ' भी है। पर उसकी स्थापना श्रुत के महान् प्रतिष्ठापक उन गुणधर आचार्य के नाम पर की गयी है, ऐसा प्रतीत नहीं होता। इसके लिए कुछ प्रमाण भी उपलब्ध नहीं है। उसे प्रतिष्ठित करते हुए इन्द्रनन्दि-श्रुतावतार में यह कहा गया है कि जो यतिजन शाल्मलि वृक्ष के नीचे से आये थे, उनमें से कुछ को 'गुणधर' और कुछ को 'गुप्त' के नाम से योजित किया।[3]

आगे इस श्रुतावतार में 'उक्तं च' यह कहकर एक श्लोक (९६) को उद्धृत करते हुए उसके द्वारा उन विविध संघों की स्थापना की पुष्टि की गयी है।

यहाँ यह स्मरणीय है कि अर्हद्बली के द्वारा उन संघों की स्थापना स्थाननिशेष से और वृक्षविशेष के नीचे से आने की प्रमुखता से की गयी है, किसी श्रुतधर या अन्य पुरुषविशेष के नाम पर या उनका अनुसरण करने के कारण नहीं की गयी है। यह भी विचारणीय है कि एक ही स्थान से आने वालों को पृथक्-पृथक् दो-दो संघों में क्यों विभक्त किया गया

---

१. संखित्तसद्दरयणमणंतत्थावगमहेदुभूदाणेगलिंगसंगयं बीजपदं णाम। तंसमणेयाणं बीजपदाणं दुवालसंगप्पयाणमट्ठारस-सत्तसयभास-कुभासरूवाणं परूवओ अत्थकत्तारो णाम बीजपदणिलीणत्थपरूवयाणं दुवालसंगाण कारओ गणहरभडारओ गंथकत्तारोत्ति अब्भुवगमादो। बीजपदाणं वक्खाणओ त्ति वुत्तं होदि।—धवला, पु० ९, पृ० १२७

२. ·····इदि वयणादो तित्थयरवयणविणिग्गयबीजपदं सुत्तं णाम।

—धवला, पु० ९, पृ० २५९

३. इ० श्रुतावतार ८५-९०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आगे इसी श्रुतावतार में दूसरे किन्हीं के मत को प्रकट करते हुए यह भी स्पष्ट किया गया है—अन्य कोई कहते हैं कि जो महात्मा गुफा से आये थे उन्हें 'नन्दी', अशोकवन से आनेवाले को 'देव', पंचस्तूप से आनेवालों को 'सेन', शाल्मली वृक्ष के मूल में रहने वालों को 'वीर' और खण्डकेसर वृक्ष के मूल में रहने वालों को 'भद्र' कहा गया है। इस प्रकार इस मत के अनुसार किसी एक स्थान से आने वालों या वहाँ रहने वालों को किसी एक संघ में प्रतिष्ठित किया गया है, न कि पूर्व मत के अनुसार उन्हें दो-दो संघों में विभक्त किया गया है।[1]

इसके अतिरिक्त इस मत के अनुसार 'गुणधर' नाम से किसी भी संघ को प्रतिष्ठापित नहीं किया गया है। यहाँ तो यह कहा गया है कि खण्डकेसरवृक्ष के मूल में रहनेवाले 'वीर' नाम से प्रसिद्ध हुए। आगे दो श्लोक (९९-१००) और भी इस प्रसंग से सम्बन्धित यहाँ प्राप्त होते हैं, पर उनमें उपयुक्त पदों का सम्बन्ध ठीक नहीं बैठ रहा, इससे ग्रन्थकार क्या कहना चाहते हैं; यह स्पष्ट नहीं होता।

इस सब स्थिति को देखते हुए यह नहीं कहा जा सकता है कि आ० अर्हद्बली ने 'गुणधर' संघ की स्थापना 'गुणधर' आचार्य के नाम पर की है। इससे आचार्य गुणधर को आचार्य अर्हद्बली से पूर्व का कहना कुछ प्रामाणिक नहीं दिखता।

इन्द्रनन्दी के द्वारा प्ररूपित उपर्युक्त संघस्थापन की प्रक्रिया को देखते हुए उसे विश्वसनीय भी नहीं माना जा सकता है।

यह भी यहाँ विशेष ध्यान देने योग्य बात है कि जिस प्राकृत पट्टावली के आधार से आ० अर्हद्बली का समय वीर नि० सं० ५६५ या विक्रम सं० ९५ निर्धारित किया गया है, उस पट्टावली में अर्हद्बली के नाम के आगे माघनन्दी, धरसेन, पुष्पदन्त और भूतबलि इन आचार्यों के नामों का उल्लेख होने पर भी उन गुणधर आचार्य का उल्लेख न तो अर्हद्बली के पूर्ववर्ती आचार्यों में किया गया है और न उनके पश्चाद्वर्ती आचार्यों में ही कहीं किया गया है, जब कि उसमें धरसेन, पुष्पदन्त और भूतबलि का उल्लेख एक अंग के धारकों में किया गया है।[2] आचार्य-परम्परागत विशिष्ट श्रुत के धारक और कसायपाहुड जैसे महत्त्वपूर्ण सिद्धान्तग्रन्थ के रचयिता उन गुणधर आचार्य का उल्लेख उस पट्टावली में न किया जाय, यह आश्चर्यजनक है। कारण इसका क्या हो सकता है, यह विचारणीय है।

इस प्रकार आ० अर्हद्बली के द्वारा स्थापित उपर्युक्त संघों के अन्तर्गत 'गुणधर' संघ की स्थापना आ० गुणधर के नाम पर की गयी है, ऐसा मानकर उनको अर्हद्बली से पूर्ववर्ती मानना काल्पनिक ही कहा जा सकता है, प्रामाणिकता उसमें कुछ नहीं है।

७. गौतमस्वामी

धवलाकार ने इनका उल्लेख ग्रन्थकर्ता के प्रसंग में द्रव्यश्रुत के कर्ता व अनुतन्त्रकर्ता के रूप में किया है।[3] वे अर्थकर्ता भगवान् वर्धमान जिनेन्द्र के ग्यारह गणधरों प्रमुख रहे हैं। उनका यथार्थ नाम इन्द्रभूति था, गोत्र उनका 'गौतम' रहा है। इस गोत्र के नाम पर वे

---

१. इ० श्रुतावतार ९७-९८

२. यह नन्दि-आम्नाय की प्राकृत पट्टावली 'जैनसिद्धान्त भास्कर', भाग १ (सन् १९१३) में अथवा ष०ख० पु० १ की प्रस्तावना पृ० २४-२७ में देखी जा सकती है।

३. देखिए धवला, पु० १, पृ० ६४-६५ व ७२ तथा पु० ९, पृ० १२६-३०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

'गौतम' के रूप में प्रसिद्ध हुए हैं। जन्मतः वे ब्राह्मण रहे हैं। धवलाकार ने ग्रन्थकर्ता की प्ररूपणा के प्रसंग में उनका परिचय इस प्रकार दिया है—

महावीर जिनेन्द्र के द्वारा की गयी तीर्थोत्पत्ति के प्रसंग में धवला में निर्दिष्ट तीस वर्ष प्रमाण केवलीकाल में ६६ दिनों के कम करने पर धवला में यह शंका की गयी है कि केवलि-काल में से इन ६६ दिनों को क्यों कम किया जा रहा है। इसके उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि केवलज्ञान के उत्पन्न हो जाने पर भी इतने दिन तीर्थ की उत्पत्ति नहीं हुई, इसलिए उसमें से इतने दिन कम किये गये हैं। इस प्रसंग में आगे का कुछ शंका-समाधान इस प्रकार है—

शंका—केवलज्ञान के उत्पन्न हो जाने पर भी दिव्यध्वनि क्यों नहीं प्रवृत्त हुई ?

समाधान—गणधर के न होने से दिव्यध्वनि नहीं प्रवृत्त हुई।

शंका—सौधर्म इन्द्र ने उसी समय गणधर को लाकर क्यों नहीं उपस्थित कर दिया ?

समाधान—काललब्धि के बिना असहाय सौधर्म इन्द्र के गणधर को लाकर उपस्थित कर देने की शक्ति सम्भव नहीं थी।

शंका—तीर्थंकर के पादमूल में महाव्रत स्वीकार करनेवाले को छोड़कर अन्य को लक्ष्य करके दिव्यध्वनि क्यों नहीं प्रवृत्त होती है।

समाधान—ऐसा स्वभाव है व स्वभाव दूसरों के प्रश्न के योग्य नहीं होता, अन्यथा कुछ व्यवस्था ही नहीं बन सकती है।

सौधर्म इन्द्र गौतम गणधर को किस प्रकार लाया, इसे स्पष्ट करते हुए आगे धवला में कहा गया है कि काललब्धि की सहायता पाकर सौधर्म इन्द्र वहाँ पहुँचा, जहाँ पाँच-पाँच सौ शिष्यों सहित एवं तीन भाइयों से वेष्टित इन्द्रभूति ब्राह्मण अवस्थित था। वहाँ जाकर उसने

पंचेव अत्थिकाया छज्जीवणिकाया महव्वया पंच।
अट्ठ य पवयणमादा सहेउओ बंध-मोक्खो य॥

यह गाथा प्रस्तुत करते हुए उसका अभिप्राय पूछा। इस पर इन्द्रभूति सन्देह में पड़कर तीनों भाइयों के सहित इन्द्र के साथ होकर वर्धमान जिनेन्द्र के पास जाने को उद्यत हुआ। वहाँ जाते हुए समवसरण में प्रविष्ट होने पर मानस्तम्भ को देखकर उसका अपनी विद्वत्ताविषयक सारा मान नष्ट हो गया। तब उसकी विशुद्धि उत्तरोत्तर बढ़ती गयी। वहाँ वर्धमान जिनेन्द्र का दर्शन करने पर उसके असंख्यात भवों में उपार्जित गुरुतर कर्म नष्ट हो गये। उसने तीन प्रदक्षिणा देते हुए जिनेन्द्र की वन्दना की और अन्तःकरण से जिन का ध्यान करते हुए उनसे संयम को स्वीकार कर लिया। इस प्रकार बढ़ती हुई विशुद्धि के बल से उसके अन्तर्मुहूर्त में ही गणधर के समस्त लक्षण प्रकट हो गये। तब गौतमगोत्रीय उस इन्द्रभूति ब्राह्मण ने जिनदेव के मुख से निकले हुए बीजपदों को अवधारित करके दृष्टिवादपर्यन्त आचारादि बारह अंगों और अंगबाह्यस्वरूप निशीथिका-पर्यन्त सामायिकादि चौदह प्रकीर्णकों की रचना कर दी। यह ग्रन्थरचना का कार्य उसके द्वारा युग के आदि स्वरूप श्रावणकृष्णा प्रतिपदा के दिन पूर्वाह्न में सम्पन्न हुआ। इस प्रकार इन्द्रभूति भट्टारक वर्धमान-जिन के तीर्थ में ग्रन्थकर्ता हुए।[1]

---

१. धवला, पु० ९, पृ० १२९-३० व इसके पूर्व पु० १, पृ० ६४-६५; गणधर के लक्षण पृ० ९, पृ० १२७-२८ में देखे जा सकते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

८. धरसेन

इनके विषय में जो कुछ थोड़ा परिचय प्राप्त है उसका उल्लेख पीछे 'धरसेनाचार्य व योनि-प्राभृत' शीर्षक में किया जा चुका है।

९. नागहस्ती क्षमाश्रमण

इनका परिचय पीछे 'आर्यमंक्षु और नागहस्ती' शीर्षक में आर्यमंक्षु के साथ कराया जा चुका है।

१०. निक्षेपाचार्य

यह पूर्व में कहा जा चुका है कि जो आचार्य-आम्नाय के अनुसार विवक्षित गाथासूत्रों आदि का शुद्ध उच्चारणपूर्वक व्याख्यान करते-कराते थे, उन्हें उच्चारणाचार्य कहा जाता था। इसी प्रकार जो आचार्य नाम-स्थापनादि निक्षेपों की विधि में कुशल होते थे और तदनुसार ही प्रसंग के अनुरूप वस्तुतत्त्व का व्याख्यान किया करते थे, वे 'निक्षेपाचार्य' के रूप में प्रसिद्ध रहे हैं। धवला में निक्षेपाचार्य का उल्लेख इन दो प्रसंगों पर किया पर किया गया है—

(१) वेदनाद्रव्यविधान-चूलिका में अन्तरप्ररूपणा के प्रसंग में एक-एक स्पर्धक के अन्तर के प्ररूपक सूत्र (१८४) की व्याख्या करते हुए धवला में यह कहा गया है—

"तत्थ दव्वट्ठियणयावलंबणाए एगवग्गस्स सरिसत्तणेण सगंतोक्खित्तसरिसधणियस्स वग्ग-सण्णं काढूण एगोलीए फद्दयसण्णं काऊण **णिक्खेवाइरिय परूविदगाहाणमत्थं** भणिस्सामो।"

यह कहते हुए आगे वहाँ संदृष्टिपूर्वक पाँच (२०-२४) गाथाओं को उद्धृत कर उनके अभिप्राय को स्पष्ट किया गया है।[1]

(२) कृति-वेदनादि २४ अनुयोगद्वारों में ८वें 'प्रक्रम' अनुयोगद्वार की प्ररूपणा के प्रसंग में अनुभागप्रक्रम का विचार करते हुए धवला में 'एत्थ अप्पाबहुअं उच्चदे' ऐसी सूचना करके उत्कृष्ट और जघन्य वर्गणाओं में प्रक्रान्तद्रव्यविषयक अल्पबहुत्व को प्रकट किया गया है। तत्पश्चात् स्थिति में प्रक्रान्त अनुभाग के अल्पबहुत्व को स्पष्ट करते हुए अन्त में 'एसो णिक्खेवाइरियउवएसो' यह सूचना की गयी है।[2]

११. पुष्पदन्त

यह पूर्व में कहा जा चुका है कि आचार्य धरसेन को जो आचार्यपरम्परा से अंग-पूर्वश्रुत का एकदेश प्राप्त हुआ था, वह उनके बाद नष्ट न हो जाय, इस प्रवचन-वत्सलता के वश उन्होंने महिमानगरी में सम्मिलित हुए दक्षिणापथ के आचार्यों के पास एक लेख भेजा था। उससे धरसेनाचार्य के अभिप्राय को जानकर उन आचार्यों ने ग्रहण-धारण में समर्थ जिन दो सुयोग्य साधुओं को धरसेन के पास भेजा था उनमें एक पुष्पदन्त थे। इन्होंने धरसेनाचार्य के पादमूल में भूतबलि के साथ समस्त महाकर्मप्रकृतिप्राभृत को पढ़ा था। यह अध्ययन-अध्यापन कार्य आषाढ़ शुक्ला एकादशी के दिन समाप्त हुआ था।

विनयपूर्वक इस अध्ययनकार्य के समाप्त करने पर सन्तुष्ट हुए भूतों ने पुष्पदन्त के अस्त-व्यस्त दाँतों की पंक्ति को समान कर दिया था। इससे धरसेन भट्टारक ने उनका 'पुष्पदन्त' यह

---

१. धवला, पु० १०, ४५६-६२
२. धवला, पु० १५, पृ० ४०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नाम प्रसिद्ध कर दिया था। इसके पूर्व उनका क्या नाम रहा था, यह ज्ञात नहीं होता। उनका प्रामाणिक जीवनवृत्त भी उपलब्ध नहीं है।

विबुध श्रीधर-श्रुतावतार में भविष्यवाणी के रूप में उनके सम्बन्ध में एक कथानक उपलब्ध होता है, जो इस प्रकार है—

"इस भरत क्षेत्र के अन्तर्गत वांमि (?) देश में एक वसुन्धर नाम की नगरी होगी। वहाँ के राजा नरवाहन और रानी सुरूपा के पुत्र न होने से वे खेदखिन्न रहेंगे। तब सुबुद्धि नाम के एक सेठ उन्हें पद्मावती की पूजा करने का उपदेश देंगे। तदनुसार उसकी पूजा करने पर राजा को पुत्र की प्राप्ति होगी, उसका नाम वह 'पद्म' रक्खेगा।

राजा तब सहस्रकूट चैत्यालय को निर्मापित कराएगा और प्रतिवर्ष यात्रा करेगा। वसन्त मास में सेठ भी राजप्र[प्रा]साद से पग-पग पर पृथिवी को जिनमन्दिरों से मण्डित करेगा। इस बीच मधु मास के प्राप्त होने पर समस्त संघ वहाँ आवेगा। राजा सेठ के साथ जिनस्तवन और जिन-पूजा करके नगरी में रथ को घुमाता हुआ जिनप्रांगण में स्थापित करेगा। नरवाहन राजा मगध के अधिपति अपने मित्र को मुनि हुआ देखकर वैराग्यभावना से भावित होता हुआ सुबुद्धि सेठ के साथ जिन-दीक्षा को स्वीकार करेगा। इस बीच एक लेखवाहक आवेगा। वह जिनों को प्रणाम व मुनियों की वन्दना करके धरसेन गुरु की वन्दना के प्रतिपादनपूर्वक लेख को समर्पित करेगा। वहाँ के मुनिराज उसे लेकर बाँचेंगे—गिरिनगर के समीप गुफा में रहनेवाले धरसेन मुनीश्वर अग्रायणीय पूर्व के, जो पाँचवाँ वस्तु अधिकार है, चौथे प्राभृतशास्त्र का व्याख्यान करेंगे। धरसेन भट्टारक नरवाहन और सद्बुद्धि (सुबुद्धि) के पठन, श्रवण और चिन्तन क्रिया के करने पर आषाढ़ शुक्ला एकादशी के दिन शास्त्र को समाप्त करेंगे। तब भूत रात में एक की बलिविधि और दूसरे के चार दाँतों को सुन्दर करेंगे। भूतों के द्वारा की गई बलि के प्रभाव से नरवाहन का नाम भूतबलि होगा और समान चार दाँतों के प्रभाव से सद्बुद्धि पुष्पदन्त नाम से मुनि होगा। धरसेन अपने मरण को निकट जानकर दोनों को क्लेश न हो, इस विचार से उन दोनों मुनियों को वहाँ से विदा करेंगे। दोनों मुनि अंकुलेसुरपुर जाकर व षडंगरचना को करके शास्त्रों में लिखावेंगे। नरवाहन संघसहित उन शास्त्रों की पूजा करेगा व 'षडंग' नाम देकर निजपालित को पुस्तक के साथ पुष्पदन्त के समीप भेजेगा। पुष्पदन्त षडंग नामक पुस्तक को दिखलाने वाले निजपालित को देखकर मन में सन्तोष करेंगे।" इत्यादि।[1]

यह कथानक काल्पनिक दिखता है, प्रामाणिकता इसमें नहीं झलकती।

ग्रन्थ के समाप्त होते ही वे (दोनों) गुरु का आदेश पाकर गिरिनगर से चले गये। उन्होंने अंकुलेश्वर पहुँचकर वर्षाकाल बिताया। वर्षाकाल को वहाँ समाप्त कर पुष्पदन्त अंकुलेश्वर से वनवास देश में पहुँचे। वहाँ उन्होंने जिनपालित को दीक्षा दी व बीस सूत्रों को करके—गुण-स्थान व जीवसमासादि रूप बीस प्ररूपणाओं से सम्बद्ध एक सौ सतत्तर सूत्रों को रचकर—उन्हें जिनपालित को पढ़ाया और सूत्रों के साथ जिनपालित को भूतबलि भगवान के पास भेजा। भूतबलि ने जिनपालित के पास बीस प्ररूपणाविषयक उन सूत्रों को देखकर और जिनपालित से पुष्पदन्त को अल्पायु जानकर महाकर्मप्रकृतिप्राभृत का व्युच्छेद न हो जाय, इस अभिप्राय से द्रव्यप्रमाणानुगम को आदि लेकर समस्त षट्खण्डागम की रचना की। इस प्रकार खण्डसिद्धान्त

---

१. विबुध श्रीधर-विरचित श्रुतावतार (सिद्धान्त-सारादिसंग्रह, पृ० ३१६-१८)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

की अपेक्षा पुष्पदन्त और भूतबलि दोनों ग्रन्थकर्ता कहे जाते हैं।

इन्द्रनन्दि-श्रुतावतार के अनुसार धरसेनाचार्य ने अपनी मृत्यु को निकट जानकर 'इन दोनों को इससे संक्लेश न हो' यह सोचकर ग्रन्थ समाप्त होने के दूसरे दिन प्रिय व हितकर वचनों द्वारा आश्वस्त करते हुए उन्हें कुरीश्वर भेज दिया। वे दोनों ही नौ दिन में वहाँ पहुँच गये व वहाँ उन्होंने आषाढ़ मास की कृष्ण पक्ष की पंचमी के दिन योग को ग्रहण कर लिया। इस प्रकार वर्षाकाल को करके वे विहार करते हुए दक्षिण की ओर गये। उनमें पुष्पदन्त नामक मुनि जिनपालित नामक अपने भानजे को देखकर और उसे दीक्षा देकर उसके साथ 'वनवास' देश में पहुँच गये व वहाँ ठहर गये। उधर भूतबलि भी द्रविड़ देश में मथुरा पहुँचे व वहाँ ठहर गये। पुष्पदन्त मुनि ने उस भानजे को पढ़ाने के लिए कर्मप्रकृतिप्राभृत का छह खण्डों द्वारा उपसंहार करके (?) गुणस्थान व जीवसमास आदि बीस प्रकार की सूत्ररूप सत्प्ररूपणा से युक्त जीवस्थान के प्रथम अधिकार की रचना की। पश्चात् उन्होंने उन सौ (?) सूत्रों को पढ़ाकर जिनपालित को भूतबलि गुरु के पास उनका अभिप्राय जानने के लिए भेजा। तदनुसार जिनपालित भी उनके पास जा पहुँचा। भूतबलि ने उसके द्वारा पठित सत्प्ररूपणा को सुनकर और पुष्पदन्त के षट्खण्डागम के रचनाविषयक अभिप्राय को व अल्पआयुष्य को जानकर मन्द-बुद्धियों की अपेक्षा से द्रव्यप्ररूपणादि अधिकारस्वरूप पाँच खण्डों की, जिनका ग्रन्थप्रमाण छह हजार रहा है तथा छठे खण्ड महाबन्ध की जिसका ग्रन्थ-प्रमाण तीस हजार रहा है, रचना की।[1]

पुष्पदन्त भूतबलि से ज्येष्ठ थे : एक विचारणीय प्रश्न

(१) यहाँ यह स्मरणीय है कि इसके पूर्व प्रकृत श्रुतावतार (श्लोक १२६) में यह स्पष्ट कहा जा चुका है कि धरसेनाचार्य ने ग्रन्थ की समाप्ति (आषाढ़ शुक्ला एकादशी) के दूसरे दिन उन दोनों को गिरिनगर से कुरीश्वर भेज दिया। ऐसी स्थिति में वहीं पर आगे (श्लोक १३१ में) यह कैसे कहा गया है कि कुरीश्वर पहुँचकर उन्होंने आषाढ़ कृष्णा पंचमी के दिन वर्षायोग किया? यह पूर्वापर-विरोध है। वर्षायोग आषाढ़ कृष्णा पंचमी को स्थापित किया जाता है, इसके लिए क्या आधार रहा है?

(२) 'कर्मप्रकृतिप्राभृत को छह खण्डों से उपसंहार करके ही' यह वाक्य अधूरा है (श्लोक १३४)। इससे इन्द्रनन्दि क्या कहना चाहते हैं, यह स्पष्ट नहीं होता। क्या पुष्पदन्त ने महा-कर्मप्रकृतिप्राभृत का छह खण्डों में उपसंहार करके जिनपालित को पढ़ाया? श्लोक १३४-३५ के अन्तर्गत पद असम्बद्ध से दिखते हैं, उनमें परस्पर क्या सम्बन्ध व अपेक्षा है, यह स्पष्ट नहीं होता है।

(३) इसी प्रकार आगे श्लोक १३६ में 'सूत्राणि तानि शतमध्याध्य' यह जो कहा गया है उसका क्या यह अभिप्राय है कि सौ सूत्रों को पढ़ाया, जबकि 'सत्प्ररूपणा' में १७७ सूत्र हैं।

(४) धवला और जयधवला में यह स्पष्ट कहा गया है कि कषायप्राभृत की वे सूत्रगाथाएँ आ० आर्यमंक्षु और नागहस्ती को आचार्यपरम्परा से आती हुई प्राप्त हुई थीं। इस परिस्थिति में इन्द्रनन्दी ने यह किस आधार से कहा है कि गुणधर ने उन गाथासूत्रों को रचकर उनका

---

१. इ० श्रुतावतार पृ० २६-४०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

व्याख्यान आर्यमंक्षु और नागहस्ती को किया ? इससे तो वे गुणधर के समकालीन ठहरते हैं ?
—श्लोक १५४

इन्द्रनन्दी के समक्ष धवला व जयधवला टीकाएँ रही हैं व उनका उन्होंने परिशीलन किया है, यह श्रुतावतार-विषयक उस चर्चा से स्पष्ट नहीं होता। सम्भव है उन्होंने परम्परागत श्रुति के अनुसार श्रुतावतार की प्ररूपणा की हो। आगे (श्लोक १५१) उन्होंने गुणधर और धरसेन के पूर्वापरवर्तित्व की अजानकारी के विषय में संकेत भी ऐसा ही किया है।

आ० वीरसेन ने धवला के प्रारम्भ में जो मंगल किया है उसमें उन्होंने धरसेन के पश्चात् पुष्पदन्त की स्तुति करते हुए उन्हें पाप के विनाशक, मिथ्यानयरूप अन्धकार को नष्ट करने के लिए सूर्य के समान, मोक्षमार्ग के कण्टकस्वरूप मिथ्यात्व आदि को दूर करने वाले, ऋषि समिति के अधिपति और इन्द्रियों का दमन करने वाले कहा है।[1]

प्रकृत मंगलाचरण में धवलाकार ने प्रथमतः आ० पुष्पदन्त को और तत्पश्चात् भूतबलि भट्टारक को नमस्कार किया है। इससे पुष्पदन्त भूतबलि से ज्येष्ठ रहे हैं।

उनके ज्येष्ठत्व का एक कारण यह भी हो सकता है कि षट्खण्डागम को उन्हीं ने प्रारम्भ किया है।

इसके अतिरिक्त उपर्युक्त नन्दि-आम्नाय की प्राकृत पट्टावली में यह स्पष्ट कहा गया है कि अन्तिम जिन (महावीर) के मुक्त होने के पश्चात् ५६५ वर्ष बीतने पर ये पाँच जन एक अंग के धारक उत्पन्न हुए—अर्हद्बली, माघनन्दी, धरसेन, पुष्पदन्त और भूतबलि। इनका काल वहाँ क्रम से २८, २१, १९, ३० और २० कहा गया है।[2] इस पट्टावली के अनुसार पुष्पदन्त की भूतबलि से ज्येष्ठता स्पष्ट है व उनका समय वीर-निर्वाण के पश्चात् ६३४-६३ (३०) वर्ष ठहरता है।[3]

इ० श्रुतावतार में लोहाचार्य के आगे अंग-पूर्वों के देशधर इन चार आरतीय आचार्यों का उल्लेख किया गया है—विनयधर, श्रीदत्त, शिवदत्त और अर्हद्दत्त। यथा—

विनयधरः श्रीदत्तः शिवदत्तोऽन्योऽर्हद्दत्तनामैते।
आरातीया यतयस्ततोऽभवन्नंग-पूर्वधराः ॥८४॥

यहाँ इनके समय का कुछ उल्लेख नहीं किया गया है। अर्हद्दत्त के आगे यहाँ पूर्वदेश के मध्यगत पुण्ड्रवर्धनपुर में होनेवाले अर्हद्बली नामक मुनि का उल्लेख किया गया है, जो सब अंग-पूर्वों के एकदेश के ज्ञाता रहे हैं। इनका उल्लेख पीछे संघप्रतिष्ठापक के रूप में किया जा चुका है।

पट्टावली में भूल

प्रस्तुत पट्टावली में कुछ भूलें दृष्टिगोचर होती हैं। वे मूल में ही रही हैं या उसकी प्रतिलिपि करते समय हुई हैं, कहा नहीं जा सकता। यथा—

(१) यहाँ गाथा ७ में कहा गया है कि वीर-निर्वाण से १६२ वर्षों के बीतने पर ग्यारह मुनीन्द्र दस पूर्वों के धारक उत्पन्न हुए। यहाँ 'दशपूर्वधरों' से ग्यारह अंगों और दस पूर्वों के

१. धवला, पु० १, पृ० ७०-७१ तथा प्रारम्भ में मंगल, गाथा ५-६
२. ष०ख० पु० १ की प्रस्तावना पृ० २६, गाथा १५-१६
३. ष०ख० पु० १ की प्रस्तावना, पृ० २६ पर गा० १५-१७

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

धारकों का अभिप्राय समझना चाहिए। आगे (गा० ८-९) उन दशपूर्वधरों के नामों का उल्लेख करते हुए यथाक्रम से उनके समय का जो पृथक् निर्देश किया गया है उसका जोड़ एक सौ इक्यासी (१०+१९+१७+२१+१८+१७+१८+१३+२०+१४+१४=१८१) आता है। पर सब का जोड़ वहाँ 'सद-तिरासि वासाणि' अर्थात् १८३ वर्ष कहा गया है (गा० ७)। इससे निश्चित ही किसी के समय में दो वर्ष की भूल हुई है।

(२) इसी प्रकार गा० १२ में दस-नौ-आठ अंगधरों का सम्मिलित काल ९७ (वास सत्ता-णवदीय) वर्ष कहा गया है, जबकि पृथक्-पृथक् किए गये उनके कालनिर्देश के अनुसार वह ९९ (६+१८+२३+५२=९९) वर्ष आता है। इस प्रकार यहाँ भी किसी के समय में दो वर्ष की भूल हुई है।

इस पट्टावली की विशेषताएँ

(१) तिलोयपण्णत्ती तथा धवला-जयधवला व हरिवंशपुराण (१,५८-६५ तथा ६०,२२-२४) आदि में यद्यपि इन केवली-श्रुतकेवलियों के सम्मिलित काल का निर्देश तो किया गया है पर वहाँ पृथक्-पृथक् किसी श्रुतधर के काल का निर्देश नहीं किया गया, जब कि इस पट्टावली में सम्मिलित काल के साथ उनके पृथक्-पृथक् काल का भी निर्देश किया गया है।

(२) अन्यत्र धवला आदि में जहाँ सुभद्र आदि चार श्रुतधरों को आचारांग के धारक कहा गया है वहाँ इस पट्टावली में उन्हें दस-नौ-आठ अंगों के धारक कहा गया है। पर यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि उन चार श्रुतधरों में १०, ९ और ८ अंगों के धारक कौन-कौन रहे हैं।

(३) अन्यत्र यह श्रुतधरों की परम्परा लोहाचार्य तक ही सीमित रही है। किन्तु इस पट्टावली में लोहाचार्य के पश्चात् अर्हद्बली, माघनन्दी, धरसेन, पुष्पदन्त और भूतबलि इन पाँच अन्य श्रुतधरों का उल्लेख एक अंग के धारकों में किया गया है।

(४) इसी कारण अन्यत्र जो उन श्रुतधरों के काल का निर्देश किया गया है, उससे इस पट्टावली में निर्दिष्ट उनके काल में कुछ भिन्नता हुई है। फिर भी उनका समस्त काल दोनों में ६८३ वर्ष ही रहा है। यथा—

धवला, पु० १, पृ० ६५-६७ व पु० ९, पृ० १३०-३१		प्राकृत पट्टावली	
३ केवली	६२ वर्ष	३ केवली	६२ वर्ष
५ श्रुतकेवली	१०० ,,	५ श्रुतकेवली	१०० ,,
११ एकादशांग व दशपूर्वधर	१८३ ,,	११ एकादशांग व दशपूर्वधर	१८३ ,,
५ एकादशांगधर	२२० ,,	५ एकादशांगधर	१२३ ,,
४ आचारांगधर	११८ ,,	४ दस-नौ-आठ अंगों के धारक	९७ ,,
		५ आचारांगधर	११८ ,,
×××			
समस्त काल	६८३ वर्ष		६८३ वर्ष

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आचार्य पुष्पदन्त का उल्लेख धवला में इस प्रकार किया है—पु० १, पृ० ७१,७२,१३० १९२ व २२६।

१२. पूज्यपाद

ये 'देवनन्दी' नाम से भी प्रसिद्ध रहे हैं। श्रवणबेलगोल के शिलालेख नं० ४० (६४) के अनुसार उनका प्रथम नाम देवनन्दी रहा है। अपनी महती बुद्धि के कारण वे 'जिनेन्द्रदेव' नाम से भी प्रसिद्ध हुए। देवताओं के द्वारा चरण-युगल के पूजे जाने से वे 'पूज्यपाद' हुए।[1]

चन्द्रय्य नामक कवि के द्वारा कनड़ी भाषा में लिखे गये 'पूज्यपादचरित' के अनुसार उनका जन्म कर्नाटक देश के कोले नामक गाँव में हुआ था। पिता का नाम माधव भट्ट और माता का नाम श्रीदेवी था। जन्मत: वे ब्राह्मण थे। ज्योतिषी ने उन्हें त्रिलोक-पूज्य बतलाया था, इसलिए उनका नाम पूज्यपाद रखा गया।

माधवभट्ट ने पत्नी के कहने से जैन धर्म को स्वीकार कर लिया था। उनके साले का नाम पाणिनी था। उससे भी उन्होंने जैन धर्म धारण करने के लिए कहा, किन्तु वह जैन न होकर मुडीगुंड गाँव में वैष्णव संन्यासी हो गया था।

पूज्यपाद ने बगीचे में साँप के मुंह में फँसे हुए मेंढक को देखकर विरक्त होते हुए जिन-दीक्षा ले ली थी।

उक्त 'पूज्यपादचरित' में पूज्यपाद की कुछ विशेषताओं को प्रकट किया गया है, जिनमें प्राय: प्रामाणिकता नहीं दिखती है।[2]

पूज्यपाद की विशेषता

पूज्यपाद द्वारा-विरचित ग्रन्थों के परिशीलन से स्पष्ट है कि वे विख्यात वैयाकरण और सिद्धान्त के पारंगत रहे हैं।

महापुराण के कर्ता आचार्य जिनसेन ने उन्हें (देवनन्दी को) विद्वानों के शब्दगत दोषों को दूर करने वाले शब्दशास्त्ररूप तीर्थ के प्रवर्तक—जैनेन्द्र व्याकरण के प्रणेता—कहा है। यथा—

कवीनां तीर्थकृद् देवः किं तरां तत्र वर्ण्यते।
विदुषां वाङ्मलध्वंसि तीर्थं यस्य वचोमयम् ॥१-५२॥

हरिवंशपुराण के रचयिता जिनसेनाचार्य ने इन्द्र-चन्द्रादि व्याकरणों का परिशीलन करने वाले व देवों से वन्दनीय देवनन्दी की वाणी की वन्दना की है। यथा—

इन्द्रचन्द्रार्क-जैनेन्द्रव्यापिव्याकरणेक्षिणः।
देवस्य देवसंघस्य न वन्द्यन्ते गिरः कथम् ॥१-३१॥

कवि धनंजय ने अकलंकदेव के प्रमाण, पूज्यपाद के लक्षण (व्याकरण) और अपने 'द्विसन्धान काव्य'—इन तीन को अनुपम रत्न कहा है—

---

१. जैन साहित्य और इतिहास (द्वि०सं०) पृ० २५
२. देखिए 'जैन साहित्य और इतिहास' पृ० ४९-५१ (द्वि० सं०) तथा 'तीर्थंकर महावीर और उनकी आचार्य-परम्परा', भाग २, पृ० २१९-२१

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रमाणमकलंकस्य पूज्यपादस्य लक्षणम् ।
द्विसंधानकवेः काव्यं रत्नत्रयमपश्चिमम् ।।

—धनंजय-नाममाला, २०३

'ज्ञानार्णव' के कर्ता शुभचन्द्राचार्य ने उन देवनन्दी को नमस्कार करते हुए उनके लक्षणशास्त्र की प्रशंसा में कहा है कि उनके वचन प्राणियों के काय, वचन और मन के कलंक को दूर करने वाले हैं। यथा—

अपाकुर्वन्ति यद्वाचः काय-वाक्-चित्तसम्भवम् ।
कलंकमङ्गिनां सोऽयं देवनन्दी नमस्यते ।।१-१५।।

जैनेन्द्रप्रक्रिया के प्रारम्भ में आचार्य गुणनन्दी ने 'जैनेन्द्र व्याकरण' के प्रणेता उन पूज्यपाद को नमस्कार करते हुए कहा है कि जो उनके इस लक्षणशास्त्र में है वह अन्यत्र भी मिल सकता है, किन्तु जो इसमें नहीं है वह अन्यत्र कहीं नहीं मिलेगा। तात्पर्य यह कि उनका व्याकरण सर्वांगपूर्ण रहा है। वह श्लोक इस प्रकार है—

नमः श्रीपूज्यपादाय लक्षणं यदुपक्रमम् ।
यदेवात्र तदन्यत्र यन्नात्रास्ति न तत् क्वचित् ।।

आचार्य पूज्यपाद या देवनन्दी के स्तुतिविषयक ये कुछ ही उदाहरण दिये गये हैं। वैसे उनकी स्तुति कितने ही अन्य परवर्ती आचार्यों ने भी की है। जैसे पार्श्वनाथचरित (१-१८) में मुनि वादिराज आदि। इसके अतिरिक्त अनेक शिलालेखों में भी उनकी भरपूर प्रशंसा की गयी है।

इससे स्पष्ट है कि आ० पूज्यपाद व्याकरण के गम्भीर विद्वान् रहे हैं। इसी से उनके द्वारा विरचित 'जैनेन्द्र व्याकरण' सर्वांगपूर्ण होने से विद्वज्जनों में अतिशय प्रतिष्ठित रहा है।

व्याकरण के अतिरिक्त वे आगमग्रन्थों के भी तलस्पर्शी विद्वान् रहे हैं। इसे पीछे 'षट्खण्डागम व सर्वार्थसिद्धि' शीर्षक में विस्तार से स्पष्ट किया जा चुका है।

पूज्यपाद का समय

जैसा कि पीछे स्पष्ट किया जा चुका है, आ० पूज्यपाद ने अपनी सर्वार्थसिद्धि की रचना में यथाप्रसंग षट्खण्डागम का भरपूर उपयोग किया है। यही नहीं, उन्होंने 'सत्संख्या-क्षेत्र-स्पर्शन-कालान्तर-भावाल्पबहुत्वैश्च' इस सूत्र (त०सू० १-८) की व्याख्या में ष०ख० के 'जीव-स्थान' खण्ड से सम्बद्ध अधिकांश प्राकृत सूत्रों का संस्कृत छाया के रूप में अनुवाद कर दिया है। इससे निश्चित है कि वे आ० पुष्पदन्त-भूतबलि के पश्चात् हुए हैं। इन श्रुतधरों का काल प्रायः विक्रम की प्रथम शताब्दी है।

सर्वार्थसिद्धि में कुन्दकुन्दाचार्य-विरचित कुछ ग्रन्थों से प्रसंगानुसार कुछ गाथाओं को उद्धृत किया गया है। यथा—

स०सिद्धि	गाथांश	कुन्द० ग्रन्थ
२-१०	सव्वे वि पुग्गला खलु	द्वादशानुप्रेक्षा २५
२-३३	णिच्चिदरधादु सत्तय[1]	,, ३५

१. यह गाथा मूलाचार में भी ५-२९ और १६-६३ गाथा-संख्या में उपलब्ध होती है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स०सिद्धि	गाथांश	कुन्द० ग्रन्थ
५-१४	ओगाढगाढणिचिओ	पंचास्तिकाय ६४
५-१६	अण्णोण्णं पविसंता	,, ७
५-२५	अत्तादिअत्तमज्झं	णियमसार २६
८- १	असिदिसदं किरियाणं	भावप्राभृत १३६
७-१३	मरदु व जियदु व	प्रवचनसार ३-१७

उनके द्वारा विरचित समाधितंत्र और इष्टोपदेश पर भी आचार्य कुन्दकुन्द-विरचित अध्यात्मग्रन्थों का अत्यधिक प्रभाव रहा है। इन दोनों ग्रन्थों के अन्तर्गत बहुत से श्लोक तो कुन्दकुन्द-विरचित गाथाओं के छायानुवाद जैसे हैं।

आ० कुन्दकुन्द का समय भी प्रथम शताब्दी माना जाता है। इसलिए पूज्यपाद आ० कुन्दकुन्द के भी परवर्ती हैं, यह निश्चित है।

पूज्यपाद-विरचित 'जैनेन्द्रव्याकरण' के **'चतुष्टयं समन्तभद्रस्य'** इस सूत्र (५,४,१४०) में आ० समन्तभद्र का उल्लेख किया गया है। समन्तभद्र का समय प्रायः दूसरी-तीसरी शताब्दी माना जाता है। अतः पूज्यपाद इसके बाद हुए हैं।

इसी प्रकार उक्त जैनेन्द्रव्याकरण के **'वेत्तेः सिद्धसेनस्य'** सूत्र (५,१,७) में आचार्य सिद्धसेन का उल्लेख किया गया है। इसके अतिरिक्त सर्वार्थसिद्धि (७-१३) में सिद्धसेन-विरचित तीसरी द्वात्रिंशिका के अन्तर्गत एक पद्य के प्रथम चरण को 'उक्तं च' कहकर इस प्रकार उद्धृत किया गया है—**वियोजयति चासुभिर्न वधेन संयुज्यते**.[1] इस द्वात्रिंशिका के कर्ता सिद्धसेन प्रायः ५वीं शताब्दी के ग्रन्थकार रहे हैं। इससे निश्चित है कि पूज्यपाद सिद्धसेन के बाद हुए हैं।

उनसे कितने बाद वे हुए हैं, इसका निर्णय करने में देवसेनाचार्य (वि० सं० ९९०)-विरचित दर्शनसार से कुछ सहायता मिलती है। वहाँ कहा गया है कि पूज्यपाद के शिष्य वज्रनन्दी ने विक्रम राजा की मृत्यु के पश्चात् ५२६ में दक्षिण मथुरा में द्राविड़ संघ को स्थापित किया। यथा—

सिरिपुज्जपादसीसो दाविडसंघस्स कारगो दुट्ठो।
णामेण वज्जणंदी पाहुडवेदी महासत्तो ॥२४॥
पंचसए छब्बीसे विक्कमरायस्स मरणपत्तस्स।
दक्खिणमहुराजादो दाविडसंघो महामोहो ॥२८॥

इस प्रकार पूज्यपाद के शिष्य वज्रनन्दी ने जब वि० सं० ५२६ में द्राविड संघ को स्थापित किया तब उन वज्रनन्दी के गुरु पूज्यपाद उनसे १५-२५ वर्ष पूर्व हो सकते हैं।

---

१. पूरा पद्य इस प्रकार है—
वियोजयति चासुभिर्न वधेन संयुज्यते
शिवं च न परोपमर्दपुरुषस्मृतेर्विद्यते।
वधायतनमभ्युपैति च परानिघ्नन्नपि
स्वयाऽयमतिदुर्गमः प्रशमहेतुरुद्योतितः ॥—तृ० द्वात्रि०, १६

५.	,,	४०६	णत्थि सुत्तं वक्खाणं वा, किंतु आइरियवयणमेव केवलमत्थि।
६.	६	२६९	···त्ति लोत्तुं जुत्तं, तप्पदुप्पायणसुत्ताभावा।
७.	११	१६	···परूवयसुत्त-वक्खाणाणमणुवलंभादो।
८.	,,	३२८	एदं ण जाणिज्जदे। कुदो ? सुत्ताभावादो।
९.	१२	४९४	···समयपबद्धट्ठदा होंति त्ति सुत्ताभावादो।
१०.	१३	१९५	असंबद्धमिदमप्पाबहुअं, सुत्ताभावादो।
११.	,,	२९८	···त्ति गुरूवदेसो, ण सुत्तमत्थि।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

	पु०	पृष्ठ	प्रसंग
१२.	१३	३२०-२१	एसो वि गुरूवएसो चेव, वट्टमाणकाले सुत्ताभावादो ।
१३.	,,	३२२	सुत्तेण विणा कधमेदं णव्वदे ? अविरुद्धाइरियवयणादो ।
१४.	१४	४९२	सुत्तेण विणा···कुदो णव्वदे ? सुत्ताविरुद्धाइरियवयणादो ।

इस प्रकार धवलाकार ने सूत्र के अभाव में विवक्षित विषय की प्ररूपणा में आचार्य-परम्परागत उपदेश और गुरूपदेश का भी आश्रय लिया है । कुछ प्रसंगों पर उन्होंने विवक्षित विषय का व्याख्यान करते हुए उपदेश के अभाव में प्रायः उसकी प्ररूपणा नहीं की है । यथा—

(१) णत्थि संपहियकाले उवएसो ।—पु० ३, पृ० २३९
(२) तधोवदेसाभावा ।—पु० ६, पृ० २३५
(३) विसिट्ठुवएसाभावादो ।—पु० ७, पृ० ३६९
(४) अलद्धोवदेसत्तादो ।—पु० ७, पृ० ५०७
(५) अलद्धोवदेसत्तादो ।—पु० ९, १२६
(६) तत्थ अणंतरोवणिधा ण सक्कदे णेदुं,···त्ति उवदेसाभावादो ।—पु० १०, पृ० २२१
(७) तत्थ अणंतरोवणिधा ण सक्कदे णेदुं,···त्ति उवदेसाभावादो ।—पु० १० पृ० २२३
(८) ण च एवं, तहाविहोवदेसाभावादो ।—पु० १० पृ० ५०१
(९) ···ण सक्कदे णेदुमुवदेसाभावादो ।—पु० ११, पृ० २७
(१०) णत्थि एत्थ उवदेसो ।—पु० १३, पृ० ३०३
(११) ···त्ति ण णव्वदे, उवएसाभावादो ।

दक्षिण-उत्तर प्रतिपत्ति व पवाइज्जंत-अपवाइज्जंत उपदेश

जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है, धवलाकार के समक्ष आचार्यपरम्परा से चला आया उपदेश रहा है, जिसके बल पर उन्होंने विवक्षित विषय का स्पष्टीकरण किया है । धवला में ऐसे उपदेश का उल्लेख कहीं पर दक्षिणप्रतिपत्ति और कहीं पर पवाइज्जंत (प्रवाह्यमान) के नाम से भी किया गया है ।[1] यथा—

(१) जीवस्थान-द्रव्यप्रमाणानुगम में सूत्रकार ने चार उपशामकों की संख्या का निर्देश प्रवेश की अपेक्षा एक, दो, तीन व अधिक-से-अधिक चौवन तक किया है । काल की अपेक्षा उन्हें संख्यात कहा गया है ।—सूत्र १,२,९-१०

इस प्रसंग में धवला में कहा गया है कि अपने उत्कृष्ट प्रमाणयुक्त जीवों से सहित सब समय एक साथ नहीं पाये जाते हैं, इसलिए कुछ आचार्य पूर्वोक्त (३०४) प्रमाण से पाँच कम करते हैं । इस पाँच कम के व्याख्यान को धवलाकार ने **पवाइज्जमाण, दक्षिणप्रतिपत्ति व आचार्य-परम्परागत** कहा है । इसके विपरीत पूर्वोक्त (३०४) व्याख्यान को उन्होंने **अपवाइज्जमाण, थाम** (उत्तरप्रतिपत्ति) व **आचार्यपरम्परा से अनागत** कहा है ।[2]

---

१. इसका स्पष्टीकरण पीछे 'ग्रन्थकारोल्लेख' शीर्षक में 'आर्यमंक्षु व नागहस्ती' के प्रसंग में भी किया जा चुका है ।
२. धवला, पु० ३, पृ० ९१-९२

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(२) चार क्षपकों व अयोगिकेवलियों की वह संख्या उपशामकों से दूनी (३०४×२=६०८) है। यहाँ भी धवलाकार ने उक्त दोनों प्रकार के व्याख्यान का निर्देश करते हुए दस (५×२) कम के व्याख्यान को **दक्षिणप्रतिपत्ति** और सम्पूर्ण छह सौ आठ के व्याख्यान को **उत्तरप्रतिपत्ति** कहा है।[1]

(३) यहीं पर आगे धवला में दक्षिणप्रतिपत्ति के अनुसार अप्रमत्तसंयतों का प्रमाण २९६९९१०३ और प्रमत्तसंयतों का ५९३९८२०६ कहा गया है। उत्तरप्रतिपत्ति के अनुसार इन दोनों का प्रमाण क्रम से २२७९९४९८ और ४६६६६६६४ कहा गया है।[2]

(४) इसी प्रकार के एक अन्य प्रसंग के विषय में पीछे 'सूत्र के अभाव में आचार्यपरम्परागत उपदेश को महत्त्व' शीर्षक में विचार किया जा चुका है।

(५) वेदनाद्रव्यविधान में जघन्य ज्ञानावरणीयद्रव्यवेदना के स्वामी की प्ररूपणा के प्रसंग में सूत्रकार द्वारा उसका स्वामी क्षपितकर्मांशिकस्वरूप से युक्त अन्तिम समयवर्ती छद्मस्थ निर्दिष्ट किया गया है।—सूत्र ४२,४,४८-७५

यहाँ धवलाकार ने अन्तिम समयवर्ती छद्मस्थ के स्वरूप को प्रकट करते हुए 'एत्थ उवसंहारो उच्चदे' इस प्रतिज्ञा के साथ उपसंहार के विषय में प्ररूपणा और प्रमाण इन अनुयोगद्वारों का उल्लेख किया है। आगे उन्होंने इन दो अनुयोगद्वारों में **'पवाइज्जंत उपदेश के अनुसार प्ररूपणा अनुयोगद्वार का कथन करते हैं'** इस सूचना के साथ उस 'प्ररूपणा' अनुयोगद्वार की प्ररूपणा की है।

तत्पश्चात् उन्होंने **अप्पवाइज्जंत उपदेश** के अनुसार यह भी स्पष्ट किया है कि कर्मस्थिति के आदिम समयप्रबद्ध सम्बन्धी निर्लेपनस्थान कर्मस्थिति के असंख्यातवें भाग मात्र होते हैं। इस प्रकार सभी समयप्रबद्धों के विषय में कहना चाहिए। शेष पल्योपम के असंख्यातवें भाग मात्र समयप्रबद्धों के एक परमाणु को आदि करके उत्कर्ष से अनन्त तक परमाणु रहते हैं।

इस प्रसंग में वहाँ यह शंका की गयी है कि निर्लेपनस्थान पल्योपम के असंख्यातवें भागमात्र ही होते हैं, यह कैसे जाना जाता है। इसके समाधान में धवलाकार ने कहा है कि कषायप्राभृतचूर्णिसूत्र से जाना जाता है। इसे आगे उन्होंने **कषायप्राभृतचूर्णिसूत्रों** के अनुसार स्पष्ट भी किया है।[3] यथा—

कषायप्राभृत में सर्वप्रथम 'पूर्व में निर्लेपन-स्थानों के उपदेश की प्ररूपणा ज्ञातव्य है' यह सूचना करते हुए चूर्णिकर्ता ने स्पष्ट किया है कि यहाँ दो प्रकार का उपदेश है। एक उपदेश के अनुसार कर्मस्थिति के असंख्यात बहुभाग प्रमाण निर्लेपन-स्थान हैं। दूसरे उपदेश के अनुसार वे पल्योपम के असंख्यातवें भाग मात्र हैं। उनमें **जो उपदेश प्रवाह्यमान (पवाइज्जंत) है उसके** अनुसार पल्योपम के असंख्यातवें भागमात्र असंख्यात वर्गमूल प्रमाण निर्लेपनस्थान हैं।[4]

(६) इसी द्रव्यविधान की चूलिका में असंख्यातगुण वृद्धि और हानि कितने काल होती

---

१. धवला, पु० ३, पृ० ९३-९४
२. वही, पृ० ९९-१००
३. धवला पु० १०, पृ० २९७-९८; धवला पु० १२, पृ० २४४-४५ भी द्रष्टव्य हैं।
४. क०पा० सुत्त, पृ० ८३८, चूर्णि ९६४-६८; इसके पूर्व वहाँ पृ० ५९२-९३, चूर्णि २८७-९२ भी द्रष्टव्य हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

है, इसे स्पष्ट करते हुए सूत्रकार ने कहा है कि वह जघन्य से एक समय और उत्कृष्ट से अन्तर्मुहूर्त तक होती है।—सूत्र ४,२,४,२०४-५

इसे स्पष्ट करते हुए धवलाकार ने कहा है कि अधस्तन और उपरिम पंचसामयिक आदि योगस्थान यदि प्रथम गुणहानि मात्र हों तो ऊपर के चतुःसामयिक योगस्थानों के अन्तिम समय में दुगुणवृद्धि उत्पन्न हो सकती है। पर ऐसा नहीं है, क्योंकि उस प्रकार का उपदेश नहीं है। तो फिर कैसा उपदेश है, यह पूछने पर धवलाकार ने कहा है कि ऊपर के चतुःसामयिक योगस्थानों के अन्तिम योगस्थान से नीचे असंख्यातवें भागमात्र उतरकर दुगुणवृद्धि होती है। इस कारण ऊपर के चार समययोग्य योगस्थानों में दो ही वृद्धियाँ होती हैं, यह पवाइज्जंत उपदेश है। यह पवाइज्जंत उपदेश है, यह कैसे जाना है; यह पूछे जाने पर धवलाकार ने कहा है कि पवाइज्जंत उपदेश के अनुसार जघन्य से एक समय और उत्कर्ष से ग्यारह समय हैं; अन्यतर (अपवाइज्जंत) उपदेश के अनुसार जघन्य से एक समय और उत्कर्ष से पन्द्रह समय हैं; इस प्रदेशबन्ध सूत्र से जाना जाता है। इससे ज्ञात होता है कि ऊपर के चार समय योग्य योगस्थानों में दो ही वृद्धियाँ होती हैं, संख्यातगुणवृद्धि नहीं होती।[1]

(७) वेदनाक्षेत्रविधान में ज्ञानावरणीय की उत्कृष्ट वेदना क्षेत्र की अपेक्षा किसके होती है, इसे स्पष्ट करते हुए सूत्रकार ने कहा है कि वह हजार योजन की अवगाहनावाले उस मत्स्य के होती है जो स्वयम्भूरमणसमुद्र के बाह्य तट पर स्थित है।[2]—सूत्र ४,२,५,७-८

इसकी व्याख्या के प्रसंग में धवला में यह शंका उठायी गयी है कि महामत्स्य का आयाम तो हजार योजन है, पर उसका विष्कम्भ और उत्सेध कितना है। इसके उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि उसका विष्कम्भ पाँच सौ योजन और उत्सेध दो सौ पचास योजन है। इस पर पुनः यह शंका की गयी है कि यह सूत्र के बिना कैसे जाना जाता है। इसके उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि वह आचार्यपरम्परागत पवाइज्जंत उपदेश से जाना जाता है।

प्रकारान्तर से उन्होंने यह भी कहा है कि महामत्स्य के विष्कम्भ और उत्सेधविषयक सूत्र है ही नहीं, ऐसा नियम नहीं है; क्योंकि सूत्र में 'जोयणसहस्सिओ' यह जो कहा गया है, वह देशामर्शक होकर उसके विष्कम्भ और उत्सेध का सूचक है।[3]

इसी प्रसंग में आगे धवला में मतान्तर का उल्लेख करते हुए यह कहा गया है कि कुछ आचार्यों के मतानुसार वह मत्स्य पश्चिम दिशा से मारणान्तिक समुद्घात को करके पूर्व दिशा में लोकनाली के अन्त तक आया, फिर विग्रह करके नीचे छह राजु प्रमाण गया, तत्पश्चात् पुनः विग्रह करके पश्चिम दिशा में आधे राजु प्रमाण आया और अवधिष्ठान नरक में उत्पन्न हुआ। इस प्रकार ज्ञानावरणीय की क्षेत्रवेदना का उत्कृष्ट क्षेत्र साढ़े सात राजु होता है। उनके इस अभिमत का निराकरण करते हुए धवलाकार ने कहा है कि वह घटित नहीं होता, क्योंकि उपपादस्थान को लाँघकर गमन नहीं होता, यह पवाइज्जंत उपदेश से सिद्ध है।[4]

---

१. धवला, पु० १०, पृ० ५०१-२

२. इस प्रसंग में आगे उक्त महामत्स्य की कुछ अन्य विशेषताएँ भी प्रकट की गयी हैं।
—सूत्र ६-१२

३. धवला, पु० ११, पृ० १४-१६

४. वही, पृ० २२

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(९) यहीं पर आगे धवला में ज्ञानावरणीय की अनुत्कृष्ट क्षेत्रवेदना के स्वामी की प्ररूपणा के प्रसंग में एक शंका यह की गयी है कि अपने उत्पत्ति स्थान को न पाकर मारणान्तिकसमुद्घातगत जीव लौटकर मूल शरीर में प्रविष्ट होते हैं, यह कैसे जाना जाता है। इसके समाधान में वहाँ यह कहा गया है कि **वह पवाइज्जंत उपदेश से जाना जाता है**।[1]

(१०) कृति-वेदनादि चौबीस अनुयोगद्वारों में दसवाँ उदयानुयोगद्वार है। वहाँ प्रसंगप्राप्त अल्पबहुत्व की प्ररूपणा करते हुए धवला में कहा गया है कि **पवाइज्जंत उपदेश के अनुसार** हास्य व रति प्रकृतियों के वेदकों से सातावेदनीय के वेदक संख्यात जीवमात्र से विशेष अधिक हैं। **अन्य उपदेश के अनुसार** सात वेदकों से हास्य-रति के वेदक असंख्यातवें भागमात्र से अधिक हैं।

आगे यहीं पर अरति-शोकवेदकों को स्तोक बतलाकर उनसे असातवेदकों को **पवाइज्जंत उपदेश के अनुसार** संख्यात जीवमात्र से और **अन्य उपदेश के अनुसार** उन्हें असंख्यातवें भागमात्र से विशेष अधिक कहा गया है।[2]

(११) इसी उदयानुयोगद्वार में अन्तर प्ररूपणा के प्रसंग में धवलाकार ने कहा कि **पवाइज्जंत उपदेश के अनुसार** हम एक जीव की अपेक्षा अन्तर को कहते हैं। तदनुसार उन्होंने आगे ज्ञानावरणादि के भुजाकार वेदकों व अल्पतरवेदकों आदि के अन्तर का विचार किया है।[3]

(१२) यहीं पर अल्पबहुत्व के प्रसंग में धवलाकार ने प्रथमतः मतिज्ञानावरणादिकों के अवस्थित वेदक आदि के अल्पबहुत्व को दिखलाकर तत्पश्चात्, स्थितियों के बन्ध, अपकर्षण और उत्कर्षण से चूँकि प्रदेशोदय की वृद्धि व हानि होती है इस हेतु, प्रदेशोदयभुजाकार के विषय में अन्य प्रकार का अल्पबहुत्व होता है; यह कहते हुए उन्होंने आगे उसे स्पष्ट किया है व अन्त में यह कह दिया कि यह हेतुसापेक्ष अल्पबहुत्व प्रवाहप्राप्त नहीं है—वह **अप्पवाइज्जंत है अर्थात्** आचार्यपरम्परागत नहीं है।[4]

(१३) उन्हीं चौबीस अनुयोगद्वारों में जो अन्तिम अल्पबहुत्व अनुयोगद्वार है उसके प्रारम्भ में धवलाकार ने कहा है कि अल्पबहुत्व अनुयोगद्वार में **नागहस्ति भट्टारक सत्कर्म का मार्गण करते हैं। यही उपदेश प्रवाहप्राप्त है**।[5]

स्वतन्त्र अभिप्राय

जैसा कि पूर्व में स्पष्ट किया जा चुका है, धवलाकार आ० वीरसेन ने विवक्षित विषय के स्पष्टीकरण में सर्वप्रथम सूत्र को महत्त्व दिया है। पर जहाँ उन्हें सूत्र उपलब्ध नहीं हुआ वहाँ उन्होंने प्रसंगप्राप्त विषय का स्पष्टीकरण आचार्यपरम्परागत उपदेश और गुरूपदेश के बल पर भी किया है। किन्तु जहाँ उन्हें ये दोनों भी उपलब्ध नहीं हुए वहाँ, उन्होंने आगमानुसारिणी युक्ति के बल पर अपने स्वतन्त्र मत को प्रकट किया है। जैसे—

---

१. धवला, पु० ११, पृ० २५
२. धवला, पु० १५, पृ० २८८-८९
३. वही, पृ० ३२९
४. धवला, पु० १५, पृ० ३३२
५. धवला, पु० १६, पृ० ५२२

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(१) जीवस्थान-द्रव्यप्रमाणानुगम में सूत्रकार ने क्षेत्र की अपेक्षा मिथ्यादृष्टि जीवराशि का प्रमाण अनन्तानन्त लोक निर्दिष्ट किया है।—सूत्र १,२,४

इसकी व्याख्या करते हुए धवलाकार ने प्रसंगप्राप्त लोक के स्वरूप में उसे जगश्रेणि के घनप्रमाण कहा है। उन्होंने जगश्रेणि को सात राजुओं के आयाम प्रमाण और राजु को तिर्यग्लोक के मध्यम विस्तार प्रमाण कहा है।

तिर्यग्लोक के विस्तार को कैसे लाया जाता है, यह पूछे जाने पर उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि जितनी द्वीप-समुद्रों की संख्या है और रूप (एक) से अधिक अथवा किन्हीं आचार्यों के उपदेशानुसार संख्यात रूपों से अधिक जितने जम्बूद्वीप के अर्धच्छेद हैं उनको विरलित करके व प्रत्येक एक (१) अंक को दो (२) अंक मानकर उन सब को परस्पर गुणित करें। इस प्रकार जो राशि प्राप्त हो उससे अर्धच्छेद करने पर शेष रही राशि को गुणित करने पर राजु का प्रमाण प्राप्त होता है। यह जगश्रेणि के सातवें भाग प्रमाण रहता है।

आगे पुनः यह पूछा गया है कि तिर्यग्लोक की समाप्ति कहाँ पर हुई है। उत्तर में कहा गया है कि उसकी समाप्ति तीनों वातवलयों के बाह्य भागों में हुई है। अर्थात् स्वयम्भूरमण-समुद्र की बाह्य वेदिका के आगे कुछ क्षेत्र जाकर तिर्यग्लोक समाप्त हुआ है। इस पर यह पूछने पर कि कितना क्षेत्र आगे जाकर उसकी समाप्ति हुई है, वहाँ कहा गया है कि असंख्यात द्वीप-समुद्रों के द्वारा जितने योजन-प्रमाण क्षेत्र रोका गया है, उनसे संख्यातगुणे योजन जाकर तिर्यग्लोक समाप्त हुआ है।

इस पर फिर यह पूछा गया है कि यह कहाँ से जाना जाता है, उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि वह दो सौ छप्पन अंगुलों के वर्ग प्रमाण ज्योतिषी देवों के भागहार के प्ररूपक सूत्र (१,२,५५) तथा 'दुगुणदुगुणो दुवग्गो णिरंतरो तिरियलोगो' इस त्रिलोकप्रज्ञप्ति सूत्र से जाना जाता है।

आगे धवलाकार ने इस प्रसंग में अन्य आचार्यों के व्याख्यान को असंगत ठहराते हुए यह कहा है कि प्रथम तो उनका वह व्याख्यान सूत्र के विरुद्ध पड़ता है, दूसरे उसका आश्रय लेने पर तदनुसार जगश्रेणि के सातवें भाग में आठ शून्य दिखते हैं। पर जगश्रेणि के सातवें भाग में वे आठ शून्य हैं नहीं, तथा उनके अस्तित्व का विधायक कोई सूत्र भी नहीं उपलब्ध होता है। इसलिए उन आठ शून्यों के विनाशार्थ कितनी भी अधिक राशि होनी चाहिए। वह राशि असंख्यातवें भाग अथवा संख्यातवें भाग से अधिक तो हो नहीं सकती, क्योंकि उसका अनुग्राहक कोई सूत्र उपलब्ध नहीं होता। इसका कारण द्वीप-समुद्रों से रोके गये क्षेत्र के आयाम से संख्यात-गुणा क्षेत्र स्वयम्भूरमणसमुद्र के बाह्य भाग में होना चाहिए, अन्यथा पूर्वोक्त सूत्रों के साथ विरोध का प्रसंग प्राप्त होता है।

प्रसंग के अन्त में धवलाकार ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि यद्यपि यह अर्थ पूर्वाचार्यों के सम्प्रदाय के विरुद्ध है तो भी आगमाश्रित युक्ति के बल से हमने उसकी प्ररूपणा की है। इसलिए 'यह ऐसा नहीं है' इस प्रकार का कदाग्रह नहीं करना चाहिए, क्योंकि अतीन्द्रिय पदार्थों के विषय में छद्मस्थों के द्वारा कल्पित युक्तियाँ निर्णय की हेतु नहीं बनतीं। इसलिए इस विषय में उपदेश को प्राप्त करके विशेष निर्णय करना योग्य है।[1]

---

१. धवला, पु० ३, पृ० ३२-३८

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इस प्रकार धवलाकार ने स्वयम्भूरमणसमुद्र के आगे भी राजु के अर्धच्छेदों की जो कल्पना की है वह त्रिलोकप्रज्ञप्ति के उपर्युक्त सूत्र और ज्योतिषी देवों के भागहार के प्ररूपक सूत्र[1] के आश्रित युक्ति के बल पर की है। इस प्रकार से उन्होंने इन सूत्रों के साथ संगति बैठाने के लिए अपना यह स्वतन्त्र मत व्यक्त किया है कि स्वयम्भूरमणसमुद्र के आगे भी कुछ क्षेत्र हैं, जहाँ राजु के अर्धच्छेद पड़ते हैं।

(२) इसी द्रव्यप्रमाणानुगम में सासादनसम्यग्दृष्टि आदि चार गुणस्थानवर्ती जीवों का द्रव्यप्रमाण दिखलाते हुए सूत्र में कहा गया है कि उनका प्रमाण पल्योपम के असंख्यातवें भाग-मात्र है। इन जीवों द्वारा अन्तर्मुहूर्त से पल्योपम अपहृत होता है।—सूत्र १,२,६

इसकी व्याख्या में धवलाकार ने सासादनसम्यग्दृष्टि आदि सूत्रोक्त उन चार गुणस्थानवर्ती जीवों के अवहारकाल को पृथक्-पृथक् स्पष्ट किया है। उन्होंने कहा है कि सासादनसम्यग्दृष्टि, सम्यग्मिथ्यादृष्टि और सयतासंयत, इनका अवहारकाल आवलि का असंख्यातवाँ भाग न होकर असंख्यात आवलियों प्रमाण है।

इस पर वहाँ यह पूछने पर कि वह कहाँ से जाना जाता है, धवलाकार ने कहा है कि वह "उपशमसम्यग्दृष्टि स्तोक हैं, क्षायिक सम्यग्दृष्टि असंख्यातगुणे हैं, और वेदगसम्यग्दृष्टि उनसे असंख्यातगुणे हैं" इन अल्पबहुत्व सूत्रों से[2] जाना जाता है।

इस पर प्रकृत सूत्र के साथ विरोध की आशंका को हृदयंगम करते हुए धवलाकार ने स्वयं यह स्पष्ट कर दिया है कि सूत्र में जो 'ऐदेहि पलिदोमवहिरदि अंतोमुहुत्तकालेण' यह कहा गया है उसके साथ कुछ विरोध नहीं होगा, क्योंकि 'अन्तर्मुहूर्त' में प्रयुक्त 'अन्तर्' शब्द यहाँ समीपता का वाचक है। तदनुसार मुहूर्त के समीपवर्ती काल को भी अन्तर्मुहूर्त से ग्रहण किया जा सकता है।[3]

इस प्रकार अन्तर्मुहूर्त यद्यपि संख्यात आवलियों प्रमाण ही माना जाता है, फिर भी धवला-कार ने उपर्युक्त अल्पबहुत्व के साथ संगति बैठाने के लिए 'अन्तर्मुहूर्त' से असंख्यात आवलियों को भी ग्रहण कर लिया है। यह उनका स्वयं का अभिमत रहा है, इसे उन्होंने आगे (पु० ४, पृ० १५७ पर) प्रसंग पाकर स्वयं स्पष्ट कर दिया है।

(३) जीवस्थान-क्षेत्रानुगम में मिथ्यादृष्टि जीवों का क्षेत्र समस्त लोक है।—सूत्र १,३,२

इसे स्पष्ट करते हुए धवला में कहा गया है सूत्र में प्रयुक्त 'लोक' से सात राजुओं के घन को ग्रहण करना चाहिए। इस पर वहाँ शंका उपस्थित हुई है कि यदि सात राजुओं के घन-प्रमाण लोक को ग्रहण किया जाता है तो उससे पाँच द्रव्यों के आधारभूत आकाश का ग्रहण नहीं प्राप्त होता है, क्योंकि उसमें सात राजुओं के घन-प्रमाण क्षेत्र सम्भव नहीं है। अन्यथा, "**हेट्ठा मज्झे उवरिं**" आदि गाथासूत्रों[4] के अप्रमाण होने का प्रसंग प्राप्त होता है।

इस पर शंका का समाधान करते हुए धवलाकार ने कहा है कि सूत्र में 'लोक' ऐसा

---

१. खेत्तेण पदरस्स वेछप्पणंगुलसयवग्गपडिभागेण।—सूत्र १,२,५५ (पु० ३, पृ० २६८)

२. असंजदसम्मादिट्ठिट्ठाणे सव्वत्थोवा उवसमसम्मादिट्ठी। खइयसम्मादिट्ठी असंखेज्जगुणा। वेदगसम्मादिट्ठी असंखेज्जगुणा।—सूत्र १,८,१५-१७ (पु० ५, पृ० २५३-५६)

३. धवला, पु० ३, पृ० ६३-७०

४. धवला, पु० ४, पृ० ११ पर उद्धृत गाथासूत्र ६-८

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कहने पर उससे पाँच द्रव्यों के आधारभूत आकाश का ही ग्रहण होता है, अन्य का नहीं; क्योंकि "लोकपूरणगत केवली लोक के असंख्यातवें भाग में रहते हैं" ऐसा सूत्र में कहा गया है।[1] यदि लोक सात राजुओं के घनप्रमाण न हो तो "लोकपूरणगत केवली लोक के संख्यातवें भाग में रहते हैं" ऐसा कहना पड़ेगा। इसका कारण यह है कि अन्य आचार्यों के द्वारा जिस मृदंगाकार लोक की कल्पना की गयी है उसके प्रमाण को देखते हुए उसका वह संख्यातवाँ भाग असिद्ध भी नहीं है। इस प्रकार कहते हुए धवलाकार ने आगे गणित-प्रक्रिया के आधार से उसका प्रमाण $१६४\frac{३२८}{१३५६}$ घनराजु निकालकर दिखला भी दिया है जो घनलोक का संख्यातवाँ भाग ही होता है। इतना स्पष्ट करते हुए आगे उन्होंने कहा है कि उसको छोड़कर अन्य कोई सात राजुओं के घनप्रमाण लोक नाम का क्षेत्र नहीं है जो छह द्रव्यों के समुदायस्वरूप लोक से भिन्न प्रमाणलोक हो सके।

इस प्रकार से धवलाकार ने अन्य आचार्यों के द्वारा प्ररूपित मृदंगाकार लोक को दूषित ठहराकर लोक को सात राजुओं के घन-प्रमाण ($७ \times ७ \times ७ = ३४३$) सिद्ध किया है।

आगे उन्होंने यह भी कहा है कि यदि इस प्रकार के लोक को नहीं ग्रहण किया जाता है तो प्रतरसमुद्घातगत केवली के क्षेत्र को सिद्ध करने के लिए जो दो गाथाएँ कही[2] गयी हैं वे निरर्थक ठहरती हैं, क्योंकि उनमें जिस घनफलप्रमाण का उल्लेख किया गया है वह अन्य प्रकार से सम्भव नहीं है।

अभिप्राय यह है कि लोक पूर्व-पश्चिम में नीचे सात राजु, मध्य में एक राजु, ऊपर ब्रह्मकल्प के पास पाँच राजु व अन्त में एक राजु विस्तृत; चौदह राजु ऊँचा और उत्तर-दक्षिण में सर्वत्र सात राजु मोटा है। इस प्रकार के आयतचतुरस्र लोक की पूर्व मान्यता धवलाकार के समक्ष नहीं रही है। फिर भी उन्होंने प्रतरसमुद्घातगत केवली के क्षेत्र को सिद्ध करने के लिए निर्दिष्ट उन दो गाथाओं के आधार पर लोक को उस प्रकार का सिद्ध किया है व उसे ही प्रकृत में ग्राह्य माना है।[3]

इस प्रकार से धवलाकार ने प्रतरसमुद्घातगत केवली के क्षेत्र की आधारभूत उपर्युक्त दो गाथाओं की निरर्थकता को बचाने के लिए अन्य आचार्यों के द्वारा माने गये मृदंगाकार लोक का निराकरण करके उसे उक्त प्रकार से आयतचतुरस्र सिद्ध किया है।

(४) इसी प्रकार का एक प्रसंग आगे स्पर्शानुगम में भी प्राप्त होता है। वहाँ सासादनसम्यग्दृष्टि ज्योतिषी देवों के स्वस्थान क्षेत्र के लाने के प्रसंग में धवलाकार ने स्वयम्भूरमण

---

१. सजोगिकेवली केवडिखेत्ते ? लोगस्स असंखेज्जदिभागे असंखेज्जेसु वा भागेसु सव्वलोगे वा।
—सूत्र १,३,४ (पु० ४, पृ० ४८)

२. मुह-तलसमासअद्धं वुस्सेधगुणं च वेधेण।
घणगणिदं जाणेज्जो वेत्तासणसंठिये खेत्ते ॥
मूलं मज्झेण गुणं मुहसहिदद्धमुस्सेधकदिगुणिदं।
घणगणिदं जाणेज्जो मुइंगसंठाणखेत्तम्हि ॥—पु० ४, पृ० २०-२१
(ये दोनों गाथाएँ जंबूदी० में ११-१०८ व ११-११० गाथांकों में उपलब्ध होती हैं।)

३. इसके लिए धवला, पु० ४, पृ० १०-२२ द्रष्टव्य हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

समुद्र के परभाग में राजु के अर्धच्छेदों के अस्तित्व का निर्देश किया है। इस पर वहाँ यह पूछा गया है कि स्वयम्भूरमण समुद्र के परभाग में राजु के अर्धच्छेद हैं, यह कहाँ से जाना जाता है। उत्तर में धवलाकार ने पूर्व के समान वही कहा है कि वह दो सौ छप्पन अंगुलों के वर्ग प्रमाण ज्योतिषी देवों के भागहार के प्ररूपक सूत्र (१,२,५५) से जाना जाता है।

इस पर शंकाकार ने आपत्ति प्रकट की है कि यह व्याख्यान परिकर्म के विरुद्ध है, क्योंकि वहाँ यह कहा गया है कि जितनी द्वीप-सागरों की संख्या है तथा एक अधिक जितने जम्बूद्वीप के अर्धच्छेद हैं उतने राजु के अर्धच्छेद होते हैं।[1]

इस आपत्ति का निराकरण करते हुए धवलाकार ने कहा है—हाँ, वह व्याख्यान परिकर्म के विरुद्ध है, किन्तु सूत्र (१,२,५५) के विरुद्ध नहीं है, इसलिए इस व्याख्यान को ग्रहण करना चाहिए, न कि परिकर्म के उस व्याख्यान को; क्योंकि वह सूत्र के विरुद्ध है। और सूत्र के विरुद्ध व्याख्यान होता नहीं है, अन्यथा अव्यवस्था का प्रसंग प्राप्त होता है।

अन्त में धवलाकार आ० वीरसेन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यह तत्प्रायोग्य संख्यात रूपों से अधिक जम्बूद्वीप के अर्धच्छेदों से सहित द्वीप-सागरों के रूपों मात्र राजु के अर्धच्छेदों के प्रमाण की परीक्षाविधि अन्य आचार्यों के उपदेश की परम्परा का अनुसरण नहीं करती है, वह केवल तिलोयपण्णत्तिसुत्त का अनुसरण करती है। उसकी प्ररूपणा हमने ज्योतिषी देवों के भागहार के प्रतिपादक सूत्र का आश्रय लेनेवाली युक्ति के बल से प्रकृत गच्छ को सिद्ध करने के लिए की है। इसके प्रसंग में उन्होंने ये दो उदाहरण भी दिए हैं तथा एकान्तरूप कदाग्रह का निषेध भी किया है[2]—

(क) जिस प्रकार हमने प्रतिनियत सूत्र के बल पर सासादनगुणस्थानवर्ती जीवों से सम्बद्ध असंख्यात आवली प्रमाण अवहारकाल का उपदेश किया है।—देखिए पु० ३, पृ० ६९

(ख) तथा जिस प्रकार प्रतिनियत के बल पर आयातचतुरस्र लोक के आकार का उपदेश किया है।—देखिए पु० ४, पृ० ११-२२

(५) 'प्रकृति' अनुयोगद्वार मनुष्यगतिप्रायोग्यानुपूर्वी नामकर्म की उत्तरप्रकृतियों की संख्या से सम्बद्ध सूत्र (१२०) के व्याख्या-विषयक दो भिन्न मतों को राग-द्वेषादि से रहित पुरुषों की परम्परा से आने के कारण प्रमाणभूत मानकर भी धवलाकार ने अपने व्यक्तिगत अभिप्राय को इस प्रकार व्यक्त किया है—

"अम्हाणं पुण एसो अहिप्पाओ जहा पढमपरूविदअत्थो चेव भद्दओ, ण बिदिओ त्ति। कुदो ?·····।"—पु० १३, पृ० ३७७-८२

प्रसंगानुसार एक ही ग्रन्थ के विषय में भिन्न अभिप्राय

धवलाकार के समक्ष कुछ ऐसे भी प्रसंग उपस्थित हुए हैं, जहाँ उन्होंने किसी एक ही

---

१. जत्तियाणि दीवसागररूवाणि जंबूदीवछेदणाणि च रूवाहियाणि तत्तियाणि रज्जुच्छेदणाणि।—परिकर्म (पु० ४)

२. देखिए धवला पु० ४, पृ० १५०-५८; यह समस्त सन्दर्भ (पृ० १५६-५९) कुछ ही प्रासंगिक शब्दपरिवर्तन के साथ जैसा-का-तैसा तिलोयपण्णत्ती में उपलब्ध होता है, जिसे वहाँ प्रक्षिप्त ही समझना चाहिए।—देखिए ति०प०, भाग २, पृ० ७६४-६६

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ग्रन्थ के विषय में भिन्न-भिन्न अभिप्राय प्रकट किये हैं। जैसे—

१. **कषायप्राभृत**—धवलाकार का अभिप्राय कषायप्राभृत मे उस पर **यतिवृषभाचार्य** द्वारा विरचित **'चूर्णि'** का रहा है, इसे पीछे 'ग्रन्थकारोल्लेख' के प्रसंग में स्पष्ट किया जा चुका है। धवलाकार ने कषायप्राभृत को, विशेषकर उसकी चूर्णि को, काफी महत्त्व दिया है।

मतभेद की स्थिति में यदि धवलाकार ने कहीं प्रसंगानुसार **कषायप्राभृत** और **आचार्य भूतबलि** के पृथक्-पृथक् मतों का उल्लेख मात्र किया है[1] तो कहीं पर उन्होंने कषायप्राभृत चूर्णि की उपेक्षा भी कर दी है।[2]

कहीं पर कषायप्राभृतचूर्णि के साथ विरोध का प्रसंग प्राप्त होने पर उन्होंने उसे **तंत्रान्तरम्** कह दिया है तथा आगे उन दोनों में प्रकारान्तर से समन्वय का दृष्टिकोण भी अपनाया है।[3]

२. **परिकर्म**—धवलाकार ने अनेक प्रसंगों पर परिकर्म के कथन को प्रमाण के रूप में प्रस्तुत किया है व उसे सर्वाचार्य-सम्मत भी कहा है। इसके अतिरिक्त यदि उन्होंने कहीं पर उसके साथ सम्भावित विरोध का समन्वय किया है तो कहीं पर उसे अग्राह्य भी ठहरा दिया है। इसका अधिक स्पष्टीकरण पीछे 'ग्रन्थोल्लेख' में 'परिकर्म' शीर्षक में किया जा चुका है। दो-एक उदाहरण उसके यहाँ भी दिये जाते हैं—

सर्वाचार्यसम्मत—जीवस्थान-स्पर्शनानुगम में प्रसंग प्राप्त तिर्यग्लोक के प्रमाण से सम्बन्धित किन्हीं आचार्यों के अभिमत का निराकरण करते हुए धवलाकार ने उसे तद्विषयक **सर्वाचार्य-सम्मत परिकर्मसूत्र** के विरुद्ध भी ठहराया है।[4]

इस प्रकार धवलाकार ने 'लोक सात राजुओं के घन-प्रमाण है' अपने इस अभिमत की पुष्टि में परिकर्म के इस प्रसंग को प्रमाण के रूप में प्रस्तुत किया है व उसे **सर्वाचार्य-सम्मत** कहा है—

"रज्जू सत्तगुणिदा जगसेढी, सा वग्गिदा जगपदरं, सेढीए गुणिदजगपदरं घणलोगो होदि।"

विरोध का समन्वय—धवलाकार की मान्यता रही है कि स्वयम्भूरमणसमुद्र की वेदिका के आगे असंख्यात द्वीप-समुद्रों से रोके गये योजनों से संख्यातगुणे योजन जाकर तिर्यग्लोक समाप्त हुआ है। अपनी इस मान्यता में उन्होंने परिकर्म के इस कथन से विरोध की सम्भावना का निराकरण किया है—

---

१. धवला, पु० ६, पृ० ३३१ पर उपशम श्रेणि से उतरते हुए जीव का सासादनगुणस्थान को प्राप्त होने व न होने का प्रसंग।

२. धवला, पु० ७, पृ० २३३-३४ में उपर्युक्त प्रसंग के पुनः प्राप्त होने पर ष०ख० सू० (२, ३, १३६) को महत्त्व देकर उसकी उपेक्षा कर दी गयी है।

३. देखिए धवला पु० ६ में आहारकशरीर, आहारकशरीरांगोपांग और तीर्थंकर प्रकृतियों के उत्कृष्ट स्थितिबन्धविषयक प्रसंग।

जीवों से सहित निरन्तर अनुभागस्थान उत्कृष्ट रूप में आवली के असंख्यातवें भाग प्रमाण हैं, या असंख्यातलोकप्रमाण हैं, इस प्रसंग में भी धवलाकार के समन्वय के दृष्टि-कोण को देखा जा सकता है। —पु० १२, पृ० २४४-४५

४. धवला, पु० ४, पृ० १८३-८४; यही प्रसंग प्रायः इसी रूप में पु० ७, पृ० ३७१-७२ में भी देखा जा सकता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

"जत्तियाणि दीव-सागररूवाणि जंबूदीवछेदणाणि च रूवाहियाणि तत्तियाणि रज्जु-छेदणाणि।"

उसका स्वयं निराकरण करते हुए उन्होंने कहा है कि हमारे इस व्याख्यान का उपर्युक्त परिकर्म-वचन के साथ भी कुछ विरोध नहीं होगा, क्योंकि उसके अन्तर्गत जो 'रूवाहियाणि' पद है उसमें 'रूवेण अहियाणि' ऐसा समास न करके 'रूवेहि अहियाणि' समास अपेक्षित रहा है। तदनुसार 'बहुत रूपों से अधिक' ऐसा उसका अर्थ ग्रहण करने पर उसके साथ विरोध की सम्भावना नहीं रहती।[1]

अग्राह्यता—इस प्रकार से यहाँ तो धवलाकार ने उक्त परिकर्म-वचन के साथ सम्भावित विरोध का समन्वय करा दिया है, पर आगे चलकर स्पर्शनानुगम अनुयोगद्वार में ऐसे ही प्रसंग में उसी परिकर्मवचन को सूत्र-विरुद्ध कहकर उन्होंने **उसे अग्राह्य भी घोषित कर दिया है।**[2]

सूत्ररूपता का निषेध—भावविधान-चूलिका (२) में षट्स्थानप्ररूपणा के प्रसंग में सूत्रकार ने संख्यातभागवृद्धि किस वृद्धि से वृद्धिगत होती है, इसे स्पष्ट करते हुए कहा है कि वह एक कम जघन्य असंख्यात की वृद्धि से वृद्धिगत होती है।—सूत्र ४,२,७,२०७-८

इसकी व्याख्या करते हुए धवलाकार ने यह स्पष्ट किया है कि सूत्र में 'एक कम जघन्य असंख्यात' ऐसा कहने पर उससे उत्कृष्ट संख्यात को ग्रहण करना चाहिए।

इस पर धवला में यह शंका उठायी गयी है कि सीधे से 'उत्कृष्ट संख्यात' न कहकर सूत्र-गौरव करते हुए 'एक कम जघन्य असंख्यात' ऐसा किसलिए कहा है। उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि उत्कृष्ट संख्यात के प्रमाण-विषयक ज्ञापन के साथ संख्यातभागवृद्धि की प्ररूपणा करने के लिए सूत्र में वैसा कहा गया है।

इस पर यदि यह कहा जाय कि उत्कृष्ट संख्यात का प्रमाण तो **परिकर्म** से ज्ञात हो जाता है, तो ऐसा समाधान करना भी ठीक नहीं है; **क्योंकि उसके सूत्ररूपता नहीं है।**[3]

इस प्रकार से यहाँ धवलाकार ने **परिकर्म के सूत्र होने का निषेध कर दिया है।**

यह भी यहाँ विशेष ध्यातव्य है कि इसके पूर्व स्पर्शनानुगम में स्वयं धवलाकार उसे **सर्वाचार्यसम्मत परिकर्मसूत्र भी कह चुके हैं।**

इस प्रकार से धवलाकार ने प्रकृत परिकर्म को यदि कहीं प्रमाणभूत सूत्र भी स्वीकार किया है तो कहीं पर उसे सूत्रविरुद्ध व अग्राह्य भी ठहरा दिया है।

३. **व्याख्याप्रज्ञप्ति**—जीवस्थान-द्रव्यप्रमाणानुगम में मिथ्यादृष्टि जीवों के द्रव्यप्रमाण की प्ररूपणा के प्रसंग में धवला में यह पूछा गया है कि तिर्यग्लोक का अन्त कहाँ होता है। उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि उसका अन्त तीन वातवलयों के बाह्य भागों में होता है। इस पर 'वह कैसे जाना जाता है', ऐसा पूछने पर उत्तर में कहा गया है कि वह "**लोगो वादपदिट्ठिदो**" **इस व्याख्याप्रज्ञप्ति** के वचन से जाना जाता है।[4]

---

१. धवला, पु० ३, पृ० ३५-३६
२. धवला, पु० ४, पृ० १५५-५६
३. धवला, पु० १२, पृ० १५४
४. धवला, पु० ३, पृ० ३४-३५

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इस प्रकार यहाँ धवलाकार ने वातवलयों के बाह्य भाग में तिर्यग्लोक की समाप्ति की पुष्टि में व्याख्याप्रज्ञप्ति के उपर्युक्त प्रसंग को प्रमाण के रूप में प्रस्तुत किया है।

आगे वेदनाद्रव्यविधान में आयुकर्म की उत्कृष्ट द्रव्यवेदना के स्वामी की प्ररूपणा के प्रसंग में सूत्र ३६ की व्याख्या करते हुए धवला में कहा गया है कि परभव-सम्बन्धी आयु के बँध जाने पर पीछे भुज्यमान आयु का कदलीघात नहीं होता है। इस पर वहाँ यह शंका उठी है कि परभविक आयु के बँध जाने पर भुज्यमान आयु का घात होने में क्या दोष है। इसके समाधान में वहाँ यह कहा गया है कि जिस जीव की भुज्यमान आयु निर्जीर्ण हो चुकी है और परभविक आयु उदय में नहीं प्राप्त हुई है, उसके चारों गतियों के बहिर्भूत हो जाने के कारण अभाव का प्रसंग प्राप्त होता है। इस कारण परभविक आयु के बँध जाने पर भुज्यमान आयु का घात सम्भव नहीं है।

इस पर शंकाकार ने परभविक आयु के बन्ध से सम्बन्ध रखनेवाले व्याख्याप्रज्ञप्ति के एक सन्दर्भ को प्रस्तुत करते हुए कहा है कि आपके उपर्युक्त कथन का इस व्याख्याप्रज्ञप्ति सूत्र के साथ विरोध कैसे न होगा। इसके समाधान में धवलाकार ने कहा है कि **वह व्याख्याप्रज्ञप्तिसूत्र इससे भिन्न व आचार्यभेद से भेद को प्राप्त है**, इस प्रकार दोनों एक नहीं हो सकते।[1]

इस प्रकार से धवलाकार ने द्रव्यप्रमाणानुगम में जहाँ एक प्रसंग पर उस व्याख्याप्रज्ञप्ति-सूत्र को प्रमाण के रूप में प्रस्तुत किया है, वहीं दूसरे प्रसंग पर उन्होंने प्रकृत विधान के प्रतिकूल होने से आचार्यभेद से भिन्न बतलाकर उसकी उपेक्षा कर दी है।

देशामर्शक सूत्र आदि

यह पूर्व में भी स्पष्ट किया जा चुका है कि धवलाकार आचार्य वीरसेन ने प्रस्तुत षट्खण्डागम के अनेक सूत्रों की व्याख्या करते हुए उन सूत्रों को तथा किसी-किसी प्रकरणविशेष को भी देशामर्शक कहकर उनसे सूचित अर्थ का व्याख्यान कहीं संक्षेप में और कहीं अपने अगाध श्रुत-ज्ञान के बल पर बहुत विस्तार से भी किया है। इसे स्पष्ट करने के लिए यहाँ कुछ थोड़े से उदाहरण दिए जाते हैं—

१. षट्खण्डागम के प्रारम्भ में आचार्य पुष्पदन्त ने पंचनमस्कारात्मक मंगल को निबद्ध किया है। उसकी उत्थानिका में धवलाकार "**मंगल-णिमित्त-हेऊ**" इत्यादि एक प्राचीन गाथा को उद्धृत कर उसके आधार से कहते हैं कि विवक्षित शास्त्र के व्याख्यान के पूर्व मंगल, निमित्त, हेतु, परिमाण, नाम और कर्ता इन छह का व्याख्यान किया जाता है; यह आगम के व्याख्यान की पद्धति है। इस आचार्यपरम्परागत न्याय को अवधारित कर पुष्पदन्ताचार्य 'पूर्वाचार्यों का अनुसरण रत्नत्रय का हेतु होता है' ऐसा मानकर कारण-सहित उन मंगल-आदि छह की प्ररूपणा करने के लिए सूत्र कहते हैं।

यहाँ यह पंचनमस्कारात्मक सूत्र उन मंगलादि छह का प्ररूपक कैसे है, इस प्रसंगप्राप्त शंका के समाधान में धवलाकार ने कहा है कि **वह तालप्रलम्बसूत्र के समान देशामर्शक है**। इतना स्पष्ट करके आगे उन्होंने उन मंगलादि छह की प्ररूपणा की है।[2]

---

१. धवला, पु० १०, पृ० २३७-३८

२. धवला, पु० १, पृ० ८-७२

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इसका विशेष स्पष्टीकरण पीछे 'धवलागत विषय-परिचय' शीर्षक में सत्प्ररूपणा के प्रसंग में किया जा चुका है।

२. जीवस्थान-क्षेत्रानुगम में नरकगति के आश्रय से नारकियों में मिथ्यादृष्टि आदि असंयत-सम्यग्दृष्टि पर्यन्त नारकियों के क्षेत्रप्रमाण के प्ररूपक सूत्र (१,३,५) की व्याख्या के प्रसंग में धवला में यह शंका उठायी गयी है कि सूत्र में 'लोक का असंख्यातवाँ भाग' इतना मात्र कहा गया है, उससे शेष लोकों का ग्रहण कैसे होता है। इसके उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि क्षेत्रानुगम और स्पर्शनानुगम इन दो अनुयोगद्वारों के सूत्र देशामर्शक हैं। इसलिए उनसे सूचित शेष लोकों का ग्रहण हो जाता है।[1]

तदनुसार धवलाकार ने क्षेत्रानुगम और स्पर्शनानुगम इन दो अनुयोगद्वारों के सूत्रों की व्याख्या में सामान्यलोक, ऊर्ध्वलोक, अधोलोक, तिर्यग्लोक और अढाई द्वीप—को आधार बनाकर दो प्रकार के स्वस्थान, सात प्रकार के समुद्घात और एक उपपाद—इन दस पदों के आश्रय से चौदह जीवसमासों के क्षेत्र और स्पर्शन की प्ररूपणा की है।[2]

३. जीवस्थान-चूलिका में सूत्रकार ने छठी और सातवीं चूलिकाओं में क्रम से कर्मों की उत्कृष्ट और जघन्य स्थिति की प्ररूपणा करके आगे आठवीं सम्यक्त्वोत्पत्ति चूलिका को प्रारम्भ करते हुए यह कहा है कि जीव इतने काल की स्थिति से युक्त कर्मों के रहते सम्यक्त्व को नहीं प्राप्त करता है।—सूत्र १,९-८,१

इसके अभिप्राय को स्पष्ट करते हुए धवलाकार ने कहा है कि यह सूत्र देशामर्शक है। इससे उक्त कर्मों के जघन्य स्थितिबन्ध, उत्कृष्ट स्थितिबन्ध, जघन्य व उत्कृष्ट स्थितिसत्त्व, जघन्य व उत्कृष्ट अनुभागसत्त्व तथा जघन्य व उत्कृष्ट प्रदेशसत्त्व के होने पर सम्यक्त्व को प्राप्त नहीं करता है; यह सूत्र का अभिप्राय ग्रहण करना चाहिए।[3]

सूत्र के अन्तर्गत इस अभिप्राय को सर्वार्थसिद्धि और तत्त्वार्थवार्तिक में भी अभिव्यक्त किया गया है।[4]

४. इसी चूलिका में आगे सूत्र में यह कहा गया है कि जीव जब सब कर्मों की स्थिति को संख्यात सागरोपमों से हीन अन्तःकोड़ाकोड़ी सागरोपम प्रमाण स्थापित करता है, तब वह प्रथम सम्यक्त्व को प्राप्त करता है।—सूत्र १,९-८,५

इनकी व्याख्या करते हुए धवला में स्थितिबन्धापसरण के साथ स्थिति, अनुभाग और प्रदेश के घात का भी विचार किया गया है। इस पर वहाँ यह कहा गया है कि सूत्र में तो केवल स्थितिबन्धापसरण की प्ररूपणा की गयी है, स्थितिघातादि की प्ररूपणा वहाँ नहीं की गयी है; इसलिए यहाँ उनकी प्ररूपणा करना योग्य नहीं है। इसका समाधान करते हुए धवलाकार ने कहा है कि सूत्र तालप्रलम्बसूत्र के समान देशामर्शक है, इसलिए यहाँ उनकी प्ररूपणा करना संगत व प्रसंग के अनुरूप ही है।[5]

---

१. धवला, पु० ४, पृ० ५६-५७
२. इन दस पदों का स्वरूप धवला, पु० ४, पृ० २६-३० में द्रष्टव्य है।
३. धवला, पु० ६, पृ० २०३
४. स०सि० २-३ व त०वा० २,३,२
५. धवला, पु० ६, पृ० २३०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५. यहीं पर प्रसंगप्राप्त एक सूत्र (१,९-८,१४) में यह निर्देश है कि चारित्र को प्राप्त करनेवाला जीव प्रथम सम्यक्त्व के अभिमुख हुए अन्तिम समयवर्ती मिथ्यादृष्टि की स्थिति की अपेक्षा सात कर्मों की स्थिति को अन्तःकोड़ाकोड़ी सागरोपम प्रमाण स्थापित करता है।

इसकी व्याख्या में धवलाकार ने कहा है कि यह **देशामर्शक सूत्र** है, क्योंकि वह एक देश अर्थ के प्रतिपादन द्वारा उसके अन्तर्गत समस्त अर्थ का सूचक है।[1]

इसलिए उन्होंने यहाँ धवला में संयमासंयम तथा क्षायोपशमिक व औपशमिक चारित्र की प्राप्ति के विधान की विस्तार से **प्ररूपणा** की है।[2]

६. इसी चूलिका में आगे सम्पूर्ण चारित्र की प्राप्ति के प्रतिपादक दो सूत्रों (१,९-८, १५-१६) को **देशामर्शक** कहकर धवलाकार ने उनसे सूचित अर्थ की प्ररूपणा बहुत विस्तार से की है।[3]

७. बन्धस्वामित्व-विचय में पाँच ज्ञानावरणीय आदि प्रकृतियों के बन्धक-अबन्धकों के प्ररूपक सूत्र (३,६) की व्याख्या करते हुए धवलाकार ने उसे **देशामर्शक कहकर** उससे सूचित, क्या बन्ध पूर्व में व्युच्छिन्न होता है ? क्या उदयपूर्व में व्युच्छिन्न होता है ? क्या दोनों साथ में व्युच्छिन्न होते हैं ? आदि २३ प्रश्नों को उठाते हुए उनका स्पष्टीकरण विस्तार से किया है।[4]

८. वेदनाखण्ड को प्रारम्भ करते हुए सूत्रकार ने उसके प्रथम अनुयोगद्वार-स्वरूप 'कृति' अनुयोगद्वार में "**णमो जिणाणं**" आदि ४४ सूत्रों द्वारा विस्तार से मंगल किया है। उसके सम्बन्ध में धवलाकार ने कहा है कि **यह सब ही मंगलदण्डक देशामर्शक** है, क्योंकि वह निमित्त आदि का सूचक है। इसलिए यहाँ मंगल के समान निमित्त व हेतु आदि की प्ररूपणा की जाती है। यह कहते हुए उन्होंने वहाँ निमित्त, हेतु और परिमाण की संक्षेप में प्ररूपणा करके[5] तत्पश्चात् कर्ता के विषय में विस्तार से प्ररूपणा की है।[6]

९. इसी 'कृति' अनुयोगद्वार में अग्रायणीय पूर्व के अन्तर्गत महाकर्मप्रकृतिप्राभृत के २४ अनुयोगद्वारों के निर्देशक सूत्र (४,१,४५) की व्याख्या करते हुए धवलाकार ने **'सभी ग्रन्थों का अवतार उपक्रम, निक्षेप, अनुगम और नय के भेद से चार प्रकार का है'** इस सूचना के साथ वहाँ उन चारों की प्ररूपणा की है।[7]

तत्पश्चात् उन्होंने यह सूचना की है कि **इस देशामर्शक सूत्र के द्वारा** कर्मप्रकृति के इन चार अवतारों की प्ररूपणा की गयी है। यह कहते हुए उन्होंने आगे अग्रायणीयपूर्व के ज्ञान, श्रुत,

---

१. धवला, पु० ६, पृ० २७०

२. धवला, पु० ६—संयमासंयम पृ० २७०-८०, क्षायोपशमिक चारित्र पृ० २८१-८८, औपशमिक चारित्र, पृ० २८८-३१७; इसी प्रसंग में आगे उपशमश्रेणि से प्रतिपात के क्रम का भी विवेचन किया गया है (पृ० ३१७-४२)।

३. धवला, पु० ६, पृ० ३४२-४१८

४. धवला, पु० ८, पृ० १३-३० (यहाँ इसके पूर्व पृ० ७-१३ भी द्रष्टव्य हैं)। इसी पद्धति से यहाँ आगे सभी सूत्रों को देशामर्शक कहकर पूर्ववत् प्ररूपणा की गयी है।

५. धवला, पु० 9, पृ० १०६

६. वही, पृ० १०७-३४

७. धवला, पु० ९, पृ० १३४-८३

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अंग, दृष्टिवाद और पूर्वगत—इनके अन्तर्गत होने से क्रमशः उन छह के विषय में पृथक्-पृथक् उस चार प्रकार के अवतार की प्ररूपणा की है।[1]

१०. यहीं पर आगे गणनाकृति के प्ररूपक सूत्र (२,१,६६) की व्याख्या के प्रसंग में धवलाकार ने कहा है कि **यह सूत्र देशामर्शक है**, इसलिए यहाँ धन, ऋण और धनऋण इस सब गणित की प्ररूपणा करनी चाहिए।

प्रकारान्तर से उन्होंने यह भी कहा है कि अथवा 'कृति' को उपलक्षण करके यहाँ गणना, संख्यात और कृति का भी लक्षण कहना चाहिए। तदनुसार उन्होंने इनके लक्षण को प्रकट करते हुए कहा है कि एक को आदि करके उत्कृष्ट अनन्त तक गणना कहलाती है। दो को आदि करके उत्कृष्ट अनन्त तक की गणना को संख्यात कहा जाता है। तीन को आदि करके उत्कृष्ट अनन्त तक की गणना का नाम कृति है।

पश्चात् यहाँ कृति, नोकृति अवक्तव्य के उदाहरणार्थ यह प्ररूपणा की जाती है, ऐसी प्रतिज्ञा करते हुए उसके विषय में ओघानुगम, प्रथमानुगम, चरिमानुगम और संचयानुगम इन चार अनुयोगद्वारों का उल्लेख किया गया है। इनमें प्रथम तीन की यहाँ संक्षेप में प्ररूपणा करके[2] तत्पश्चात् अन्तिम संचयानुगम की प्ररूपणा सत्प्ररूपणादि आठ अनुयोगद्वारों के आश्रय से विस्तारपूर्वक की गयी है।[3]

सूत्र-असूत्र-विचार

इस 'कृति' अनुयोगद्वार में आगे तीन सूत्रों (६८,६९ और ७०) द्वारा करणकृति के भेद-प्रभेदों का निर्देश किया गया है।

तत्पश्चात् "**एवेहि सुत्तेहि तेरसण्हं मूलकरणकदीणंसंतपरूवणा कदा॥७१॥**" यह वाक्य सूत्र के रूप में उपलब्ध होता है। पर वास्तव मे वह सूत्र नहीं प्रतीत होता, वह धवला टीका का अंश रहा दिखता है।

कारण यह कि प्रथम तो इसकी रचना-पद्धति सूत्र-जैसी नहीं है। दूसरे इसमें जो यह कहा गया है कि इन सूत्रों द्वारा तेरह मूलकरणकृतियों की सत्प्ररूपणा मात्र की गयी है, यह पद्धति अन्यत्र सूत्रों में कहीं दृष्टिगोचर नहीं होती। धवलाकार वैसा स्पष्टीकरण कर सकते हैं—यह एक विचारणीय प्रसंग है।

११. वे वहाँ यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि इन (६८-७०) सूत्रों द्वारा तेरह मूलकरण कृतियों की सत्प्ररूपणा मात्र की गयी है। अब इस **देशामर्शक सूत्र** (७०) द्वारा सूचित अधिकारों की प्ररूपणा की जाती है—इस प्रतिज्ञा के साथ उन्होंने आगे उससे सूचित पदमीमांसा, स्वामित्व और अल्पबहुत्व इन तीन अधिकारों का निर्देश किया है तथा यह स्पष्ट कर दिया है कि इन अधिकारों के बिना उन सूत्रों (६८-७०) द्वारा प्ररूपित मूलकरण कृतियों की वह सत्प्ररूपणा बनती नहीं है। इस स्पष्टीकरण के साथ आगे धवलाकार ने क्रम से पदमीमांसादि

---

१. यथा—ज्ञान, पृ० १८५-८६; श्रुतज्ञान, पृ० १८६-९१; अंगश्रुत, पृ० १९२-२०४; दृष्टिवाद, पृ० २०४-१०; पूर्वगत पृ० २१०-२४; अग्रायणीयपूर्व पृ० २२५-३६

२. धवला, पु० ९, पृ० २७४-८०

३. वही, ,, पृ० २८०-३२१

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तीन अधिकारों की प्ररूपणा की है।[1]

अनन्तर धवलाकार ने 'अब हम यहाँ **देशामर्शक सूत्र** से सूचित अनुयोगद्वारों को कहते हैं' इस प्रतिज्ञा के साथ उन तेरह मूलकरणकृतियों के विषय में यथाक्रम से सत्प्ररूपणा व द्रव्य-प्रमाणानुगम आदि आठ अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा की है।[2]

इस प्रकार उक्त देशामर्शक सूत्र के द्वारा सूचित उन पदमीमांसादि तीन अधिकारों और सत्प्ररूपणादि उन आठ अनुयोगद्वारों की विस्तार से प्ररूपणा करने के पश्चात् धवलाकार ने प्रसंग के अन्त में '**इदि मूलकरणकदीपरूवणा कदा**' इस वाक्य के द्वारा मूलकरणकृति की प्ररूपणा के समाप्त होने की सूचना की है।

१२. वेदनाद्रव्यविधान के अन्तर्गत पदमीमांसा अनुयोगद्वार की प्ररूपणा के प्रसंग में "ज्ञानावरणीय की वेदना क्या द्रव्य से उत्कृष्ट है, क्या अनुत्कृष्ट है, क्या जघन्य है और क्या अजघन्य है" यह पृच्छासूत्र प्राप्त हुआ है। अगले सूत्र में इन पृच्छाओं को स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि वह उत्कृष्ट भी है; अनुत्कृष्ट भी है, जघन्य भी है और अजघन्य भी है।

— सूत्र ४,२,४,२-३

धवलाकार ने इन दोनों सूत्रों को **देशामर्शक** कहकर उनके अन्तर्गत क्या वह सादि है, क्या अनादि है, इत्यादि अन्य नौ पृच्छाओं को भी व्यक्त किया है। इस प्रकार सूत्रोक्त चार व उससे सूचित नौ ये तेरह पृच्छाएँ सूत्रों के अन्तर्गत हैं, यह अभिप्राय धवलाकार का है।

इन तेरह पृच्छाओं को स्पष्ट करते हुए वहाँ धवलाकार ने कहा है कि इस प्रकार इस सूत्र (२) में तेरह अन्य सूत्र प्रविष्ट हैं, ऐसा समझना चाहिए। इस प्रकार सामान्य से तेरह तथा विशेष रूप से उनमें प्रत्येक में भी तेरह-तेरह, तदनुसार सब पृच्छाएँ १६९ (१३×१३) होती हैं। इस स्पष्टीकरण के साथ धवलाकार ने उन तेरह पृच्छाओं को उठाकर यथासम्भव उनको स्पष्ट किया है।[3]

१३. इस वेदनाद्रव्यविधान की चूलिका में सूत्रकार द्वारा योगअल्पबहुत्व और प्रदेशअल्प-बहुत्व की प्ररूपणा की गयी है। प्रसंग के अन्त में प्रत्येक जीव के योग गुणकार को पल्योपम के असंख्यातवें भाग-प्रमाण निर्दिष्ट किया गया है।—सूत्र ४,२,४,१४४-७३

अन्तिम सूत्र (१७३) की व्याख्या के प्रसंग में धवलाकार ने **प्रकृत मूलवीणा के अल्पबहुत्व-आलाप को देशामर्शक कहकर** उसे प्ररूपणा आदि अनुयोगद्वारों का सूचक कहा है व उससे सूचित प्ररूपणा, प्रमाण और अल्पबहुत्व इन तीन अनुयोगद्वारों की यहाँ प्ररूपणा की है।[4]

१४. वेदनाकालविधान की चूलिका में सूत्रकार ने स्थितिबन्धस्थानों के अल्पबहुत्व की प्ररूपणा की है।—सूत्र ४,२,६,३७-५०

---

१. इस सब के लिए धवला, पु० ९, पृ० ३२४-५४ (सूत्र ६८-७१) देखना चाहिए।

२. धवला, पु० ९—सत्प्ररूपणा, पृ० ३५४-५९; द्रव्यप्रमाणानुगम, पृ० ३५९-६४; क्षेत्रानुगम, पृ० ३६४-७०; स्पर्शानुगम, पृ० ३७०-८०; कालानुगम, पृ० ३८०-४०३; अन्तरानुगम, पृ० ४०३-२८; भावानुगम, पृ० ४२८ व अल्पबहुत्वानुगम, पृ० ४२९-५०

३. धवला, पु० १०, पृ० २०-२८; धवलाकार ने आगे प्रसंग के अनुसार इसी पद्धति से वेदना-क्षेत्रविधान, वेदना कालविधान और वेदनाभावविधान में भी इन १३-१३ पृच्छाओं को स्पष्ट किया है। देखिए पु० ११, पृ० ४-११ व ७८ से ८४ तथा पु० १२, पृ० ४-११

४. धवला, पु० १०, पृ० ४०३-३१

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यहाँ अन्तिम सूत्र की व्याख्या के प्रसंग में धवलाकार ने **अव्वोगाढअल्पबहुत्वदण्डक को देशामर्शक कहकर** उसके अन्तर्गत चार प्रकार के अल्पबहुत्व के कहने की प्रतिज्ञा की है और तदनुसार आगे स्वस्थान व परस्थान के भेद से दो प्रकार के अव्वोगाढअल्पबहुत्व की तथा दो प्रकार के मूलप्रकृतिअल्पबहुत्व की प्ररूपणा की है।[1]

१५. वेदनाभावविधान की दूसरी चूलिका में 'वृद्धिप्ररूपणा' अनुयोगद्वार के प्रसंग में अनन्तगुणवृद्धि किस से वृद्धि को प्राप्त होती है, इसे स्पष्ट करते हुए सूत्र में कहा गया है कि अनन्तगुणवृद्धि सब जीवों से वृद्धिगत होती है।—सूत्र ४,२,७,२१४

इसकी व्याख्या के प्रसंग में धवलाकार ने **'अब हम इस देशामर्शक सूत्र से सूचित परम्परोपनिधा को कहते हैं'** ऐसी प्रतिज्ञा करते हुए उस परम्परोपनिधा की विस्तार से प्ररूपणा की है।[2]

१६. वर्गणाखण्ड के अन्तर्गत 'कर्म' अनुयोगद्वार में सूत्रकार द्वारा नाम व स्थापना आदि के भेद से दस प्रकार के कर्म की प्ररूपणा की गयी है। अन्त में उन्होंने यहाँ उस दस प्रकार के कर्म में समवदान कर्म (६) को प्रकृत बतलाया है—सूत्र ५,४,३१

इसकी व्याख्या में धवलाकार ने कहा है कि **मूलतन्त्र** में प्रयोगकर्म, समवदानकर्म, आधाकर्म, ईर्यापथकर्म, तपःकर्म और क्रियाकर्म ये छह कर्म प्रधान रहे हैं, क्योंकि वहाँ इनकी विस्तार से प्ररूपणा की गयी है। इसीलिए हम यहाँ इन छह कर्मों को आधारभूत करके सत्प्ररूपणा व द्रव्यप्रमाणानुगम आदि आठ अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा करते हैं। ऐसी सूचना करते हुए उन्होंने आगे आठ अनुयोगद्वारों के आश्रय से उन छह कर्मों की विस्तार से प्ररूपणा की है।

इस पर आपत्ति उठाते हुए शंकाकार ने कहा है कि यह अल्पबहुत्व असम्बद्ध है, क्योंकि इसके लिए कोई सूत्र नहीं है। इस का निराकरण करते हुए धवलाकार ने कहा है कि यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि **उसकी सूचना पूर्वप्ररूपित देशामर्शक सूत्र (५,४,३१) से की गयी है।**[3]

१७. कहीं शंका के रूप में भी देशामर्शक सूत्र का उल्लेख हुआ है। यथा—

श्रुतज्ञानावरणीय के प्रसंग मे श्रुतज्ञान के स्वरूप आदि का विचार करते हुए धवला में उसके शब्दलिंगज और अशब्दलिंगज ये दो भेद निर्दिष्ट किये गये हैं। शब्दलिंगज श्रुतज्ञान के प्रसंग में यह सूचना की है कि यहाँ शब्दलिंगज श्रुतज्ञान की प्ररूपणा की जाती है।

यहाँ यह शंका उठायी गयी है कि इस **देशामर्शक सूत्र** (५,५,४३) द्वारा सूचित अशब्दलिंगज श्रुतज्ञान की प्ररूपणा क्यों नहीं की जा रही है। उत्तर में कहा गया है कि ग्रन्थ की अधिकता के भय से मन्दबुद्धि जनों के अनुग्रहार्थ भी यहाँ उसकी प्ररूपणा नहीं की जा रही है।[4]

१८. वर्गणाखण्ड के अन्तर्गत 'बन्धन' अनुयोगद्वार में बन्धनीय (वर्गणा) की चर्चा विस्तार से की गयी है। वहाँ 'वर्गणाद्रव्यसमुदाहार' की प्ररूपणा में वर्गणाप्ररूपणा, वर्गणानिरूपणा व वर्गणाध्रुवाध्रुवानुगम आदि चौदह अनुयोगद्वारों का निर्देश है।—सूत्र ५, ६, ७५

उनमें मूलग्रन्थकर्ता ने वर्गणाप्ररूपणा और वर्गणानिरूपणा दो ही अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा की है, शेष वर्गणाध्रुवाध्रुवानुगम आदि बारह अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा उन्होंने नहीं की है।

---

१. धवला, पु० ११, पृ० १४७-२०५
२. धवला, पु० १२, पृ० १५८-९३
३. धवला, पु० १३, प्र० ९०-१९५
४. धवला, पु० १३, पृ० २४६-४७

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इस प्रसंग में धवलाकार ने यह सूचना की है कि सूत्रकार ने चूंकि उन शेष बारह अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा नहीं की है, इसलिए हम पूर्वोक्त दो (वर्गणाप्ररूपणा व वर्गणानिरूपणा) अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा करते हैं। यह कहकर आगे उन्होंने यथाक्रम से उन बारह अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा की है।[1]

देशामर्शक सूत्र आदि से सम्बन्धित ये कुछ ही उदाहरण दिये गये हैं। वैसे धवलाकार ने अन्य भी कितने ही प्रसंगों पर प्रचुरता से उन देशामर्शक सूत्र आदि का उल्लेख किया है और उनसे सूचित प्रसंगप्राप्त अर्थ का, जिसकी प्ररूपणा मूलग्रन्थकार द्वारा नहीं की गयी है, व्याख्यान धवला में कहीं संक्षेप में व कहीं अपने प्राप्त श्रुत के बल पर बहुत विस्तार से किया है। यह ऊपर के विवेचन से स्पष्ट हो चुका है। यह सब देखते हुए धवलाकार आ० वीरसेन की अगाध विद्वत्ता का पता लगता है।

उपदेश के अभाव में प्रसंगप्राप्त विषय की अप्ररूपणा

यह पीछे कहा ही जा चुका है कि धवलाकार ने प्रसंगप्राप्त विषय का विशदीकरण आचार्यपरम्परागत उपदेश के अनुसार अतिशय प्रामाणिकतापूर्वक किया है। जहां उन्हें परम्परागत उपदेश नहीं प्राप्त हुआ है, वहां उन्होंने उसे स्पष्ट कर दिया है व विवक्षित विषय की प्ररूपणा नहीं की है। यथा—

१. जीवस्थान-द्रव्यप्रमाणानुगम में तिर्यंचगति के आश्रय से सासादनसम्यग्दृष्टि आदि संयतासंयत पर्यन्त जीवों में द्रव्यप्रमाण के प्ररूपक सूत्र (१,२,३६) की व्याख्या के प्रसंग में धवलाकार ने यह स्पष्ट किया है—

पंचेन्द्रिय तिर्यंच पर्याप्त तीन वेद वाले सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवों की राशि से पंचेन्द्रिय तिर्यंचयोनिमती असंयतसम्यग्दृष्टियों की राशि क्या समान है, क्या संख्यातगुणी है, क्या असंख्यातगुणी है, क्या संख्यातगुणी हीन है, क्या असंख्यातगुणी हीन है, क्या विशेष अधिक है अथवा विशेषहीन है; **इसका वर्तमान काल में उपदेश नहीं है।**[2]

२. क्षुद्रकबन्ध के अन्तर्गत स्पर्शनानुगम में "**छचोद्दसभागा वा देसूणा**" इस सूत्र (२,७,५) की व्याख्या करते हुए धवलाकार ने कहा है कि यह सूत्र मारणान्तिक और उपपाद पदगत नारकियों के अतीत काल का आश्रय लेकर कहा गया है। मारणान्तिक के ये छह-बटे चौदह (६/१४) आग देशोन—संख्यात हजार योजनों से हीन हैं।

प्रकारान्तर से यहां यह भी कहा गया है कि अथवा यहां ऊनता (हीनता) का प्रमाण इतना है, यह ज्ञात नहीं है; क्योंकि पार्श्वभागों में व मध्य में इतना क्षेत्र हीन है, इस सम्बन्ध में विशिष्ट **उपदेश प्राप्त नहीं है।**[3]

३. वेदनाद्रव्यविधान में ज्ञानावरणीय की अनुत्कृष्ट द्रव्यवेदना की प्ररूपणा के प्रसंग में अवसरप्राप्त 'श्रेणि' अनुयोगद्वार की प्ररूपणा करते हुए धवलाकार ने कहा है कि अनन्तरोपनिधा और परम्परोपनिधा के भेद से श्रेणि दो प्रकार की है। उनमें अनन्तरोपनिधा का जानना

---

१. वही, १४, पृ० १३४-२२३
२. धवला, पु० ३, पृ० २३८-३९
३. धवला, पु० ७, पृ० ३६९

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

शक्य नहीं है, क्योंकि जघन्य स्थानवर्ती जीवों से द्वितीय स्थानवर्ती जीव क्या विशेष हीन हैं, क्या विशेष अधिक हैं, या क्या संख्यातगुणे हैं; **इस विषय में उपदेश प्राप्त नहीं है।**

परम्परोपनिधा का जान लेना भी शक्य नहीं है, क्योंकि अनन्तरोपनिधा का ज्ञात करना सम्भव नहीं हुआ।[1]

४. वेदनाक्षेत्रविधान में क्षेत्र की अपेक्षा ज्ञानावरणीय की अनुत्कृष्ट वेदना की प्ररूपणा करते हुए उस प्रसंग में धवलाकार ने उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट और जघन्य अनुत्कृष्ट क्षेत्रवेदना के मध्यगत विकल्पों के स्वामियों की प्ररूपणा में इन छह अनुयोगद्वारों का उल्लेख किया है— प्ररूपणा, प्रमाण, श्रेणि, अवहार, भागाभाग और अल्पबहुत्व। आगे यथाक्रम से इनकी प्ररूपणा करते हुए धवलाकार ने कहा है कि श्रेणि व अवहार इन दो अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा करना शक्य नहीं है, क्योंकि **उनके विषय में उपदेश प्राप्त नहीं है।**[2]

५. 'प्रकृति' अनुयोगद्वार में अवधिज्ञानावरणीय के प्रसंग में अवधिज्ञान के विषय की प्ररूपणा करते हुए धवलाकार कहते हैं कि जघन्य अवधिज्ञान से सम्बद्ध क्षेत्र का कितना विष्कम्भ, कितना उत्सेध और कितना आयाम है; **इस विषय में कुछ उपदेश प्राप्त नहीं है।** किन्तु प्रतर-घनाकार से स्थापित अवधिज्ञान के क्षेत्र का प्रमाण उत्सेधांगुल के असंख्यातवें भाग है, इतना उपदेश है।[3]

इस प्रकार परम्परागत उपदेश के प्राप्त न होने से धवलाकार ने प्रसंगप्राप्त विषय का स्पष्टीकरण नहीं किया है।

उपदेश प्राप्त कर जान लेने की प्रेरणा

कहीं पर धवलाकार ने उपदेश के न प्राप्त होने पर विवक्षित विषय के सम्बन्ध में स्वयं किसी प्रकार के अभिप्राय को व्यक्त न करते हुए उपदेश प्राप्त करके प्रसंगप्राप्त विषय के जानने व उसके विषय में किसी एक प्रकार के निर्णय करने की प्रेरणा की है। यथा—

१. स्वयम्भूरमणसमुद्र की बाह्य वेदिका से आगे कुछ अध्वान जाकर तिर्यग्लोक समाप्त हुआ है, इसे पीछे पर्याप्त स्पष्ट किया जा चुका है। इस विषय में धवलाकार ने अपने उपर्युक्त मत को स्पष्ट करके भी अन्त में यह कह दिया है कि अतीन्द्रिय पदार्थों के विषय में छद्मस्थों की कल्पित युक्तियाँ निर्णय करने में सहायक नहीं हो सकती, **इसलिए इस विषय में उपदेश प्राप्त करके निर्णय करना चाहिए।**[4]

२. आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी संयतासंयतों के अन्तर की प्ररूपणा में प्रसंगप्राप्त एक शंका के समाधान में धवलाकार ने कहा है कि संज्ञी सम्मूर्छिम पर्याप्त जीवों में संयमासंयम के समान अवधिज्ञान और उपशम-सम्यक्त्व सम्भव नहीं है। आगे प्रासंगिक कुछ अन्य शंका-समाधानपूर्वक अन्त में धवलाकार ने यह भी कह दिया है— **अथवा इस विषय में जान करके ही कुछ कहना चाहिए।**[5]

---

१. वही, पु० १०, पृ० २२१-२२
२. धवला, पु० ११, पृ० २७
३. वही, १३, पृ० ३०३
४. धवला, पु० ३, पृ० ३३-३८
५. वही, पु० ५, पृ० ११६-१९

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३. कर्ता की प्ररूपणा करते हुए धवलाकार ने उस प्रसंग में वीर-निर्वाण के बाद कितने वर्ष बीतने पर शक राजा हुआ, इस विषय में तीन भिन्न मतों का उल्लेख किया है—

(१) वह वीर-निर्वाण के पश्चात् ६०५ वर्ष और पाँच मास बीतने पर उत्पन्न हुआ।

(२) वीर-निर्वाण के पश्चात् १४७९३ वर्ष बीतने पर शक राजा उत्पन्न हुआ।

(३) वीर-निर्वाण के पश्चात् ७९९५ वर्ष और पाँच मास व्यतीत होने पर शक राजा उत्पन्न हुआ।

इन तीन मतों के विषय में धवलाकार ने यह कहा है कि इन तीनों में कोई एक सत्य होना चाहिए, तीनों उपदेश सत्य नहीं हो सकते, क्योंकि उनमें परस्पर-विरोध है। इसलिए जानकर कुछ कहना चाहिए।[1]

(४) 'कृति' अनुयोगद्वार में प्रसंगवश सिद्धों में कृतिसंचित, अवक्तव्यसंचित और नोकृति-संचितों का अल्पबहुत्व दिखलाकर धवलाकार ने कहा है कि यह अल्पबहुत्व सोलह पदों वाले अल्पबहुत्व के विरुद्ध है। अतः उपदेश को प्राप्त कर किसी एक का निर्णय करना चाहिए।[2]

(५) 'प्रकृति' अनुयोगद्वार में अवधिज्ञान के विषय की प्ररूपणा के प्रसंग में "सव्वं च लोयणालिं" आदि गाथासूत्र की व्याख्या में धवलाकार ने अविरुद्ध आचार्यवचन के अनुसार कहा है कि नौ अनुदिश और चार अनुत्तरविमानवासी देव सातवीं पृथिवी के अधस्तन तल से नीचे नहीं देखते हैं। आगे इससे सम्बद्ध मतान्तर को प्रकट करते हुए यह भी कहा है कि कुछ आचार्य यह भी कहते हैं कि नौ अनुदिश, चार अनुत्तरविमान और सर्वार्थसिद्धि विमानवासी देव अपने विमान-शिखर से नीचे अन्तिम वातवलय तक एक राजुप्रतर विस्तार से सब लोक-नाली को देखते हैं। उसे जानकर कहना चाहिए।

ऊपर ये पाँच उदाहरण दिए गए हैं। ऐसे अन्य भी कितने ही प्रसंग धवला में उपलब्ध होते हैं।[3]

